Assize-ऐस्'-साइज़्- *n.* (**Assizes**- ऍज़्-*pl.*) a court of justice. न्यायालय, कचहरी;-*v. t.* to fix price of commodities. वस्तुओं का मूल्य निरूपण करना ; **Assizer** (-अर्)-*n.* one who assizes, or fixes price. वस्तुओं का मूल्य निरूपण या निर्धारित करनेवाला ।

Associable- अस्-सो-शि'- ऍ-ब्ल्-*adj.* sociable. मेल करने योग्य; **Associableness** (-नेंस्)-*n.* मेल-जोल ।

Associate-ऑस्-सो'-शि-एट्-*v. t. & i.* to join, to unite with, to have intercourse with. संयुक्त करना, मिलाना, सङ्ग करना (समागम होना); -*adj. & n.* clearly connected with, partner, companion. संयुक्त, सङ्गी, मेली ; **Associator** (-ए-टर्)-*n.* सत्सङ्ग करनेवाला ।

Association-ऑस्-सो-सि-ए'-शन् -*n.* company, fellowship, union. सङ्गम (समागम), मण्डली (सभा, परिषद्) ।

Assoil-ऑस्-सॉयल्'-*v. t.* to free from guilt or sin, to forgive. पाप से मुक्त करना, क्षमा करना ।

Assonance-ऑस्'-सो-नॉन्स्-*n.* the resemblance of sounds. स्वरों की एकता; **Assonant** (-नॉन्ट्) -*adj.* resembling in sound. स्वर की एकता वाला, सममात्रिक ।

Assort-ऑस्- सॉर्ट्' -*v. t. & i.* to arrange into groups, to agree. यथाक्रम करना, वर्गीकरण करना, छाँटना, एकमत होना ।

Assorted-ॲस्- सॉर्ट्- ऍड्-*adj.* separated. पृथक् किया हुआ; **Assortment** (-मेन्ट्)-*n.* arrangement. पृथक्करण, क्रम ।

Assuage-ऑस्-स्वेज्'-*v. t.* to calm, to soothe, to appease. शमन करना, शान्त करना, ठण्डा

कर देना; **Assuagement** (-मेंन्ट्)-*n.* mitigation. शांति।

Assume-ऑस्-स्यूम्'-*v. t.* to take for granted, to undertake, to simulate, to adopt, to take upon oneself. कल्पना करना, सच मान लेना, ग्रहण करना, प्रोत्साहित करना, अपनाना, अपने ऊपर भार लेना; **Assumed** (-ड्) -*adj.* granted. स्वीकृत; **Assuming** (-इङ्ग्)-*adj.* arrogant. धृष्ट, ढीठ।

Assumption-ऑस्'-सम्प्-शन्-*n.* a supposition. कल्पना, मानी हुई बात; **Assumptive** (-टिव्) -*adj.* स्वीकृत, माना हुआ।

Assurance-अ-शूर्'-ऑन्स्-*n.* surety, positive declaration, certainty, self-confidence, insurance. विश्वास, दृढ़ता, निश्चय, आत्म-विश्वास, बीमा; **Assurant** (-ऑन्ट्)-*n.* जान बीमा करनेवाला।

Assure-अ-शूर्'-*v. t.* to make safe or certain, to make confident, to insure. प्रतीति या विश्वास कराना, निश्चय करना, बीमा करना; **Assurable** (-ऑ-बल्) -*adj.* विश्वास के योग्य; **Assured** (-ड्)-*adj.* निश्चित; **Assurer** (-अर्) -*n.* बीमा करनेवाला; **Assuredly** (-ऍड्-लि) -*adv.* certainly. दृढ़ निश्चय से; **Assuredness** (-श्यूर्ड्-नेस्)-*n.* certainty. दृढ़ निश्चय।

Assurgent-ऑस् - सर्' -जेन्ट्-*adj.* rising obliquely. तिरछा उगनेवाला।

Astatic-ऑ - स्टॅट्- इक्-*adj.* not keeping one fixed position. अस्थिर।

Aster-ऑस्'-टर्-*n.* a genus of composite plants with beautiful flowers. गेंदे के प्रकार का कई रंग के फूल का पौधा।

Asterisk-ऑस्'-टर्-इस्क्-*n.* the mark of a star used in printing. तारा का चिह्न (*) जो छापने में प्रयुक्त होता है।

Asterism-ऑस्-टर-इज़्म्-*n.* a cluster of three stars. तीन तारों का चिह्न ⁂ ।

Astern-ऑ - स्टर्न्' - *adv.* towards the hinder part of a ship, behind. नौका के पीछे के भाग में, पीछे की ओर।

Asteroid-ऑस्'-टॉइड्-ऑएड्-*adj.&n.* of the form of a star, a star fish, a small star. तारे के आकार का, तारा मीन, एक छोटा तारा।

Asthenia-ऑस्-थीन्' - इ - आ-*n.* lack of power or strength, debility. शक्तिहीनता।

Asthma-ऑस्'(-थ्)मा- *n.* a disease of lungs accompanied with cough and difficult breathing. श्वास, श्वास रोग, दमा; **Asthmatic** (-मॅट्' - इक्) -*adj.* pertaining to asthma. श्वास-रोग-सम्बन्धी।

Astigmatic- *adj.* see **Astigmatism.**

Astigmatism-ऑ-स्टिग्'-मॅ-टिज़्म् -*n.* a defect in the lens of the eye. आँख के ताल का रोग जिसमें कोई पदार्थ ऊपर-नीचे को अथवा अगल-बगल एक-सा स्पष्ट नहीं देख पड़ता ; **Astigmatic** (-मॅट्-इक्)-*adj.* affected by astigmatism. आँख के इस प्रकार के रोगवाला।

Astir-अ-स्टर्'-*adv.* in motion in excitement. गति में, उत्तेजना में।

Astonish-ऑस् - टॉन्' - इश्-*v. t.* to amaze, to surprise. विस्मित करना, चकित करना; **Astonished** (-ड्)-*adj.* amazed. विस्मित, चकित; **Astonishing** (-इङ्ग्)-*adj.* very wonderful. अद्भुत, आश्चर्ययुक्त; **Astonishment** (-मेंन्ट्) -*n.* surprise, amazement. आश्चर्य, अचम्भा।

Astound-ऑस् - टाउन्ड्' -*v. t.* to surprise, to cause fear, to amaze. चकित करना, भयभीत करना, घबड़ा देना; **Astounding** (-इङ्ग्)-*adj.* चकित करनेवाला।

Astral- ऑस्-ट्रल्-*adj.* belonging to stars, starry. तारा सम्बन्धी।

Astray-ऑ -स्ट्रे'- *adv.* out of the right path सीधे रास्ते से भटका हुआ (पथभ्रष्ट); **To lead astray** (to lead out of the right path.) पथभ्रष्ट करना।

Astride-ऑ-स्ट्राइड्'-*adv.* with the legs (apart) on each side. पैरों को पृथक् किये हुए या फैलाये हुए।

Astringe-ऑस् - ट्रिन्ज्'-*v. t.* to bind together, to compress. साथ बाँधना, सिकोड़ना; **Astringent** (- ऍन्ट्) -*adj. & n.* contracting, strengthening, (opposed to laxative.) सिकोड़नेवाली, पौष्टिक, स्तम्भक (दस्त रोकनेवाली) दवा।

Astrologer- *n.* see-**Astrology.**

Astrology-ऑस् - ट्रॉल्' - ऑ-जि-*n.* the science of the influence of stars on human affairs. फलित ज्योतिष, नक्षत्र विद्या, दैवज्ञ विद्या; **Astrologer** (-जर्)-*n.* मुहूर्तक, दैवज्ञ, ज्योतिषी; **Astrologically** (-ट्रॅ-लॉज्' - इक्-अल्-लि) - *adv.* फलित ज्योतिष की रीति या विधि से।

Astrometer- ऑस्-ट्रॉ-मि-टर्- *n.* an instrument for testing the comparative brightness of the stars. तारों का प्रकाश नापने का एक यन्त्र।

Astronomer-ऑस-ट्रॉन्-ऑ-मर्-*n.* one who is versed in astronomy. खगोल विद्या में निपुण ज्योतिषी।

Astronomical-ऑस्-ट्रॉ-नॉम्' - इक् - अल् -*adj.* pertaining to astronomy. खगोल विद्या सम्बन्धी; **Astronomically** (-अल्-लि) -*adv.* खगोल विद्या के सिद्धान्त के अनुसार

Astronomy-ऑस्-ट्रॉन्'-ॲ-मि- *n.* the science which treats of heavenly bodies. खगोल विद्या, ज्योतिष विद्या

Astute-अॅस्-ट्यूट्'-*adj.* shrewd, crafty. चतुर (दक्ष), कार्यकुशल; **Astutely** (-लि)-*adv.* shrewdly. दक्षता या चातुरी से।

Asunder-ऍ-सन्'-डर् - *adv.* apart, separately. पृथक्, भिन्न (अलग)।

Asylum-अ-साँइ'-लम् - *n.* a place of refuge, support or shelter. आश्रय, शरणस्थान; **Lunatic asylum** (institution for the care of lunatics or insane people.) पागलखाना।

At-ऍट् -*prep.* in, from, towards. में, से, ओर; **At all** (in any degree.) कुछ भी, थोड़ा भी, किसी प्रकार; **At best** (assuming best result.) सबसे भला परिणाम मानते हुए; **At home**-*adv.* at ease, familiar. आनन्द से, परिचित; - *n.* a reception. अतिथि का स्वागत; **At once** (immediately.) तुरन्त, एकाएक; **At one** (in agreement with.) एकमत होते हुए; **At last** (finally.) अन्त में।

Atavism - ऍट् - ऍ - विज़्म् - *n.* similarity in special features with remote ancestors. विशेष रूपों में पुरखों से समानता।

Ate-ऍट् -*p. t.* of Eat. 'ईट्' धातु का भूतकाल का रूप (=खाया)।

Ate-ए'-टी-*n.* the Greek goddess of mischief. ग्रीक की एक दुष्ट देवी का नाम।

Atelier-ऍट्'-ऍल - ये -*n.* studio, workshop. चित्रालय, कारखाना।

Atheism-ए'-थि-इज़्म्-*n.* disbelief in God. नास्तिकता, ईश्वर-निन्दा; **Atheist** (-इस्ट्) - *n.* one who has no faith in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी; **Atheistic** (-al) (-इस्ट् - इक् - अल्) - *adjs.* implying atheism, impious. नास्तिक वृत्ति का; **Atheistically** (- अल् - लि)-*adv.* impiously. नास्तिकता से।

Athirst - अ - थर्स्ट्' - *adj.* thirsty, wanting drink, eager. प्यासा, उत्सुक।

Athlete-ऍथ्-लीट्-*n.* a champion, a robust person. कुश्ती लड़नेवाला, पहलवान; **Athletic** (-लॅट्'-इक्) - *adj.* strong, robust. पुष्ट, बलवान् (कसरती); **Athletics** (-स्) -*n. pl.* system of physical culture. कसरत, व्यायाम करने की विधि।

Athwart-अॅ-थ्वर्ट्'-*prep.* across, transversely, from side to side, in opposition to. पार (आर-पार), एक ओर से दूसरी ओर, विपरीत अवस्था में।

Atlantic-ऍट्-लॅन्'- टिक् - *adj.* pertaining to the Atlantic Ocean. (ऑट्लान्टिक स्थ्करने-अन्ध महासागर-सम्बन्धी।

Atlas-ऍट्-लस्-*n.* a bound book of maps. मानचित्रों की पुस्तक; **Atlas vertebra** (the uppermost vertebra of the neck which supports the skull.) गरदन के सबसे ऊपर की हड्डी या कसेरुका जिस पर खोपड़ी बैठी है।

Atmosphere-ऍट्-मॅस्'-फ़िअर्-*n.* the mass of air that surrounds the earth, mental or moral surroundings. आकाश या वायुमंडल, मानसिक अथवा धार्मिक वातावरण; **Atmospheric** (-al) (-फ़ॅर्-इक्) (-अल्) -*adjs.* dependent on the atmosphere. वायु सम्बन्धी।

Atoll-ऍट्'-ऑल्-*n.* ring-shaped coral reef. मूँगे का वृत्ताकार पहाड़।

Atom- ऍटम् - *n.* an ultimate particle of matter. अणु, परमाणु, अति अल्प; **Atomic** (-टॉमिक्), **Atomical** (-इक्-अल्) pertaining to atoms. परमाणु-सम्बन्धी; **Atomically** (-अल्-लि) -*adv.* in an atomic way. परमाणु रूप से; **Atomism** (-इज़्म्) atomic philosophy. परमाणु दर्शन; **Atomist** (-इस्ट्) -*n.* one who holds the atomic philosophy. परमाणु दर्शन माननेवाला।

Auger.

... to make greater. वृद्धि करना, ... ease. वृद्धि, ...

Atomize-ऍटॅम् - आइज़्' - *v. t.* to reduce to atoms. परमाणुओं में परिणत करना।

Atomizer - ऑटॅम् - आइज़् - अर् - *n.* a hand spray. हाथ की पिचकारी

Atomy-ऍट्'-अ-मि - *n.* an atom, a skeleton. परमाणु, ठठरी, अस्थिपंजर।

Atone-अ-टोन्' - *v. t.* to reconcile, to make amends for. शमन करना, प्रायश्चित्त करना (शुद्ध करना); **Atonement** (-मॅन्ट्)-*n.* expiation, reconciliation. प्रायश्चित्त, शमन।

Atop-ऍ-टॉप्' - *adv.* on or at the top. शिखर पर, ऊँचाई पर।

Atrocious-ऍ - ट्रो' - शस् - *adj.* wicked, very bad. अति पापी, अति दुष्ट; **Atrociousness** (-नॅस्), **Atrocity** (-ऑ-ट्रॉस्-इ-टि)-*ns.* horrible cruelty, heinousness. अति पाप (घोर कर्म), क्रूरता।

Atrophy-ऍट्'-रॅ-फ़ि-*n.* wasting away from want of nutrition. योग्य आहार के बिना शरीर का क्षय होना।

Attach-ऍ-टॅच्'-*v. t.* & *i.* to fasten, to bind in friendship, to adhere, to seize by legal authority. बाँधना, मित्रता का सम्बन्ध करना, लगाना, कुर्क करना; **Attachable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be attached. बाँधने योग्य, कुर्क करने योग्य; **Attached** (-ड्)-*adj.* bound in fri...

Assume अनुरक्त, आसक्त; Attachment (-मेन्ट्) कर देना; Affection, seizure under legal process. tion. शांति। (आसक्ति, प्रीति, भक्ति), कुर्की।

Assume-ऑश (case)-ऑट्-टॉशे (- केस्)-*n.* a small to undertak·r carrying documents. कागजात ले take upon.ा छोटा बक्स।

देना, ग्रहण·ऑट्-टॅक्'-*v. t.* to fall upon, to assail, अपने ऊपर ·ult. आक्रमण करना, धावा करना, दोष granted. ·; -*n.* offensive operation. अभियोग arrogant.·; Attackable (-ऍ-बल्) - *adj.* आक्रमण Assumptio·य।

कल्पना, म·· अट्-टेन्' - *v. i. & t.* to reach, to -*adj.* स्वीकृत, to gain, to accomplish. पहुँचना, Assurance-अ-शूर्· करना ; Attainable (-ऍ-बल्) declaration, ·योग्य; Attainment (-मेन्ट्)-*n.* insurance. विश्वास, acquisition, acquierment. विश्वास, बीमा; Ass·न (विद्या, गुण)। करनेवाला।   - टेन्'- टर् - *n.* forfeiture of Assure-अ-शूर्'-*v.* outlawry. अपराध के कारण माल to make conf·।

विश्वास करना·t-*n.* see Attain.

Assumt - ऑट्-टेयन्ट्-*v. t.* to stain, to infect. ·लुषित करना, कलंकित करना।

Attar - अट्टर् - *n.* perfume which is extracted from flowers. इत्र, अतर।

Attemper - ऑट्-टेम्'- पर् - *v. t.* to soften, to soothe, to modify. शान्त करना, मृदु करना, सान्त्वना देना।

Attempt - अट्-टेम्ट्' - *v. t.* to try, to make an endeavour, to attack. उद्योग करना, प्रयत्न करना, आक्रमण करना; - *n.* endeavour. प्रयत्न, उद्यम, उद्योग।

Attend-अट् - टेन्ड्' - *v. i. & t.* to turn the mind to, to be present, to wait upon, to accompany. ध्यान लगाना, उपस्थित होना, सेवा करना, साथ देना ; Attendance (-ऑन्स्)-*n.* service, presence. शुश्रूषा (सेवा-टहल), उपस्थिति।

Attendant-अट् - टेन्ड्'-ऑन्ट् - *n.* a servant. भृत्य, अनुचर, दास ; -*adj.* accompanying, depending. साथी, सहायक।

Attender - अट् - टेन्ड्' - अर् - *n.* one who attends. ध्यान लगानेवाला, सेवा करनेवाला।

Attention-अट् - टेन्-शन् - *n.* the faculty of attending, politeness, act of courtesy. ध्यान (मनोयोग), नम्रता, सुजनता, भद्रता।

Attentive - अट्-टेन्ट्-इव्-*adj.* heedful, polite. सावधान, चैतन्य (सचेत), विनीत; Attentively (-इव्-लि)-*adv.* ध्यान लगाये हुए; Attentiveness (-इव्-नेस्) - *n.* heedfulness. सावधानी।

Attenuate-ऑट्-टेन्-यू-एट्-*v. t. & i.* to make slender or thin, to reduce force. to become thin. क्षीण या दुर्बल करना, शक्ति कम करना, दुर्बल होना; Attenuated (-एड्) -*adj.* slender, thin. दुबला-पतला, दुर्बल ; Attenuation (-ए'-शन्) -*n.* दुर्बल करने का कार्य।

Attest- अट्-टेस्ट्-*v. t. & i.* to bear witness to, to put on oath, to certify. साक्षी (गवाही) देना, शपथ देना, प्रमाणपत्र देना (सही करना); Attestation (-ए'-शन्) - *n.* evidence, testimony. साक्षी, प्रमाण ; Attester, Attestor (-अर्) - *n.* one who bears testimony. प्रमाण-पत्र देनेवाला या प्रमाणित करनेवाला मनुष्य।

Attic-ऑट्-टिक्-*n.* the highest storey of a house or a room in this storey. घर के सबसे ऊपर का खण्ड या इसमें बना हुआ कमरा।

Attire - ऑट् - टायर्' - *n. & v. t.* clothes, decoration, to dress, to array. वेश, वस्त्र, आभरण (अलंकार), वस्त्र पहिनाना, सजाना।

Attitude- ऑट्'-टि -ट्यूड्-*n.* posture, position, gesture. स्थिति, आकार, अवस्था (ढंग), भावभङ्गी; Attitudinarian (-इन्-एअर्-इ-अयन्)-*n.* बनावटी रूप धारण करनेवाला; Attitudinize-(-ट्यू-डिन्-आइज़्)-*v. i.* to assume affected manners. बनावटी ढंग (पाखण्ड) धारण करना।

Attorney - ऑट्-टर्न्'- ई- *n.* one who is appointed to act for another. प्रतिनिधि, मुख्तार; Attorneyship (- शिप्) - *n.* agency for another. प्रतिनिधित्व।

Attract -ऑट्-ट्रैक्ट्' -*v. t.* to draw to oneself, to excite emotion, to allure, to entice. आकर्षित करना (खींचना), भावना को उत्तेजित करना, प्रलोभित करना, मोहना ; Attractable (-ऍ-बल्) - *adj.* subject to atraction. आकर्षित करने योग्य।

Attraction-ऑट् - ट्रैक्' - शन् - *n.* power of attracting, allurement. आकर्षण, प्रलोभन, (खिंचावी) लुभाव।

Attractive - ऑट् - ट्रैक्ट्' - इव् - *adj.* alluring, pleasing, charming. चित्त को आकर्षित करनेवाला, मनोहर, प्रलोभक, मनमोहन; Attractively (-इव्-लि) - *adv.* प्रलोभन की रीति से; Attractiveness (-इव्-नेस्) - *n.* allurement. आकर्षकता।

Attractor - ऑट्-ट्रैक्ट्'- अर् - *n.* that which attracts. आकर्षित करनेवाला।

Attribute-ऑट्-ट्रिब्यूट्-*n.* characteristic quality. धर्म, उपाधि, गुण, विशेषण; (ट्रिब्'-यूट) -*v. t.* to ascribe, to refer to. सम्बन्ध लगाना या ठहराना, सूचित करना; Attribution (-ब्यू'-शन्)-

-*n.* the authority granted to someone. अधिकार, आरोपण; **Attributive** (-टिव्') -*adj.* assigning an attribute or quality. विशेषण, गुण-सूचक; **Attributively** (-इव्-लि) as an adjective. विशेषण की भांति।

Attrite, Attrited -ऑट्-ट्राइट्(-ऍड्)-*adjs.* worn by rubbing. रगड़ से घिसा हुआ।

Attrition - ऑट् - ट्रिश्' - अन् - *n.* friction, abrasion. रगड़, घिसावट।

Attune- ऑट्-ट्यून्' - *v. t.* to bring into harmony. लय में करना, एक ताल में लाना।

Auburn-ऑ'-बर्न् - *n.* golden brown colour. (*esp.* of hair) चमकता भूरा रंग।

Auction - ऑक्-शन्-*n.* a public sale in which articles are sold to the highest bidder. नीलाम;-*v.t.* to sell by auction. नीलाम करना, नीलाम करके बेचना; **Auctioneer** (-इअर्') -*n.* one who is licensed to sell articles by public sale. नीलाम करनेवाला मनुष्य।

Audacious - ऑ -डे' - शस् - *adj.* bold, impudent-साहसी, ढीठ; **Audaciousness** (-नॅस्) -*n.* impudence. धृष्टता, ढीठपन; **Audaciously** (-लि)-*adv.* in an impudent or daring manner. धृष्टता से।

Audacity-ऑ-डीस्'-इ-टि -*n.* boldness, impudence. धृष्टता, साहस, ढिठाई।

Audible-ऑड्-इ-ब्ल्'-*adj.* perceptible to the ear. कर्णगोचर (सुनाई देने योग्य)।

Audibly-ऑड्'-इ-ब्लि - *adv.* in an audible manner. स्पष्ट रूप से, सुनने में।

Audience - ऑड्'-इ-ऍन्स् - *n.* a hearing, an assembly of hearers. सुनाई, श्रोतागण; **To give audience to** (to listen to.) सुनना, कान लगाना।

Audiometer - ऑड् - इ - ओमि-टर् - *n.* an instrument for testing hearing power. श्रवण-शक्ति की परीक्षा करने का यन्त्र।

Audiophone- ऑड्'-इ-ओ-फ़ोन्-*n.* an instrument invented to make deaf people hear. बहिरे मनुष्यों को सुनने में सहायता देनेवाला यन्त्र।

Audit - ऑड्'-इट्-*v. t.* to examine accounts officially. हिसाब की जाँच करना;-*n.* periodical settlement or authorised examination of accounts. निर्धारित समय पर हिसाब की जाँच।

Audition - ऑड्- इशन्-*n.* power of hearing. श्रवण-शक्ति, सुनने की शक्ति।

Auditive - ऑड्-इट्'-इव् - *adj.* pertaining to hearing. श्रवण-सम्बन्धी।

Auditor-ऑड्' - इटर् - *n.* a person appointed to audit accounts. हिसाब की जाँच करनेवाला व्यक्ति; **Auditorial** (- ओर् - इ- यल्) -*adj.* pertaining to an audit. हिसाब की जाँच के सम्बन्ध का।

Auditorium - ऑड् - डिटो - रि - यम् - *n.* a place where audience assemble. सभा-मण्डप।

Auditory - ऑड्' - इटरि - *adj.* pertaining to the sense or organ of hearing. श्रवण या कान-सम्बन्धी।

Augean - ऑ- जी' - यन् - *adj.* accumulated, filthy. गन्दा, मलिन।

Auger - ऑग्' - अर् -*n.* a carpenter's tool for boring holes. बरमा।

Aught - ऑट् - *n.* & *adv.* anything, in any respect. किंचित्, कुछ, किसी प्रकार से।

Auger.

Augment-ऑग्-मॅन्ट्-*v. t.* & *i.* to make greater, to enhance, to grow larger. वृद्धि करना, बढ़ना, बढ़ाना; (आग्'-मॅन्ट्)-*n.* increase. वृद्धि, आगम; **Augmentation** (-मॅन् - टे' - शन्)-*n.* addition, enlargement, growth. वृद्धि, बढ़ती; **Augmentative** (-ए'-टिव्)-*adj.* having the power of increasing. वृद्धि करनेवाली; **Augmented** (-ऍड्)-*adj.* वृद्धि किया हुआ।

Augur - ऑ' - गर्-*v. t.* & *i.* to forebode, to predict. शकुन विचारना, भविष्य बतलाना;-*n.* a soothsayer, शकुनज्ञ, शकुन या भविष्य बतलानेवाला; **Augural** (-ग्यू-रल्) -*adj.* pertaining to augury. शकुन-सम्बन्धी; **Augury** (ग्यू'-रि) -*n.* presentiment, promise, omen. शकुन-ज्ञान, भविष्य-ज्ञान (भविष्यवाणी)।

August-ऑ-गस्ट्'-*adj.* grand, venerable. प्रतापी, पूजनीय (अति, महत्); ऑ'-गस्ट्-*n.* the eighth month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का आठवाँ महीना।

Aulic-ऑ'-लिक्-*adj.* pertaining to a court. राजसभा-सम्बन्धी, दरबारी।

Aunt - ऑन्ट् - *n.* (*mas.* Uncle) father's or mother's sister, the wife of an uncle. फुआ, मौसी, चाची या मामी।

Aural-ऑ-रल् - *adj.* pertaining to ear. कर्ण-सम्बन्धी; **Aurist** (ऑ' - रिस्ट्) - *n.* an ear-specialist. कान का डाक्टर।

Aurelian - ऑ-री'-लि - यन् - *adj.* of golden colour. सुनहले रंग का।

Aureola-ऑ-री'-ओ-ला-*n.* a celestial crown, a halo or circle of rays. दैवी मुकुट (प्रभामण्डल), किरणों का पुंज।

Aureole-ऑ-रि-ओल्-*n.* halo of light seen in eclipses. प्रकाश का मण्डल जो ग्रहण में देख पड़ता है।

Auric-ऑ-रिक् -*adj.* pertaining to gold. सुवर्ण सम्बन्धी, सोने का।

Auricle-ऑ'-रि-कुल् -*n.* the external ear. कान का बाहरी भाग, कर्ण-शष्कुली; **Auricular** (-रिक्'-यु-लर्) -*adj.* told in the ear. कान में कहा हुआ; **Auriculate** (-लेट्) -*adj.* ear-shaped, eared. कान की आकृति का, कानदार।

Auriferous-ऑ-रिफ्'-अर्-अस्-*adj.* gold bearing. सोना देनेवाला, सुवर्णपूर्ण।

Auriform-ऑर्-इ-फ़ॉर्म् -*adj.* ear-shaped. कान की आकृति का।

Aurilave-ऑ-रि-लेव्'-*n.* instrument for cleaning the ears. कनखोदनी।

Aurora-ऑ-रोरा-*n.* dawn, colour of sky at sunrise. अरुणोदय, तड़का; **Aurora borealis**-(बो-रि-ऑ'-लिस्) - *n.* luminous stream of light radiating from earth's northern magnetic pole. उत्तरी ध्रुव पर की प्रकाश-धारा।

Aurum-ऑ'-रम्-*n.* gold. सुवर्ण, सोना।

Auscultate-ऑस्'-कल्-टेट्-*v. i.* to listen to sounds inside the human body. शरीर के भीतर के शब्द सुनना।

Auspicate-ऑ'-स्पि-केट्-*v. t.* to initiate, to inaugurate, to foreshow. दीक्षा देना, अभिमन्त्रित करना, भविष्य बतलाना।

Auspice-ऑ'-स्पिस्-*n.* (*usu. in pl.*) observations for the sake of omen, protection, patronage. (*pl.*) under the patronage of. शकुन-विचार, रक्षा, संरक्षण, शरण में।

Auspicious - ऑ - स्पिशस् -*adj.* favourable, prosperous. शुभ (मङ्गल) करनेवाला (अच्छे शकुन का); **Auspiciously** (-लि) -*adv.* शुभ लक्षण (सौभाग्य) से; **Auspiciousness** (-नेस्) -*n.* propitiousness. कल्याण (मङ्गल), सौभाग्य।

Austere-ऑ-स्टिअर्' -*adj.* harsh, strict, severe. तीव्र (उग्र, निष्ठुर), कठोर (कर्कश), तीखा; **Austerely** (-ली) -*adv.* rigidly, harshly. कठोरता से, रूक्षता से।

Austerity-ऑ-स्टेर्'-इ- टि - *n.* severity, self-discipline. कठोरता, आत्मसंयम।

Austral-ऑस्'-ट्रल्-*adj.* southern, lying in south. दक्खिनी, दक्षिण का।

Autarchy-ऑ'-टार्-कि-*n.* absolutism. निरंकुश शासन।

Authentic-ऑ-थेन्'-टिक्-*adj.* reliable, genuine, original, true, trustworthy. विश्वसनीय, सच्चा, विशुद्ध, ठीक, प्रामाणिक; **Authentically** (-अल्-लि) -*adv.* प्रमाण के अनुसार, प्रामाणिक रूप से।

Authenticate-ऑ-थेन्-टिक्-एट्-*v. t.* to establish the truth of, to make valid. किसी बात या वस्तु की सत्यता स्थिर करना, प्रमाणित करना, सच्चा ठहराना; **Authentication** (ए'-शन्)-*n.* trustworthiness. प्रमाण, सत्यता।

Authenticity-ऑ-थेन्'-टिस्-इ-टि - *n.* genuineness. सत्यता, प्रमाणता।

Author - ऑ' - थर् - *n.* (*fem.* **Authoress**). originator, compiler, writer of a book. प्रवर्तक (उत्पादक), संकलनकर्त्ता, लेखक (ग्रन्थकार); **Authorship** (-शिप्) -*n.* literary work. साहित्यिक कार्य, ग्रन्थकारी।

Authoritative-*adj.* see **Authority**.

Authority-ऑ - थॉर्' - इ - टि-*n.* power, right, person having influence, quotation, evidence, an expert. शक्ति (प्रभुत्व), अधिकार, प्रभाववाला व्यक्ति, उद्धरण, प्रमाण, प्रवीण मनुष्य; **Authoritative** (टेट्'-इव्)-*adj.* अधिकार सम्बन्धी; **Authoritatively** (-लि) -*adv.* with authority. अधिकार से।

Authorship-*n.* see **Author**.

Authorize-ऑ'-थॉर्-आइज़् -*v. t.* to sanction, to justify. अधिकार देना, प्रमाणित करना; **Authorizable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be authorized or sanctioned. अधिकार योग्य, प्रमाणित।

Auto-ऑ'-टो- *pref.* in the sense of 'one's own', 'by itself', 'independently.' 'अपना', 'आपही', 'स्वतन्त्र' अर्थ में प्रयुक्त होने वाला उपसर्ग; *e. g.* Autocar.

Autobiographer, Autobiographical - see **Autobiography.**

Autobiography - ऑ' - टो - बायोग्रफि -*n.* a history of one's life written by himself. आत्मचरित्र वर्णन, स्वयं लिखा हुआ अपना जीवन-वृत्तान्त; **Autobiographer** (-अर्)-*n.* one who writes the account of his own life. आत्म-चरित्र लिखनेवाला; **Autobiographic** (-al) (-फ़िकल्) -*adjs.* आत्मचरित्र-सम्बन्धी।

Autocar-ऑ'-टो-कार्-*n.* a car or vehicle driven by mechanical power. यन्त्र से चलनेवाली (मोटर) गाड़ी।

Autocracy-ऑ-टॉक्'-र - सि - *n.* an absolute government. निरंकुश राज्यशासन, वह राज्य जिसमें एक राजा शासन करता हो।

Autocrat-ऑ'-टो-क्रैट्-*n.* (*fem.* **Autocratrix**-ऑ-टो-क्रै-ट्रिक्स्) an absolute sovereign or

ruler. निरंकुश शासक, अपने इच्छानुकूल राज्य करनेवाला राजा।

Autograph-ऑ'-टो-ग्राफ् - *n.* a person's own handwriting. स्वहस्तलेख, अपने हाथ का लिखा हुआ हस्ताक्षर; -*v. t.* to write with one's own hand. अपने ही हाथ से लिखना **Autographical** (-ग्रॅफ्'-इक्-अल्) -*adj.* self-producing. स्वहस्त-लिखित।

Autography-ऑ-टॉग्'-र-फ़ि -*n.* the original manuscript of an author. लेखक का स्वहस्त-लिखित लेख।

Autogyro-ऑ-टो-जाइ'-रो -*n.* a kind of aeroplane that is able to descend vertically. एक प्रकार का वायुयान जो पृथ्वी पर सीधा उतर सकता है।

Automatic-ऑ-टो-मॅट्'-इक् - *adj.* moving of itself, mechanical, unconscious, unintelligent. आपसे आप चलनेवाला, यन्त्र से चलनेवाला, अचेत, बुद्धिहीन; -*n.* a quick-firing revolver. जल्दी-जल्दी छूटनेवाली कड़ाबीन; **Automatically** (-अल्-ली) - *adv.* mechanically. आपसे आप, बिना दूसरे की सहायता के।

Automatism-ऑ-टॉम्-ॲट्-इज़्म्-*n.* automatic or involuntary action. इच्छा के बिना कार्य करने का क्रम।

Automaton - ऑ-टॉम्'-ॲ-टन् - *n.* a machine in which the moving power is concealed. आपसे आप चलनेवाला यन्त्र, स्वयं चलनेवाली कल।

Automobile-ऑ-टो-मो-बाइल'-*n.* a motor car. मोटर गाड़ी।

Autonomous-ऑ-टो-नॅमस् - *adj.* under self-government. स्वराज्य के अधीन।

Autonomy - ऑ-टॉ-नॅमि - *n.* the power or right of self-government. स्वराज्य, प्रजातन्त्र राज्य।

Autopsy-ऑ-टॉप्'-सि -*n.* personal inspection, post-mortem examination, critical dissection. आत्म-परीक्षा, मृत्यु के पश्चात् की शरीर की परीक्षा, सांघातिक चीरफाड़।

Autotype-ऑ-टो-टाइप्'-*n.* a process in colour photography. फोटो के चित्र को अनेक रंगों में छापने की विधि।

Autumn-ऑ'-टम्-*n.* the third season of the year. शरद् ऋतु; **Autumnal** (-टम्'-नल) -*adj.* of autumn, blooming in autumn. शरत्काल का, शरद् ऋतु में फूलनेवाला।

Auxiliary-ऑग्-ज़िल्'-यॅ-रि-*adj.* & *n.* (*pl.* **Auxiliaries**) assisting, helpful, a helper. सहायक, उपकारी।

Avail-अ-वेल्-*v. t.* & *i.* to give help, to be of use, to benefit, to be of service. सहायता देना, उपकारी होना, काम में लाना (सफल होना), उपयोगी होना; -*n.* advantage, use. प्रयोजन, उपयोग, हित, लाभ; **Of no avail** (useless.) निरर्थक, निष्फल; **Availability** (-ऍ-विल् -इ-टि) -*n.* उपयोगिता, आवश्यकता; **Available** (- ऍ-ब्ल) -*adj.* efficacious, useful. सफल, लाभदायक (फलदायक); **Availably** (-अ-ब्लि)-*adv.* efficaciously. लाभ से, सफलता से।

Avalance-ॲव्-ॲ-लॅन्स् - *n.* blocks of ice sliding down a mountain. पहाड़ पर से सरकनेवाली बरफ़ की चट्टानें।

Avalanche-ॲव्-ॲ-लान्श्-*n.* mass of snow, mud &c. which slips from a mountain. बरफ़, मिट्टी इत्यादि का ढेर जो पहाड़ पर से खिसककर नीचे आता है।

Avarice-ॲव्'-ॲर्-इस् - *n.* greed, cupidity. लोभ, लालसा, लालच।

Avaricious - ॲ - व्रॅरिशस् - *adj.* greedy, covetous. लोभी, लालची; **Avariciously** (-लि)-*adv.* greedily, covetously. लोभ से, लालच से।

Avast- अ-व़ास्ट्'-*interj.* stop! cease! रोको, ठहरो।

Avaunt- अ-वॉन्ट्' - *interj.* begone! depart! दूर हट, भाग जा।

Avenge- अ-वॅन्ज्'- *v. t.* to take vengeance, to punish. बदला लेना, दण्ड देना; **Avenger** (-अर्) -*n.* one who takes revenge. बदला लेनेवाला।

Avenue-ॲविन्-यू - *n.* a walk bordered by trees, way of approaching, wide street. वृक्षों से आच्छादित मार्ग, द्वार, मार्ग, चौड़ी सड़क।

Aver-ॲ-व़र्' -*v. t.* (*p. t.* **Averred**) to affirm, to assert, to prove. दृढ़ता से कहना, निश्चित रूप से बोलना, सिद्ध करना।

Average-ॲव्' - अर् - इज् - *n.* an ordinary standard, prevailing rate or amount. मध्यम अवस्था, प्रचलित परिमाण या स्थिति, औसत; *adj.* of the ordinary standard, prevalent. सामान्य, मध्यम; -*v. t.* to estimate the general standard. औसत निकालना।

Averment-ॲ-व़र्'-मॅन्ट्-*n.* affirmation, positive assertion. स्वीकृति, दृढ़ कथन।

Averse-ॲ' -व़र्स्-*adj.* unwilling, disinclined. पराङ्मुख, प्रतिकूल (विपरीत)।

Aversion - ॲ - व़र्'-शन् - *n.* great dislike, hatred. अति घृणा, द्वेष।

Avert-ॲ-व़र्ट्- *v. t.* to ward off, to keep off, हटना, टालना; **Averted** (-एड्) -*adj.* turned

aside. हटाया हुआ; With averted face (offended.) पराङ्मुख; Avertible (-इ-ब्ल्) *-adj.* able to be avoided. टालने योग्य।

Avian-एॅ'-व्रि-यन् *-adj.* belonging to birds. पक्षी-सम्बन्धी, चिड़ियों का।

Aviary-एॅ'-व्रि-ऑ-रि *-n.* a place for keeping birds. चिड़ियाखाना, पक्षीशाला।

Aviate-एॅ'-व्रि-एॅट्' *-v. i.* to travel in a flying-machine or balloon. वायु-यान या गुब्बारे में यात्रा करना।

Aviation-एॅ-व्रि-एॅ'-शन् *-n.* the act of navigating an airship or aeroplane. वायु-यान चलाना।

Aviator-एॅ-व्रि-एॅ'-टर् *-n.* the pilot of an aeroplane. वायु-यान चालक; Aviatress (-ट्रॅस्) *-n. fem.* वायु-यान उड़ानेवाली।

Aviatik-ऑव्'-इ-ऑ-टिक् *-n.* a kind of German military aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का लड़ाका वायु-यान।

Avid-ऑव्' - इड् *- adj.* greedy, eager. लालची, उत्सुक; Avidity (-इ-टि) *-n.* earnest desire. उत्कट इच्छा; Avidly (-लि) *-adv.* eagerly. उत्सुकता से।

Aviettee-एॅ-व्रि-ऍटी' *-n.* an aeroplane flown by man power. बिना इञ्जन का हाथ या पैर से चलनेवाला वायु-यान।

Avocate-ऑव्-ओ-केॅट्' *-v. t.* to transfer a case to a higher tribunal. छोटे न्यायालय से बड़े न्यायालय में मुकदमा ले जाना।

Avocation-ऑव्-ओ - केॅ' - शन् *-n.* vocation, calling, minor occupation. उद्यम, व्यापार (वृत्ति), धन्धा; Avocative (-टिव्) *-adj.* calling off. पुकारनेवाला।

Avoid-एॅ-व्ॉएॅड्' *-v. t.* to evade, to invalidate, to shun, to escape. त्यागना, परिहार करना, टालना, बच जाना; Avoidable (-एॅ-ब्ल्) *-adj.* परिहार करने योग्य; Avoidance (-ऑन्स्) *-n.* shunning. त्याग।

Avoirdupois-ॲव्' - अर् - ड्यू - पॉएज़्' *- n.* an English weight containing 7,000 grains. एक अँगरेजी तौल।

Avouch- अ-व्राउच्' *-v. t.* to guarantee, to confess. निश्चय करना, दृढ़तापूर्वक कहना; Avouchment (-मेन्ट्) *-n.* declaration. दृढ़ता का कार्य।

Avow- अ-व्राउ' *-v. t.* to confess, to admit. स्पष्ट बोलना, स्वीकार करना; Avowal (-अल्) *-n.* (also avowance.) frank acknowledgment, स्वीकृति; Avowedly (-एॅड्-लि) *-adv.* in an open manner, with frank acknowledgment. स्थिरतापूर्वक।

Avulsion-ऑ-व्रल्'-शन् *-n.* dividing or tearing away. पृथक्करण, अलगाव।

Await-ऑ-वेॅट्' *-v. t.* to wait for, to expect. प्रतीक्षा करना, आशा करना।

Awake-अ-वेॅक् *-v. t. & i.* (*p. t.* Awoke, *p. p.* Awaken) to rouse from sleep, to put into action or new life, to rise. जगाना, सचेत (चौकन्ना) करना, जागना; *-adj.* not asleep, vigilant. जागृत, सचेत।

Awaken-अ-वेॅक्-ऍन् *-v. t.* to arouse जगाना; Awakening (-इङ्ग्) *-n.* जागृति।

Award-ऑ-वार्ड्' *-v. t.* to grant, to assign. अर्पण करना, निर्णय करना, देना; *-n.* a judicial decision, payment. पंच का निर्णय, पारितोषिक; Awardable(-एॅ-ब्ल्) *-adj.* पारितोषिक योग्य; Awarder (-अर्) *-n.* a judge, पारितोषिक देनेवाला, न्यायाधीश।

Aware-अ -वेॅअर्' *- adj.* conscious, attentive, vigilant. सचेत, सावधान, अवगत।

Awash-ऑ-व्रॉश्' *-adv.* swept by waves. लहरों से वहाया हुआ।

Away- अ-वे' *-adv. & interj.* absent, at a distance, apart, beg one. अनुपस्थित, दूरस्थ, दूर, हट जा! To go away (to go to a distance.) दूर चले जाना; To make away with (to destroy.) नष्ट करना; To throw away (to throw to a distance.) फेंक देना; To waste away (to squander.) उड़ा देना, क्षय करना।

Awe-ऑ *-n.* dread, reverential fear or wonder. भय, भयपूर्ण आदर; *-v. t.* to inspire with awe. भय उत्पन्न करना; Awe-struck (impressed with dread.) भयत्रस्त; To stand in awe (to be in fear.) भयत्रस्त या भयभीत होना।

Awful-ऑ'-फल् *-adj.* dreadful, awe inspiring, solemnly impressive, reverential. भयङ्कर, डरावना, प्रभावशाली; Awfully (-लि) *-adv.* fearfully. भय से।

Awhile- ए- व्हाइल्' *- adv.* for a short time. क्षणभर के लिये, मुहूर्त मात्र के लिये।

Awkward- ऑक्-वर्ड' *- adj.* clumsy, difficult, embarrassing. भद्दा, कठिन, व्यग्र; Awkwardly (-लि) *-adv.* भद्दे प्रकार से; Awkwardness (-नॅस्) *-n.* clumsiness. भद्दापन।

Awl-ऑल् *-n.* a shoemaker's boring tool. मोची का टेकुआ (सूजा)।

Awn - ऑन् *-n.* the beard of corn. अन्न की वाल।

Awning-ऑन्'-इङ्ग् *-n.* a cover of canvas used for shelter. चँदवा (पाल)।

Awl

Awoke-ऑं-वोक्' -*p. t.* of Awake.

Awry-अ-राइ' -*adv.& adj.* unevenly, crookedly, crooked, uneven. प्रतिकूलता से, विपरीत रूप में, टेढ़ा-मेढ़ा।

Axe-ऑक्स् -*n.* a steel-edged chooping tool. (कुठार) कुल्हाड़ी; **An axe to grind** (an ulterior object.) प्रधान आशय (अपना मतलब) साधना।

Axial-ऑक्स्'-इ-यल्-*adj.* see Axis.

Axile-ऑक्साइल्-*adj.* see Axis.

Axilla-ऑक्स्'-इल्'-ला-*n.* the armpit. काँख, बगल।

Axillary-ऑक्स्'-इल-ल-रि-*adj.* pertaining to the armpit. काँख-सम्बन्धी।

Axiom-आक्स्'-इ-अम्-*n.* a self-evident truth, a maxim. स्वतः सिद्ध प्रमाण, सिद्धान्त; **Axiomatic** (-ओ-मॅट्'-इक्), **Axiomatical** (-अल्)-*adjs.* self-evident. प्रामाणिक, स्वतः सिद्ध।

Axis-ऑक्स्'-इस्-*n.* (*pl.* **Axes**-ईज़्) the line on which something revolves, the central organ. अक्षरेखा, केन्द्र (धुरा); **Axial** (ऑक्स्'इ-अल) ध्रुव-सम्बन्धी; **Axile** (ऑक्सा-इल्)-*adj.* in the axis of anything. किसी पदार्थ के केन्द्र का।

Axle - ऑक्सल् - *n.* the rod or spindle on which a wheel revolves. धुरा जिस पर कोई पहिया घूमती है।

Ay-आइ-*adv. & n.* (*pl.*-**Ays** आइज़्) an affirmative answer. अरे, हाँ।

Aye-ए-*adv.* always, ever. सर्वदा।

Ayes-आइज़् -*n. pl.* those persons who vote for a motion. किसी प्रस्ताव का समर्थन करने-वाले लोग।

Azure-ऑज़्' - योर - *adj.* sky blue. आकाश के समान नीला;-*n.* blue colour of sky. आकाश का नीलवर्ण।

B

B-बी - the second letter of the English alphabet, (*Mus.*) the seventh note, (*Alg.*) the second known quantity. अंग्रेज़ी वर्णमाला का दूसरा अक्षर, (सं०) सातवां सुर, (बीजगणित में) दूसरा ज्ञात परिमाण ।

Baa-बा-*v. i. & n.* to bleat, the bleating of a lamb or sheep. भेड़ का शब्द करना (मिमिआना), मिमियाने का शब्द ।

Babble-बैब्'-बल्-*v. i.* to prattle, to murmur, to repeat foolishly, to expose secrets. टूँ-टाँ करना, बड़बड़ाना, प्रलाप करना, रहस्य का भेद खोलना; **Babbler** (-लर्)-*n.* an idle talker. बकवादी, गप्पी; **Babblement** (-मेन्ट्) -*n.* murmur of water, idle talk. जल का शब्द, वृथा की बातचीत, बकबक, बकवाद ; **Babbling**(-ब्लिङ्ग्) -*n.* foolish talk. बकवाद ।

Babe-बेब्-*n.* (*pl.* Babes.) an infant, a young child of either sex, an inexperienced person. शिशु (बालक), बच्चा, अनुभवहीन व्यक्ति ।

Babel-बे'-बल्-*n.* a high structure, a scene of confusion, tumult, meaningless noise. ऊँची इमारत, उपद्रव (कोलाहल), बलवा, विप्लव, निरर्थक शब्द ।

Babish-बब्'-इश्-*adj.* childish, foolish. बालक सम्बन्धी, मूर्खवत् ।

Baboon-बैबून्'-*n.* a kind of large monkey. एक प्रकार का बड़ा बन्दर,लंगूर ।

Baboon.

Babouche-बॉबूश्'-*n.* a kind of slipper. चट्टी, चप्पल ।

Baby-बे'-बि - *n.* (*pl.* Babies.) a very young child, a babe. बालक (शिशु), बच्चा; **Babyhood** (-हुड्) -*n.* state of infancy. शैशव, बाल्यावस्था ; **Babyish** (-इश्) -*adj.* childish. शिशु के समान ; **Babyishly** (- लि) -*adv.* शिशुवत् ; **Babyishness** (-इश्-नेस्) -*n.* childishness. लड़कपन; **Babyism** (-इज़्म्) -*n.* characteristics of a baby. नन्हापन ।

Baccate-बैक्'-केट्-*adj.* berry-shaped, berried. जामुन या बेर की आकृति का ।

Bacchanal-बैक्'-कॉ-नल् - *adj. & n.* riotous, one who indulges in drunken revelry. शराबी (मस्त), मद्यप्रिय ।

Bacchus-बैक्'-अस्-*n.* the Greek god of wine. यूनानी का मदिरा का देवता ।

Bacciferous-बैक्-सिफ्' - अर्-अस्-*adj.* berry-bearing. बेर के समान फल उत्पन्न करनेवाला (पौधा) ।

Bachelor- बैच्'-अ-लर् -*n.* (*fem.* Maid) an unmarried man, one who has taken the first degree of a university. अविवाहित पुरुष ; विश्वविद्यालय की प्रथम पदवी प्राप्त ; **Bachelorhood** (-हुड्) -*n.* celibacy. ब्रह्मचर्य; **Bachelorship** (-शिप्) -*n.* कुँवारापन ।

Bacillary-बॅ-सिल्'-ऑ-रि -*adj.* pertaining to bacilli (small germs.) सूक्ष्म जीवों से सम्बन्ध रखनेवाला ।

Bacilliform-बॅ-सिल्-इ-फॉर्म्-*adj.* shaped like a rod. बेलन सरीखे सूक्ष्म जीवों के आकार का ।

Bacillus-बॅ-सिल् - अस् - *n.* (*pl.* Bacilli बॅ-सिल्'-ली) microscopic rod-like vegetable organisms which are found in certain diseases. बेलन सरीखे परमाणु-रूप जीव जो यक्ष्मा आदि रोगों में पाये जाते हैं ।

Back-बैक्-*n.* the hinder surface of the body, part of a thing opposed to the front. पीठ (पृष्ठदेश), किसी पदार्थ का पिछला भाग ; -*adj.* what lies beyond or distant. पिछला; -*adv.* behind, to a former state or condition, in return. पिछली ओर, पूर्व स्थिति या अवस्था में, बदले में; -*v. t.* to get upon the back, to support, to force back. पीठ पर चढ़ना,सहायता देना (अनुमोदन करना), पीछे हटाना ; -*v. i.* to go backward. पीछे जाना ; **To back up** (to second or support.) किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करना ; **To see the back of** (to get rid of.) छुटकारा पाना ।

Backbite-बैक्'-बाइट्-*v. t.* to speak evil of a person in his absence. चुगली खाना; **Backbiter** (-अर्) -*n.* चुगलीखोर ; **Backbiting** (-इङ्ग्)-*n.* चुगली ।

Backbone-बैक्'-बोन्-*n.* the spinal column, what serves as a support. पीठ की रीढ़ (पृष्ठवंश), प्रधान आश्रय ।

Backgammon-बैक्' - गैम् - अन् -*n.* a game played with box and dice. चौपड़ के समान पासे का एक खेल ।

Background - बैक्' - ग्राउन्ड् - *n.* the space behind the principal figure in a picture, unimportant situation. चित्र में पीछे का दृश्य, अप्रधान स्थान ।

Backhand-बैक्'-हैन्ड् -*n.* writing which is leaning to left. बाईं ओर झुका हुआ लेख ।

Backing-बैक्'-इङ्ग्-*n.* support. आधार, सहारा; -*adj.* supporting. सहारा देता हुआ; **Backing up** (helping) आश्रय ।

Backside-बैक्‌′-साइड्-*n.* rear part of a thing. किसी पदार्थ का पिछला भाग।

Backslide-बैक्‌′- स्लाइड्-*v. i.* to fall into sin. पतित होना; **Backslider** (-अर्)-*n.* a sinner. धर्मभ्रष्ट, पतित।

Backward-बैक्‌′-वर्ड्- *adj.* unwilling, dilatory, dull, behind the time. अनिच्छु, मन्द, मतिहीन, पिछड़ा हुआ।

Backwards-बैक्‌′ - वर्ड्स् - *adv.* towards the back, on the back, in past time, in a contrary manner. पिछली ओर, पूर्वकाल में, विपरीत रीति से।

Bacon- बे′ - कन् -*n.* pig's flesh cured for eating. खाने योग्य सुअर का मांस।

Bacteria-बैक्‌ -टीरिया -*n.* (*sing.* **Bacterium**) minute organisms found in the air, water &c. जल, वायु इत्यादि में के सूक्ष्म जीवाणु; **Bacteriology** (-ऑल् - ॲ - जि) -*n.* जीवाणु-विज्ञान।

Bad-बैड्-(*comp.* **Worse**, *super.* **Worst**) -*adj.* ill, hurtful, wicked, unfortunate. बुरा, कष्टकारी, दुष्ट, हतभाग्य ; **Bad air** (impure air.) अशुद्ध वायु ; **Bad blood** (angry feeling.) क्रोधावस्था; **Bad coin** (counterfeit coin.) खोटा सिक्का; **Bad debts** वसूल न होनेवाला ऋण; **Bad food** (unwholesome food.) हानिकारक भोजन ; **Bad shot** (wrong guess.) असत्य अनुमान; **Bad smell** (ill smell.) दुर्गन्ध; **Badness** (-नॆस्) -*n.* invalidity, wickedness. अयोग्यता, दुष्टता; **To go bad** (to rot.) सड़ना; **To go to the bad** (to be ruined.) नष्ट होना, नाश होना।

Badge-बैज्-*n.* a distinctive mark, a symbol. चिह्न, लक्षण।

Badger-बैज्′-अर्-*n.* a quadruped resembling a bear. रीछ के सदृश एक चौपाया;-*v. t.* to tease. कष्ट देना, दिक करना।

Badly-बैड्′ - लि - *adv.* wickedly, cruelly, defectively. निर्दयता से, क्रूरता से, बुरे प्रकार से।

Badger.

Badminton-बैड्′-मिन्-टन्-*n.* a game played with rackets and shuttlecocks. टेनिस के समान एक खेल जो पर के बने हुए गेंद से खेला जाता है।

Bagness-बैड्′-नॆस्-*n.* see-**Bad**.

Baffle-बैफ्′-फ़ल -*v. t.* to perplex, to confound, to frustrate. घबड़ाना, व्यग्र करना, उन्नति रोकना; **Baffler** (-अर्) -*n.* confounder. घबड़ा देनेवाला ; **Baffling** (-इङ्ग्) -*adj.* perplexing. घबड़ानेवाला।

Baft-बैफ़्ट् -*n.* a cheap coarse cotton cloth. गजी, मोटा सस्ता सूती कपड़ा।

Bag-बैग्-*n.* a small sack, pouch. बोरा, थैला; -*v. t.* to swell or bulge, to hang loosely, to kill game. फूलना, लटकना, शिकार मारना; **Bag of bones** (a lean person.) अति दुर्बल मनुष्य; **To let out of bag** (to disclose secrets.) रहस्य का उद्घाटन करना या खोलना।

Bagasse-बैं-गॅस्′-*n.* refuse in sugar-making. चीनी बनाने में गन्ने की सीठी।

Bag-a-telle-बैग्′-ॲ-टॆल्-*n.* a trifle, negligible amount, a kind of game. तुच्छ वस्तु, एक प्रकार का खेल।

Baggage-बैग्′-गिज्-*n.* clothings &c. of a traveller. यात्री की सामग्री।

Bagman-बैग्′ - मॅन्-*n.* commercial traveller. व्यवसायी यात्री।

Bagpipe-बैग्′ - पाइप्-*n.* a kind of wind-instrument. मसक बाजा।

Bagpipe.

Bah-बा-*interj.* of contempt. छिः छिः।

Bail-बेल्-*n.* security for a prisoner's appearance, a barrier, a bar placed on stumps of cricket. जामिन, प्रतिभू (जमानत), कटघरा, क्रिकेट के खेल में डण्डों के ऊपर की गुल्ली;-*v. t.* to deliver in trust, to release on security. विश्वास पर छोड़ना, जमानत पर छोड़ना; **Bailable** (एॅ-बल्) -*adj.* admitting of bail. जमानत होने लायक।

Bailee - बेली - *n.* the person to whom anything is entrusted. जिसके पास कोई धरोहर रक्खी गई हो।

Bailer- बेलर् -*n.* a security for another. प्रतिभू, जमानतदार।

Bailey - बेली - *n.* an outer wall of a castle. क़िले की बाहरी दीवार।

Bailiff- बेलिफ़ -*n.* an officer under a sheriff. सहकारी अमीन।

Bairn-बे′-अर्न्-*n.* a child. बालक।

Bait-बेट्-*v. t.* to worry by setting dogs, to worry, to put food for enticing. कुत्ते पीछे लगाना, कष्ट पहुँचाना, चारा देकर ललचाना; -*n.* an allurement or temptation. लोभ; चारा।

Baize-बेज़्-*n.* a kind of coarse woollen cloth. मोटा ऊनी वस्त्र।

Bake-बेक्-*v. t.* to cook by heat, to harden. पकाना (सुखाना), कड़ा करना; **Baked** (-ड्) *-adj.* dried, hardened. परिपक्व, पका हुआ; **Baker** (-अर्) *-n.* one who bakes bread or biscuits, a small oven. पकानेवाला (नानबाई), रोटी बनाने का छोटा तन्दूर; **Bakery** (-ई) *-n.* a baking house. नानबाई की दूकान; **Baking** (-इङ्ग्) *-n.* the act of cooking a thing. पकाने की क्रिया।

Balance-बॅल्'-ऑन्स्-*n.* a weighing apparatus, equilibrium, harmony and proportion, steady position, extra money, the seventh sign of zodiac. तुला (तराजू), समतोलन, तुल्यता, स्थिरता, शेष (बचत), सातवीं (तुला) राशि; *-v. t.* to weigh, to make equal, to waver, to settle. तौलना, बराबर करना, डावाँडोल करना, स्थिर करना; **To strike a balance** (to determine accounts.) आय-व्यय का हिसाब निकालना; **Balance-sheet** (statement of assets and liabilities.) आय-व्यय का चिट्ठा।

Balance - wheel-बॅल्'-ऑन्स्-व्हील्-*n.* the contrivance in a watch which regulates its beat. घड़ी को स्थायी गति से चलानेवाला पहिया।

Balance-wheel.

Balancing-बॅल्'-ऑन्स्-इङ्ग्-*n.* equilibrium, poise. समतोलन, संतुलन।

Balcony-बॅल्'क-नि-*n.* a structure outside the walls of a house in front of a window. बरामदा; **Balconied** (-नीड्) *-adj.* having balconies. बरामदा लगा हुआ।

Balcony.

Bald-बॉल्ड्- *adj.* hairless, featherless, graceless, monotonous. गंजा, बिना पर का, अशिष्ट (अलंकारहीन), एकसा; **Baldness** (-नेस्)-*n.* गंजापन।

Baldachin-बॅल्'-डॉ-किन्-*n.* canopy placed over thrones, altar or pulpit. वेदी या सिंहासन पर का चँदवा।

Balderdash-बॉल्'-डर्-डॅश्-*n.* nonsense, senseless talk. निरर्थक बातचीत।

Baldhead-बॉल्ड्-हेड्-*n.* a man bald on the head खल्वाट, चँदवर, गञ्जा।

Baldric-बॉल्'-ड्रिक्-*n.* a warrior's belt for sword. तलवार लटकाने की पेटी, परतला।

Bale-बेल्-*n.* destruction, injury, woe, package of goods. नाश, दुःख, सामान की गठरी; **Baleful** (-फुल्)-*adj.* bringing sorrow, destructive. दुःखकर; **Balefully** (-फुल्-लि)-*adv.* in sorrow, woefully. उदासीनता से।

Baleen-बॅ-लीन्'-*n.* whalebone. ह्वेल मछली की हड्डी।

Bale-fire-बेल्'-फायर्-*n.* funeral pyre, bonfire. चिता, उल्का।

Baling-press-बेल्'-इङ्ग्-प्रेस्-*n.* machine for pressing goods to be put in bales. दबाकर बंडल बनाने की मशीन।

Balk (Baulk)-बॉक्'-*v. t.* to pull up, to hinder, to disappoint. खींचना, विघ्न डालना, निराश करना; *-n.* a ridge left unploughed, a hindrance. बिना जोती हुई ऊँची भूमि, विघ्न, रुकावट।

Ball-बॉल्-*n.* a round body, a bullet for guns or cannons, a social assembly for dancing. गेंद (गोला), तोप या बन्दूक की गोली, अँगरेजों का नाच; **Ball-bearings** (axle fitted with steel balls.) गोलियों पर की चूल; **Ball of eye.** आँख का ढेला, तारा; **Ball of foot** (rounded part at base of toe.) एँड़ी; **To keep the ball rolling** (to do one's part.) काम जारी रखना; **To open the ball** (to lead the first dance.) नाच आरम्भ करना।

Ballad-बॅल्'-लॅड्-*n.* a simple poem or song of adventure. बिरहा, आल्हा।

Ballast-बॅल्'-लस्ट्-*n.* heavy articles kept in a ship's hold to keep it steady, anything that gives steadiness, the lower layer of stones on the road or rail which is meant to make it strong. बोझ जो जहाज को सीधा रखने के लिए इसकी पेंदी में लादा जाता है, स्थिरता के लिये उपयुक्त पदार्थ, सड़क या रेल की पटरी के नीचे की गिट्टी जो उसे दृढ़ बनाने के लिए बिछाई जाती है; *-v. t.* to furnish with ballast. ऐसा बोझ लादना।

Ballet-बाले-*n.* a performance of dances on the stage with music. रंगमंच पर नाच गाना (लीला)।

Ballista-बॅल्-लिस्-टा-*n.* a contrivance to hurl big stones. बड़े बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र; **Ballistic** (-टिक्) *-adj.* pertaining to the throwing of missiles. शस्त्र फेंकने की शक्तिवाला।

Ballium-बॅलियम्-*n.* courtyard within a fortified castle. किले के भीतर का आँगन या खुला स्थान।

Ballonet- बॅलॉनॅट्-*n.* a gas bag of airship, a small balloon. वायु-यान का गैस का थैला, छोटा गुब्बारा।

Balloon-बॅल्-लून्' -*n.* a round bag inflated with gas for floating in air. गुब्बारा; -*v. t.* to ascend in a balloon. गुब्बारे पर उड़ना ; **Balloon-barrage**-*n.* हवाई हमलों से बचने के लिये गुब्बारों का समूह जो आकाश में लटकाया जाता है; **Balloonist** (-इस्ट्) -*n.* one who ascends in a balloon. गुब्बारे पर का उड़ाका।

Balloon.

Ballot-बॅल्'-लट् - *n.* small balls or tickets used in voting. चुनाव (वोट देने) के लिये प्रयुक्त टिकट या गोली;-*n.* a small bale. छोटी गाँठ;-*v. t.* to give secret vote. गुप्त रूप से किसी के लिए वोट देना; **Ballot box** -*n.* box used in voting. इस प्रकार के टिकट रखने का बक्स।

Balm - बाम् - *n.* fragrant exudation from certain trees used as a medicine, an ointment for healing, a soothing medicine. शान्तिदायक औषधि (लेप), सुगन्धित औषधि; **Balmy** (- इ) -*adj.* soothing, fragrant. पीड़ानाशक, शान्तिदायक, सुगन्धित।

Balmoral- बॅल् -मोरल्-*n.* a kind of petticoat. एक प्रकार की छोटी कुर्ती।

Balsam-बॉल्'-सम्-*n.* a kind of aromatic healing substance, a flower of the rainy season. पीड़ा हरनेवाली औषधि, गुलमेंहदी; **Balsamic** (-इक्) -*adj.* soft, soothing, unctuous. पीड़ानाशक, चिकना, स्निग्ध ; **Balsamy** (-इ) -*adj.* fragrant. सुगन्धित।

Baluster-बॅलु'-अस्-टर्-*n.* a short thin pillar. एक छोटा पतला खम्भा।

Balustrade - बॅल्' - अस् - ट्रेड्-*n.* a row of balusters with rails, used as an ornament for balcony or terrace. जँगला, कटघरा ; **Balustrated**- (-ऍड्) -*adj.* having balusters. जँगलेदार, कटघरेदार।

Balustrade.

Bam-बॅम्'-*n.* falsehood, a hoax. झूठ, कपट; -*v. t.* to cheat. ठगना, धोखा देना।

Bam-boo-बॅम्-बू-*n.* a kind of giant tropical grass. बाँस (वेणु); **Bamboo sugar.** वंशलोचन।

Bamboozle-बॅम्-बू'-ज़ल् -*v. t.* to deceive, to confound. छल करना, धोखा देना।

Ban-बॅन्-*v. t.* to prohibit, to curse. प्रतिरोध करना (रोकना), शाप देना; -*n.* a curse, sentence of outlawry, prohibition. शाप, देशनिकाले की घोषणा, निषेध ; **Banal** (-ऑल्) -*adj.* commonplace, trite, trivial. सामान्य, साधारण।

Banality - बॅ - नॅल्' - इ - टि - *n.* triteness, vulgarity. तुच्छता, भद्दापन।

Banana-बॅ-ना-ना-*n.* a kind of tropical fruit-tree, its fruit, a plantain. एक प्रकार का प्रसिद्ध पेड़, कदली वृक्ष, केले का फल।

Band-बॅण्ड्-*n.* that which binds or connects, a flat strip or hoop, strap, belt, company of armed men or musicians. बन्धन, तस्मा, पट्टा, पेटी, सैन्य या गायकों का समुदाय; -*v. t.* to put a band, to form into a league. पट्टा लगाना, दलबन्दी करना; **Bandage** (-एज्), **Bandaging** (-एज्'-इङ्ग्)-*ns.* strip of cloth used in binding wounds. घाव पर बाँधने की पट्टी; **Band-master**- (-मास्' -टर्)-*n.* गायक-मण्डली का संचालक।

Bandeau-बॅन्'-डो-*n.* (*pl.* **Bandeaux**) a fillet for fastening women's hair. स्त्रियों के बालों का बन्धन या फीता।

Bandit - बॅन्' - डिट् - *n.* (*pl.* **Banditti** or **Bandits**) a lawless robber, an outlaw. चोर, डाकू, लुटेरा।

Bandog-बॅन्'-डॉग्-*n.* mastiff, blood hound. सिक्कड़ में बँधा हुआ शिकारी कुत्ता।

Bandoleer-बॅन्'-डो-लि-अर्'-*n.* a leathern belt with cartridge holes. कारतूस रखने के लिये खानेदार पेटी।

Bandoline-बॅन्'-डो-लीन्-*n.* a gummy preparation for the hair. बालों को चिपकाने के लिये एक प्रकार की गोंद।

Bandy-बॅन्'-डि-*v.t.* to throw to and fro. इधर-उधर फेंकना;-*n.* hockey. हॉकी का खेल; **Bandy-legged** (-लॅग्ड्)-*adj.* having legs curved at the knees. प्रजातजानु, ऐंठे हुए घुटनेवाला; **To bandy about** (to discuss.) वाद-विवाद करना।

Bane-बेन्-*n.* a poion, cause of ruin or distress. विष, नाश का मूल (क्षयकारण); **Baneful** (-फ़ुल्) -*adj.* poisonous, deadly, ruinous. विषैला, घातक, विनाशी; **Banefully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* destructively. नाशरूप से; **Banefulness** (-फ़ुल्-नॅस्) -*n.* ruin. विनाश।

Bang-बैङ्ग्-*v. t. & i.* to thrash, to make an explosion. पीटना (मारना), धड़ाके का शब्द करना; - *n.* the sound of a blow. धमाके या धड़ाके का शब्द;-*adv.* completely, explosively. पूर्णरूप से, धड़ाके के साथ; -*v. t.* to cut hairs straight. सीधा खड़ा बाल काटना।

Bangle-बैङ्ग्'-ग्ल्-*n.* an ornament worn on the arms or ankles. (in India or Africa) कङ्कण (कड़ा), चूड़ी।

Banian (Banyan) बैन्'-यन् -*n.* an Indian tree, a kind of jacket. (वटवृक्ष) बरगद का पेड़, बनियाइन (गञ्जी)।

Banish-बैन्-इश् -*v. t.* to exile, to dismiss, to drive away. देश से बाहर निकाल देना, हटा देना, निकाल देना; **Banishment** (- मेन्ट्) -*n.* expulsion, exile. निर्वासन, अपने देश से निकाला जाना।

Banjo-बैन्'-जो-*n.* a stringed musical instrument. वेला की तरह का एक बाजा ; **Banjoist** (-इस्ट्) - *n.* one who plays on a banjo. यह बाजा बजानेवाला।

Bank-बैङ्क्- *n.* raised ground on the side of a sea or river-bed, a flat cloud, sloping edge of a river, an eatablishment for the safe custody of money, the bench of rowers. तीर (तट), किनारा, चौरस बादल, बङ्क जहाँ रुपया जमा होता है, नाव खेनेवालों की बैठकी ; -*v. t.* to deposit money in bank to raise a mound. बङ्क में रुपया जमा करना, किनारा उभाड़ना; **Bankable** (-ऑ-ब्ल्) -*adj* receivable at a bank. बङ्क के स्वीकार करने योग्य।

Banker-बैङ्क्'-अर्-*n.* a partner or director of a bank. बङ्क का सझिया (सेठ, महाजन, कोठीवाल) ; -*n.* a mason's wooden bench for trimming bricks, stones &c. लकड़ी का ठीहा।

Banking-बैङ्क्'-इङ्ग्-*n.* business of a banker, fishing on a sea bank, flying round a curve. महाजनी, बङ्क या कोठीवाली का व्यापार, समुद्र के किनारे मछली मारना, चक्कर खाते उड़ना।

Bankrupt-बैङ्क्'-रप्ट्-*n. & adj.* an insolvent person, unable to pay one's debts दिवालिया, अपना ऋण चुकाने में असमर्थ; **Bankruptcy** (-सी)-*n.* दिवालियापन।

Banner- बैन्-'नर् -*n.* the flag of a country, military standard, a symbol of any principle. ध्वजा, पताका, झण्डा, किसी सिद्धान्त का चिह्न।

Banneret- बैन्'- नर्-ऐट्-*n.* one knighted on the field for valour. वीरता के लिए नाइट की उपाधि प्राप्त।

Bannerol-बैन्'-नर्-ओल् -*n.* a banner placed over a tomb, a small banner. कब्र के ऊपर गाड़ा हुआ झण्डा, झण्डी।

Banquet- बैङ्क्'- विट्- *n.* a sumptuous feast. विशिष्ट भोज (जेवनार); -*v. t.* to feast. (मिष्टान्न से) भोजन देना; **Banqueter** (-अर्) -*n.* one who gives rich feast, a feaster. विशिष्ट भोज देनेवाला।

Bantam- बैन्'- टम्-*n.* a dwarf fowl, a short man. नाटा मुर्गा, नाटा पुरुष।

Banter- बैन्' -टर् - *v. t.* to make a joke of. उपहास करना (हँसी उड़ाना); -*n.* jest, ridicule. हँसी, दिल्लगी, निन्दा।

Banting - बैन्ट्' - इङ्ग् - *n.* a treatment of obesity. मोटेपन की एक चिकित्सा।

Bantling-बैन्ट्' - लिङ्ग् -*n.* a young child, a brat. बच्चा, छोकरा।

Banyan- *n.* see **Banian.**

Baptism-बैप्'-टिज़्म्-*n.* a religious rite accompanied by name-giving. नामकरण संस्कार, बप्तिस्मा; **Baptismal** (-टिस्-मॅल्) -*adj.* बप्तिस्मा सम्बन्धी; **Baptist** (-टिस्ट्)-*n.* बप्तिस्मा करनेवाला; **Baptistery** (बैप्ट्-इस्'-टर्-इ) -*n.* a part of church used for baptism. गिरजाघर का वह भाग जहाँ यह संस्कार होता है।

Baptize - बैप्- टाइज़्'-*v. t.* to Christen, to purify, to elevate, to name. ईसाई बनाना, पवित्र करना, बढ़ाना, नाम रखना।

Bar-बार्-*n.* a rod or pole, a barrier, bank of sand, a particular court, a pole for fastening a door, hindrance, a place where prisoners for trial are kept, those who plead at the bar, a plea for arresting action. डंडा या छड़, कटघरा, बालू का किनारा, न्यायसभा, द्वार बन्द करने की रोक० या ब्योंड़ा अदालत में कैदियों के खड़े रहने की जगह, बैरिस्टरों तथा वकीलों का समुदाय, अदालती कार्रवाई रोकने की बहस;-*v. t.* to fasten with a bar. अर्गला से बन्द करना; **Barred** (-ड्) -*adj.* डंडा लगा हुआ।

Barb-बार्ब्-*n. & v. t.* the shaft of an arrow, to furnish with hooks. तीर की नोक, शूल (काँटा) लगाना; **Barbed** (-ड्) -*adj.* having barbs. कँटेदार।

Barbarian - बॅर् - बेरियन् - *adj. & n.* rude, uncultured, wild, a savage. असभ्य, अशिष्ट, जंगली, देहाती गँवार मनुष्य

Barbaric - बार्- बैर्' - इक् - *adj.* rude, rough. असभ्य, रूखा; **Barbarism** (बार्'-बॅ-रिज़्म्)-*n.* rudeness, ignorance. असभ्यता (गँवारपन), अज्ञानता; **Barbarity** (-रि-टि) -*n.* savage cruelty. निष्ठुरता, क्रूरता; **Barbarize** (राइज़्)

-*v. t.* to corrupt, to make barbarous. अशिष्ट करना, असभ्य बनाना।

Barbarous-बार्′-ब-रस्-*adj.* illiterate, uncivilized, cruel. अनपढ़, अशिष्ट, असभ्य, निर्दय; **Barbarously** (-लि) -*adv.* असभ्यता से, निर्दयता से; **Barbarousness** (-नेस्) -*n.* असभ्यता, निर्दयता।

Barbate-बार्′-बेट् - *adj.* awned, bearded. अन्न की बाल का, दाढ़ीयुक्त।

Barbed-बार्ब्ड्-*adj.* see **Barb.**

Barber-बार्′-बर्-*n.* one who shaves his customer's beard and hair. नापित, नाई, हज्जाम; **Barber's itch** (a skin disease communicated in shaving.) बाल बनवाने से उत्पन्न एक प्रकार की खुजली।

Barbette-बार्′-बेट्-*n.* a platform from which guns are fired. चबूतरा या ऊँचा स्थान जहाँ से तोप छोड़ी जाती है।

Bother-बॉद्'-अर्-*v. t.* & *i.* to worry, to trouble one's self. कष्ट देना (दिक करना, खिजलाना), कष्ट उठाना;-*n.* worry, fuss. कष्ट, दिक्कत; **Botheration** (-ए-शन्) -*n.* trouble, worry. झंझट, तरद्दुद; **Bothersome** (-सम्) -*adj.* causing trouble. कष्ट देनेवाला ।

Bottle-बॉट्-ट्ल्-*n.* a narrow necked glass vessel for holding liquids, bundle of hay. बोतल, सूखी घास का गट्ठा. -*v. t.* to store in bottle. बोतल में भरना ; **Bottle-nosed** (having a large thick nose, with a short snout) फूली हुई नाकवाला ; **Brought up on a bottle** (fed up from a feeding bottle.) शीशी से दूध पिलाकर पोसा हुआ (बच्चा); **Over a bottle** (while drinking.) शराब पीते समय ।

Bottler-बॉट्'-लर्-*n* one who bottles liquors. बोतलों में शराब भरनेवाला ।

Bottom-बॉट्'-टम्-*n.* the lowest part, ground under water, low land, inmost point, keel, basis, foundation. तल (अधोभाग), जल के नीचे का तल, नीची भूमि, सबसे भीतरी स्थान, जहाज की पेंदी, आधार, नींव;-*adj.* lowest. सबसे नीचा;-*v. t.* to put to bottom. पेंदी में रखना; **Bottom up** (inverted.) उलटा, नीचे-पेंदी ऊपर सिरा; **From the bottom of the heart** (earnestly.) सहृदय ; **To be at the bottom of** (to be the root cause of.) प्रवर्तक होना; **To send to the bottom** (to sink.) डुबाना; **Bottomless** (-लेस्) -*adj.* fathomless. अथाह, अथाह ।

Boudoir-बूड्वार्-*n.* a ladys' small private room. स्त्रियों का गुप्त कमरा ।

Bough-बाउ-*n.* the branch of a tree, the bow of a ship, the gallows. शाखा (डाल), जहाज का दोनों ओर का भाग, फाँसी की रस्सी या तख्ता ।

Bought-बॉट्-*p. t.* & *p. p.* of Buy.

Bougie-बू'-जी-*n.* wax candle. मोमबत्ती ।

Boulder-बोल्'-डर्-*n.* a large waterworn rounded stone. पानी से घिसा हुआ चिकना बड़ा गोल पत्थर ।

Bounce-बाउन्स्-*v. i.* & *t.* to bound, to boast, to burst noisily. उछल पड़ना, श्लाघा करना, चिल्लाना;-*n.* a boast. आत्मश्लाघा, शेखी या घमंड; -*adv.* suddenly. एकाएक; **To bounce out** (to boast.) श्लाघा करना, शेखी या घमंड करना ।

Bouncer-बाउन्'-सर्-*n.* a boaster, a bully, a liar. शेखीबाज या घमंडी, झूठा ।

Bouncing-बाउन्-सिङ्ग्-*adj.* stout, strong, heavy. पुष्ट, दृढ़, भारी ।

Bound-बाउन्ड्-*n.* limit, boundary, a spring. सीमा, किनारा (मर्यादा), उछाल; -*v. t.* & *i.* to limit, to bounce. सीमा बाँधना, उछलना;-*adj.* ready to start. प्रस्थान करने को तैयार; (*p. p.* of Bind) confined. बँधा हुआ, परवश; **Boundless** (-लेस्)-*adj.* without limit. (अनन्त), अवधि-रहित ।

Boundary-बाउन्ड्'-अ-रि-*n.* a limit or border. सीमा, मर्यादा, अवधि ।

Bounden-बाउन्ड्-एन् -*adj.* morally binding, obligatory. कर्तव्याधीन, आवश्यकारी ।

Boundless -*adj.* see Bound.

Bounds-बाउन्ड्ज़्-*n.* boundary. सीमा, मर्यादा।

Bounteous-बाउन्'-टि-अस्-*adj.* liberal. उदार; **Bounteously** (-लि) -*adv.* liberally, largely. उदारता से।

Bountiful-बाउन्'-टि-फ़ुल्- -*adj.* munificent, generous, liberal. दानशील, उदार, दयालु; **Bountifully** (-टि- फ़ुल्-लि) -*adv.* liberally. उदारता से।

Bounty-बाउन्'-टि -*n.* liberality, gift. उदारता, पारितोषिक (अनुग्रह, कृपा)।

Bouquet-बू-के -*n.* a bunch of flowers, nose-gay. फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता।

Bourn - बूर्न् - *n.* a small stream or brook. छोटी नदी, नाला।

Bourse-बूर्स् -*n.* rialto, money market. हाट, बाजार, फड़।

Bout-बाउट्-*n.* a turn at work, fit of illness, trial of strength. काम की पारी, बीमारी का दौरा, शक्ति-परीक्षा।

Bovine-बो'-वाइन् -*adj.* like an ox, dull. गाय बैल के सदृश, मन्दबुद्धि।

Bovril-बॉव्'-रिल्-*n.* extract of beef. गोमांस का सत्व, गाय के गोश्त का काढ़ा।

Bow-बो *n.* a curve, weapon for shooting arrows, fore-end of a ship, rainbow. घुमाव, कमान (धनुष), जहाज़ का अगला भाग, इन्द्रधनुष; **Bower** (-अर्) -*n.* he who makes bows. धनुष बनानेवाला।

Bow-बाउ - *n.* respect, consent. प्रणाम (नमस्कार), स्वीकृति; - *v. t.* to bend knee and incline head in saluting, to stoop. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चरण पर गिरना; **Bowing** acquaintance. साहब सलामत, परिचय मात्र; **To draw the long bow** (to exaggerate.) अतिशयोक्ति से कहना; **Bow-man** (-मॅन्)-*n.* an archer, an oarsman. धनुर्धारी, नाव खेनेवाला; **Bow-shot** (distance to which an arrow can be sent.) वह दूरी जहाँ तक तीर फेंका जा सकता है; **Bow string** (the string used in a bow.) प्रत्यञ्चा, चिल्ला।

Bow-compasses - बो - कम्-पॅस्-सेज़्-*n.* a kind of compasses. एक प्रकार का छोटा परकाल।

Bow-compasses.

Bowel - बॉवेल - *n.* the lower part of the stomach. आँत, अँतड़ी; (*pl.*) entrails, tender feeling. अन्तर्भाग, दया (मृदुता)।

Bower-बॉवर्-*n.* arbour, a shady recess in a garden, the private room of a lady, knave in card-game. कुञ्ज (कुटी), पर्णशाला, स्त्री की गुप्त कोठरी, ताश के खेल में गुलाम का पत्ता; **Bowery** (-इ)-*adj.* containing bowers, shady. कुञ्जवत्, छायादार; -*v. t.* & *i.* to make a bower, to enclose, to lodge. कुञ्ज या झाड़ी बनाना, बन्द करना, रहने का स्थान देना, बसाना।

Bowl-बोल-*n.* a hollow round basin. प्याला, कटोरा;-*v. t.* to play at bowls, to roll. गेंद से खेलना, लुढ़काना; **Bowlful** (-फुल्)-*n.* as much as a bowl can hold. प्यालाभर।

Bowler-बोल्'-अर्-*n.* one who throws a ball. गेंद फेंकनेवाला ; **Bowling** (-इङ्ग्) -*n.* delivering ball at the wicket in cricket. क्रिकेट का गेंद फेंकना।

Bow-saw - बो - सॉ - *n.* a saw for cutting curves. वक्राकार काटने की आरी।

Bowse-बौज़् - *v. i.* to pull or haul a boat. नाव को खींचना।

Bow-shot-बो-शॉट्-*n.* see-Bow.

Bow-string-बो'-स्ट्रिङ्ग्-see-Bow.

Bow-wow-बाउ-वाउ-*n.* the barking of a dog. कुत्ते की भुँकान।

Box-बॉक्स् - *n.* a chest, a driver's seat, compartment in a theatre, a slap on the head or ear with the hand, an iron ring at the centre of a wheel. सन्दूक, कोचबक्स, थियेटर की सीट, तमाचा, पहिये का आँवन;- *v. t.* to put into a box, to slap on a person's ears. बक्स में रखना, कान पर थप्पड़ मारना; **Box-office** (office for booking theatre seats.) नाटक-घर के टिकट मिलने का स्थान ; **Witness box** (the place where witnesses stand in a court.) अदालत में गवाहों के खड़े होने का कटघरा।

Boxer-बॉक्स्'-अर्-*n.* one who fights with his fists. मुक्की लड़नेवाला।

Boxing-बॉक्स् - इङ्ग् - *n.* the act of fighting with fists. मुक्की ; **Boxing-day** (the first week-day after Christmas.) क्रिसमस या बड़ा दिन के बाद सप्ताह का पहिला दिन।

Boy-बॉय्-*n.* (*fem.* Girl) a male child. बालक, शिशु, कुमार, लड़का।

Boycott-बॉय्-कॉट्-*v. t.* (*p. t.* Boycotted) & *n.* to punish by systematic refusal of social or commercial relations. बहिष्कार करना, बहिष्कार।

Boyhood-बॉय्'-हुड्-*n.* boyish age, state of being a boy. लड़कपन।

Boyish-बॉय्'-इश्-*adj.* like a boy, puerile. बालकोपयोगी, बालक सदृश; **Boyishly** (-इश्-लि) -*adv.* लड़कपन से।

Brabble-ब्रॅब्'-ब्ल्-*n.* a broil, quarrel. हुज्जत, लड़ाई-झगड़ा।

Brace-ब्रेस्-*n.* a couple, a thing that tightens, (*pl.*) trouser suspenders, connecting mark in printing (⁀), a pair, boring instrument used by carpenters. युगल (जोड़ा), बन्धन, (ब० व०) पतलून लटकाने का पट्टा, छापने में धरने की लकीर (⁀), जोड़ा, बढ़ई का बरमा ; -*v. t.* to fasten tightly, to support. कसकर बाँधना, सम्हालना; **Bracing**-ब्रेस्'-इङ्ग् -*adj.* giving strength. शक्ति देनेवाला।

Brace & bit.

Bracelet-ब्रेस्-लिट्-*n.* an ornament for the wrist. पहुँची, कंगन, बाजू।

Bracer-ब्रे'-सर्-*n.* a tonic medicine. शक्ति-वर्धिनी औषधि।

Brach-ब्रॅच्-*n.* a hunting bitch, bitchhound. शिकारी कुतिया।

Brachial-ब्रे कियल् - *adj.* belonging to the arm. बाहु-सम्बन्धी।

Bracing - ब्रेस् - इङ्ग् - *adj.* giving strength. पुष्टिकर, शक्तिवर्धक।

Bracket-ब्रॅक्'-इट्-*n.* a wooden or metallic angular support, pairs of marks used in writing or printing. () [ ] { } दीवारगीर, कोष्ठक के चिह्न; -*v. t.* to enclose in brackets. ऐसे चिह्नों से घेरना।

Bracket.

Brackish - ब्रॅक्' - इश्-*adj.* saltish. खारा।

Bradawl-ब्रॅड्'-ऑल्-*n.* a boring tool. छेदने का शस्त्र (बरमा)।

Bradshaw - ब्रॅड्'-शॉ- *n.* a detailed railway guide. रेल की विवरण सहित समय इत्यादि सूचक बड़ी पुस्तक।

Brag-ब्रॅग्-*v. i.* (*p. t.* **Bragged.**) to boast. आत्मश्लाघा करना, वृथा स्तुति करना; **Braggart** (-गॅर्ट) -*n.* a boaster, a vain fellow. दम्भी, आत्मश्लाघी; **Bragging** (-गिङ्ग्) -*n.* दम्भ, घमंड।

Brahmin-ब्रॉह्' - मिन् - *n.* a member of the Hindu priestly caste. ब्राह्मण; **Brahminic** (-इक्) -*adj.* ब्राह्मण-सम्बन्धी; **Brahminism.** (-इज़्म्) -*n.* religion of Brahmans. ब्राह्मणों का धर्म।

Braid-ब्रेड्-*n.* a plait of hair, a kind of lace. बालों का जूड़ा, गोंटा, लेस; -*v. t.* to interweave, to entwine, to plait. गूँथना, बटना।

Brail-ब्रेल्-*n.* piece of leather by which a hawk's wing is tied. बाज का पर बाँधने का चमड़े का पट्टा।

Braille-ब्रेल्-*n.* printing in relief (letters) for the blind. अन्धों के लिये उभड़े अक्षरों में छपी पुस्तक।

Brain-ब्रेन् - *n.* nervous substance in skull, seat of intellect and understanding. मस्तिष्क, भेजा, मति, बुद्धि; **Brainfag** (nervous exhaustion.) मस्तिष्क की थकावट; **Brainless** (- लेस्) - *adj.* silly, thoughtless. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन **Brain sauce** (intelligence.) बुद्धि; **Brain sick** (deranged) पागल; **Brainy** (-ई)-*adj.* clever, quick of thought. चतुर, बुद्धिमान्।

Brain.

Brake - ब्रेक् - *n.* thicket, apparatus for checking wheel's motion, a railway carriage, heavy harrow. झाड़ी, रेलगाड़ी आदि में पहियों के रोकने का यन्त्र, वह गाड़ी जिसमें यह यन्त्र रहता है, हेंगी; -*v. t.* to crush by beating, to use a brake. कूँचना, रोक लगाना; **Brakesman** (one who is in charge of brakes.) पहिया रोकने पर नियुक्त पुरुष।

Bramble-ब्रॅम्'-ब्ल्-*n.* a wild prickly shrub. कँटीला पौधा, गोखरू।

Bran - ब्रॅन्-*n.* husks of ground corn. धान्य-त्वचा, भूसी, चोकर।

Branch-ब्रान्च् - *n.* limb of a tree, part or division of a thing, section, line of descent, subject of knowledge. शाखा (डाली, टहनी) भाग, अङ्ग, सन्तान, ज्ञान-विषय ; -*v. i.* & *t.* to spring out, to spread forth, to divide into branches. उगना, फैलाना, शाखाओं में विभक्त होना ; **Branched** (-ड्)-*adj.* शाखादार; **Branchless** (-लेस्) -*adj.* destitute of branches. बिना शाखा की; **Branchlet** (-लेट्) -*n.* a small branch. छोटी शाखा ; **Branchy** (-इ) -*adj.* full of branches. अनेक शाखा वाली।

Brand-ब्रैन्ड् - *n.* a piece of wood burning or partly burned, mark made by hot iron, trade mark, a sword. अधजली या जलती हुई लकड़ी (लुआठी), तपे लोहे का चिह्न, व्यापारिक चिह्न, तलवार; -*v. t.* to burn with hot iron, to fix a mark of infamy. तपे लोहे से दागना, बदनामी का दाग लगाना; **Brand new** (quite fresh.) बिलकुल नया।

Brandish-ब्रैन्ड्' - इश् - *v. t.* to wave about. घुमाना, भाँजना, चक्कर देना।

Brandrith-ब्रैन्ड्-रिथ्-*n.* a wooden stand for cask, a railing round a well. पीपे की बैठकी, कुएँ के चारों ओर का बेड़ा। (also **brandreth.**)

Brandy-ब्रैन्-डि-*n.* a strong spirit distilled from wine. आसँव, सुरा, शराब।

Brangle-ब्रैङ्ग् - गल् - *v. t.* to quarrel. कलह करना, झगड़ना।

Branny-ब्रान् - नि - *adj.* like bran. चोकर के समान।

Brasier-ब्रेज़्'-यर्-*n.* a worker in brass. पीतल के पात्र आदि बनानेवाला।

Brass-ब्रास् -*n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते का मिश्रण या मेल, पीतल; **The brass** (brass instruments.) पीतल के यन्त्र; -*adj.* made of brass. पीतल का बना हुआ।

Brassy - ब्रास्' -सि-*adj.* like brass, impudent, पीतल के रंग का, धृष्ट, ढीठ।

Brat-ब्रैट्-*n.* a contemptuous name for a child, an apron. कच्चा बच्चा, छोकरा, लबादा।

Bravado - ब्रैं-वा'- डो - *n.* show of courage, boast. शेखी, भवकी, धमकी, डींग।

Brave-ब्रेव्-*adj.* courageous, fearless, valiant, finely dressed, honest, showy. वीर (साहसी), निडर, सुघर, ईमानदार, दिखौवा; -*v. t.* to defy, to dare. ललकारना, साहस करना; **Bravely** (-लि) -*adv.* in a brave manner. वीरता से; **Bravery** (अर्-इ)-*n.* courage. पराक्रम, साहस।

Bravo-ब्रे-व्रो'-*n.* & *interj.* (*pl.* **Bravoes, Bravos** ब्रैं'-वोज़्) a bandit, cry of approval. लुटेरा, वाह-वाह, धन्य-धन्य!

Brawl-ब्रॉल् -*v. i.* & *n.* to engage in a noisy quarrel, murmur. कलह करना, विवाद (झगड़ा); **Brawling** (-इङ्ग्) -*adj.* quarrelsome. झगड़ालू।

Brawn - ब्रॉन्-*n.* boar's flesh, a muscle. सुअर का मांस, पुट्ठा; **Brawny** (-ई) -*adj.* strong. पुष्ट, मांसल।

Bray-ब्रे -*n.* & *v. i.* the cry of an ass, to cry like an ass. गदहे का स्वर, रेंकना; -*v. t.* to pound. खरल में कूटना।

Braze-ब्रेज़्-*v. t.* to colour like brass. पीतल के समान रंग करना; -*v. t.* to solder with brass. पीतल का पक्का जोड़ लगाना।

Brazen-ब्रे-ज़्न् - *adj.* made of brass, impudent. पीतल का बना हुआ, धृष्ट; **Brazen age** (third stage in human deterioration.) मनुष्य के पतन की तृतीय अवस्था; **Brazen-faced** (shameless.) निर्लज्ज, लज्जाहीन।

Brazier-ब्रेज़्-यर्-*n.* a worker in brass. पीतल का बर्तन बनानेवाला, ठठेरा।

Breach-ब्रीच्-*n.* a break, neglect of contract, violation of law, a quarrel, injury, gap. छिद्र, नियमभङ्ग, अतिक्रम, झगड़ा, आघात, दरार; -*v. t.* to break through. तोड़ना, दरार करना, सेंध लगाना; **Breach of the peace** (riot, affray.) बलवा, विद्रोह, क्रान्ति, उपद्रव; **Breach of promise** (infringement of promise.) प्रतिज्ञाभङ्ग।

Bread-ब्रेड्-*n.* baked food, livelihood. रोटी (अन्न, आहार), जीवनवृत्ति; **Bread and butter** (means of living.) जीवनवृत्ति; **Bread and cheese** (simple food.) सामान्य भोजन; **To take bread from one's mouth** (to snatch away one's living.) जीवनवृत्ति छीन लेना; **To make one's bread** (to earn one's living.) जीविका के लिये उद्योग करना; **To eat the bread of idleness** (to be idle.) हराम की रोटी खाना; **Bread-winner** (person who supports one's family.) परिवार का पोषण करनेवाला।

Breadth-ब्रेड्थ्-*n.* broadness, width. विस्तार, चौड़ाई; **To a hair's breadth** (exactly, definitely.) ठीक ठीक; **Of full breadth** (of full extent.) पूरे विस्तार का; **Breadthwise** (**Breadthways**) across the width. चौड़ाई बल में, चौड़ाई में।

Break-ब्रेक्-*n.* a breach, an interruption, the dawn, a strongly built carriage. टूटन, अवरोध (विघ्न), अरुणोदय, पुष्ट बनी हुई या मजबूत गाड़ी; -*v. t.* & *i.* to divide into parts, to disperse, to decline in health. तोड़ना (खण्डन या चूर्ण करना), रास्ता करना, तितर-बितर होना, दुर्बल होना; **To break a horse** (to train a horse for riding or carriage.) घोड़ा निकालना; **To break away** (to escape from prison, to scatter.) कैद से भाग जाना, तितर-बितर हो जाना; **To break bread with** (to be entertained by.) नेवता पाना; **To break down** (to destroy.) नाश

करना; To break ground (to till, to begin siege.) जोतना, घेर लेना ; To break heart (to be disappointed.) निराश होना ; To break in (to enter.) प्रवेश करना ; To break off (to cease, to abandon.) समाप्त करना, त्यागना; To break open (to penetrate by breaking.) तोड़कर घुसना; To break out (to proclaim.) घोषणा करना ; To break small (to become lean.) दुर्बल होना; To break the ice (to overcome the first difficulties.) आरम्भ की कठिनाइयों को सुलभ करना ; To break up (to dissolve, to lay open.) टुकड़े-टुकड़े करना, विघटित करना, खोलना; To break with (to part in enmity.) झगड़ा करना ।

Breakable - ब्रे' कें'-बृल्-*adj.* able to be broken. तोड़ने योग्य ।

Breakage-ब्रे'-क्-एज्-*n.* allowance for things broken accidentally, act of breaking. वस्तु के अनायास टटने की छूट, टूटन ।

Breakdown-ब्रेक्'-डाउन्-*n.* failure of health or power, collapse. स्वास्थ्य नष्ट होना, नाड़ी का चलना रुक जाना ।

Breaker- ब्रेक्' - अर् - *n.* a large wave of the sea. समुद्र की बड़ी लहर ।

Breakfast-ब्रेक्-फास्ट्-*n.* the first meal of the day. सबेरे का भोजन, कलेवा; -*v. t.* to take or supply breakfast. कलेवा करना या कराना ।

Breakneck-ब्रेक्'-नेक्-*n.* a steep place, a great fall. करारा, गिराव; -*adj.* hazardous. आपत्तिजनक ।

reakwater-ब्रेक्'-वॉ-टर् - *n.* a mole to break the force of waves. बाँध ।

Breast-ब्रेस्ट्-*n.* milk-secreting organ, upper front of body or dress, heart. स्तन (पयोधर), वक्षःस्थल, पोशाक का अगला भाग, अन्तःकरण; -*v. t.* to face. सामना करना; Breasted (-ऍड्) -*adj.* with a fine voice. सुरीली आवाज का; Breast-plate (armour for breast.) कवच' सीनाबन्द; To make a clean breast of (to expose secrets, to confess one's fault.) भेद (रहस्य) खोलना, दोष स्वीकार करना ।

Breast-bone-ब्रेस्ट्-बोन्- *n.* the sternum. हृदय पर की बीच की हड्डी ।

Breast-deep-ब्रेस्ट्'-डीप्-*adj.* deep up to the breast. छाती तक गहरा ।

Breath-ब्रेथ्-*n.* slight movement of air, air inhaled and exhaled, breeze, life. वायु की मन्द गति, मन्द पवन, जीवन, श्वास, साँस (दम); Below one's breath (muttering.) धीरे-धीरे बोलना; In the same breath (simultaneously.) एक ही साथ ; To draw breath (to live.) जीवित रहना; To keep breath to cool porridge (to abstain from conversation.) बात करने से रुकना ; To take breath (to pause, to rest.) ठहरना, दम लेना; To waste breath (to talk uselessly.) वृथा बकवाद करना ।

Breathe-ब्रीद्-*v. i. & t.* to live, to take breath, to utter softly, to inhale. जीना, श्वास लेना, धीरे से बोलना, साँस खींचना ; To breathe again (to recover from fear.) भय से मुक्त होना; To breathe one's last (to die, to take the last breath.) मृत्यु को प्राप्त होना, अन्तिम श्वास छोड़ना ।

Breathing-ब्रीद्'-इङ्ग्-*n. & adj.* respiration, life-like. श्वास, जीवित; Breathing space (a short interval of rest.) श्वास लेने का अवकाश ।

Breathless - ब्रेथ्' - लेस्-*adj.* out of breath, panting. हाँफता हुआ ।

Bred-ब्रेड्-*p. t. & p. p.* of Breed.

Breech-ब्रीच्-*n.* lower part of the body, the hinder part of a gun. नितम्ब, चूतर, तोप या बन्दूक का पिछला भाग; (*pl.* Breeches ब्रीच्'-ऍज़्) trousers. जाँघिया (पायजामा); Breeched (-ड्)-*adj.* जाँघिया पहिने हुए ; Breechless (लस्)-*adj.* बिना जाँघिया का ।

Breed-ब्रीड्-*n.* race, family. वंश, कुल;-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Bred) to bear, to generate, to bring forth young, to cherish, to propagate, to train up. पैदा करना, उत्पन्न करना, पोसना, बढ़ाना, सिखलाना; Ill-bred (uncivil, impolite) अशिष्ट; Well-bred (noble, polite.) सदाचारी, विनीत; What is bred in the bone (hereditary traits) पूर्वजों के चिह्न ।

Breeder-ब्रीड्' - अर्-*n.* one who breeds or brings up. पोसनेवाला ।

Breeding-ब्रीड्'- इङ्ग्-*n.* act of generating, training, good manners, behaviour. पालन, शिक्षण, सभ्यता, अच्छा व्यवहार; Breeding season (season of production.) उत्पत्ति-समय, जनन-काल ।

Breeze-ब्रीज़्-*n.* gentle wind. मन्द पवन, हलकी बहती हुई वायु; Breezeless (-लेस्)-*adj.* destitute of breeze. वायुरहित; Breezy (-इ)-*adj.* windy, lively. हवादार, प्रसन्न; Land breeze (breeze blowing from the land.) भूमि की ओर से बहनेवाली वायु, स्थलीय समीर ; Sea

breeze (breeze blowing from the sea.) समुद्र की ओर से बहनेवाली वायु।

Brethren-ब्रेद्'-रन्-*pl.* of Brother.

Breve-ब्रीव्-*n.* sign for a short vowel sound, a letter of the pope. (˘), लघु स्वर का (˘) चिह्न, पादरी का पत्र।

Breviary-ब्री-वि-य-रि-*n.* a book containing prayers. स्तोत्र-संग्रह।

Brevier-ब्र- विअर् - *n.* a small printing type of 8 points. आठ पॉइन्ट का विशेष टाइप।

Brevity-ब्रेव्-इ-टि-*n.* shortness, conciseness. संक्षेप, कमी, छोटापन।

Brew-ब्रू-*v. t.* to make beer, to bring about, to gather forces, to mingle. शराब बनाना, उत्पन्न करना, मिलाना, सेना इकट्ठा करना; Brewer (-अर्)-*n.* one whose trade is brewing. शराब खींचनेवाला; Brewery (-अर्-इ) -*n.* a building used for brewing. शराब बनाने का स्थान; Brewing (-इङ्ग्) -*n.* the process of preparing liquors from malt. शराब बनाने की क्रिया।

Bribe-ब्राइब्-*n.* an illegal reward given to someone. उत्कोच, घूस, रिश्वत; -*v. t.* to give bribe. घूस देना, मुट्ठी गरम करना; Briber (-अर्) -*n.* one who gives bribe. घूस देनेवाला; Bribery (-अर्'-इ)-*n.* act of taking or giving bribes. घूस देने या लेने का कार्य।

Brick-ब्रिक् - *n.* clay moulded, shaped and baked. ईंटा; -*v. t.* to block up with bricks. ईंट से चुन देना; Brickbat (fragment of a brick.) ईंट का टुकड़ा; Brickfield (-kiln) -*n.* place where bricks are made. आवाँ, भट्ठा; Bricky (-इ) -*adj.* full of bricks or formed of bricks. ईंटों से पूर्ण, ईंटों का बना हुआ; brickwork (building of bricks.) ईंटों से बनी हुई इमारत।

Bridal-ब्राइड्ल्-*adj.* & *n.* belonging to bride or marriage, a wedding feast. वैवाहिक, विवाह सम्बन्धी उत्सव।

Bride-ब्राइड् -*n.* a woman recently married or going to be married. कुमारी, नववधू, दुलहिन; Bride's maid (female attendant of a bride.) दुलहिन की सहेली; Bride's man (bridegroom's attendant.) दुलहा का सहचर।

Bridegroom-ब्राइड्'-ग्रूम्-*n.* (*fem.* Bride) a man recently married or going to be married. दुलहा, वर।

Bridge-ब्रिज - *n.* a structure built across a stream, a kind of cardgame. सेतु, पुल, एक प्रकार का ताश का खेल; -*v. t.* to build a bridge over. नदी, सड़क आदि पर पुल बाँधना।

Bridle-ब्रि'-ड्ल्-*n.* the head-gear of a horse's harness, restraint. लगाम, संयम; -*v. t.* to put bridle on horse, to bring under control. लगाम लगाना, वशीभूत करना।

Brief-ब्रीफ़् - *n.* a summary of law points. कानूनी बहस के लिये तैयार किया गया संक्षिप्त विवरण; -*v. t.* to reduce to a brief. संक्षेप करना; -*adj.* concise, short. अल्प (क्षणिक), संक्षिप्त; Brief bag (a small leather handbag.) चमड़े का छोटा हाथ का बेग; In brief (in a few words) संक्षेप में; To be brief (in short.) संक्षेप में कहना या लिखना; Briefless (-लेस्) -*adj.* (without a brief.) बिना संक्षेप का; Briefly (- लि) -*adv.* in short. संक्षेप में; Briefness (-नेस्)-*n.* संक्षेप।

Brier (Briar) - ब्रायर्-*n.* a prickly bush. काँटेदार झाड़ी, गोखरू; Briery (-इ)-*adj.* full of briers. काँटेदार।

Brig-ब्रिग्-*n.* a two-masted square-rigged vessel. दो मस्तूल का जहाज़।

Brig.

Brigade-ब्रि-गेड्'-*n.* a sub-division of an army. सेना का भाग, सैन्य-दल, छोटी पलटन; -*v. t.* to join a brigade. पलटन में भरती होना।

Brigadier-ब्रिग्'-ए-डिअर्'-*n.* the officer of an army commanding a brigade. छोटी पलटन का अफ़सर।

Brigand-ब्रिग्' - अॅन्ड् - *n.* a robber or freebooter. लुटेरा, डाकू।

Bright-ब्राइट् - *adj.* shining, vivid, clear, illustrious, quick-witted. उज्ज्वल, निर्मल (चमकीला), स्पष्ट, प्रसिद्ध, तीव्र बुद्धिवाला।

Brighten-ब्राइट्-ऍन्-*v. t.* to make bright, to make gay or cheerful. प्रदीप्त करना (विमल करना), प्रसन्न करना; Brightly (-लि)-*adv.* in a bright manner. स्पष्ट रूप से, उज्ज्वलता से; Brightness (-नेस्) - *n.* the state of being bright. चमकीलापन।

Brilliance, Brilliancy-see Brilliant.

Brilliant-ब्रिल्'- यन्ट् *adj.* bright, splendid, showy, shining. देदीप्यमान, भड़कीला, दिखावा, चमकदार; -*n.* a diamond of the finest cut. चमकदार, पहलदार हीरा; Brilliantly

(-लि)-*adv.* in a brilliant manner. चमकीलेपन से; **Brilliance** (-यॅन्स्), **Brilliancy** (-यॅन्सि) -*ns.* brightness. चमक-दमक।

Brilliantine-ब्रिल्'-यॅन्-टीन्-*n.* a preparation (cosmetic) for the hair. बाल चमकाने का मसाला।

Brills-ब्रिल्ज़्-*n.* the hair on the eyelids of a horse. घोड़े की बरौनी का बाल।

Brim-ब्रिम्-*n.* the upper edge of anything. कंठ, मुख, किनारा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Brimmed.**) to fill to the top, to be full to the top. मुँह तक भरना, भरा होना ; **Brimful** (-फुल्) -*adj.* completely full. ऊपर तक भरा हुआ; **Brimless** (-लॅस्) - *adj.* having no brim. बिना किनारे का ; **Brimmed** (-ड्)-*adj.* with a brim. किनारेदार।

Brimmer-ब्रिम्' - मर् - *n.* a bowl full to the top. मुख तक भरा हुआ प्याला।

Brimstone-ब्रिम्'-स्टोन्-*n.* sulphur. गन्धक;-*adj.* pertaining to sulphur. गन्धक-संबंधी।

Brindle (d)-ब्रिन्' - डल् (-ड्) -*adjs.* tawny, brownish. भूरा, चितकबरा।

Brine - ब्राइन्-*n.* salt water, the sea, tears. खारा पानी, समुद्र, आँसू ; -*v. t.* to wet with brine. समुद्र के जल से भिगोना।

Bring-ब्रिङ्ग्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Brought**-ब्रॉट्) to cause to come, to fetch, to prefer, to adduce. लाना (ले जाना), प्रस्तुत करना, सम्मुख रखना ; **To bring about** (to effect.) होना ; **To bring forth** (to give birth to.) बच्चा जनना; **To bring forward** (to continue from a preceding page.) पहिले पृष्ठ से आगे लाना; **To bring home to** (to convince.) प्रतीत कराना; **To bring in** (to import.) बाहर से माल लाना; **To bring into play** (to cause to do.) कार्य में परिणत कराना;**To bring into world** (to give birth.) उत्पन्न करना ; **To bring to** (to obstruct.) गति रोकना ; **To bring to bear** (to influence.) प्रभाव डालना ; **To bring to mind** (to recollect.) याद करना, स्मरण करना ; **To bring out** (to introduce.) परिचय देना, उपस्थित करना ; **To bring up** (to nurse, to educate.) पालना-पोसना, शिक्षा देना।

Brinish-ब्राइन्'-इश्-*adj.* saltish. नमकीन।

Brinjal-ब्रिन्'-जॉल्-*n.* fruit of egg-plant, egg-apple. बैंगन, भंटा।

Brink-ब्रिङ्क्-*n.* edge, border. तट, किनारा ; **On the brink of death or grave.** (dying.) मरणासन्न, शीघ्र मरनेवाला।

Briny-ब्राइन्'-इ-*adj.* salty. नमकीन।

Brisk-ब्रिस्क्-*adj.* active, lively, full of spirit. तीव्र,चपल;-*v.i.* to brisk up. तीव्र होना; **Briskly** (-ली)-*adv.* in a brisk manner. तीव्रता से, शीघ्र; **Briskness** (-नॅस्)-*n.* agility. तीव्रता, तेजी।

Brisket-ब्रिस्क्' - इट् - *n.* breast of animals. पशुओं की छाती। (also **briskit.**)

Bristle-ब्रिस्'-सल्-*n.* the stiff hair of swine. सुअर के कड़े बाल;-*v. i.* to cause the hairs to stand. रोमांचित होना, पुलकित होना, रोवाँ खड़ा होना; **To set up one's bristle** (to agitate, to rouse temper.) क्रोध भड़काना।

Bristling-ब्रिस्ट्'-लिङ्ग्-*n.* a kind of small fish. एक प्रकार की छोटी मछली।

Britain-ब्रि-टेन्-*n.* England, Wales and Scotland. विलायत का राज्य।

British-ब्रिट्-इश्-*adj.* pertaining to England, of British Empire. आँग्लदेशीय, अंग्रेजी ; **Britisher** (ब्रिट्'-इश्-अर्) -*n.* one who is born in England. इँगलैंड में उत्पन्न पुरुष।

Briton-ब्रिट्'-ॲन्-*n.* an inhabitant of Great Britain. ग्रेट ब्रिटेन का निवासी।

Brittle-ब्रिट्'-टल्-*adj.* apt to break, not tough, fragile. कुड़कीला, कुरकुरा, सहज में टूटने योग्य; **Brittleness** (नॅस्) -*n.* the quality of being fragile or brittle. कुड़कीलापन।

Broach-ब्रोच्-*n.* a boring bit. बरमे की डाँस;-*v. t.* to pierce, to open up, to begin discussing. छेदना, खोलना, शास्त्रार्थ करना; **Broacher** (-अर्)-*n.* the publisher of a new idea. किसी नवीन विचार का प्रकाशक।

Broad-ब्रॉड्-*adj.* vast, wide, large, extensive, clear, outspoken, explicit. चौड़ा, बड़ा, स्पष्ट, विस्तृत (विस्तीर्ण); **Broad awake** (fully conscious or awake.) प्रबुद्ध, सम्पूर्ण जागा हुआ।

Broadcast - ब्रॉड् - कास्ट्'-*v. t.* to transmit news, music &c. by wireless. बिना तार की तारबर्की से गाना, समाचार इत्यादि दूर देश में भेजना; **Broadcasting Station** -*n.* the place for transmitting radio programmes. रेडियो के द्वारा खबर या समाचार, गायन इत्यादि भेजने का स्थान।

Broadcasting-*n.* transmission of wireless news for general reception, diffusion. बिना तार का संवाद-प्रसारण, प्रसारण।

Broadcloth-ब्रॉड्'-क्लॉथ्-*n.* fine double-width woollen cloth. बनात।

Broaden-ब्रॉड्' - ऍन् - *v. t. & i.* to make or grow broad. चौड़ा करना या होना।

Broadly - ब्रॉड्'-लि-*adv.* in a broad manner. चौड़ाई से ; **Broadness**-नेस् -*n.* the quality of being broad. चौड़ाई ।

Broadside- ब्रॉड्'-साइड् -*n.* the side of a ship which is above water. जहाज का पानी के ऊपर का भाग ।

Broadways- ब्रॉड्' - वेज़् -*adv.* (also **Broadwise.**) along the breadth, broadwise. चौड़े बल ।

Brob-ब्रॉब्-*n.* a wooden wedge to tighten a tenon. चूल कसने की फन्नी ।

Brocade-ब्रो- केड्' -*n.* fabric with raised pattern in gold-thread or silk. किमखाब, जरीदार या बूटेदार कपड़ा; -*v. t.* to make brocade. किमखाब बीनना ।

Broccoli-ब्रॉक्-अ-लि -*n.* cabbage with edible flower. फूलगोभी ।

Brochure-ब्रॉ-शूर्-*n.* a stitched booklet. सिली हुई छोटी पुस्तक ।

Brocket-ब्रॉक्-इट्-*n.* a stag which is two years old. दो साल का हिरन ।

Broider-ब्रॉइड्'-अर्-*v. t.* to adorn with needle work. कसीदा काढ़ना, बेल-बूटा बनाना; **Broidery.** (-इ)-*n.* brocade, embroidery. किमखाब ।

Broil-ब्रॉयल्-*n.* quarrel, tumult, discord. झगड़ा, लड़ाई ;-*v. t.* to cook on coal. सेंकना, आग पर भूनना; **Broiler** (-अर्)-*n.* a gridiron. दमचूल्हा ।

Brokage-ब्रोक्'-एज्-*n.* same as **Brokerage.**

Broke-ब्रोक्-*p. t.* of **Break.**

Broken- ब्रोक्-एन् - *adj.* crushed, humbled, tame, rough, ruined, incomplete. टूटा हुआ, विनीत, पालतू, रूक्ष, नष्ट, अपूर्ण; **Broken-English** (incorrect English.) अशुद्ध अंग्रेजी; **Broken-ground** (uneven ground.) ऊँची-नीची जमीन; **Broken-hearted** (full of sorrow.) विह्वल, दुःखी; **Brokenly** (with breaks, in a broken way.) झटके से, टूटे हुए ढंग से; **Broken-numbers** (fractional numbers.) अपूर्ण अङ्क ; **Broken-sleep** (intermittent sleep.) उचटी नींद ।

Broker-ब्रोक्'-अर्-*n.* a middleman in bargains. दलाल; **Brokerage** (-एज्)-*n.* commission. दलाली, दस्तूरी; **Brokering** (-इङ्ग्)-*n.* charge for a transaction. दलाली का व्यवसाय ।

Bromide-ब्रोम्' -आइड्-*n.* a compound of bromine with a base. एक अंग्रेजी दवा ।

Bromine-ब्रोम्-इन्-*n.* a non-metallic element. एक रासायनिक तत्त्व ।

Bronchi- ब्रॉङ्का'-इ-(*pl.* **Bronchiae**-इ-ई) -*n.* one of the two main divisions of windpipe. वायु-प्रणाली के दो प्रधान कोष्ठों में से एक; **Bronchial** (-अल्) -*adj.* (also **Bronchic.**) pertaining to bronchi. इस कोष्ठ से सम्बन्ध रखनेवाला ; **Bronchitis** (ब्रॉन्-क्राइट्-इस्)-*n.* inflammation of bronchiae. फेफड़े की सूजन ।

Bronze- ब्रॉन्ज़्-*n.* & *adj.* a brown alloy of copper and tin. काँसा, कस्कुट का, काँसे का; -*v. t.* to make like bronze in appearance. कसकुट के रङ्ग का बनाना; **Bronzy** (-ई)-*adj.* of bronze colour. कसकुट के रङ्ग का ।

Brooch-ब्रोच्-*n.* an ornamental jewelled safety-pin. स्त्रियों के वस्त्र में लगाने की रत्नजटित सुरक्षित पिन;-*v. t.* to adorn with a brooch. पिन लगाकर सजाना ।

Brood-ब्रूड्-*n.* hatch of birds or animals, offspring. पशु या पक्षियों के बच्चे; -*v. i.* to sit on eggs, to meditate. अंडा सेना, ध्यान में लीन होना; **Brooding** (-इङ्ग्)-*adj.* pondering deeply. अधिक चिन्ता करते हुए; **Broody** (-ई)-*adj.* wishing to brood or incubate. अंडा सेने की इच्छावाली ।

Brook-ब्रुक्-*n.* a small stream. स्रोत, छोटी नदी; -*v. t.* to bear, to endure. सहना, क्षमा करना; **Brooklet** (-लेट्) -*n.* a small brook. छोटा नाला ।

Broom-ब्रूम्-*n.* a sweeping implement. बढ़नी, झाड़ू, बुहारी; **New broom** (new sweeper.) नया मेहतर ; **Broomstaff, Broom-stick** (the staff or handle of a broom.) झाड़ू की डंडी ।

Broth-ब्रॉथ्-*n.* water in which meat &c. has been boiled. रसा, शोरवा ।

Brothel- ब्रॉथ्' - थल् -*n.* house of ill-fame (prostitution). वेश्यालय, रंडी का घर ।

Brother-ब्रद्'-अर्-*n.* (*pl. abbr.* **Bros.**) son of same parents. भ्राता, भाई ;(*pl.* **Brothers.**)sons of the same parents. सहोदर भाई; **Brethren** (ब्रेद्'-रन्)-*n.* brothers, companion, members of the same family. भाई-बन्धु, भ्रातृगण, साथी; **Brotherhood** (-हुड्) -*n.* companionship, fraternity, an association. भ्रातृभाव, बन्धुता, समाज; **Brotherless** (-लेस्) -*adj.* without a brother. बिना भाई का; **Brotherlike** (-लाइक्) -*adj.* like a brother. भाई के समान; **Brotherliness** (-लि-नेस्)-*n.* the state of being brotherly. भाईचारा; **Brotherly** (-लि) *adj.* as a brother. भाई सदृश, बिरादराना; **Uterine Brothers** (those who are born of the same mother.) एक ही माँ की

सन्तति; **Brother-in-law** (brother of a husband or wife, sister's husband.) साला, बहनोई, देवर, जेठ।

Brougham-ब्रूअम -*n.* a carriage drawn by one horse. एक घोड़े की गाड़ी।

Brought-ब्रॉट्-*p. t. & p. p.* of Bring.

Brustle-ब्रस्'-सल् -*v. t.* to crackle, to rattle. खड़खड़ाना।

Brow-ब्राउ-*n.* arch of hair over eye, forehead, edge, projection. भौंह, ललाट, किनारा; **To knit one's brow** (to frown.) भृकुटी चढ़ाना।

Browbeat-ब्राउ' - बीट् -*v. t.* to overbear by word, to bully. कटाक्ष से देखना।

Brown-ब्राउन्-*adj.* of dusky colour. भूरा, खैर के रङ्ग का;-*n.* brown colour. भूरा रङ्ग; -*v. t.* to make brown. भूरा करना।

Brownie-ब्राउन्'-ई-*n.* a domestic elf. एक प्रकार की परी।

Browning-ब्राउन्'-इङ्ग्-*n.* a kind of automatic pistol, a process of imparting brown colour to iron. एक प्रकार की पिस्तौल, लोहे पर कत्थई रंग चढ़ाने की क्रिया।

Brownish-ब्राउन्'-इश्-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Brownness** (-ब्राउन्'-नेस्) -*n.* भूरापन।

Browse-ब्राउज़् -*n.* twigs of trees. नये पत्ते, पंखड़ी; -*v. t.* to feed on leaves, to read for enjoyment. पत्ती खाना, चरना, आनन्द लेने के लिये पढ़ना।

Bruise-ब्रूज़्-*n.* injury by blow. आघात, चोट; -*v. t.* to injure by blow. आघात करना, कुचलना; **Bruiser** (-अर्)-*n.* one who bruises, a boxer. कुचलनेवाला, (इनाम के लिये) मुक्की लड़नेवाला।

Bruit-ब्रूट - *n.* report, rumour. सूचना (जन-प्रवाद) झूठी खबर या झूठा समाचार; -*v. t.* to spread a false report. झूठी खबर या झूठा समाचार फैलाना।

Brumal-ब्रू-मल्- *adj.* belonging to the winter. शीत ऋतु सम्बन्धी, जाड़े के मौसिम का।

Brumous-ब्रू'-मस्-*adj.* foggy, wintry. कुहरे से भरा हुआ, जाड़े का।

Brunette-ब्रू - नेट्' - *n.* a dark-skinned and brown-haired woman with dark eyes. श्यामा, श्यामवर्णा स्त्री।

Brunt-ब्रन्ट् -*n.* fierce shock or attack, blow. प्रहार, धक्का, चोट।

Brush-ब्रश्-*n.* an implement set with hairs or bristles for scrubbing or sweeping, a thicket. कूँची, बुरुस, बालों की बनी क़लम, झाड़ी, झाड़ू;-*v. t.* to sweep, to put in order. झाड़ू देना, साफ़ या स्वच्छ करना, सँवारना, रगड़ना; **The brush** (painter's brush.) चित्र बनानेवाले की क़लम; **To brush aside** (to pass over, to injure.) ध्यान न देना, नष्ट करना; **To brush over** (to paint lightly.) हल्का रङ्ग लगाना; **To brush up** (to renew, to revive.) ताज़ा करना।

Brushwood - ब्रश्' - वुड् - *n.* close thicket, underwood. घनी झाड़ी।

Brusque-ब्रस्क्-*adj.* blunt, rude, फूहड़, असभ्य; **Brusqueness** (-नेस्) - *n.* bluntness of manner. फूहड़पन।

Brustle-ब्रस्-सल्-*v. i.* to rustle, to crackle. खड़खड़ाना।

Brutal- ब्रू'-टल् -*adj.* rude, savage, cruel. असभ्य, जङ्गली, क्रूर; **Brutalism** (-इज़्म्)-*n.* rude behaviour. असभ्य व्यवहार; **Brutality**-(-टल्-ईट्-इ)-*n.* cruelty, rudeness. निर्दयता, असभ्यता; **Brutalize** (-आइज़्)-*v. t.* to make cruel. निर्दयी करना; **Brutally** (-लि) -*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Brute-ब्रूट्-*n.* a beast, a stupid, passionate or cruel person. पशु, मूर्ख, निर्दयी, कामी पुरुष, कठोर नर; -*adj.* irrational, unintelligent, rude. पाशविक, मूर्ख, असभ्य; **Brute force** (lower nature in man.) पाशविक शक्ति, नीच प्रकृति।

Brutish-ब्रूट्'-इश् - *adj.* like a brute. पशु के समान; **Brutishly** (-लि)-*adv.* in a brutish manner. पशुवत्, पशु की तरह से।

Bubble-बब्'- बल् -*n.* an air-filled cavity in water, an unsubstantial project or scheme. बुल्ला, बुलबुला, असार वस्तु या योजना;-*v. t. & i.* to rise in bubble, to cause to cheat. बुलबुली उठाना या उठना, ठगना, धोखा देना।

Bubo- ब्यू' - बो - *n.* (*pl.*-es) an inflamed swelling in the armpit. कखौरी।

Bubonic-ब्यू-बॉन्'- इक्-*adj.* characterised by buboes. गांठ सम्बन्धी (यथा प्लेग रोग में काँख आदि में गिल्टी निकलना)।

Buccal-बक्-कल्-*adj.* pertaining to the cheek. गाल सम्बन्धी।

Buccaneer-बुक्'-ऑ-नियर्'-*n.* a pirate, a freebooter. जहाज़ी लुटेरा।

Buck-बक्-*n.* (*fem.* Doe.) male deer, chamois, a fob. हिरन, सावर, छैला;-*v. t.* to jump vertically. पैर समेटकर (घोड़े का) उछलना।

Bucket-बक्'-इट्-*n.* a vessel for drawing or

carrying water. डोल, बाल्टी ; **Bucketful** (-फुल्)-*n.* as much as a bucket will hold. बाल्टीभर ।

Buckle-बक्'-कुल्-*n.* a hinged contrivance for fastening ribbon &c. बकसुआ ; -*v. t. & i.* to fasten with a buckle, to get to work, to wrinkle, to bend. बकसुये से बाँधना, काम करना, ऐंठना, झुकना ।

Buckler-बक्'-लर्-*n.* a small shield, protection. छोटी ढाल, रक्षा ।

Buckram - बक्' - रम्-*n.* a stiffened coarse cloth. चिमड़ा वस्त्र, बकरम ।

Buckshot-बक्'-शॉट्-*n.* a large size shot for gun. बन्दूक की बड़ी गोली ।

Buckwheat-बक्'-व्हीट्-*n.* a cereal which is used for horse. मोथी नामक अन्न ।

Bucolic-ब्यू-कॉल्'-इक्- *adj.* pastoral, rustic. ग्रामीण (गड़ेरिया सम्बन्धी), देहाती ।

Bud-बड्-*n.* first leaf, cluster or flower, anything undeveloped. कलिका,मुकुल, कली, अंकुर, कोंपल; -*v. t.* (*p. t.* **Budded.**) to spring forth buds, to begin. कली निकलना, आरम्भ करना; **Budding** (-डिङ्ग्) -*adj.* opening as a bud. कली फेंकते हुए; **In bud.** कली की अवस्था में; **To nip in the bud** (to destroy in the process of growth.) बढ़ने की अवस्था में नष्ट करना ।

Budge-बज् -*v. i. & n.* to make the slightest movement, to give way, lambskin fur. सरकना, खिसकना, हिलना, मेमने का बाल ।

Budget-बज-इट्-*n.* contents of a bag or bundle, a stock, annual estimate of accounts. कोष (संग्रह), पूँजी, आय-व्यय का वार्षिक अनुमान; -*v. i.* to provide for expenditure. व्यय के लिये पहिले से प्रबन्ध करना ।

Budless-बड्'-लेस्-*adj.* without bud (unopened flower). बिना कली का ।

Budlet-बड्'-लेट् -*n.* a small bud (unopened flower). छोटी कली ।

Buff-बफ् - *n.* leather of buffalo or oxhide, a blow. भैंस या गाय का चमड़ा, घूँसा; -*v. t.* to polish with buff, to burst out. ऐसे चमड़े के पहिये से किसी धातु पर पॉलिश करना, फूट पड़ना; **Buff-wheel** (a wheel for polishing.) चमड़ा चढ़ा हुआ पालिश करने की पहिया ।

Buffalo-बफ्'-फ -लो - *n.* (*pl.* **Buffaloes.**) a species of ox. भैंस; -*v. t.* to overawe, to bewilder. अधिक डरवाना, घबड़वाना ।

Buffer-बफ्'-फर् -*n.* an apparatus for deadening the force of concussion. धक्का या झटका रोकने का यन्त्र (जो रेल की दो गाड़ियों के बीच में लगा होता है); **Buffer state** -*n.* a small state between two large ones. दो बड़ी रियासतों के बीच की छोटी रियासत ।

Buffet-बफ्'-फ़िट्-*n. & v. t.* (*p. t.* **Buffeted.**) a slap, a blow, to knock, to slap, to hurt. थप्पड़, घूँसा मारना; **Buffet** (बूफ़्'-फे) -*n.* a sideboard, a refreshment-bar. सामान रखने की खुली अलमारी, एक साथ खड़े-खड़े जलपान करने की व्यवस्था ।

Buffoon-बफ़्-फ़ून्-*n.* jester or mocker. विदूषक, भाँड़, ठिठोलिया; **Buffoonery** (-फ़ून्'-अर्-इ)-*n.* jest of a buffoon. परिहास, हँसी, दिल्लगी ।

Bug-बग्-*n.* a blood-sucking insect infesting beds. मत्कुण, खटमल, ऊड़ुस ।

Bugbear-बग्'-बेअर्-*n.* a false terror, an idle phantom, an object of dread. झूठा भय, (भय हेतु), हौआ; -*v. t.* to alarm with idle fear. झूठा भय उत्पन्न करके डेरवाना; *adj.* causing fear. डरानेवाला, भयानक ।

Buggy-बग्'-गि-*n.* a four-wheeled light carriage. पालकी गाड़ी, बग्घी ।

Bugle-ब्यू-गल्- *n.* a small trumpet of brass. बिगुल, सींगी, तुरही; -*v. t.* to call on a bugle. बिगुल बजाकर पुकारना; **Bugler** (-अर्) -*n.* a man who sounds a bugle. बिगुल बजानेवाला ।

Bugle.

Buglet-ब्यूग्'-लेट् -*n.* a small trumpet or bugle. छोटा बिगुल ।

Buhl-बूल्-*n.* an inlaid work on brass or other metal. धातु पर 'बुली' से नकाशी किया हुआ काम ।

Build-बिल्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Built.**) to construct, to establish, to rely upon. निर्माण करना (रचना करना, बनाना), स्थापित करना, निर्भर होना;-*n.* style or make of construction. गढ़न, बनावट; **Builder** (-अर्)-*n.* an architect मकान बनानेवाला कारीगर; **Building** (-इङ्ग्)-*n.* anything built, house, edifice. निर्माण, घर, कोठी, हवेली, भवन ।

Built-बिल्ट्-*adj.* formed, constructed. निर्मित, बना हुआ ।

Bulb-बल्ब् -*n.* a spherical underground stem, dilated part of a glass tube, container of electric light. कन्द, गाँठ, शीशे की नली, बिजली की रोशनी का लट्टू; -*v. i.* to project. फूलना; **Bulbed** (-ड्)-*adj.* round-headed. कुप्पेवाला; **Bulbiform** (इ-फ़ॉर्म्)-*adj.* of the form of a bulb. कुप्पे के आकार का; **Bulbose** (-ओज़्), **Bulbous** (-अस्) -*adj.* कुप्पेवाला ।

Bulge-बल्ज्-*n.* an irregular swelling. सूजन, फुलन; -*v. i.* to swell out. उभड़ आना, फूल आना।

Bulginess-बल्ज्'-इ-नेस्-*n.* protuberance or swelling. फुलन।

Bulimea-ब्यु-लि-मिया-*n.* morbid hunger or appetite. बाई की भूख। (also **Bulimy.**)

Bulk-बल्क्-*n.* a cargo, a magnitude or size. बोझ, परिमाण, मात्रा (विस्तार);-*v. i.* to seem in bulk. ढेर में होना; **Bulkiness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being bulky. अधिक परिमाण; **In bulk** (loose.) खुला हुआ; **To sell in bulk** (to sell wholesale.) थोक वेंचना; **To bulk up** (to amass.) ढेर लगाना; **Bulky** (-इ)-*adj.* large, of great size. बड़ा, भारी, बड़े आकारवाला।

Bull-बुल्-*n.* (*fem.* **Cow.**) male ox. साँड़;-*n.* an edict of the Pope. पोप की घोषणा; -*v. t.* to raise price of shares. शेअर का भाव बढ़ाना; **Bullcalf** (male calf.) बछड़ा; **Bulldog** (a kind of English dog.) एक प्रकार का अंग्रेजी कुत्ता; **Bull-headed** (obstinate, foolish.) हठी, मूर्ख; **John Bull** (a humorous epithet of English people.) अंग्रेज का प्रिय नाम; **To take the bull by horns** (to remove difficulty.) आपत्ति हटाना।

Bullet -बुल्'-इट्-*n.* a missile of lead used in rifles. बन्दूक में चलाने की सीसे की गोली; **Bullet proof** (-प्रूफ़)-*adj.* capable of resisting a bullet. जिसमें बन्दूक की गोली न प्रवेश कर सके।

Bulletin-बुल्'-ऍ-टीन्-*n.* a short official statement of public event &c. संक्षिप्त सरकारी समाचारपत्र या गजट।

Bullion-बुलियन्-*n.* solid gold or silver. चाँदी या सोने की ठोस ईंट; -*n.* a fringe of gold-thread. कलाबत्तू की झालर; **Bullionist** (-इस्ट्) -*n.* a supporter of metal currency. धातु की मुद्रा का समर्थक।

Bullock-बुल्'-ऑक्-*n.* (*fem.* **Heifer.**) castrated (gelded) bull or ox. बधिया किया हुआ बैल, बरधा।

Bull's eye-बुल्ज्'- आइ - *n.* the centre of a target. निशाना लगाने का गोल बिन्दु।

Bully-बुल्' -लि-*n.* a noisy fellow, a tyrant. कलहकारी पुरुष, निर्दयी पुरुष; -*v. t.* (*p. t.* **Bullied**) to oppress, to tease. कष्ट देना, दिक करना।

Bulwark-बूल्'-वर्क् -*n.* rampart, fortification, breakwater, a principle. दुर्ग का प्राचीर, कोट, दुर्गीकरण, बाँध, सिद्धान्त।

Bum-बम्-*n.* back side, the buttocks. नितम्ब, चूतड़;-*v. i.* to make a humming sound like bees. मधुमक्खी की भाँति भनभनाना।

Bummle-बम्-मल्-*n.* an aimless stroll. वृथा की टहलान; -*v.i.* to stroll aimlessly, to blunder. वृथा टहलना, भूल करना।

Bump-बम्प् - *v. t.* & *i.* to push against, to hurt. ढकेलना, ठुकराना, उठाकर पटक देना; -*adv.* suddenly. एकाएक; -*n.* a knock, thump, swelling. झटका, उभाड़ (सूजन)।

Bumper- बम्प्-अर् -*n.* a cup filled up to the brim, anything unusual or abundant. मुँह तक भरा हुआ प्याला, कोई असामान्य पदार्थ।

Bumpkin-बम्प्'-किन् -*n.* an awkward rustic fellow. भद्दा गँवार मनुष्य।

Bumptious-बम्प्'-शस् -*adj.* noisily self-assertive. अहंकारी, घमंडी।

Bumpy-बम्प्'-इ -*adj.* abounding in bumps. उछलनेवाला, कूदनेवाला।

Bun-बन् -*n.* a small soft sweet cake, a dry stalk, a Hare's scut, a playful name for rabbit. मुलायम छोटी मीठी टिकिया, एक सूखा डण्ठल, खरगोश की छोटी दुम, खरगोश का प्यार का नाम।

Bunch-बन्च्-*n.* a cluster (of flowers &c.), knot. गुच्छा, ग्रन्थि (गाँठ); -*v. t.* & *i.* to swell out in a bunch, to form bunches. गुच्छे में उभड़ना, गुच्छे बनाना।

Bundle-बन्'-ड्ल्-*n.* a collection of things fastened together loosely. गट्ठा, पोटली, गठरी; -*v. i.* to tie up into a bundle. गठरी बाँधना।

Bung-बङ्ग्-*n.* a stopper for a cask. पीपे की डाट;-*v. t.* to stop the hole of a cask. पीपे का छिद्र बन्द करना या डाट लगाना।

Bungalow- बङ्ग्' - ग-लो-*n.* a one-storied house. बँगला, एक मंजिल का चारों ओर से खुलता मकान।

Bungle-बङ्ग्'-गल्-*n.* & *v. t.* clumsy work, confusion, to accomplish awkwardly, to blunder over. अदक्ष कार्य, गोलमाल, भद्दे आकार से काम करना, भारी भूल करना; **Bungler** (-ग्लर्)-*n.* a clumsy workman. फूहड़ कारीगर।

Bunion-बनियन्-*n.* inflamed swelling on the toe. पैर के अँगूठे पर सूजन।

Bunk-बङ्क् -*n.* a sleeping berth. सोने के लिये पटरी; -*v.t.* to clear off. हटा देना।

Bunker-बङ्क्'-कर्-*n.* a place for storing coal, a window seat and chest, a bomber proof shelter. कोयला संग्रह करने का स्थान, खिड़की में बैठने या सामान रखने का स्थान, हवाई हमले से बचने के लिए पृथ्वी के अन्दर सुरक्षित स्थान।

Bunny-बन्'-नि-*n.* a pet name for rabbit. शश, खरहे का प्रिय नाम।

Bunt-बन्ट्-*n.* the baggy part of sail, a disease of grains, a push. पाल का फूला हुआ भाग, अनाज की बीमारी, धक्का; *-v.i.* to butt, to spring. सींग से ठेलना, उछलना।

Bunting-बन्ट्'-इङ्ग्-*n.* stuff for flags. झंडी बनाने का कपड़ा या रङ्गीन कागज।

Buoy-बॉय् -*n.* an anchored floating sea-mark for showing navigable course. जहाज का मार्ग दिखलाने का लंगर पर बँधा हुआ पीपा; *-v. t.* to keep afloat. तैरता रखना।

Buoy.

Buoyancy-बॉय्-ऑन्-सि-*n.* the floating power on liquids. तरल पदार्थ की प्लवनशीलता, उतराव, हलकापन; Buoyant (-ऑन्ट्) *-adj.* apt to float, light-hearted, cheerful. तैरता हुआ, प्रसन्नवदन।

Burble-बर्'-बल् -*v. t.* to trouble, to confuse. कष्ट देना, घबड़ाना।

Burden (Burthen)-बर्'-डन् -*n.* a load, responsibility, cargo, refrain. भार (बोझ), दायित्व, जहाज में माल ले जाने की मात्रा, (कविता की) टेक; *-v. t.* to load, to oppress. बोझ लादना, पीड़ा देना ; Burdenous (-अस्) or Burdensome (-सम्) *-adj.* heavy to carry, cumbersome, oppressive, wearisome. भारी, कष्टकारक, थकानेवाला।

Bureau-ब्यू-रो'-*n.* (*pl.* Bureaux-रोज़्) a writing desk, office, department. दराजवाली मेज, लेखन-स्थान, दफ्तर, मुहकमा।

Bureaucracy-ब्यू-रो'-क्र-सि-*n.* government through officials. (अनियन्त्रित शासन), कर्मचारियों द्वारा चलाया जानेवाला राज्य, नौकरशाही।

Bureaucrat-ब्यू-रो'-क्रॅट्-*n.* an advocate of bureaucracy, an official, कर्मचारी शासन-पद्धति का अनुयायी; Bureaucratic (-क्रॅट्'-इक्) *-adj.* relating to bureaucracy, कर्मचारी शासन सम्बन्धी; Bureaucratically-(क्रॅ-टिक्'-अल्-लि) *-adv.* in a bureaucratic way. कर्मचारी शासन की विधि से ; Bureaucratism (-क्रॅट्' - इज़्म्)-*n.* bureaucracy. अनियन्त्रित कर्मचारी शासन-सिद्धान्त।

Burette-ब्यू-रॅट्'-*n.* a graduated glass tube for measuring liquids. तरल पदार्थ की सूक्ष्म मात्रा नापने के लिये चिह्न की हुई काँच की नली।

Burgeon-बर्-जन्-*v. i.* to grow forth, to sprout. निकल आना, उगना।

Burgess - बर्' - जॅस् - *n.* an inhabitant of a borough. नागरिक, नगर का प्रतिनिधि।

Burgh-बर्-अ-*n.* a chartered town. वह नगर जिसको पार्लियामेंट में सभासद भेजने का अधिकार हो।

Burglar-बर्गलर्-*n.* a house-breaker, a thief. सेंध मारनेवाला चोर; Burglarious (लॅ-रि-अस्) *-adj.* pertaining to burglary. सेंध लगाकर चोरी करने से सम्बन्ध रखनेवाला; Burglary (-लॅरि)-*n.* the crime of house-breaking at night. रात में सेंध मारकर चोरी करने का अपराध।

Burgle-बर्'-गल्-*v. i.* to commit burglary. सेंध मारकर चोरी करना।

Burgonet-बर्गॉनॅट्-*n.* a steel cap or helmet. फ़ौलाद की टोपी।

Burial-बॅरिअल् - *n.* depositing dead body under earth, funeral. शव को गाड़ना, दफ़न करना; Burial ground or place (cemetery.) श्मशान, क़ब्रिस्तान; Burial service (church service accompanying burials.) दफ़न करते समय की धार्मिक प्रार्थना।

Burin-ब्यू' - रिन् - *n.* a tool for engraving on copper, an engraver. ताँबे पर नकाशी करने की रुखानी।

Burk-बर्क् -*v. t.* to avoid, to suppress, to hush up. टालना, (जनश्रुति) दबाना, चुपके से तय कर देना।

Burl- बर्ल् -*n.* a small knot at the end of cloth. कपड़े के किनारे पर की छोटी ग्रन्थि।

Burlap-बर्'-लॅप्-*n.* coarse canvas for wrappings. मोटा टाट।

Burlesque-बर्-लॅस्क्' - *n. & adj.* mockery, caricature, imitative, comical. हास्यजनक प्रहसन, हँसी की नक़ल, ठट्ठा, अनुकरण करनेवाला, प्रहसन सम्बन्धी।

Burliness - बर्' - लि - नॅस्-*n.* state of being burly. स्थूलता।

Burly-बर्'-लि - *adj.* sturdy, corpulent. पुष्ट मोटा-ताजा।

Burn-बर्न-*n.* injury caused by fire. जल जाना जलन; *-v. t. & i.* (*p. t.* Burnt, Burned.) to consume or injure with fire, to glow with fire, to blaze, दग्ध करना, तपाना, फूँकना, जलना ; Money burns hole in pocket (is clamorous to be spent.) जेब में रुपया खर्च होने के लिये खड़खड़ाता है ; To burn candle at both ends , to spend

lavishly.) अधिक व्यय करना; **To burn into** (to be eaten away by acid.) तेजाब से खाया जाना; **To burn midnight oil** (to work late at night.) रात में देर तक काम करना; **To burn one's finger** (to suffer from speculation.) सट्टेबाजी में हानि उठाना; **To burn with rage** (to be hot with anger.) क्रोध से परितप्त (गरम) होना।

Burner-बर्न्'-अर्-*n.* a device by which a flame is controlled. दीपक, दीपक की टेम को न्यूनाधिक करने का साधन।

Burning-बर्न्'-इङ्ग्-*adj.* exciting, scorching, vehement. उत्तेजित करनेवाला, तीव्र; **Burning glass** (convex lens.) आतशी शीशा, सूर्यकान्त, उन्नतोदर ताल।

Burnish-बर्न्-इश् -*v. t.* to polish by friction. रगड़कर चमकाना ;-*n.* polish. चमक, पालिश ; **Burnisher** (-अर्) -*n.* one who polishes. चमकानेवाला।

Burnt-बर्न्ट्-(*p.p.* of **Burn**)-*adj.* treated with fire. जला हुआ ; **Burnt offering** (burnt sacrifice.) बलिदान।

Burr-बर्-*n.* a rough edge left on cut metal or tools, whetstone. धातु का खुरखुरा किनारा, सान का पत्थर।

Burrow-बर्'-रो-*n.* a hole in the earth made by rabbits &c. for shelter. बिल, माँद;-*v. t.* to make hole by excavating. बिल बनाना।

Bursar-बर्स्' - अर्- *n.* a treasurer, purser. कोषाध्यक्ष, खजानची।

Burst-बर्स्ट्- *n.* a rent, a sprint, a sudden explosion. फटन, धड़ाका;-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Burst**) to fly by expansion, to split asunder. फटकर उड़ जाना, फाड़ना; **To burst in** (to enter suddenly.) झपटकर आना; **To burst into tears** (to break into tears.) फूट-फूटकर रोना; **To burst into view** (to be suddenly visible.) दृष्टिगोचर होना; **To burst open** (to open forcibly.) बलपूर्वक तोड़ना; **To burst out** (to exclaim.) चिल्ला उठना।

Burthen-बर्'-दॅन्-see **Burden.**

Bury-बेर्'-रि-*v. t.* (*p. t.* **Buried.**) to put under ground, to hide from view. गाड़ना (दफन करना), आँख से हटाना; **To bury the hatchet** (to make peace.) झगड़ा तोड़ना, मेल करना; **Burying-ground** (-place) cemetery, sepulchre. मरघट, श्मशान।

Bus-बस्-*n.* an omni-bus. किराये पर चलनेवाली घोड़ी मोटर।

Bush-बुश् -*n.* a shrub, woodland, a metal lining of axle-hole. झाड़ी, जङ्गल, घनी उपज, धुरे का आँक्न; -*v. t.* to frustrate. घबड़ाना; **To fight in the bush** (to make a night attack.) रात में (छिपकर) आक्रमण करना; **Bushy** (बुश्'-इ)-*adj.* thick and spreading. घना, झाड़ीदार।

Bushel-बुश्'-श्-ल्-*n.* a dry measure of eight gallons. ८ गैलन सूखी तौल का नपना; -*v. t. & i.* to mend, to alter. दुरुस्त करना, बदलना।

Bushy-बुश्'-इ-*adj.* see **Bush.**

Busily-*adv.* see-**Busy.**

Business-बिज्'-निस्-*n.* task, duty, employment, occupation, profession, concern. कार्य, कर्म, कर्तव्य, व्यवहार, उद्यम, धन्धा, आशय; **Business hours** (time for regular work.) नियमित कार्य का नियत समय; **Businessman**-*n.* a trader. व्यापारी; **On business** (with a settled aim.) किसी मुख्य उद्देश्य से।

Businesslike- बिज्' - निस् - लाइक्-*adj.* done accurately and punctually, practical. नियमपूर्वक, व्यावहारिक।

Buskin-बस्क्-इन्-*n.* a boot reaching up to the knee. घुटने तक का जूता।

Bust-बस्ट्-*n.* a statue of a person's head, neck and shoulders, ऊर्ध्वकाय मूर्ति, ऊपरी धड़ की मूर्ति।

Bust.

Bustle-बस्-सल्-*v. t.* to stir oneself, to hurry. कार्य में लगना, जल्दी से काम करना; -*n.* excited activity, tumult, hurry. आकुलता, व्यग्रता, कोलाहल, शीघ्रता।

Busy-बिज्'-जि-*adj.* occupied, active, employed. कार्य में निरत, क्रियाशील, लीन, उद्योगी; -*v. t.* (*p. t.* **Busied.**) to occupy. काम में लगाना; **Busybody** (-बॉड्'-इ)-*n.* a meddling person. दूसरे के काम में हाथ डालनेवाला मनुष्य; **Busily** (-लि) -*adv.* actively, officiously. उत्साह सहित, काम में लगे हुए।

But-बट्-*prep.* except. बिना, अतिरिक्त, सिवाय; -*conj.* unless. भी, फिर, किन्तु, परन्तु; -*adv.* only. केवल, मात्र; -*n.* an objection. एतराज; -*v. t.* to put forward as an objection. एतराज आगे रखना; **But for** (except for.) यदि, नहीं तो; **But that** (however, nevertheless.) इसके विपरीत।

Butcher - बूच् - अर्-*n.* one who slaughters

animals for food, a meat-seller. कसाई, मांस-विक्रेता; *-v. t.* to slaughter cruelly, to ruin by bad reading. निर्दयता से वध करना, भ्रष्ट रीति से पढ़कर नष्ट करना; **Butcher's bill** (list of persons killed in war.) युद्ध में मरे लोगों की संख्या; **Butcherly** (-लि)*-adv. & adj.* in the way of a butcher, cruelly. कसाई के समान, निर्दयता से, बेरहमी से; **Butchery** (-इ)*-n.* business of a butcher, the place where animals are killed. कसाईपन, कसाईखानी, वधस्थान।

Butler-बट्' - लर् - *n.* a head servant, one in charge of wine and plates. भण्डारी, खानसामा **Butlery** (-इ)*-n.* a larder भंडार घर।

Castle-कॅस्'-ल -*n.* a stronghold, a piece in chess, a large ship of war. किला (गढ़, कोट), शतरञ्ज के खेल का हाथी, बड़ा जंगी जहाज़; -*v. t.* to enclose with a castle, to cover the king with a castle in chess. किलेबन्दी करना, (शतरञ्ज में) फ़ील को बादशाह के सामने लाकर शह देना; **To build castles in the air** (to form a visionary project.) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना।

Castor.

Castor - कॅस्टर्' - अॅर् - *n.* a substance obtained from beaver, condiment bottle, small wheel on legs of chair or table, a seed. ऊदबिलाव से प्राप्त एक पदार्थ, मसाले का बोतल, कुरसी या टेबुल के पाये में लगा हुआ पहिया, रेंड़ी।

Castor-oil-कॅस्टर्'-अॅर्-ऑयल्-*n.* oil extracted from castor. रेंड़ी का तेल।

Castral-कॅस्-ट्रल्-*adj.* pertaining or belonging to a camp. खेमे का।

Castrate-कॅस्-ट्रेट्- *v. t.* to geld, to remove testicles. अण्डकोष निकाल देना, बधिया करना; **Castrated** (-एड्)-*adj.* gelded. बधिया किया हुआ; **Castration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* the act of castrating पुंसत्व-हरण, बधिया करना।

Casual-कॅज़्'-यू-अल्-*adj.* accidental, occasional, happening by chance, irregular, careless. आकस्मिक, सामयिक, अकस्मात् होनेवाला, नियमविरुद्ध, लापरवाह; **Casual labourer** (one who works periodically.) समय समय पर काम करनेवाला; **Casually** (-लि)-*adv.* accidentally. दैवयोग से; **Casualty** (-टि)-*n.* accident, mishap. दुर्घटना, आपत्ति; **Casualties** (-टीज़्)-*pl.* list of men killed or wounded. युद्ध में मरे हुए या घायल मनुष्यों की संख्या।

Casuist-कॅज़्-यू-इस्ट्-*n.* a sophist, a quibbler. धर्माधर्म-विचारक, प्रलापी।

Cat-कॅट्-*n.* a small carnivorous domestic animal, a spiteful woman. मार्जार, बिड़ाल, बिल्ली, ईर्ष्यालु स्त्री; **Cat-burglar**-*n.* मकान पर

चढ़कर चोरी करनेवाला ; Cat and dog life (quarrelsome life.) कलहपूर्ण जीवन ; Cat's-eye (a kind of gem.) लहसुनिया (रत्न); See which way the cat jumps (see what comes next.) देखो अब क्या परिवर्तन होता है ; To bell the cat (trying something impossible.) असम्भव को सम्भव करने का उद्योग; Tom-cat (male cat.) नर बिल्ली; To rain cats and dogs (to rain in heavy showers.) मूसलाधार वृष्टि होना ; To turn cat in pan (to change sides.) रुख बदलना।

Cata- कॅट्' - अॅ- a *pref.* signifying 'back, against'. 'पीछे,' विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Cataclysm-कॅट्'-अॅ-क्लिज़्म्-*n.* a great flood, deluge. प्रलय।

Catacomb-कॅट्'-अॅ-कॅाम्-*n.* a subterranean place for burying the dead, a wine-cellar, मुर्दा रखने का तहखाना,शराब रखने का तहखाना।

Catalepsy-कॅट्'-अॅ - लॅप् - सि - *n.* a disease in which trances occur. अपस्मार, मिरगी रोग; Cataleptic (-लॅप्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to catalepsy. अपस्मार रोग (मिरगी) सम्बन्धी।

Catalogue-कॅट्'-अॅ-लॉग्-*n.* an alphabetical list. (नामावली) सूचीपत्र;-*v. t.* to enumerate, to enter in a list. गणना करना, सूची में दर्ज करना।

Catamaran-कॅट्'-अॅ-मॅ-रॅन्-*n.* a raft or float of logs. लट्ठों का बेड़ा।

Cataplasm-कॅट्'-अॅ-प्लॅज़्म्-*n.* a poultice.फोड़े आदि पर बाँधने की पुलटिस।

Catapult-कॅट्'-अॅ-पल्ट्-*n.* a contrivance for discharging darts, stones &c. तीर, ढेला आदि को फेंकने का एक यन्त्र, ढेलवाँस।

Cataract-कॅट्'-अॅ-रॅक्ट्-*n.* a great fall of water, an eye-complaint. जल का बड़ा प्रपात, मोतियाबिन्द नामक आँख का रोग।

Catarrh-कॅ-टार्'-*n.* inflammation of mucous membrane, cold. श्लेष्मा, सर्दी, जुकाम; Catarrhal (- अल्)-*adj.* pertaining to catarrh. कफ़-सम्बन्धी।

Catastrophe-कॅट्-अॅस्ट्'- र-फ़ि-*n.* disastrous end, ruin. बड़ी आपत्ति, दुर्गति; Catastrophic (-रॉफ़्'-इक्)-*adj.* pertaining to a sudden calamity. अकस्मात् आ जानेवाली विपत्ति से सम्बन्धित।

Catch-कॅच्-*v. t. & i.* to capture, to ensnare, to overtake, to take hold, to be entangled. पकड़ना, फँसाना, दौड़ाकर पकड़ लेना, फँसना; -*n.* act of seizing,advantage, deception, a door-latch. पकड़, सुविधा, छल, चटखनी (बिलैया) ; Catch me!(surprise.) आश्चर्य! Catchpenny (a worthless thing.) भ्रष्ट पदार्थ ; To catch ball (in a way that it may not touch earth.) बिना पृथ्वी पर गिरे गेंद को पकड़ लेना; To catch cold (to be affected with cold.) सर्दी लग जाना; To catch fire (to ignite, to be passionate or zealous.) आग लगना, कामुक होना, जोश से भर जाना; To catch a glimpse of (to have a momentary view of.) झलक पाना; To catch one's breath (to interrupt.) एकाएक रोकना; To catch red-handed (to catch hold of a person while committing a crime.) अपराध करते हुए पकड़ लेना ; To catch train (to be in time for train.) रेलगाड़ी के समय से स्टेशन पर पहुँचना।

Catchable-कॅच्-ऍ-बल्-*adj.* able to be caught पकड़ने योग्य; Catcher (-अर्)-*n.* one who catches. पकड़नेवाला।

Catching - कॅच्' - इङ्ग् - *adj.* infectious, charming. संक्रामक (रोग), सुन्दर।

Catch-word-कॅच्'-वर्ड्-*n.* a word to catch attention, a cue. ध्यान आकर्षित करने के लिये (लिखे हुए) शब्द (जैसे इस कोश में पृष्ठ के ऊपर छपे हैं),नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द।

Catchy-कॅच्-ई-*adj.* attractive, deceptive. मनोहर, छलनेवाली।

Catechism-कॅटि' - किज़्म्-*n.* instruction by question and answer. प्रश्नोत्तर रूप में शिक्षा ; Catechismal (-अल्) -*adj.* pertaining to catechism. प्रश्नोत्तर-सम्बन्धी,प्रश्नोत्तर रूप का।

Catechize-कॅटि-काइज़् -*v. t.* to instruct by question and answer. प्रश्नोत्तर विधि से शिक्षा देने की प्रणाली।

Catechu-कॅट्'-इ-चू - *n.* a substance extracted from a certain bark. खदिरसार, कत्था, खैर।

Categorical-कॅटिगॅरिकल्-*adj.* absolute, explicit, positive, direct. यथार्थ, नियत, स्पष्ट; Categorically (-लि)-*adv.* in a categorical manner स्पष्ट रूप से।

Category-कॅटिगॅरि-*n.* class or rank, *apriori* conception. समान वर्ग, (श्रेणी, पद), स्वतःसिद्ध कल्पना।

Catenate-कॅटिनॅट्-*v.t.* to connect like links. श्रृङ्खला (सिकड़ी) के समान बाँधना; Catenation (-ऍ'-शन्)-*n.* mutual connexion. परस्पर सम्बन्ध।

Cater-के'- टर् - *v. i.* to provide food or amusement. भोजन मनोरंजन की व्यवस्था करना; Caterer (-अर्)-*n.* भण्डारी; Cater-cousin (-कज़्न्)-*n.* a remote relation. दूर का सम्बन्धी।

Caterpillar-कॅट्'-अर्-पिल्-लर्-*n.* the larva of a moth or insect, a rapacious person. कीड़ा, झिनगा, लोभी आदमी।

Caterpillar.

Cates-केट्स्-*n. pl.* delicious food, dainties. स्वादिष्ट भोजन।

Catgut-कॅट्'-गट्-*n.* twisted intestines of certain animals used as a string for instruments &c. ताँत, स्नायु।

Cathartic-कॅ-थार्टि-क्-*adj.* purgative. रेचक, दस्तावर (औषध)।

Cathedra-कॅ-थी'-ड्रा-*n.* throne of a bishop, a professor's chair. पादरी का सिंहासन, अध्यापक का आसन।

Cathedral-कॅ-थी'-ड्रल्-*n.* the principal church. बड़ा गिरजाघर।

Catherine-wheel-कॅथ्'-ऍर्-इन्-व्हील्-*n.* firework rotating like a wheel. आतशबाजी की चरखी।

Catheter-कॅ-थिट्-अर्-*n.* a tubular instrument for passing into bladder. पेशाब कराने की सलाई।

Cathode-कॅथ्-ओड्-*n.* the negative pole of an electric battery. बिजली की धारा का जस्ते इ० के डंडे से निकला हुआ छोर।

Catholic-कॅथ्-ऑ-लिक्-*adj.* universal, broad-minded, liberal, tolerant. साधारण (सार्वभौमिक), उदारचित्त, सहिष्णु; **Catholicity** (-लिस्-इ-टि)-*n.* freedom from prejudice. निष्पक्षपात।

Catling-कॅट्'-लिङ्ग्-*n.* a small cat, a surgeon's dismembering knife. छोटी बिल्ली, जर्राही छुरी।

Catoptric-कॅट्-ऑप्-ट्रिक् -*adj.* pertaining to mirror or reflected image. दर्पण या छाया-सम्बन्धी।

Cat's eye-कॅट्स्'-आइ-*n.* an opalescent quartz. लहसुनिया रत्न।

Cattle-कॅट्'-ट्ल्-*n.* livestock, beasts of pasture. गाय, बैल, चौपाया; **Cattle-keeper**-*n.* पशु-पालक; **Cattle-pound** (an enclosure for strayed animals. काँजीहौस।

Caudal-कॉड्'-अल्-*adj.* pertaining to or like tail. पूँछ के सदृश, पूँछ-का।

Caudle-कॉड्'-ल्-*n.* warm gruel for invalids or women in childbed. अछवानी, हरीरा, गर्भिणी का पथ्य।

Caught-कॉट्-*p. t. & p. p.* of Catch.

Caul-कॉल्-*n.* the membrane enclosing foetus, a kind of cap. खेड़ी, टोपी।

Cauldron-कॉल्'-ड्रन्'-*n.* a large boiling vessel. कड़ाही, डेगची।

Cauliflower-कॉल्'-ली-फ्लावर्-*n.* cabbage with large fleshy flowerhead. फूलगोभी।

Couliform-कॉल्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of a stalk. डंठल के आकार का।

Caulk-कॉक्-*v. t.* to stop up seams of a ship. जहाज की झरी या दरार बन्द करना।

Causal-कॉ'-जल्-*adj.* expressing cause. हेतुक, कारण वर्तानेवाला।

Causality-कॉज़्'-ऑल्-इट्-इ-*n.* the agency of a cause, relation of cause and effect. कारणत्व, कारण और परिणाम का परस्पर सम्बन्ध।

Causation-कॉज़्-ए'-शन्-*n.* act of causing, relation between cause and effect. कारण उपस्थित करने का कार्य, कारण तथा परिणाम या कार्य का सम्बन्ध।

Causative-कॉजे़-टिव्-*adj.* expressing cause, productive of cause, (*gram.*) acting as cause. कारण सूचित करनेवाला, उत्पादक, व्याकरण में णिच् प्रयोग।

Cause-कॉज़्-*v. t.* to bring about, to produce. कोई कार्य कराना;-*n.* what produces an effect, ground, reason, motive for an action, lawsuit, occasion. कारण, हेतु, निमित्त, मूल (प्रयोजन), मुकदमा, अवसर; **Cause of action**-वाद का कारण; **Cause list** (list of cases under decision.) मुक़दमों की सूची; **Efficient cause** (cause which produces a thing.) मूल कारण; **Final cause** (the aim or purpose.) निमित्त; **First cause** (the Creator.) ब्रह्मा; **Formal cause** (definition.) परिभाषा; **Material cause** (cause out of which some matter is formed.) वह कारण जिससे किसी वस्तु की उत्पत्ति होती है।

Causeless-कॉज़्'-लॅस्-*adj.* without a cause. अकारण, निष्कारण; **Causelessly** (-लॅस्'-लि)-*adv.* without reason. निष्प्रयोजन, बिना कारण के।

Causerie-कोज़्'-अ-री-*n.* a short informal essay in a newspaper. समाचारपत्रों में विनोद का कॉलम या स्तम्भ।

Causeway-कॉज़्'-वे-*n.* a raised road over water or through a marsh. बाँध, पुल; -*v. t.* to pave. फर्श लगाना, रास्ता बनाना।

Caustic-कॉस्ट्'-इक्-*adj.* burning, biting, corroding, sarcastic. जलानेवाली, काटनेवाली, ताना मारनेवाली।

Cauterisation-कॉ-टर्'-आइज़्-ए'-शन्-*n.* act of burning or searing. दागने की क्रिया।

Cauterise-कॉ-टर्'-आइज़्-*v. i.* to sear with hot iron. तपे लोहे से दागना।

Caution-कॉ'-शन्-*n.* prudence, warning, avoidance of rashness. दक्षता, सावधानी, चौकसी ; **Caution money** (money which is paid as security.) ज़मानत का रुपया।

Cautionary-कॉ'शनरि-*adj.* given as a pledge. पण की तरह दिया हुआ।

Cautious-कॉ'-शस्-*adj.* careful. सचेत, सावधान; **Cautiously** (-शस्'-लि) -*adv.* carefully. सावधानी से ; **Cautiousness** (-शस्-नॅस्) -*n.* prudence. दक्षता।

Cavalcade-कॅव्-ॲल्-केड्'-*n.* a company of persons on horseback. घुड़सवारों की पंक्ति या बारात।

Cavalier-कॅव्-ॲ-लियर्' - *n.* a horseman, a gallant. अश्वारोही, घुड़सवार ; - *adj.* brave, haughty. वीर, अभिमानी।

Cavalry-कॅव्' -ॲल् -रि -*n.* horse-soldiers. अश्वारोही सेना, घुड़सवार लोग।

Cavation-कॅ-वे'-शन्-*n.* digging of earth for the foundation of a building. इमारत बनाने के लिये नींव खोदना।

Cave-केव्-*n.* an underground place in earth, a den. गुफा, कन्दरा, खोह;-*v. t.* to hollow out, to withdraw opposition, to submit. पोला करना, वैर हटाना, अधीन करना।

Cavern-कॅव्'-अर्न् - *n.* an underground hollow. कन्दरा ; **Caverned** (- ड्) - *adj.* inhabiting a cavern. गुहा-निवासी ; **Cavernous** (-अस्)-*adj.* full of caverns, hollow. गुहाओं से परिपूर्ण, खोखला।

Cavil-कॅव्'-इल्-*v. t.* to raise captious objection. झूठी निन्दा करना, दोष निकालना, झूठा झगड़ा करना ;-*n.* a frivolous objection. झूठा आक्षेप।

Cavity-कॅव्'-इट्-इ-*n.* (*pl.* Cavities.) a hollow or empty space within a solid body. छेद, बिल, खोह।

Caw-कॉ-*n.* & *v. i.* the cry of a crow or raven, to cry like a rook. कौवे का शब्द, कॉव-कॉव करना।

Cayenne-के-येन्' -*n.* a very pungent red pepper. बहुत तीता लाल मिरचा।

Cease-सीस्-*v. i.* & *t.* to stop, to desist from, to come or bring to an end. रुकना (बन्द होना), समाप्त होना; **To cease fire** (to stop firing.) बन्दूक चलाना रोकना (बन्द करना)।

Ceaseless-सीस्-लॅस्-*adj.* continuous. निरन्तर, लगातार; **Ceaselessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* continuously. नित्य, निरन्तर; **Ceaselessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* continuity. नित्यता।

Ceasing-सीस्'-इङ्ग्-*n.* pause. रुकावट।

Cecity-सी-सिट्-इ-*n.* loss of sight or blindness. अन्धता, अन्धापन।

Cedar-सी'-डर्-*n.* a kind of tree. देवदार का वृक्ष; **Cedarn** (सी'-डार्न्)-*adj.* made of cedar. देवदार की लकड़ी का बना हुआ।

Cede-सीड्-*v. t.* to give up, to submit, to yield, to surrender. परित्याग करना, वश में लाना, सौंपना।

Ceil-सील्'-*v. t.* to cover the roof of a room. कमरे की ऊपरी छत बनाना।

Ceiling-सील्'-इङ्ग्-*n.* the inner roof of a house. आच्छादन, छत।

Celebrate-सॅल्-इ-ब्रेट् - *v. t.* to praise, to publish, to make famous, to perform religious ceremony. प्रशंसा करना, प्रचलित करना, प्रसिद्ध करना, उत्सव मनाना; **Celebrated** (-ऍड्) - *adj.* famous. प्रसिद्ध **Celebration** (ब्रे'-शन्)-*n.* कीर्तन, अनुष्ठान, प्रशंसा।

Celebrity-सि- लॅब्'-रिट्- इ-*n.* fame, renown. कीर्ति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश।

Celerity-सि- लॅर्'- इट्-इ-*n.* speed, swiftness. वेग (तीव्र गति) शीघ्रता।

Celeste-सि-लॅस्ट्'-*adj.* sky-blue. आकाश के समान नीले रंग का।

Celestial-सि-लॅस्ट्'-यॅल्-*adj.* heavenly, divine, beautiful. दिव्य, स्वर्गीय, सुन्दर;-*n.* an inhabitant of heaven. स्वर्गवासी; **Celestial damsel** (a nymph.) अप्सरा, परी; **Celestial world** (heaven.) सुरलोक, स्वर्ग।

Celibacy-सॅल्-इब्'-ॲस्-सि-*n.* unmarried life. अविवाहित जीवन, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य।

Celibate-सॅल्'-इब्-एट्-*n.* & *adj.* an unmarried person, unmarried. अविवाहित व्यक्ति, कुँवारा, ब्रह्मचारी।

Cell-सॅल्-*n.* a small room in a monastery or prison, compartment in a bee's comb, an electrical apparatus, enclosed cavity in an organism, underground room. मठ या कैदखाने की कोठरी, मधुमक्खी के छत्ते में का खाना, बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र, जीवित पदार्थ का सूक्ष्म भाग, तहखाना।

Cellar- सलर् -*n.* an underground room. भूमि के भीतर का घर, तहखाना।

Cellular-सेल्'-ल्यू-लर् - *adj.* having small cavities. छोटे छिद्रवाला, जालीदार।

Celluloid-सेल्'-ल्यु-लॉएड्-*n.* an artificial substance like ivory. कचकड़ा।

Cellulose-सेल्'-ल्यु-लोस्-*adj.* containing cells. सेल (सूक्ष्म छिद्र) पूर्ण।

Cement-सि-मेन्ट्'-*n.* strong mortar of calcinated lime and clay, anything used for sticking things. सिलमिट, चिपकाने का पदार्थ; -*v. t.* to unite with cement. सिलमिट से जुटाना, साटना; **Cementation** (-ए'-शन्) -*n.* the act of cementing. संयोग, जुटाव।

Cemetery-सेमिट्रि-*n.* a place for burials. श्मशान, प्रेतभूमि, क़ब्रिस्तान।

Cenotaph- सेन्' - ओ- टॅफ़्- *n.* a monument erected in memory of a person who is buried elsewhere. अन्य स्थान पर मरे हुए व्यक्ति के स्मरणार्थ स्तम्भ इत्यादि का निर्माण।

Cense-सेन्स्-*v. t.* to perfume with burning incense. धूप देना।

Censer-सेन्-सर्-*n.* a vessel in which incense is burnt. धूपदानी, धूपपात्र।

Censor-सेन्'-सॉर्-*n.* a licensing officer, a harsh critic. दोष-निरीक्षक, गुण-दोष-विवेचक; -*v. t.* to exercise such control. ऐसा निरीक्षण करना।

Censorial-सेन्-सोर्'-इ-यल्-*adj.* critical, full of censure. निरीक्षक सम्बन्धी, निन्दायुक्त।

Censorious-सेन्-सोर्'-इ-अस्-*adj.* fault-finding दोष निकालनेवाला।

Censorship-सेन्-सॉर्'-शिप् - *n.* the office of a censor. लाइसेन्स देनेवाले का पद।

Censual-सेन्-सु-अल-*adj.* pertaining to census मनुष्य-गणना सम्बन्धी।

Censurable-सेन्-शर्-ऍ-ब्ल्-*adj.* deserving of censure. निन्दनीय।

Censure-सेन्-शर् - *n.* expression of disapproval, reproof, reprimand, निन्दा (दोष), कलङ्क; -*v. t.* to blame, to reprove, to criticize. दोष लगाना, झिड़कना, निन्दा करना।

Census-सेन्'-सस्-*n.* an official numbering of population. जनगणना।

Cent-सेन्ट्-*n.* a hundred, a coin which is the hundredth part of a dollar. सौ, एक सिक्का; **Per cent** (rate by the hundred) प्रतिसैकड़ा।

Centaur-सेन्'-टॉर्-*n.* a mythological figure half-man and half-horse. एक पौराणिक प्राणी जिसका कमर से नीचे का भाग घोड़े का तथा ऊपरी भाग मनुष्य के समान माना जाता था।

Centenarian-सेंण्टिनेरियन्-*n.* a man who is hundred years old. सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष।

Centenary-सेन्टिन-रि-*n.* commemoration after one hundred years. शतवर्षीय समारोह, शतवार्षिकी, सौसालाना जल्सा।

Centennial-सेन्ट्-एन्-नि-यल् - *adj.* & *n.* occurring once in a hundred years, a hundredth anniversary, सौ वर्ष में एक बार आने या होनेवाला, सौवीं वर्षगांठ।

Center- सेन्-टर्-*n.* a waist-belt. कमरबन्द, कमर की पेटी।

Centesimal-सेन्ट्-एस्-सिम्-मल्-*adj.* reckoned by hundredths. सौ सौ करके गिना हुआ; -*n.* सौवाँ हिस्सा।

Centigrade-सेन्ट्'-इ-ग्रेड्-*adj.* divided into a hundred degrees. सौ अंशों या भागों में विभाजित।

Centigramme-सेण्टिग्रॅम्-*n.* weight which is the hundredth part of a gramme. एक ग्राम् का सौवाँ भाग।

Centillion-सेन्-टि-लियन्-*n.* the hundredth power of a million. किसी अङ्क के आगे ६०० शून्य लिखने पर जो संख्या बनती है।

Centipede-सेन्ट्'-इ- पीड् - *n.* a many-footed crawling insect. गोजर, कनखजूरा।

Centipede.

Central-सेण्ट्रल् -*adj.* leading, principal. मध्य, केन्द्रीय, प्रधान; **Central Intelligence Bureau.** केन्द्रीय गुप्त वार्ता विभाग; **Centralization** (-आइज़्-ए-शन्) -*n.* act of bringing to the centre. केन्द्रीकरण।

Centralize-सेन्ट्-रॅल्-आइज़्-*v. t.* to draw to a centre. केन्द्र में करना।

Centre (Center) सेन्-टर्-*n.* the middle point, pivot, axis, source, organizer, leader. मध्य भाग (केन्द्र), धुरा, बीच, उद्गम, प्रचारक, नेता; - *v. t.* to place on a centre. केन्द्र पर रखना; **Centre bit** (a boring tool) बरमे की डाँस; **Centre of attraction** (the point to which bodies tend by force of gravity.) आकर्षण-केन्द्र; **Centre-piece** (ornament for the middle of a table.) टेबुल के मध्यभाग की सजावट।

Centreless-सेन्-टर्-लेस्-*adj.* without centre. बिना मध्य या केन्द्र का।

Centrifugal-सेन्-ट्रिफ़्'-यू-गॅल् -*adj* tending to fly off from centre. केन्द्र से हट जानेवाली(प्रवृत्ति)

Centripetal - सेंण्ट्रिपिटल् - *adj.* tending towards centre (*opp.* of centrifugal). केन्द्र की ओर जानेवाली ।

Centuple-सेंन्'-ट्यू-पूल्-*n.* & *adj.* hundred-fold. सौगुना ।

Century-सेंन्'-ट्यू-रि -*n.* a hundred of something, any hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दि ।

Cephalic-से-फ़ॅल्'-इक्-*adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी; -*n.* a medicine for headache. सरदर्द की दवा ।

Ceramics-से-रॅम्-इक्स्-*n.* the art of pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र ।

Cerated-सीर्'-एट्-ऍड्-*adj.* covered with wax. मोम से ढँका हुआ ।

Cereal-सिअर्-इ-अल्-*adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी; Cereals-*n. pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने योग्य अन्न ।

Cerebellum-से रि-बॅल्'-लम् -*n.* the little brain. छोटा मस्तिष्क (दिमाग) ।

Cerebral-सेंर् - रि - ब्रल्- *adj.* pertaining to cerebrum. मस्तिष्क सम्बन्धी ।

Cerebration-सेंर्-रि-ब्रे'-शन्-*n.* the action of cerebrum, working of the brain. मस्तिष्क का कार्यक्रम ।

Cerebrum-से - रि-ब्रम् -*n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग ।

Ceremonial-सेंर्- रि-मोन्'-इ -अल् - *adj.* with ceremony or ritual, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखावा;-*n.* formality. रीति, विधि, चाल ।

Ceremonious-सेंर्'-रि-मोन्'-इ-अस्-*adj.* according to prescribed form, punctilious. आदरयुक्त, अति सभ्य; Ceremoniously (-लि) -*adv.* with formality. शिष्टाचार (आदर) से; Ceremoniousness (-नि-अस्-नेंस्)- *n.* formality. अति आदर, अति सौजन्य ।

Ceremony-सें-रि-मनि -*n.* (*pl.* Ceremonies) a religious or solemn observance, formality. धार्मिक रीति; Occasional ceremony (ordinary formality.) सामान्य शिष्टाचार; Without ceremony (without formality.) बिना शिष्टाचार के ।

Ceres-सीर् -ईज़्-*n.* the Roman goddess of growth. रोम की उपज देवी ।

Cerography- सी-रो-ग्र - फ़ि - *n.* the art of engraving on wax. मोम पर खुदाई का काम करना ।

Certain-सर्ट्न्-*adj.* settled, assured, reliable, sure, indisputable. निश्चित, अवश्य, नियत, स्थिर; A certain person (an unknown person.) कोई मनुष्य; For certain (certainly.) अवश्य ।

Certainly - सर्ट्न् - लि - *adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह ।

Certainty - सर्ट्न् - टि - *n.* undoubted fact, assurance. असंशय, निश्चय ।

Certificate - सर्टि'फ़िकेट - *n.* testimony in writing, voucher, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र;-*v. t.* to give a certificate. प्रमाणपत्र देना ।

Certifier-सर्'-टि-फ़ाइ' - अर् - *n.* on ewho certifies. प्रमाणित करनेवाला मनुष्य ।

Certify-सर्-टिफ़्-आइ-*v. t.* (*p. t.* Certified) to attest formally, to assure. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना ।

Certiorari-सर्शि-ओ-रे-राइ-*n.* a writ to remove a case from the lower court to a high court. उत्प्रेषण-लेख, छोटी अदालत से ऊँची अदालत में मुकदमा हटाने का आदेश ।

Certitude - सर्'-टि-ट्यूड् - *n.* assurance, certainty. दृढ़ निश्चय ।

Cerumen-सि-रू'-मेंन्-*n.* wax secreted by the ear. कान का खूँट ।

Ceruse-सी- रूज़् -*n.* white lead, carbonate of lead. सफ़ेदा ।

Cervical-सर्-वा-इ-क्-अल्-*adj.* pertaining to the neck. ग्रीवा (गरदन) सम्बन्धी ।

Cervine-सर्' - वाइन्-*adj.* relating to or like deer. हरिण के समान ।

Cess-सेंस्- *n.* a local rate. उपकर, चुङ्गी; -*v. t.* to lay tax on. कर लगाना ।

Cessation-सेंस -से' - शन्-*n.* ceasing, rest, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव ।

Cession-सेंशन्-*n.* giving up, yielding. परित्याग, समर्पण ।

Cesspool - सेंस् - पूल् - *n.* a well sunk for drainage. चहबच्चा, नाबदान ।

Cestoid- सेंस्ट्'-ऑएड्-*n.* a ribbon-like worm. चिपटा केंचुआ ।

Chafe- चेफ़्-*v. t.* & *i.* to rub, to irritate, to make angry, to fret. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, क्रुद्ध होना; - *n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध ।

Chaff-चाफ़्-*n.* & *v. t.* grain-husk, worthless stuff, to befool, to joke. भूसा (चोकर, छिलका), निरर्थक पदार्थ, मूर्ख बनाना, हँसी उड़ाना; Caught with chaff (one who is easily

deceived.) सहज में धोखा खानेवाला; Chaff-cutter or chaff-engine. भूसा काटने की कल; Chaffy (-इ) -*adj.* full of chaff. भूसा भरा हुआ ।

Chaffer - चीफ़ - फ़र् - *v. i.* & *t.* to haggle about price, to bargain. मोल चाल करना, सौदा करना; Chafferer (-अर्)-*n.* one who makes a bargain. सौदा करनेवाला ।

Chafing-dish-चेंफ़्' - इङ्ग्-डिश् -*n.* a vessel for cooking by burning coal. कोयले की अँगीठी पर पकाने की देगची ।

Chagrin - शँ - ग्रिन्' - *n.* vexation, acute disappointment,क्लेश, तीव्र निराशा; -*v. t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना ।

Chain-चेन् - *n.* a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जंजीर (शृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की नाप; - *v. t.* to connect, to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना; Chain-armour (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच; Chain-stitch (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई ।

Chainless-चेन्'-लेस्-*adj.* without chain, free. जंजीर रहित, स्वतन्त्र ।

Chainlet-चेन्'-लेट्-*n.* a small chain. छोटी जंजीर या सिकड़ी ।

Chain-wheel-चेन्'-हील्-*n.* a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार पहिया जिस पर जंजीर चलती हो ।

Chain-wheel.

Chair-चेअर् -*n.* a portable seat for one, professorship, office, a chairman. कुर्सी, अध्यापक का पद, सभापति; - *v. t.* to install in chair. पदाधिकारी बनाना; Appeal to the chair (protest against disorder.) व्यतिक्रम के लिये सभापति से प्रार्थना; Easy-chair - आराम कुरसी; Take a chair (asking to sit down.) बैठ जाइये; To leave the chair (to finish work.) कार्यक्रम समाप्त करना ।

Chairman-चेअर्'-मॅन्-*n.* one who controls a committee. सभापति; Chairmanship-*n.* the office of a chairman. सभापति का पद ।

Chaise-शेज़्-*n.* a pleasure-carriage. आनन्द की सवारी, गाड़ी ।

Chalice - चॅलि' - इस् - *n.* a goblet, a cup or bowl. प्याला, पात्र ।

Chalk-चॉक्-*n.* a soft white earthy substance used for writing and drawing. खड़िया मिट्टी, सेतखली; -*v. t.* to mark, to draw, to write. चिह्न करना, तसवीर खींचना, लिखना; To chalk out (to sketch, to plan.) खाका खींचना, योजना बनाना ।

Chalky - चॉक्- इ - *adj.* similar to or like chalk. खड़िया के समान ।

Challenge-चॅल्- लिन्ज्-*n.* summons to fight a duel, calling to account, demand for something. लड़ने के लिये ललकार, माँग, दावा; -*v. t.* to call to account, to deny a claim. ललकारना, निषेध करना; Challengeable (एॅ-बूल) -*adj.* that may be defied. ललकारने (सामना) के योग्य; Challenger (-अर्) -*n.* one who challenges to a combat. ललकारनेवाला, भिड़नेवाला ।

Chamber-चेम्'-बर्-*n.* a room, judge's private room, bedroom, one of the houses of Parliament,enclosed space. कमरा, जज का गुप्त कमरा,शयनगृह, पार्लियामेण्ट का घर, बन्द स्थान; Chambered (-बर्ड्)-*adj.* having chambers. कोठरियोंवाला; Chamber-fellow (one who sleeps in the same apartment.) एक ही कमरे में सोनेवाला; Chamber-maid (an inn-keeper.) भठियारिन ; Chamber-music (music in a room of the house.) कमरे में गायन; Chamber of Commerce (an assembly of traders.) व्यापारियों की सभा; Chamber-counsellor. वह वकील जो घर पर ही कानूनी सलाह देता है, कचहरी में जाकर वकालत नहीं करता; Chamber-pot (urinal) पेशाब करने का बर्तन; Chambers (-बर्स्) - *n. pl.* a row of rooms. घर में कमरों की पंक्ति ।

Chamberlain-चेम्'-बर्-लिन्-*n.* a high officer in a king's court. राजमहल का एक प्रधान कर्मचारी ।

Chameleon - कॅ - मी' - ल्यॅन्-*n.* a kind of long lizard, an inconstant person. गिरगिट, अस्थिर प्रकृति का पुरुष ।

Chamfer-चॅम्'-फ़र्-*v. t.* to bevel or slope in a symmetrical manner. क्रम से तिरछा करना ।

Chamois - शॅम्' - वा - *n.* a wild mountain antelope. जङ्गली पहाड़ी हिरन, सावर; -*n. -pl.* (शॅमि'-मि) leather made from chamois-skin. सावर का चमड़ा ।

Champ-चॅम्प्-*v. t.* to munch in a noisy manner. मुँह चलाकर चबाना; -*n.* a field, a

munching sound. खेत, मैदान, चबाकर खाने का शब्द ।

Champagne-शॅम्-पेन्'-*n.* a kind of French wine. फ्रान्स देश की शराब ।

Champion-चॅम्'-पि-अन्-*n.* one who fights for another or for a cause, a hero. वीर, योद्धा; -*v. t.* to challenge, to defend, to support. ललकारना, रक्षा करना, सहारा देना, समर्थन करना; **Championship** (-शिप्')-*n.* the rank of a champion. अभिनेता का पद। (*also* **Championness.**)

Chance-चान्स्-*n.* fortune, opportunity, possibility, accident, risk, absence of design, course of events. दैवयोग, भाग्य, अवसर, सम्भावना, क्रमहीनता, घटनाक्रम; -*v. i. & t.* to happen. होना; **By chance** (accidentally.) संयोग से, अकस्मात्; **Chance-comer** (one who comes by chance.) संयोग से आया हुआ अतिथि; **On the chance** (on the possibility of.) सम्भावना से; **To stand a chance** (to hope.) आशा रखना; **To take one's chance** (to risk an undertaking.) प्रारब्ध जाँचना; **It chanced that** (it so happened.) ऐसा संयोग हुआ कि ।

Chancel-चान्'-सल्-*n.* the eastern part of a church. गिरजाघर का पूर्वी भाग ।

Chancellor-चान्'-सॅलर्-*n.* state or law official, head of a university. प्रधान धर्माधिकारी, विश्वविद्यालय का प्रधान अध्यक्ष, कुलपति; **Vice-Chancellor** -*n.* officer of a university next in rank to chancellor. विश्वविद्यालय का उपाध्यक्ष, उपकुलपति; **Chancellorship** (-शिप्)-*n.* the office of a chancellor. ऐसे अध्यक्ष का[illegible]

Chancery-[illegible]-*n.* the highest court of justice. प्रधान न्यायालय, दीवानी की बड़ी अदालत ।

Chancy-चान्'-सि-*adj.* uncertain, dubious. सन्दिग्ध, सन्देहजनक ।

Chandelier-शॅन्-डि-लिअर्-*n.* a kind of branched support for holding several lights. दीपवृक्ष, झाड़-फानूस ।

Chandelier.

Chandler-चॅन्ड्'-लर्-*n.* a candle-maker, a dealer in candles, soap, paint &c. मोमबत्ती बनानेवाला, साबुन, मोमबत्ती इत्यादि का बेचनेवाला ।

Change-चेन्ज्-*n.* alteration, variation, variety, small coins given for a higher one. परिवर्तन, रूपान्तर, रेज़गी; -*v. t. & i.* to resign, to get rid of, to alter, to get smaller coins, to go from one place to another, to become new. त्यागना, पलटना, छुटकारा पाना, रेज़गी भजाना, स्थान-परिवर्तन करना, नया होना; **To change colour** (to turn pale, to blush.) पीला पड़ जाना, शर्मा जाना; **To change hands** (to pass to a different owner.) मालिक बदलना; **To change one's condition** (to marry.) विवाह करना; **To change one's mind** (to adopt a new method.) नई विधि ग्रहण करना; **To change places** (to be different, to change positions.) भिन्न होना, स्थान अदल-बदल करना; **To ring the changes** (to finish in every way.) कार्यक्रम का सब प्रकार से अन्त करना ।

Changeable-चेन्ज्'-एं-बल्-*adj.* variable, fickle, unstable, inconstant. परिवर्तनशील, चपल, अधीर, अस्थिर; **Changeableness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being changeable. अस्थिरता ।

Changeful-चेन्ज्'-फ़ुल-*adj.* fickle, inconstant. चञ्चल, चपल ।

Changeless-चेन्ज्'-लॅस्-*adj.* without change, constant. बिना परिवर्तन का, चपलता-रहित, स्थिर ।

Changeling-चेन्जलिङ्ग-*n.* a child substituted for another, one apt to change. कृत्रिम पुत्र, परिवर्तनशील वस्तु ।

Changing-चेंजिङ्ग-*adj.* altering. बदलनेवाला ।

Channel-चॅ'-नल्-*n.* a bed of running water, passage for liquids, a narrow sea between two continents, a groove or furrow, course, direction, agency. स्रोत, नाला, समुद्र-स्रोत, परनाला, तरल पदार्थ का मार्ग, दिशा, द्वार; -*v. t.* (*p. t.* **Channelled**) to form a groove in. नाली बनाना ।

Chant-चॅन्ट्-*n.* song. गीत, स्तोत्र, भजन; -*v. t. & i.* to sing musically. गाना, स्तोत्र पढ़ना; **To chant horse** (to sell by deception.) धोखा देकर बेचना ।

Chanter-चॅन्ट्'-अर्-*n.* a male singer. गानेवाला पुरुष; -*fem.* **Chantress** (-ट्रॅस्)-a female singer. गानेवाली स्त्री ।

Chanticleer-चान्ट्'-इ-क्लिअर्-*n.* a domestic cock. पाला हुआ मुर्गा ।

Chanty-शॅन्'-टि-*n.* a sailor's song while hauling. बोझ उठाने के समय मल्लाहों का गाना ।

Chaos-के'-ऑस्-*n.* formless void, utter confusion, disorder. विप्लव, उपद्रव (गोलमाल); **Chaotic** (-के-ऑट्'-इक्)-*adj.* confused. सङ्कीर्ण, अस्तव्यस्त ।

Chap-चॅप्-*n.* a boy, a man, a crack, the jaw. छोकरा, मनुष्य, दरार (फटन), जबड़ा;-*pl.* jaws of beasts. पशुओं का दाढ़;-*v. t.* & *i.* to crack. फटना, फाड़ना, तड़काना; Fat chaps (a man with plump cheeks.) फूले गालों का मनुष्य।

Chape-चेप्-*n.* metal cap of scabbard, sliding loop or catch of a belt. मियान की टोपी, टोपी में का वक्र।

Chapel-चॅप्'-ल्-*n.* a place of Christian worship. ईसाइयों का गिरजाघर।

Chaperon-शॅ'पॅरोन् -*n.* an elderly woman in charge of a girl, a kind of cap. कुँवारी कन्या की रक्षा करनेवाली स्त्री, एक प्रकार की टोपी।

Chaplain-चॅप्'-लिन्-*n.* a clergyman in charge of a chapel. पादरी, पुरोहित; **Chaplainship** (-शिप्)-*n.* the office of a chaplain. पादरी का पद। (also **Chaplaincy** or **Chaplainry.**)।

Chaplet-चॅप्'-लिट्-*n.* a garland or wreath of flowers, a string of beads for counting prayers. फूलों की माला, जप करने की सुमिरनी।

Chapman-चॅप्'-मॅन्-*n.* a pedlar. घूम-घूमकर बेचनेवाला व्यापारी (फेरीवाला)।

Chappy-चॅप्'-पि-*adj.* full of chaps or clefts. दरारदार।

Chapter-चॅप्-टर्-*n.* the main division of a book, body of clergymen. अध्याय (स्कन्ध, खण्ड), पादरियों का संघ;-*v. t.* to put into chapters, to take to task. अध्यायों में बाँटना, डाँट-डपट करना, विवरण माँगना।

Char-चार्-*v. t.* to burn until reduced to charcoal, to scorch, to do odd jobs, to accomplish, to do house-cleaning. जलाकर कोयला बनाना (झुलसाना), जलाना, छोटा-मोटा काम करना, काम पूरा करना, घर की सफाई करना।

Character-कॅर्'-अक्-टर्-*n.* a distinctive mark, characteristics, a person's handwriting, style, moral strength, reputation, an actor. प्रकृति (प्रभाव), लक्षण (स्वभाव), हस्ताक्षर, ढङ्ग, चरित्र, कीर्ति (यश), नाटक का पात्र।

Characterisation-कॅर्-अक्'-टर्-आइज़-ए-शन्-*n.* act of characterising. नाम निर्धारण।

Characterise-कॅर्-अक्'-टर्-आइज़्-*v. t.* to describe the character of. गुण-दोष बतलाना।

Characteristic-कॅर्'-अक्'-टर्-इस्ट्'-इक्-*adj.* & *n.* typical, exhibiting peculiar qualities, that which distinguishes one person or thing from another. विलक्षण, विचित्र, अनोखा, विशिष्ट गुण; **Characteristically** (-अल्-लि)-*adv.* in a distinguishing manner. विलक्षण रूप से।

Characterless-कॅर्-अक्-टर्-लेस्-*adj.* ordinary, without character. सामान्य, चरित्रहीन।

Charade-शॅर्-राड्'-*n.* a game of guessing word from written clue, a riddle. शब्द अनुमान करने की पहेली।

Charcoal-चार्'-कोल्-*n.* black residue of burnt wood. लकड़ी का कोयला।

Charge-चार्ज्-*n.* load, right quantity put into a thing, expense, duty, care, custody, thing entrusted, injunction duty, accusation, signal for attack. भार, उचित परिमाण, व्यय, कर्तव्य रक्षण (अधिकार), अभियोग, दोषारोपण, आक्रमण की आशंका, सूचना या संकेत; -*v. t.* to load, to fill, to enjoin, to entrust, to command to do, to accuse, to attack. बारूद भरना, पूर्ण करना, सौंपना, काम करने की आज्ञा देना, दोष लगाना, आक्रमण करना; **Chargeable** (-अॅ-बल्)-*adj.* accusable, imputable. आरोपण करने योग्य, दोषी ठहराने योग्य; **Charge-sheet** (a list of offenders and their offences.) अपराधियों की नामावली तथा उनके पृथक् अपराधों के नाम।

Charger-चार्ज्'-अर्-*n.* the horse of a military officer, a large strong dish. फ़ौजी अफ़सर का घोड़ा, बड़ी रकाबी।

Chariot-चॅर्'-रि-अट्-*n.* a triumphal or state car. रथ; **Charioteer** (-इअर्')-*n.* the driver of a chariot. सारथी।

Charitable-चॅर्'-रिट्-एॅ-बल्-*adj.* bountiful, liberal in giving to the poor. धर्मात्मा, दयालु (कृपालु); **Charitableness** (-नेस्)-*n.* disposition to be charitable. उदारता; **Charitably** (-एॅब्-लि)-*adv.* in a charitable manner. दयालुता या उदारता से।

Charity-चॅर्-रिट्'-इ-[illegible] natural affection, leniency, b[illegible] -*n.* [illegible]s. कृपा, करुणा, दयालुता (दया, दान), [illegible], उदारता; **Charity-boy** (a boy who is brought up in a poor house.) यतीम, अनाथ बालक।

Charivari-शार्'-इ-वार्-इ-*n.* a confused sound, an uproar. शोरगुल।

Charlatan-शार्'-ल-टन्-*n.* an impostor in medicine, a quack. मिथ्या चिकित्सक (नीम हकीम), मायावी, छली; **Charlatanish** (-इश)-*adj.* quackish. छली, कपटी; **Charlatanism** (-इज़्म्)-*n.* quackery. कपट-व्यवहार; **Charlatanry** (-रि)-*n.* imposture, quackery. छल, माया।

Charles's Wain-चार्लिज़ज़्-वेन-*n.* Ursa Major. सप्त ऋषि के तारे।

Charlock-चॅर्'-लक्-*n.* the wild mustard. जंगली सरसों।

Charm-चार्म्-*n.* words or characters acting as a spell, amulet, attractiveness. मन्त्र,रक्षा-जन्त्र, आकर्षण; -*v. t.* to bewitch, to endow with magic power, to delight. मन्त्र से वश में करना, मोहित करना, प्रसन्न करना; **Charmer** (-अर्)-*n.* a magician, one who fascinates. जादूगर, ओझा, मोहित करनेवाला।

Charming-चार्म्-इङ्ग्-*adj.* delightful. रमणीय (मनोहर, सुहावना); **Charmingly** (-लि)-*adv.* with fascination. रमणीयता या मनोहरता से।

Charnel-house-चार-नेंल्-हाउस्-*n.* a mortuary, a sepulchre. कब्रिस्तान।

Chart-चार्ट्-*n.* a navigator's map, a tabulated sheet. समुद्र के आसपास के स्थान का नकशा, कोष्ठक;-*v. t.* to make a chart. नकशा बनाना।

Charter-चार्टर्-*n.* a written grant of privileges and rights by a sovereign. शासनपत्र, राजपत्र;-*v. t.* to give privilege. अधिकार देना; **Chartered** (-ड्) -*adj.* granted by charter. शासनपत्र द्वारा दिया हुआ; **Charterhouse** (an almshouse in London.) लन्दन नगर का दानालय; **Charter-party** (contract made between ship-owner and merchant for the hire of a ship &c.) जहाज़ के मालिक और व्यापारी का प्रतिज्ञापत्र।

Chartography - कार्टो-ग्रॉ-फ़ि-*n.* the art or business of map-making, cartography. नक़शा बनाने की विद्या।

Charwoman-चार्'-वोमन्-*n.* a woman hired by the day for house-work. गृहस्थी की दासी।

Chary-चेरी -*adj.* careful, cautious, frugal. सावधान, मितव्ययी।

Chase-चेस्-*n.* an open park, a hunted animal, an iron frame for holding composed types, part of a gun. अनुसरण, खुला बगीचा, शिकार, कम्पोज किये हुए टाइप कसने का फ्रेम, बन्दूक का कुन्दा;-*v. t.* to pursue, to engrave. अनुसरण करना, नकाशी करना।

Chasing-चेस्'-इङ्ग्-*n.* the art of engraving. नक़ाशी करने की कला।

Chasm- कैज़्म्'-*n.* a gap, a cleft, a void, difference of feeling. दरार (फांक), बिल (विवर), मनोवृत्ति का भेद।

Chassis-शी'-सी-*n.* the base frame of gun-carriage or motor car. मोटर गाड़ी या तोप की गाड़ी के नीचे का ढाँचा।

Chaste-चेस्ट -*adj.* virgin, pure, simple, unadorned. सती, पवित्र, सादा, आडम्बर-रहित।

Chasten - चेस्'-न् - *v. t.* to correct, to purify. परिशोधित करना, पवित्र या स्वच्छ करना।

Chastise-चैस्-टाइज़्' -*v. t.* to punish, to beat. दण्ड देना, पीटना; **Chastiser** (-अर्) -*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला; **Chastisement** (-मेन्ट्) -*n.* punishment, correction. दण्ड, ताड़ना।

Chastity-चैस्-टिट्-इ-*n.* virginity, purity of conduct. सतीत्व, शुद्धता।

Chat-चैट्-*v. i.* to indulge in easy talk. आलाप करना, बकवाद करना;-*n.* an idle talk, a species of small birds. वृथा की बकवाद, गप, छोटे पक्षियों का एक वर्ग; **Chatty** (-इ)-*adj.* talkative. बकवादी।

Chateau - शॉ - टो - *n.* (*pl.* **Chateaux**-ज़्) a foreign country-house, a country seat. विदेश का घर, देहात का मकान।

Chattel-चैट्'-ट्ल्-*n.* (usu. *pl.*) movable possession, goods. सामग्री (माल-असबाब), चल संपत्ति।

Chatter-चैट'-ट्र्-*n.* an idle talk. कड़-कड़ का शब्द, वृथा की बकवाद; -*v. i.* to utter short notes, to talk quickly. टें-टें करना, बकबक करना; **Chatterbox** (-बॉक्स्)-*n.* an incessanth talker. बड़ा बकवादी; **Chatter of teet**; (rattling of teeth.) दाँतों का कटकटाना **Chatterer** (-अर्) -*n.* one who chatters. बकवादी, बकबक करनेवाला मनुष्य।

Chatty-चैट्-टि-*adj.* very talkative. बड़ा बकवादी।

Chauffer-चॉफ़र्-*n.* a small portable furnace. छोटा उठौआ चूल्हा।

Chauffeur-शो'-फ़र्-*n.* a motor-car driver. मोटर हाँकनेवाला।

Cheap-चीप्'-*adj.* inexpensive, low in price, worthless. अल्प मूल्य का, सस्ता; **To hold cheap** (to discard.) तिरस्कार करना।

Cheapen-चीप्'-एन्-*v. t.* to lessen the value of. सस्ता करना, भाव कम करना।

Cheaply-चीप्'-लि-*adv.* at a small price. सस्ते दाम में; **Cheapness** (-चीप्'-नेस्)-*n.* inexpensiveness. सस्तापन।

Cheat-चीट्-*n.* trick, fraud, a deceiver. छल (कपट), धूर्त (कपटी, ठग, वंचक); -*v. t.* to deceive and defraud. धोखा देना, छल करना; **Cheatery** (-अर्-इ) -*n.* fraud. छल, कपट; **Cheating** (-इङ्ग्)-*adj.* deceptive, fraudulent. धोखा देनेवाला, ठगनेवाला।

Check-चेक्-*n.* a sudden arrest, pause, rebuff, stoppage, cross-lined pattern. निग्रह, संयम,

अवरोध, रुकावट, (शतरंज के खेल में) शह, चारखाना ; *-v. t.* to stop or restrain, to rebuke, to revise and correct, to verify. रोकना, झिड़की देना, दोहराकर संशोधन करना, यथार्थता प्रमाणित करना ; **To keep in check** (to keep under control.) अधिकार में रखना ।

Check-book-चेंक्‌'-बुक्‌-*n.* a cheque-book containing blank cheques. सादे (बिना लिखे) चेकों की पुस्तक।

Checker-चेंक्‌'-अर्‌ *-n.* a chess-board. शतरंज खेलने की बिसात।

Checkmate-चेंक्‌'-मेंट्‌ *-n.* final defeat in the game of chess. शतरंज के खेल की अन्तिम चाल जिससे हार होती है।

Check-nut-चेंक्‌'-नट्‌-*n.* an appliance which is used for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव; **Check-string**-*n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हाँकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी ।

Cheek-चीक्‌ *-n.* side of face below thee ye. कपोल, गाल ; *-v. i.* to be insolent. धृष्ट होना; **Cheek-bone** (bone of the cheek.) कपोलफलक ; **Cheek-tooth** (a molar tooth.) चव ।

Cheekiness-चीक्‌'-इ-नेंस्‌-*n.* cool confidence. शान्तिपूर्वक विश्वास ।

Cheep-चीप्‌-*v.i.* to chirp or pipe like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं-चीं करना या सीटी बजाना ।

Cheer-चिअर्‌-*n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि;*-v. t. & i.* to comfort, to gladden, to applaud, to encourage, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना, प्रसन्न होना; **What cheer** (how are you) आपकी तबियत कैसी है; **To be of good cheer** (to be happy.) प्रसन्नवदन होना; **To cheer up** (to make cheerful.) प्रसन्न करना ।

Cheerful-चिअर्‌'-फुल्‌-*adj.* pleasant, hopeful, gay, lively. प्रफुल्ल, प्रसन्न, आनन्दित; **Cheerfully** (-फुल्‌-लि)-*adv.* in good spirits. आनन्द से; **Cheerfulness** (- नेंस्‌) *-n.* pleasure. आनन्द; **Cheeriness** (-इ-नेंस्‌) *-n.* state of being cheerful. आनन्द की अवस्था ।

Cheerless-चिअर्‌-लेंस्‌-*adj.* dull, sad, miserable. मन्द, दुखी, उदास ।

Cheerly-चिअर्‌'-लि-*adv.* heartily, in a cheery manner. प्रसन्नता से, खुशी से, सहृदयता से ।

Cheery-चिअर्‌'- इ-*adj.* cheerful, promoting cheerfulness. प्रसन्न, मग्न ।

Cheese-चीज़्‌-*n.* food made of pressed curds. दही से बनी हुई मिठाई, पनीर, छेना; **Cheese-monger**-*n.* a seller of cheese. पनीर बेचनेवाला; **Cheese-plate** (the big button of a coat.) कोट का बड़ा बटन; **Green cheese** (undried cheese.) बिना सुखाई हुई पनीर; **The cheese** (correct thing.) सही बात ।

Cheesy-चीज़्‌'-इ *-adj.* having taste like cheese. पनीर के स्वाद की ।

Cheliform-कीली-फ़ॉर्म्‌-*adj.* of the form of a claw. पंजे के आकार का ।

Chemical-कॅमिकल्‌ *-adj.* relating to chemistry. रासायनिक; **Chemically** (-लि) *-adv.* by chemical process. रासायनिक रीति से; **Chemicals** (-स्‌)-*n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ ।

Chemise-शि-मीज़्‌-*n.* a woman's shirt or undergarment. स्त्री की भीतरी पोशाक, जनानी कुर्त्ती ।

Chemist-कॅम्‌'-इस्ट्‌-*n.* a dealer in medical drugs, a person who is skilled in chemistry. दवा बेचनेवाला, रसायन शास्त्र जाननेवाला ।

Chemistry-कॅम्‌'-इस्ट्‌ रि-*n.* the science which treats of the elements and their laws. रसायन शास्त्र ।

Chenille-चॅनील्‌-*n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी ।

Cheque-चेंक्‌-*n.* a written order to banker for payment of money. हुंडी (रुक्का), चेक; **Cheque-book** (book containing stamped bank cheques.) मुहर की हुई सादे चेकों की पुस्तक; **Chequer**(-चेंक्‌'-अर्‌)-(**Checker**)-*n.* a pattern made of squares, a treasury. चारखाना, खजाना; *-v. t.* to mark with squares of different colours, to deposit in a treasury. रङ्ग-बिरङ्गा चारखाना बनाना, खजाने में जमा करना ।

Cherish-चें'-रिश्‌-*v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लाड़न-पालन करना, पोषण करना, प्रिय मानना; **Cherisher** (-अर्‌) *-n.* one who fosters. पोषक; **Cherishing** (-इङ्ग्‌) *-adj.* nourishing. पालन-पोषण करनेवाला ।

Cheroot-शेरूट्‌ - *n.* a kind of cigar not pointed at either end, root of the shaya tree grown in Madras. चुरुट, मद्रास के शाया नामक वृक्ष की जड़ ।

Cherry-चेंर्‌-रि-*n.* a small tree, its fruit. एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष, उसके फल; **To make two bites at a cherry** (to stop enterprise.) साहसिक कार्य करना रोक देना; **Cherry-ripe**

(the cry of a fruit-seller.) मेवाफ़रोश की चिल्लाहट ।

Cherub- चॅरॅ'-रब् -*n.* (*pl.* Cherubs, Cherubim.) a celestial being, a beautiful child. देवदूत, सुन्दर बालक ।

Chess-चॅस्-*n.* a game for two players played on board divided into sixtyfour squares with pieces called 'chessmen.' चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है; **Chessboard**- *n.* board used in chess. शतरंज की बिसात; **Chessmen** -*n. pl.* pieces used in playing chess. शतरंज के मोहरे ।

Chessel-चॅस्'-सल् -*n.* a mould for making cheese. पनीर बनाने का साँचा ।

Chest-चॅस्ट्-*n.* a large box, the thorax, सन्दूक (पिटारा), वक्षःस्थल (छाती);-*v. t.* to deposit in a chest. बक्स में बन्द करना ।

Chesterfield-चॅस्ट्'-अर् - फ़ील्ड्-*n.* a kind of long overcoat, a long sofa. एक प्रकार का लम्बा लवादा, लंबी गद्दीदार चारपाई ।

Chestnut-चॅस् - नट् - *n.* a tree or its edible fruit. अखरोट का फल या वृक्ष ।

Chest-protector-चॅस्ट्-प्रोटॅक्टर - *n.* an inner garment of flannel. फ़लालीन की भीतरी पोशाक ।

Chevalier-शॅव्-अ-लिअर् -*n.* akn ight, a gallant. अश्वारोही, महावीर ।

Chevy-चॅवृ'-वि -*n.* a cry, shout. शोर-गुल, कोलाहल, चिल्लाहट ।

Chew-चू-*v. t, & i.* to grind with teeth. दाँतों से चबाना ; **Chewer** (-अर्)-*n.* one who chews or ponders. चबानेवाला, विचारनेवाला; **Chewing-gum** (-गम्)-*n.* एक प्रकार की चूसने की मिठाई; **To chew the cud** (to masticate a second time the food already swallowed and passed into the first stomach, to ruminate in thought, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय में विचार करना या मनन करना ।

Chiaroscuro-क्यारो-स्क्यूरो-*n.* light and shade in painting. चित्र में प्रकाश और अन्धकार का प्रदर्शन ।

Chic-शीक्-*n.* skill, style. चातुरी, ढङ्ग ।

Chicane-शि - केन्-*v. t.* to cheat. छल-कपट करना; **Chicanery** (-रि)-*n.* trickery, pettifogging, artifice. वाक्छल, झूठ मूठ ठगना, फेरवट की बातचीत ।

Chick-चिक्-*n.* a young bird, the young of a hen, a hanging door-screen of laced bamboo slips. चिड़िया का बच्चा, मुर्गी का बच्चा, बाँस के सींकों का बिना हुआ दरवाजे का परदा, चिक; **To count one's chicks before they are hatched** (to build castles in the air.) मन के लड्डू खाना ।

Chicken - चिक्' - ऍन्-*n.* (*pl.* Chicken or Chickens.) the young one of a fowl, child. मुर्गी का बच्चा, लड़का; **Chicken-hearted** (timid, cowardly.) कायर, डरपोक; **Chicken-pox** (a contagious pustulous disease.) छोटी चेचक ।

Chide-चाइड्-*v. t.* (*p.t.* Chid., *p.p.* Chidden or Chid.) to make complaints, to rebuke, to scold. शिकायत करना, गाली देना, डाटना; -*n.* murmur. गुर्राहट; **Chiding** (-इङ्ग्)-*adj.* scolding. गाली देता हुआ ।

Chief-चीफ़्-*n.* (*fem.* Chiefess-ऍस्) ruler, leader. प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया;-*adj.* first in importance, prominent, principal, most important. प्रधान, मुख्य; **Chief Commissioner**-मुख्य आयुक्त; **Chief Election-Commissoner**-मुख्य निर्वाचन आयुक्त; **Chief Judge**-मुख्य न्यायाधिपति; **Chief Minister**-मुख्य मंत्री ; **Chiefly** (-लि)-*adv.* principally, above all. विशेष करके, सर्वोपरि ।

Chieftain-चीफ़्'टेन्-*n.* a captain, the head of a tribe. सेनापति, मुखिया ।

Chiffon-शीफ़ॉन्-*n.* thin gauzy material used in dress. बारीक कपड़ा; **Chiffonier** (-इअर्)-*n.* an ornamental sideboard. सजावटी अलमारी ।

Chilblain-चिल्'-ब्लेन्-*n.* an itching inflammation of skin on hand or feet. हाथ या पैर की बेवाय ।

Child-चाइल्ड् -*n.* (*pl.* Children चिल्-ड्रेन्) a new born human being, offspring, an infant. बालक (बच्चा), सन्तति; **Child-bed** (state of being with child.) प्रसव की अवस्था ; **Childbirth** (birth of a child.) प्रसव; **Childhood** (-हुड्) -*n.* infancy. शैशव, बाल्यावस्था, लड़कपन; **Childish** (-इश्)-*adj.* puerile. बालक के समान; **Childishness** -*n.* the state of being childish. लड़कपन ; **Childless** (-लेस्)-*adj.* without progeny. निर्वंश, पुत्ररहित; **Child-like** (-लाइक्) -*adj.* like a child, artless, simple. शिशुतुल्य, सरल; **Child's play** (easy work.) सरल कार्य; **Child wife** (a very young wife.) छोटी दुलहिन; **Second childhood** (dotage.) बुढ़ाती का सिड़ीपन; **With child** (pregnant.) गर्भिणी; **A burnt child dreads the fire.** दूध का जला मट्ठा फूँककर पीता है ।

Children-चिल्'-ड्रेन्-*n. pl.* of Child.' 'चाइल्ड' शब्द का बहुवचन।

Chiliad-किल्'-इ-ऑड्-*n.* a thousand years. एक हज़ार वर्ष का काल।

Chill-चिल्-*n.* cold sensation, coldness, depressing influence. ठंढक, शैत्य, उत्साहहीनता; -*adj.* feeling cold, unfeeling. शीतल (ठण्ढा), उदासीन;-*v. t.* to make cold, to depress, to discourage. शीतल करना, उत्साहहीन करना; To cast a chill over (to show indifference.) उदासीन भाव दिखलाना।

Chilli-चिल्'-लि-*n.* dried pod of capsicum. सूखा लाल मिरचा।

Chilliness-चिल्'-लि-नेस्-*n.* the state of being chilly. शैत्य, ठंढ।

Chilly-चिल्'-लि-*adj.* feeling rather cold. स्पर्श में प्रायः ठण्ढा।

Chime-चाइम्'-*v. t. & i.* to sound like a bell, to be in rhyme, to accord, to be in agreement, to agree. घण्टी के समान शब्द करना, सुर में होना, एक लय में होना; -*n.* harmonious sound of a musical instrument or bell, edge or rim of a cask. बाजे या घंटी का सुरीला शब्द, पीपे का किनारा।

Chimera-किमीरा-*n.* a fanciful conception. असम्भव कल्पना, मनगढ़न्त।

Chimerical-किमें रिकल-*adj.* purely imaginary. काल्पनिक, अमूलक; (also **Chimeric**)।

Chimney-चिम्'-नी-*n.* passage for carrying off smoke, a glass tube over lamp-flame. धुआँकश, चिमनी; **Chimney-pot** (a cylindrical earthen pipe at the top of a chimney, a tall hat.) चिमनी के सिरे पर लगी हुई गिलासनुमा मिट्टी की नली, अंग्रेज़ी ऊँची टोपी; **Chimney-sweep(-er)**-*n.* a boy who sweeps chimneys. धुआँकश साफ़ करनेवाला बालक।

Chimpanzee-चिम्पन्ज़ी-*n.* an African ape resembling man. अफ्रीका देश का वनमानुष।

Chin-चिन्-*n.* the front part of lower jaw. चिबुक, ठुड्डी; **Chin-deep**-*adj.* (greatly involved.) अति लीन।

China-चाइ'-ना-*n. & adj.* a country in the east of Asia, earthenware made of porcelain of china, Chinese. चीन देश, चीनी मिट्टी के बने बरतन, चीन देश का, चीनी।

Chine-चाइन्-*n.* an animal's backbone, ridge, a ravine. जानवर की रीढ़ की हड्डी, किनारा, दरार, दर्रा;-*v. t.* to break the back of. किसी की पीठ तोड़ देना।

Chinese-चाइ-नीज़्'-*n. & adj.* an inhabitant of China. चीन देशवासी, चीनी।

Chink-चिङ्क्-*n.* a crevice, a peephole, the sound of glasses or coins striking together. झरोखा, दरार, सिक्कों की झनकार (खनकार)।

Chintz-चिन्ट्स्-*n.* glazed printed cotton cloth. छींट।

Chip-चिप्-*n.* a thin piece cut off from wood or stone, slice of fruits, a wrestling trick, a piece of fried potato, a sovereign, a piece of dried cow-dung, a key of a musical organ. लकड़ी या पत्थर या फल का टुकड़ा, कुश्ती का दाँव, भुने आलू का टुकड़ा, राजा, प्रभु, उपली, बाजे की चाभी; -*v. t.* (*p. t.* Chipped.) to cut into small pieces, to break or crack. काटना, कतरना, टुकड़ा करना; **Chip of the old block** (a son resembling his father.) पिता के समान पुत्र; **Dry as a chip** (tasteless.) बेस्वाद; **To chip in** (to inter-rupt.) विघ्न डालना।

Chippy-चिप्'-पि-*adj.* full of chips, uninteresting. टुकड़ेदार, अरोचक।

Chips-चिप्स्-*n.* (*naut.*) a ship's carpenter. जहाज़ का बढ़ई।

Chirography-काइरो-ग्रो-फ़ि-*n.* handwriting. हाथ की लिखावट।

Chirology-काइरो-लॅ-जि-*n.* the art of practice of talking with signs made by hands and fingers. हाथ और अँगुलियों के संकेत से बातचीत करने की कला या अभ्यास।

Chiromancer-काइ'-रो-मॅन्'-सर्-*n.* one who is skilled in chiromancy. हस्तरेखा की विद्या जाननेवाला।

Chiromancy-काइ'-रो-मॅन्-सि-*n.* palmistry. हस्त-सामुद्रिक, हस्तरेखा की विद्या।

Chirp-चर्प्-*v. i.* to make short notes like a bird, to talk merrily, to speak feebly. पक्षी की तरह चूँ चूँ करना, आनन्द से बात करना, धीरे से बोलना;-*n.* the shrill sound of birds or insects. चिड़ियों या फतिंगों का कर्कश शब्द।

Chirpy-चर्पि-*adj.* lively, cheerful, chatty. आनन्दी, प्रसन्न, बकवादी।

Chirr-चर्-*v. i.* to make trilling sound, to chirp like a cricket. चर-चर का शब्द करना, झींगुर की तरह झनकारना।

Chisel-चिज़्'-ल्-*n.* an iron or steel tool for shaping wood, stone or metal. रुखानी, छेनी, टाँकी ; -*v. t.* (*p. t.* Chiselled.) रुखानी से काटना ; Chiselled features (clear-cut features.) साफ़-सुथरी आकृति; Cold chisel. लोहा काटने की छेनी ।

chisel.

Chit-चिट्-*n.* a young child, a young woman, a small piece of paper. छोटा बच्चा, युवा स्त्री, कागज का टुकड़ा ।

Chitchat-चिट्'-चैट्-*n.* small talk, gossip, prattle. गपशप, बातचीत ।

Chitty-चिट्'-टि - *adj.* like a babe, childish. बच्चे के समान ।

Chivalric-शिव्'-ऑल्-रिक् - *adj.* worthy of a knight, courteous. शूर-वीर के योग्य, शिष्ट, विनीत ।

Chivalrous-शिव्'-ऑल्-रस्-*adj.* characterized by knightly qualities. शूर-वीर के समान; Chivalrously (-रस्-ली) -*adv.* in a chivalrous spirit. वीरता से ।

Chivalry-शिव्-अल्-रि-*n.* gallantry, a knight's characteristics. वीरता, शूरवीर के गुण ।

Chloride-क्लोर्' - आइड् - *n.* a compound of chlorine. क्लोरीन् मिश्रित एक योग ।

Chlorine-क्लोर्'-इन्-*n.* an ill-smelling gas. साँस घुटानेवाली एक गैस ।

Chlorodyne-क्लोर्'-ओ - डाइन्-*n.* a narcotic and anodyne medicine. निद्राजनक तथा पीड़ाहर एक पेटेन्ट दवा ।

Chloroform - क्लोरो - फ़ॉर्म्-*n.* a liquid for producing insensibility. बेहोश करने की एक प्रसिद्ध तरल औषधि; -*v. t.* to apply chloroform to. बेहोशी की दवा का प्रयोग करना ।

Chock-चॉक्-*n.* a block of wood. लकड़ी का टुकड़ा; -*v. t.* to make fast with chock. ओट लगाना; -*adv.* tightly, closely. (कड़ी से) कसकर ।

Chocolate-चॉकॅलिट्-*n.* a kind of sweatmeat containing sugar, coco and flour. मैदा, चीनी और कोको की एक प्रकार की मिठाई; -*adj.* tasting like chocolate, having red-brown colour like chocolate. चोकोलेट के समान स्वादवाला, चोकोलेट के समान लाल-भूरा रंगवाला ।

Choice-चॉइस्-*n.* act or power of choosing, the thing chosen, selection, alternative. चुनाव, चुनी हुई वस्तु, छटाव; -*adj.* exquisite, appropriate. उत्तम, पसन्द के लायक; Choicely (-लि) -*adv.* carefully. सावधानी से; To have no choice (not to care.) परवाह न करना; To take one's choice (to decide, to settle.) निर्णय करना, स्थिर करना ।

Death-डेथ्-*n.* end of life, annihilation, want of spiritual life. मरण, मृत्यु, नाश; **Death-bed** (the bed on which one dies.) मृत्युशय्या; **Death-blow** (a blow extinguishing life.) प्राण लेनेवाला आघात; **Deathless** (-लेस्)-*adj.* not subject to death. अमर, अनश्वर, चिरस्थायी; **Deathlessness** (-लेस्-नेस)-*n.* immortality. अमरत्व; **Death-like** (-लाइक्)-*adj.* (resembling death.) मृत्यु सदृश; **Death-rate** (proportion of death.) प्रतिवर्ष १००० मनुष्यों में की मरण-संख्या; **Death-rattle** (a rattling in the throat of a dying man.) मरते समय की हिचकी; **Death-roll** (a list of the dead.) मृतकों की संख्या; **Death trap** (a place dangerous to life.) प्राण-संकट का स्थान; **Angel of death.** यमदूत; **At death's door** (ready to die.) मरणासन्न; **A violent death** अपमृत्यु; **Sentenced to death** (ordered to be executed.) प्राणदण्ड की आज्ञा पाया हुआ।

Debacle-डिबाक्'-क्‌ल्-*n.* a sudden rush of water. पानी का तोड़।

Debar-डिबार्'-*v. t.* (*p. t.* **Debarred.**) to prevent, to hinder, to obstruct, to exclude from admission. निषेध करना, रोकना, प्रवेश न होने देना।

Debark-डिबार्क्' -*v. i. & t.* to disembark. नाव या जहाज पर से उतरना या उतारना; **Debarkation** (-के'-शन्)-*n.* a landing from boat or a ship. नाव या जहाज पर से उतार।

Debase-डिबेस-*v. t.* to lower in quality or value, to adulterate. पदवी घटाना, मूल्य कम करना, मिलावट करना; **Debasement** (-मेन्ट्) -*n.* degradation. अधोगति, नीच स्थिति।

Debatable-डि-बे-टेब्‌ल्-*adj.* liable to be questioned, subject to discussion. विवादयोग्य; सन्देहयुक्त।

Debate-डिबेट्-*v. t.* to dispute about, to discuss, to ponder. झगड़ना, विवाद करना (तर्क करना), विचार करना; -*n.* discussion, public argument. विवाद, सार्वजनिक वितर्क; **Debater** (-अर्)-*n.* a disputant. वादी।

Debauch-डिबॉच्'-*v. t. & i.* to make intemperate, to seduce, to vitiate. दूषित करना, सतीत्व भ्रष्ट करना, नाश करना; -*n.* the habit of indulgence. विषयों का उपभोग, असंयम; **Debauchable** (-एब्‌ल्)-*adj.* able to be vitiated. दूषित करने योग्य; **Debauchee** (डेबॉशी)-*n.* viciously sensual person. विषयासक्त, दुराचारी, लम्पट; **Debauchery** (-अर्-इ)-*n.* habitual lewdness. विषयोपभोग (भ्रष्ट आचरण), व्यसन।

Debel-डिबेल्-*v. t.* (*p. t.* **Debelled.**) to conquer in war. युद्ध में जीतना।

Debenture-डिबेन्चर्-*n.* a written note or bond acknowledging a sum on which interest is due, a bond. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र।

Debilitate-डिबिल्'-इ-टेट्-*v. t.* to weaken, to enfeeble. शक्तिहीन बनाना, दुर्बल करना; **Debilitated** (-एड्)-*adj.* enfeebled. क्षीण, दुबल, अशक्त; **Debilitating** (-इङ्ग्)-*adj.* weakening. दुर्बल करनेवाला; **Debilitation** (-टे'-शन्)-*n.* the act of weakening. दौर्बल्य।

Debility-डेबिल्'-इ-इ-*n.* feebleness of health or purpose, langour. शक्तिहीनता (दुर्बलता), अशक्तता।

Debit-डेब्'-इट्-*n.* an entry in accounts for sum due. (हिसाब की वही में) नामे की रकम (खर्च की मद);-*v. t.* (*p. t.* **Debited**) to charge with such a sum, to enter on the debtor side of an account. खर्चे में लिखना, किसी के नामे लिखना।

Debonair-डे'-ब-नेअर्-*adj.* genial, pleasant, well-bred. सुशील, विनीत।

Debouch-डिबूश्'-*v. i.* to come out of a wood or ravine. (सेना का) कन्दरा या जंगल से मैदान में निकल आना; **Debouchment** (-मेन्ट्) -*n.* act of debouching. ऊपर कही हुई क्रिया।

Debris-डब्री-*n. sing. & pl.* scattered fragments, refuse, wreckage. मलवा, टूटे हुए टुकड़े।

Debt-डेट्-*n.* a sum owed to a person. ऋण, उधार; **Debt of honour** (dues in gambling.) जुए में का ऋण (जो कानूनन् वसूल नहीं हो सकता); **Debt of nature** (death.) मृत्यु; **Floating debt** (debt repayable on demand.) निर्धारित समय पर चुकाया जानेवाला ऋण; **National debt** (the debt of the state.) राष्ट्रीय ऋण; **Involved in debt** (to be indebted.) ऋणग्रस्त; **To run in debt, To incur debt** (to be indebted.) ऋणी होना।

Debtless-डेट्'-लेस् *adj.* free from debt. ऋणमुक्त, क़र्ज़ से बरी।

Debtor-डेटर्-*n.* one who owes a sum or duty. देनदार, ऋणी।

Debus-डि-बस्'-*v. t. & i.* to unload from a lorry or motor vehicle. मोटर गाड़ी से उतरना या सामान उतारना।

Decade-डेक्'-एड्-*n.* a series of ten years. दस वर्ष का समय; **Decadic** (-इक्), **Decadal** (-ऍ-डल) -*adjs.* consisting of ten years. दशवर्षीय।

Decadence-डेक'-डन्स्-*n.* condition of decay. क्षय, नाश; **Decadent** (-डेन्ट्) -*adj.* falling away, declining. क्षय होनेवाला, अवनति का।

Decagon-डेकगॉन्-*n.* a plane figure bounded by ten lines. दशभुज ; **Decagonal** (-अल) -*adj.* having ten sides. दस भुजवाला।

Decalcify-डी-कॉल्'-सि- फ़ाइ-*v. t.* (*p.t.* Decalcified) to deprive (bone) of lime. (हड्डी में से) चूने का अंश निकाल देना।

Decalogue - डेक' - लॉग् -*n.* the Ten Commandments of Christ. ईसा मसीह के दस (प्रधान) आदेश।

Decamp-डि-कैम्प्' -*v. i.* to leave camp, to abscond, to go away suddenly. डेरा छोड़ना, एकाएक भाग जाना, रफ़ू-चक्कर होना; **Decampment** (-मेन्ट्) -*n.* a marching off. भगाव, कूच करना।

Decanal-डेकेनल्-*adj.* pertaining to a dean. पादरी-सम्बन्धी।

Decant-डि - कैन्ट्-*v. t.* to pour off liquid from a vessel without disturbing sediment. पसाना, निथारना।

Decanter-डि-कैन्ट्'-अर्-*n.* a stoppered ornamental glass-bottle for wine. डाट लगी हुई सुन्दर शीशे की मदिरा की बोतल।

Decapitate-डि-कैप्'-इ-टेट्-*v. t.* to cut off the head, to behead. सिर काटना; **Decapitation** (-इट् - ए' - शन्) -*n.* the act of beheading. शिरच्छेद।

Decapod-डिक्'-ऑ-पॉड्-*n.* a shell-fish having ten feet. दस पैरवाला जलचर।

Decarbonize-डीकार्बनाइज़्-*v. t.* to deprive a thing of carbon. किसी पदार्थ से आलात अंश (कार्बन) हटाना।

Decay-डि-के -*v. i.* (*p. t.* Decayed) to deteriorate, to waste away, to rot. क्षय होना (गलना), सड़ना; -*n.* decline, decomposition, breaking up of health. ह्रास, नाश, सड़न, स्वास्थ्य का बिगड़ना।

Decease-डि-सीस्'-*n.* death, departure from life. मरण, मृत्यु; -*v. i.* to die. मृत्यु को प्राप्त होना, मरना; **Deceased** (-ड्) -*adj.* dead. मृत, स्वर्गवासी।

Deceit-डि-सीट्'-*n.* a trick, stratagem, fraud. कपट, छल, वंचना; **Deceitful** (-फ़ुल)-*adj.* full of deceit. धूर्त, कपटी, छली; **Deceitfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a deceitful manner. छल से, कपट से; **Deceitfulness** (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* tendency to deceive. छल, कपट।

Deceivable - डिसीवेब्ल - *adj.* that may be deceived. छलने योग्य।

Deceive-डि-सीव्'-*v. t.* to mislead, to disappoint. ठगना (मोहना), धोखा देना; **Deceiver** (-अर्) -*n.* one who deceives, an impostor. वंचक, धूर्त।

December-डि-सेम्'-बर्-*n.* the last month of the English year. अंग्रेजी साल का अन्तिम महीना (दिसम्बर)।

Decency-डि'-सेन्' - सि-*n.* propriety of behaviour, respectability, modesty. मर्यादा, सुशीलता, विनय।

Decennary-डि-सेन-रि-*n.* a period of ten years. दस वर्ष का काल।

Decennial-डि-सेन्'-नि-ऑल्-*adj.* recurring or happening every ten years. प्रति दस वर्ष में होनेवाली।

Decent-डी'-सेन्ट् -*adj.* respectable, modest, seemly, proper, tolerable. सभ्य (शिष्ट), विनीत, उचित, सह्य; **Decently** (-लि)-*adv.* in a decent manner. सभ्यता या शिष्टता से।

Decentralize-डी-सेन्ट्र-लाइज़् -*v. t.* to confer local government on. स्थानिक प्रबन्ध का अधिकार देना; **Decentralization** (-ए'-शन्) -*n.* transference of central government to a local one. स्थानिक अधिकार प्रदान।

Deception-डि-सेप्'शन्-*n.* a deceiving trick, a sham. कपट (छल), माया, धोखा।

Deceptive-डि-सेप्'-टिव्-*adj.* apt to deceive, misleading. (धूर्त, कपटी, मायावी) धोखा देनेवाला; **Deceptively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a deceptive manner. छल से, धोखे से; **Deceptiveness** (-टिव्-नेस्) -*n.* a tendency to deceive, deception. धोखेबाज़ी।

Decern-डिसर्न-*v. t. & i.* to judge, to decree. निर्णय करना, डिगरी करना।

Decidable - डि - साइडे-ब्ल-*adj.* able to be decided. निर्णय करने योग्य।

Decide-डि-साइड्-*v. t. & i.* to settle, to give judgement, to come to a resolution. स्थिर करना, निर्णय देना; निश्चित करना, **Decidable** (-ऍ-ब्ल)-*adj.* that may be decided. निर्णय के योग्य; **Decided** (-ऍड) -*adj.* definite. निश्चित; **Decidedly** (-ऍड्-लि)

-*adv.* in a decided manner. स्थिरता से, निश्चय से; **Decider** (-अर्)-*n.* one who decides. स्थिर (निर्णय) करनेवाला।

Decidence-डि-सि-इ-ऍन्स्-*n.* the act of falling off. गिरने का कार्य, पतन।

Deciduous-डॅ-सिड्' - यू-अस् - *adj.* shedding leaves, teeth &c. periodically. पतनशील, झड़नेवाला; **Deciduousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being deciduous. पतनशीलता।

Decigram - डॅ-सिग्राम् - *n.* one-tenth of a gramme. एक ग्राम् का दशमांश।

Decillion-डिस्-सिल्यन्'-*n.* the tenth power of a million. किसी संख्या पर साठ शून्य रखने पर जो अङ्क बनता हो।

Decimal-डॅस्'-सि-मल्-*adj.* & *n.* of tenths, proceeding by tens, a tenth. दशमिक, दशमलव, दशांश; **Decimal fraction.** दशमलव; **Decimalize** (-आइज्)-*v. t.* to convert into decimals. दशमलव-में परिणत करना; **Decimalization** (-आइज़् - ए'- शन्)-*n.* conversion into decimals. दशमलवीकरण; **Decimally** (-लि)-*adv.* by means of decimals. दशमलव के रूप में।

Decimate-डॅस्-सि-मेट् - *v. t.* to destroy a tenth part. दशम भाग नष्ट करना।

Decipher-डि - साइ' - फ़र्-*v. t.* to interpret hidden writings, to reveal. गूढ़ाक्षरों को स्पष्ट करना, छिपे को खोलना ; **Decipherable** (-ए-ब्ल्) -*adj.* what may be deciphered. स्पष्ट करने योग्य; **Decipherment** (-मन्ट्)-*n.* the act of deciphering. स्पष्टीकरण।

Decision-डि- सिझ्' - अन् -*n.* a settlement, judgment, conclusion, resolve. निर्णय, निश्चय, परिणाम, विचार।

Decisive-डि-साइ'-सिव्-*adj.* deciding, conclusive. निश्चित, असन्दिग्ध; **Decisively** (-लि) -*adv.* in a decisive manner. स्थिरतापूर्वक, दृढ़ता से; **Decisiveness** (-नॅस्)-*n.* the state of being decisive. निश्चय, असन्दिग्धता।

Deck-डॅक्-*v. t.* to cover, to array, to adorn. ढाँकना, सजाना, अलंकृत करना; -*n.* the platform of a ship. जहाज़ की छत; **Deck-chair** (a folding chair.) मुड़नेवाली कुर्सी; **Deck-house** (a cabin on the deck of a ship.) जहाज की छत पर बना हुआ कमरा।

Deckle-डॅकुल्-*n.* an implement for fixing the size of paper in paper-making machine. कागज़ बनाने के यन्त्र में कागज की नाप स्थिर करने का फ्रेम या ढाँचा।

Declaim-डि-क्लम्' -*v. t.* to speak rhetorically. आलङ्कारिक भाषा में बातें करना ; **Declaimer** (-अर्) -*n.* (clamorous) speaker. बकवादी।

Declamation-डिक्-लॅ-मे'-शन्-*n.* an impassioned speech, a harangue. शब्दपाण्डित्य, वाक्चातुर्य; **Declamatory** (-डि-क्लॅमॅटरी) -*adj.* noisy and rhetorical. तीव्र और आलङ्कारिक।

Declarant-डि-क्लॅअर्'-अॅन्ट्-*n.* one who makes a legal declaration. क़ानूनी प्रतिज्ञा करनेवाला मनुष्य।

Declaration-डिक्-लॅर्-ए'-शन्-*n.* an announcement, assertion, proclamation. प्रकाशन, भाषण, उक्ति, घोषणा।

Declarative-डि - क्लॅ-रॅ'-टिव्-*adj.* making a declaration. प्रकाशक; **Declaratively** (-टिव्-लि) -*adv.* in a declarative manner. प्रतिज्ञापूर्वक; **Declaratory** (-टरि)-*adj.* explanatory, making a declaration, expressive. निवेदक, सूचक, ज्ञापक।

Declare-डि-क्लॅअर्'-*v. t.* to make known, to proclaim publicly, to reveal. प्रकाशित करना (प्रकट करना), घोषणा करना, सूचित करना ; **Declared** (-ड्) -*adj.* publicly announced. सर्वसाधारण को सूचित; **To declare oneself** (to expose one's intention.) अपनी इच्छा प्रकट करना ; **To declare off** (to quit openly.) सट्टा तोड़ना।

Declension-डि-क्लॅन्-शन्-*n.* decay, deterioration, a case-inflexion (*in gram.*) क्षय, नाश, (व्या०) विभक्ति का रूप।

Declinable-डि-क्लाइ'-नॅ-ब्ल्-*adj.* see Decline. रूप चलाने योग्य।

Declination-डॅक्-लिन्-ए'-शन्-*n.* a downward bend. नीचे को झुकाव।

Decline-डि-क्लाइन्'-*v. i.* & *t.* to droop, (to bend), to draw to a close, to decrease, to refuse, to inflect. झुकना, अन्त होना, कम होना, अस्वीकार करना (क्षय होना, ध्वंस होना), शब्दों का रूप चलाना ; -*n.* decay, deterioration, fall of price. नाश, क्षय, मूल्य कम होना; **Declinable** (-क्लाइ-नॅ-ब्ल) -*adj.* capable of inflexion (*in gram.*) व्याकरण में रूप चलाने योग्य।

Declinometer-डिक्लिनोमिटर्-*n.* a contrivance for measuring magnetic declination of a needle. चुम्बकीय झुकाव नापने का यन्त्र।

Declivity-डि-क्लिव्'-इ-टि-*n.* a downward slope or inclination. ढार, उतार।

Declivous-डि-क्लिव्'- अस् - *adj.* bent downwards. नीचे को झुका हुआ।

Decoct-डि-कॉक्ट्'-*v. t.* to boil for extracting essence. क्वाथ करना, काढ़ा करके अर्क उतारना; **Decoction** (-कॉक्-शन्)-*n.* the act of boiling a substance in water. क्वाथ या काढ़ा बनाने का कार्य।

Decollate-डी-कॉल्'-लेट्-*v. t.* to behead. सिर काट लेना।

Decolorate-डी-कल्'-अर्-एट्-*v. t.* to remove colours. रंग हटाना।

Decolourize-डी-कल्'-अर्-आइज़्-*v.t.* to deprive of colours. रङ्ग हटाना; **Decolourization** (-ए-शन्) -*n.* the act of removing colour. रङ्ग हटाने की क्रिया, विवर्णी करण।

Decomplex-डी-कॉम्-प्लेक्स्-*adj.* doubly complex. दुबारा मिश्रित।

Decompose-डी-कॉम्-पोज़्-*v.t.* to separate into original elements. मौलिक पदार्थों में पृथक् करना; **Decomposable** (-पो'-जे-बल्)-*adj.* that may be decomposed. तत्त्व अलगाने योग्य; **Decomposition** (-पो-जि-शन्)-*n.* the act of decomposing a substance. पृथक्करण, विश्लेषण।

Decontrol-डी-कण्ट्रोल्'-*v. t.* to release from government control. सरकारी नियन्त्रण हटाना।

Decorate-डेकरेट्-*v. t.* to furnish with ornaments, to beautify. अलंकृत करना (सजाना), शृङ्गार करना; **Decorative** (-रे-टिव्)-*adj.* adorning. विभूषित करने योग्य; **Decoration** (-रे'-शन्)-*n.* ornamentation. अलंकरण, सजावट; **Decorator** (-टर्)-*n.* one who decorates or embellishes. सजानेवाला।

Decorous-डे-कोर्-अस्-*adj.* dignified and decent, suitable. विनीत, शिष्ट, योग्य; **Decorously** (-लि) -*adv.* in a dignified manner. शिष्टाचार से।

Decorticate-डी-कॉर्'-टि-केट्-*v. t* to strip off bark. छाल उतारना।

Decorum-डे-कोर्'-अम्-*n.* etiquette, propriety, decency, beauty. मर्यादा, सभ्यता, सुरीति, शिष्टाचार, सुन्दरता।

Decoy-डि-कॉय्'-*v. t.* to allure, to ensnare. लुभाना, फँसाना;-*n.* a bait, an enticement. चारा, प्रलोभन।

Decrease-डि-क्रीज़्'-*v. t. & i.* to lessen, to diminish gradually. कम करना, घटना; -*n.* (-क्री'-क्रीस्) gradual diminution. न्यूनता, कमी; **Decreasingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a decreasing manner. न्यूनता से।

Decree-डि-क्री'-*n.* an ordinance or edict, a decision of court, a judgment. राजाज्ञा, (व्यवस्था), डिग्री, निर्णय;-*v. t.* to ordain by a decree. आज्ञा देना, डिग्री करना; **Decree of God** (as ordained by Providence.) ईश्वरेच्छा।

Decrement डे-क्रि-मन्ट् - *n.* decrease, waste. कमी, नाश।

Decrepit-डि-क्रेप्'-इट्-*adj.* worn out with age, broken down. जराग्रस्त (जीर्ण), निबल; **Decrepitude** (-इ-ट्यूड्)-*n.* physical infirmity due to old age. बुढ़ापे की निर्बलता।

Decrepitate-डि-क्रेप्'-इ-टेट् - *v. i.* to crackle by heat. आँच से चटकना; **Decrepitation** (-इ'-टे'-शन्)-*n.* separation of parts caused by heat. अग्नि की सहायता से भागों का पृथक्करण।

Decrescent-डिक्रेसण्ट्-*adj.* decreasing, waning क्षयमाण, क्षयी।

Decretal-डि-क्री'-टील्-*adj.* pertaining to a decree. डिग्री-सम्बन्धी।

Decry-डि-क्राइ'-*v. t.* (*p. t.* Decried) to disparage, to cry down. निन्दा करना, आक्षेप करना (दोष देना)।

Decumbent-डि-कम्'-बन्ट्-*adj.* lying along ground. पृथ्वी पर पड़ा हुआ।

Decuple-डेक्'-यू-पल्-*adj.* tenfold. दसगुना; -*v. t.* to multiply by ten. किसी अङ्क को दस से गुणा करना।

Dedicate-डेड्-इ-केट्-*v. t.* to set apart for a holy purpose, to inscribe to patron. पवित्र कार्य के लिये अलग करना, किसी व्यक्ति के नाम उत्सर्ग करना; **Dedication** (-के'-शन्)-*n.* the act of dedicating, समर्पण, उत्सर्ग; **Dedicator** (-अर्)-*n.* a person who dedicates. उत्सर्गक; **Dedicatory** (-अरि)-*adj.* serving as a dedication. उत्सर्गिक।

Deduce-डि-ड्यूस्'-*v. t.* to trace descent of, to draw from, to infer as a conclusion. वंश का अन्वेषण करना, तर्क द्वारा निर्णय करना; **Deducible** (-इ-बल्)-*adj.* what may be inferred. तर्क द्वारा अनुमान करने योग्य।

Deduct-डि-डक्ट्'-*v. t.* to take away, to subtract. हटाना (कम करना), घटाना; **Deduction** (-डक्'-शन्)-*n.* a deducing, inference from general to particular. (अनुमान) व्यापक से व्याप्य का तर्क; **Deductive** (-इव्)-*adj.* deducible. वियोजक; **Deductively** (-इव्-लि)-*adv.* by way of deductive inference. वियोजक रीति के अनुसार।

Deed-डीड्-*n.* an actual fact, a performance, an exploit, a written or printed instrument for legal disposition. कृति, कार्य, चेष्टा, लेख-प्रमाण (दस्तावेज़); **Deedless** (-लेस्)-*adj.* not performing any deeds. कृति-रहित; **Sale-deed** (the instrument of a sale.) बयनामा; **Title deed** (a writing in evidence of declaring ownership of a real property.) किसी सम्पत्ति के विषयका अधिकारपत्र।

Deem-डीम्-*v. i.* to believe, to consider, to determine, to judge. विश्वास करना, विचारना, अनुमान करना।

Deep-डीप्-*adj.* going far down from top, profound, absorbed, intense, extreme, hidden, secret. गहरा, गम्भीर, ध्यानमग्न, अगाध, दुर्बोध; In deep waters (plunged into agony.) शोकाकुल; **Deepen** (-ऍन्)-*v. t.* to make deeper. घना करना, गम्भीर करना, गहरा करना; **Deeply** (-लि)-*adv.* profoundly, gravely. दीर्घता से, गंभीरतापूर्वक, नितान्त; **Deepness** (-नॅस्)-*n.* the state of being deep. गहराई; **Deep-read** (-रॅड्)-*adj.* deeply versed. सुशिक्षित; **Deep-sea** (-सी)-*n.* the ocean. महासागर; The deep (the sea.) समुद्र।

Deer-डिअर्-*n.* a ruminant quadruped with branching horns. मृग, कुरंग, हरिन; Spotted-deer. चितकबरा हरिन।

Spotted-deer.

Deface-डि-फ़ेस्'-*v. t.* to destroy the face, to obliterate. कुरूप करना, (आकृति) बिगाड़ना, दूषित करना; **Defaceable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be defaced. कुरूप करने या बिगाड़ने योग्य; **Defacement** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of defacing. नाश, दूषण।

Defalcate-डि'-फ़ॉल्-केट्-*v.t.* to misappropriate entrusted property. सौंपे हुए धन को अपनाना; **Defalcator** (-के'-टर्)-*n.* a defaulter, an embezzler. दोषी, विश्वासघाती; **Defalcation** (-के'-शन्)-*n.* a misappropriation of funds, breach of trust. सौंपे हुए धन का अपहरण, विश्वासघात।

Defamable-डि-फ़ेम्'-ए-ब्ल्-*adj.* able to be defamed. अपमान करने योग्य।

Defamation-डॅ-फ़ॅ-मे'-शन्-*n.* act of defaming, calumny, slander. अपयश (निन्दा), मानहानि।

Defamatory-डि-फ़ॅ-मॅटरि-*adj.* injurious to reputation, calumnious. अपवादक, अपमान करनेवाला।

Defame-डि-फ़ेम्'-*v.t.* to destroy the reputation of, to speak ill of. निन्दा करना, आक्षेप करना, अपयश करना।

Defamer-डि-फ़ेम्'-अर्-*n.* a slanderer. अपयश करनेवाला मनुष्य।

Defaming-डि-फ़ेम्'-इङ्ग्-*n.* defamation. अपयश, मानहानि।

Default-डि-फ़ॉल्ट्'-*n.* defect, neglect of duty, failure to act or appear. दोष, अपराध, अनुपस्थिति;-*v. i.* to fail to appear in court, not to meet call of money. अदालत में अनुपस्थित होना, वादे पर रुपया न चुकाना; **Defaulter** (-अर्)-*n.* one who is guilty of a default. दोषी, अपराधी।

Defeasance-डि-फ़ी'-ज़न्स्-*n.* rendering null. निष्फल करना; **Defeasible** (-ज़ि-ब्ल्)-*adj.* liable to forfeiture. ग्रहण, (ज़ब्त) करने योग्य; **Defeasibleness** (-ज़ि-ब्ल्-नॅस्)-*n.* the quality of being defeasible. ज़ब्ती।

Defeat-डि-फ़ीट्'-*v. t.* to frustrate, to ruin. पराजित करना, हराना;-*n.* ruin, overthrow, frustration. पराजय, हार; **Defeatism**-*n.* disposition to accept defeat. शत्रु के वश हो जाना।

Defeature-डिफ़ीचर्-*v. t.* to make unrecognizable. न पहिचानने योग्य बनाना;-*n.* disguise. कपट वेश।

Defecate-डॅ-फ़िकेट्'-*v. t.* to clear from dregs or impurities. मैल हटाना; **Defecation** (-के'-शन्)-*n.* purification. शोधन, मलहरण।

Defect-डि-फ़ेक्ट्'-*n.* deficiency, imperfection, error, blemish. न्यूनता (विकार), अपूर्णता, दोष, त्रुटि; **Defection** (-फ़ॅक्'-शन्)-*n.* a falling away from duty. धर्मत्याग, कर्त्तव्य च्युति; **Defective** (-इव्)-*adj.* incomplete, faulty, insufficient. अपूर्ण, दोषयुक्त, अपर्याप्त, न्यून; **Defectively** (-इव्-लि)-*adv.* in a defective manner. अपूर्णता से; **Defectiveness** (-इव्-नॅस्) -*n.* the state of being defective. न्यूनता।

Defence-डि-फ़ॅन्स्'-*n.* that which defends, protection, vindication, a defendant's plea. रक्षा, बचाव, प्रत्युत्तर, प्रतिवादी का उत्तर या दलील; **Defences** (*n.-pl.*) fortification. क़िलाबन्दी; **Defenceless** (-लॅस्)-*adj.* without defence. रक्षाहीन, निराश्रय; **Defencelessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* in a defenceless manner. निराश्रित ढंग से।

Defend-डि-फ़ॅन्ड्-*v. t. & i.* to guard, to protect, to speak in favour of. रक्षा करना, बचाना, मुक़दमे की जवाबदेही करना; **Defendant** (-ऍन्ट्)-*n.* a person accused or sued. जिस पर मुक़द्दमा चलाया जाता है, मुद्दालेह; **Defender** (-अर्)-*n.* one who defends. रक्षक, बचानेवाला।

Defensible-डि-फ़ॅन्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* that can be easily defended. सहज में रक्षा होने योग्य; **Defensibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a defensible manner. रक्षा करते हुए।

Defensive-डि-फ़ॅन्स्'-इव्-*adj.* serving in defence, protective. रक्षक (निवारक), बचाने वाला; -*n.* a safeguard. रक्षा की स्थिति; De-

fensively (-लि)-*adv.* in a defensive manner. रक्षा के रूप में।

Defer-डेॅ-फ़र्'-*v. t.* (*p. t.* Deferred) to put off, to postpone, to delay, to confer. विलम्ब करना, देर करना, टालना, सौंपना; -*v. i.* to submit to the opinion of a person. किसी के मत को स्वीकार करना; **Deferrable** (-ऍ-रब्ल्) -*adj.* लौटाने योग्य; **Deferred shares** (those payable only at fixed times.) अंश या भाग जो निश्चित समय से पहिले नहीं मिलता।

Deference-डेॅफ़्' - अर् - ऍन्स् - *n.* submission, regard, respect. अनुरोध, आदर, श्रद्धा; **Deferential** (-ऍन्'-श्ल्) -*adj.* expressing respect. श्रद्धासूचक; **Deferentially** (-ऍन्'-शॅल्-लि) -*adv.* with deference. आदरपूर्वक।

Defiance-डि-फ़ाइ'-ऑन्स् -*n.* act of defying, a challenge to fight, open disobedience. अवज्ञा, लड़ने के लिए ललकारना, आज्ञा न मानना, आज्ञा का उल्लंघन।

Defiant-डि-फ़ाइ'-ऑन्ट्-*adj.* openly disobedient, insolently bold. उद्धत, निडर; **Defiantly** (-लि) -*adv.* in a defiant manner. निडर होकर।

Deficiency-डिफ़िशन्सि -*n.* want, lack, defect. न्यूनता, हीनता, अपूर्णता।

Deficient- डिफ़िशन्ट् -*adj.* incomplete, wanting, defective. अपूर्ण, न्यून, हीन; **Deficiently** (-लि)-*adv.* in a defective manner. न्यूनता से।

Deficit- डेॅफ़्'-इ-सिट् -*n.* deficiency (*esp.* of revenue), excess of liabilities over assets. कमी (न्यूनता), घाटा।

Defier-डि-फ़ाइ'-अर् -*n.* one who defies or challenges. ललकारनेवाला।

Defile-डि-फ़ाइल् -*n.* a narrow way, a gorge. संकुचित मार्ग, दर्रा; -*v. i.* to march in files. पंक्ति में चलना;-*v. t.* to make dirty, to pollute. दूषित करना, अपवित्र करना, गन्दा करना; **Defilement** (- मन्ट्) - *n.* foulness, corruption, impurity. मालिन्य, कलंक, भ्रष्टता, अशुद्धता।

Definable-डि-फ़ाइन्'-ऍ-ब्ल् -*adj.* see Define.

Define-डि-फ़ाइन्-*v. t.* to lay down and fix the limits, to make clear, to declare the exact meaning. सीमा स्थिर करना, स्पष्ट करना (लक्षण बतलाना), स्पष्ट अर्थ कहना; **Definable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be defined. लक्षण निर्धारित करने योग्य।

Definite-डेॅफ़्'-इन्-इट् -*adj.* with exact limits, fixed, determinate, precise. निश्चित, निर्धारित (ठीक); **Definitely** (-लि) -*adv.* in a precise manner. निश्चित रूप से; **Definiteness** (-नेस) -*n.* certainty, state of being definite. स्थिरता।

Definition - डिफ़िनिशन् -*n.* description of a thing by its qualities, a brief explanation. लक्षण (निर्देश), परिभाषा, व्याख्या; **Definitive** (-इट्-इव्) -*adj.* decisive, positive, final. स्थिर, आवश्यक, अन्तिम; **Definitively** (-लि) -*adv.* in a definite manner. स्थिरतापूर्वक।

Deflagrate- डेॅफ़्ल'-ग्रेट् -*v. t.* to burn with sparkling flame. ज्वाला सहित जलाना; **Deflagration** (-ग्रे-शन्)-*n.* combustion. ज्वलन (दाह); **Deflagrator** (-ग्रे - टर्) -*n.* an electric battery. बिजली की बटरी।

Deflate-डी-फ़्लेट्' -*v. t.* to let inflated air out. किसी पदार्थ में भरी हुई हवा को निकालना; **Deflation** (-फ़्ले-शन्) -*n.* act of turning out. भरी हुई वायु को निकालने की क्रिया।

Deflation- डि-फ़्ले'-शन् -*n.* reducing the amount of paper money. (करेन्सी) नोट की संख्या कम करना।

Deflect-डि-फ़्लेॅक्ट्-*v. t. & i.* to turn aside, to bend down, to deviate from the right path. हटाना, झुकाना (मोड़ना), बुरे मार्ग पर जाना; **Deflection** (**Deflexion**-शन्)-*n.* downward bend, deviation नीचे को झुकाव, विमार्ग गमन; **Deflector** (-अर्) -*n.* that which deflects. झुकानेवाला।

Deflorate-डी-फ़्लोर्'-एट्-*adj.* past the flowering state. अतीत पुष्पन, पुष्पनातीत; **Defloration** (-ए'-शन्) -*n.* the act of deflowering. फूलना बन्द होना, अपुष्पन।

Deflower, Deflour-डिफ़्लावर्'-*v. t.* to ravage, to spoil, to deprive of flowers. चरित्र नष्ट करना, भ्रष्ट करना, फूलों से वञ्चित करना।

Defluent- डेॅफ़्लुअण्ट्-*adj.* flowing down. नीचे को बहने (या सरकने) वाला।

Defoliate- डि-फ़ो-लि-एॅट् -*adj.* deprived of leaves. पत्ती हटाया हुआ, पर्णच्युत।

Defoliation-डि-फ़ो'-लि-ए'-शन्-*n.* the time of the shedding of leaves. पतझड़ का समय।

Deform-डि-फ़ॉर्म्'-*v. t.* to make ugly, to put out of shape. कुरूप बनाना, बेढंगा करना, आकृति भ्रष्ट करना; **Deformation** (-ए'-शन्) -*n.* disfigurement. कुरूपता, विकृति; **Deformed** (-ड्)-*adj.* disfigured, mis-shapen. कुरूप, बेढंगा; **Deformity** (-इ-टि)-*n.* disfigurement. भद्दापन, कुरूपता।

Defraud-डि-फ़्रॉड्'-*v. t.* to deprive by fraud, to cheat, to deceive. कपट करके हरना, छलना (ठगना)।

Defray-डि-फ़्रे'-*v. t.* (*p. t.* Defrayed) to discharge by payment, to pay. देना, अदा

करना; Defrayable (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be defrayed. अदा करने योग्य; Defrayal (-अल्) -*n.* the act of defraying. देना, अदायगी।

Deft-डॅफ़्ट् -*adj.* skilful, clever, dexterous. कुशल, चतुर (निपुण); Deftly (-लि) -*adv.* in a skilful manner. चतुराई से; Deftness (-नॅस्) -*n.* the quality of being dexterous. निपुणता।

Defunct-डि-फ़ङ्क्ट्'-*adj.* no longer existing, dead. अप्रचलित, प्राणरहित, मृतक; Defunctive (-इव्) -*adj.* pertaining to dead persons. मृतक सम्बन्धी।

Defy-डि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* Defied) to challenge, to resist openly, to disregard, to present obstacles. ललकारना, अनादर करना, तुच्छ जानना, विघ्न या उपद्रव उत्पन्न करना।

Degenerate-डि-जॅन्'-अर्-इट् -*adj.* having lost high quality of race, corrupt, base. नष्टधर्मी, कुलाचारभ्रष्ट; - *v. i.* to become degraded. पतित होना, भ्रष्ट होना Degeneration (ए-शन्) -*n.* deterioration. कुल की मर्यादा का त्याग।

Deglutinate-डि-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to separate what is glued चिपकाये हुए को अलग करना; Deglutition (-टि-शन्) - *n.* swallowing. निगलना।

Degradation-डिग्-रॅ-डे'-शन्-*n.* see Degrade.

Degrade-डि-ग्रेड्'-*v. t.* to lower in rank or dignity, to disgrace. पद नीचा करना, अपमान करना; Degraded (-ऍड्)-*adj.* reduced, mean. न्यून, तुच्छ; Degrading (-इङ्ग्) -*adj.* disgraceful. अपमानजनक; Degradation(डॅग्-रॅ-डे'-शन्) -*n.* disgrace, degeneration, lowering in dignity. मानभङ्ग, नीच अवस्था।

Degree-डि-ग्री' -*n.* row, stage, step, rank, relative condition, academic rank, 360th part of a circle, 90th part of a right angle, unit of temperature. पंक्ति, दशा, स्थिति, उपाधि, परिमाण, भाग, अंश, अक्षांश, तापमान का अंश; In the highest degree (very much, exceedingly.) अति, अतिशय; In some degree (somewhat.) किञ्चित; By degrees (gradually.) क्रमशः, धीरे-धीरे।

Dehort-डिहॉर्ट' -*v. t.* to dissuade, to exhort. बहकाना; Dehortation (-ए'-शन्) -*n.* dissuasion. बहकाव।

Dehumanize-डी - ह्यू' - मन् -आइज़्-*v. t.* to deprive of human characteristics. मनुष्यत्व के गुण से वंचित या रहित करना।

Dehydrate-डि-हाइ'-ड्रेट्-*v.t.* to extract water from. किसी पदार्थ में से जल निकाल देना।

Deiform-डी'-इ-फ़ॉर्म् -*adj.* god-like in form. देवता-सदृश, देवतुल्य।

Deify-डी' -इ - फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* Deified) to worship as a deity, to make god-like. देवता सदृश पूजा करना, देवता-तुल्य बनाना; Deification (इफ़्-इ-के'-शन्) -*n.* act of deifying, a deified embodiment. देवतुल्य बनाने का कार्य, देवत्व प्राप्ति।

Deign-डेन् -*v. t.* & *i.* to condescend, to think fit, to favour. नम्रता दिखलाना, योग्य समझना, कृपा दिखलाना।

Deism-डी'-इज़्म्-*n.* a belief in the existence of God without accepting revelation. ईश्वरवाद, आस्तिकता।

Deist-डी'-इस्ट्-*n.* one who professes deism. ईश्वरवादी, आस्तिक।

Deity-डी'-इ-टि-*n.* divinity, a god or goddess. ईश्वर, देवता या देवी।

Deject-डि-जॅक्ट्'-*v. t.* to cast down, to depress. विषाद उत्पन्न करना, धैर्य छोड़ना; Dejected (-ऍड्)-*adj.* depressed. खिन्न, उदासीन; Dejectedly (-ऍड्-लि)-*adv.* in a dejected manner. खिन्नता से; Dejectedness (-ऍड्-नॅस्) -*n.* the state of being dejected. विषाद, उद्वेग; Dejection (-जॅक्'-शन्) -*n.* lowness of spirits. खेद, खिन्नता।

Dejecta-डि -जॅक्' - टा -*n. pl.* excrements or faeces of men or animals. पशु या मनुष्य की विष्ठा।

Delaine-डि-लॅन्'-*n.* a light dress material. एक प्रकार का महीन कपड़ा।

Delate-डि-लेट्' -*v. t.* to inform against, to charge with a crime. किसी के विरुद्ध सूचना देना, दोष लगाना।

Delay-डि-ले' -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Delayed) to postpone, to hinder, to linger, to put off time. विलम्ब करना, समय बिताना, देर करना; -*n.* waste of time, hindrance कालक्षेप, विलम्ब (देरी); Delayer (-अर्) -*n.* one who delays. विलम्ब करनेवाला; Delaying (-इङ्ग्) -*adj.* lingering. विलम्बी; Delayingly (-इङ्ग्-लि) -*adv.* lingeringly. विलम्ब करते हुए।

Dele-डी-ली -*v. t.* to delete or remove a letter or passage (*abbr. d*-in printing direction.) प्रूफ शोधने में अक्षर या शब्द हटाने का चिह्न।

Delectable-डि-लॅक्ट्'- ऑ-ब्ल - *adj.* pleasing, delightful. आनन्दकर, सुहावना; Delectation (-लॅक्-टे'-शन्) -*n.* enjoyment, delight. हर्ष, आनन्द।

Delegacy - डॅलिगॅसि-*n.* appointment as a delegate. प्रतिनिधि (डेलिगेट) के रूप में नियुक्ति।

Delegate - डॅलि-गेट्-*v. t.* to depute, to entrust, to send as a representative. नियुक्त करना, सौंपना, प्रतिनिधि भेजना; -*n.* an elected representative, a commissioner. प्रतिनिधि; **Delegation** (-गे'-शन्)-*n.* appointment of a delegate, persons delegated. प्रतिनिधि की नियुक्ति, प्रतिनिधि-मण्डल।

Delete-डिलीट्'-*v. t.* to blot or strike out, to erase. हटाना, मिटाना।

Deleterious - डॅलिटीरिअस् - *adj.* hurtful, poisonous. घातक, विषैला।

Delf-डॅल्फ्-*n.* ditch, a kind of earthenware. खाईं, मिट्टी का पात्र।

Delibate-डॅल्'-इ-बेट् -*v. t.* to taste, to sip. स्वाद लेना, चूसना।

Deliberate-डि-लिब्'-अर्-एट्-*adj.* well considered, cautious, not hurried. विचारपूर्वक, सावधानी से किया हुआ, निश्चित; -*v. i. & t.* to consider, to think carefully, to consult, to debate. विचार करना, भली भाँति समझना, सलाह लेना, बहस करना; **Deliberately** (-लि) -*adv.* in a deliberate manner. विचारपूर्वक; **Deliberateness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being deliberate. सावधान बनने के गुण।

Deliberation-डॅ-लिब्'-अर्-ए'-शन्-*n.* a careful consideration, a weighing in mind. स्थिर विचार, वितर्क (विवेचन); **Deliberative** (-ऍ-टिव्) -*adj.* proceeding from deliberation. विचार-शील; **Deliberatively** (-टिव्'-लि) -*adv.* by deliberation. विचारपूर्वक।

Delible-डॅल्'-इ-बल्-*adj.* that can be blotted out. मिटाने योग्य।

Delicacies-डॅलिकॅसिज-*n. pl.* objects delicate to taste. स्वादिष्ट भोजन।

Delicate-डॅल्'-इ-किट्-*adj.* dainty, luxurious, of fine texture, slender, liable to illness, sensitive. स्वादिष्ट, लम्पट, ललित, कोमल, सुकुमार, मृदु; **Delicately** (-लि)-*adv.* daintily, tenderly. स्वाद से, मृदुता से, कोमलता से।

Delicacy - डॅलिकॅसि-*n.* (*pl.* **Delicacies.**) weakness, nicety, refinement, tenderness. शिष्टाचार, दुर्बलता, भद्रता, कोमलता।

Delicious - डि - लिश्' - अस् - *adj.* highly delightful to the senses. सुस्वादु, मधुर, रमणीय; **Deliciously** (-लि)-*adv.* in a delicious manner, luxuriously. मधुरता से, रमणीयता से; **Deliciousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being delicious. स्वादुता, मधुरता।

Delict-डि-लिक्ट्'-*n.* a violation of law, misdemeanour. नियमभंग, दुर्व्यवहार।

Delight-डि-लाइट्'-*v. t. & i.* to please highly, to have or take great pleasure. अति प्रसन्न करना, अति सुखी होना; -*n.* high pleasure. आनन्द, सुख; **Delighted** (-ऍड्)-*adj.* full of delight. आनन्दित; **Delightful** (-फुल्)-*adj.* highly pleasing. रमणीय, आनन्द देनेवाला, हर्षजनक ; **Delightfully** (-फुल्-लि) -*adv.* in a delightful manner. आनन्दपूर्वक; **Delightfulness** -*n.* the quality of being delightful. आनन्ददायक होने का गुण; **Delightless** (-लॅस्)-*adj.* with no delight. आनन्दरहित ; **Delightsome** (-सम्) -*adj.* very pleasing. आनन्दयुक्त।

Delimit-डिलिमिट्-*v. t.* to fix the boundary. सीमा स्थिर करना; **Delimitation** (-इ-टे'-शन्) -*n.* the fixing of boundaries. सीमा का स्थिरीकरण।

Delineable-डिलिनिऍबल्- *adj.* able to be depicted. वर्णनीय, वर्णन करने योग्य।

Delineate-डि-लिन्'-इ-एट्-*v. t.* to represent by a sketch, to depict, to portray. नकशा खींचना, वर्णन करना, चित्र बनाना; **Delineation** (-ए-शन्) -*n.* a sketch, a description. चित्र (आलेख), वर्णन; **Delineator** (-टर्) -*n.* (one who delineates.) चित्रकार, वर्णन करनेवाला।

Delinquency-डि-लिन्'-क्वॅन्-सि -*n.* a fault, a crime. दोष, अपराध (पाप)।

Delinquent-डि-लिन्'-क्वॅन्ट् -*adj. & n.* defaulting, failing in duty, a criminal. पाप करनेवाला, कर्त्तव्य से चूकनेवाला, अपराधी।

Deliquesce- डॅल् - इ- क्वॅस्' -*v. i.* to melt, to become liquid. गलना, तरल होना; **Deliquescence** (-सॅन्स्) -*n.* the process of deliquescing. तरलता; **Deliquescent** (-क्वॅस्-सॅन्ट्) -*adj.* liquefying in air. वायु में पिघलनेवाला।

Delirious-डि-लिर्'-इ-अस्-*adj.* in a state of delirium. भ्रान्तचित्त, चैतन्यरहित, बेसुध।

Delirium-डि - लिर्'- रि-अम्-*n.* a disordered state of the brain. चित्तभ्रम, ज्ञानशून्यता, मूर्छा।

Deliver - डि - लिव्'-अर्-*v. t.* to save, to set free, to disburden a woman of a child in childbirth, to abandon, to hand over, to recite. बचाना, मुक्त करना, बच्चा जनना, त्यागना, सौंपना, आवृत्ति करना; **Deliverable** (-ऍ-बल) -*adj.* that can be delivered. सौंपने योग्य; **Deliverance** (-अॅन्स्) -*n.* rescue. मुक्ति, छुटकारा; **Deliverer** (-अर्) -*n.* a rescuer. मुक्तिदाता; **Delivery** (-इ) -*n.* childbirth, utterance,

formal handing over, rescue, surrender. जनन, उच्चारण, प्रतिपादन, छुटकारा, सौंपना।

Dell-डेल्-*n.* a small narrow valley, a hollow. छोटी सँकरी घाटी, गड्ढा।

Delocalize-डी-लोकलाइज़्-*v. t.* to centralize. केन्द्रीभूत करना।

Delta-डेल्' - टा-*n.* the fourth letter of the Greek alphabet [△], an alluvial triangular tract at the mouth of a river. ग्रीक वर्णमाला का चतुर्थ अक्षर, नदी के मुहाने पर त्रिभुजाकार नदी वाहित मिट्टी की भूमि।

Deltoid-डेल्' - टॉइड् - *adj.* triangular, like a delta. डेल्टा के समान त्रिकोण आकृति का।

Deludable-डि-ल्यूड् - ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be deluded. छलने योग्य।

Delude-डि-ल्यूड्-*v. t.* to impose upon, to deceive. मोहित करना, ठगना (छलना)।

Deluge-डॅल्-ल्यूज्-*n.* a great flood, a heavy rainfall. बड़ी बाढ़, मूसलधार वर्षा।

Delusion-डॅ-ल्यू'-ज़न्-*n.* a false impression or opinion, deception, fallacy. मोह, भ्रम, इन्द्रजाल, माया : **Delusional** (-अल्)-*adj.* pertaining to delusion. भ्रमसंबंधी; **Delusive** (-सिव्)-*adj.* deceptive, unreal. मायावी, भ्रमकारक; **Delusively** (-सिव्-लि)-*adv.* in a delusive manner. कपट से; **Delusiveness** (-सिव्-नस्)-*n.* the quality of being delusive. भ्रमजाल, कपट, छल।

Delusory-डि-ल्यू'-सॅ-रि -*adj.* apt to deceive. ठगने योग्य।

Delve-डॅल्व्-*v. t.* to dig. खोदना; -*n.* a cavity, a wrinkle. गड्ढा, झुर्री।

Demagnetize-डी-मॅग्-नि-टाइज़्-*v. t.* to deprive of magnetic power (polarity.) चुम्बक की शक्ति को हटाना।

Demagogic - डॅम्-ऑ-गॉज्-इक् -*adj.* like a demagogue. प्रजानायक-सम्बन्धी।

Demagogism-डॅम्-ऑ-गॉग्'-इज़्म्-*n.* the principles of a demagogue. प्रजानायक के सिद्धान्त।

Demagogue-डॅम्' - ऑ - गॉग् -*n.* a popular leader, a ringleader, a factious orator. प्रजानायक, दुर्जनों का नेता।

Demand-डि-मान्ड्'-*n.* a rightful claim, an earnest enquiry. जिज्ञासा, माँग, तक़ाज़ा; -*v. t.* to ask authoritatively, to claim, to question. याचना करना (माँगना), पूछना; To demand one's name (to ask one's name.) नाम पूछना; **Demandable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be demanded. याचना के योग्य;

Demandant (-ऑन्ट्) - *n.* one who demands. याचक, प्रार्थी।

Demarcate - डी - मार्'-केट्-*v. t.* to fix the boundary. सीमा स्थिर करना।

Demarcation-डी-मार्क्-ए'-शन् -*n.* the marking of boundaries, division, a fixed limit. सीमारेखा का निर्धारण, विभाग, निश्चित सीमा।

Dematerialize-डी-मॅ-टिअर्'-इ-अ-लाइज़्-*v. t.* to deprive of material qualities. भौतिक गुणों से पृथक् करना।

Demean-डि-मीन्'-*v. i.* to behave, to conduct oneself. चेष्टा करना, व्यवहार करना; -*v. t.* to lower in dignity, पद में नीचा करना; **Demeanour** (-मी-नर्) -*n.* the outward bearing, behaviour. आचरण, व्यवहार (चेष्टा)।

Dement-डि-मॅन्ट्'-*v. t.* to drive mad. उन्मत्त करना, पागल करना ; **Dementia** (-मॅन्'-शि-आ) -*n.* a kind of insanity, acute mania. एक प्रकार का उन्माद।

Demerit- डी- मॅर्-इट्-*n.* fault, crime, defect. अवगुण, दोष, न्यूनता; **Demeritorious** (-ओर्'-इ-अस्) -*adj.* faulty, defective. अवगुणपूर्ण, दोषपूर्ण।

Demesne, Demain-डि-मीन्; डि-मॅन्' - *n.* a landed property. भूसम्पत्ति, जमींदारी।

Demi-डॅम्-इ-*pref.* in the sense of 'semi, half, imperfect.' 'आधा' तथा 'अपूर्ण' अर्थ-सूचक उपसर्ग।

Demi-devil-डॅम्'-इ-डॅव्'-इल -*n.* a half-devil in character. अर्धदैत्य या राक्षस।

Demigod-डॅम्-इ-गॉड्-*n.* the son of a god and mortal, a deified man. देवता तथा मनुष्य के संसर्ग से उत्पन्न सन्तान, उपदेवता, यक्ष, गन्धर्व।

Demi-lance-डॅम्'-इ - लॅन्स् -*n.* a small lance. छोटी बरछी।

Demi-lune-डॅम्' - इ - ल्यून्-*n.* a half-moon. अर्धचन्द्र।

Demi-official-डॅम्-इ-ऑफ़्-इश्-अल्-*adj.* partly official. अर्ध अधिकारी (सरकारी)।

Demise-डि-माइज़्'-*v. t.* to bequeath by will or lease, to transmit. (मृत्युलेख द्वारा) समर्पण करना, देना; -*n.* a transferring, death. समर्पण, मृत्यु।

Demission - डिमिशन् - *n.* a lowering relinquishment. घटाव, त्याग।

Demit-डि-मिट्-*v. t.* (*p. t.* Demitted) to resign. पद त्यागना, छोड़ना।

Demobilize-डी-मॉब्'-इल-आइज़्-*v. t.* to disband. सेना तोड़ देना; **Demobilization** (-ए'-

शन्)-*n.* the act of demobilizing. सेना तोड़ने का कार्य।

Democracy-डिमॉक्रेसि-*n.* a government by the people, a representative government, the multitude. प्रजासत्तात्मक राज्य, प्रजातन्त्र राज्य, संघ।

Democrat-डेंम्'-ओ-क्रॅट्-*n.* an advocate of popular government. प्रजातन्त्रवादी, प्रजापक्ष का अवलम्बी; **Democratic** (-क्रॅट्'-इक्)-*adj.* relating to democracy. सार्वलौकिक; **Democratically** (-इ-कॅल्-लि)-*adv.* in a democratic manner. प्रजातन्त्र रूप से; **Democratize** (मोक्'-रॅ-टाइज़्)-*v. t.* to render democratic. प्रजातन्त्रीय बनाना।

Demography-डी-मॉग्'-र-फ़ि-*n.* vital and social statistics of nations, study of population. किसी जाति की सामाजिक स्थिति का विवेचन, जनसंख्या का अध्ययन।

Demolish-डि-मॉल्'-इश्-*v. t.* to pull down, to destroy, to overthrow. ढाहना, नष्ट करना, ध्वंस करना; **Demolition** (-डेमो-लि-शन्)-*n.* ruin, destruction. नाश, उजाड़, (ढहाव)।

Demon-डी'-मन्-*n.* (*fem.* **Demoness**-ऍस्) a spirit, ghost, devil. भूत, पिशाच, दानव (असुर, राक्षस)।

Demonetize-डीमॅनिटाइज़्-*v. t.* to deprive of standard value as money. धातु के सिक्कों का मूल्य घटाना।

Demoniac, (**Demoniacal**) - डिमोनिअक्, (डीमनिअकल्)-*adjs.* influenced by demons. पिशाचग्रस्त; **Demonism** (-इज़्म्)-*n.* a belief in demons. भूत-प्रेत में विश्वास; **Demonize** (-आइज़्)-*v. t.* to turn into a demon. पिशाच बनाना; **Demonolatry** (डी-मॉनॅलेट्रि)-*n.* demon-worship. पिशाचपूजन; **Demonology** (-ओल्'-ऑ-जि)-*n.* a branch of learning concerned with demons. भूतविद्या, पिशाचविद्या।

Demonocracy-डी'-मॉन्-नॉक्'-रॅ-सि-*n.* the government of demons. दैत्यों या पिशाचों का राज्य।

Demonstrable-डें-मन्'-स्ट्रे-ब्ल्-*adj.* capable of demonstration. प्रमाणित करने योग्य; **Demonstrably** (-स्ट्रे-ब्लि)-*adv.* in a way to preclude or remove doubt. प्रमाणरूप में।

Demonstrate-डेंम्'-अन्-स्ट्रेट्-*v. t.* to describe and explain, to prove logically. प्रमाणित करना, सिद्ध करना, वर्णन करना; **Demonstration** (-स्ट्रे-शन्)-*n.* a clear proof, an outward exhibition, a military show. प्रमाण, सिद्धि, प्रदर्शन, सैनिक दिखाव; **Demonstrative** (-मन्'-स्ट्र-टिव्)-*adj.* serving to point out. निर्देशक, उपपादक; **Demonstratively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a demonstrative manner. सप्रमाण, सिद्धिपूर्वक; **Demonstrator** (-स्ट्र-टर्)-*n.* one who takes part in public demonstration, an assistant to a professor of science. निर्देशक, प्रदर्शक, रसायन शास्त्र के अध्यापक का सहायक।

Demoralize-डी-मॉरलाइज़्-*v. t.* to corrupt morals or spirits of, to deprave. धर्मभ्रष्ट करना, आचार दूषित करना; **Demoralization** (-आइज़्-ए-शन्)-*n.* act or state of demoralizing. आचारभ्रष्टीकरण, धर्मभ्रष्टता।

Demulcent-डि-मल्'-सेन्ट्-*adj.* & *n.* soothing or softening (medicine) शान्ति देनेवाली (औषधि)।

Demur-डि-मर्'-*v. i.* (*p. t.* **Demurred**) to create doubts or difficulties. शंका उपजना, मन डाँवाडोल होना;-*n.* hesitation, objection, pause, stop. शंका, सन्देह, अवरोध, रुकावट।

Demure-डि-म्यूर्-*adj.* grave, sober, affectedly coy. विनीत, गम्भीर, अति लज्जावाला; **Demurely** (-लि)-*adv.* in a demure manner. लज्जासहित, सविनय; **Demureness** (-नॅस्)-*n.* the state of being grave or sober. नम्रता, गम्भीरता, विनय, लज्जा।

Demurrable-डि-मर्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be demurred. शंकाके योग्य; **Demurrant** (-रॅन्ट्)-*n.* one who demurs. शङ्का उत्पन्न करनेवाला।

Demurrage-डि-मर्'-रॅज्-*n.* an allowance made for undue detention of goods. माल की समय से अधिक रुकावट का हरजाना।

Demy-डि-माइ'-*n.* (*pl.* **Demies**-इज़्) size of paper 17½×22½ in. for printing and 15½×20 in. for writing. कागज़ की नाप छापने का १७॥×२२॥ तथा लिखने का १५॥×२० इञ्च।

Den-डेंन्-*n.* a wild beast's lair, a hiding place of thieves, a dirty small room. माँद, चोरों के छिपने की गुहा, कन्दरा या खोह, छोटी गन्दी कोठरी।

Denary-डीनरि-*adj.* of ten, decimal. दश का, दशमलव-सम्बन्धी।

Denationalize-डीनॅशनलाइज़्-*v. t.* to deprive of national rights. जातित्व से वंचित करना।

Denaturalize-डीनॅचुरलाइज़्-*v. t.* to deprive of natural qualities. कृत्रिम बनाना, अप्राकृतिक करना, प्राकृतिक गुणों से वंचित करना।

Dendriform-डेन्'-ड्रि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the appearance of a tree. वृक्ष के समान आकार का।

Dendritic-डेंन्-ड्रिट्'-इक्-*adj.* tree-like. वृक्ष के समान।

Dendroid-डेन्-ड्रॉइड्'-*adj.* like a tree. वृक्ष के आकार का।

Dendrolatry-डेन्-ड्रॉल्'-ऍ-ट्रि-*n.* tree-worship. वृक्ष-पूजन।

Dengue-डेङ्ग्'-गे-*n.* a severe tropical fever accompanied by acute pain in the joints. लँगड़ा ज्वर।

Deniable-डि-नाइ'-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be denied, able to be rejected. अस्वीकार करने योग्य, निषेध योग्य।

Denial-डि-नाइ'-अल्-*n.* a refusal, contradiction, rejection. निषेध, अस्वीकार; **Denier** (-अर्)-*n.* one who denies. निषेधक, निषेध करनेवाला।

Denigrate-डे-नि-ग्रेट्-*v. t.* to blacken a man's character. किसी का चरित्र कलुषित या कलंकित करना।

Denizen-डेन्'-इ-ज़न्-*n.* an inhabitant, an occupant. निवासी, नागरिक;-*v. t.* to provide with occupants. बसना।

Denominate-डे-नॉम्'-इ-नेट्-*v. t.* to give a name to, to call, to describe. नाम रखना, पुकारना, वर्णन करना; **Denomination** (-ने'-शन्)-*n.* a name, title, designation. नाम, उपाधि, संज्ञा, जाति; **Denominational** (-शन-ल्) -*adj.* belonging to a sect. किसी विशिष्ट जाति का; **Denominative** (-टिव्)-*adj. & n.* having a distinctive title, a verb formed from a noun or an adjective. विशेष नामवाला, नाम धातु; **Denominator** (-टर्)-*n.* a divisor in a vulgar fraction. हर, भिन्न में भाजक संख्या अर्थात् रेखा के नीचे का अंक।

Denotable-डिनोटेब्ल्-*adj.* able to be denoted. सूचित करने योग्य।

Denotation-डीनोटेशन्-*n.* indication, designation, meaning of a term. सूचना, निर्देश, उपलक्षण

Denotative-डीनोटेटिव्-*adj.* having power to denote. सूचक, निर्देशक, वाचक; **Denotatively** (-लि)-*adv.* in a denotative manner. निर्देशक रूप में।

Denote-डि-नोट्-*v. t.* to distinguish, to indicate, to signify. निर्दिष्ट करना, सूचित करना, बतलाना।

Denouement-डे-नू'-माङ्ग्-*n.* the unravelling of a plot. षड्यंत्र का उद्घाटन।

Denounce-डि-नाउन्स्-*v. t.* to inform against, to prophesy evil, to notify termination of treaties &c. दोषी स्थापित करना, अनिष्ट प्रकाशित करना, संधिभंग की सूचना देना; **Denouncement** (-मेन्ट्) -*n.* अनिष्ट प्रकाशन; same as Denunciation.

Dense-डेन्स्-*adj.* crowded together, close, compact, stupid. घना, गहन, मूर्ख; **Densely** (-लि)-*adv.* in a dense manner. घनेपन (ठोसपन) से; **Denseness** (-नेस्)-*n.* the state of being dense. घनापन; **Density** (डेन्सिटि)-*n.* the quality of being dense. घनापन, ठोसपन।

Dent-डेन्ट्-*n.* a small hollow made by a blow. छेद, गड्ढा;-*v. t.* to make mark by a blow. प्रहार से चिह्नित करना; **Dental** (-अल्) -*adj.* of tooth. दाँत का, दन्त्य; **Dentate** (-एट्) -*adjs.* toothed. दाँतेदार बनाया हुआ; **Denticle** (-डेन्'-टि-क्ल्)-*n.* a small tooth. छोटा दाँत; **Dentiform** (-इ-फ़ॉर्म)-*adj.* in the form of a tooth. दाँत के आकार का ; **Dentifrice** (-डेन्'-टे-फ्रिस्)-*n.* powder or paste for cleansing teeth. दाँतों को साफ़ करने का मञ्जन; **Dentine** (-टीन्)-*n.* the hard tissue forming the main part of the teeth. दन्तरचना; **Dentist** (-टिस्ट्)-*n.* a dental surgeon. दाँत का डाक्टर ; **Dentistry** (-टिस्-ट्रि)-*n.* art of a dentist, दन्तविद्या, दन्तचिकित्सा ; **Dentition** (-टिशन्) -*n.* the growing of teeth. दाँत निकलना।

Dentoid-डेन्'-टॉइड्-*adj.* like a tooth. दाँत के आकार का।

Denture-डेञ्चर्-*n.* a set of artificial teeth. कृत्रिम दाँतों की पंक्ति।

Denudation-डिन्-यू-डे'-शन्-*n.* a making nude or bare. नग्नीकरण ; **Denudative** (-डेट्-इव्) -*adj.* that which lays bare. नङ्गा करनेवाला।

Denude-डि-न्यूड्-*v. t.* to make nude or naked, to strip of clothing. कपड़ा उतार लेना, नङ्गा करना।

Denunciation-डि-नन्-सि-ए'-शन्-*n.* act of denouncing, a public menace, a threat. अनिष्ट प्रकाशन, सार्वजनिक भर्त्सना; **Denunciative** (-टिव्), **Denunciatory** (-टर्-इ) -*adjs.* characterized by denunciation. निन्दनीय; **Denunciator** (-ए-टर्) -*n.* an accuser. निन्दा करनेवाला।

Deny-डि-नाइ'-*v. t.* (*p. t.* Denied) to declare untrue, to contradict, to refuse, to reject, to repudiate, to refuse access or admission to. झूठा कहना, निषेध करना, अस्वीकार करना, न मानना, प्रवेश रोकना।

Deodorize-डी-ओ-डर्-आइज़्-*v. t.* to deprive of smell or odour, to disinfect. गन्धहीन करना, दुर्गन्ध दूर करना।

Deontology - डी - ऑन् - टॉल्'-ऑ-जि-*n.* the

science of duty or morality, ethics. धर्मशास्त्र, चरित्रशास्त्र ।

Depaint-डि-पेंन्ट्'-*v. t.* to make a picture. चित्र बनाना ।

Depart-डिपार्ट्-*v. i.* to go away, to take leave, to start, to die, to deviate. चले जाना, विदाई लेना, प्रस्थान करना, मरना, विचलित होना; **Departed** (-ऍड्)-*adj.* dead, vanished. मृत, लुप्त; **Departure** (-चर्) -*n.* act of leaving a place, abandonment. प्रस्थान, अपसरण ।

Department-डिपार्ट-मॅन्ट्-*n.* a part, a distinct branch, a separate part of a whole. भाग, अंश, मण्डल; **Departmental** (मॅन्टल्) -*adj.* pertaining to a department of business &c. विभाग-सम्बन्धी; **Departmentally** (-मॅन्ट-लि) -*adv.* in a departmental way. विभाग सम्बन्ध से ।

Depasture-डि-पा-स्चर्-*n.* to turn out cattle to graze. चरने के लिये पशुओं को बाहर निकालना ।

Depauperate-डें-पॉ'-पर्-ऍट्-*v. t.* to impoverish. दरिद्र करना या बनाना ।

Depend-डि-पेंन्ड्'-*v. i.* to hang down, to rely upon, to be connected with. अवलम्बन करना, भरोसा करना, सम्बद्ध होना; **Dependable** (-ऍ-बुल्) -*adj.* that may be depended on. अवलम्बन के योग्य; **Dependant, Dependent** (-ऍन्ट्)-*ns.* one who relies on another, a follower, a retainer. अवलम्बी (अधीन), आश्रित, भृत्य; **Dependence** (-ऍन्स्) -*n.* support, reliance, trust. आश्रय, अधीनता, भरोसा (सहारा); **Dependency** (-पॅन्-डॅन्-सि)-*n.* a dependent country or province. अधीन प्रदेश, अन्यतन्त्र अथवा अधीन राज्य ।

Dependent-डि-पॅन्'-डॅन्ट्-*adj.* same as Dependant.

Depict-डि-पिक्ट्'-*v. t.* to paint, to describe in words. चित्र खींचना, नकशा बनाना, शब्दों में वर्णन करना; **Depicter, Depictor** (-अर्) -*ns.* a describer. वर्णन करनेवाला; **Depiction**-*n.* act of describing minutely. वर्णन, चित्र-लेखन; **Depictive** (-इव्) -*adj.* what may be described. वर्णनीय ।

Depilate-डें-पिल्-ऍट्-*v. t.* to strip or remove off hair. रोवाँ हटाना, बाल मूँड़ना ।

Depilatory-डिपिलॅटरि-*adj.* & *n.* having the power to remove hair, a lotion. बाल उड़ानेवाला, ऐसी औषधि ।

Deplanate-डि-प्लॅन्-ऍट्-*adj.* flattened. चिपटा किया हुआ ।

Deplenish-डि-प्लॅन्'-इश्-*v. t.* to empty (of contents.) खाली करना ।

Deplete-डि-प्लीट्'-*v. t.* to empty, to exhaust, to reduce. रिक्त करना, खाली करना, कम करना ।

Depletion-डि-प्ली'-शन्-*n.* act of exhausting. रिक्तीकरण; **Depletive** (-प्ली-टिव्)-*adj.* inducing depletion. शून्य करनेवाला ।

Deplorable-डि-प्लोर्-ऑ-बुल्-*adj.* wretched, lamentable. शोचनीय, विलापयुक्त; **Deplorability** (-ऍ-बिल्'-इ-टि), **Deplorableness** (-नॅस्)-*ns.* act of being deplorable. विलाप, शोक; **Deplorably** (-ऍब्-लि)-*adv.* miserably. शोचनीय रीति से ।

Deplore-डिप्लोर्'-*v. t.* to bewail, to feel deep grief over, to regret. विलाप करना, शोक करना, दुःख करना; **Deploringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a deploring manner. विलाप करते हुए ।

Deploy-डि-प्लॉय्'-*v. t.* to open out or extend in a line, to spread out. पंक्ति में रखना, फैलाना; **Deployment** (-मॅन्ट्) -*n.* act of deploying. फैलाव ।

Deplume-डि-प्लूम्'-*v. t.* to strip off feathers. पर उखाड़ना, पंख नोचना ।

Depolarize-डीपोलराइज़्-*v. t.* to deprive of polarity, to change polarity. विद्युत् धारा का क्रम हटाना या बदलना ।

Depone-डि-पोन्-*v. t.* to testify upon oath. शपथपूवक कहना ।

Deponent-डि-पो'-नॅन्ट्-*adj.* & *n.* one who gives testimony in a court, a witness अदालत में साक्षी देनेवाला व्यक्ति, गवाह ।

Depopulate-डी-पॉप्'-यु-लेट्-*v. t.* to reduce population. जन-संख्या कम करना; **Depopulation** (-ले-शन्) -*n.* act of dispeopling. निर्जन करना, जन शून्यकरण ।

Deport-डी-पोर्ट-*v. t.* to behave, to transport or banish. व्यवहार करना (चेष्टा करना), देश बाहर निकालना; **Deportation** (-पोर्-टे-शन्), -*n.* banishment. देश बाहर निकालना; **Deportment** (-मॅन्ट्) -*n.* demeanour, manners. आचरण (चेष्टित), व्यवहार ।

Depose-डि-पोज़्'-*v.t.* to remove from office or throne, to bear witness. राज्य अथवा अधिकार से हटाना, साक्षी देना; **Deposer** (-अर्)-*n.* one who deposes as a witness. राज्य अथवा अधिकार से हटानेवाला, साक्षी देनेवाला ।

Deposit-डि-पॉज़्'-इट्-*n.* that which is stored or entrusted, accumulation of mud, gravel &c. धरोहर (बन्धक), बालू, मिट्टी इत्यादि का जमना; -*v. t.* to lay down, to entrust for

keeping, to pay as a pledge. रखना, थाती (धरोहर) रखना, जमा करना; Depository (-पॉज़्-इ-टॅरि)-*n.* a trustee. थाती रखनेवाला; Deposition (-ज़िशन्)-*n.* testimony under oath. शपथपूर्वक साक्षी; Depositor (-अर्) -*n.* one who deposits. जमा करनेवाला; Depository (-टॉर्-रि) -*n.* a store house. संग्रहस्थान, कोठी।

Depot-डीप्-ओ-*n.* a place of deposit, a building for storage or sale, the headquarters of a regiment. शाला (आलय), गुदाम (भण्डार); सेना का केन्द्रस्थान; Book-depot (a place for keeping books.) पुस्तकालय।

Depravation-डॅ-प्र-वे'-शन्- *n.* degeneration, corruption, debasement. भ्रष्टता, नीचता, बुरा आचार।

Deprave-डि-प्रेव्' - *v. t.* to deteriorate, to corrupt, to vitiate. कलुषित करना; Depraved (-ड्) -*adj.* corrupt, debased. दुराचारी, दुष्ट; Depravedly (-ऍड् - लि)-*adv.* in a depraved manner. दुराचार के ढंग से; Depravity (-प्रॅव्'-इ-टि) -*n.* sinfulness, wickedness. दुराचारता, कलुषता, भ्रष्टता, दुष्टता।

Deprecate-डॅ-प्रि-केट् -*v. t.* to plead against, to express wish against. विपरीत प्रार्थना करना, प्रतिकूल इच्छा प्रकट करना; Deprecation (-के'-शन्) -*n.* act of deprecating. अनिच्छा, तिरस्कार।

Depreciate-डि-प्री'-शि-एट्-*v. t. & i.* to diminish value of, to fall in value, to regret. मूल्य घटाना, दाम कम होना, पछताना; Depreciation (-ए-शन्) -*n.* a reduction in value or worth, an allowance in valuation for wear and tear. मूल्य कम करना, मरम्मत इत्यादि के लिये छूट।

Epigram-ऍ-पि-ग्राम्-*n.* a concise witty poem. छोटी कविता, चुटकुला; **Epigrammatic** (-मॅट्-इक्) -*adj.* dealing in epigrams. चुटकुले का; **Epigrammatically** (-अल्-लि) -*adv.* in an epigrammatic manner. चुटकुले के रूप में; **Epigrammatist** (-मॅट्'-इस्ट्) -*n.* one who composes epigrams. चुटकुला बनानेवाला।

Epigraphic-ऍपि-ग्राफ़िक् -*adj.* see **Epigraph.**

Epigraph- ऍपि- ग्राफ़्- *n.* an inscription on statue, stone, coin etc. शिलालेख, मुद्रालेख; **Epigraphic** (-ग्राफ़िक्) -*adj.* pertaining to epigraphs. शिलालेख-सम्बन्धी।

Epigraphy-ऍपिग्र-फ़ि-*n.* the study of inscriptions. शिलालेख-विद्या।

Epilepsy-ऍ-पिले-प्सि-*n.* a nervous disease manifested by sudden unconsciousness. अपस्मार रोग, मृगी का रोग; **Epileptic** (-ऍप्ट्-इक्) -*adj.* pertaining to epilepsy. अपस्मार या मृगी रोग-सम्बन्धी।

Epilogue-ऍपिलॉग् - *n.* concluding part of a book, speech of an actor at the end of a play. पुस्तक का परिशिष्ट भाग, नाटक का उपसंहार; **Epilogize** (-आइज़्) -*v. t.* to speak an epilogue. उपसंहार पढ़ना।

Epiphora-ऍ-पिफ़ोरा - *n.* a disease in which tears collect in the eyes. आँखों में आँसू इकट्ठा होने का रोग।

Epiphyte-ऍपिफाइट्-*n.* a plant which grows on another plant. किसी वृक्ष पर उगनेवाला पौधा, परोपजीवी।

Episcopacy-ऍ-पिस्'-कप- सि - *n.* government of the church by the bishops or prelates. धर्माध्यक्षता, गिरजाघर में पादरी का शासन; **Episcopal** (-पल्) -*adj.* governed by bishops. धर्माध्यक्ष से शासित; **Episcopalian** (-पे'-लिअन्), -*adj.* & *n.* pertaining to bishops. धर्माध्यक्ष सम्बन्धी; **Episcopate** (-पेट्) -*n.* the office of a bishop, bishopric. पादरी का पद।

Episode-ऍपिसोड् -*n.* an incidental narrative in a story or poem. उपकथा, कथा या कविता में प्रासंगिक वार्ता; **Episodic** (-सोडिक्) - *adj* pertaining to an episode. प्रासंगिक, उपकथा-सम्बन्धी।

Epistaxis-ऍ-पिस्-टॅक्स्'-इस् -*n.* bleeding from the nose. नाक से रुधिर (लोहू) का बहना, विनास फूटना।

Epistle-ऍ-पि-स्ल्-*n.* a letter sent to a person, a literary work. किसी को भेजा हुआ पत्र (चिट्ठी), साहित्यिक रचना।

Epistrophe-ऍप्'-इ-स्ट्र-फ़ी -*n.* the ending of several sentences or clauses with the same word. वह अलंकार जिसमें अनेक वाक्य अथवा वाक्यखण्ड एक ही शब्द से समाप्त होते हैं।

Epistyle-ऍ-पिस्टाइ-ल्- *n.* a piece of massive stone placed on the top of a column. स्तम्भ के ऊपर रक्खा हुआ बड़ा पत्थर।

Epitaph-ऍ-पिटा-फ़्-*n.* words inscribed on a monument or tombstone. स्मरण लेख, समाधि(क़ब्र) के ऊपर के पत्थर पर खुदा हुआ लेख।

Epithalamium-ऍ-पिथलेमिअ-म् -*n.* a nuptial song. विवाह-गीत।

Epithelial-ऍ-पिथीलिअ-ल् - *adj.* pertaining to epithelium or outer skin. बाह्य त्वचा-सम्बन्धी।

Epithelium-ऍ-पिथीलि-अम्-*n.* superficial cell tissue of body. शरीर की बाह्य त्वचा।

Epithet-ऍ-पिथॅ-ट् -*n.* an adjective expressing some quality. विशेषण, उपाधि, **Epithetic** (-इक्), **Epithetical** (-अल्) -*adjs.* pertaining to epithet. विशेषण या उपाधि-सम्बन्धी,

Epithetically (-इक-लि)-*adv*. by way of an epithet. विशेषण रूप में।

Epitome-ऍ-पिटमि-*n*. an abridgment or brief summary. संक्षेप संग्रह; **Epitomist** (-मिस्ट्) -*n*. a writer of epitome. संक्षेप संग्रहकर्ता; **Epitomize** (-माइज़्)-*v. t.* to abridge, to curtail or condense. संक्षेप करना, छोटा करना।

Epoch-ई-पॉक्-*n*. beginning of an era, date, period of life or events. काल, युग, अवधि; **Epochal** (-अल्) -*adj*. marking an epoch. युग-सम्बन्धी।

Epode-ऍप्'-ओड्-*n*. the last part of an ode. गीत का अन्तिम भाग।

Eponym-ऍप्'-ऑ-निम् -*n*. one who gives his name to something, a surname. किसी स्थान या संस्था के नाम पर अपना नाम रखनेवाला मनुष्य, उपनाम।

Epopee-ऍप्-ऑ-पी'-*n*. epic poetry, an epic poem. महाकाव्य, वीर-चरित्र-काव्य।

Epulary-ऍप्युलरि -*adj*. pertaining to a feast. भोज-संबन्धी।

Equable-ईक्वेबल्-*adj*. uniform, not variable, equal. एक समान, बराबर; **Equableness** (-नेस्) -*n*. continued uniformity. समानता, तुल्यता।

Equal-ईक्वल्-*adj*. indentical, adequate, uniform. समान, तुल्य, सदृश, बराबर; -*n*. one of the same age, rank &c. समान वय अथवा पद का मनुष्य; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Equalled**) to be or to make equal to. बराबर होना, समानता करना; **Equally** (-लि)-*adv*. in equal proportion or measure. बराबर, समानता से, समान रूप में।

Equality-ई-क्वॉलिटि -*n*. uniformity, evenness. समानता, बराबरी।

Equalize-ईक्व-लाइज़् -*v. t.* to make equal. बराबर करना; **Equalization** (ए-शन्) -*n*. the act of equalizing. बराबर होने का कार्य।

Equanimity- ईक्वनिमिटि - *n*. evenness of mind or temper. चित्त या स्वभाव की स्थिरता; **Equanimous** (-क्वनिमस) - *adj*. of steady temper, composed. स्थिर चित्तवृत्तिवाला।

Equate-ईक्वेट्' - *v. t.* to treat as equivalent, to make equal. एक परिमाण को दूसरे के बराबर करना।

Equation-ई-क्वे'-शन्-*n*. reduction to equality. साम्य, समीकरण; **Equational** (-अल्)-*adj*. pertaining to an equation. समीकरण सम्बन्धी; **Equationally** (-अल्-लि) -*adv*. in the form of an equation. समीकरणरूप में।

Equator-ई-क्वे'-टर्-*n*. the great circle of the earth equidistant from both the poles. भूमध्यरेखा, निरक्ष; **Equatorial** (-क्वे-टोर्'-इ-अल्) -*adj*. pertaining to the equator. भूमध्यरेखा-सम्बन्धी।

Equerry-ऍक्व'-रि - *n*. royal stables or their officers. शाही अस्तबल या उनके दारोगा।

Equestrian-इक्वस्ट्रिअन् - *n. & adj*. a man on horseback, pertaining to horsemanship. अश्वारोही, घुड़सवारी संबंधी; **Equestrianism** (-इज़्म्) -*n*. horsemanship. घुड़सवारी।

Equi-ईक्वि-in *comb*.—equal "समान" अर्थ का उपसर्ग, यथा-**Equiangular** (-ऍंग्युलर्) -*adj*. of equal angles. समकोणीय; **Equibalance** (- बॅल्'-ऑन्स्) -*n*. equal weight. समान भार; **Equidistant** (-डिस्-टॅन्ट्)-*adj*. being at an equal distance. समानान्तर; **Equiformity** (-फ़ॉर्मिटी) -*n*. uniformity. समानता; **Equilateral** (-लॅटरल्) -*adj*. having equal sides. समान भुजा का, सम-भुज; **Equilibrist** (-क्विलि-ब्रिस्ट) -*n*. an acrobat. नट, रस्से पर नाचनेवाला; **Equilibrium** (-अम्) - *n*. the state of equal balance, neutrality. तुल्यभारता (साम्य), समता; **Equimultiple** (-मल्'-टि-प्ल्) -*n*. a number having a common factor. समान भाजकवाली संख्या, समापवर्त्य; **Equinoctial** (-नॉक्'-शॅल्)-*adj*. of equal day and night. विषुवीय, दिन तथा रात बराबर होनेवाली तिथि का; **Equinox** (ऍक्-वे-नॉक्स्)-*n*. the time at which the sun crosses the equator and day and night are equal. विषुवीय (२१ मार्च तथा २३ सितम्बर का दिन) जब रात और दिन बराबर होते हैं; **Equipollent** (-पो'-लॅन्ट्)-*adj*. equal in force. समान शक्ति का; **Equivalent** (ऍ-क्वि-वॅ-लॅन्ट्)-*adj*. equal in value, corresponding. तुल्य मूल्य का, अनुरूप; **Equivalence** (- लॅन्स्) -*n*. the state of being equivalent. अनुरूपता; **Equivocal** (-व़ो-कल्)-*adj*. having two meanings. दो अर्थ का, सन्दिग्धार्थक; **Equivocate** (-व़ो-केट्)-*v. t.* to use ambiguous expression. अस्पष्टार्थ बोलना; **Equivocation** (-के'-शन्)-*n*. prevarication. वक्र उक्ति, वाक्छल; **Equivoke** (-व़ोक्)-*n*. an ambiguous term, an equivocation. कूट उक्ति।

Equine-ईक्वाइन्, (**Equinal** ईक्विनल्) -*adjs*. pertaining to a horse. अश्व-सम्बन्धी, घोड़े का।

Equip-इ-क्विप्' - *v. t.* (*p. t.* **Equipped**) to furnish, to provide. सजाना, सँवारना; **Equipage** (- एज) -*n*. equipment, outfit. साधन, सामग्री, **Equipment** (-मॅन्ट्) -*n*. act of equipping, state of being equipped. साधन, सजावट सामग्री, सज्जा।

Equipoise-ईक्विपॉइज़्-*n.* equilibrium. तुल्य-भारता।

Equitable-*adj.* see **Equity.**

Equity-ऍक्विटि-*n.* fairness, justice. न्याय, धर्म, अपक्षपात; **Equitable** (-ऍ-ब्ल्)- *adj.* impartial, fair. अपक्षपाती, निष्पक्ष; **Equitableness** (-नस्) -*n.* the quality of being equitable. न्याय्यता; **Equitably** (-ऍब्'-लि) -*adv.* in an equitable manner. न्यायपूर्वक।

Era-ईरा -*n.* a series of years commencing from some remarkable event or particular point of time. युग, काल, विशिष्ट काल।

Eradiate-ईरे डियेट् - *v. t.* to shoot up like rays of light. किरण फेंकना; **Eradiation** (- ए'-शन्) - *n.* emission of rays of light. प्रकाश की किरणों का फेंकना।

Eradicable-ईरॅडिकेब्ल् - *adj.* that may be eradicated or destroyed. निर्मूल करने योग्य।

Eradicate-ईरॅडिकेट् - *v. t.* to tear up by roots, to destroy. जड़ से उखाड़ना, निर्मूल करना; **Eradication** (-ए'-शन्)-*n.* extirpation. उन्मूलन, उत्पाटन; **Eradicator** (-ए'-टर्) -*n.* one who destroys or tears up by roots. उच्छेदन करनेवाला व्यक्ति।

Erase-ईरेज़्' - *v. t.* to rub out, to scrape, to obliterate. खुरचन, छीलना, मिटाना; **Eraser** (-अर्)-*n.* one who or that which erases. मिटानेवाला, रबर का टुकड़ा; **Erasure** (-ज़र्)-*n.* act of erasing, obliteration. छिलावट, नाश।

Ere-ऍर् -*adv.* & *prep.* before, sooner than. पहिले, पूर्व में; **Erelong** (not long before.) बहुत दिन न बीते, शीघ्र, अविलम्ब ; **Ere this** (before this time.) अब से पहिले; **Erewhile** (shortly before.) कुछ दिन पहले।

Erebus-ऍरि-बस्-*n.* the lower world, the hell. पाताल, नरक।

Erect-इ-रेक्ट्'-*v. t.* to raise upright, to build. ऊँचा करना, बनाना; -*adj.* upright, straight, vertical. उन्नत, खड़ा (सीधा); **Erectly** (-लि) -*adv.* in an erect posture. खड़े बल में; **Erectness**(-नॅस्)-*n.* the state of being erect. खड़ापन; **Erecter, Erector** (-अर्) -*ns.* the muscle that erects. किसी अङ्ग को खड़ा करनेवाली पेशी।

Erectile-इ-रेक्'-टाइल् -*adj.* capable of being erected. निर्माण करने योग्य।

Erection-इरेक्शन् - *n.* the act of erecting, building. स्थापन, निर्माण, रचना; **Erection of the hair** (bristling of the hair.) रोमाञ्चित होना, रोवें खड़े होना।

Erective-इ-रेक्ट्'-इव्-*adj.* raising or setting up right. निर्माण करने योग्य।

Eremite-ऍ-रिमा-इट्-*n.* a hermit, one who leads a solitary life. यति, संन्यासी, एकान्तवासी।

Ergo-अर्गो-*adv.* therefore. अतएव।

Ergot-अर्-गॉट्-*n.* a disease of plants. गेरुई, पौधों का एक प्रकार का रोग।

Eriodendron-ऍर्-इ-ओ-डेन्-ड्रॉन् -*n.* the silk-cotton tree. शाल्मली, सेमल का वृक्ष।

Eristic, Eristical- ऍरिस्टिक्, (- अल्) -*adjs.* pertaining to disputation. शास्त्रार्थ या वाद-विवाद-सम्बन्धी।

Erne-अर्न्-*n.* the golden eagle, the sea-eagle. सुनहला गृद्ध, समुद्री गीध।

Erode-ई-रोड्'-*v. t.* to destroy gradually, to wear out, to gnaw away. नष्ट करना, खा जाना।

Erosion-ई-रो-ज़न्-*n.* the act of eating away. काट, नाश।

Erosive-ई-रो-सिव् - *adj.* corrosive. काटने या नाश करनेवाला।

Erotic-ऍरॉटिक्-*adj.* pertaining to love, amatory. प्रेम सम्बन्धी, कामुक।

Err-अर् - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Erred**) to sin, to make a mistake, to be incorrect. अपराध करना, भूल करना, अशुद्ध होना; **Errable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* liable to make a mistake. भूल करने योग्य।

Errand-ऍ-रन्ड्-*n.* a message. सन्देश (दूतकार्य); **A fool's errand** (useless occupation.) निरर्थक व्यवसाय; **Errand-boy** (a boy for carrying messages.) संदेश ले जानेवाला छोकरा।

Errant-ऍ-रन्ट् - *adj.* rambling or wandering in quest of an adventure. किसी साहसिक कार्य की खोज में भटकनेवाला।

Errata-ऍ-रेटा-*n.* *pl.* of **Erratum.**

Erratic-ऍ-रॅट्'-इक्-*adj.* uncertain, irregular, wandering. अनिश्चित, अस्थिर; **Erratically** (- अल-लि) -*adv.* without rule, irregularly. अस्थिरता से।

Erratum-ऍ-रे-टम् -*n.* (*pl.* **Errata**-टा) an error in writing or printing. लिखने या छापने की अशुद्धि।

Errhine-ऍ-राइन् - *adj.* causing sneezing. छींक लानेवाली; -*n.* snuff. सुँघनी।

Erroneous-ऍ-रो'-नि-अस् - *adj.* wrong, mistaken. भ्रान्तिमूलक, अशुद्ध; **Erroneously** (-लि)-*adv.* not rightly, by mistake. अशुद्धता से; **Erroneousness** (-नॅस्) -*n.* the state of being erroneous. अशुद्धि, भ्रान्ति, भूल।

Error-ऍर्-अर्-*n.* deviation from truth, mistake.

भ्रम, दोष ; **Errorist** (- इस्ट्) - *n.* one who errs. अशुद्धि करनेवाला ; **Errorless** (-लेँस्) *-adj.* flawless. निर्दोष ।

Erst-अर्स्ट् - *adv.* at first, formerly, hereto. पूर्वकाल में, पहिले; **Erstwhile** (-ह्वाइल्) - *adv.* till then. तब तक ।

Eructate-ईरक्टेट् *-v. t.* to belch out. पेट से वायु बाहर निकालना, डकारना; **Eructation**(-टे'-शन्) *-n.* the act of belching. मुख से वायु निकालना, डकार ।

Erudite-ऍर्-र्यु-डाइट् - *adj.* learned. पण्डित ; **Erudition** (- डि-शन्) - *n.* knowledge gained by the study of books, learning. पाण्डित्य, विद्या; **Eruditely** (-लि)*-adv.* with erudition or learning. पाण्डित्य से।

Erupt-ई-रप्ट्' *-v. i. & t.* to burst forth, to cast out. फटना, फूटना, फेंकना ; **Eruption** (-रप्शन्) *-n.* an outbreak, breaking out of spots on the skin. निर्गम, विस्फोट (फफोला); **Eruptive** (-इव्)*-adj.* bursting forth. उद्भेदी, फफोले का; **Eruptively** (-इव्-लि)*-adv.* in an eruptive manner. विस्फोट से; **Eruptiveness** (-नेँस्) - *n.* a tendency to erupt. विस्फोट, फफोला पड़ने की अवस्था।

Erysipelas-ऍर्'-इस्-इप्-इलस्*-n.* an inflammatory disease of the face. मुँहासा नाम का समाज

Escalade-ऍस्क-लेड्*-n.* an attack or assault of troops on a fortified place. क़िलेबन्दी पर योद्धाओं का आक्रमण ।

Escape-इस्केप् - *v. t. & i.* to get free, to avoid, to get clear away from. भागना, बचाना, मुक्त होना, निकल भागना; - *n.* act of escaping or fleeing, leakage. भाग जाना, चुअन ।

Escapement-इस्केप्'-मेॅन्ट् *-n.* an outlet, a mechanism which connects motive power and regulates it. बचाव, निकास, घड़ी का वह पुर्जा जो सबसे छोटे पहिये के एक-एक दाँते को क्रम से हटाता हुआ गति उत्पन्न करता है; (also **Escape-wheel.**) ।

Escapement.

Eschar-ऍस्-कार्*-n.* portion of dead tissue, slough. मरा हुआ चमड़ा, झिल्ली।

Escheat-ऍस्चीट्' - *n.* lapsing of property to the state for want of an heir. उत्तराधिकारी के अभाव में सम्पत्ति पर राज्याधिकार ; *-v. t.* to confiscate or forfeit. जायदाद ज़ब्त करना।

Eschew-इस्-चू'*-v. t.* to avoid, to abstain from, to shun. त्यागना, छोड़ना, घृणा करना; **Eschewment** (-मेॅन्ट्)*-n.* the act of eschewing. त्याग ।

Escort-ऍस्'-कार्ट् *-n.* an attendant, a guard. अनुचर, रक्षा-पुरुष;*-v. t.* to act as a guide. पहरा देना, रक्षा के लिये साथ देना ।

Esculent-ऍस्-'क्यु-लन्ट्*-adj. & n.* fit to be used as food. भक्षणीय, खाने योग्य ।

Escutcheon-ऍस्-कच्-अन्*-n.* a shield with coat of arms. कुलचिह्न की ढाल; **A blot on the escutcheon** (a blot on one's reputation.) यश पर लान्छन या धब्बा ।

Eskimo-ऍस्क्-इम्-ओ *-n.* (*pl.* **Eskimoes**) the aboriginal inhabitants of Arctic North America. उत्तरी अमेरिका, उत्तरी ध्रुवप्रदेश के आदि असभ्य निवासी ।

Esoteric-ऍ-सो-टर्-इक्*-adj.* secret, initiated, confidential. गुप्त, संस्कार किया हुआ, गोपनीय ।

Especial-ऍस्-पेॅश्'-अल्*-adj.* special, particular. प्रधान, विशिष्ट ; **Especially** (-लि)*-adv.* in an especial degree or manner. विशेषतः, प्रधानतः ।

Esperanto-ऍस् - पर्-ऑन्'-टो - *n.* an artificial language designed to be used as a medium for the people of all nations. संसार के समस्त मनुष्यों के प्रयोग करने के लिये बनी हुई एक कृत्रिम भाषा ।

Espial-इस्-पा'-यल्*-n.* act of espying, observation. दूर से देखने का कार्य, भेद लगाने का कार्य, निरीक्षण ।

Espier-इस्-पाइ'-अर्*-n.* one who watches like a spy. भेदिया की तरह निरीक्षण करनेवाला ।

Espionage- ऍस्पि-यन्-एज्*-n.* the practice of employing spies. भेदियों को नियुक्त करने की विधि ।

Esplanade-ऍस्प्ल-नेड्'*-n.* a level open space in a town for walking and driving. टहलने तथा मोटर चालन का नगर का खुला मैदान ।

Espousal-ऍस्-पाउज़-ल्*-n.* betrothal. विवाह, सगाई; **Espousing of a cause** (support of a motive.) पक्ष का अवलम्बन करना ।

Espouse-ऍस्-पाउज़्'*-v. t.* to marry, to engage in marriage, to adopt, to embrace. ब्याहना, सगाई करना, स्वीकार करना, आलिंगन करना ।

Espy-ऍस्-पाई *-v. t. & i.* (*p. t.* **Espied**) to see at a distance, to detect, to spy. दूर से देख लेना, भाँपना, ताकना, भेद (पता) लगाना ।

Esquire-ऍस्-क्वॉयर् *-n.* (*abbr.* **Esq.**) a gentle-

man by birth, a landed proprietor. महाशय, श्रीमान्, ज़मींदार।

Essay-ऍ-से - *n.* an attempt, trial, test, a literary composition. प्रयत्न, उद्योग, परीक्षा, निबन्ध; -*v. t.* (ऍ- से)-to try, to test. प्रयत्न करना, परीक्षा करना; **Essayist** (-इस्ट्)-*n.* a writer of essays. निबन्ध लिखनेवाला मनुष्य।

Essence-ऍ - सॅन्स् - *n.* existence, intrinsic nature, the extracted qualities of a medicine, perfume. स्वत्व, निष्कर्ष, सार, हीर, इत्र; -*v. t.* to perfume. सुगन्धित करना।

Essential-ऍ-सॅन्' - शल - *adj.* pertaining to essence, indispensable, pure. सारभूत, आवश्यक (प्रधान), शुद्ध; **Essentiality** (-शि-ऑ-लिटि) -*n.* the quality of being essential. सारत्व, प्रधानता; **Essentially** (-सॅन्शलि) -*adv.* in an essential degree. सार रूप से।

Establish-ऍस्-टॅब्'-लिश् - *v. t.* to settle on permanent basis, to set and fix firmly, to found, to place beyond dispute. स्थापित करना, स्थिर करना, दृढ़ करना, नींव डालना, झगड़े से दूर रखना ; **Establishment** (-मॅन्ट्) -*n.* settlement, confirmation, public institution, household. संस्थापन, दृढ़ीकरण, व्यवसाय का स्थान, नौकर-चाकर।

Estate-ऍस्-टेट्' -*n.* condition, rank, landed property. अवस्था, दशा, अचल भूसम्पत्ति (रियासत); Personal estate (movable property.) चल सम्पत्ति।

Esteem-ऍस्-टीम्' -*v. t.* to think highly of, to regard. सम्मान (आदर) करना, मानना ; -*n.* respect, estimation, favourable opinion. आदर, सम्मान ; **Esteemer** (-अर्)-*n.* one who esteems. आदर करनेवाला।

Estiferous-ऍस्-टिफरस्-*adj.* producing heat. उष्णता उत्पन्न करनेवाला।

Estimable-ऍस्टिमॅ-बुल्-*adj.* deserving good opinion. मान्य, आदरणीय।

Estimate-ऍस्टि-मॅट् -*n.* an opinion or judgment about the value of a thing. मूल्य निरूपण; -*v. t.* (-मेट्) to judge the value of, to calculate. मूल्य निरूपण करना, कूतना ; **Estimation** (-टिम्-ए'-शन्) -*n.* reckoning, honour. आदर, सम्मान; **Estimator** (-म-टर्) -*n.* one who estimates. गणना करनेवाला।

Estival-ऍस्टिवल्-*adj.* pertaining to summer. ग्रीष्म-सम्बन्धी; **Estivate** (-टिव्-एट्')-*v. i.* to pass the summer. ग्रीष्म ऋतु बिताना।

Estop-ऍस्-टॉप्' -*v. t.* to stop by one's own act. अपने ही कार्य से रुकावट डालना; **Estoppel** (-पल्)-*n.* (*law.*) such a legal impediment. ऐसी क़ानूनी रुकावट।

Estrade-ऍस्- ट्रेड्-*n.* a low platform, a dias. नीचा चबूतरा, मञ्च।

Estrange-इस्ट्रेञ्ज-*v. t.* to treat as an alien, to withhold. विदेशी या पराया समझना, दूर रखना, रोक रखना ; **Estranged** (-ड्) -*adj.* alienated. विरक्त, निवृत्त-स्नेह, विच्छिन्न; **Estrangement** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of estranging, alienation. विरह, पृथक् भाव, विच्छिन्नता।

Estuary-ऍस्'-ट्यू-अ-रि-*n.* (*pl.*-ies) the tidal mouth of a river, an arm of the sea or a small gulf. नदीमुख, समुद्र की शाखा या छोटी खाड़ी।

Estuation-ऍस्-ट्यु-ए'-शन्-*n.* boiling, agitation. उबाल।

Esurine-ऍ-स्यु - राइन् - *adj.* stimulating the appetite. भूख लगानेवाला।

Etcetera-ऍट्-सॅटरा-*n.* (*abbr.* etc.) the rest, and so on. इत्यादि।

Etch-ऍच्-*v. t.* to engrave on metal plates by hand or by the help of acids. धातु के पत्र पर हाथ से या तेजाब से खोदना; **Etching** (-इङ्ग्) -*n.* act of engraving by means of acids. खोदने का कार्य ; **Etcher** (-अर्)-*n.* one who etches. ऐसी खुदाई करनेवाला; **Etching-ground** [illegible] the coating of the etching plate.) [illegible] पर लगा हुआ मोम; **Etching-needle** (a fine pointed instrument used in etching.) खुदाई करने की शलाका (सलाई)।

Eternal-इटर्नल्-*adj.* what always existed and will always exist, everlasting, perpetual, unchangeable. नित्य(अनन्त), सनातन (अनादि); **Eternally** (-लि)-*adv.* for ever, unchangeably. नित्य, सदा।

Eternity-इटर्निटि -*n.* being eternal, infinite time, future life, indefinite duration. नित्यता, अनन्तकाल, भविष्यजीवन, मृत्यु के बाद का काल।

Eternize-इ-टर्न्-आइज़्-*v. t.* to make endless, to immortalize. अनन्त करना।

Ether-ई'-थर्-*n.* the upper regions of space beyond clouds, subtle elastic fluid supposed to fill space. आकाश, तेजोवह तत्त्व।

Ethereal-इ-थीरिअल्-*adj.* airy, celestial. आकाशीय, वायव्य ; **Etheric** (-इक्)-*adj.* celestial. आकाश सम्बन्धी; **Etherealize** (-आइज़्)-*v. t.* to covert into ether. आकाशरूप में बदलना।

Ethic-ऍथ्'-इक्-*adj.* relating to morals. नीतिविषयक; **Ethical** (-अल्) -*adj.* relating to morals. नीतिशास्त्र-सम्बन्धी; **Ethically** (-अल -लि)-*adv.* according to the rules of morality. आचार के नियमों के अनुसार।

Ethics-एॅ - थिक्स-*n.* the science of morals. नीतिशास्त्र, आचारनीति।

Ethmoid-एॅथ्-मॉइड्-*adj.* resembling a sieve. चलनी के आकार की।

Ethnic, Ethnial-एॅथ्'-निक्, (-अल्)-*adjs.* pertaining to race. जाति-सम्बन्धी।

Ethnological-एॅथ्-नो-लॉ-जिकल्-*adj.* pertaining to ethnology. चरित्रशास्त्र-सम्बन्धी; **Ethnologist** (-इस्ट्)-*n.* one who is versed in ethnology. नृवंशविद्या में निपुण मनुष्य।

Ethnology-एॅथ्-नॉ-लॅ-जि-*n.* the science of the varieties of human race. नृवंशविद्या, मनुष्य-जाति के परस्पर सम्बन्ध तथा इनकी विशेषता इत्यादि की विद्या।

Ethology-एॅ-थॉल्'-अँ-जि -*n.* the science of character. चरित्रशास्त्र।

Ethos-ई' - थॉस् - *n.* general disposition or characteristics. सामान्य प्रकृति।

Ethyl-एॅथ्-इल्-*n.* the base of alcohol. नशीली वस्तु (मद्यसार) का आधार।

Etiology-ई'-टि- ऑल्-ॲ-ज्-इ-*n.* the study of causes (especially of diseases.) रोग निदान, रोग के कारणों का अध्ययन; **Etiological** (-अल्) -*adj.* pertaining to etiology. निदान-सम्बन्धी।

Etiquette-एॅट्'-इ-केॅट्-*n.* conventional rules of a polished society. सदाचार, सभ्य समाज की रीति, शिष्टाचार।

Etui, Etwee-एॅट्वी-*n.* a small case for holding needles &c. सूई आदि रखने की छोटी डिबिया या थैली।

Etymological-एॅटिमॉलॉजिकल्-*adj.* pertaining to etymology. शब्द-व्युत्पत्ति-विषयक; **Etymologist** (-इस्ट्) -*n.* one who is versed in etymology. शब्द-व्युत्पत्ति में निपुण; **Etymologize** (-आइज़) -*v. t.* to search into the origin of words, to study etymology. शब्द की व्युत्पत्ति निकालना।

Etymology-एॅटिमॉलॅ-जि -*n.* facts relating to the origin, history, formation and meaning of words. शब्दव्युत्पत्ति, शब्दसाधन, निरुक्त।

Eucalyptus-यु-कॅ-लिप्'-टस्-*n.* a species of myrtle tree. मेंहदी की जाति का (यूकलिप्टस) का वृक्ष।

Euclid-यू'-क्लिड् -*pr. n.* a famous mathematician of Alexandria, his treatises on geometry. यूनानी गणितज्ञ जिसके नाम से रेखागणित प्रसिद्ध ह।

Eudiometer-यूडिऑमिटर्-*n.* an instrument for ascertaining the purity of atmosphere. वायु की शुद्धता नापने का यन्त्र।

Eugenic-युजनिक्-*adj.* pertaining to the production of fine offsprings. सुन्दर संतति उत्पन्न करने के विषय का; **Eugenics** (-इक्स्) -*n.* the science of race culture and human development. मनुष्य-जाति की संस्कृति, उन्नति तथा विकास से सम्बन्धित शास्त्र।

Eulogic-यु-लॉजिक्, **Eulogical** (-अल्)-*adjs.* complementary. प्रशंसक, स्तुतिमय; **Eulogically** (-अल्-लि) -*adv.* with praise or eulogy. प्रशंसापूर्वक।

Eulogist-यु' लॅजिस्ट्-*n.* one who praises and commends another. स्तुति-पाठक, वन्दी, भाट; **Eulogistic** (-जिस्ट्-इक्)-*adj.* full of praise. स्तुतिमय, प्रशंसापूर्ण; **Eulogistically**(-अल्-लि) -*adv.* with commendation. स्तुतिपूर्वक; **Eulogize** (-आइज़्)-*v. t.* to praise, to extol. प्रशंसा करना, स्तुति करना।

Eulogy-यु'-लॅ-जि-*n.* speech or writing in praise of a person, panegyric. प्रशंसा, स्तुति, गुणवर्णन।

Eunuch-यू'-नक्-*n.* a castrated male person. नपुंसक, हिजड़ा।

Euonym-यु'-ऑ-निम्-*n.* a fitting or proper name for a thing. किसी पदार्थ का योग्य या उचित नाम।

Eupepsy-यू-पेॅप्'-सि - *n.* healthy or good digestion. अच्छी पाचन-शक्ति।

Euphemism-यूफिमि-ज़्-म्-*n.* substitution of a mild expression for an unpleasant thing, मंगल भाषित, कठोर शब्द के बदले में मधुर शब्द का प्रयोग, कठोर बात को कोमल शब्दों में कहना; **Euphemistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* containing euphemism. मंगलभाषी; **Euphemistically** (-अल्-लि)-*adv.* in an euphemistic way. मंगल भाषण से, कठोर बात को कोमल शब्दों में कहते हुए।

Euphonic - यू - फ़ॉन्-इक्-*adj.* agreeable in sound. सुरीले स्वरवाला; **Euphonically** (-अल्-लि)-*adv.* in an euphonic manner. मधुरता से, सुरीलेपन से।

Euphony-यू-फॅ-नि -*n.* a pleasing or agreeable sound. मधुर या सुरीला शब्द।

Euphorbia-यू'-फ़ोर्'-बि-आ-*n.* a kind of prickly plant. समन्तदुग्धा, सेंहुड़।

Euphuism-यू'-फ़्यु-इज़्म्-*n.* a bombastic style of writing. बड़े-बड़े कठिन शब्दों का प्रयोग करके लिखने की प्रणाली।

Eurasian-यू-रए'-श्यन्-*n.* one who is of mixed European and Asiatic parentage. फिरिङ्गी, दोगला अँगरेज।

Eureka-युरीका-*n.* & *interj.* a brilliant disco-

very, I have found it ! अपूर्व आविष्कार, मैंने पा लिया है ।

European-युरोपीअन्-*adj.* & *n.* belonging to Europe, a native of Europe. युरोप देश सम्बन्धी, युरोप देश का निवासी; **European-ize** (-आइज़)-*v. t.* to make European. युरोपीय बनाना ।

Evacuant-इ-वैक्-यु-ऑन्ट्-*n.* a purgative medicine. रेचक औषधि ।

Evacuate-इ-वैक्'-यु-एट्-*v. t.* to empty out, to discharge. शून्य करना, निकालना; **Evacuation** (-ए-शन्)-*n.* discharges by stool or otherwise. परित्याग, मलोत्सर्ग ।

Evacuee-इ-वैक्'-यु-ई-*n.* a person who is compelled to leave his native place during war or disturbance. युद्ध या अशांति के कारण जन्म-स्थान छोड़कर अन्यत्र जानेवाला शरणार्थी ।

Evade-इ-वेड्'-*v. t.* & *i.* to escape from, to avoid, to elude, to prevaricate. दूर भागना, हटाना, बचाना, वाक्छल करना; **Evasion** (-वे-ज़न्)-*n.* means of evading, shuffling. भागना या बचने का उपाय, छल, कपट, वञ्चन; **Evasive** (-वे-सिव्)-*adj.* using evasion. कपटी, कुटिल; **Evasively** (-लि)-*adv.* in an evasive manner. वक्र उक्ति से ।

Evanesce-ऍव्-ॲन्-ऍस्'-*v. i.* to disappear, to go out of sight. अन्तर्धान होना, अदृश्य होना; **Evanescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* quickly disappearing, fleeing. शीघ्र लुप्त हो जानेवाला, भागनेवाला ।

Evangel-ई-वॅन्'-जॅल्-*n.* the Gospel. क्रिस्तान मत की धर्मशिक्षा; **Evangelic** (-जॅल्-इक्), **Evangelical** (-अल्)-*adjs.* according to the teachings of the Gospel. ईसाई मत की धर्म-पुस्तक-सम्बन्धी; **Evangelism** (-इज़्म्)-*n.* preaching of the Gospel. धर्म-प्रचार; **Evangelist** (-इस्ट्)-*n.* a preacher of the Gospel. धर्मोपदेश करनेवाला ।

Evanish-इ-वॅन्'-इश्-*v. i.* to vanish, to die away. लुप्त होना, नष्ट होना ।

Evaporate-इवॅपरेट्-*v. t.* & *i.* to turn into vapour, to disappear. वाष्परूप (भाफ) में उड़ना, नाश होना, लय होना; **Evaporation** (-ए-शन्)-*n.* act of evaporating. वाष्पीकरण; **Evaporative** (-इव्)-*adj.* pertaining to evaporation. वाष्प-सम्बन्धी; **Evaporator** (-अर्)-*n.* an apparatus for evaporation of vegetable juices. तरल पदार्थ को गरम करके गाढ़ा करने का यन्त्र ।

Evasion, Evasive-see **Evade.**

Eve-ईव्-*n.* evening. सायंकाल, सन्ध्या ।

Evection-इ-वॅक्शन्-*n.* elevation. उभाड़ ।

Even-ईवन्-*n.* (*poet.*) evening. (कविता में) सन्ध्या;-*adj.* level, smooth, uniform. चौरस, चिकना, सम (बराबर);-*adv.* likewise, just. भी, अभी, वही;-*v.t.* to make even, to treat as equal. समतल करना, बराबर करना; **Evenfall** (-फ़ॉल्)-*n.* approach of evening. सन्ध्या का आगमन; **Even-handed** (without prejudice). समदर्शी, अपक्षपाती; **Even-minded** (with equal mind.) समचित्त, समभाव का; **Even though** (Even if)-although. यद्यपि ।

Evening-ई'-व्निङ्ग्-*n.* the close of the day. सन्ध्या, सन्ध्या समय, साँझ;-*adj.* being at the close of the day. सन्ध्याकालीन; **Evening star.** (applied to venus.) शुक्र तारा ।

Evenly-ई'-व्-न्-लि-*adv.* in an even manner, uniformly. बराबरी से; **Evenness** (-नॅस्)-*n.* the state of being even, uniformity. समानता, तुल्यता ।

Event-ई-वॅन्ट्-*n.* that which happens, incident. वृत्तान्त, घटना; **At all events** (in every case.) सब अवस्था में; **In the event of** (in case of.) यदि; **Eventful** (-फ़ुल्)-*adj.* full of incidents, momentous. घटनापूर्ण, विख्यात; **Eventless** (-लस्)-*adj.* without incidents. असंगत; **Eventual** (-यु-अल्)-*adj.* final. अन्तिम; **Eventuality** (-इ-टि)-*n.* possible event. सम्भावित घटना; **Eventually** (-अल्-लि)-*adv.* in the final issue. अन्ततः, अन्त में; **Eventuate** (-एट्)-*v.i.* to result. घटना होना, परिणाम होना ।

Eventide-ई'-वन्-टाइड्-*n.* evening. सन्ध्याकाल ।

Eventilate-इ-वॅन्ट्'-इल्-एट्-*v. t.* to winnow, to fan. ओसाना, पंखा करना ।

Ever-ऍव्'-अर्-*adv.* always, at all times, in any degree. सर्वदा, नित्य; **Ever and anon** (now and then.) कभी-कभी; **Ever blooming** (always blooming.) नित्य खिलनेवाला; **Ever changing** (always changing.) सदा डावाँडोल; **Evergreen** (always fresh.) सदाहरा; **Everlasting** (lasting for ever, eternal, endless, perpetual.) अमर, नित्य, अनन्त; **Evermore** (always.) सर्वदा; **Ever since** (from that time.) तब से; **Everso** (to any extent.) थोड़ा-सा; **For ever and a day** (incessantly.) निरन्तर ।

Eversion-इवर्शन्-*n.* turning inside out. बाहर को उलटने का कार्य ।

Evert-(-ई-)-इवर्ट-*v. t.* to turn outwards or inside out. बाहर को उलटना ।

Every-ऍव्-रि-*adj.* each, all. प्रत्येक, सब;

Everybody (every person.) प्रत्येक मनुष्य; Everyday (common, each day in succession.) सामान्य, प्रतिदिन; Everyone (everybody.) प्रत्येक व्यक्ति; Everything (all things.) प्रत्येक पदार्थ; Everywhere (in every place.) सर्वत्र।

Evict-इ-व़िक्ट्-*v. t.* to expel by legal process, to dispossess. कानून से हटाना, बेदखल करना; **Eviction** (-व़िक्'-शन्) -*n.* dispossession. बेदखल; **Evictor** (-अर्)-*n.* one who evicts. हटाने या बेदखल करनेवाला।

Evidence-ऍ-व़िडेन्स् -*n.* testimony, that which makes evident, information for establishing a fact, a witness. प्रमाण, साक्षी, गवाही, गवाह।

Evident-ऍ'-व़िडेन्ट्-*adj.* obvious, clear. स्पष्ट (प्रत्यक्ष), प्रकट; **Evidential** (-ऍन्शल्)-*adj.* tending to prove, clearly proving. प्रमाण-कारक; **Evidentially** (-लि)-*adv.* by way of evidence. प्रमाण की तरह; **Evidently** (-लि) -*adv.* obviously, clearly. प्रत्यक्ष रूप से।

Evil-ई'-व़िल्-*adj.* (*comp.* Worse, *sup.* Worst) bad, harmful, wicked. मन्द, बुरा, हानिकर, दुष्ट; -*n.* sin, harm. पाप, क्षति; **Evildoer** (one who does evil.) कुकर्मी, पातकी; **Evil-eye** (power of injuring by the look.) कुदृष्टि, पापदृष्टि; **Evil-minded**-*adj.* of wicked nature, malicious. दुष्ट प्रकृतिवाला; **Evilness** -*n.* viciousness. दुष्टता, शठता, नीचता।

Evince-इ-व़िन्स्-*v. t.* to show, to prove, to indicate clearly. दिखाना, सिद्ध करना, स्पष्ट सूचित करना; **Evincive** (-इव़्), **Evincible** (-इ-बल्) -*adjs.* tending to demonstrate. दर्शक, सूचक।

Evirate-ईव़िरेट्-*v. t.* to castrate, to emasculate. वधिया करना।

Eviscerate-इ-व़ि-सर्-एट्-*v. t.* to disembowel, to gut. आँतों को निकालना।

Evocation-इ-व़ो-के'-शन्-*n.* a calling forth. बुलाहट, पुकार।

Evoke-इ-व़ोक्'-*v. t.* to call up, to summon. पुकारना, बुलाना।

Evolution-ईव़्-ल्यू'-शन्-*n.* the act or process of opening out, appearance in succession, development. विवरण, विस्तार, क्रमिक अविर्भाव, विकास; **Theory of evolution** (viz. that species are not created severally but that they originate by a series of development.) क्रम-विकासवाद; **Evolutionary** (-अ-रि), **Evolutional** (-अल्)-*adjs.* pertaining to evolution. क्रम-विकासवाद-सम्बन्धी; **Evolutionism** (-इज़्म्) -*n.* theory of evolution. विकास का सिद्धांत।

Evolve-इ-व़ॉल्व़्'-*v. t.& i.* to unfold, to open out and expand, to develop. खोलना, फैलाना, प्रकट करना, विकसित करना; **Evolvement** (-मेन्ट्)-*n.* act of evolving, development. विकास, विस्तार, फैलाव।

Evulsion-इव़ल्शन्-*n.* extraction by force. आकर्षण, वलपूर्वक खींचना।

Ewe-यू-*n.* (*mas.* Ram-रॅम्)female of a sheep. भेड़ी।

Ewer-यू'-अर्-*n.* a pitcher, a water jug. जलपात्र (सुराही, कमण्डलु), लोटा।

Ex-ऍक्स्-*perf.* in sense of "out, thoroughly, separate, formerly". उपसर्ग जिसका "बाहर, पूर्ण रूप से, पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ में प्रयोग किया जाता है।

Exact-ऍग्ज़ॅक्ट्'-*adj.* precise, accurate, strictly correct ठीक-ठीक, यथार्थ, परम शुद्ध; -*v. t.* to demand and enforce payment of. वलपूर्वक माँगना (छीन लेना); **Exactable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be exacted. छीनने योग्य; **Exactitude** (-इ-ट्यूड्), **Exactness** (-नॅस्)-*ns.* correctness. यथार्थता; **Exacting** (-इङ्ग्) -*adj.* unreasonable in making demands. अनुचित माँग करनेवाला; **Exaction** (-शन्)-*n.* extortion. न्याय-विरुद्ध माँग; **Exactly** (-लि) -*adv.* accurately, quite so, just so. यथावत्, ठीक-ठीक, वहुत ठीक।

Exaggerate-ऍग्ज़जरेट् -*v. t.* to intensify, to aggravate, to overstate. विस्तृत रूप से वर्णन करना, वढ़ाना, बढ़ाकर कहना; **Exaggeration** (-ए'-शन्) -*n.* amplification, extravagant statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; **Exaggerative** (-इव़्)-*adj.* amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य अथवा बढ़ाकर कहनेवाला; **Exaggerator**(-टर्)-*n.* one who exaggerates. लम्बी-चौड़ी बात कहनेवाला।

Exalt-ऍग्ज़ॉल्ट्-*v. t.* to raise to a high rank, to praise, to extol. ऊँचे पद पर उठाना, प्रशंसा करना, बढ़ाना; **Exaltation** (-ए'-शन्)-*n.* elevation. उन्नति, प्रशंसा; **Exalted** (-ऍड्)-*adj.* elevated, raised to a height. ऊँचा किया हुआ।

Examination-ऍग्ज़ॅमिनेशन्-*n.* testing of knowledge, investigation. परीक्षा, अनुसन्धान, निरीक्षण।

Examine-ऍग्ज़ॅमिन्-*v. t. & i.* to investigate, to scrutinize, to enquire into. परीक्षा करना (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; **Examinee** (-ई) -*n.* one who is examined. परीक्षा देनेवाला; **Examiner** (-अर्) -*n.* one who examines. परीक्षक।

Example-ऍग्ज़ाम्पल्- *n.* fact, instance, a

pattern, warning. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; -*v. t.* to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; **Examplar** (-प्लर्) -*n.* a pattern, आदर्श, नमूना ; **Examplary** (-प्लरि)-*adj.* serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय ।

Exanimate-ऍग्जॅनिमेट् -*adj.* dead, lifeless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह; -*v. t.* to kill. मार डालना ; **Exanimation** (-ए-शन्)-*n.* death. मृत्यु ।

Exasperate-ऍग्-ज़ॅस्'-पर्-एट्-*v. t.* to irritate, to provoke. क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना;-*adj.* provoked. उत्तेजित; **Exasperation** (-ए'-शन्) -*n.* rage, provocation. क्रोधोद्दीपन, उत्तेजना; **Exasperating** (-टिङ्ग्), **Exasperative** (-टिव्)-*adj.* irritating. उत्तेजक ।

Excarnate-ऍक्स्-कार्'-नेट्-*v. t.* to deprive of flesh. मांस हटाना; **Excarnation**- (-ने-शन्)-*n.* removing of flesh. मांस हटाने का कार्य ।

Excavate-ऍक्स्-कॅवेट्-*v. t.* to dig out, to make hollow. खोदना, पोला करना, खनना; **Excavation**(-ए-शन्)-*n.* the act of excavating, a cutting. खुदाई, कटाव; **Excavator** (-ए'-टर्)-*n.* one who excavates. खोदनेवाला ।

Exceed-ऍक्-सीड्'-*v. t. & i.* to go beyond limit, to surpass or excel. सीमा से बाहर जाना; अधिक होना, बढ़ना; **Exceeder** (-अर्) -*n.* one who exceeds. बढ़ानेवाला; **Exceeding** (-इङ्ग्)-*adj.* too much. अधिक, बहुत; **Exceedingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a great degree. अति, अत्यन्त ।

Excel-ऍक्-सॅल्'-*v. t.* (*p. t.* **Excelled**) to surpass, to be superior विशिष्ट करना, बढ़ना, श्रेष्ठ होना; **Excellence** (-लॅन्स्)-*n.* superiority, greatness, dignity. विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्त्व ।

Excellency-ऍक्सलन्सि-*n.* (*pl.* **Excellencies**) a title of honour. महाराज, प्रभु ।

Excellent-एक्सलॅण्ट-*adj.* pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम; **Excellently** (-लि)-*adv.* exceedingly, in an excellent manner. विशिष्ट प्रकार (उत्तम रूप) से ।

Excelsior-ऍक्सलिसअर्-*adj.* still higher. और भी उत्तम या श्रेष्ठपद का ।

Except-ऍक्-सॅप्ट्'-*v. t. & i.* to exclude, to make objection against. अलग करना, एतराज करना; -*prep.* not including, but. सिवाय, अतिरिक्त, बिना ।

Exception-ऍक्-सॅप्'-शन्-*n.* not according to rule, exclusion. त्याग, अपवाद; **Exceptionable** (-ऍ-बॅल)-*adj.* objectionable. आक्षेप करने योग्य; **Exceptional** (-अल)-*adj.* unusual, peculiar. अपवादभूत,अलौकिक; **Exceptionally** (-अल्-लि)-*adv.* specially, in an exceptional way. अलौकिक रूप में या ढंग से ।

Excess-ऍक्-सॅस्'-*n.* intemperance, superfluity, असंयम, अधिकता; **Excessive** (इ-व्) -*adj.* extravagant, vehement. अधिक, अत्यन्त; **Excessively** (-इव्-लि) -*adv.* in an extreme degree. विशेष करके; **Excessiveness**(-नॅस्)-*n.* superfluity. अत्यन्त अधिकता ।

Exchange-ऍक्स्-चेंञ्ज् '-*n.* barter, money changer's trade, standard value of coinage. अदला-बदला, सराफ़े का व्यापार, मुद्रा का विनिमय (मूल्य);-*v. t.* to barter, to give in place of, to interchange. बदलना, बदले में देना; **In exchange for** (in lieu of.) बदले में ।

Exchangeable-ऍक्स-चेन्जॅब्ल्-*adj.* fit to be exchanged, that may be exchanged. बदलने योग्य; **Exchangeability** (-बिल्'-इ-टि)-*n.* the quality of being exchangeable. विनिमयता ; **Exchanger** (-अर्) -*n.* one who makes an exchange. बदलनेवाला ।

Exchequer-ऍक्स-चॅक्'-अर्-*n.* the department of public service empowered for issuing receipts and to deposit revenue. राजकोष, वह विभाग जिसमें राजकर जमा होता है; **Chancellor of the Exchequer** (the Finance Minister.) अर्थ-सचिव ।

Excide-ऍक्साइड्'-*v. t.* to separate by cutting off. काटकर पृथक् करना ।

Excisable-ऍक्-साइज़ॅ-ब्ल्-*adj.* see **Excise.**

Excise-ऍक्साइज़् -*n.* duty on commodities produced and consumed in a country, department of inland revenue.देश में बने तथा खर्च होनेवाले पदार्थों पर का कर, ऐसा कर-सम्बन्धी या आबकारी विभाग;-*v. t.* to force a person to pay excise, to cut off and remove. कर देने के लिए बाध्य करना, पृथक् करना, अलगाना; **Excisable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* subject to excise. कर लगने योग्य; **Exciseman** (a collector of excise.) ऐसा कर इकट्ठा करनेवाली अधिकारी ।

Excision-ऍक्-सिजन्-*n.* a cutting out of a part of the body. शरीर के किसी भाग का कटाव, नाश ।

Excitable-ऍक्-साइटॅ-ब्ल्-*adj.* able to be excited or irritated. उत्तेजित करने योग्य; **Excitation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of exciting. उत्तेजना, उद्दीपन ।

Excitant-ऍक्-साइट्'-ऑन्ट्-*adj.* tending to stimulate. उत्तेजक;-*n.* that which produces increased action in the body. शरीर में उत्तेजना उत्पन्न करनेवाली औषधि ।

Excite-ऍक्-साइट् -*v. t.* to set in motion, to provoke, to rouse, to stir up, to irritate. उत्तेजित करना, गतियुक्त बनाना, उभाड़ना; **Excitedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* with excitement. उत्तेजना से; **Excitement** (-मॅन्ट्)-*n.* stimulation. प्रकोप, उत्तेजना ।

Exciter-ऍक्-साइट्ʹ-अर्-*n.* a stimulant, one who or that which excites. उत्तेजित करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ ।

Exciting-ऍक्-साइट्ʹ-इङ्ग्-*adj.* thrilling. प्रोत्साहक, उत्तेजक; **Excitingly** (-लि) ;-*adv.* by way of excitement. उत्तेजित करते हुए ढंग से ।

Excitive-ऍक्-साइट्ʹ-इव्-*adj.* tending to excite. उत्तेजक ।

Exclaim-ऍक्स-क्लेम्ʹ-*v.t.&i.* to utter abruptly or vehemently, to cry out. चिल्लाना, पुकारना ।

Exclamation-ऍक्स-क्लॅम्-एʹ-शन् -*n.* outcry, clamour. आर्त्तनाद, चिल्लाहट; **Mark of exclamation**-interjection mark (!) विस्मयादिबोधक चिह्न (!) ।

Exclamative-ऍक्स्-क्लॅमॅटिव् , **Exclamatory** (-अरि)-*adjs.* expressing exclamation. विस्मय-सूचक ।

Exclude-ऍक्स-क्लूड्ʹ - *v. t.* to hinder from entrance, to obstruct, to shut out, to debar. अवरोध करना, रोकना, अलग करना, अलगाना ।

Exclusion-ऍक्स-क्लूʹ-ज़न्-*n.* ejection, exception. निषेध ।

Exclusive-ऍक्स-क्लूʹ-सिव्-*adj.* having power to exclude, not including. निषेधक, निवारक; **Exclusively** (-लि)-*adv.* with the exclusion of all others. केवल, अनन्य; **Exclusiveness** (-नॅस्)-*n.* the quality or state of being exclusive. निषेधता, पृथकत्व ।

Excogitate-ऍक्स्-कॉजिटेट् -*v. t.* to think out, to contrive carefully. चिन्तन करना, विचारना; **Excogitation** (-एʹ-शन्)-*n.* contrivance, invention. चिन्तन, विचार, आविष्कार ।

Excommunicate-ऍक्स्-कम्यूनिकेट् -*v. t.* to expel from the communion of a church. धर्मसंस्था से बहिष्कार करना; **Excommunication**(-एʹ-शन्)-*n.* exclusion from the church. ऐसा बहिष्कार; **Excommunicative** (-ऍ-टिव्) -*adj.* tending to excommunicate. बहिष्कार करने की प्रवृत्तिवाला ।

Excoriate-ऍक्स्-कोरि-एट्-*v. t.* to remove the skin or bark from. निरत्वचा करना, खाल निकालना; **Excoriation** (-एँ-शन्)-*n.* the act of removing skin or bark. त्वचा-विदारण ।

Excorticate-ऍक्स्-कॉर्-टिक्-एट्-*v. t.* to strip the bark or rind from. वृक्ष की छाल को छीलकर अलगाना ।

Excrement-ऍक्स् - क्रिमॅन्ट्-*n.* useless matter discharged from animal body, dung. मलोत्सर्ग, विष्ठा; **Excremental** (-अल्)-*adj.* pertaining to dung. विष्ठा-सम्बन्धी ।

Excrescence-इक्सक्रॅ सॅन्स-*n.* an abnormal or unnatural outgrowth, a tumour. गुल्म, मस्सा, ग्रन्थि; **Excrescent** (-सॅन्ट्)-*adj.* superfluous. बढ़ा हुआ ।

Excreta-ऍक्स्-क्रीटा-*n.* (*pl.*) the waste matter expelled from animal body. मल-मूत्र आदि पदार्थ ।

Excrete-ऍक्स्-क्रीट्ʹ-*v. t.* to expel or discharge waste matter from the body. शरीर से मल निकालना; **Excretion** (-क्री-शन्)-*n.* the act of excreting, that which is excreted, alt. मल-त्याग, मल; **Excretive** (-टिव्), **Excretory** (-अरि)-*adjs.* able to excrete. मल त्यागने योग्य ।

Excruciate-ऍक्स्-क्रूʹ-शि-एट्-*v.t.* to torment or torture, to give pain to. अत्यन्त कष्ट देना, सन्ताप देना; **Excruciating** (-इङ्ग्)-*adj.* distressing, painful. यंत्रणादायक, दुःखकारक; **Excruciation** (-एʹ-शन्) -*n.* vexation, torture. व्यग्रता, यातना ।

Exculpate-ऍक्स्-कल्-पेट् - *v. t.* to remove from charge of crime, to free from blame. निर्दोष करना, अपराध से निर्मुक्त करना; **Exculpated** (-ऍड्) -*adj.* cleared from blame. निर्दोष, दोषमुक्त; **Exculpation** (-पेʹ-शन्)-*n.* act of freeing from fault or crime. दोषमुक्तिकरण, दोषमोचन; **Exculpatory** (-अरि) -*adj.* excus-ing. क्षमा करनेवाला, दोष-मोचक ।

Excursion-ऍक्स्-कर्शन्-*n.* an expedition, a ramble, a trip for pleasure or health. साहसिक यात्रा, पर्यटन, स्वास्थ्य या मनोरञ्जन के लिए भ्रमण ; **Excursionist** (-इस्ट्) -*n.* one who goes on an excursion. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति, आमोदार्थ भ्रमणकारी ।

Excursive-ऍक्स्-कर्सिव्-*adj.* deviating, rambling. भ्रमणशील ।

Excusable-see **Excuse**.

Excuse-ऍक्स-क्यूज़्ʹ-*v. t.* to free from guilt, to forgive, to make an apology for, to pardon. दोषमुक्त करना, क्षमा करना, अपराध के लिए क्षमा माँगना;-*n.* apology, pretext. क्षमा-प्रार्थना, बहाना; **Excusable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be excused. क्षमायोग्य; **Excusably** (-ऍब्-लि)-*adv.* with excuse. क्षमा प्रार्थना करते

हुए; **Excuseless** (-लेस्)-*adj.* having no excuse. अक्षन्तव्य, निरुत्तर ।

Execrable-ऍक्सिक्रे - ब्ल् - *adj* abominable, hateful. घृणा के योग्य, घृणित; **Execrably** (-ऍक्सिक्रें ब्लि)-*adv.* hatefully, scornfully. घृणा से।

Execrate-ऍक्स् - इ - क्रेट्-*v. t. & i.* to express abhorrence for, to curse.घृणा करना, शाप देना; **Execrative** (-इव्)-*adj.* hateful. घृणित; **Execration** (-क्रे'-शन्)-*n.* a curse. शाप ।

Executable-ऍग्जि-क्यूटे- ब्ल्-*adj.* that may be executed or seized in default of payment. सम्पादनीय, कुर्क (कुर्की) करने योग्य ।

Executant-ऍग्जि-क्यूट्'-ऑन्ट्-*n.* a performer. सम्पादक, कोई कार्य करनेवाला ।

Execute-ऍग्जि-क्यूट्'-*v. t.* to carry into effect, to perform, to complete, to make valid by signing, to put to death. सम्पादन करना, कार्य करना, पूरा करना, हस्ताक्षर करके प्रमाणित करना, फाँसी देना; **Execution** (-क्यू'-शन्) -*n.* carrying out, seizure of a debtor's property in default of payment, capital punishment. निर्वाह, सम्पादन, कुर्की, फांसी; **Executioner** (-अर्)-*n.* a hangman. जल्लाद, फाँसी देनेवाला ।

Executive - ऍग्जिक्यूटिव् - *adj.* pertaining to the execution of law. विधान के सम्पादन से सम्बन्धित, शासन-सम्बन्धी;-*n.* the administrative branch of government. सरकार का शासन विभाग; **Executively** (-लि) -*adv.* administratively.प्रबन्ध रूप से, शासन करते हुए।

Executor-ऍग्ज़ि क्यूटर-*n.mas.* a man appointed to carry out the provisions of one's will. मृतक के इच्छापत्र का उत्तरसाधक; **Executrix** (-रिक्स्), **Executress** (-रेस्) -*ns.* *fem* a female executor. उत्तरसाधिका ।

Exegesis-ऍक्स्-इ-जी'-सिस्-*n.* exposition or interpretation of the Scriptures. श्रुतिभाष्य (टीका); **Exegetical** (-जेट्'-इ-कल्)-*adj.* expository. ऐसा भाष्य करनेवाली टीका ।

Exemplar-ऍग् - ज़ेम्' - प्लर्-*n.* an ideal, a model, a pattern. आदर्श, नमूना;**Exemplary** (प्ल-रि) -*adj.* typical, illustrative. आदर्श, दृष्टान्त योग्य ।

Exemplification-ऍग्ज़्-ऍम् - प्लिक्-इक्-ए'-शन् -*n.* see **Exemplify.**

Exemplify-ऍग्-ज़ेम् '- प्लि - फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Exemplified.**) to illustrate by example. उदाहरण देना; **Exemplification** (-प्लिफ़्'-इक्-ए'-शन्)-*n.* the act of exemplifying, a copy. दृष्टान्त या उदाहरण, प्रदर्शन, नमूना ।

Exempt-ऍग्-ज़ेम्ट्'-*v.t.* to free from control. नियंत्रण-मुक्त करना, त्यागना; **Exempted** (-ऍड्) -*adj.* not included. मुक्त, वर्जित; **Exemption** (-ज़ेम्'-शन्)-*n.* the act of exempting, immunity. मोक्ष, मोचन, छुटकारा ।

Exequies-ऍक्सि - क्वीज़्-*n.* *pl.* funeral rites. अन्त्येष्टि क्रिया ।

Exercisable-ऍक्स्'-अर्-साइज़्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be exercised. अभ्यास करने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य ।

Exercise-ऍक्स्'-अर्-साइज़्-*n.* putting in practice, bodily exertion, discipline, employment, a lesson for practice. प्रयोग, व्यायाम, अनुशासन, नियोग, अभ्यास; -*v.t. & i.* to employ, to perform the duties of, to train, to perplex. प्रयोग करना, कर्त्तव्य करना, शिक्षा देना, कष्ट देना; **Bodily exercise** (exertion of body for health.) शारीरिक व्यायाम; **Military exercise** (drill &c.) सैनिकों की कवायद ।

Exert-ऍग्ज़र्ट्-*v.t.* to do or perform, to bring into operation. प्रयत्न करना, उद्योग करना, सम्पादन करना; **Exertion** (-ज़र्शन्)-*n.* the act of exercising with effort. उद्योग, उद्यम, परिश्रम; **Exertive** (-इव्)-*adj.* exerting. (परिश्रम की) चेष्टा करता हुआ ।

Exeunt-ऍक्सि-अन्ट्-*v. i.* (*sing.* **Exit** ऍक्स्'-इट्) they leave the stage. वे पात्र रङ्गभूमि से जाते हैं; **Exeunt omnes** (-ऑम्-नीज़्) all leave the stage. सब पात्र रङ्गभूमि से बाहर चले जाते हैं ।

Exhalation-ऍग्ज़्-हे-लेशन्-*n.* see **Exhale.**

Exhale-ऍग्ज़ - हेल्'-*v. t. & i.* to emit as vapour, to pass off in vapour. साँस निकालना, साँस निकलना; **Exhalable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* able to be exhaled. श्वास निकालने योग्य; **Exhalation** (-ऍ-शन्)-*n.* puffing off of breath. उच्छ्वसन, मुख द्वारा वायु निर्गमन ।

Exhaust-ऍग्-ज़ॉस्ट्'-*v. t.* to draw off air, to empty of contents, to tire out. वायु निकाल लेना, खाली करना, थकाना; -*n.* the waste that comes out of an engine. यन्त्र (इञ्जन) से निकलता हुआ मलवा; **Exhausted** (-ऍड्)-*adj.* tired out, wholly used. निथारा हुआ, श्रान्त, थका हुआ; **Exhaustion** (-शन्) -*n.* the state of being exhausted. थकावट; **Exhaustive** (-इव्)-*adj.* tending to exhaust. थकानेवाला; **Exhaustiveness** (-इव् - नेस्)-*n.* power of exhausting. थकाने की शक्ति; **Exhaustless** (-लेस्)-*adj.* without fatigue. अक्षय, अश्रान्त ।

Exhibit-ऍग्-ज़िब्'-इट्-*v. t.* to hold to view,

, to present formally, प्रकट करना, दिखलाना, ...ना;-*n*. anything exhibit-...sented to a court. प्रदर्शित ... में पेश किये हुए कागज़ात।

Exhibiter - ऍग्-ज़िब्'-इट्-अर् -*n*. ...o exhibits. प्रदर्शक, प्रकाशक।

...ibition-ऍग्-ज़िबिशन्-*n*. the act of exhibiting, display, a public show. प्रदर्शनी, कौतुक; **Exhibitioner** (-अर्)-*n*. one who receives an allowance at an English university. किसी अँगरेज़ी विश्वविद्यालय से अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता पानेवाला विद्यार्थी।

Exhilarate-इग्ज़िलरेट्-*v. t. & i.* to cheer up, to gladden, to enliven, to become joyous. प्रमुदित करना, प्रफुल्ल करना, प्रसन्न होना; **Exhilarant**-ऑन्ट्) -*n*. exciting mirth. आनन्ददायक; **Exhilarating** (-इङ्ग्) -*adj*. gladdening. आनन्ददायक; **Exhilarative** (-इव्)-*adj*. tending to gladden. आनन्दकर; **Exhilaration** (-ए'-शन्)-*n*. cheerfulness. आनन्द।

Exhort-ऍग्ज़ॉर्ट्-*v. t.* to urge to good deeds, to advise, to warn, to caution. सदुपदेश देना, सलाह देना, सावधान करना; **Exhortation**, (-ए-शन्)-*n*. the act of exhorting. उपदेश, प्रोत्साहन; **Exhortative** (-ऍटिव्), **Exhortatory** (-अरि)-*adjs*. containing exhortations. प्रबोधक, उपदेशक; **Exhorter** (-अर्)-*n*. one who exhorts another. प्रबोधक।

Exhumation-ऍक्स्-ह्यूमेशन्-*n*. see **Exhume**.

Exhume-ऍक्स् - ह्यूम्'-*v. t.* to dig out, to unearth. खोदकर भूमि से बाहर निकालना; **Exhumation** (-ए'-शन्) -*n*. the act of exhuming. उत्खनन।

Exigence, (**Exigency**)-ऍक्'-सि-जेन्स्, (-सि) -*ns*. emergency, urgent necessity. सङ्कट समय, आवश्यकता।

Exigent-ऍक्सिजेन्ट्-*adj*. urgent, pressing. अति आवश्यक।

Exile-ऍग्जाइल्' - *v. t.* to expel from one's country, to banish. देश से निकालना, बहिष्कार करना;-*n*. banishment, a banished person. देशनिकाला, निर्वासित व्यक्ति; **Exilement** (-मेन्ट्) -*n*. banishment. देश-बहिष्कार, निर्वासन।

Exility-ऍक्स्-इल्-इट्-इ- *n*. thinness, slenderness. पतलापन, क्षीणता, दुर्बलता।

Exist-ऍग्-ज़िस्ट्'-*v. t.* to have a reality, to continue to be, to live, to endure. अस्तित्व होना, जीवित रहना, जीना, स्थायी होना; **Existence** (-ऍन्स्)-*n*. continued being, all that lives. सत्ता, जीवन, स्थिति; **Existent** (-ऍन्ट्) -*adj*. actual, existing. वर्तमान, विद्यमान।

Exit-ऍक्'-सिट्-*n*. (*pl.* **Exeunt**) departure of a player from the stage, a passage to go out, death. रंगमंच से पात्र का निष्क्रमण, निर्गम, बाहर जाने का मार्ग, मृत्यु।

Exodus-ऍक्सॅ-डस् -*n*. a going out or departure. विदाई, प्रस्थान।

Ex-officio-ऍक्स्-ऑफ़िशि-ओ-*adj*. in virtue of one's office. पदाधिकारेण।

Exogamy-ऍक्स्'-ऑग्-ऑ-मि-*n*. marriage outside the tribe. जाति (बिरादरी) के बाहर विवाह-सम्बन्ध।

Exonerate-इग्ज़ॉनरेट् - *v. t.* to free from blame &c., to acquit. पाप इत्यादि से मुक्त करना, छोड़ना; **Exoneration** (-ए'-शन्) -*n*. the act of freeing from imputation. पाप से मुक्ति।

Exorable-ऍक्सर-ब्ल्-*adj*. capable of being moved by prayers. प्रार्थना से प्रभावित होनेवाला या प्रभावनशील।

Exorbitance - इग्ज़ॉर्बिटॅन्स्, **Exorbitancy** (-ऑन्-सि)-*ns*. excess, extravagance. आधिक्य।

Exorbitant-इग्ज़ॉर्बिटॅण्ट् - *adj*. beyond limit, excessive. अपरिमित, अत्यधिक, **Exorbitantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv*. in an excessive manner, extravagantly. अधिकता से, महाघता से।

Exorcism-ऍक्सॉर्सिज़्म् -*n*. expelling of evil spirits. भूत-प्रेत का अपसरण।

Exorcist-ऍक्सॉर्सिस्ट् - *n*. one who drives away evil spirits. ओझा।

Exorcize-ऍक्सॉर्साइज़्' -*v. t.* to expel evil spirits by calling forth holy names. झाड़-फूँककर प्रेत हटाना।

Exordium-ऍग्ज़ॉर्डि-अम्-*n*. introductory part, the beginning. प्रस्तावना, भूमिका, मुखबन्ध।

Exoteric-ऍक्सॉटेरिक् - *adj*. commonplace, ordinary. साधारण, सामान्य।

Exotic-ऍग्ज़ॉटिक् - *n. &* *adj*. anything of foreign origin, extraneous. विदेशी वस्तु, परदेश से लाई हुई।

Expand-ऍक्स्-पॅन्ड्'-*v. t. & i.* to spread out, to develop, to enlarge. बढ़ाना, फैलाना, बढ़ना, उन्नति करना, विस्तृत करना।

Expanse-ऍक्स्'-पॅन्स्-*n*. wide extent, expansion. विस्तार, फैलाव।

Expansion-ऍक्स्-पॅन्शन् -*n*. enlargement, extension. वृद्धि, विस्तार।

Expansive-ऍक्स्-पॅन्सिव् -*adj*. extending widely. विस्तृत, व्यापक; **Expansively** (-इव्-

लि) -*adv*. in an expansive way. फैलावट से; **Expansiveness** (-नेंस्) -*n*. expansion. विस्तार, फैलाव।

Exparte-ऍक्स्-पार्टि-*adv*. in the interest of one side only. एक ही पक्ष के लाभ में, एक तरफ़ा।

Expatiate-एक्स्-पे-शि-एंट् -*v. t.* to enlarge in writing or argument. विस्तारपूर्वक लिखना या विवाद करना; **Expatiation** (-ए'-शन्)-*n*. detailed account. विस्तृत वर्णन।

Expatriate-ऍक्स्-पे-ट्रि-एट् -*v. t.* to banish from one's home. घर से बाहर निकाल देना।

Expect- ऍक्स् - पेक्ट्' -*v. t.* to wait for, to hope to. प्रतीक्षा करना, आशा करना; **Expectancy** (-ऑन्-सि) -*n*. hope. आशा; **Expectant**- (-ऑन्ट्) -*adj*. waiting, looking for. आशा करनेवाला, आकांक्षी; **Expectation** (-ए'-शन्)-*n*. prospect of future good, promise. आकांक्षा, आशा; **Expectative** (- एंट् - इव्) -*adj*. reversionary. उत्तराधिकार प्राप्त करने की आकांक्षावाला।

Expectorate-ऍक्स्-पेक्ट-रेट्-*v. i.* to eject phlegm from the chest. खखारना, कफ निकालना, थूकना; **Expectorant** (-ऑन्ट्)-*n. &-adj*. a medicine that promotes expectoration. कफ निकालनेवाली औषधि; **Expectoration** (-ए'-शन्)-*n*. the act of expectorating, spittle. कफ का निकलना, श्लेष्मा; **Expectorative** (-इव्)-*adj*. expectorant. कफ निकालनेवाला।

Expedience-ऍक्स्-पी'-डि - ऍन्स्, **Expediency** (-सि) -*ns*. fitness, suitableness. योग्यता, उपयोग, औचित्य।

Fleck-फ्लेक्-*v. t.* to mark with spots. चित्रित करना, चित्ती डालना;-*n.* a spot on skin. धब्बा, दाग; **Flecker** (-अर्)-*v.t.* to variegate. चितकबरा करना;**Fleckless** (-लेस्)-*adj.* unspotted. बिना दाग या धब्बे का ।

Fled-फ्लेड्-*p. t. & p. p.* of **Flee.**

Fledge-फ्लेज्-*v. t.* to provide or furnish with feathers. परदार करना, (उड़ने योग्य बनाना); **Fledged** (-ड्)-*adj.* with feathers. पक्षयुक्त; **Fledgling** (-लिङ्ग्) -*n.* a young bird, an inexperienced person. पक्षी का छोटा बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य ।

Flee-फ्ली-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Fled**) to run away, to leave abruptly, to hasten, to shun. भाग जाना, एकाएक त्यागना, जल्दी करना, घृणा करना ।

Fleece-फ्लीस्-*n.* wool of sheep, thin fibre. भेड़ का रोवाँ, मुलायम रेशा;-*v. t.* to shear wool from sheep. भेंड़ का बाल काटना ।

Fleecy-फ्ली'-सि-*adj.* covered with soft wool, woolly. रूएँदार ।

Fleer-फ्लि-अर्-*v. i. & t.* to laugh mockingly, to sneer, to flout. उपहास करना, ताना मारना; -*n.* mockery. उपहास; **Fleering** (-इङ्ग्)-*adj.* mocking. ताना मारनेवाला; **Fleeringly** (-लि) -*adv.* in a mocking way. ताना मारते हुए ।

Fleet-फ्लीट्-*n.* a number of warships or boats, an inlet. नौका-समुदाय, जहाजों का बेड़ा, खाड़ी; -*adj.* swift, nimble. शीघ्रगामी, चंचल;-*v. i.* to fly swiftly, to flit. जल्दी से भागना, चम्पत होना; -*v. t.* to pass in joy. आनन्द से बिताना; **Fleeting** (-इङ्ग्)-*adj.* transient, passing quickly. क्षणिक, क्षणभंगुर; **Fleetingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a fleeting manner. शीघ्रता से; **Fleetness** (-नेस्)-*n.* swiftness. शीघ्रता ।

Flench-फ्लेन्श्'-*v. t.* to cut up a whale ह्वेल मछली को काटना ।

Flesh-फ्लेश्-*n.* the muscular part of animal bodies, animal food. शरीर का मांसल भाग, मांस; **Flesh and blood** (near relatives.) समीप के सम्बन्धी, नजदीकी रिश्तेदार; **Fleshings**(-इङ्ग्ज्)-*n. pl.* clothes of flesh-colour. चमड़े के रंग के वस्त्र; **Fleshmonger**(-मङ्ग्-गर्) -*n.* one who sells meat. मांस बेचनेवाला; **Fleshless** (-लेस्)-*adj.* without flesh. मांसहीन; **Fleshy** (-इ) -*adj.* stout, pulpy. पुष्ट (मोटा), मांसल; **In flesh** (fat.) मोटा **In the flesh** (in corporeal form.) शरीर के रूप में ।

Fletch-फ्लेच्-*v. t.* to put feathers on an arrow. तीर में पर लगाना ।

Fletcher-फ्लेच्'-अर् -*n.* an arrow-maker. तीर बनानेवाला ।

Fleur-de-lis- फ्लर्-ड-ली' (-लिस्-)*n.* the royal badge of old France, iris flower, the flower of the lily. फ्रांस का प्राचीन राज-चिह्न, कुमुदिनी का फूल ।

Fleurette-फ्लरेट् -*n.* an ornament like a small flower. छोटे फूल के आकार का आभूषण ।

Fleur-de-lis.

Flew-फ्लू-*p. t.* of **Fly.**

Flex-फ्लेक्स्-*v. t.* to bend. झुकाना;-*n.* flexible or insulated wire. लचीला या रेशम लपेटा हुआ तार ।

Flexible-फ्लेक्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* pliant, easily bent. मुलायम, लचीला; **Flexibility** (-इट्-इ)-*n.* the quality of being flexible, pliability. लचीलापन; **Flexibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a flexible or pliant manner. लचीलेपन से ।

Flexile-फ्लेॅक्स्'-इल्-*adj.* pliant, pliable. मुलायम, लचीला।

Flexion-फ्लेॅक्शन्-*n.* bending. झुकाव।

Flexor-फ्लेॅक्सर् -*n.* a muscle that bends a joint. अंग के जोड़ को मोड़नेवाली मांसपेशी।

Flexuous-फ्लेॅक्स्'-यू-अस्-*adj.* bending. घुमौवा (मोड़ों से भरी हुई)।

Fley, Flay-फ्ले-*v. t.* to cause to fly, to terrify. उड़वाना, डराना।

Flick-फ्लिक्-*n.* a light blow or jerk. धक्का, झटका;-*v. t.* to jerk, to strike with a whip. झटका देना, चाबुक से पीटना।

Flicker-फ्लिक्'-अर्-*v. t.* to quiver, to flutter, to burn unsteadily, to twinkle. झिलमिलाना, फड़फड़ाना, हिलते हुए जलना, जगमगाना; **Flickering** (-इङ्ग्)-*adj.* unsteady. चंचल, अस्थिर।

Flier-फ्लाइ'-अर्-*n.* one who flees or flies. भागने या उड़नेवाला।

Flight-फ्लाइट्-*n.* act of flying through air, flock of birds or insects, swift passage, hasty departure, distance that a bird can fly, a series of steps, suddenly running away. उड़ान, पक्षियों अथवा कीड़ों का झुंड, शीघ्र गति, पक्षी के उड़ने की दूरी, सीढ़ियों का डंडा, भगदड़; **Flight Commander**-*n.* an officer of the Royal Air Force. शाही हवाई सेना का सेनापति; **Flighty** (-इ)-*adj.* fickle, crazy. चंचल, चपल।

Flim-flam-फ्लिम्'-फ्लॅम्-*n.* an idle talk, nonsense. गल्प, व्यर्थ की बकवाद।

Flimsily-फ्लिम्ज़्'-इ-लि-*adv.* in a frail or flimsy manner. दुर्बलता से; **Flimsiness** (-इ-नेॅस्)-*n.* the quality of being frail. असारता।

Flimsy-फ्लिम्'-ज़ि-*adj.* frail, trivial, weak. निर्बल, असार, शक्तिहीन।

Flinch-फ्लिन्च्-*v. i.* to give way, to shrink. विमुख होना, ठमकना।

Flinders-फ्लिन्'-डर्ज़्-*n. pl.* fragments, splinters. टुकड़े, चैली।

Fling-फ्लिङ्ग्-*v. i. & t.* (*p. t.* Flung.) to rush violently, to throw, to hurl, to spread arms, to send, to throw on ground, to scatter, to baffle. टूट पड़ना, फेंकना, हाथ बढ़ाना, भेजना, पृथ्वी पर पटक देना, छितराना, घबड़ाना;-*n.* a throw. फेंकान; **To fling away** (to reject, to discard.) टालना, हटाना; **To fling down** (to ruin.) नाश करना; **To fling in** (to throw in.) फेंकना; **To fling out** (to utter.) बोलना; **To fling up** (to abandon.) त्यागना; **To have a fling at** (to endeavour.) प्रयत्न करना।

Flint-फ्लिन्ट्-*n.* a kind of red hard stone. चकमक पत्थर; **Flint-hearted**-*adj.* (hard-hearted.) कठोर हृदय; **Flinty** (-इ)-*adj.* like flint. चकमक पत्थर के समान।

Flip-फ्लिप्-*v. t.* (*p. t.* Flipped.) to jerk, to move, to strike. झटका देना, हटाना, मारना, पीटना।

Flip-flap-फ्लिप्'-फ्लॅप्-*adv., & n.* with repeated flapping, a cracker, a somersault. बार-बार फटफटाते हुए, पटाका, कलैया।

Flippancy-फ्लिपन्सि-*n.* fluency of speech. वाक्-चपलता।

Flippant-फ्लिपन्ट्-*adj.* trivial, talkative, disrespectful. क्षुद्र, बकवादी, अविनीत; **Flippantly** (-लि)-*adv.* in a flippant or talkative manner. बकवाद करते हुए।

Flipper-फ्लिप्'-पर्-*n.* a moving limb, the hand. हिलनेवाला अंग, हाथ।

Flirt-फ्लर्ट्-*v. t. & i.* to send with a jerk, to move briskly, to jeer. झटके से फेंकना, वेग से हिलना या उछालना, हँसी उड़ाना; -*n.* a sudden jerk, a coquette. चोंचला करनेवाला पुरुष या स्त्री, तेज झटका; **Flirtation** (-एॅशन्)-*n.* a quick motion, playing at courtship. स्फुरण, (कम्प), चोंचला; **Flirtatious** (-ए'-शस्)-*adj.* given to flirting. कम्पमान।

Flit-फ्लिट्-*v. i.* to depart, to fly lightly. भाग जाना, उड़ जाना।

Flitch-फ्लिच्-*n.* the side of a hog salted and cured, a slice सुअर का नमक-मसाला लगाया हुआ बगल का मांस, टुकड़ा।

Flitter-फ्लिट्'-टर्-*v. i.* to flutter. फड़फड़ाना -*n.* a tatter. फड़फड़ाहट।

Float-फ्लोट्-*n.* a raft, something that swims, a tool for smoothing plaster. डोंगा, तैरनेवाला पदार्थ, पलस्तर चिकनाने का हथियार;-*v. i. & t.* to be suspended in a liquid or air, to launch a company, to hover. जल या वायु इत्यादि पर तैरना, व्यावसायिक संघ स्थापित करना, घूमना; **Floatable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* capable of being floated. तैरने योग्य; **Floatation** (-ए-शन्)-*n.* act of floating. तैरने की क्रिया।

Floating-फ्लोट्'-इङ्ग् - *n.* the act of being conveyed by a stream. तैरान; -*adj.* resting, buoyant on water, circulating, not fixed. तैरता हुआ, चलायमान; **Floating bridge**-*n.* (a pontoon bridge) पीपे का पुल; **Floatingly** (-इङ्ग्-लि)-*adj.* in a floating manner. तैरते हुए।

Floccule-फ्लॉक्'-यूल्-*n.* small tuft of wool. ऊन का छोटा गुच्छा; **Flocculent** (-ऍन्ट्)-*adj.*

woolly, ऊनदार; **Flocculose** (-लोस्) *-adj.* woolly, tufty, ऊनदार, जटादार ।

Flock-फ़्लॉक्-*n.* a number of animals, birds &c., family of children, number of pupils. पशु पक्षी इत्यादि का समूह (झुण्ड), बच्चों या विद्यार्थियों का समुदाय;-*v. i.* to flock together in crowds. झुण्ड लगाना, भीड़ मचाना ।

Floe-फ़्लो-*n.* a sheet of floating ice. जल पर तैरता हुआ बरफ़ का टुकड़ा ।

Flog-फ़्लॉग्-*v. t.* (*p. t.* **Flogged**) to beat with a whip or cane, to lash. बेंत या चमोटी से मारना; **Flogging** (-गिङ्ग्)-*n.* a whipping for punishment. दण्ड रूप में बेंत की मार ।

Flood-फ़्लड्-*n.* an overflow of tide, river, inundation, outpouring of water, deluge. ज्वार, नदी, बाढ़, अजस्र जल-प्रवाह, प्रलय; *-v. t.* to overflow. जल से पूरित करना; **Flood-gate** (a sluice for letting water run.) जलद्वार; **Floodmark** (high watermark.) बाढ़ के सबसे ऊँचे पानी का चिह्न; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुपात; **Flood-tide** (tide when rising.) ज्वार; **Universal-flood** (the final destruction of the universe.) महाप्रलय ।

Floor-फ़्लोर्-*n.* bottom surface of a room &c. a storey in a building. भूतल (गृहपृष्ठ), घर का खण्ड; *-v. t.* to furnish with floors. छत बनाना, पटिया जमाना; **Ground-floor** (ground level.) पृथ्वीतल; **Floor-cloth** (material for covering floors) जाजिम, दरी, गलीचा; **To bring to the floor** (to perplex.) व्यग्र करना, घबड़ा देना ।

Flooring-फ़्लोर्'-इङ्ग्-*n.* materials for floors. floor of a room. फ़र्श बनाने का सामान, कमरे का फ़र्श ।

Flop-फ़्लॉप्-*v. i.* (*p. t.* **Flopped.**) to make a dull sound by striking. फड़फड़ाना, फटफटाना; *-n.* फड़फड़ाहट; **Floppy** (-पि) *-adj.* flaccid, पिलपिला ।

Flora-फ़्लोरा-*n.* (*pl.* **Florae, Floras**) plants of a particular region. किसी प्रदेश की वनस्पतियाँ ।

Floral-फ़्लोरल्-*adj.* pertaining to flowers. पुष्प संबन्धी; **Florally** (-लि)-*adv.* with flowers. फूलों के साथ ।

Florescence-फ़्लॉ-रे-सेन्स्-*n.* flowering season or condition, blossoming. फूलने की ऋतु या अवस्था, पुष्पन ।

Floret-फ़्लोर्'-एट् -*n.* one of the small flowers composing a bunch. गुच्छे में का एक छोटा फूल ।

Floriage-फ़्लोर्'-इ-एज्-*n.* blossom. फूल ।

Floriate-फ़्लोर्'-इ-एट्-*v. t.* to decorate with flowers. फूलों से सजाना; **Floriated** (-एड्) *-adj.* ornamented with floral designs. फूलों के चित्र से सजाया हुआ ।

Floricultural-फ़्लोरिकल्चरल्-*adj.* pertaining to floriculture. फूलों की खेती से सम्बन्धित ।

Floriculture-फ़्लोरिकल्चर्-*n.* the cultivation of flowers. फूलों की खेती; **Floriculturist** (-इस्ट्)-*n.* a cultivator of flowers. फूलों की खेती करनेवाला मनुष्य ।

Florid-फ़्लॉ-रिड्-*adj.* adorned with flowers, showy, high-coloured, brilliant, ruddy. फूलों से अलंकृत, दिखौवा, गहरे रंग का, चमकीला लाल; **Floridness** (-नेस्)-*n.* लाली ।

Floridity-फ़्लॉ-रि-डि-टि-*n.* the quality of being florid. फूलों की लाली, फूलों की सजावट ।

Floriferous-फ़्लॉ-रिफ़्'-अर्-अस्-*adj.* producing many flowers. अनेक फूलों को उत्पन्न करनेवाला ।

Floriform-फ़्लो'र्-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a flower. फूल के आकार का ।

Florin-फ़्लॉर्'-रिन्-*n.* an English coin worth two shillings. दो शिलिंग के मूल्य का अंग्रेजी सिक्का ।

Florist-फ़्लो'र्-इस्ट्-*n.* one who cultivates or deals in flowers. फूलों की खेती करनेवाला, फूल बेचनेवाला ।

Floss-फ़्लॉस्-*n.* a silky substance found in the husks of certain plants. पौधों की बोड़ियों में के महीन रेशम के समान तन्तु ।

Flotant-फ़्लो'-टॅन्ट्-*adj.* floating in air. हवा में तैरने (उड़ने) वाला ।

Flotation-फ़्लो - टे - शन् - *n.* act of floating. प्लवनशीलता ।

Flotilla-फ़्लॉ-टिल्'-ला-*n.* a fleet of small ships or boats. छोटे जहाजों या नावों का बेड़ा ।

Flounce-फ़्लाउन्स्-*v.i.* to struggle with violent motion, to flop. फड़फड़ाना, अकड़ना; *-v. t.* to deck with fringes. झालर लगाना;-*n.* jerk of body, loose gathered edge sewn round a woman's skirt. शरीर का झटका, वस्त्र में लगाई हुई झालर, मगजी ।

Flounder-फ़्लाउन्'-डर्-*n* a small flat fish. एक प्रकार की छोटी चिपटी मछली;-*v. i.* to struggle in mud, to make mistakes, to manage a business badly. कीचड़ में तड़फड़ाना, अशुद्धि करना, व्यवसाय का बुरा प्रबन्ध करना ।

Flour-फ़्ला-वर्-*n.* wheatmeal, finer part of meal obtained by grinding. आटा, पिसान; **Flourmill** (a mill for reducing grains to flour.) आटे की चक्की ।

Flourish-फ्लर्'-रिश्-*v. i.* to prosper, to be successful, to show ostentatiously. भाग्यवान् होना, सफल होना (महत्त्व दिखलाना), आडम्बर करना;-*v. t.* to wave about, to brandish. हिलाना,घुमाना;-*n.* prosperity, embellishment, musical prelude. ऐश्वर्य, शोभा (अलङ्कार), बाजे का बजना।

Flout-फ्लाउट्-*v. t.* to mock at or insult. तौना मारना (चिढ़ाना), अपमान करना;-*n.* a mocking action or speech. बोली-ठिठोली, ताना; **Flouter** (-अर्)-*n.* a mocker. ताना मारनेवाला; **Floutingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* mockingly. ठिठोली करते हुए।

Flow-फ्लो-*v. i.* (*p. t.* **Flew,** *p. p.* **Flown.**) to run as a stream, to move easily, to circulate, to result from, to be in flood. बहना, धीरे से सरकना, चक्कर लगाना, परिणाम होना, बाढ़ में होना;-*n.* a stream, a current or rise of water, abundance. बहाव, जल की धारा, अधिकता; **Flow of spirit** (natural pleasure.) स्वाभाविक आनन्द।

Flower-फ्लाउ'-अर्-*n.* blossom of a plant, the choice part, essence. पुष्प (फूल), श्रेष्ठ भाग, सार; -*v. i. & t.* to blossom, to cause to flower, to flourish. फूलों से सुशोभित करना; **Flowered**(-अड्)-*adj.* expanded into flowers. पुष्पित, कुसुमित; **Floweret** (-एँट्)-*n.* a small flower. छोटा फूल ; **Flowering** (-अर्-इङ्ग्) -*adj.* having flowers. पुष्पित; **Flowerless** (-अर्-लेँस्)-*adj.* devoid of flowers. कुसुमहीन।

Flowery-फ्लाउ'-अर्-इ-*adj.* abounding with flowers, figurative. पुष्पमय, फूलों से पूर्ण, आलङ्कारिक।

Flowing-फ्लो-इङ्ग्-*adj.* moving as a fluid, smooth or fluent तरल पदार्थ की तरह बहता हुआ, चिकना; **Flowingly** (-लि)-*adv.* in a flowing manner. बहते हुए; **Flowingness** (-नेँस्)-*n.* बहाव।

Flown-फ्लोन्-*adj.* puffed up. फूला हुआ; *p. p.* of **Fly.**

Fluctuate-फ्लक्'-ट्यु-एँट्-*v. i.* to move like waves, to waver, to rise and fall. लहराना, झूलना, घटना बढ़ना; **Fluctuating** (-इङ्ग्)-*adj.* wavering, fickle. चंचल, अस्थिर ; **Fluctuation** (-एँ-शन्)-*n.* fickleness, unsteadiness चलता, अस्थिरता, विपर्यय।

Flue-फ्लू-*n.* fluff, smoke channel, hot air passage. फुजा, धुयें का मार्ग, गरम वायु का मार्ग, धुवाँकश।

Fluency-फ्लू-एँन्-सि-*n.* flowing ready speech. बिना रुकावट की बोलचाल, अबाध भाषण।

Fluent-फ्लू' - एँन्ट् - *adj.* flowing, changing, easy. धारावाही, अस्खलित, सहज; **Fluently** (-लि) -*adv.* with fluency. बेधड़क, बिना रुकावट के (तेजी के साथ)।

Fluff-फ्लफ्-*n.* soft feathery stuff. पर के समान रोवाँ, फुज्जी; **Fluffiness** (-इ-नेँस्)-*n.* the state of being fluffy. फुज्जीपन; **Fluffy** (-फि)-*adj.* consisting of fluff. फुज्जीदार।

Fluid-फ्ल्यू'-इड्-*n.* anything that moves rapidly, a liquid substance. द्रव पदार्थ, तरल पदार्थ; **Fluidity** (-इ-टी)-*n.* the state of being fluid. द्रवता।

Fluke-फ्लूक्-*n.* the triangular arm of an anchor. लङ्गर का तिकोना नुकीला भाग;-*v. t.* to make an accidental hit. अचानक चोट करना या मारना।

Flume-फ्लून्-*n.* a ravine with stream, an artificial channel. नदी-युक्त तराई, कृत्रिम खाई।

Fluminous-फ्लू'-मिन्-अस्-*adj.* abounding in rivers. नदियों से पूर्ण।

Flummery-फ्लमरि-*n.* a kind of jelly prepared from flour, empty compliments. लपसी (हलुआ), निःसार अभिवादन।

Flump-फ्लम्प्-*v. i.* to fall with a dull sound. धड़ाके से गिरना।

Flung-फ्लङ्ग् -*p. t. & p. p.* of **Fling.**

Flunkey-फ्लङ्की-*n.* a liveried servant. वर्दीधारी चपरासी।

Fluorine-फ्लूरीन्-*n.* a non-metallic element. एक अधातु तत्त्व।

Flurry-फ्लर्'-रि-*n.* sudden gust, agitation, excitement. हड़बड़ी, घबराहट, उत्तेजना; -*v. t.* (*p. t.* **Flurried**) to agitate. घबड़ाना।

Flush-फ्लश्-*n.* a number of birds caught at once, a flow of water, glow of light, rush of emotion, a flow of blood to the face causing redness. एक साथ पकड़े हुए पक्षी, पानी का बहाव, लालिमा, प्रफुल्लता, कपोल-राग या गालों पर लाली;-*v. t. & i.* to fly away, to turn red, to rush out, to come in haste, to glow, to blush, to encourage, to cleanse with water. उड़ जाना, लाल होना, झपटना, फुर्ती से आना, चमकना, लज्जित होना, उत्साहित करना, जल से धोना;-*adj.* abundant, full. पर्याप्त, परिपूर्ण; **Flush of cards** (cards of the same suit.) एक रंग के ताशों का जोड़।

Fluster-फ्लस्'-टर्-*v. t. & i.* to excite with drink, to be agitated. शराब पिलाकर उन्मत्त करना, घबड़ाना;-*n.* agitation, heat from drinking घबड़ाहट, शराब की गरमी।

Flute-फ्लूट्-*n.* a musical instrument. मुरली, बंसी, बाँसुरी।

Flutter-फ्लट्'-टर्-*v. t. & i.* to flap wings, to quiver, to vibrate, to tremble, to agitate. पर फड़फड़ाना, कँपाना, काँपना, व्याकुल करना; -*n.* vibration, agitation of mind. कंपन, व्यग्रता; **Flutterer** (-अर्)-*n.* one who flutters. फड़फड़ानेवाला; **Flutteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a fluttering manner. फड़फड़ाते हुए।

Fluvial-फ्लू'-वि-अल्-*adj.* pertaining to or living in rivers. नदी-सम्बन्धी या नदी-वासी।

Flux-फ्लक्स् -*n.* copious flow, excrement. प्रचुर प्रवाह (बहाव), विष्ठा;-*v. i.* to flow copiously. अधिक परिमाण में बहना; **Fluxible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* capable of being melted. द्राव्य, गलने योग्य; **Fluxion** (-शन्)-*n.* the act of flowing or passing away. बहाव, निकाल।

Fly-फ्लाइ -*n.* (*pl.* Flies) a small two-winged insect. मक्खी;-*v. i. & t.* (*p. t.* Flew, *p. p.* Flown) to move on wings, to rise in air, to move swiftly, to jump clear over fence &c., to cause to float in air. परों पर या हवा में उड़ना, तेज़ी से चलना, बेलाग कूदना; **Fly-blow** (the egg of a fly.) मक्खी का अण्डा; **Fly-leaf** (the blank paper at the beginning of a book.) पुस्तक का पहिला सादा पन्ना; **To fly a kite** (to find out which way the wind blows). वायु की दिशा का पता लगाना; **To fly at** (to make a rush at.) झपटना; **To fly in the face of** (to attack.) आक्रमण करना; **To fly off** (to depart) विदा होना; **To fly out** (to abuse.) गाली-गलौज करना; **To fly to arms** (to equip with arms.) तुरत शस्त्र धारण करना।

Flying-फ्ला'-इङ्-*n.* mooving in air or on wings. उड़ान; **Flying-colours** (sign of victory.) विजय-चिह्न; **Flying-fox** (a big bat.) बड़ा चमगादड़; **Flying-machine** (an aircraft.) वायुयान; **Fly-net** (a net to protect fromflies.) मसहरी।

Fly-wheel-फ्लाइ'-व्हील्-*n.* the heavy wheel in a machine that equalizes its motion. किसी यन्त्र का संतुलन स्थापन करनेवाली भारी पहिया।

Foal-फ़ोल्-*n.* the young of a horse or ass. घोड़े या गदहे का बच्चा।

Foam-फ़ोम्-*n.* collection of small bubbles, froth. फेन, झाग;-*v. i.* to be filled with froth. फेन से भर जाना; **Foamless** (-लेस्)-*adj.* destitute of foam. फेनरहित; **Foamlessness** (-नेस्)-*n.* the state of being without foam. बिना फेन की स्थिति; **Foamy** (-इ)-*adj.* full of foam. फेनयुक्त, झागदार।

Fob-फ़ॉब्-*n.* a small pocket for a watch. घड़ी रखने की छोटी जेब;-*v. t.* to cheat. धोखा देना, ठगना।

Focal-फ़ो'-कल्-*adj.* pertaining to or of a focus. केन्द्र-सम्बन्धी, केन्द्रीय; **Focal distance** (the distance between the centre & focus.) ताल के मध्य से उसके केन्द्र तक की दूरी।

Focalize-फ़ो'-कलाइज़्-*v. t.* to collect in focus. केन्द्रीभूत करना।

Focus-फ़ो'-कस्-*n.* (*pl.* Focuses, Foci) the point at which rays of light meet. किरणों का केन्द्र या संगम; -*v. t.* (*p. t.* Focused.) to converge to a point, to bring to a point. केन्द्रीभूत होना।

Fodder-फ़ॉड्'-डर् *n.* dried food for horses or cattle. पशुभोजन, चारा, भूसा; **Fodderless** (-लेस्)-*n.* deprived of fodder. भूसा-रहित, बिना भूसे का।

Fodient-फ़ो'-डि - ऍन्ट्-*adj. & n.* digging. खोदनेवाला, खोदना।

Foe-फ़ो-*n.* an enemy, an opponent, an adversary. शत्रु, रिपु, वैरी; **Foeman** (an enemy in war.) युद्ध में का शत्रु।

Foetal-फ़ी'-टल्-*adj.* pertaining to foetus. भ्रूण-सम्बन्धी।

Foeticide-फ़ी'-टि-साइड्-*n.* criminal abortion. भ्रूणहत्या।

Foetus, Fetus-फ़ी'-टस् -*n.* fully developed embryo in the womb. गर्भ, भ्रूण, गर्भस्थ शिशु।

Fog-फ़ॉग्-*n.* thick mist, watery vapour, an obscured state of the atmosphere due to this, perplexity. तुषार, कुहरा, कुहरे से छिपा वायुमण्डल; -*v. t.* (*p. t.* Fogged) to envelop with fog, to obscure. कुहरे से ढाँकना, अँधेरा करना; **Foggily** (-गि-लि)-*adv.* cloudily कुहरे से; **Fogginess** (-गि-नेस्)-*n.* the state of being foggy. कुहरापन; **In a fog** (perplexed.) घबड़ाया हुआ।

Foggy-फ़ॉग्'-गि-*adj.* thick, dull, confused, dark, dim. घना, धूमिल, व्याकुल, अन्धकारमय, धुँधला।

Fogy, Fogey-फ़ो'-गि-*ns.* an antiquated or old-fashioned person. पुराने विचार या ढंग का मनुष्य।

Foh-फ़ॉ-*interj.* exclamation of contempt. तिरस्कारसूचक अव्यय, छिः!

Foible-फ़ॉइ'-बल्-*n.* weak point, moral weakness. छिद्र, चरित्र की त्रुटि।

Foil-फ़ॉइल् -*v. t.* to baffle, to defeat, to dull,

to frustrate. व्यग्र करना, परास्त करना, मन्द करना, विफल करना;-*n.* track of a hunted animal, a blunt-edged sword, a very thin leaf of metal, defeat. शिकार किये पशुओं का मार्ग, भुथरी तलवार,धातु का महीन वर्क,हार; Foilable (-एॅ-ब्ल्)-*adj.* what may be foiled. हराने योग्य; Foiler (-अर्)-*n.* one who frustrates another. दूसरे को घबड़ानेवाला।

Foin-फ़ॉइन्-*v. i.* to thrust with a sword or spear. बर्छी या तलवार भोंकना।

Foison-फ़ॉइ'-ज़न्-*n.* plenty, abundance. अधिकता, प्रचुरता।

Foist-फ़ॉइस्ट्-*v.t.* to bring by stealth, to pass off as genuine. चोरी से लाना, प्रामाणिक की तरह चालू करना; Foister (-अर्) -*n.* a cheat. छली मनुष्य।

Fold-फ़ोल्ड्-*n.* an enclosure for cattle, doubling of a substance. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा, परत (तह);-*v. t.* to double, to clasp, to envelop, to embrace. दुहराना, चपकाना, ढाँकना, आलिङ्गन करना; Folded (-एॅड्) -*adj.* doubled;-*suf.* प्रत्यय, यथा-Threefold (made in three folds.) तिगुना, तीन परत किया हुआ।

Folder-फ़ोल्ड्'-अर्-*n.* a machine for folding, shepherd. मोड़ने या परत करने का यन्त्र, गँड़ेरिया।

Folderol-फ़ोल्ड्'-र-ल्-*n.* silly, trifle, nonsense. मूर्खता, निरर्थक बात।

Folding-फ़ोल्ड्'-इङ्ग्-*n.* the operation of doubling. परत या तह करने का काम।

Foldless-फ़ोल्ड्'-लॅस् - *adj.* without folds. बिना तह या परत का।

Foliage-फ़ोल्'-इ-ऍज्-*n.* leaves, cluster of leaves. पत्ते, पत्तों का गुच्छा; Foliaged (-ऍज्ड्) -*adj.* furnished with foliage. पत्तों के गुच्छे से परिपूर्ण।

Foliate-फ़ोल्'-इ-ऍट्-*adj.* furnished with leaves. पत्तियों से भरा हुआ;-*v. t.* to beat into a thin plate. पीटकर महीन पत्तर (या) वर्क बनाना।

Folio-फ़ोल्'-इ-ओ-*n.* a book formed by sheets of paper which are folded once, both the right and left hand pages of an account-book. कागज़ के ताव को एक बार मोड़कर बनाई हुई पुस्तक, हिसाब की वही के दाहिने और बायें पत्र।

Folk-फ़ोक्-*n.* people in general, nation. जनसमूह, जनता, लोक; Folklore (legendary traditions.) पौराणिक कथा, घरेलू कथा-कहानी; Old folk (old people.) वृद्ध जन, बुड्ढे लोग।

Follow-फ़ॉल्'-लो-*v. t.* to go or come after, to imitate, to pursue, to accompany, to adhere to, to obey, to strive after. अनुगमन करना, अनुकरण करना, पीछा करना, साथ जाना, या लगना, आज्ञा मानना, प्रयत्न करना; To follow out (to follow up to the end.) अन्त तक पीछा करना; To follow suit (to do anything on the same lines as another.) दूसरे का अनुसरण करना; To follow up (to be near, to help.) समीप होना, सहायता करना।

Follower-फ़ॉल्'-लो-अर्-*n.* one who follows, a disciple, an attendant. अनुचर, अनुसरण करनेवाला शिष्य।

Following-फ़ॉल्'-लो - इङ्ग्-*adj.* succeeding. निम्नलिखित (अगला)।

Folly-फ़ॉल्'-लि-*n.* (*pl.* Follies.) want of sense, a foolish act, an unwise conduct. मूर्खता, अज्ञानता।

Foment-फ़ो-मॅन्ट्'-*v. t.* to bathe with warm medicated lotion, to foster, to encourage. गरम जल से सेंकना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना ; To foment disputes (to form intrigues.) झगड़ा बढ़ाना, जाल रचना; Fomenter (फ़ो-मॅन्ट्'-अर्)-*n.* one who foments. सेंकनेवाला, झगड़ा लगानेवाला।

Fomentation-फ़ो-मॅन्ट्-ए'-शन्-*n.* the act of fomenting, instigation. गरम जल से सेंक, उत्तजना।

Fond-फ़ॉन्ड्'-*adj.* doting, loving, foolish, silly. अनुरक्त (मुग्ध), आसक्त, मूर्ख; Fondly(-लि) -*adv.* in a fond manner. सप्रेम, अनुराग सहित; Fondness(-नॅस्)-*n.* the state of being fond. अनुराग, प्रीति, स्नेह (चाव)।

Fondle-फ़ॉन्'-ड्ल-*v. t.* to caress, to play with. आलिङ्गन करना, लाड़ करना; Fondler (-अर्)-*n.* one who fondles. लाड़ करनेवाला; Fondling (-लिङ्ग्)-*n.* a person or thing fondled. प्रियतम वस्तु या व्यक्ति।

Font-फ़ॉन्ट्-*n.* a receptacle for holy water, assortment of types of one sort. पवित्र जल रखने का पात्र, एक प्रकार के टाइप के अक्षर।

Fontal-फ़ॉन्टल्-*adj.* original, primary. आदि, प्राथमिक।

Fontanel, Fontanelle-फ़ॉन्ट्- नॅल्'-*ns.* a gap between the bones of the skull of a young animal or infant. बच्चे के कपाल की हड्डी की दरार (जो जुड़ी नहीं होती), चाँद।

Food-फ़ूड्-*n.* a nourishing material, provision. अन्न (आहार, भोजन), खाने का पदार्थ; Foodstuff (stuff which is used as food.) भोजन के उपयोग में लाया जाने वाला पदार्थ।

Fool-फ़ूल्-*n.* a silly person, one destitute of intellect, a jester. मूर्ख, निर्बुद्धि, अल्पमति, विदू-

षक; *-v. t. & i.* to deceive, to cheat, to trifle. मूर्ख बनाना, ठगना, धोखा देना, हँसी करना; **To play the fool** (to make blunders, to act the buffoon.) अशुद्धि करना, विदूषक का कार्य करना; **To make a fool of** (to bring a person into ridicule, to disapoint.) किसी को मूर्ख बनाना, विफल करना; **To go on a fool's errand** (to be engaged in useless enterprise.) व्यर्थ के कार्य में प्रवृत्त होना ; **Fool's paradise** (imaginary pleasure.) काल्पनिक आनन्द ।

Foolery-फूल-रि-*n.* habitual folly, absurdity. विडम्बना, मूर्ख क्रिया ।

Foolhardy-फूल्'-हार्डि - *adj.* rash, foolishly bold. प्रमत्त, उजड्ड ।

Foolish-फुलिश्-*adj.* weak in intellect, ridiculous. निर्बुद्धि (मूढ़), बुद्धिहीन; **Foolishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a foolish manner. अज्ञानता से, मूर्खता से; **Foolishness** (-नेस्)-*n.* act of being foolish, folly. दुर्बुद्धि, मूर्खता; **Fool's errand.** fruitless enterprise, अलभ्य वस्तु की प्राप्ति के लिए प्रयत्न ।

Fools'-cap-फूल्स्' - कॅप् - *n.* a size of paper which is 17 × 13½ inches. १७ × १३॥ इञ्च के नाप का कागज ।

Foot-फुट्-*n.* (*pl.* **Feet.**) the lower part of the leg, step, pace, infantry, lower end of bed, metrical unit, lineal measure of twelve inches, bottom. टाँग, पग, पैदल सवार, चारपाई का पताना, कविता का चरण, बारह इञ्च का नाप, तल, अधोभाग;*-v. i.* to dance. नाचना; *-v. t.* to kick, to spurn. लत्ती मारना, तिरस्कार करना ; **At one's foot** (to be one's disciple.) चेला होना; **Football** (a ball played by foot.) पैर से खेलने का गेंद; **Footboy** (-बॉय्)-*n.* a menial. नौकर-चाकर; **Foothold** (anything that sustains feet.) पैर रखने का आश्रय ; **Footless** (-लस्)-*adj.* without feet. बिना पैर का; **Footlights** (a row of lights along the front of a stage.) नाट्यशाला के आगे की दीपक की पंक्ति; **Footman** (-मॅन्)-*n.* a servant in livery. वर्दी पहिने नौकर; **Foot-note** (the note at the foot of a page.) पृष्ठ के नीचे की टीका या टिप्पणी ; **Footmark** (the mark made by a foot.) पैर का चिह्न; **Foot of page** (the bottom line of a page.) पृष्ठ की अन्तिम पंक्ति; **Foot passenger.**) a pedestrian. पैदल चलनेवाला; **Footpath** (a narrow path.) पगडंडी, **Footrule** (a measure 12 inches long.) एक फुट नापने की पट्टी; **Foot-soldier** (a soldier that serves on foot.) पैदल सिपाही; **Footstep** (vestige, track.) कदम, पद, पंक्ति; **Footstool** (a stool for placing foot on.) चरण-पीठ; **Footwear** (shoes and boots.) विभिन्न प्रकार के जूते ; **To set on foot** (to begin a work.) कार्य आरम्भ करना ।

Footing-फुट्'-इङ्ग्-*n.* foundation, basis, condition. नींव, आधार, स्थिति ।

Fop-फॉप्-*n.* a vain showy person, a dandy. दम्भी, छैला, बाँका ; **Foppery** (-परि)-*n.* idle affection. छैलापन ; **Foppish** (-पिश्) *-adj.* affectedly fine. दम्भी; **Foppishly** (-पिश्'-लि) *-adv.* in a foppish manner. छैलेपन से ; **Foppishness** (- नेस्)-*n.* the quality of being foppish or conceited. छैलापन ।

For-फॉर्-*prep. & conj.* in place of, instead of, in support of, with a view to, because of, as regards, concerning. वास्ते, लिए, बदले में, समर्थन में, उद्देश्य से, क्योंकि, विषय में, सम्बन्ध में; **As for** (in regard to.) विषय में; **For all the world** (in reality.) वस्तुतः, सचमुच; **For instance** (as an instance.) उदाहरणार्थ ; **For life** (throughout life.) जीवन-पर्यन्त ; **For long** (for a long time.) बहुत दिनों तक ; **For once** (only once.) केवल एक बार; **Take my word for it** (be sure of it.) निश्चय जानो; **To send for** (to call for.) मँगाना; **To take for granted** (to accept.) मान लेना ।

For-फॉर्-*pref.* in the sense of away, neglect, excess &c.'अधिक दूर,वृथा' इत्यादि अर्थ में उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होता है, यथा **Forasmuch.**

Forage-फॉ-रे-ज्-*n.* food for horses and cattle. घोड़े या मवेशियों का भोजन; *-v. i. & t.* to go in search of food, to ravage. भोजन के लिए घूमना, नष्ट करना ।

Foramen-फ़ोरे'-मन्-*n.* (*pl.* **Foramina.**) an orifice or passage. छिद्र या मार्ग ।

Forasmuch - फ़ॉर् - ओज़् - मच्-*conj.* because, since, that. चूँकि, इसलिए, कि ।

Foray-फ़ॉरे-*n.* raid, incursion. चढ़ाई, आक्रमण, धावा;*-v. t.* to plunder. लूटना ।

Forbade-फ़ॉर्-बेड्-*v. t.* (*p. t.*) checked. रोका ।

Forbear-फ़ॉर्-बेअर्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Forbore,** *p. p.* **Forborne**) to abstain from, to treat with patience, to be patient. विरत होना, रोकना, धैर्य रखना, सहन करना; **Forbearance** (-ऑन्स)-*n.* the act of forbearing. क्षमा, सहनशीलता; **Forbearing** (-इङ्ग्)-*adj.* enduring. सहनशील ।

Forbid-फ़ॉर्-बिड्'-*v. t.* (*p. t.* **Forbade** - बेड्, *p. p.* **Forbidden**) to order not to do, to

prohibit, to exclude, to hinder, to prevent. निषेध या मना करना, पृथक् करना, बाधा देना रोकना; **God forbid** (may it never happen.) ईश्वर न करे ऐसा हो; **Forbiddance** (-ऑन्स्)-*n.* prohibition. निवारण, बाधा; **Forbidding** (-डिङ्ग्)-*adj.* repulsive, raising dislike. अनिष्ट, घृणा उत्पन्न करनेवाला।

Forbore-फ़ॉर्'-बोर्-*p. t.* of **Forbear.**

Force-फ़ोर्स् -*n.* strength, energy, power, intense effort, an army or navy, influence, vitality. बल, शक्ति, सामर्थ्य, गहन प्रयास, जल या स्थल सेना, प्रभाव, ओज; -*v. i. & t.* to use violence, to violate, to extort, to compel. बल प्रयोग करना, बलात्कार करना, बलपूर्वक ले लेना, विवश करना; **By force of** (by dint of.) किसी प्रभाव द्वारा; **Force-pump** (a pump by which water is forced up.) पानी चढ़ाने का पम्प; **To force a smile** (to smile without cause.) अकारण हँसाना; **To force one's way** (to make way by force.) जबरदस्ती राह बनाना।

Forced-फ़ोर्स्ड्-*adj.* over-strained, unnatural, compulsory. घोर यत्नपूर्वक, कृत्रिम, बाध्यकारी; **Forcedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a forced manner. बलपूर्वक; **Forced labour** (labour without remuneration.) बेगारी; **Forced meat** (crushed meat.) कुचला हुआ मांस; **Forceful** (-फ़ुल्)-*adj.* full of force, violent. शक्तियुक्त, उग्र; **Forceless** (-लॅस्) -*adj.* without force. बिना शक्ति का।

Forceps-फ़ॉर्'-सॅप्स्-*n.* pl -(sing.) a pair of surgical pincers. चिमटा, जर्राही सँड़सी।

Forcible-फ़ोर्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* that may be forced, powerful, involving force, strong, efficacious, convincing, vivid. दबाने योग्य, प्रबल, प्रभावयुक्त, पुष्ट, बलकारी, प्रामाणिक, स्पष्ट; **Forcibleness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being forcible. प्रबलता; **Forcibly** (-इ-ब्लि) -*adv.* in a forcible manner. बल (हठ) पूर्वक।

Forcing-फ़ोर्स्-इङ्ग्-*n.* the act of raising plants &c. at an earlier season by artificial heat. कृत्रिम रीति से ऋतु से पूर्व पौधों का उत्पादन।

Ford-फ़ोर्ड्-*n.* the shallow part of a river which can be crossed by wading. नदी का छिछला भाग जो हलकर पार किया जा सके; -*v. t.* to cross a river by wading. हलकर नदी-पार जाना; **Fordable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be crossed by wading. हलकर पार करने योग्य; **Fordless** (-लस्)-*adj.* devoid of fords. बिना घाट का।

Fordo-फ़ॉ'-डू'-*v. t.* (*p. t.* **Fordid**) to kill, to destroy. मारना, नाश करना।

Fore-फ़ोर्-*adj.* (*comp.* **Former**, *sup.* **Foremost**, **First**) situated in front, former. सामने का, पहले का; -*adv. & prep.* in front, in the presence of. आगे, सामने, सम्मुख; a prefix signifying priority. 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग; **To the fore** (living, existing.) जीवित (हाल का, प्रस्तुत ; **Forearm** (the arm from elbow to waist.) बाँह, कलाई ; **Forebow** (-बो) -*n.* the fore-part of a saddle. काठी का अगला भाग ; **Foreman** (-मॅन्) -*n.* principal workman. प्रधान कर्मचारी।

Forebode-फ़ोर्-बोड्'-*v.t.* to predict, to foretell, to portend. भविष्य बतलाना, शकुन कहना; **Foreboder** (-अर्) -*n.* one who predicts. भविष्यवक्ता; **Foreboding** (-इङ्ग्)-*n.* act of predicting. भविष्य-ज्ञान; **Forebodingly** (-लि) -*adv.* in a foreboding manner. भविष्य-बताते हुए।

Forecast-फ़ोर्-कास्ट्' -*v. i. & t.* to conjecture. अनुमान करना, पहले ही से कल्पना करना, अन्दाज लेना; -*n.* foresight, prudence, prevision. पूर्व विचार, दूरदर्शिता।

Foreclose-फ़ोर्-क्लोज़्'-*v. t.* to preclude, to prevent, to stop. प्रतिबन्ध करना, मना करना, रोकना; **Foreclosure** (-ज़र्)-*n.* the act of foreclosing. प्रतिबन्ध, निषेध, रुकावट।

Foredo-फ़ोर्-डू'-*v. t.* (*p. t.* **Foredid**, *p. p.* **Foredone.**) to destroy. नष्ट करना।

Forefather-फ़ोर्'-फ़ा-दर्-*n.* an ancestor. पूर्वज, पुरखा, (*pl.*) पितर लोग।

Forefinger-फ़ोर्'-फ़िङ्ग्-गर्-*n.* the finger next to the thumb. अँगूठे के पास की अँगुली, तर्जनी अँगुली।

Forefront-फ़ोर्'-फ़्रन्ट्-*n.* the foremost part. सबसे अगला भाग।

Forego-फ़ोर्-गो'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Forewent**, *p. p.* **Foregone.**) to precede in place or time, to give up. आगे होना, त्यागना (छोड़ना); **Foregoer** (-अर्) -*n.* one who goes before another. पूर्वगामी।

Foreground-फ़ोर्'-ग्राउन्ड्-*n.* the part of a picture or scene nearest to the observer. चित्र में का वह भाग जो दर्शक के अति समीप हो।

Forehead-फ़रेड्-*n.* the front part of the face above the eyes, modesty, shamefulness, a leader. ललाट, मस्तक, नम्रता, लज्जा, नायक।

Foreign-फ़ॉरिन्-*adj.* belonging to others, alien, remote, dissimilar, inappropriate. पर-देशी, विदेशी, भिन्न, अयोग्य; **Foreignness**(-नेस्) -*n.* the quality of being foreign. भिन्नता।

Foreigner-फ़ॉरिनर्-*n.* a native of a foreign country. विदेशी, अन्यदेशीय।

धक; e-imagine

e-imagine-फ़ोर्'-इ-माजिन् -v. t. to think forehand. पहिले से मन में विचार कर लेना।

...ejudge-फ़ोर्-जज्' -v. t. to judge before. पहिले ही से निर्णय कर लेना Forejudgment (...मेन्ट्) -n. a judgment previously formed. ...निर्णय।

...reknow-फ़ोर्-नो' -v. t. (p. t. Foreknew, p. p. Foreknown.) to foresee, to know beforehand. पहले से अनुमान कर लेना या जान लेना; Foreknowable (-एं-ब्ल्)-adj. that may be foreknown. पहिले से जानने योग्य; Foreknowledge (-नॉलेज्) -n. previous knowledge of a thing prescience. पूर्वज्ञान, भविष्य-ज्ञान।

Foreland-फ़ोर्'-लॅन्ड् -n. a cape or headland. अन्तरीप, खाड़ी।

Forelay-फ़ोर्-ले'-v. t. (p. t. Forelaid, p. p. Forelain) to lie in wait for. प्रतीक्षा करना, राह देखना।

Foreleg-फ़ोर्'-लॅग्-n. the front legs of an animal. पशु का अगला पैर।

Forelock-फ़ोर्'-लॉक्-n. the lock of hair that grows on the forehead. माथे के सामने के बाल; To take time by the forelock (not to abandon an opportunity.) अवसर न चूकना।

Foreman-फ़ोर्'-मॅन् -n. the spokesman of a jury, the chief man, principal workman. पञ्चों का सरदार, चौधरी, प्रधान कर्मचारी।

Foremast-फ़ोर्'-मास्ट्-n. the forward lower mast (near the bow of a ship.) जहाज़ का अगला निचला मस्तूल।

Foremost-फ़ोर्'-मोस्ट्-adj. & adv. (sup. degree.) best, chief, first in time, place &c., in the first place. सर्वोत्तम, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ, सबसे आगे।

Forenoon-फ़ोर्'-नून्-n. the time of day before noon. मध्याह्न के पहिले का समय।

Forensic-फ़रें न्सिक्-adj. pertaining to law courts. अदालती।

Fore-ordain-फ़ोर्-ऑर्डेन'-v. t. to appoint beforehand. पहिले से नियुक्त करना या ठहराना।

Forereach-फ़ोर्-रीच्'-v. i. & t. to shoot ahead. सामने तीर चलाना।

Forerun-फ़ोर्-रन्'-v. t. (p. t. & p. p. Foreran.) to precede, to foreshadow. आगे बढ़ना (अगवानी करना), अग्रगामी होना; Forerunner (-अर्) -n. a harbinger or messenger. अग्रवर्ती, हरकारा।

Foresay-फ़ोर्-से'-v. t. (p. t. Foresaid) to predict. भविष्य बतलाना।

Foresee-फ़ोर्-सी'-v. t. (p. t. Foresaw, p. p. Foreseen, to see beforehand, to anticipate. आगे से विचार लेना, सोचना।

Foreshadow-फ़ोर्-शॅड्'-ओ -v. t. to prefigure. पहिले से सूचित करना।

Foreshow-फ़ोर्-शो' -v. t. to foretell, to portend, to predict. पहिले से कहना, भविष्य बतलाना।

Foresight-फ़ोर्-साइट्-n. foreknowledge, prescience. दूरदर्शिता, पूर्वज्ञान।

Forespeak-फ़ोर्'-स्पीक्-v. t. (p. t. Forespoke, p. p. Forespoken.) to foretell, to predict. भविष्य बतलाना।

Forest-फ़ॉर्'-रॅस्ट्-n. a large tract of land covered with trees, an extensive wood. जङ्गल, वन।

Forestall-फ़ोर्-स्टॉल्'-v. i. to be beforehand, to anticipate. पहिले से ग्रहण करना (या मोल लेना), अनुमान करना।

Forester- फ़ॉरॅस्ट्-अर्-n. an officer who is in charge of a forest. जङ्गल का अफ़सर, वनचर।

Forestry-फ़ॉरॅ स्ट्रि -n. art of planting forests, wooded country. जङ्गल लगाने की कला, जङ्गली प्रदेश।

Foretaste-फ़ोर्-टेस्ट्'-v. t. to taste beforehand. पहले से चख लेना - n. (फ़ोर्-टेस्ट्) a taste beforehand, anticipation. पूर्वस्वाद, पूर्वानुभव।

Foretell-फ़ोर्-टॅल्'-v. t. (p. t. Foretold.) to predict, to presage. भविष्य कहना, आगम बतलाना; Foreteller (-अर्) - n. one who predicts. भावीदर्शक, भविष्य वक्ता।

Forethought-फ़ोर्'-थॉट् -n. deliberate intention, provident care. पूर्वविवेक, पूर्वचिन्ता (अति सावधानी)।

Foretime-फ़ोर्'-टाइम्-n. early days, old times. प्राचीन काल, पुराने दिन।

Foretoken-फ़ोर्-टो'-क्न् -v. t. to portend. पहिले से सूचित करना; -n. preindication. पूर्व-लक्षण, भावी लक्षण।

Forewarn-फ़ोर्-वार्न'- v. t. to warn or give notice beforehand. पहिले से सचेत करना; Forewarning (- इङ्ग्) - n. a warning beforehand. पूर्व सूचना, पूर्व चेतावनी।

Foreword-फ़ोर्'-वर्ड - n. a preface, introductory remarks on a book. भूमिका, प्रस्तावना, दीबाचा।

Forfeit- फ़ार्फ़िट् - n. a penalty for breach of contract, the article surrendered, fine. एकरारनामा तोड़ने का दण्ड, ज़ब्ती, अर्थदण्ड; -v. t. to lose right to, to pay as penalty for. अधिकार खो देना, दण्डरूप में देना; Forfeitable

(-ऍ-बूल्)-*adj.* able to be forfeited. जब्त करने योग्य; Forfeited (-ऍड्) -*adj.* surrendered. जब्त, दण्डित; Forfeiture (-चर्)-*n.* the act of forfeiting. दण्ड, जब्ती ।

Forfend-फ़ॉर्-फ़ॅन्ड्'-*v. t.* to keep off, to avert. अलग रखना ।

Forgave-फ़ॉर्-गेव्-*v. t.* (*p. t.*) pardoned. क्षमा किया ।

Forge-फ़ोर्ज-*n.* a smithy, furnace. भट्ठी, अँगीठी; - *v. t.* to shape by heating, to fabrigate, to counterfeit. गढ़ना, बनाना, जाल (कपट) करना; Forger (-अर्)-*n.* one who forges. कूटकार, जाल करनेवाला, गढ़ने या बनानेवाला ।

Forgery-फ़ोर्ज-रि-*n.* crime of forging. जालसाजी, कूट-रचना; Forging (-इङ्ग्)-*n.* forgery. कूट-रचना, जाल ।

Forget-फ़ॉर्-गॅट्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Forgot, *p.p.* Forgotten.) to lose rememberance of, to neglect, to put out of mind. भूलना, विस्मृत होना, मन से उतारना; Forgetter (-टर्) -*n.* one who forgets. भूलनेवाला, भुलक्कड़; Forgetful (-फ़ुल्)-*adj.* neglectful. भुलक्कड़; Forgetfulness (-नॅस्)-*n.* neglect, oblivion. विस्मृति, स्मृति-लोप; Forgetfully (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a forgetful manner. भूलते हुए; Forget-me-not-*n.* the name of a flower. एक प्रसिद्ध नीले रङ्ग का फूल; Forgettable (-टॅ-बूल्) -*adj.* neglectable. भूलने योग्य ।

Forgive-फ़ॉर्-गिव्'-*v. t.* (*p. t.* Forgave, *p. p.* Forgiven.) to pardon, to let off, to remit. क्षमा करना, छोड़ना, माफ करना; Forgivable (-ऍ-बूल्) -*adj.* able to be forgiven or pardoned. क्षमा योग्य; Forgiveness (-नॅस्)-*n.* quality of forgiving. क्षमा, छुटकारा; Forgiving (-इङ्ग्)-*n.* pardon, remission. क्षमा, त्याग; -*adj.* merciful. दयालु ।

Forgo-फ़ॉर्-गो' (फ़र्गो-)-*v. t.* (*p. t.* Forwent, *p. p.* Forgone.) to let go, to omit. जाने देना, त्याग देना ।

Forgot-फ़ॉर्-गॉट्', **Forgotten**-फ़ॉर्-गॉट्न् - see Forget.

Fork-फ़ॉर्क्-*n.* a two, three or four pronged instrument. काँटा, शूल;-*v. t.* to develop into branches. पत्ती फूटना; Forked (-ड्)-*adj.* opening with two points. दो नोकवाला ।

Forlorn-फ़र्लॉर्न्-*adj.* hopeless, forsaken, deserted. अनाथ, अनाश्रित (निराधार), अशरण; Forlorn hope (desperate enterprise.) हठधारी उत्साह; Forlornness (-नॅस्)-*n.* the state of being hopeless. निराश्रय ।

Form-फ़ॉर्म्-*n.* external shape or appearance, model, beauty, behaviour, practice, ceremony, likeness, manner, a class, condition, part of a book disposed into pages. आकृति, नमूना, सौन्दर्य, व्यवहार, चाल, संस्कार, सादृश्य, रीति (क्रम), कक्षा, स्थिति, पुस्तक का फ़ार्म (जुज); - *v. t.* to fashion into shape, to settle, to contrive, to frame, to make, to construct. बनाना, निर्माण करना, उत्पादन करना; Formed (-ड्)-*adj.* produced, constructed. रचित, बना हुआ; Formless (-लॅस्)-*adj.* without form. निराकार ।

Formal- फ़ॉर्मल्-*adj.* according to established method, strictly ceremonious. नियमानुसार, बाह्याडम्बरपूर्ण; Formalism (-इज़्म्) -*n.* conventional usage. नियमनिष्ठता; Formalist (-इस्ट्)-*v. t.* one who observes external forms. नियम-निष्ठ व्यक्ति; Formally (-लि) -*adv.* in a formal way. विधिवत् ।

Formality-फ़ॉर्म्-ऍ-लिटि-*n.* precise, observance of forms, established order. यथाविधि आचार, प्रचलित नियम; Formalize (-मॅ-लाइज़्') -*v. i.* to affect formality. दिखौवा आचार करना ।

Formation-फ़ॉर्-मे'-शन्-*n.* production, structure. कृति, रचना, ढाँचा ।

Formative-फ़ॉर्मे'-टिव्-*adj.* having the power of giving a form. रूप देने या रचना करने की शक्तिवाला ।

Former-फ़ॉर्म्-अर्-*adj.* & *pron.* of the earlier period, foregoing. प्राचीन, अगला; Formerly (-लि)-*adv.* in a previous time. पूवकाल में, पहिले ।

Formic-फ़ॉर्म्-इक्-*adj.* pertaining to ants. चींटी-सम्बन्धी; Formicant (-ऍन्ट्) -*adj.* creeping like ants. चींटी की तरह रेंगनेवाला ।

Formidable-फ़ॉर्म्-इ-डॅ-बूल्-*adj.* able to be dreaded. भयानक, भयंकर (घोर, उग्र); Formidableness (-नॅस्)-*n.* dreadfulness. भीषणता, भयंकरता ।

Formula-फ़ॉर्म्-यू-ला-*n.* (*pl.* Formulas, Formulae.) a set rule, a formal statement. सूत्र, नियम, विधि, नुसखा; Formulary (-लॅरि)-*n.* a book of prescribed forms. सूत्र-समुदाय ।

Formulate-फ़ॉर्-म्यु'-लेट्, Formulize (-लाइज़्) -*v. t.* to express in a formula. सूत्र रूप में वर्णन करना, सूत्र रूप में कहना; Formulization (-लाइज़्'-ए-शन्) -*n.* act of formulizing. व्यवस्थापन ।

Fornicate-फ़ॉर्'-नि - केट् - *v. t.* to commit adultery. व्यभिचार करना; Fornication (-केशन्)-*n.* sexual intercourse between unmar-

ried persons. अविवाहिता स्त्री या पुरुष से व्यभिचार।

Forsake-फ़ॅर्-सेक्' *-v. t.* (*p. t.* Forsook, *p. p.* Forsaken) to give up, to renounce, to withdraw, to abandon. त्यागना, हटाना, छोड़ना; **Forsaker** (-अर्)*-n.* one who renounces. त्याग करनेवाला; **Forsaking** (-इङ्ग्)*-n.* the act of renouncing. परित्याग।

Forsooth-फ़ॅर्-सूथ्'*-adv.* in truth, no doubt, indeed, certainly. अवश्य, सचमुच, वस्तुतः।

Forspend-फ़ॅर्-स्पेन्ड्' *-v. t.* (*p. t.* Forspent.) to tire out. थकाना।

Forswear-फ़ॅर्-स्वेअर्' *- v. t.* (*p. t.* Forswore, *p. p.* Forsworn.) to abjure, to deny on oath. शपथपूर्वक त्यागना, मिथ्या सौगन्ध खाना।

Fort-फ़ोर्ट्*-n.* a fortified place, a castle. दुर्ग, कोट, क़िला, गढ़।

Forte-फ़ॉर्ट्*-n.* a person's strong point. व्यक्ति का विशिष्ट गुण, प्रधान गुण; (-फ़ॉर्'-टे)*-adv.* with loudness. तीव्र स्वर से।

Forth-फ़ोर्थ्*-adv. & prep.* backwards, in advance, onward. पीछे, आगे, सामने, बाहर; **And so forth** (et cetera.) इत्यादि; **So far forth** (to that extent.) उसी सीमा तक, यहाँ तक।

Forthcoming-फ़ोर्थ्'-कम्-इङ्ग् *-adj.* about to happen, approaching. भविष्य में होनेवाला, आगामी।

Forthwith-फ़ोर्थ्'-विद्*-adv.* immediately, without delay. तुरत, झट से।

Fortifiable- फ़ॉर्-टि-फ़ाइ-ऍ-ब्ल्*-adj.* able to be fortified. दृढ़ करने योग्य।

Fortification-फ़ॉर्'-टि-फ़ि-केशन्*-n.* a place that may be fortified. दुर्ग, कोट, क़िलाबन्दी।

Fortifier-फ़ॉर् - टि - फ़ाइ' - अर् *- n.* one who fortifies. क़िलाबन्दी करनेवाला।

Fortify-फ़ार्टि-फ़ाइ *-v. t.* (*p. t.* Fortified) to strengthen by forts, to encourage with, to provide means of defence. क़िला बनाना, दृढ़ करना, उत्साहित करना, सुरक्षित करना।

Fortitude-फ़ॉर्' - टि - ट्यूड् *- n.* courage in adversity or pain, endurance. धैर्य, सहनशीलता।

Fortlet-फ़ोर्ट्'- लिट्*-n.* a little fort. छोटा गढ़ या क़िला।

Fortnight-फ़ॉर्ट्'-नाइट्*-n.* a period of two weeks. अर्धमास, पक्ष; **Fortnightly** (-लि) *-adj. & adv.* once in a fortnight. पाक्षिक, पक्ष में एक बार।

Fortress-फ़ोर्'-ट्रस्*-n.* a fortified place. गढ़ी, क़िला।

Fortuitous - फ़ॉर् - ट्यू' - इ-टस्*-adj.* casual, accidental. दैवाधीन, आकस्मिक।

Fortuitously-फ़ॉर्'-ट्यू-इ-टस्'-लि*-adv.* accidentally, casually. अनायास।

Fortuitist-फ़ॉर् - ट्यू' - इट्-इस्ट्*-n.* one who depends on fate. भाग्य पर भरोसा करनेवाला मनुष्य, भाग्यवादी।

Fortuity-फ़ॉर्-ट्यू'-इ-टि*-n.* accident, chance, occurrence. दैवयोग, घटना।

Fortunate-फ़ॉर्'-चु-नेट्*-adj.* lucky, prosperous. भाग्यवान्, धन्य, भाग्यशाली; **Fortunately** (-लि)*-adv.* luckily, in a fortunate manner. दैवयोग से, भाग्यवश।

Fortune-फ़ॉर्चून्*-n.* chance, luck, lot, success, wealth, riches. भाग्य, अदृष्ट, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, धन; **Bad fortune** (misfortune.) दुर्भाग्य, अभाग्य; **Fortune-hunter** (one who is in search of a wealthy bride.) विवाह के लिये धनी कन्या को खोजनेवाला; **Fortune-teller** (an astrologer.) दैवज्ञ, ज्योतिषी; **To make a fortune** (to be rich.) धनी होना; **To marry a fortune** (to marry a wealthy girl.) धनी लड़की से ब्याह करना; **To try one's fortune** (to test one's luck.) भाग्य की परीक्षा करना।

Fortieth-फ़ॉर्'-टि-यथ्*-adj.* next after thirty-ninth. चालीसवाँ।

Forty-फ़ॉर्'-टि*-n.* (*pl.* Forties.) four times ten. चालीस।

Forum-फ़ोरम्*-n.* a market-place, the law courts. फड़, बाजार, हाट, अदालत।

Forward - फ़ार्वर्ड् *- adj., adv. & n.* towards the front, onward, relating to future, well-advanced, prompt, ardent, bold, immodest. अग्रिम, भविष्य-सम्बन्धी, उद्यत, प्रस्तुत; साहसी, अविनीत; *-v. t.* to make progress, to advance. उन्नति करना, बढ़ना; **Forward movement** (progress.) उन्नति; **Forwardly** (-लि) *-adv.* towards the front. आगे की ओर; **Forwardness** (-नेस्)*-n.* promptness. उत्साह, उद्योग, धृष्टता, निर्लज्जता; **Forwards** (-स्)*-adv.* towards the future, continuously, onward. भविष्य में, लगातार, आगे को; **From this time forward** (from today onward.) आज से; **To come forward** (to be engaged in some work.) किसी कार्य के लिये प्रस्तुत होना; **To bring forward** (to bring before the mind.) ध्यान दिलाना, याद करना।

Forwarding - फ़ॉर्वर्डिङ्ग *- n.* act of sending merchandise. माल-असवाब भेजने का कार्य;*-adj.* advancing. भेजने का

Fosse-फ़ॉस्-*n.* a canal, ditch or moat. नहर, परिखा, खाई।

Fossil - फ़ॉस्' - सिल्-*adj. & n.* dug up from earth, petrified remains of animals under the earth. पृथ्वी में से खोदकर निकाला हुआ, पृथ्वी के भीतर गड़े हुए पथरीले अस्थिपञ्जर; **Fossilist** (-इस्ट्) -*n.* one who is versed in the science of fossils. उक्त अस्थिपञ्जर-विज्ञान का विशेषज्ञ।

Foster-फ़ॉस्-टर्-*n.* food. भोजन-*v. t.* to cherish, to promote the growth of, to encourage. पोषण करना, उपज बढ़ाना, उत्साहित करना; **Fosterbrother** (a brother nursed at the same-breast.) एक ही धाय का दूध पीनेवाला भाई; **Foster-child** (a child reared by a nurse.) धाय पालित संतान; **Foster-father** (one who takes the place of a father in feeding and educating.) प्रतिपोषक पिता; **Foster-mother** (nurse.) धात्री, उपमाता।

Fought-फ़ॉट्-*p. t. & p. p.* of **Fight.**

Foul-फ़ाउल्-*adj.* loathsome, dirty, impure, filthy, detestable, contrary to rules, choking. घृणाजनक, मलिन, अशुद्ध, अपवित्र, घृणित, अशिष्ट, श्वासरोधक;-*v. t.* to make dirty, to pollute, to dishonour. मलिन करना, अशुद्ध करना, अपमानित करना; **By foul means** (dishonourably.) कपट से, छल से; **Through foul and fair** (in all circumstances.) सब स्थिति में।

Foully-फ़ॉउल्'-लि-*adv.* in a foul manner. अशिष्टता से, अपवित्रता से, मलिनता से; **Foulness** (-नेस्)-*n.* dirtiness, impurity. मलिनता, गन्दगी, अपवित्रता।

Found-फ़ॉउन्ड्-*v. t. & p. t.* of **Find.**

Found-फ़ाउन्ड्-*v. t.* to begin building of, to set up or establish, to construct, to fix firmly, to cast a metal, to melt. भवन आरम्भ करना, स्थापित करना, बनाना, स्थिर करना, ढालना, गलाना।

Foundation-फ़ाउन्ड्'-ए' - शन् - *n.* the ground work, basis. आधार, नींव, मूल।

Founder-फ़ाउन्ड्'-अर्-*n.* one who founds, one who casts metal. संस्थापक, निर्माण करनेवाला, ढालनेवाला।

Founder-फ़ाउन्ड्'-अर्-*v. i.* to fall down, to be filled with water and sink. गिर पड़ना, पानी भरकर जहाज़ का डूबना।

Foundling-फ़ाउन्ड्'-लिङ्ग्-*n.* a deserted infant of unknown parents. माँ-बाप से त्यागा हुआ बच्चा, पितृहीन शिशु।

Foundry-फ़ाउन्ड्'-रि-*n.* a place where metals are cast. ढलाई करने का कारख़ाना।

Fount-फ़ॉउन्ट्-*n.* a spring, source, fountain, set of types of the same style and size. झरना (सोता), उद्गम, एक प्रकार तथा एक नाप के टाइप या छपाई के अक्षर।

Fountain - फ़ाउन्ट्' - एँन्-*n.* a water spring, a jet of water, source. सोता, फ़ौवारा; उद्गम, **Fountain-pen** (a pen in which there is a reservoir of ink.) कलम जिसमें रोशनाई भरी होती है, धारा लेखनी।

Four-फ़ोर्-*adj. & n.* one more than three. चार; **Fourfold** (four times.) चौगुना; **Four-footed** (a quadruped.) चौपाया; **Fourscore** (eighty.) अस्सी; **Four-wheeler** (a four-wheeled carriage.) चौपहिया गाड़ी।

Fourteen-फ़ोर्'-टीन्-*adj.* next after thirteen. चौदह; **Fourteenth** (-टीन्थ्)-*adj. & n.* the ordinal of fourteen. चौदहवाँ।

Fourth-फ़ोर्थ्-*adj.* the ordinal of four. चौथा, चौथाई; **Fourthly** (-लि)-*adv.* in the fourth place. चौथे स्थान में।

Fovea-फ़ो'-व्रि-आ-*n.* a depression or pit in the body. शरीर में का गड्ढा।

Fowl-फ़ाउल्-*n.* a domestic cock or hen, poultry, its flesh used as food. मुर्गा, मुर्गी, खाने में प्रयुक्त होनेवाला इसका मांस; - *v. t.* to shoot, to snare. पक्षी को मारना या फँसाना।

Fowler-फ़ाउल्'-अर्-*n.* a one who catches wild fowl. व्याध, बहेलिया।

Fowling-फ़ाउल्'-इङ्ग्-*n.* the art of shooting birds. पक्षिवध की कला; **Fowling-piece**-*n.* (a kind of small gun.) चिड़िया मारने की छोटी बन्दूक।

Fox-फ़ॉक्स् -*n.* (*fem.* **Vixen.**) a redfurred bushy tailed quadruped, a sly cunning fellow. लोमड़ी, धूर्त मनुष्य; **Foxhound (Fox-terrier)** -*n.* a kind of dog. एक प्रकार का विलायती कुत्ता; **Foxlike**-*adj.* crafty, cunning. धूर्त, मायावी, कपटी; **Foxy** (-इ) -*adj.* like a fox. लोमड़ी की तरह का।

Frab-फ़्रैब्-*v. t.* (*p. t.* **Frabbed.**) to worry. कष्ट देना, दिक करना।

Fracas-फ़्रैका-(*pl. same.*) -*n.* a noisy quarrel. शोरगुल, कोलाहल, उपद्रव, दंगा।

Fraction-फ़्रैक्शन् - *n.* a numerical quantity which is not an integer, a part, a fragment. भिन्न अंक, भाग (अंश); **Fractional** (-अल)-*adj.* pertaining to a fraction. भिन्न अंक का; **Fractionary** (-अरि) -*adj.* fractional. भिन्न अंक का; **Fractionate** (-एट्') -*v. t.* to separate into parts. भागों में पृथक् करना;

Fractionize (-आइज़्)-*v. t.* to break up into fractions. अंशों का अलगाना ।

Fractious-फ्रैक्शस-*adj.* apt to quarrel, unruly, peevish. कलहकारी, लड़ाका, अदम्य, चिड़चिड़ा ।

Fracture-फ्रैक्चर्-*n.* a breaking up of bone, separation. हड्डी का टूटना, अस्थि भंग, विदारण; -*v. t.* to break, to separate. तोड़ना, विदारण करना ।

Fragile-फ्रैज्'-इल् (-जाइल)-*adj.* easily shattered, weak, perishable, delicate, brittle. भुरभुरा, मुलायम, भंगुर, मृदु; **Fragility**, (-फ्रै-जिल्'-इट्-टि), **Fragileness** (-नेस्)-*ns.* brittleness, delicateness. भंगुरता, भुरभुरापन, कोमलता ।

Fragment-फ्रैग्'-मेन्ट्-*n.* a detached portion, a broken part, an isolated part. खण्ड, अंश, टुकड़ा; **Fragmentary** (-अरि)-*adj.* composed of fragments. अपूर्ण, खण्डयुक्त, टूटा हुआ ।

Fragrance-फ्रे'-ग्रन्स्, (cy-सि) -*ns.* sweetness of smell. सुगन्ध, खुशबू ।

Fragrant- फ्रे' - ग्रॅन्ट् - *adj.* sweet-smelling, odorous. सुगन्धित, (सुवासित) खुशबूदार; **Fragrantly** (-ली) -*adv.* with sweet scent. सुगन्ध-सहित ।

Frail-फ्रेल्-*adj.* fragile, weak, infirm, unchaste. भंगुर, दुर्बल, व्यभिचारिणी; **Frailty**(-टि) -*n.* fault, weakness, infirmity. दोष, निर्बलता ।

Framable-फ्रे'मे-ब्ल्-*adj.* able to be framed. निर्माण करने योग्य ।

Frame- फ्रेम्-*v.t.* & *i.* to shape, to construct, to purpose, to contrive, to imagine, to put border round. निर्माण करना, रचना, बनाना, कल्पना करना, किनारा लगाना; -*n.* construction, form, shape, plan, system, temporary frame of mind, a skeleton. रचना, खाका, ढङ्ग, भावना, ढाँचा (बनावट); To frame in the mind (to form a mental picture.) मन में चिन्तन करना; **Framer** (-अर्) -*n.* one who frames, a contriver. रचना करनेवाला, बनानेवाला ; **Framing** (-इङ्ग्) -*n.* structure. बनावट, रचना; **Frame-work** (-वर्क) -*n.* that which supports a structure. ढाँचा ।

Franc-फ्रैंङ्क्-*n.* a French coin worth about two pence. फ्रान्स का दो पेन्स का सिक्का ।

Franchise-फ्रैन्'-चाइज़् -*n.* exemption from burden, privilege, citizen's right of voting at public elections. भार से मुक्ति, विशेषाधिकार सार्वजनिक चुनाव में नागरिक का मतदानाधिकार; -*v. t.* to set free. मुक्त करना; **Franchisement** (-मेन्ट्)-*n.* release from restriction. छुटकारा, मुक्ति ।

Frangible-फ्रैन्'-जि-ब्ल्-*adj.* easily breakable, fragile. सहज में टूटने योग्य; **Frangibility** (-इट्-इ) -*n.* quality of being frangible. कुड़कीलापन ।

Frangipane-फ्रैन्'-जि-पेन्-*n.* perfume of red jasmine, a kind of almond cream. लाल चमेली का अतर, एक प्रकार की बादाम की मिठाई ।

Frank-फ्रैङ्क् - *adj.* generous, unrestrained, liberal, candid, undisguised, sincere. दयालु, अबाध, उदार, स्पष्टवक्ता, निष्कपट, सच्चा;-*v. t.* to exempt from payment. देने से मुक्त करना; **Frankly** (-लि) -*adv.* in a frank manner, candidly. निष्कपटता से; **Frankness** (-नेस्)-*n.* the state of being frank, plainness of speech. वाक्य की स्पष्टता ।

Frankenstein-फ्रैङ्क्'-ऍन्-स्टीन्- *n.* the thing which becomes horrible to him who creates it. अपने ही लिये भयंकर हो जानेवाली अपनी बनाई हुई वस्तु ।

Frankincense-फ्रैङ्क्'-इन्-सेन्स्-*n.* an aromatic gum, resin. लोहबान ।

Franklin-फ्रैङ्क्'-लिन्-*n.* an old English freeholder. इङ्ग्लिस्तान का पूर्व समय का माफ़ीदार ।

Frantic-फ्रैन्'-टिक्-*adj.* excited, mad, uncontrolled, wild. उन्मत्त, पागल, उच्छृंखल; **Frantically** (-टि-क-लि) -*adv.* in a frantic manner. उन्मत्तता या पागलपन से ।

Frap-फ्रैप्-*v. t.* (*p. t.* **Frapped.**) to bind tightly (ropes &c.) जहाज के रस्से इत्यादि को कसकर बाँधना ।

Fraternal-फ्रै-टर्नल्-*adj.* brotherly. भ्रातृ-सदृश, भाई के समान; **Fraternity** (-नि-टि) - *n.* brotherliness, guild. भाई चारा, बन्धुता; **Fraternization** (-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* act of fraternizing. भ्रातृभाव का समागम या मेल; **Fraternize** (-नाइज़्)-*v. t.* to associate, to make friends. भ्रातृवत् संसर्ग या मैत्री करना ।

Fratricidal-फ्रैट्'-रि - सि-ड्ल् - *adj.* pertaining to the killing of a brother or sister. भ्राता अथवा भगिनी के वध से सम्बन्धित ।

Fratricide-फ्रैट्'-रि-साइड्-*n.* brother or sister slayer, murder of a brother or sister. भाई या बहिन की हत्या करनेवाला, भाई या बहिन की हत्या ।

Frau-फ़्राउ-*n.* a woman, a wife. स्त्री, पत्नी, बीबी ।

Fraud-फ्रॉड्-*n.* deceit, deceptive trick, stratagem. धोखा, धोखे की चाल, छल; **Religious fraud** (religious deception.) धार्मिक विश्वास बढ़ाने के लिये छल करना, पाखण्ड ।

Fraudulence-फ्रॉड्'-यू-लेंन्स्-*n.* deceit, deception. छल, कपट-व्यवहार ।

Fraudulent-फ्रॉ' - ड्यु - लॅन्ट्-*adj.* practising deception. कपटी, छली, धूर्त ; **Fraudulently** (-लि)-*adv.* in a deceptive or fraudulent way. कपट से ।

Fraught-फ्रॉट्-*adj.* stored, full of. भारयुक्त, परिपूर्ण ; **Fraught with** (full of hope.) पूर्ण आशा रखता हुआ ।

Fray-फ्रे-*n.* (*pl.* **Frays.**) noisy quarrel, broil, conflict. कलह, युद्ध ,झगड़ा ।

Frazil-फ्रेज़िल्-*n.* ice at the bottom of a stream. किसी जलाशय के तल में जमा हुआ बरफ़ ।

Freak-फ्रीक्-*n.* whim, caprice, produce of sportive fancy. लहर, तरङ्ग, लीला; **Freaked** (-ड्)-*adj.* spotted. धब्बेदार; **Freakish** (-इश्) -*adj.* whimsical.झक्की,चञ्चलचित्त; **Freakishly** (-इश्'-लि) -*adv.* in a freakish manner. चपलता से; **Freakishness** (-इश्'-नॅस्)-*n.* the state of being freakish. चपलता ।

Freckle-फ्रॅक्'-कल्-*n.* a light brown mark on the skin. शरीर पर का हलका भूरा धब्बा या चित्ती; -*v. t. & i.* to be spotted with freckles. धब्बे पड़ना या डालना ।

Free-फ्री-*adj.* not in bondage, loose, not confined or imprisoned, unimpeded, unconnected, lavish, without obstructions, unforced, gratuitous, copious, generous, familiar, exempt from. स्वतन्त्र, ढीला, अबद्ध, बिना रुकावट का, अबाध, असम्बद्ध, उदार, बिना अवरोध का, मर्यादाहीन, अबाध्यकर, दानी, पर्याप्त, दयालु, परिचित, मुक्त;-*v. t.* to set at liberty, to release, to deliver. स्वतन्त्र या मुक्त करना; **Carriage free** (without charge for conveyance.) जाने या लाने के किराये से मुक्त; **Free-booter** (a pirate.) डाकू, लुटेरा; **Freedom** (-डम्)-*n.* civil liberty, frankness, facility. स्वतन्त्रता, उदारता, स्पष्टता, सुविधा; **Freehand** (without the help of measurements or instrument.) बिना किसी नाप या यन्त्र के (तस्वीर खींचना) ; **Freehold** (-होल्ड्) -*n.* माफी आराजी; **Freely** (-लि)-*adv.* in a free manner. स्वतन्त्रता से; **Free-minded** (free from care.) चिन्ता-रहित ; **Freeness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being free. मुक्तता, निर्विघ्नता ; **Free-school** (a school where students have to pay no fee.) बिना फ़ीस का स्कूल, निःशुल्क विद्यालय; **Free-speaking** (expressing one's thoughts without reserve.) स्वतन्त्र मत प्रकटकारी ; **Freethinker** (a rationalist.) स्वतंत्र धार्मिक विचारों वाला; **Free-trade** (trade without import duty.) बिना कर का या कर मुक्त व्यापार ।

Freemason-फ्री'-मे-सन्-*n.* a skilled sculptor, a member of a loving fraternity. कुशल संगतराश, प्रेमपूर्ण भ्रातृसंघ का सदस्य ।

Freeze-फ्रीज़ -*v. t. & i.* (*p. t.* **Froze**, *p. p.* **Frozen.**) to convert into ice, to become chilled, to feel very cold, to cause to congeal, to preserve by refrigeration. बरफ़ में परिणत करना, ठण्ढा होना, ठण्ढा लगना, जमाना, कुलफी जमाना ; **To freeze one's blood** (to terrify.) आतंकित करना; **To freeze out** (to remove from society.) समाज से अलगाना; **Freezable** (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be frozen. जमने योग्य; **Freezer** (-अर्)-*n.* a refrigerator. बरफ़ जमाने का यन्त्र ।

Freezing-फ्रीज़'-इङ्ग्-*adj.*chilling, congealing. ठण्ढा करनेवाला, जमानेवाला; **Freezing-point** -*n.* the temperature at which water freezes. जिस ताप पर पानी जम जाता है, हिमाङ्क ।

Freight-फ्रेट्-*n.* hire of ship, transport of goods, cargo, burden. जहाज का भाड़ा, माल-परिवहन, माल, बोझ;-*v. t.* to load goods for transportation. माल ले जाने के लिये जहाज़ पर लादना; **Freightage** (-एज्)-*n.* hire of a ship. जहाज का भाड़ा; **Freighter** (-अर्)-*n.* one who freights a ship. जहाज़ पर माल लादनेवाला ।

Fremescent-फ्रॅ'-मॅसन्ट्-*adj.* raging, riotous. लड़ाका, झगड़ालू ।

French-फ्रॅन्च्-*adj.* of France or its people. फ्रान्स देश अथवा इसके निवासियों का ; -*n.* the language or people of France. फ्रान्स देश की भाषा अथवा जनता; **Frenchify** (-इ-फ़ाइ)-*v. t.* to make French. (आकृति या रूप में) फ्रेन्च् के सदृश बनाना; **French leave** (leave without permission.) बिना सूचना की छुट्टी या अवकाश; **Frenchless** (-लॅस्) -*adj.* without knowing French. फ्रेन्च् न जाननेवाला; **French polish** (a kind of polish for wood.) लकड़ी पर लगाने की एक प्रकार की पालिश ।

Frenetic-फ्रॅ नॅ टिक-*adj.* mad, frantic. पागल, झक्की ।

Frenzy - फ्रॅन्ज़' - इ-*n.* temporary insanity, delirious agitation. उन्माद, आवेश, पागलपन; -*v. t.* (*p. t.* **Frenzied**) to infuriate. उन्मत्त करना, क्रुद्ध करना ।

Frequency-फ्री'-क्वॅन्-सि-*n.* frequent occurrence, rapidity. (अविराम) समय-समय पर होनेवाली घटना, तीव्रता ।

Frequent-फ्री'-क्वॅन्ट्-*adj.* numerous, abundant, occurring often. अनेक, अधिक, नित्य बारम्बार होनेवाली ; -*v. t.* (-फ्री-क्वॅन्ट्') to go often. नित्य या बारम्बार जाना; **Frequentation** (-ए'-शन्)-*n.* habit of visiting often. बारम्बार

भेंट करने जाने का अभ्यास; **Frequentative**(-ऍट्-इव्)-*adj*. of verbs (in gram.) signifying the frequent repetition of an action. किसी कार्य की पुनरावृत्ति दिखानेवाला, व्याकरण में ऐसा कार्य-सूचक क्रिया ; **Frequently** (-लि) -*adv*. commonly, often. बहुधा, बारम्बार ।

Fresco-फ्रॅस्'-को-*n*. (*pl*. **Frescoes.**) a process of painting pictures on wall before plaster is dry. पलस्तर सूखने के पहिले दीवारों पर चित्र खींचने की एक विधि ।

Fresh-फ्रॅश्-*adj*. healthy and strong, new, not previously known, additional, different, raw, inexperienced, not salt, pure, bright. स्वस्थ्य एवं पुष्ट, नया, अज्ञात, अतिरिक्त, भिन्न, कच्चा, अनुभवहीन, मीठा, शुद्ध, चमकीला ; **Fresh complexion** (full youth.) पूर्ण यौवन, पूरी जवानी; **Fresh water** (sweet and palatable water.) मीठा स्वादिष्ट जल; **To break fresh ground** (to begin something new.) कोई नया कार्य आरम्भ करना ।

Fret-फ्रॅट् -*n*. an ornamental pattern made of straight lines. रेखाओं से बनी हुई चित्रकारी का काम;-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Fretted.**) to adorn with carved or embossed work, to torment, to annoy, to irritate. नकाशी के काम से सजाना; पीड़ा देना, उद्विग्न करना, चिढ़ाना; -*n*. annoyance, distress, a ridge for finger, stays in stringed instruments. उद्वेग, व्यथा, सितार इत्यादि तार के बाजों के परदे; **To fret and fume** (to show impatience through anger.) क्रोध के कारण अधीरता दिखलाना ।

Fretful-फ्रॅट्-फुल् - *adj*. peevish. शीघ्र कुपित होनेवाला (चिड़चिड़ा), **Fretfully** (-लि)-*adv*. peevishly. चिड़चिड़ेपन से; **Fretfulness** (-नॅस्) -*n*. peevishness. चिड़चिड़ापन ।

Friable-फ्राइ'-अ-ब्ल् -*adj*. easily reduced to powder. जल्दी से बुकनी हो जानेवाला ।

Friar-फ्राइ'-अर्-*n*. (*fem*. **Nun.**) a monk. संन्यासी, तपस्वी ।

Friary-फ्राइ'-अरि-*n*. a convent, a monastery. मठ, विहार ।

Fribble-फ्रिब्'-ब्ल्-*v. i.* to trifle. हँसी उड़ाना; -*adj*. trifling. तुच्छ ।

Friction-फ्रिक्शन्-*n*. rubbing of two bodies, attrition, disagreement. रगड़, घिसाव, संघर्ष, बिगाड़; **Frictional** (-अल्)-*adj*. pertaining to friction. घर्षण या संघर्ष-सम्बन्धी; **Frictionless** (-लॅस्) -*adj*. devoid of friction, having no friction. बिना रगड़ या संघर्ष का ।

Friday-फ्राइ'-डे-*n*. the sixth day of the week. शुक्रवार; **Good Friday** (Friday before Easter.) ईस्टर के त्योहार के पूर्व का शुक्रवार ।

Friend-फ्रॅन्ड् - *n*. an intimate associate, a helper, patron, companion. मित्र, सहायक, संरक्षक, साथी, बन्धु.-*v. t.* to favour. कृपा दिखलाना; **A friend at court** (one of sufficient interest to help another.) ऐसा मनुष्य जिसके प्रभाव से अर्थ या कार्य सिद्धि हो सके ।

Friendless-फ्रॅन्ड्'-लॅस्-*adj*. without a friend. मित्रहीन, निःसहाय ।

Friendliness-फ्रॅन्ड्'-लि-नॅस्-*n*. the quality of being friendly. हितबुद्धि, मित्रत्व ।

Friendly-फ्रॅन्ड्'-लि -*adj*. kind, serviceable. दयालु, कल्याणकारी ; **Friendly dispute** (dispute of a friendly nature.) प्रीति-या सद्-भाव सूचक कलह. **On friendly terms** (on tems of mutual friendship.) मित्रभाव से ।

Friendship-फ्रॅन्ड्'-शिप्-*n*. relation between friends. मित्रता ।

Frieze-फ्रीज़्-*n*. a coarse woollen cloth. मोटा ऊनी कपड़ा ।

Frigate-फ्रि-गेट्-*n*. a warship, cruiser. युद्ध-पोत, लड़ाई का जहाज ।

Fright-फ्राइट्-*n*. sudden fear, alarm. भय, शङ्का, उद्वेग, व्यग्रता ।

Frighten-फ्राइट'-ट्न्'-*v. t.* to terrify, to alarm. डराना; **Frightened** (-न्ड्)-*adj*. terrified. भय-त्रस्त, शङ्कित ।

Frightful-फ्राइट्'-फुल्-*adj*. dreadful, shocking. भयङ्कर, डरावना; **Frightfully** (-फु-लि) -*adv*. dreadfully. भयंकर रूप से; **Frightfulness** (-नॅस्)-*n*. dreadfulness. डरावनापन ।

Frigid-फ्रिज्' - इड् - *adj*. cold, chilling, dull, depressing. शीत, ठण्ढा, सुस्त, मन्द, निरुत्साह, स्नेहरहित; **Frigidity** (-इ-टि) -*n*. chilliness. ठण्डक; **Frigidly** (-लि)-*adv*. in a cold manner. शीतपूर्ण रूप में या से; **Frigidness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being chilly. ठण्ढापन ।

Frill-फ्रिल्-*n*. an ornamental edging, ruffle. झालर, मगजी; **Frilled** (-ड्) -*adj*. having ornamental edgings. झालरदार ।

Fringe-फ्रिन्ज्-*n*. border, edging, trimmings of hanging threads. किनारा, झालर, अंचल; **Fringeless** (-लॅस्) -*adj*. without fringe. बिना झालर का; **Fringy** (-इ) -*adj*. having fringes. झालरदार, मगजीदार ।

Frippery-फ्रिप्-रि -*n*. finery, vain display, trifles, old clothes. आडम्बर, दिखावट, निष्प्रयोजन वस्तु, पुराने वस्त्र ।

Frisette-फ्रि-ज़ेट्'-*n.* artificial curls on forehead. ललाट पर के बालों के कृत्रिम गुच्छे,काकुल।

Frisk-फ्रिस्क्-*v. i.* to move sportively. क्रीड़ा करना, नाचना; -*n.* gambol. कुलेल, नाच; **Friskily** (-इ-लि) -*adv.* in a frisky manner. आनन्द से; **Friskiness**(-इ-नेस्)-*n.* the quality of being frolicsome. उछल-कूद; **Frisky** (-इ) -*adj.* frolicsome. प्रफुल्ल।

Frit-फ्रिट्-*n.* a mixture of sand, flint &c. used in glass-making. काँच बनाने के लिये बालू और चकमक पत्थर आदि का योग।

Fritter-फ्रिट्'-टर्-*n.* a small pancake. टिकिया; -*v. t.* to divide into small fragments. छोटे-छोटे टुकड़े करना; **To fritter away** (to waste away.) समय नष्ट करना।

Frivol-फ्रि-व-ल् -*v. i.* to trifle, to act foolishly. मूर्खवत् कार्य करना, आडम्बर करना।

Frivolity-फ्रिवलिटि *n.* levity. निरर्थक व्यापार (चपलता); **Frivolous** (-अ-लस्)-*adj.* trifling, futile, silly. तुच्छ (चपल), अनर्थक, ओछा; **Frivolously** (-अस्-लि) -*adv.* in a frivolous manner. ओछेपन से; **Frivolousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being trifling. चपल कर्म।

Frizz-फ्रिज़्-*v. t.* to form into small curls. लच्छे बनाना।

Frizzle-फ्रिज़्'-ज़ल्-*v. i.* to make sputtering noise while boiling. खदबदाना।

Fro-फ्रो-*adv.* away. दूर (यहाँ से, वहाँ से); **To and fro** (here and there.) इधर-उधर,यहाँ-वहाँ।

Frock-फ्रॉक्-*n.* a gown with loose sleeves. चोगा (बच्चों की ढीली वण्डी); **Frock-coat** (a long coat for men.) मर्दाना लम्बा कोट।

Frog-फ्रॉग्-*n.* a tailless amphibious creature, the attachment in a belt for supporting sword &c. मेढ़क, तलवार इत्यादि लटकाने की पेटी में का खलीता या फन्दा; **Frog in the throat** (hoarseness of voice.) गला बैठ जाना।

Frolic-फ्रॉल्-इक्-*n.* prank, merriment. क्रीड़ा, खेल, विहार;-*adj.* sportive. खिलाड़ी;-*v. i.* (*p. t.* Frolicked.) to play wild pranks. उपद्रवी खेल खेलना।

Frolicsome - फ्रॉल्'-इक्-सम् - *adj.* sportive. खिलाड़ी; **Frolicsomely** (-लि) -*adv.* in a sportive manner. क्रीड़ा से; **Frolicsomeness** (-नेस्)-*n.* merriment. क्रीड़ा।

From-फ्रॉम् -*prep.* expressing separation, starting point, inferior limit, source, motive. से, कारण से, आरम्भ करके, प्रायः, अनुसार; **From day to day** (every day.) प्रतिदिन, दिनदिन; **From hence** (from this time.) अब से; **From within** (from the inside.) अन्तःकरण से; **Painted from nature** (*i. e.* from actual model.) प्राकृतिक पदार्थ को देखकर खींचा हुआ चित्र।

Frond-फ्रॉन्ड्-*n.* a leaf-like organ in some flowering shrubs. फूलनेवाले कुछ पौधों में पत्तियों के आकार का अङ्ग।

Front-फ्रन्ट्-*n.* the forehead, face, line of battle towards the enemy. ललाट, अग्रभाग(मुख), युद्ध का मुख;-*v. i. & t.* to look in the face, to stand opposite to, to confront. सम्मुख होना, सामने होना, व्यग्र करना; **Front of army** (forepart of army.) सेना-मुख; **In front of** (before.) सामने, आगे; **In the front** (before.) सम्मुख, आगे; **To come to the front** (to be foremost.) विशिष्ट होना; **To go to the front** (to join the army.) सेना में सम्मिलित होना।

Frontage-फ्रन्ट्'-एज् - *n.* the front part of an edifice. घर का अग्रभाग।

Frontal-फ्रन्ट-ल्-*adj.* pertaining to the front. ललाट सम्बन्धी।

Frontispiece-फ्रन्-टिस्-पीस् -*n.* an illustration facing the title page of a book. पुस्तक के प्रथम पत्र में लगाया हुआ चित्र।

Frontless-फ्रन्ट्'-लेस्-*adj.* wanting shame or modesty. निर्लज्ज अविनीत।

Frontlet-फ्रन्ट्'-लेट्-*n.* a fillet worn on the forehead. मुकुट, किरीट।

Frontward-फ्रन्ट्'-वर्ड-*adv.* towards the front part. आगे की ओर।

Frost-फ्रॉस्ट्-*n.* frozen dew or vapour, chilling influence. तुषार, पाला, ठंढ; **Frostily** (-इ-लि) -*adv.* in a frosty manner. ठण्ढेपन से; **Frostiness** (-इ-नेस्) -*n.* the quality of being frosty. पालापन; **Frostless** (-लेस्) -*adj.* deprived of frost. तुषार रहित; **Frosty** (-इ) -*adj.* cold, chilling, frigid. शीत, ठण्ढा, पालेदार।

Froth-फ्रॉथ् -*n.* foam, scum, idle talk. फेन, झाग, व्यर्थ बकवाद; **Frothily**(-इ-लि)-*adv.* with froth. फेन से; **Frothiness** (-इ-नेस्)-*n.* frothy state. फेनपन; **Frothy** (-इ-)-*adj.* full of foam. फेनदार।

Froward-फ्रो'-वर्ड-*adj.* perverse. ढीठ, हठी; **Frowardly** (-लि)-*adv.* in a froward manner. हठ से; **Frowardness** (-नेस्) -*n.* the state of being perverse. हठ।

Frown-फ्राउन् -*v. i.* to knit the brows in displeasure, to look gloomily. भ्रूभंग करना;

त्योरी चढ़ाना, व्यग्र देख पड़ना;-*n.* the knitting of the eye-brow in displeasure. भ्रूभेद, त्योरी; **Frowning** (-इङ्ग्)-*adj.* gloomy. भौंह चढ़ाये हुए या चढ़ानेवाला; **Frowningly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with a look of displeasure. भ्रुकुटी या त्योरी चढ़ाये हुए ढंग से या रूप में।

Frowzy-फ़ाउ'-ज़ि -*adj.* ill-smelling, dingy. दुर्गन्ध का, उग्र गन्ध का।

Frozen-फ़्रोज़्'-ज़्न्-*p. p.* of **Freeze**. जमा हुआ।

Fructification-फ़्रक्टि'-फ़ि-के'-शन्- *n.* the act or the process of fructifying. फल उपजाने की विधि।

Fructify-फ़्रक्'-टि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Fructified.**) to bear fruit, to make fruitful. फल उत्पन्न करना, उपजाऊ बनाना।

Fructose-फ़्रक्'-टोस्-*n.* fruit sugar. फलों में से निकाली हुई चीनी।

Fructuous-फ़्रक्'-ट्यू-अस्-*adj.* fruitful, fertile. फल उत्पन्न करनेवाला, उपजाऊ।

Frugal-फ़्रू'-गल्-*adj.* sparing, thrifty, economical. मितव्ययी, कमखर्च, किफ़ायती; **Frugality** (-गॅल्'-इ-टि)-*n.* the quality of being frugal, thrift. स्वल्प व्ययिता, कम खर्चीपन; **Frugally** (-लि)-*adv.* in a thrifty manner, with economy. कमखर्ची से।

Frugivorous-फ़्रू- जिवर - स्-*adj.* feeding on fruits. फलाहार करनेवाला।

Fruit-फ़्रूट्-*n.* the edible product of seed produced from a plant or tree, offspring, produce, result, profit. वृक्ष का फल, सन्तति, उपज, परिणाम, लाभ;-*v. i.* to produce fruit. फल उत्पन्न करना; **Fruit-tree** (-ट्री)-*n.* फल का वृक्ष।

Fruitage-फ़्रूट्'-एज् -*n.* product, fruits collectively. फलागम, फल-समुदाय।

Fruitarian-फ़्रूटेरिअन् -*n.* one who feeds on fruits. फलों का आहार करनेवाला, फलभोजी।

Fruiter-फ़्रूट्'-अर्-*n.* a fruit-grower, a fruit-ship. फल देनेवाला वृक्ष, फल ले जानेवाला जहाज़।

Fruiterer-फ़्रूटरर् -*n.* one who sells fruits. फल बेचनेवाला।

Fruitful-फ़्रूट्'-फ़ुल्-*adj.* productive, fertile. सफल, उपजाऊ; **Fruitfully** (-लि) -*adv.* abundantly. बहुतायत से; **Fruitulness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being fruitful. परिपूर्णता, उपजाऊपन।

Fruition-फ़्रू-इशन्-*n.* enjoyment, attainment. आनन्द, सुख, स्वाद।

Fruitless-फ़्रूट्'-लॅस्-*adj.* devoid of fruits, barren, useless. फलहीन, उजाड़, निरर्थक; **Fruitlessly** (-लि)-*adv.* in a useless manner. व्यर्थ, या निरर्थक ढंग से ; **Fruitlessness** (-नॅस्)-*n.* barrenness, uselessness. अनुर्वरता, निरर्थकता।

Fruitlet-फ़्रूट्'-लॅट्-*n.* a small fruit. छोटा फल।

Fruity-फ़्रूट्'-इ-*adj.* pertaining to or like fruits. फल-सम्बन्धी, फलवत्।

Frumenty-फ़्रू'-मॅन्-टि, **Furmety** (फ़र्म'-एँ-टि) -*ns.* a kind of food prepared from hulled wheat boiled in milk. दलिया, दूध में पका हुआ गेहूँ का भोजन।

Frump-फ़्रम्प्-*n.* an shabby old-fashioned woman. गन्दी पुराने ढंग की औरत।

Frustrate - फ़्रस्' - ट्रेट् -*v. t.* to baffle, to disappoint, to defeat. व्यग्र करना, निराश करना, हराना ;-*adj.* vain. निरर्थक।

Frustration-फ़्रस्-ट्रे'-शन्-*n.* disappointment, defeat. नैराश्य, पराजय।

Frustrative-फ़्रस्ट्रे-टिव्-*adj.* tending to defeat. पराजयकारी।

Frustum-फ़्रस्ट-म्-*n.* the lower part of a solid formed by cutting it off parallel to the base. किसी ठोस पदार्थ का आधार के समानान्तर कटा हुआ निचला भाग।

Frutescent-फ़्रू-टॅस्'-ऍन्ट्-*adj.* of the nature of a shrub. झाड़ी के सदृश।

Frutex-फ़्रू'-टॅक्स्-*n.* a shrub. झाड़ी।

Fry-फ़्राइ-*n.* young fishes in large number, fried meat. छोटी मछलियों का समुदाय, पकाया हुआ मांस;-*v. t.* (*p. t.* **Fried.**) to roast or cook in fat. भूनना, तलना; **Fryer** (-अर्)-*n.* a frying-pan. पकाने की कड़ाही।

Frying-फ़्राइ'-इंग्-*n.* a process of cooking. पकाना, भूनना; **Frying-pan** (a vessel for frying.) कड़ाही; **Out of the frying-pan into the fire** (out of one difficulty into another.) एक आपत्ति से निकल कर दूसरी आपत्ति में पड़ना।

Fubsy-फ़ब्'-सि-*adj.* fat. वसा या चरबी-युक्त।

Fucus-फ़्यू'-कस्-*n.* a kind of seaweed. एक प्रकार की समुद्री सेवारी।

Fuddle-फ़'-ड्ल्-*v. t.* to intoxicate, to confuse. मदोन्मत्त करना, व्याकुल करना, घबड़ाना; -*n.* intoxication. नशा।

Fudge-फ़ड्ज्-*n.* nonsense. अनर्थक वार्ता; -*v. t.* to patch-up, to cheat. चिप्पड़ (पेंवन्द) लगाना, पट्टी रखना, ठगना।

Fuel-फ़्यु'-ऍल्-*n.* material for burning, something that feeds passion. ईंधन (समिधा),

भड़कानेवाला पदार्थ; -*v. t.* (*p. t.* **Fuelled.**) to feed with fuel. इन्धन लगाना।

Fuff-फ़फ्-*v. t.* to puff. फुलाना।

Fuffy-फ़फ़ि'-फ़ि -*adj.* soft and light. मुलायम और हलका।

Fug-फ़ग्-*n.* musty smell in a room. कमरे में की दुर्गन्ध (गुमस)।

Fugacious-फ़्यु-गे'-शस्-*adj.* fleeting, difficult, apt to flee. पलायनशील, कठिन, भगनेवाला।

Fugitive-फ़्यू'-जि-टिव्-*adj.* flying, fleeting, wandering, running away, occasional. भगेड़ू, भागनेवाला, चपल, अस्थिर; -*n.* refugee, exile. भगू, निर्वासित शरणार्थी।

Fulcrum-फ़ल'-क्रम्-*n.*(*pls.* **Fulcra, Fulcrums.**) the prop or support on which a lever moves. आधार, आलम्ब, आश्रय।

Fulfil-फ़ुल्-फ़िल'-*v. t.* (*p. t.* **Fulfilled.**) to carry out, to perform, to comply with, to bring to an end. परिपूर्ण करना, सफल करना, निर्वाह करना, समाप्त करना; **Fulfiller** (-लर्) -*n.* one who fulfils. पूरक; **Fulfilment** (-मेन्ट्)-*n.* accomplishment, completion. सिद्धि; **Fulfilment of desires** (accomplishment of desires.) इच्छापूर्ति।

Fulgent-फ़ल्'-जेन्ट् - *adj.* shining, brilliant, dazzling. उज्ज्वल, दीप्तिमान्, चमकता हुआ।

Fulgurate-फ़ल्'-ग्यू-रेट् - *v. i.* to flash as lightning. बिजली की तरह चमक उठना।

Full-फ़ुल्-*adj.* filled up, complete, crowded, engrossed, abundant, copious, entire, perfect. परिपूर्ण, व्याप्त, जनपूर्ण, व्यस्त,पर्याप्त, मोटा, अखण्ड, संपूर्ण;-*v. t. & i.* to become or make full. इकट्ठा होना या करना; -*adv.* completely. पूर्ण रूप से;-*adv.* to the same degree. उसी स्थिति तक; - *n.* the whole. पूर्ण, पूरा; **At full length** (lying straight.) लम्बा पड़ा हुआ; **Full-blooded** -*adj.* (hearty.) सहृदय; **Full-blown** - *adj.* (fully expanded.) प्रफुल्ल, विकसित; **Full-brothers** (sons of the same parents.) एक ही माँ-बाप के जन्मे भाई, सगे भाई; **Full-fed** (stout.) हृष्टपुष्ट; **Full growth** (development.) प्रौढ़ता; **Full-hearted**-*adj.* energetic. उमंग में भरा हुआ; **Full-moon** (*i. e.* when its whole disk is illuminated.) पूर्णचन्द्र; **To the full** (completely.) पूर्णरूप से।

Fuller-फ़ुल'-अर्-*n.* one who cleanses clothes. कपड़ा साफ करनेवाला; **Fuller's-earth** (hydrous silicate of alumina.) सँज्जीखार, रेह।

Fulminant-फ़लिमनन्ट्- *adj.* developing suddenly. एकाएक बढ़नेवाला; **Fulmination** (-ने'-शन्)-*n.* the act of fulminating.स्फूर्जन; **Fulminatory** (-नेटरि) - *adj.* sending forth fulmination, thundering. उमड़नेवाला, वज्रनादकारी।

Fulsome-फ़ुल्' (-फ़ल्-)-सम्-*adj.* excessive, disgustive, overfull.अति, बहुत, घृणित; **Fulsomeness** (-नेस्)-*n.* disgustiveness. घृणा, गर्हता।

Fulvous-फ़ल्'-वस्-*adj.* reddish yellow. धूसर वर्ण का, भूरा।

Fumacious-फ़्यू-मे'-शस्-*adj.* smoky. धूम्रपूर्ण, धुएँ से भरा हुआ।

Fumble-फ़म्'-बल्-*v. i.* to use hand in an awkward manner, to grope about. फूहड़पन से काम करना, टटोलना; **Fumbler** (-ब्लर्) -*n.* one who fumbles. फूहड़पन से काम करनेवाला; **Fumbling** (-इङ्ग्) -*n.* awkwardness. फूहड़पन।

Fume-फ़्यूम्-*n.* smoke, vapour, fit of anger. धुवाँ, भाप, क्रोध का आवेग; -*v. i.* to smoke. धुवाँ उठना;-*v. t.* to perfume. सुगन्धित करना; **Fumeless** (-लेस्)-*adj.* free from fumes. धूम्र रहित, बिना धुवें का।

Fumid-फ़्यू'-मिड्, **Fumy** (फ़्यू'-मि) - *adjs.* full of smoke, vaporous. धुवें से परिपूर्ण, वाष्पपूर्ण; **Fumidness** (-नेस्) -*n.* smokiness. धुवाँपन।

Fumigate-फ़्यू'-मि-गेट्-*v. t.* to apply fumes to, to purify, to perfume. धूप देना, सुवासित करना, सुगन्धित करना; **Fumigation** (-गे'-शन्) -*n.* the act of fumigating. सुगन्धित करण; **Fumigator** (-अर्)-*n.* that which fumigates. धूप देनेवाला।

Fun-फ़न्-*n.* sport, amusement. खेल, क्रीड़ा; **In fun** (in joke.) हँसी में; **To make fun of** (to make sport of.) हँसी उड़ाना।

Funambulist-फ़्यू-नैम्'-ब्यु-लिस्ट्-*n.* a rope-walker. रस्सी पर चलनेवाला नट।

Function-फ़ङ्क्'-शन् - *n.* performance, a social gathering, office, the use of any organ, power. कार्य सम्पादन, सामाजिक सम्मेलन, पद, कार्य, किसी अंग का उपयोग, शक्ति, अधिकार; -*v. t.* to fulfil. पूर्ण करना; **Functional** (-अल्)-*adj.* pertaining to function. कार्य या अधिकार-सम्बन्धी, इन्द्रियों के कार्य-सम्बन्धी; **Functionary** (-अ-रि)-*n.* a public official. सार्वजनिक अधिकारी; **Functionless** (-लेस्) -*adj.* without function or occupation. कार्य या अधिकार शून्य।

Fund-फ़न्ड् - *n.* stock of something; (*pl.*) resources. सन्चय, (ब० व०) मूलधन, माल; -*v. t.* to provide a fund. माल इकट्ठा करना, लागत लगाना।

Fundament-फ़न्'-डी-मेन्ट्-*n.* the buttocks. कटि-पश्चाद्भाग, चूतड़।

Fundamental-फ़न्'-डी-मेन्टल्-*adj.* pertaining to the groundwork or root of matter, essential, primary, original. मूलाधार सम्बन्धी, प्रधान, सारभूत, प्रारम्भिक, मौलिक; -*n.* groundwork of a system. मूलाधार, सिद्धान्त; **Fundamentality** (-टलि--टि)-*n.* essentiality. मूलता, प्रधानता; **Fundamentally** (-लि) -*adv.* essentially. मूल रूप में।

Funeral-फ़्यू'-न-रल्-*adj.* burial. उत्तर या अन्त्येष्टि क्रिया सम्बन्धी ; -*n.* the burial of the dead. अन्त्येष्टि क्रिया, श्राद्ध इत्यादि कर्म; **Funeral-pile,** (-pyre)-*n.* a pile of wood on which a corpse is burnt. चिता।

Fungus-फ़ङ्ग्'-गस्-*n.* (*pls.* **Fungi, Funguses**) mushroom, a kind of spongy plant. मधुरिका, कुकुरमुत्ता।

Fungus.

Funicular-फ़्यू - निक्'-यू - लर् - *adj.* worked by rope. रस्से से चलाया जानेवाला।

Funicle-फ़्यू'-नि-कुल्-*n.* a small cord, a fibre. छोटी डोरी, तन्तु, रेशा।

Funk-फ़ङ्क्- *n.* an offensive smell, timidity, fear. दुर्गन्ध, भीरुता, भय।

Funnel-फ़न्-नेल् - *n.* a truncated hollow cone and pipe, a metal chimney, the offspring of a horse & a she-ass. चोंगा, कीप, धुवाँकश, घोड़े और गदही का बच्चा।

Funnel.

Funny-फ़न्'-नि -*adj.* (*comp.* **Funnier,** *sup.* **Funniest.**) full of fun, sportive. खिलवाड़ी।

Fur-फ़र् - *n.* short soft fine hair of certain animals. महीन रोवें; -*v. t.* (*p. t.* **Furred.**) to cover with furs. (कपड़ों में ऐसे) रोवें लगाना; **Furred** (-ड्) -*adj.* with furs, with a coating formed on the tongue. रोमयुक्त, जीभ पर उभड़ी हुई नुकीली तह-युक्त।

Furbish-फ़र्'-बिश् - *v. t.* to remove rust, to polish. मुरचा हटाना, चमक लाना (पालिश करना); **Furbished** (-ड्) -*adj.* brightened. चमकाया हुआ।

Furcate-फ़र्' - केट् - *adj.* forked. फटे कोर का; -*v. i.* to fork. दो मुँह करना, फाड़ना; **Furcated** (-ऍड्)-*adj.* forked. दोमुँहा किया हुआ।

Furious-फ़्यू'-रि - अस् - *adj.* raging, violent. कोपाकुल, प्रचण्ड (तीव्र) ; **Furiously** (- लि)-*adv.* in a furious manner, violently. उद्वेग से; **Furiousness** (-नेस्)-*n.* violence. उग्रता, प्रचण्डता, तीव्रता।

Furl-फ़र्ल -*v. t.* to fold, to wrap up, to relinquish, to contract. मोड़ना, लपेटना, त्यागना, सिकोड़ना।

Furlong-फ़र्'-लॉङ्ग् -*n.* the eighth part of a mile. एक मील का आठवाँ भाग अथवा दो सौ बीस गज़।

Furlough-फ़र्-लो-*n.* a leave of absence, for a stated time. निश्चित काल की अनुपस्थिति या गैरहाज़िरी की छुट्टी।

Furnace-फ़र्' - नेस् - *n.* an apparatus for melting metals, a fireplace, severe test. अग्निकुण्ड, अँगीठी, भट्ठी, कठिन परीक्षा।

Furnish-फ़र्न्'-इश्-*v. t.* to provide, to afford, to supply, to equip. तैयार करना, सजाना, जुटाना।

Furniture-फ़र्'-निचर्-*n.* movable contents, chattels, outfit, equipage. चल सामग्री, सज्जा असबाब; **Furniture of one's mind** (knowledge, imaginative faculty.) विद्या, ज्ञान।

Furor-फ़्यू'-रर् - *n.* rage, excitement. क्रोध, उत्तेजना।

Furrow-फ़र्'-रो - *n.* the narrow trench made by plough, groove, track. हल की लकीर, सोता, नाली, मार्ग; **Furrowness** (-नेस्)-*n.* the state of being a furrow. नाली बनाने की स्थिति।

Further-फ़र्'- दर् -*adj.* additional, farther, more distant. अधिकतर, दूर का, आगे का; -*adv.* to a great distance, in addition. दूर पर, आगे की ओर, और भी ;- *v. t.* to promote. उन्नति देना, बढ़ाना; **Furtherance** (-ऍन्स्) -*n.* promotion. बढ़ती; **Furthermore** (-मोर्)-*adj.* moreover. और भी, अधिक; **Furthermost** (-मोस्ट्) -*adj.* remotest. सबसे आगे या दूर का।

Furthest-फ़र्-देस्ट्-*adj. & adv.* most distant in time or place. समय या स्थान में सबसे दूर का।

Furtive-फ़र्'-टिव्-*adj.* got by stealth, thievish. चुराया हुआ, चोरी किया हुआ; **Furtively** (-लि) -*adv.* by stealth. चोरी से; **Furtiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being furtive. चोरी।

Furuncle-फ़्यू-रङ्-कुल् - *n.* a boil or tumour. फोड़ा, ज़हरवाद।

Fury-फ़्यू'-रि - *n.* wild anger, frenzy, rage, violence of weather. तीव्र कोप, क्रोध, सनक, ऋतु का उद्वेग।

Furze-फ़र्ज़् - *n.* a thorny evergreen yellow-flowered, shrub. भटकया ।

Fuse-फ़्यूज़् - *v. t. & i.* to melt with great heat, to amalgamate. गलना, एकरूप होना ।

Fusee-फ़्यू - ज़ी - *n.* the conical pulley or a wheel, a large-headed match. सूच्याकार घिरनी या पहिया, बड़े माथे की दिया-सलाई ।

Fuselage-फ़्यूज़ि-लिज् (-फ़्यूज़् - लाज़्) *n.* the frame-work of an aeroplane. हवाई जहाज़ का ढाँचा ।

Fusibility-फ़्यू'-ज़ि-बिल्'-इ-टि - *n.* the quality of being fusible. द्रवशीलता ।

Fusible-फ़्यू'-ज़ि-ब्ल्-*adj.* that may be melted. द्रवशील ।

Fusiform-फ़्यू'-ज़ि-फ़ॉर्म् - *adj.* shaped like a spindle, tapering on both ends. सूच्याकार, टेकुए की शकल का, दोनों किनारों पर नोकीला ।

Fusil-फ़्यू'-ज़िल्-*n.* a kind of light musket. एक प्रकार की छोटी बन्दूक;-*adj.* capable of being melted by heat. आग की सहायता से गलाने योग्य ।

Fusillade-फ़्यू' - ज़ि - लेड् - *n.* a continuous discharge of firearms. तोपों या बन्दूकों की गोली का लगातार निक्षेप या गोली की वर्षा ।

Fusion-फ़्यू'-ज़न्-*n.* the operation of melting. द्रवत्व, एकरूपता, संयोग ।

Fuss-फ़स् - *n.* bustle, tumult, abundance of detail. आडम्बर, कोलाहल, खलबली (गड़बड़ी); -*v. i.* to make a fuss. उपद्रव करना; **Fussily** (-इ-लि)-*adv.* in a fussy manner. आडम्बर से; **Fussiness** (-इ-नेस्) -*n.* the quality of being fussy. आडम्बर; **Fussy** (-सि)-*adj.* making a fuss. उपद्रवी ।

Fustian-फ़स्ट्'-इ-यन्-*n.* a kind of thick cotton cloth. एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा; - *adj.* worthless, exaggerative. निरर्थक, अतिशयोक्ति का ।

Fustianist-फ़स्ट्'-इ-यनि-स्ट्-*n.* one who writes bombast. शब्दाडम्बर पूर्ण अतिशयोक्ति-लेखक ।

Fustigate-फ़स्-टि - गेट् - *v. t.* to beat with a stick. लकड़ी से मारना ।

Fusty-फ़स्-टि-*adj.* ill-smelling. दुर्गन्धयुक्त ।

Futility-फ़्यू-टिल्'-इ-टि-*n.* worthlessness. असारता, निरर्थकता ।

Futile-फ़्यू' - टाइल् - *adj.* useless, trifling. निरर्थक, निःसार ।

Future-फ़्यू'-चर्-*adj.* that is to come. भविष्य (आनेवाला) ; - *n.* time to come. भविष्यकाल; **Future time** (time to come.) भविष्यकाल, उत्तरकाल; **Futurity** (-इट्-इ) - *n.* the future time. भविष्यकाल ।

Fuzz-फ़ज़् - *v. t.* to fluff, to fly off in minute particles. फ़ुज्जी रूप में उड़ना, परमाणु रूप में पृथक् होना; **Fuzzily** (-इ-लि)-*adv.* in an indistinct manner. अस्पष्ट रूप में; **Fuzzy** (-इ)-*adj.* blurred, shaggy. अस्पष्ट, लोमयुक्त ।

Fylfot-फ़िल्-फ़ॉट्-*n.* a kind of equal armed cross. स्वस्तिक, सथिया ।

Fylfot.

Fyrd-फ़र्ड-*n.* a nation's full military force. किसी देश का सम्पूर्ण सैनिक बल ।

G-जी-the seventh letter of the English alphabet, the fifth note of the diatonic scale. अंग्रेजी वर्णमाला का सातवाँ अक्षर, गायन में पाँचवाँ स्वर ; It has a hard sound before a, o, u, l and r, and is sounded soft before e, i, y. इसका उच्चारण a, o, u, l तथा r के पूर्व रहने पर 'ग' तथा e, i, y के पूर्व रहने पर 'ज' होता है; it is silent in some words. कुछ शब्दों में इसका उच्चारण नहीं होता, यथा, "gnat-नैट," "gnaw-नॉ" इत्यादि में।

Gab-गैब्-*n.* prattling, idle talk. व्यर्थ बकवाद, गपशप; -*v. i.* (*p. t.* Gabbed.) to talk much, बकवाद करना, बड़बड़ाना; **Gift of the gab** (power of speech.) बोलने की शक्ति; **Stop your gab** (stop talking.) बोलना बन्द करो, चुप रहो।

Gabarage-गॅ'-बरेज्-*n.* coarse packing cloth. पार्सल बनाने का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Gabble-गॅ-बल्-*v. i.* to talk inarticulately, to utter too fast. बकबक करना, अतिशीघ्र बोलना; -*n.* a meaningless loud talk, inarticulate sound. बड़बड़ाहट; **Gabbler** (-अर्)-*n.* one who gabbles. बकवादी मनुष्य।

Gabelle-गॅ-बेॅल्'-*n.* a tax or duty. राजकर, चुङ्गी।

Gabion-गे'-बि-अन् -*n.* a cylindrical basket filled with earth used in fortification. किलाबन्दी में उपयोग करने की मिट्टी भरी हुई खँचिया।

Gable-गे'-बल्-*n.* the triangular end of a wall at the end of a roof. गृहशिखर, मकान का पाखा या कोना; **Gabled** (-ड्)-*adj.* pointed. नोकदार, नुकीला।

Gaby-गे'-बि-*n.* a simpleton. मूर्ख।

Gad-गॅड् -*n.* the point of a spear, a goad. बर्छी की नोक, गदका;-*v. i.* (*p. t.* Gadded.) to walk idly, to wander. भ्रमण करना, घूमना-फिरना; **Gadding** (-डिङ्ग्)-*n.* a wandering. परिभ्रमण; **Gadling** (-लिङ्ग्)-*n.* a loitering person. घुमक्कड़ मनुष्य; **On the gad** (in motion.) चलता हुआ।

Gadfly-गॅड्-फ्लाइ-*n.* a fly that bites cattle, a worrying person. गोमक्खी (डँस), कष्ट देनेवाला मनुष्य।

Gaff-गॅफ्-*n.* a barbed fishing spear. मछली फँसाने की काँटेदार बर्छी; -*v. t.* to fish with a gaff. काँटेदार बर्छी से मछली पकड़ना।

Gaffer-गॅफ्'-फर्-*n.* an old fellow, foreman of a gang, an old rustic. वृद्ध पुरुष, चौधरी, वृद्ध गँवार।

Gag-गॅग्-*n.* anything thrust into the mouth to enforce silence. मुख बन्धनी; -*v. t.* (*p. t.* Gagged) to stop mouth forcibly, to silence. मुँह में कपड़ा ठूँसकर बोलना बन्द करना, चुप करना; **Gag-bit** (a kind of strap-bit for horses.) घोड़ा निकालनेके लिए काँटेदार लगाम; **Gag-tooth** (a projecting tooth.) उभड़ा हुआ दाँत।

Gage-गेज्-*n.* a pledge, something thrown down as a symbol to fight. पण, बन्धक, ललकार, बीड़ा;-*v. t.* to give as a pledge. गिरों रखना।

Gager-गेज्'-अर् -*n.* one who gages. प्रतिज्ञा करनेवाला, नापनेवाला।

Gaggle-गॅग्-ग्ल्-*v. i.* to cackle like geese. बत्तख की तरह शब्द करना;-*n.* flock of geese. बत्तखों का झुण्ड।

Gaiety-गे-इटि-*n.* mirth, amusement, merry-making, finery. आनन्द, प्रमोद, उत्सव, चहल-पहल।

Gaily-गे'-लि-*adv.* in a gay or lively manner. प्रसन्नता से।

Gain-गेन्-*n.* profit, improvement, advance, interest, acquisition of wealth; (*pl.*) increase in amount. लाभ, उन्नति, बढ़ती, सूद या ब्याज, धनप्राप्ति, (ब० व०) बढ़ोत्तरी;-*v. t. & i.* to obtain, to acquire, to earn, to have as profit, to reach. प्राप्त करना, कमाना, लाभ करना, पहुँचना; **To gain ground** (to advance.) आगे बढ़ना; **To gain the ear of** (to get favourable hearing from.) अनुकूल सुनाई होना; **To gain the upper hand** (to be victorious.) विजयी होना; **To gain over** (to draw to one's party. अपने वश में लाना; **To gain time** (to make delay by excuses.) बहाना करके विलम्ब करना।

Gainable-गेन्'-ऍ-बल्-*adj.* able to be gained. प्राप्त करने योग्य।

Gainer-गेन्'-अर्-*n.* one who gains profit. लाभ करनेवाला मनुष्य।

Gainful-गेन्'-फुल्-*adj.* profitable, advantageous. फल देनेवाला, लाभजनक।

Gainings-गेन्'-इङ्ग्-ज्-*n. pl.* what one has gained. प्राप्ति, प्राप्त धन या वस्तुएँ।

Gainly-गेन्'-लि-*adv.* conveniently सुविधा से।

Gainsay-गेन्-से -*v. t.* (*p. t.* Gainsaid) to deny, to oppose or contradict. अस्वीकार करना, विरोध करना; **Gainsayer** (-अर्)-*n.* one who gainsays, an opposer. निषेध करनेवाला।

Gait-गेट्-*n.* manner of walking, pace. चलने का ढंग, पग; **Gaited** (-ऍड्)-*adj.* having a particular gait. विशिष्ट गति का, विशेष ढंग का।

Gaiter-गेट्-अर्-*n.* a covering for the leg, ankle and leg. पैर ढाँकने की पट्टी।

Gala-गा'-ला or गे'-ली-*n.* pomp, show, festive occasion. आडम्बर, पर्व का दिन, त्योहार।

Galactic-गलाक्टिक्-*adj.* pertaining to milk or the Milky Way. दुग्ध-सम्बन्धी या आकाश-गंगा-सम्बन्धी।

Galaxy-गॅलक्सि-*n.* a luminous band of small stars like a girdle, the Milky Way, brilliant company. तारापुञ्ज, आकाशगंगा, स्वर्गगङ्गा, प्रसिद्ध मनुष्यों की मण्डली।

Gale-गेल्-*n.* a strong wind, gentle breeze. आँधी, हवा का झोंका, मन्द वायु; Strong gale (strong gust of wind.) प्रचण्ड वायु, हवा का झोंका।

Galea-गे-लिआ-*n.* helmeted structure. टोप के समान आकृति।

Galeate-गॅलियेट्-*adj.* having the form of a helmet. टोप के समान आकृति का; Galeated (-एट्'-एड्)-*adj.* covered with a helmet. टोप ढँका हुआ।

Galimatias-गॅल्-लि-मे'-शि-अस्-*n.* meaningless talk. निरर्थक बकझक।

Galipot-गॅ-लि-पॉट्-*n.* resin from hardened turpentine. कड़ी ताड़पीन से निकाली हुई रजन।

Gall-गॉल्-*n.* bile, asperity, blister, painful swelling, a malignity. पित्त, पीड़ायुक्त सूजन, कठोरता; *-v.t. & i.* to injure by rubbing, to humiliate, to annoy. घिसकर भ्रष्ट करना, क्लेश देना, विनीत करना; Gall-bladder (a small membraneous sack situated on the underside of liver.) पित्ताशय, पित्त की थैली; Gall stone (concretion formed in gall-bladder.) पित्ताशय की पथरी।

Gallant-गॅ-लन्ट्-*adj.* showy, grand, courtly, fine, brave. दिखावटी, भड़कीला, सुन्दर, शूरवीर; *-n.* a man of fashion. सुवेशधारी मनुष्य (छैला); Gallantly (-लि)-*adv.* in a gallant manner. वीरता से; Gallantry (-रि), Gallantness (-नस्)-*ns.* show, bravery, nobleness, generosity. आडम्बर, शूरता, सुशीलता, उदारता।

Gallery-गॅ-लरि-*n.* a long and narrow passage, balcony with rails around it, room for exhibition of paintings &c. दहलीज़, गलिआरा, बरामदा, चित्रशाला; *-v. t.* to provide with gallery. बरामदा लगाना।

Galley-गॅ-लि-*n.* (*pl.* Galleys.) a low flat vessel. लम्बी नाव; (*print.*) an oblong tray in which types are transferred after composing. टाइप बैठाने की छिछली किश्ती।

Galliard-गॅल्-इ'-यर्ड्-*n.* a gay fellow. प्रसन्न मनुष्य।

Gallic-गॅ-लिक्-*adj.* pertaining to France. फ्रान्स देश का।

Gallinaceous-गॅ-लिन्-ए'-शस्-*adj.* pertaining to domestic fowls. गृहकुक्कुट-सम्बन्धी।

Gallipot, Galipot-गॅ-लि-पॉट्-*ns.* a small glazed cup for holding medicines &c. औषध इत्यादि रखने का चीनी मिट्टी का छोटा प्याला।

Gallium-गॅ-लि-अम्-*n.* a chemical element. एक रासायनिक तत्व।

Gall-nut-गॉल्'-नट्-*n.* gall used in the making of ink. माजूफल।

Gallon-गॅलन्-*n.* a liquid measure of eight pints. तीन सेर दस छटाँक तरल पदार्थ की नाप।

Galloon-ग-लून्'-*n.* a narrow woven braid or lace. फ़ीता, लैस, कलाबत्तू।

Gallop-गॅलप्-*n.* a horse's swiftest pace. घोड़े की सरपट चाल;*-v. i.* (*p. t.* Galloped.) to run with leaps. सरपट चाल से दौड़ना; Galloper. (-अर्)-*n.* he who or that which gallops. तेज़ दौड़नेवाला; Galloping (-इङ्ग)-*adj.* running with leaps. सरपट दौड़ता हुआ।

Galloway-गॅ'-लो-वे-*n.* a horse of small size. टाँगन, टट्टू।

Gallows-गॅ-लोज़्-*n. pl.* (*used as sing.*) a structure on which criminals are hanged. फाँसी देने की टिकठी; A gallows-look (of sinister demeanour.) कर्कश दृष्टि; Gallows-bird (a person fit to be hanged.) फाँसी देने योग्य मनुष्य।

Galop-गॅल्'-ऑप् -*n.* a lively round dance. एक प्रकार का चक्कर में नाच।

Galore-गॅ'-लोर्-*n.* abundance. अधिकता; *-adv.* in abundance. बहुतायत से।

Galosh-ग'-लॅ-श्-*n.* shoe worn over another in rainy season. बरसात में जूता सुरक्षित रखने के लिये इसके ऊपर पहिनने का रबर का जूता।

Galvanic-गॅल्-वॅन्'-इक्-*adj.* pertaining to, producing, produced by galvanism. बिजली की शक्ति पैदा करने से सम्बन्धित, बिजली पैदा करनेवाला या बिजली से पैदा।

Galvanism-गॅल्'-वन्-इज़्म्-*n.* electricity produced by chemical action. रासायनिक क्रिया से उत्पन्न की गई विद्युत्शक्ति।

Galvanization -गॅल्-वन्-आइज़ेशन् *-n.* the act of galvanizing. बिजली से धातु चढ़ाने की क्रिया।

Galvanize-गॅल्-वन्-आइज़्-*v. t.* to affect with galvanism. बिजली की सहायता से धातु चढ़ाना।

Galvanometer-गॅल्-वन्-ऑमिटर्-*n.* an instrument for measuring electrical current. बिजली की धारा नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

Gam-गॅम्-*n.* a herd of whales, a tooth or tusk. ह्वेल मछलियों का जत्था, दाँत, हाथीदाँत।

Gambade-गॅम्-बेड्, **Gambado** (-बे-डो) (*pl.* **Gambadoes.**)-*ns.* a horse's leap, fantastic movement, a large boot attached to the saddle to protect the rider's legs and feet. घोड़े की छलाँग, कुदान, सवार की टाँगों और पैरों को रगड़ से बचाने के लिये काठी या जीन से लटकाया गया लम्बा बूट जूता।

Gamble-गॅम्-बल्-*v. i.* to play games of chance for money. दाँव लगाकर जुआ खेलना।

Gambler-गॅम्'-ब्लर्-*n.* one who gambles. जुआ खेलनेवाला, जुआरी।

Gambling - गॅम्' - ब्लिङ्ग्-*n.* playing for money. जुआ; **Gamblesome** (-सम्)-*adj.* one who gambles. जुआ खेलनेवाला।

Gamboge-गॅम्'-बोज्'-*n.* gum resin, a yellow pigment. गोंद के समान चिपकनेवाला पीला रोगन।

Gambol - गॅम्' - बल्-*n.* a leaping about in frolic. कूदफाँद, कलोल;-*v. i.* (*p. t.* **Gambolled.**) to dance, to leap. नाचना, कूदना, कलोल करना।

Gambrel-गॅम्-ब्रल्-*n.* the angle above the hoof of a horse's hind leg. घोड़े के पिछले पैर की गुमटी।

Game-गेम्-*n.* jest, sport, diversion, a hunted animal. हँसी, क्रीड़ा, खेलकूद, आमोद प्रमोद, शिकार;-(*pl.*) tricks. छल; **Game-cock** (a cock which is trained to fight.) लड़नेवाला मुर्गा; **Game-keeper** (one who is in charge of games.) जंगली पक्षियों की रक्षा करनेवाला; **Gamester** (-स्टर्)-*n.* gambler, a merry person. जुआरी, खिलाड़ी, मौजी व्यक्ति; **To make game of** (to ridicule.) हँसी उड़ाना ; **To play one's game** (to advance schemes) नये-नये उपाय रचना।

Gaming-गेम्'-इङ्ग्-*n.* gambling, द्यूत, जुआ।

Gamma-गॅ-मा-*n.* the third letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का तीसरा अक्षर।

Gammer-गॅ-मर्-*n.* an old woman. वृद्धा स्त्री, बुढ़िया।

Gammon-गॅमन्-*n.* the thigh of hog, deception, ridiculous nonsense, back-gammon. सुअर की जाँघ, छल, उपहास्य निरर्थक बात, हँसी की बेकार बात, चौपड़ के समान एक प्रकार का खेल;-*v. t.* to win in this game. इस प्रकार के खेल में जीतना।

Gamut - गॅ - मट् - *n.* the whole series of musical notes, the whole cope of anything. (संगीत) का पूरा 'स' 'र' 'ग' 'म' का क्रम, पूर्ण विस्तार।

Gamy-गेम्'-इ-*adj.* (*comp.* **Gamier**, *sup.* **Gamiest**) abounding in or full of games. क्रीड़ापूर्ण।

Gander - गॅन्' - डर्-*n.* (*fem.* **Goose.**) male goose, a fool. (नर) हंस, मूर्ख; **Gander party** (a company of male persons.) पुरुष-मण्डली।

Gang-गॅङ्ग्-*n.* a band of criminals, a number of labourers working together. अपराधियों का जत्था, मज़दूरों की टोली।

Gangetic-गॅन्-जेट्'-इक्-*adj.* of or pertaining to the Ganges. गंगा नदी का या सम्बन्धी।

Ganglion-गॅङ्ग्'-गल्-इअन्-*n.* (*pls.* **Ganglions, Ganglia**) enlargement or knot of a nerve. नाड़ीग्रन्थि।

Gangrene-गॅङ्ग्'-ग्र्-इन्-*n.* decomposition of flesh, mortification. मांस का सड़ाव, अवसाद; **Gangrenous** (-ग्रीनस्) - *adj.* mortified. अवसाद युक्त।

Gang-saw-गॅङ्'-सॉ-*n.* a saw having two or more operating blades. दो या अधिक धार का आरा।

Gangway-गॅङ्ग्'-वे-*n.* the narrow passage on a ship, a narrow way between rows of seats. जहाज पर चलने का संकुचित (सँकरा) मार्ग, बैठने की कुर्सियों की पंक्तियों के बीच का सँकरा रास्ता।

Gannet-गॅन्'-नेट्-*n.* a kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

Gantry-गॅन्-ट्रि-*n.* (*pl.* **Gantries.**) a fourfooted stand for barrels, railway signals &c. पीपों का चौपाया-आधार, रेलगाड़ी का सिग्नल।

Gaol-जेल्-*n.* a prison, a jail. बन्दीगृह, कारागार; **Goaler** (-अर्) -*n.* one who has charge of a jail. बन्दीगृह का अध्यक्ष।

Gap-गॅप्-*n.* a gorge, a blank, a cleft, defect. छिद्र, दर्रा, दरार, त्रुटि।

Gape-गेप्-*v. i.* to open mouth wide, to stare, to split. जँभाई लेना, मुँह बाना, ताकना, फाड़ना; **Gaper** (-अर्)-*n.* one who gapes. जँभाई लेनेवाला ; **Gaping** (-इङ्ग्) -*n.* yawning. जँभाई लेना, जम्भन।

Garage-गॅरिज् or गॅराज़् -*n.* a place for storing motor cars. मोटरखाना या गैरेज।

Garb-गार्ब्-*n.* dress, clothes, costume. वस्त्र, कपड़े, पहिनावा, पोशाक; -*v. t.* to clothe, to dress. कपड़ा, या पोशाक पहिनाना।

Garbage-गार्'-बेज् - *n.* refuse, filth, animal's entrails. जन्तु की अँतड़ी, कूड़ा करकट, गन्दगी।

Garble-गार्'-ब्ल्-*v. t.* to pick up the best. छाँटना, बरा लेना; **Garbler** (-अर्) -*n.* one who garbles. छाँटनेवाला।

Garden-गार्ड्न्-*n.* a piece of ground for growing flowers, fruits or vegetables. बाग, बगीचा, फुलवारी; **Garden-city** (a model city with gardens.) ऐसा नया नगर जिसके घरों के बीच बीच में फुलवारियाँ और बाग हों; **Garden-engine** (pump for spraying water in a garden.) बगीचे में पानी छिड़कने की कल; **Gardener** (-अर्) -*n.* one who cultivates a garden. बाग लगानेवाला, माली; **Gardening** (-इङ्ग्)-*n.* the act of cultivating a garden. उद्यानकर्म, बगीचा लगाने की कला; **Garden party** (a social party in a garden.) बगीचे का भोज, प्रीति-भोज; **Hanging garden** (a garden in terraces rising one above another.) सीढ़ी नुमा ढालुआँ जमीन पर लगाया हुआ बगीचा।

Gargle-गार्'-ग्ल्-*v. t.* to wash the throat; with a liquid. कुल्ला करना, गलगला या गरारा करना;-*n.* a liquid preparation for washing the mouth and throat. गलगला, गरारा।

Gargoyle-गॉर्'-गॉ-इल्-*n.* a spout projecting from gutter to carry rain-water. छत पर का पानी बहाने की सुन्दर मोरी, परनाला।

Gargoyle.

Garish-गारिश्-*adj.* showy, gaudy. देखौवा, सुहावना; **Garishly** (-लि)-*adv.* in a showy manner. दिखावट से; **Garishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being garish. आडम्बर, दिखाव।

Garland-गार्लेण्ड्-*n.* a wreath or chaplet of flowers. माला, फूलों का गजरा;-*v. t.* to deck with garlands. माला से सुशोभित करना या पहिनाना।

Garlic-गार्'-लिक्-*n.* a bulbous plant with a strong smell and pungent taste. लहसुन; **Garlic eater** (a mean fellow.) नीच मनुष्य।

Garment-गार्'-मेन्ट्-*n.* an article of dress, (*pl.*) outward clothing. वस्त्र, (व० व०) ऊपरी पोशाक, लबादा।

Garner-गार्'-नर्'-*n.* a storehouse for corn, granary, a bin. शस्यागार, धान्यकोष्ठ, खत्ती;-*v.t.* to store in a granary. अन्न से खत्ती भरना।

Garnet-गार्न्'-एट्-*n.* a red mineral of which gems are made. रक्तमणि, तामड़ा रत्न।

Garnish-गार्-निश्-*v. t.* to decorate, to adorn, to embellish. अलंकृत करना, सुशोभित करना, सजाना ; **Garnisher** (-अर्)-*n.* one who decorates. विभूषित करनेवाला, सजानेवाला; **Garnishing** (-इङ्ग्)-*n.* that which decorates. सुशोभन, सजावट; **Garnishment** (-मेन्ट्)-*n.* ornament, embellishment. अलङ्कार, सजावट, गहना।

Garniture-गार्न्'-इचर्-*n.* accessories, embellishment, dress. सामान, असबाब, सजावट, पहिनावा।

Garret-गॅरिट्-*n.* a room on the top floor. अट्टालिका, अटारी;-*v. t.* to insert small pieces of stone. लंगड़ देना, जोड़ लगाना; **Garreteer** (-इअर्)-*n.* one who lives in a garret. अँटारी पर रहनेवाला।

Garrison - गॅर्' - रिसन्-*n.* a body of troops stationed for the defence of a fortress or town &c. दुर्गरक्षक, किले या नगर की रखवाली करनेवाली सेना;-*v.t.* to furnish with soldiers. रक्षा के निमित्त सेना नियुक्त करना।

Garron-गॅ-रन्-*n.* a small horse. छोटा घोड़ा, टट्टू

Garrot-गॅरट्-*n.* a kind of sea-duck. एक प्रकार का समुद्री बत्तख।

Garrotte, Garotte-गा-रॉट्, गें-रॅट्-*ns.* capital punishment by strangling a criminal. गला घोंटकर अपराधी को मारने का दण्ड;-*v. t.* to kill by strangling. गला घोंटकर मार डालना।

Garrulity-गॅरूलिटि-*n.* talkativeness. वाचालता, बकवाद।

Garrulous-गॅरु-लस्-*adj.* loquacious, talkative. वाचाल, बहुभाषी, बकवादी ; **Garrulousness** (-नेस्)-*n.* habit of being loquacious. अधिक बोलने की आदत, बड़बड़ाहट; **Garrulously** (-लि) -*adv.* in a talkative or loquacious manner. बहुत बकवाद करते हुए।

Garter-गार्-टर्-*n.* a band worn above or below the knee to hold up stockings. मोजा बाँधने का तस्मा; **The Garter** (the badge of the highest order of Knighthood.) नाइट की पदवी का विशिष्ट चिह्न।

Garth-गार्थ्-*n.* garden, yard. बगीचा, आँगन, मैदान।

Gas-गॅस्-*n.* any aeriform fluid, an empty talk, boasting. वायुरूप द्रव्य, वाष्प, वृथा-लाप, बकवाद; -*v. t.* (*p. t.* Gassed) to poison with

gas, to talk boastfully. गैस से विषैला बनाना, अहंकार या घमंड से बातचीत करना; Gas-bag (a bag for holding gas.) गैस भरने का थैला; Gasengine (an engine in which the motive power is gas.) गैस से चलनेवाला इञ्जन या वाष्पीय यंत्र; Gashelmet (a mantle worn for the protection of poisonous gas.) विषैली वायु से बचने के लिये पहिनने की टोपी।

Gasconade-गॅस्कनेड्-*n.* boasting, bragging. आत्मश्लाघा, शेखी;-*v. i.* to brag. शेखी हाँकना।

Gaselier-गॅस्′-अ-लिअर् (also Gasalier.) *n.* a gas-lamp with several burners. अनेक वत्तियों का गैस का लम्प या वाष्प-दीप।

Gash-गॅश् - *n.* a long and deep cut, a cleft. गहरा घाव, फटन; -*v. t.* to make a gash. गहरा घाव करना।

Gasification-गॅ-सिफ्-इक्-ए′-शन्-*n.* the act of turning into gas. गैस या वाष्प में (वायु रूप में) परिवर्तन।

Gasify-गॅस्-इ-फ़ाइ′ -*v. t.* (*p. t.* Gasified.) to convert into gas. वाष्प या वायुरूप में परिणत करना (बदलना)।

Gasiform-गॅस्′-इ-फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of gas. गैस की आकृति का, वाष्परूपी।

Gasket-गॅस्किट्-*n.* a small cord for fastening sails &c. पाल इत्यादि बाँधने की डोरी।

Gasoline-गॅस-लीन्-*n.* an inflammable liquid obtained by distilling petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ शीघ्र जलनेवाला अर्क या द्रव।

Gasp-गॅस्प्-*v. t.* to catch breath with open mouth. हाँफना, दम लेना;-*n.* convulsed effort to catch breath. मुँह बाकर हाँफने की क्रिया; Gasping (-इङ्ग्) - *adj.* हाँफता हुआ; Gaspingly (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a gasping manner. हाँफते हुए; To gasp out (to utter in a gasping tone.) हाँफते-हाँफते बोलना।

Gastrologer-गॅस्ट्रॅ-लॉजर्, **Gastrologist**-गॅस्ट्रो लॉजिस्ट् -*ns.* a cook. पकानेवाला, रसोईदार।

Gastrology-गॅ-स्ट्रॅ - लॅ-जि-*n.* the science of cookery. पकाने की विद्या, पाक-शास्त्र।

Gastronome-गॅस्′-ट्रॅ - नोम् - *n.* a judge of cookery. पाक-विद्या का न्यायाधीश।

Gastronomer-गास्ट्रॅनोमर्-*n.* an epicure. पेटू, भुक्खड़।

Gastronomy-ग्रास्ट्रॅ-नॅमि-*n.* the art of good eating. दिव्य भोजन करने की कला, उदर-सेवा।

Gate-गेट्-*n.* an opening for entrance or exit, mountain pass, passage, way, framework hung on hinges. द्वार, फाटक, मार्ग, पहाड़ी दर्रा, दरवाजा, कपाट; Gate keeper (a gateman.) पहरुआ, द्वारपाल; Gate-post (a post for hanging door leaves.) किवाड़ लटकाने का खम्भा; Gateway (a passage.) द्वारपथ, तोरण।

Gather-गॅद्′-अर् - *v. t.* to bring together, to amass, to collect, to acquire, to deduce, to draw together, to pick up, to develop. इकट्ठा करना, बटोरना, संग्रह करना, प्राप्त करना, अनुमान करना, एक करना, चुनना, उन्नति करना; Gatherable (- ऍ-ब्ल्) - *adj.* that may be amassed. इकट्ठा करने योग्य; Gatherer (-अर्) - *n.* one who gathers. संग्रह करनेवाला; Gathering (- इङ्ग्) -*n.* an assembly, an abscess. जनसमूह, सभा, फोड़ा; To gather breath (to have respite.) दम लेना।

Gatling-gun-गॅट्′-लिङ्ग्-गन् - *n.* a machine-gun. ऐसे यंत्र की बन्दूक जिसमें से लगातार गोलियाँ छूटती हैं।

Gauche - गोश् - *adj.* left-handed, awkward, clumsy. वयँहत्था, भद्दा, फूहड़।

Gaud-गॉड् - *n.* something showy, gaudy ornament. सजावट का पदार्थ, आडम्बर, आभूषण; -*adj.* showy, brilliant. भड़कीला, उज्ज्वल।

Gaudery-गॉ-डर्-इ-*n.* ornaments. आभूषण।

Gaudily-गॉड्′-इ-लि-*adv.* in a gaudy manner. सजावट के साथ।

Gaudiness-गॉड्′-ई-नॅस्-*n.* the quality of being gaudy. अति शोभा, भड़कीलापन।

Gaudy-गॉड्′-ई - *adj.* (*comp.* Gaudier, *sup.* Gaudiest) gay, showy. भड़कीला, दिखौवा।

Gauge-गेज्-*n.* (also Gage.) a standard of measure, capacity, extent, distance between rails, a graduated instrument. स्थिर या प्रामाणिक नाप, विस्तार, रेल की लाइन के बीच का अन्तर, नापने का यन्त्र;-*v. t.* to measure exactly. ठीक-ठीक नापना, पैमाना बनाना।

Gaugeable-गेजेब्ल्-*adj.* that may be gauged. नापने योग्य।

Gauger-गेजर्-*n.* one who gauges. नापनेवाला।

Gaul-गॉल् - *n.* the name of ancient France. फ्रान्स देश का प्राचीन नाम।

Hugger-mugger-हग्'-गर्-मग्'-गर्-*n.*secrecy, confusion. रहस्य (गुप्त बात), गड़बड़ी;-*v.t.* to conceal, to suppress. छिपाना, दबा देना ।

Hulk-हल्क् - *n.* the body of a dismantled ship. टूटे हुए जहाज का ढाँचा ।

Hulking-हल्क्' - इङ्ग् - *adj.* bulky, clumsy. भारी, भद्दा ।

Hull-हल् -*n.* the outer covering of a fruit, the frame of a ship. फल का छिलका, जहाज का पेटा;-*v. t.* (*p. t.* **Hulled.**) to strip off covering, to pierce the hull of a ship. छिलका हटाना, जहाज के पेंदे में गोला मारना ।

Hullabaloo-हलबलू - *n.* an uproar. कोलाहल, शोर-गुल ।

Hullo (-loa)-ह-लो, (-लो-आ)-*interj.* denoting confusion. ओहो ! अरे !

Hum-हम्-*v. i.* (*p.t.* **Hummed.**) to make a murmuring sound. भनभनाना, गुनगुनाना; -*n.* a murmuring sound. भनभनाहट, गुन-गुनाहट;-*interj.*denoting surprise.सन्देह-सूचक अव्यय ।

Human-ह्यू'-मन्-*adj.* pertaining to man, of man as opposed to God. मनुष्य-जाति का, मानवी; **Human being** (mankind.) मनुष्य जाति, मनुष्य, मानव ।

Humanism-ह्यू'-मनिज़्म् - *n.* the service of humanity. मनुष्य-जाति की सेवा ।

Humanist-ह्यू' - मनिस्ट् - *n.* a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करनेवाला ।

Humanitarian-ह्यूमनिटें रिअन्-*n.* a philanthropist. मनुष्य-जाति से प्रेम करनेवाला ।

Humanity-ह्यू'-मॅन्-इट्-इ-*n.* the quality of being human, mankind, a kind feeling, benevolence. मानवता, मनुष्य जाति, दया, कृपालुता ।

Humanize-ह्यू'-मन्- आइज़् - *v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना ।

Humanness-ह्यू'-मन् - नॅस्-*n.* benevolence. मनुष्यत्व, कृपालुता ।

Humble-हम्-बल् - *adj.* of lowly condition, modest, meek, submissive. निम्न नीच, विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन;-*v.t.* to lower, to abase. नीचा दिखाना (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (-ड्)-*adj.* conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नॅस्)-*n.*the quality of being humble. नम्रता ।

Humbling-हम्'-ब्लिङ्ग्-*n.* victory. विजय ।

Humbly-हम्ब्'-लि - *adv.* modestly, in a humble manner, submissively. दीनता से, नम्रतापूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में ।

Humbug-हम्'-बग् - *n.* a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड;-*v. t.* (*p. t.* **Humbugged.**) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना ।

Humdrum-हम्'-ड्रम्-*adj.* & *n.* trite, commonplace, dull, a stupid fellow. सामान्य, साधारण, नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन।

Humeral-ह्यू'-मर-ल् - *adj.* belonging to the shoulder. स्कन्ध-सम्बन्धी।

Humerus-ह्यू'-मर्-अस् - *n.* the round bone of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की गोल हड्डी।

Humid-ह्यू'-मिड्-*adj.* damp, moist. गीला, तर।

Humidity-ह्यू-मिडिटि- *n.* moisture. आर्द्रता, तरी।

Humiliate-ह्यू'-मिल्'-इ-एट्-*v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humiliation** (-एं'-शन्)-*n.* the act of humiliating. दर्प-दमन, दीनता।

Humility-ह्यू-मिलिटि-*n.* meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता।

Humming-हमिङ्ग्-*adj.* murmuring. भनभनाता हुआ ;-*n.* act of hum. भिनभिनाहट।

Hummock-हमॉक्-*n.* a small hill, a rising ground. छोटी पहाड़ी, टीला।

Humoral-ह्यू' - मॅरल् - *adj.* pertaining to humours. त्रिदोष-सम्बन्धी।

Humorist-ह्यू'-मरिस्ट्-*n.* a man of playful fancy. हँसी करनेवाला मनुष्य, (ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़)।

Humorous-ह्यू'-मरस्-*adj.* full of humour. विनोदी, रसिक, हँसी का; **Humorously** (-लि) -*adv.* in a humorous manner. विनोद के रूप में या ढंग से; **Humo(u)rsome**-ह्यू'-मर-सम् -*adj.* humorous, whimsical. रसिक, विनोदी।

Humour-ह्यू'-मर्-*n.* a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fluid. मन की भावना, प्रकृति (प्रवृत्ति), रसिकता, चित्त-तरंग (लहर), शरीर के त्रिदोष (वात, पित्त, कफ); -*v. t.* to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता; **Joyous humour** (pleasing wit.) आनन्द-वृत्ति; **Out of humour** (out of temper.) अप्रसन्न, क्रुद्ध।

Hump-हम्प्-*n.* the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद्, कूबड़;-*v. t.* to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Humpbacked** (with a hump on the back.) कुबड़ा; **Humpless** (-लॅस्) - *adj.* without humps. बिना कूबड़ का; **Humpy** (-इ) - *adj.* with many humps. अनेक कूबड़ोंवाला।

Humph-हम्फ्'-*interj.* denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय।

Humpty-dumpty-हम्'-टि-डम्'-टि-*n.* a puny person. नाटा। छोटा मनुष्य।

Humpy-हम्प्'-ई-*n.* a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी।

Hunch-हन्च्-*n.* a hump. कूबड़;-*v. t.* to bend. मोड़ना; **Hunchbacked**-*adj.* having a humpback. कुबड़ी।

Hundred-हन्'-ड्रॅड्-*n.* ten times ten. सौ; **By hundreds.** सौ-सौ करके; **Hundredth** (-थ्) -*adj.* one of a hundred equal parts. सौवाँ; **Long (great) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस।

Hundredfold-हन्'-ड्रॅड-फ़ोल्ड्-*adj.* a hundred times. सौगुना।

Hundredweight-हन्-ड्रॅड्-वेट्-*n.* a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउंड (५६ सेर) का वज़न।

Hung-हङ्ग्-*p. t.* & *p. p.* of Hang. 'हॅङ्ग्' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप।

Hunger-हङ्ग्'-गर् - *n.* an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा (भूख), तीव्र अभिलाषा; -*v. i.* to have a keen appetite. भूख लगना; -*v. t.* to long for. इच्छा करना: **Hunger-strike** (refusal to take food.) अनशन-व्रत।

Hungrily-हङ्ग्'-ग्रि-लि-*adv.* in a hungry state. भूख की अवस्था में; **Hungriness** (-नॅस्)-*n.* the state of being hungry. क्षुधा, भूख।

Hungry-हङ्ग्-ग्रि-*adj.* suffering from hunger, emaciated. क्षुधा-पीड़ित, भूखा।

Hunk-हङ्क्-*n.* a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा; -(*pl.*) a miser. कृपण, कंजूस।

Hunt-हन्ट्-*v. i.* & *t.* to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये पीछा करना, खोजना, पीछा करना; -*n.* a chase of wild animals. मृगया, शिकार; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना; **To hunt up** (to seek.) अन्वेषण करना, खोजना।

Hunter-हन्ट्'-अर्-*n.* (*fem.* **Huntress** - रॅस्) one who hunts. शिकारी, शिकार करनेवाला मनुष्य।

Hunting-हन्ट्'-इङ्ग्-*n.* the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया।

Huntsman- हन्ट्स्'-मॅन्-*n.* a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक।

Hurdle - हर्डल् - *n.* wooden sticks wovea together for temporary frame. टट्टी, टट्टर; -*v. t.* to cover with hurdles. टट्टी में बन्द करना; **Hurdler** (-अर्)-*n.* a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनानेवाला, टट्टी डकानेवाला घुड़सवार।

Hurdy-gurdy-हर्डि-गर्डि-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Hurl-हर्ल्-*v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना;-*n.* a violent throw, tumult. झटके की फेंकान, उपद्रव; **Hurling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of throwing. उछाल (फेंकान)।

Hurley-हर्लि-*n.* a hockey-stick. हॉकी की छड़ी।

Hurlyburly-हर्लि-बर्लि-*n.* a tumult, an uproar, a bustle. कलकल शब्द, कोलाहल।

Hurrah-हुर्'-र्-आ-*interj.* expressing exultation. आनन्दसूचक अव्यय, वाह-वाह । शाबाश !

Hurricane-ह-रि-केन्-*n.* cyclone, a violent wind. प्रचंड वात, चक्रवात; **Hurricane-lamp** (a lamp which a wind cannot extinguish.) आँधी में न बुझनेवाला लम्प।

Hurry-ह-रि -*n.* a great haste, eagerness, confusion. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता; -*v. t.* (*p. t.* Hurried.) to hasten, to remove. जल्दी से ले जाना, हटाना।

Hurry-skurry-हरि-स्करि -*n.* confusion. घबड़ाहट;**Hurry up** (be quick.) जल्दी करो।

Hurst-हर्स्ट्-*n.* a hillock, a sandbank; पहाड़ी, बलुआ किनारा।

Hurt-हर्ट्-*n.* an injury, a wound,harm. आघात, घाव (पीड़ा), क्षति, अपकार;-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Hurt.) to give pain, to damage. दु:ख देना, पीड़ा देना, नष्ट करना।

Hurtful-हर्ट्-फुल्-*adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक, दुष्ट; **Hurtfully** (-लि)-*adv.* in an injurious manner. क्षति या चोट पहुँचाते हुए।

Hurtless-हर्ट'-लेस् -*adj.* receiving no injury. विना घाव का।

Hurtle-हर्टल्-*v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना।

Husband-हज़्'-ब-न्ड्-*n.*(*fem.* Wife.)a man to whom a woman is betrothed,a married man पति, दुलहा, शौहर, विवाहित पुरुष;-*v.t.* to manage economically. कम खर्च में प्रबन्ध करजा (किफ़ायत) करना; **Brother of husband.** देवर; **Husbandhood** (-हुड्)-*n.* the state of being a husband. पतित्व; **Husbandlike** (-लाइक्) -*adj.* like a husband. पति के समान ; **Husband's sister** ननद; **Husbandry** (-रि)-*n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी।

Hush-हश्-*n.* silence, stillness. शान्ति, चुप्पी ; -*v. t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना; -*interj.* चुप ! शान्त !; **Hush-money** (bribe given for hiding a crime.) किसी अपराध को छिपाने के लिये दिया हुआ घूस ; **To hush up** (to suppress.) दबा देना।

Husk-हस्क्-*n.* the dry outer covering of seeds or fruit, the worthless part of a thing. छिलका (भूसा), निरर्थक अंश ; -*v. t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना; **Husked** (-ड्) -*adj.* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ।

Huskily-हस्क्'-इ-लि-*adv.* roughly रूक्षता से; **Huskiness** (-नेस्) -*n.* the state of being husky. भूसापन।

Husky-हस्क्'-इ-*adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ।

Hussar-हू-ज़र् -*n.* a soldier of light cavalry. घुड़सवार सिपाही।

Hussy, Huzzy- ह-सि, हज़ि-*ns.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री।

Hustings-हस'-टिङ्ग्ज़्-*n. pl.* the proceedings of an election चुनाव का कार्यक्रम।

Hustle-हस्' - सल् -*v. t. & i.* to thrust, to push roughly against. ढकेलना, धक्का देना; -*n.* bustle. शोर-गुल।

Hut-हट्-*n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी; -*v. t. & i.* to place or lodge in huts. झोपडी में रखना या बसना।

Hutch-हच्-*n.* a small hut, an enclosure for rabbits &c., a coop. कुटी, खरहे का घेरा या बाड़ा।

Huzza-हज़्' - ज़ा - *interj*. of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि।

Hyacinth-हाइ'-अ-सिन्थ् -*n.* a bulbous plant with bell-shaped flowers. एक प्रकार का फूलदार पौधा ; **Hyacinthine** (-आइन्) -*n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न।

Hyades-हाइ'-अ - डीज़्- *n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय।

Hyaena-हाइ-ईना - *n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा; see Hyena.

Hyaline-हाइ'- अ - लिन्, **Hyaloid**-हाइ-अ-लॉइड्-*adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक।

Hybrid-हाइ'- ब्रिड्-*n. & adj.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला; **Hybridism** (-इज़्म्)-*n.* the state of

Hat हॉट् ; Hot हॉट् ; Measure मेज़र

being hybrid. वर्णसंकरत्व; **Hybridization** (-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* the act of hybridizing. इस प्रकार की उत्पत्ति ।

Hybridize-हाइ'-ब्रिड्-आइज़्-*v. t.* to procreate by hybrids. दो जातियों के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना ।

Hybridous-हाइ'-ब्रिड्-अस्-*adj.* produced from different species. विभिन्न जातियों से उत्पन्न ।

Hydra-हाइ'-ड्रा-*n.* a serpent with many heads, a water-snake, a tubular branched water animal. अनेक फनवाला सर्प, जलसर्प, बहुशाखी नलाकार जलजन्तु ।

Hydrant- हाइ'-ड्रॅन्ट्-*n.* a pipe with a nozzle for drawing water. पानी निकालने का बम्बा ।

Hydrate-हाइ'-ड्रे्ट्-*n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल;-*v. t.* to combine with water. जल-युक्त करना; **Hydration** (-ड्रे'-शन्)-*n.* घोल की क्रिया ।

Hydraulic-हाइ-ड्रॉ-लिक्-*adj* . worked by the pressure of water. जलचाप या भार से चालित; **Hydraulician** (-इ-श्यन्) -*n.* one versed in hydraulics. जलचाप विद्या में प्रवीण; **Hydraulics** (-ड्रॉल्'-इक्स्)-*n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र ।

Hydric-हाइ'-ड्रिक्-*adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु या उद्जन-सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण ।

Hydro-हाइ'-ड्रो-*pref.* for 'water.' 'जल' अर्थ का उपसर्ग ।

Hydrocele-हाइ-ड्रो-सील् -*n.* a morbid collection of fluid in the testes. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि ।

Hydrochloric (acid.) -हाइड्रो - क्लोर् - इक् (-ऍसिड्) -*n.* नमक का तेज़ाब, लवणाम्ल ।

Hydroelectric-हाइ'-ड्रो-इलेक्ट्रिक् -*adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली, जल-विद्युत ।

Hydrogen-हाइड्रोजन्-*n.* the lightest colourless gas. सबसे हलका वायुरूप तत्त्व, उदजन; **Hydrogenate** (-एट्')-*v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्त्व से मिश्रित करना ।

Hydromel-हाइ'-ड्रॉ-मॅल्-*n.* a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल ।

Hydrometer-हाइ-ड्रो-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापने का यन्त्र ।

Hydropathic-see **Hydropathy.**

Hydropathy-हाइ-ड्रो-पॅथि -*n.* a treatment of diseases with cold water. जल-चिकित्सा, ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि; **Hydropathic** (-इक्)-*adj.* pertaining to hydropathy. जल-चिकित्सा-सम्बन्धी ।

Hydrophobia-हाइ-ड्रो-फ़ो'-बि-आ -*n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, जलातङ्क, वह रोग जिसमें जल से डर लगता है, पागल कुत्ते के काटने पर होनेवाला रोग ।

Hydroplane-हाइ'-ड्रो-प्लेन्-*n.* a kind of aeroplane which makes its start on water. एक प्रकार का हवाई जहाज़ जो जल पर दौड़कर हवा में उड़ता है ।

Hydrostatic-हाइ'-ड्रॅ-स्टॅ-टिक् -*adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता-संबन्धी ।

Hydrostatics-हाइ'-ड्रो-स्टॅ-टिक्स्-*n.* (*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. स्थिर तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता या संतुलन का विज्ञान ।

Hydrotic- हाइ' - ड्रॉ - टिक् - *adj.* producing phlegm. कफ उत्पन्न करनेवाला ।

Hydrous-हाइ'-ड्रस् - *adj.* containing water. जलपूर्ण ।

Hydrus-हाइ'-ड्रस्-*n.* a water-snake. जलसर्प ।

Hyemal-हाइ' - इ - मल् - *adj.* pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी ।

Hyena (Hyaena)-हाइ'-ईना -*n.* a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़-बग्घा ।

Hyena.

Hyeto-हाइ'-ऍ-टो-*pref.* in sense of 'rain.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'वर्षा' है ।

Hyetography-हाइ-ऍ-टो-ग्रॅफि -*n.* the science of rainfall in different regions. भिन्न प्रदेशों की वर्षा का परिमाण जानने की विद्या ।

Hygeia-हाइ-जी'-आ-*n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (-अन्)-*adj.* relating to health. आरोग्य या स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Hygiene-हाइ'-जीन्-*n.* the science of health, principles of health. आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य-विद्या, स्वास्थ्य के सिद्धान्त ।

Hygienic-हाइ'- जीनिक्, **Hygienical** (-इक्-अल्)-*adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य-विद्या-सम्बन्धी; **Hygienically** (-अलि) - *adv.* in a hygienic manner. आरोग्य शास्त्र की दृष्टि से ।

Hygrometer-हाइ-ग्रो-मिटर्-*n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में जल की मात्रा नापने का यन्त्र ।

Hymen-हाइ'-मॅन्-*n.* the god of marriage.

ववाह के देवता ; **Hymeneal** (-इ-अल्) *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह-संबंधी।

Hymn-हिम्-*n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन;-*v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (-नल्)-*adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र-सम्बन्धी ; **Hymnist** (-निस्ट्)-*n.* a composer of hymns. भजन बनानेवाला; **Hymnodist** (-न-डिस्ट्)-*n.* a writer of hymns. स्तोत्र-लेखक; **Hymnody** (-न-डि)-*n.* a singing of hymns. स्तोत्र-गायन ; **Hymnographer** (-ग्रॅफ़्-अर्)-*n.* a composer of hymns. भजनों का रचयिता ; **Hymnology** (-नॅ-लॅ-जि)-*n.* the study of hymns. स्तोत्रों का अध्ययन।

Hyp- हिप्-same as **Hip.**

Hypaethral-हिपीथ्रल्-*adj.* roofless, without a roof, open. बिना छत का, आकाश की ओर खुला हुआ।

Hypallage-हिपॅलजि-*n.* reverting the natural relations in a proposition, a rhetoric figure. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदलते हुए उलट देना, वाक्यालङ्कार विशेष।

Hyper-हाइ'-पर्-*pref.* in sense of "over, above, in excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Hyperbola-हाइ-पर्'-बॅ-ला-*n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित में), अतिपरवलय; **Hyperbolic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a hyperbola. अतिपरवलीय।

Hyperbole-हाइ-पर्'-बॅ-लि-*n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

Hyperbolic-हाइ-पर्'- बॅलिक्, **Hyperbolical** (-इ-कल्)-*adjs.* of the nature of a hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण; **Hyperbolically** (-इ-कलि) -*adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से।

Hyperbolize-हाइ-पर्'-बॅलाइज़्-*v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति या अतिशयोक्तिपूर्वक वर्णन करना।

Hyperborean-हाइ'-पर्-बो-रिअ-न्-*n.* & *adj.* an inhabitant of the extreme north of the earth. पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहनेवाला मनुष्य।

Hypercritic-हाइ'-पर्-क्रिट'-इक् - *n.* an over critical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (-अल्)-*adj.* overcritical. सूक्ष्मछिद्रान्वेषी ; **Hypercritically** (-अ-लि)-*adv.* in hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण द्वारा; **Hypercriticism** (-इस्-इज़्म्)-*n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण (नुक्ताचीनी); **Hypercriticize** (-साइज़्)-*v. t.* to overcriticize. अत्यधिक छिद्रान्वेषण करना।

Hypermetropia-हाइ'-पर्-मि-ट्रोप्'-इया-*n.* long-sightedness. दूर दृष्टि (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना); **Hypermetropic** (-ट्रॅप्-इक्)-*adj.* very long-sighted. दूर दृष्टिवाला।

Hypertrophy-हाइ-पर्'-ट्रॅ-फ़ि-*n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अंग की अधिक वृद्धि (बढ़ जाना)।

Hyphen-हाइ'-फन्-*n.* the sign (-) used for joining words or syllables. चिह्न (-) जो शब्दों या शब्दखण्डों के बीच में प्रयुक्त होता है।

Hypnosis-हिप्-नो'-सिस्-*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा।

Hypnotic-हिप्-नॉट्'- इक्-*adj.* pertaining to hypnotism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा-सम्बन्धी, मोहावस्था; **Hypnotism** (-इज़्म्)-*n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा ; **Hypnotist** (-इस्ट्)-*n.* one who induces artificial sleep. निद्रा-प्रेरक; **Hypnotize** (-आइज़्)-*v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना।

Hypochondria-हाइ-पॅ-कॉण्ड्रिआ-*n.* a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (-अक्), **Hypochondriacal** (-कल्)-*adjs.* pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

Hypocrisy-हिपॉक्रिसि-*n.* (*pl.* **Hypocrisies.**) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड, मिथ्या-चरित्र, दम्भ।

Hypocrite-हिपॉ-क्रिट्-*n.* a pretender. छली, कपटी, पाखण्डी; **Hypocritical** (-इ-कल्)-*adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली; **Hypocritically** (-इक-लि)-*adv.* in a hypocritical manner. छल से, कपट से, पाखण्ड रूप में।

Hypodermic-हाइ'-पॅ-डर्म-इक्-*adj.* subcutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ या प्रवेश किया हुआ।

Hypostrophe-हाइ-पॅस्ट्र-फ़ि-*n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

Hypotenuse-हाइ-पॉ-टिन्यूस्-*n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

Hypothecate-हाइ-पॉ-थिकेट्-*v. t.* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना।

Hypothecation-हाइ'-पॉथिकेशन्-*n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया।

Hypothecator-हाइ'-पॉ-थिकेटर्-*n.* one who pledges. रेहन रखनेवाला मनुष्य।

Hypothesis-हाइ(-हि-)पॉ-थिसिस्-*n.* (*pl.* **Hypotheses**-ऍ-सीज़्) a supposition, that which

is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

Hypothetic - हाइ-पॉ - थॅटिक, **Hypothetical** (-अल्)-*adjs*. founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ; **Hypothetically** (-अ-लि)-*adv*. by way of hypothesis. कल्पित रूप से, कल्पनाद्वारा।

Hypothesize-हाइ-पॉ'-थि-साइज़्-*v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

Hysteria-हिस्टीरिआ-*n*. a nervous disorder characterized by anaesthesia, convulsions &c. वातोन्माद, मूर्छा, बदहोशी।

Hysteric-हिस्टॅरिक, **Hysterical** (-इक्-अल्) -*adjs*. pertaining to hysteria. मूर्छा-सम्बन्धी; **Hysterically** (-इक्-लि)-*adv*. in a hysterical manner. मूर्छा के रूप में या ढंग से।

I-आइ-the ninth lettter of the English alphabet, it is sounded as short or long '*i*' or like the sound of the letter itself. In Roman numerals I represents 'one'; in Chemistry I represents iodine. अंग्रेज़ी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ', 'ई' तथा 'आइ' होता है। रोम की संख्या-माला में यह 'एक' का सूचक होता है; रसायनशास्त्र में यह 'आयडिन' के लिये प्रयुक्त होता है। *-adv.* ay, yea, yes, indeed. हाँ, अवश्य, यथार्थ में, सचमुच; *-prep.* a form of 'in' 'में', 'अन्दर' के अर्थ में प्रयुक्त। -आइ-*pron.* First person *sing.* मैं (हम)।

Iambic-आइ-ऍम्'-बिक्-*adj.* pertaining to iambus (˘-) metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु (˘) तथा एक गुरु (–) अक्षरवाला पद।

Ibex-आइ'-बॅक्स्- *n.* the wild goat of Alps. आल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।

Ibex.

Ibid-आइबिड्-*adv. abbr.* of ibidem- आइ-बिड् -ऍम्-in the same place. उसी स्थान पर, उसी स्थान में।

Ibis-आइ'-बिस्-*n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

Ice-आइस्-*n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ़;-*v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढाँकना, ठण्डा करना; **Ice-berg** (a mass of floating ice.) बहता हुआ हिमखंड; **Ice-cream** (flavoured congealed cream.) मलाई बरफ़; **Iceman** (a walker on ice, a dealer in ice, an attendant on skaters.) बरफ़ पर चलनेवाला मनुष्य, बरफ का व्यापारी, स्केटिङ्ग करनेवालों का नौकर; **To break the ice** (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

Ichneumon-इक्-न्यू'-मन्-*n.* a small quadruped allied to mongoose. एक प्रकार का नेवला

Ichor-आइ'-कॉर्-*n.* a watery humour. मवाद, रस; **Ichorous** (-अस्)-*adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

Ichthyoid-इक्थि - ऑइड्-*adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

Icicle-आइ-सि-कल्-*n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नुकीली चट्टान।

Icon-आइ'-कॉन्-*n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा।

Iconic-आइ-कॉन्'-इक्-*adj.* pertaining to an image. मूर्ति-सम्बन्धी।

Icosahedron-आइ'-कॉस-ही'- ड्रन् - *n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

Icy-आइस्'-इ-*adj.* abounding or covered with ice, very cold. बरफ़ से पूर्ण या ढँका हुआ, बहुत ठण्डा।

Ide-आइड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Idea-आइ-डी'-आ-*n.* a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought, impression, opinion. आशय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, प्रभाव, विचार।

Ideal-आइ-डी'-अल्-*adj.* mental, visionary, phenomenal. मानसिक, मनःकल्पित, भावनात्मक, *-n.* a perfect type. आदर्श, ध्येय; **Idealism** (-इज़्म्) *-n.* theory of ideals denying the existence of matter. माया या कल्पना वाद।

Idealistic-आइ-डी-अलिस्टिक्-*adj.* pertaining to idealists or to idealism. माया वाद सम्बन्धी।

Ideality-आइ-डी-ऍ'-लिटि-*n.* an ideal state or quality. आदर्श चरित्र की स्थिति या उसका गुण।

Idealize-आइ-डी-ऍल्' -आइज़् *-v. t.* to give ideal character to. आदर्श बनना।

Ideally-आइ-डी-अ-लि-*adv.* in an ideal manner. आदर्श रूप में या ढङ्ग से।

Ideate-आइ-डी'-एट्-*v. t.* to form a conception or idea. कल्पना करना।

Ideation-आइ-डी-ए'-शन् - *n.* the power of forming ideas. कल्पना-शक्ति, विचार-शक्ति।

Idem-आइ'-डॅम्-(*abbr.* id.) in the same. उसी में

Identical-आइ-डॅन्'-टिकल्-*adj.* the very same, not different. अभिन्न, अनुरूप, समान, (तत्सम); **Identically** (-लि)-*adv.* in the same manner. अभिन्न रूप से; **Identicalness** (-नॅस्)-*n.* the state of being identical. समानता, अनुरूपता, एकरूपता।

Identifiable-आइ-डॅन्-टि-फ़ाइ'-ऍ-बल्-*adj.* that may be identified. पहिचानने योग्य।

Identification-आइ-डॅन्टि-फ़िकेशन्- *n.* the act of making identical. समीकरण, एकरूपता।

Identify-आइ-डॅन्टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Identified.) to treat a thing as identical with, to prove to be the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना।

Identity-आइ-डॅन्'-टि-टि - *n.* (*pl.* Identities.) sameness, individuality, equality. ऐक्य, एकरूपता, समानता; **Identity of thoughts** (sameness of thoughts.) एकचित्तता।

Ideograph - इड्-इ-ऑ-ग्राफ़्-*n.* a symbol for an idea. किसी आशय या कल्पना के लिये विशिष्ट संकेत।

Idiocy-इड्-डि-अ- सि - *n.* perfect imbecility, madness. पूर्ण अज्ञानता, पागलपन ।

Idiom-इड्-इ-अम्-*n.* a specific form of expression of a language. भाषागत विशेषत्व, मुहावरा ।

Idiomatic -इड्'-इ-ओ - मॅट्' - इक्-*adj.* of a peculiar mode of expression in a language. भाषागत विशेषोक्ति का, मुहावरेदार; **Idiomatically** (-अ-लि)-*adv.* in an idiomatic manner. वाग्विशेषोक्तिक के रूप में ।

Idiosyncrasy-इडि-ॲ-सिङ्क्र-सि -*n.* (*pl.* **Idiosyncrasies.**) peculiarity of mental constitution. मानसिक गठन या प्रवृत्ति की विशेषावस्था ।

Idiosyncratic- इड्'-इ-ओ-सिङ्-क्रॅट्'-इक् - *adj.* of temper peculiar to an individual. विशेष जाति-स्वभाव या प्रकृति का ।

Idiot- इ-डि-अ-ट् - *n.* one who is deficient or weak in intellect, a perfect fool. पूर्ण मूर्ख व्यक्ति, निर्बुद्धि (पागल) ।

Idiotic - इड्-इ-अटिक् - *adj.* foolish. मूर्ख; **Idiotically** (-इक-लि) -*adv.* in an idiotic manner. मूर्खता या पागलपन से ।

Idle-आइ'-ड्ल् - *adj.* lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी, निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा, तुच्छ; -*v. i. & t.* to spend time in inaction. आलस्य में समय गँवाना; **Idle talk** (useless gossip.) व्यर्थ की बकवाद ।

Idleness-आइ-ड्ल्-नॅस् - *n.* absence of work, inaction. आलस्य, बेकारी, कार्य-हीनता ।

Idler-आइ'-ड्लर् - *n.* one who spends his time in idleness. निर्व्यापार, बेकार समय बितानेवाला ।

Idly-आइड्'-लि-*adv.* in an idle manner. आलस्य से ।

Idol-आइ'-ड्ल्-*n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion or worship. प्रतिमा (मूर्ति), आराध्य वस्तु ।

Idolater - आइ-डॅ-लॅटर् - *n.* a worshipper of idols. मूर्तिपूजक ।

Idolatress-आइ-डॅ-लॅट्रॅस्-*n.* *fem.* a female idolater. मूर्ति-पूजा करनेवाली, मूर्त्ति-पुजारिन ।

Idolatrous-आइ-डॅ-लॅट्रस् - *adj.* of the nature of idolatry. मूर्ति-पूजन के समान ।

Idolatry- आइ'-डॅ-लॅ ट्रि - *n.* the worship of idols. मूर्ति-पूजा ।

Idolize-आइ-डॅ-लाइज़् - *v. t.* to make an idol of, to adore. मूर्ति बनाना, पूजा करना ।

Idolum- आइ-डो'-लम् - *n.* (*pl.* **Idola** -ला) a mental image, an idea or conception. मानसिक अनुमान, कल्पना ।

Idyl, Idyll-आइ'-डिल्- *n.* a short description of rustic life in prose or verse. गद्य या पद्य में ग्रामीण जीवन का संक्षिप्त वर्णन ।

If - इफ़् - *conj.* on condition that, whether, supposing that. यदि, जो, अगर; **As if** (supposing that.) मानो; **If not** (otherwise.) नहीं तो; **If so** (in case that.) यदि ऐसा है तो ।

Igloo-इग्'-लू- *n.* an Eskimo hut. टुण्ड्रा-वासी एस्किमो की झोपड़ी ।

Igneous-इग्'-नि-अस् - *adj.* pertaining to or containing fire. अग्नि सम्बन्धी या अग्निमय ।

Ignis Fatuus-इग्'- निस्-फ़ॉट्-यु- अस् -*n.* (*pl.* **Ignes fatui.**) will-o'-the-wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश, लूक, मायापूर्ण आशा, पिशाचदीपिका ।

Ignitable - इग्-नाइटॅ-ब्ल् - *adj.* see **Ignite.**

Ignite-इग्-नाइट्'-*v. t. & i.* to make extremely hot, to set fire to, to take fire. बहुत गरम करना, आग लगाना, सुलगना; **Ignitable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य ।

Ignition-इग्-नि-शन्-*n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य ।

Ignoble-इग्-नो'-ब्ल्-*adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच, अधम, अप्रतिष्ठित; **Ignobleness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being ignoble, baseness. नीचता; **Ignobly**(-ब्लि)-*adv.* in an ignoble manner. नीचता से ।

Ignominious-इग्-नो-मिन्'-इ-अस्-*adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की; **Ignominiously** (-लि) -*adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक ।

Ignominy - इग्'-नॉ-मिन् - ई - *n.* dishonour, public disgrace, infamy. अपमान, कलङ्क, तिरस्कार ।

Ignoramus-इग-नो-रे'- मस् - *n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष ।

Ignorance-इग् - नॅर्-न्स्- *n.* want of knowledge. अज्ञानता, अविद्या, मोह ।

Ignorant - इग्-नॅर्-न्ट् - *adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि; **Ignorantly** (-ली) -*adv.* unskilfully. अज्ञान (अबोध) पूर्वक ।

Ignore-इग्-नोर्'-*v. t.* to set aside, to reject, to discard. हटा रखना, प्रत्याख्यान करना, स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना ।

Iguana -इग्-वा'-ना- *n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली ।

Iliac-इल्-इ-अक्-*adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग से सम्बन्धित ।

Iliad-इल्'-इ-अड्-*n.* an epic poem written by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य।

Ilium-इल्'-इ-अम्-*n.* hip bone. कूल्हे की हड्डी।

Ilk-इल्क्-*adj.* of the same. उसी का; *n.* the same. वही, एक।

Ill-इल्-*adj.* (*comp.* Worse, *sup.* Worst.) diseased, sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी, कुत्सित, बुरा;-*n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, दुर्भाग्य, रोग; **Ill at ease** (perplexed.) घबड़ाया हुआ; **Ill-blood** (enmity.) शत्रुता; **Ill-bred** (uncivil.) अशिष्ट, असभ्य; **Ill-fame**-*n.* (disrepute.) अयश ; **Ill-fated** (-फ़ेट्'-ऍड्) -*adj.* unfortunate. अभागा; **Ill-favoured**-*adj.* ugly. कुरूप; **Ill-got**-*adj.* not honestly gained. छल या बेईमानी से प्राप्त; **Ill-natured**-*adj.* peevish. बुरी प्रकृतिवाला; **Ill-off** (in bad condition.) बुरी अवस्था में; **Ill-starred** (unfortunate.) अभागा; **Ill-temper** (anger.) रोष, क्रोध; **Ill-turn** -*n.* unkind act. दयाहीन कार्य; **Ill-will** (enmity.) ईर्ष्या, डाह; **To do an ill** (to do mischief.) बुराई करना; **To speak ill** (to defame.) अपवाद करना; **To take ill** (to be offended.) बुरा मानना।

Illation-इ-ले'- शन्-*n.* conclusion,deduction, inference. परिणाम, अनुमान।

Illative-इ-ले-टिव्-*adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य।

Illaudable-इ-लॉ'-डे-बल्-*adj.* blame-worthy; निन्द्य, गर्हणीय; **Ill-audably** (-लि)-*adv.* in a blaming manner. निन्दा करते हुए।

Illegal-इल्-ली'- गल्-*adj.* contrary to law. नियम (न्याय) विरुद्ध, गैरकानूनी।

Illegality - इ - लिगैलिटि - *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था।

Illegally-इल् - लिग - लि - *adv.* unlawfully. अन्याय से, अवैध (गैरकानूनी) ढंग से।

Illegibility-इल्-लेज्'-इब्'- इल्' - इटि - *n.* see Illegible.

Illegible-इल्-लेज्'-इ-बल्-*adj.* indistinct, not legible, that cannot be read.अस्पष्ट, पिचपिच, न पढ़े जाने योग्य; **Illegibility** (-इट् - इ) -*n.* illegibleness. अस्पष्टता; **Illegibly** (-लि) -*adv.* in an illegible manner. अस्पष्टता से।

Illegitimacy-इल्-ले- जिट्' - इम् - ऑस् - सि-*n.* the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन।

Illegitimate-इल्-ले-जिट्' - इम्-ऍट् - *adj.* not genuine, unlawful, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अवैध, अनुचित, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का;-*v. t.* to render illegitimate. दोगला बनाना; **Illegitimately** (-लि)-*adv.* unauthorizingly. नीतिविरुद्धता से।

Illiberal-इल्-लि-बर-ल्-*adj.* vulgar, narrow-minded, stingy. फूहर, अनुदार, कंजूस, सूमड़ा, **Illiberality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* narrowness of mind. कृपणता, अनुदारता; **Illiberally** (-लि) -*adv.* ungenerously. कंजूसी से, अनुदारता से।

Illicit-इल्-लि-सिट्-*adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहार विरुद्ध, अवैध; **Illicitly** (-लि) -*adv.*in an illicit manner, unlawfully. नियम-विरोध से, अवैध रूप में या ढंग से।

Illimitable-इल् - लिम्'इटे-बल् - *adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम ; **Illimitableness** (-नेस्)-*n.* boundlessness. अनन्तता; **Illimitability** (-बि-लिटि) -*n.* infiniteness. असीमता; **Illimitably** (-ऍब्-लि) -*adv.* in an infinite manner. असीमता से।

Illision- इल् - लिज़न् - *n.* a dashing against. टक्कर, धक्का।

Illiteracy-इल्-लि-ट-रॉ-सि-*n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता।

Illiterate-इल्-लिटरिट्' -*adj.* & *n.* not learned, one unable to read and write. अशिक्षित,अपढ़; **Illiterateness** (-नेस्)-*n.* want of learning. विद्याहीनता, निरक्षरता, अनपढ़ होने की अवस्था।

Illness-इल्'-नेस्-*n.* sickness, a disease. रोग, बीमारी।

Illogical-इल्-लॉज्'-इ-कल्-*adj.* contrary to the principles of logic. न्यायविरुद्ध, अतार्किक; **Illogicality** (-इ-टि)-*n.* the state of being illogical. न्यायविरुद्धता, तर्कहीनता; **Illogically** (-लि)-*adv.* in an illogical manner. तर्कहीन ढंग से।

Illude-इल् - ल्यूड्' - *v. t.* to deceive, to play artifice upon. धोखा देना, ठगना, चालबाज़ी करना।

Illume-इल् - ल्यूम्' - *v. t.* to make bright. चमकाना, चमकीला करना।

Illuminate-इल्-ल्यूम्'-इन्-ऍट्-*v.t.*to enlighten, to light up, to embellish. प्रकाश-युक्त करना, सुसज्जित करना, उजागर करना।

Illumination-इल्-ल्यू-मिन्-ए'-शन् - *n.* brightness, splendour. चमक, द्युति (जगमगाहट), सजावट।

Illuminative-इल्-ल्यू' -मि-नेटि-व्-*adj.* tending to brighten. प्रकाश करनेवाला।

Illuminant-इल्-ल्यू'-मिन्-अन्ट् , **Illuminator** (-ए'-टर्)-*n.* & *adj.* that which brightens. प्रकाशक, दीपक।

Illumine-इल्-ल्यूम्'-इन्-*v. t.* to enlighten, to

brighten, to light up. प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

Illusion-इ-ल्यू'-ज़न्-*n.* a false show, deception, conjuring trick. माया, छल, इन्द्रजाल; **Illusionist** (-इस्ट्)-*n.* one given to illusion. मायाजाल में विश्वास करनेवाला; **Illusionism** (-इज़्म्)-*n.* principles of illusion, conjuring. माया का सिद्धान्त, इन्द्रजाल।

Illusive-इल्-ल्यू'-सिव्-*adj.* deceiving by false show, fallacious. धोखा देनेवाला, मायावी, छली; **Illusively** (-लि)-*adv.* in an illusive way, deceitfully. छल से, माया से; **Illusiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being illusive. कपट, माया।

Illusory-इ-ल्यू'-सरि-*adj.* illusive, fallacious. मायावी, छली।

Illustrate-इ-लस्-ट्रेट्-*v. t.* to explain, to make clear by examples, to elucidate by drawings or pictures, to ornament. व्याख्या करना (समझाना), दृष्टान्त देकर स्पष्ट करना, चित्र इत्यादि से परिस्पष्ट करना, अलंकृत करना; **Illustrated** (-एंड्) *adj.* pictured. चित्र सहित।

Illustration-इल्-लस्-ट्रे-शन्-*n.* explanation, a picture designed to explain. व्याख्या, (उदाहरण), दृष्टान्तचित्र।

Illustrative -इलस्ट्रे टिव् - *adj.* exemplifying. दृष्टान्त देनेवाला, दृष्टान्तयुक्त; **Illustratively** (-लि)-*adv.* in an illustrative manner. व्याख्या करते हुए।

Illustrator-इलस्ट्रेटर्-*n.* one who illustrates. निर्देशक, व्याख्याता।

Illustrious-इ-लस्'-ट्रिअस्-*adj.* renowned, eminent, famous. प्रख्यात, प्रसिद्ध; **Illustrio usly** (-लि) -*adv.* in an illustrious manner. प्रसिद्धि से; **Illustriousness** (-नेस्) -*n.* greatness. प्रसिद्धि, महत्त्व।

I'm-आइ'-म्-contracted form of 'I am.' "I am." का छोटा रूप; मैं हूँ।

Image-इ-मेज्-*n.* an imitation, likeness, form, semblance, metaphor, idea. प्रतिमा (मूर्ति), प्रतिबिम्ब, आकार, छाया, सादृश्य, रूपक, कल्पना; -*v. t.* to portray, to reflect, to represent to mental vision. चित्रित करना, प्रतिबिम्बित करना, मन में धारण करना।

Imageable-इ - मेजे - बल्-*adj.* that may be imaged. चित्त में धारण करने योग्य।

Imagery-इ-मेजरि-*n.* an appearance, form of fancy, mental picture. आकृति, मन की कल्पना या भावना।

Imaginable-इ-मॉजिनें-बल्-*adj.* that may be imagined. विचार करने योग्य, चिन्तनीय।

Imaginary-इ-मॉजिनरि-*adj.* existing in fancy or imagination only. काल्पनिक, अमूलक।

Imagination-इ-मॉजिनेशन्-*n.* an idea, an image in mind. भावना, मन की कल्पना।

Imaginative-इ-मॉजिनें टिव्-*adj.* full of fancies. कल्पनापूर्ण, कल्पनाशील; **Imaginativeness** -*n.* quality of being imaginative. कल्पनाशक्ति।

Imagine-इम्-ऑज्-इन्-*v. t. & i.* to conceive, to form a mental image of. विचार करना, चिन्तन करना।

Imbecile-इम्'-बि-सिल् (-साइल्)-*adj.* weak in mind, stupid, physically weak. अल्पमति, मूर्ख, दुर्बल, अशक्त।

Imbecility-इम्बिसिलिटि-*n.* feebleness of mind or body. शरीर या मन की दुर्बलता।

Imbibe-इम्-बाइब्'-*v.t.* to drink in, to assimilate, to absorb. पी लेना, मन में धारण करना, सोखना।

Imbibition-इम्बिबिशन्-*n.* the act of imbibing. चित्तग्रहण।

Imbricate-इ-म्ब्रिकेट्'-*v. t.* to arrange in heaps. क्रम से ढेर लगाना; **Imbrication** (-ब्रि-के'-शन्) -*n.* a heap. ढेर; **Imbricative** (-इव्) -*adj.* pertaining to imbrication. ढेर लगाने का।

Imbroglio-इम्ब्रो'-लि-ओ-*n.* (*pl.* **Imbroglios.**) a confused heap or mass. बिना क्रम का ढेर।

Imbrue-इम्-ब्रू'-*v. t.* to stain, to wet. धब्बा लगाना, गीला करना; **To Imbrue with blood** (to drench with blood.) लोहू से तर करना।

Imbue-इम्-ब्यू' - *v. t.* to dye, to permeate. रँगना, तर करना (प्रभाव डालना)।

Imitable-इ-मिटे-बल्-*adj.* able to be imitated अनुकरण करने योग्य।

Imitate-इमिटेट्-*v.t.* to follow the examples of, to copy, to mimic, to counterfeit. अनुकरण करना, नकल करना, विडम्बन करना।

Imitation-इमिटेशन्-*n.* resemblance. अनुकरण।

Imitative-इमिटेटिव्-*adj.* tending to imitate. अनुकरणशील; **Imitatively** (-लि)-*adv.* in an imitative way. अनुकरण करते हुए; **Imitativeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being imitative. अनुकरणशीलता।

Immaculate-इम्-मॉक्'-यु-लेट्-*adj.* pure, faultless, unstained, spotless. निर्मल, शुद्ध, निष्कलङ्क, निर्दोष, बेदाग; **Immaculateness** (-नेस्)-*ns.* spotless purity. निर्दोषता, स्वच्छता, शुद्धता।

Immanence-इम्'-ऑन् - ऍन्स् - *n.* inherence. अन्तर्वर्ती अवस्था ।

Immanent-इम्'-ऑन्-ऍन्ट्-*adj.* indwelling, inherent. अन्तरस्थ, भीतरी ।

Immaterial-इम्-मॉ-टीरिअल्-*adj.* not corporeal, spiritual, unimportant. अमूर्तिमान्, आध्यात्मिक, अनावश्यक, निष्प्रयोजन ; **Immaterialism** (-इज़्म्)-*n.* idealism, spiritualism. निराकारवाद; **Immaterialist** (-इस्ट्)-*n.* one who professes spiritualism. निराकारवादी; **Immateriality** (-इट्-इ)-*n.* immaterialness. अशरीरता; **Immaterially** (-लि)-*adv.* in a spiritual manner. आध्यात्मिक रूप से ।

Immature-इम्-मॉ-ट्यूर्' (-च्योर्') -*adj.* not mature or ripe, not perfect, premature. अपरिपक्व, कच्चा, अधूरा, समय से पहले का ।

Immaturity-इम्-मॉ-ट्यूर् (च्योर्) इट्' -इ -*n.* unripeness, the state of being immature. अप्रौढ़ता, अपरिपक्व अवस्था ।

Immeasurable-इम्-मॅ-ज़रॅ-ब्ल्-*adj.* that cannot be measured, immense. अपरिमित (अथाह), बहुत बड़ा; **Immeasurableness** (-नॅस्) -*n.* immensity. अपरिमितता, अथाहपन ।

Immediate-इम्-मीड्'-इ-यट्-*adj.* not separated by an intermediary, direct, proximate, nearest. अति सन्निहित, अनन्तरित, अति समीप का ।

Immediately-इम्-मी-डि-यट्'-लि-*adv.* instantly, proximately. तत्काल, तुरन्त, तत्क्षण, उसी दम; **Immediate neighbour** (the nearest neighbour.) सटा हुआ या बगल का पड़ोसी ।

Immediateness-इम्-मी-डि-यट्'-नॅस्-*n.* nearness. समीपता ।

Immedicable-इम्-मॅ-डिकॅ-ब्ल्-*adj.* unable to be healed. अचिकित्स्य, चिकित्सा न करने योग्य ।

Immemorable-इम्-मॅ-मॅ-रॅ-ब्ल्-*adj.* not worth remembering. स्मरण न रखने योग्य, विस्मरणीय ।

Immemorial-इम्-मॅ-मोरिअ-ल् - *adj.* beyond memory, very old. स्मरणसे बाहर, अति प्राचीन ।

Immense-इम्-मॅन्स्'-*adj.* very great, very huge. अमित, बहुत बड़ा; **Immensely** (-लि) -*adv.* in an immense degree. अतिमात्र, बेहद ।

Immensity-इ-मॅन्सिटि-*n.* the extent that cannot be measured. अनन्तता, महत्त्व ।

Immerge-इ-मर्ज्'-*v. t.* to plunge into a fluid. तरल पदार्थ में डुबाना ।

Immerse-इ-मर्स्'-*v. t.* to plunge into liquid, to dip, to absorb. डुबाना, गोता देना, सोखना; **Immersed** (-स्ट्)-*adj.* engrossed. मग्न (व्यापृत), लीन ।

Immersion-इ-मर्शन्-*n.* the act of immersing. गोता, तत्परता ।

Immethodical-इम्-मॅ-थॉ-डिक-ल्-*adj.* without method, irregular. क्रमविरुद्ध, अव्यवस्थित ; **Immethodically** (-लि)-*adv.* in an irregular manner. अव्यवस्था से ।

Immigrant-इ-मि-ग्रॅन्ट्-*n.* one who immigrates. देशान्तर में बसनेवाला ।

Immigrate-इ-मि-ग्रेट्-*v.i. & t.* to go (or send) to another country as settler. देशान्तर में बसना या बसाना ।

Immigration-इ-मि-ग्रे-शन्-*n.* the act of immigrating. देशान्तरवास ।

Imminence-इ-मि-नॅन्स्-*n.* proximity, nearness. समीपता ।

Imminent-इ-मि-नॅन्ट्-*adj.* soon to happen, impending, threatening. उपस्थित-प्राय, आसन्न, निकट, भयावह; **Imminently** (-लि) -*adv.* in an imminent manner. आसन्न, भयानक रूप या स्थिति में या ढंग से ।

Immiscibility-इम्-मि-सिबिलिटि-*n.* incapacity for being mixed. अघुलनशीलता ।

Immiscible-इम्-मि-सि-ब्ल्-*adj.* which cannot be mixed. अघुलनशील, न मिलने योग्य ।

Immixture-इम्-मिक्स्'-चर्-*n.* unmixed state, purity. अनमिल दशा, शुद्धता ।

Immobile-इम्-मो' - बाइल् (-बिल्) -*adj.* immovable, motionless. स्थिर, अचल, निश्चल ।

Immobility - इम् - मो-बिलिटि-*n.* fixedness. निश्चलता ।

Immobilization-इम्'-मो-बिलाइज़ेशन्-*n.* the incapability of mobilization. स्थायीकरण ।

Immobilize-इम्'-मो-बिल्-आइज़्'-*v. t.* to fix immovably, to make immovable. अचल करना या बनाना ।

Immoderate-इ-मॉडरेट्-*adj.* excessive, exorbitant, extravagant. अत्यन्त, अपरिमित, अमितव्ययी; **Immoderately** (-लि)-*adv.* to an excessive degree. बेहद, अधिकता से ।

Immodest-इ-मॉडॅस्ट्-*adj.* indecent, shameless, unchaste, obscene. अशिष्ट, निर्लज्ज, असभ्य, अशुद्ध, अश्लील ; **Immodestly** (-लि) -*adv.* without modesty. निर्लज्जता से, अश्लीलता से ।

Immodesty-इ-मॉडॅ-स्टि-*n.* want of modesty. अविनय, निर्लज्जता, धृष्टता ।

Immolate-इमो-लेट्-*v. t.* to kill for sacrifice. यज्ञ के लिये मारना, बलिदान करना ।

Immolation-इ-मो-लॅ'-शन्-*n.* a sacrifice. बलिदान ।

Hat हॅट् ; Hot हॉट् ; Measure मॅज़र्

Immolator-इ-मो-लटर्-*n.* one who immolates. बलिदान देनेवाला ।

Immoral-इम्-मॉरल्-*adj.* morally evil, wicked, unjust, dissolute, licentious. दुश्चरित्र, दुष्ट, दुराचारी, अनैतिक, अन्यायी, पापी, व्यभिचारी; **Immorality** (-इटि)-*n.* an immoral action. अधर्म, व्यभिचार; **Immorally**; (-लि) -*adv.* violating the rules of morality. अधर्म (पाप) से, अनैतिकता से ।

Immortal-इ - मॉर्टल्-*n. & adj.* incorruptible, deathless, divine, constant, eternal, imperishable. अविध्वंसी, अमर, अजर, नित्य, अविनाशी, -(*pl.*) the gods. देवता लोग; **Immortality** (-टैलिटि) -*n.* exemption from death. अमरत्व; **Immortalize** (-आइज़्)-*v. t.* to perpatuate. अमर करना ; **Immortally** (-लि) -*adv.* with endless existence. अनश्वरता या नित्यता से ।

Immovability - इ - मूव-विलिटि-*n.* fixedness. स्थिरता ।

Immovable-इ-मू-वॅ-व्ल्-*n. & adj.* incapable of being moved, motionless, steadfast, firmly fixed. अचल, स्थिर, दृढ़, अटल; -(*pl.*) things which cannot be legally taken away in leaving a house. अचल सम्पत्ति ; **Immovably** (-व्लि) -*adv.* in a fixed manner. स्थिरता से ।

Immune-इ-म्यून्'-*adj.* secure against attack. आक्रमण से मुक्त ।

Immunity-इ-म्यूनिटि-*n.* freedom, privilege. मुक्ति, छुटकारा ।

Immunize-इ-म्यून्'-आइज़-*v. t.* to render free. मुक्त करना, छुटकारा देना ।

Immure-इ-म्यूर्'-*v.t.* to confine, to imprison, to shut up oneself. बन्द करना, कारावद्ध (कैद) करना, अपने को बन्धन में डालना; **Immurement**(-मॅन्ट्)-*n.*confinement. बन्धन ।

Immutability-इ-म्यूटविलिटि-*n.*immutableness. नित्यता, स्थिरता ।

Immutable-इ-म्यूट-व्ल्-*adj.*unchangeable, not variable.अपरिवर्तनीय,अचल,स्थिर; **Immutably** (-अव्-लि)-*adv.* unchangeably. स्थिरता से ।

Imp-इम्प् -*n.* a little devil, a mischievous child. छोटा प्रेत या पिशाच, दुष्ट बालक; -*v. t.* to extend, to strengthen. फैलाना; पुष्ट करना ।

Impacable-इम्-पॅकॅ-व्ल्-*adj.*not to be quieted. शान्त न करने योग्य ।

Impact-इम्'-पॅक्ट्-*n.* a collision. समघात, टक्कर; -*v. t.* to press firmly together. कसकर दबाना ।

Impaction-इम्पॅक्शन्-*n.* collision. टक्कर ।

Impair-इम्-पेयर्'-*v. t.* to damage, to injure, to enfeeble, to diminish. क्षति या चोट या क्षाग करना, कम करना ; **Impaired** (-ड्) -*adj.* damaged, weakened. विनष्ट, कम किया हुआ ।

Impairing-इम्-पेंअर्'-इङ्ग्-*n.* damage. क्षति ।

Impairment-इम्-पेंअर्'-मॅन्ट्-*n.* action of impairing क्षति या दुर्बलीकरण, कमी, घाटा ।

Impale-इम्-पेल्'-*v. t.* to put to death by spitting on stakes, to enclose with pailings. सूली पर चढ़ाना, टट्टी से घेरना; **Impalement** (-मॅन्ट्)-*n.* death on a stake. इस प्रकार की हत्या ।

Impalpability-इम्-पॅल्'-प-बि-लिटि-*n.*the quality of being impalpable. स्पर्श-ज्ञान-शून्यता ।

Impalpable-इम्-पॅल्'-प-व्ल्-*adj.* not perceptible to the touch, intangible, not easily understood. स्पर्श द्वारा अननुभवनीय, अग्राह्य, न समझने योग्य; **Impalpably** (-व्लि) -*adv.* in an impalpable manner. अग्राह्यता से, स्पर्श-ज्ञान-शून्यता से ।

Impanel-इम्-पॅन्-ऍल्-*v. t.* to enter or enroll as an inspector or jury. निरीक्षक या पंच की सूची में दर्ज करना ।

Imparadise, Emparadise-इम् (ऍम्)-पार्-ऑ-डाइज़्-*v.t.* to bring into a state of extreme happiness. अपूर्व आनन्द की अवस्था को पहुंचाना ।

Imparity-इम्-पॅ-रिटि-*n.* unequality, disproportion. असमानता, विषमता ।

Impark-इम्-पार्क्'-*v. t.* to enclose in a park. (पशु इत्यादि को) बगीचे में बन्द करना ।

Impart-इम्-पार्ट्'-*v.t.* to give share of, to disclose,to bestow, to communicate news &c. भाग देना, प्रकट या प्रदान करना, समाचार देना ।

Impartial-इम्पार्श-य-ल्-*adj.* unprejudiced, fair, disinterested. अपक्षपाती, न्यायी (समदर्शी) बिना भेदभाव का ।

Impartiality-इम्-पार्श्'-य-लिटि-*n.* disinterestedness, equitableness. अपक्षपात (उदासीनता); **Impartially** (-लि)-*adv.* equitably, in an impartial manner. बिना पक्षपात के ।

Impartible-इम्-पार्टि-व्ल्-*adj.* not divisible. भाग न करने (न बाँटने) योग्य ।

Impassable-इम्पास-व्ल्-*adj.* that cannot be traversed, impenetrable. अगम्य, दुस्तर (गहन); **Impassableness** (-नॅस्) -*n.* the state of being impassable. अगम्यता ।

Impasse-ऑनॅ-पास्,-इम्पस् (*Fr.*)-*n.* a blind alley, a difficult situation. बन्द गली, कठिन स्थिति या अवस्था ।

Impassible-इम्पासि-व्ल्-*adj.*incapableof suffering injury. दुःख न सहने योग्य; **Impassibleness** (-नॅस्)-*n.* impassibility. असहनशीलता ।

Impassion-इम्-पॅशन् - *v. t.* to excite the passions strongly. मन की प्रगति को उत्तेजित करना ।

Impassive-इम्-पॅसि्'-इव्-*adj.* without feeling, insensible of suffering. भावना-शून्य, दुःख के अनुभव से अचेत ।

Impaste-इम्-पेस्ट्'-*v. t.* to make into a paste, to paint with thick colours. लेई बनाना, मोटा रंग पोतना ।

Impatience-इम्-पे'-शेन्स् -*n.* want or lack of patience. अधीरता, बेसब्री ।

Impatient-इम्-पे'-शेन्ट् - *adj.* restless, intolerant, not enduring with patience. अधीर, व्याकुल, व्यग्र; **Impatiently** (-लि) - *adv.* in an intolerant manner. अधीरता से, व्यग्रता से ।

Impawn-इम्-पॉन्'-*v. t.* to deposit as security, to pledge. बन्धक रखना ।

Impayable-इम्-पे'-एॅ-बूल्- *adj.* not to be paid for. न देने योग्य ।

Impeach-इम्-पीच्-*v. t.* to accuse, to find fault with, to call to account, to call in question. अभियोग लगाना, दोष खोजना, अपराधी ठहराना; **Impeachable** (- एॅ-बूल्) -*adj.* able to be impeached. दोष लगाने योग्य; **Impeachment** (-मेन्ट्)-*n.* act of impeaching (accusing) an officer of state. राज्यकर्मचारी पर दोषारोपण ।

Impeccability-इम्पेॅक्'-एॅ-बिलिटि-*n.* the quality of being impeccable of sin. निर्दोषता ।

Impeccable-इम्पेॅक्'-एॅ-बूल्-*adj.* not liable to error or sin. पापरहित, निर्दोष; **Impeccably** (-ब्लि) -*adv.* in an impeccable (sinless) manner. बिना पाप के ।

Impeccant-इम्पेॅकन्ट् - *adj.* sinless. पाप-रहित (निर्दोष) ।

Impedance-इम्पीडन्स् - *n.* an obstruction. अवरोध, रुकावट ।

Impede -इम्पीड्' -*v. t.* to retard, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना ।

Impediment-इम्पेॅ डिमें-न्ट् - *n.* hindrance, obstruction. विघ्न (प्रतिबन्ध), रुकावट; **Impedimental** (-अल्) -*adj.* obstructing. प्रतिबन्धक ।

Impel-इम्-पेॅल्'- *v. t.* (*p. t.* **Impelled.**) to drive to do, to force forward, to incite, to instigate. प्रवृत्त करना, बल द्वारा आगे बढ़ाना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना ।

Impellent-इम्-पेॅ-लेन्ट् - *adj.* having the quality of impelling. प्रेरक, प्रोत्साहक ।

Impend-इम्-पेॅन्ड्'-*v. i.* to hang or be suspended, to be imminent. लटकना या लटकाया जाना, भावी अमंगल का भय दिखाना ।

Impendence-इम्-पेॅन्ड्'-एॅन्स् -*n.* imminence. भावी संकट-आसन्नता ।

Impendent-इम् - पेॅन्ड्' -एॅन्ट् -*adj.* imminent, near at hand. संकटासन्न, निकटवर्ती ।

Impending-इम्-पेॅन्ड्-इङ्ग् - *adj.* threatening. भयकारी ।

Impenetrability-see **Impenetrable.**

Impenetrable-इम्पेनिट्रे-बूल्- *adj.* that cannot be penetrated into, impervious. अभेद्य (अप्रवेश्य), अथाह; **Impenetrability** (-इट्-इ), **Impenetrableness** (-नेस्) -*ns.* obtuseness. अभेद्यता, अप्रवेश्यता; **Impenetrably** (-ब्लि)-*adv.* in an impenetrable manner. अप्रवेश्यता से ।

Impenetrate-इ-म्पेॅनि-ट्रेट् - *v. t.* to penetrate deeply. गहरा धँसाना ।

Impenitence-इ-म्पेॅनिटेॅन्स्-*n.* want or absence of penitence. निष्ठुरता, पश्चात्ताप का अभाव ।

Impenitent- इ-म्पेॅनिटेॅन्ट् - *adj.* not sorry for one's sin, obdurate. पश्चात्तापहीन, क्षमा न चाहनेवाला; **Impenitently** (-लि)-*adv.* in an obdurate manner. निष्ठुरता से ।

Imperative-इम्परेटिव् -*adj.* expressing command, authoritative, urgent, obligatory. आज्ञासूचक, नियोजक, आवश्यक, कर्तव्य-विधायक; **Imperatively** (-लि)-*adv.* in an imperative manner. आज्ञारूप में; **Imperative mood** (the form of a verb expressing command or advice.) आज्ञार्थक क्रिया ।

Imperator- इम्परेटर्-*n.* a commander, an emperor. सेनानायक, राजाधिराज, सम्राट् ।

Imperceptible-इम्-पर्सेॅप्टि-बूल्-*adj.* not perceptible, very slight, subtle. अगम्य, अगोचर, अतिसूक्ष्म, तीक्ष्ण; **Imperceptibly** (-ब्लि)-*adv*, imperceivably. अलक्षित रूप में, अगोचर ढंग से ।

Impercipient-इ-म्पर्सिपि - एॅन्ट् -*adj.* lacking perception. अगोचर ।

Imperfect-इम्-पर्फ़ेॅक्ट-*adj.* incomplete, faulty, defective. अपूर्ण, अधूरा, दोषयुक्त, ।

Imperfection-इम्पर्फ़ेॅक्शन्-*n.* a defect or fault. दोष, त्रुटि, न्यूनता, ऐब, कमी ।

Imperfectly-इम्-पर्-फ़ेॅक्ट्'-लि-*adv.* defectively. अपूर्णता से, अधूरे ढंग से ।

Imperforate-इम्पर्फ़रेट्-*adj.* not perforated. अछिद्र, बिना छेद किया हुआ ।

Imperial- इम्पीरिअल् - *adj.* pertaining to an empire or emperor, supreme, majestic.

राज्य अथवा महाराजाधिराज - सम्बन्धी, श्रेउ, तेजस्वी; Imperial (paper) (size of paper 32 × 22 inches.) ३२ इञ्च लम्बा तथा २२ इञ्च चौड़ा कागज़; Imperial preference (levying duty on imports from Empire at lower rates than those from foreign countries.) परदेशी माल की अपेक्षा साम्राज्य के माल पर कम कर लगाने की रीति।

Imperialist-इम्पीरिअलिस्ट् -*n.* a supporter of the empire. साम्राज्य का समर्थक; **Imperialistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* pertaining to imperialism. साम्राज्यवाद-सम्बन्धी।

Imperialism-इम्पीरिअलिज़्म् -*n.* imperial rule, its principle & support. राजाधिराज का शासन, इसका सिद्धान्त तथा समर्थन।

Imperialize-इम्पीरिअलाइज़् - *v. t.* to render imperial. राजकीय या तेजस्वी बनाना।

Imperil-इम्-पे-रिल् -*v. t.* (*p. t.* **Imperilled.**) to bring danger, to endanger. आपत्ति में डालना, खतरे में डालना।

Imperious-इम्पीरिअस्-*adj.* overbearing, imperative. उद्धत, (अभिमानी) ढीठ; **Imperiously** (-लि)-*adv.* in an imperious manner. ढिठाई से ; **Imperiousness** (- नेंस्) - *n.* arrogance, haughtiness. दर्प, धृष्टता, ढीठपन।

Imperishability-see **Imperishable.**

Imperishable-इम्पेरिशेबल्-*adj.* indestructible, that cannot perish. अनश्वर, अविनाशी ; **Imperishability** (वि-लिटि), **Imperishableness** (- नेंस्) - *ns.* the quality of being imperishable. अविनाशत्व, अमरत्व; **Imperishably** (-ब्लि) -*adv.* in an imperishable manner. अनश्वरता से, नष्ट न होते हुए।

Impermanence-इम्पर्मनन्स् -*n.* want of permanence. अस्थिरता, अस्थायित्व।

Impermanent-इम्पर्मनन्ट्-*adj.* not permanent. अस्थायी, गैरमुस्तकिल।

Impermeability-see **Impermeable.**

Impermeable-इम्पर्मिएबल्-*adj.* impenetrable. अप्रवेश्य ; **Impermeability** (-वि-लिटि) -*n.* impenetrableness. अप्रवेश्यता।

Impermissible-इम्पर्मिसिब्ल्-*adj.* not permissible. आज्ञा न दिये जाने योग्य, अननुज्ञेय।

Impersonal-इम्पर्सनल्-*adj.* having no personality or personal reference. अकर्तृक, व्यक्तित्व-शून्य, भाववाचक ; **Impersonally** (-लि) -*adv.* in an impersonal manner. भाववाच्य में, **Impersonal verb** भाववाच्य क्रिया।

Impersonate-इम्पर्स्-अनेट्-*v. t.* to assume the bodily form, to personify. शारीरिक रूप दिखलाना, भेस बदलना।

Impersonation-इम्पर्सनेशन् - *n.* the act of personating. वेप या व्यक्तित्व परिवर्तन।

Impersonative-इम्पर्सनेटिव्- *adj.* pertaining to personating. भेस (रूप) बदलने का।

Impersonator-इम्पर्सनेटर्-*n.* one who impersonates. भेस बदलनेवाला।

Impertinence-इम्पर्टिनेन्स्-*n.* rudeness, impertinent action, incivility. धृष्टता, ढिठाई, अशिष्टता।

Impertinent-इम्पर्टिनेन्ट्-*adj.* insolent, out of place, absurd, rude. अशिष्ट (अविनीत), असङ्गत, निष्प्रयोजन, अनर्थक; **Impertinently** (-लि)-*adv.* in an insolent manner. धृष्टता से, ढिठाई से।

Imperturbability-इम्पर्टर्बबिलिटि-*n.* the quality of being undisturbed, calm. शान्ति।

Imperturbable- इम्पर्टर्बब्ल्-*adj.* not excitable, not disturbed, calm. क्षोभ रहित, शान्त; **Imperturbably** (-ब्लि)-*adv.* in a calm manner. शान्ति से।

Nature-नेचर्-*n.* innate character, essential qualities, general characteristics, disposition, kind, sort, vital, physical character, the universe. प्रकृति, स्वभाव, आदि शक्ति, गुण, धर्म, प्रकार, भूमण्डल; **Against nature** (unnatural, miraculous.) प्रकृति के विरुद्ध; **Blind by nature** (blind from birth.) जन्म का अन्धा; **Call of nature** (desire to pass urine or stool.) मल-मूत्र त्यागने की इच्छा; **Contrary to nature** (use or power of the organs of the body.) प्रकृति के विरुद्ध; **Good nature** (kind disposition.) सुशीलता; **Nature study**-*n.* the study of natural history in the field.) मैदान में प्राकृतिक पदार्थों का अध्ययन; **To pay debt of nature** (to die.) मरना।

Naught-नॅाट् -*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य;-*adj.* worthless. तुच्छ रूप, कुछ भी नहीं; -*adv.* in no degree. किसी प्रकार से नहीं ; **To set at naught** (to consider worthless.) तिरस्कार करना, तृणवत् मानना।

Naughtily-नॅा' - टि - लि-*adv.* in a wicked manner. दुष्टता से।

Naughtiness- नॅा'-टि-नेस्-*n.* misbehaviour. दुष्टता, उपद्रव।

Naughty-नॅा'-टि-*adj.* (*comp.* **Naughtier**, *sup.* **Naughtiest.**) badly behaved, mischievous, wicked, indecent. उपद्रवी, दुष्ट, नटखट।

Nausea-नॅा'-शिआ-*n.* feeling of sickness, loathing. वमन की इच्छा (जी मचलाहट), घृणा।

Nauseate-नॅाशिएट्-*v. i. & t.* to be affected with disgust, to reject food with loathing. वमन होना (जी मचलाना), वमन करना ; **Nauseating** (-एटिङ्ग)-*adj.* feeling nausea. जी मचलाता हुआ।

Nauseous-नॅाश्'-अस्-*adj.* disgusting, loathsome, causing nausea. घृणाजनक, कुत्सित, ओकाई लानेवाला ; **Nauseously** (-लि)-*adv.* loathsomely. घृणा से, जी मचलाते हुए; **Nauseousness** (-नेस्) -*n.* loathsomeness, disgust. ओकाई, वमन की इच्छा, जी मचलना।

Nautch-नॅाच्- *n.* an Indian dance. नाच ; **Nautch-girl.** वेश्या, नाचनेवाली।

Nautical-नॅा-टिकल्-*adj.* pertaining to sailors,

maritime, naval. नाविक, जहाज़ी, समुद्री ; **Nautically** (-लि)-*adv.* in a nautical manner. जहाज़ीपन से ।

Naval-नें' -वल् -*adj.* of ships, maritime. जहाज़-सम्बन्धी, समुद्री, जहाज़ी ; **Navalism** (-इज़्म्)-*n.* doctrine of sea power. समुद्री बल का सिद्धान्त; **Navally** (-लि)-*adv.* in a naval manner. समुद्री या जहाज़ी रूप में ।

Nave-नेव्-*n.* the central block of a wheel, main body of a church. पहिये की नाभि (मध्यभाग), गिरजाघर का मध्य भाग ।

Navel-नें'-वल्-*n.* the depression in the middle part of the abdomen, the central part of anything. नाभि, तोंद, मध्यभाग; **Navelstring** (the umbilical cord.) नाल, नाभिनाल ।

Navicular-नॉ-वि-क्युलर्-*adj.* of the shape of a boat. नाव के प्रकार का ।

Navigability-see Navigable.

Navigable-नॉ-विगे-बल्-*adj.* affording passage by ships or boats. जहाज़ या नाव ले जाने योग्य; **Navigability** (-गें-ब्-इल्'-इ-टि)-*n.* the state of being navigable. नौगम्यता, नाव से किसी स्थान में ले जाने की योग्यता ।

Navigate-नॉ-वि-गेट्-*v. i. & t.* to make a voyage through water, to sail. समुद्र से यात्रा करना, जहाज़ चलाना ।

Navigation-नॉ-वि-गे-शन्-*n.* the art of navigating. नौविद्या, जहाज़ी विद्या ।

Navigator-नॉ-वि-गेटर्-*n.* a sea explorer, one who is skilled in the art of navigation. नाविक, माँझी, मल्लाह ।

Navvy-नॉ-वि-*n.* a labourer employed in excavation or cutting canal. भूमि खोदनेवाला या नहर खोदनेवाला मजदूर ।

Navy-नें-वि-*n.* (*pl.* **Navies.**) a fleet of ships, a state's ship of war. (नौका-समूह) जहाजों का बेड़ा, किसी राज्य के युद्ध के जहाज ; **Navy-blue** (deep blue colour.) गाढ़ा नीला रङ्ग ।

Nawab-न-वाब्-*n.* a Mohammedan ruler in India. नवाब ।

Nay-नें-*adv.* no, not only so. नहीं, न केवल ; **To say nay** (to express negation.) अस्वीकार करना, नहीं कहना ।

Naze-नेज़्-*n.* headland. अन्तरीप ।

-nd-न्ड्-*suf.* forming adjectives. विशेषण अर्थ का प्रत्यय ।

Neap-नीप्-*adj.* of the lowest. सबसे नीचे का ; **Neap-tide** (the tide at the lowest stage.) धारा का उतार, भाटा ।

Near-नियर्-*adj., prep. & adv.* (*comp.* **Nearer,** *sup.* **Nearest.**) at a short distance, within easy access, closely related, almost. समीप, निकट, प्रायः, पास में;-*v.t.&i.* to approach to, to come near. पास पहुँचना ; **A near guess** (one almost hitting the mark.) ठीक अनुमान; **Far and near** (everywhere.) सर्वत्र ; **Near at hand** (within easy reach.) पास में ; **Nearby** (not far off.) पास में; **Near friend** (an intimate friend.) प्रिय मित्र ; **Nearly** (-लि)-*adv.* closely, almost. लगभग, प्रायः ; **Nearness** (-नेंस्)-*n.* closeness. समीपता, दृढ़ संसर्ग ; **Near one's side** बग़ल में ; **Near-sighted** (short-sighted.) अल्प दृष्टिवाला ; **To examine nearly** (to make a close examination.) भली भाँति परीक्षा करना; **Very near** (not far distant.) बहुत पास, समीप में ।

Neat-नीट्-*adj.* nice, elegant, clean, trim, pure, clear, dextrous. सुन्दर, साफ़, सुघर, स्वच्छ, शुद्ध,कुशल (प्रवीण);-*n.* cattle. चौपाये; **Neatly** (-लि)-*adv.* tidily. शुद्ध प्रकार से; **Neatness** (-नेंस्)-*n.* cleanliness. निर्मलता, शुद्धता ; **Neat-handed**-*adj.* (skilful and quick.) सुघड़ और चालाक ; **Neat-house** (a shed for cattle.) चौपायों का घर ; **Neat's leather** (leather of cow or ox.) बैल या गाय का चमड़ा ।

Neath-नीथ्-*prep.* poetical form of 'beneath'. नीचे अर्थ का यह शब्द कविता में प्रयुक्त होता है ।

Neb-नेंब्-*n.* nose, snout, bill, a beak. नाक, थूथन, चोंच ।

Nebula-नेंब्'-यु-ला-*n.* (*pl.* **Nebulae.**) a cloud-like appearance before the eyes, a cluster of stars. आँखों के आगे धुन्ध, नीहारिका; **Nebular** (-लर्)-*adj.*pertaining to nebulae. नीहारिका-सम्बन्धी ; **Nebulous** (-लस्)-*adj.* like a nebula, formless. नीहारिका के सदृश, बिना विशिष्ट आकार का; **Nebuly** (-लि)-*adj.* ornamented with many lines. लहरियादार किनारे का ।

Necessarian-नें-सेंसरिअन्-*n.* an advocate of the doctrine of necessity. दैववादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला मनुष्य ; **Necessarianism** (-इज़्म्)-*n.* the doctrine of necessity. भाग्य-भरोसा, दैववाद ।

Necessary-नें सेंसरि-*adv.* requisite, indispensable, essential, inevitable. आवश्यक, अनिवार्य,भवितव्य;-*n.* something that is necessary or inevitable. आवश्यक पदार्थ ; **Necessaries** (-रिज़्)-*n. pl.* articles that are essential. आवश्यक वस्तु, असबाब; **Necessarily** (-इ-लि)

-*adv.* by necessity, essentially. अवश्य करके, आवश्यक रूप में।

Necessitarian-नें सें सिटें रिअन् - *n.* same as Necessarian. भाग्य पर भरोसा करनेवाला।

Necessitate-नें सेसिटेट-*v.t.* to force, to render necessary, to compel. विवश करना, बेबस करना।

Necessitous-नें-सें -सिटस्- *adj.* in necessity, poor. दीन, दरिद्र।

Necessitude-नें-सेसिट्यूड् -*n.* need, poverty. आवश्यकता, दरिद्रता।

Necessity-नें-सें-सिटि - *n.* (*pl.* **Necessities.**) compulsion, imperative need, want, hardship. आवश्यकता, लाचारी, दरिद्रता, कष्ट।

Neck-नेंक्-*n.* the part of body which connects the head with the trunk, a long narrow tract of land. ग्रीवा (कण्ठ, गर्दन), भूडमरुमध्य; **Neckcloth** (a piece of cloth which is worn on the neck.) गुलवन्द, गर्दन पर बाँधने का वस्त्र; **Necked** (-ड्)-*adj.* having a neck. कण्ठलदार; **Necklace** (a string of beads &c. which is worn round the neck.) कण्ठाभरण, हार ; **Necklet** (-लेंट्) - *n.* a fur necktie. रोवें का गुलबन्द ; **Necktie** (a tie for the neck.) गले में बाँधने की कपड़े की पट्टी।

Necrolatry-नेंक्रॉलेट्रि-*n.* worship of the dead. पितरों की पूजा।

Necrology-नें- क्रॉ-लॅ - जि - *n.* a register of deaths. मृत्यु-लेख।

Necromancer-नें - क्रॅ - मॅन्सर् - *n.* one who practises magic. ओझा, जादूगर।

Necromancy-नेंक्रॅमॅन्सि - *n.* communication with the dead, magic. पिशाच-विद्या, भूत-विद्या, जादू।

Necromantic-नेंक्रॅ-मॅन्टिक् - *adj.* pertaining to magic. जादू सम्बन्धी।

Necrophagous-नेंक्रॅ-फें-गस्-*adj.* eating carrion. शव (मुर्दा) खानेवाला।

Necrophobia-नेंक्रॅ-फो'-बि- आ - *n.* horror of death. मृत्यु का भय।

Necrosis-नें-क्रॅ' - सिस् - *n.* mortification of bones. हड्डी का निर्जीव होना ; **Necrotic** (-टिक्) -*adj.* pertaining to necrosis. निर्जीव हड्डी-सम्बन्धी ; **Necrotize** (-टाइज़्) -*v. t.* to mortify bones. हड्डियों को निर्जीव करना।

Nectar-नेंक्टर्-*n.* the drink of the gods, a very pleasant thing. अमृत (सुधा), अपूर्व वस्तु ; **Nectar of flowers** (sweet essence of flowers.) पुष्पासव; **Nectareal** (-टेरिअल्) or **Nectarean** (-टें रिअन्), **Nectareous** (-टें रिअस्)-*adj.* resembling nectar. अमृतमय, सुधारूप; **Nectary** (-इ)-*n.* the honey gland contained in a flower. फूल का वह भाग जिससे मधु निकलता है।

Neddy-न डि-*n.* a donkey. खच्चर, गदहा।

Need-नीड्-*n.* want, emergency, necessity, time of difficulty, lack, poverty. अभाव, विशेष आकस्मिक प्रयोजन, आवश्यकता, आपत्ति-काल, कमी, दरिद्रता, गरीबी; - *v. t. & i.* to want, to be neces- sary. इच्छा करना, आवश्यक होना; **If need be** (if necessary.) यदि आवश्यकता हो; **Good at need** (helping in necessity.) आवश्यकता में सहायतादेनेवाला।

Needful-नीड्'-फुल्-*adj.* requisite, necessary. आवश्यक, प्रयोजनीय ; **Needfulness** (-नेंस्) -*n.* want. आवश्यकता।

Needily-नी-डि-लि-*adv.* necessitously. आवश्यकता से।

Neediness-नी-डि -नेंस् - *n.* necessity, want. आवश्यकता।

Needle- नी'- डल् - *n.* small pointed pierced round wire of steel used in sewing, the magnet of a compass, any pointed instrument. सूई, कुतुबनुमा का काँटा, नोकदार औज़ार; **Needle-case** (a case for holding needles.) सूई रखने की डिबिया; **Needle-point** (piercing point.) तीखा कोना; **Needle-woman** -*n.* (*fem.* a seamstress. दरजिन ; **Needle-work** (embroidery.) ज़रदोज़ी का काम ; **Sharp as a needle** (very piercing.) तीखा, चोखा।

Needless-नीड्'-लेंस्-*adj.* unnecessary. निरर्थक, निष्प्रयोजन; **Needlessly** (-लि) -*adv.* uselessly. व्यर्थ।

Needments-नीड्'-मेंन्ट्स्-*n.pl.* necessaries for a journey. यात्रा के सामान।

Needs-नीड्स्-*adv.* of necessity. आवश्यक ; **Needs must do** (must necessarily perform.)करना अनिवार्य होगा, अवश्य करना होगा।

Needy-नीडि-*adj.* necessitous, very poor. दरिद्र, दीन।

Ne'er-नेंअर् -*adv.* contraction for **Never.** 'नेवर' शब्द का छोटा रूप, कभी नहीं।

Nefarious-नि-फ़ें- रिअस् - *adj.* wicked, villainous. अति दुष्ट, पापी, अधर्मी; **Nefariously** (-लि) - *adv.* wickedly. नीचता से ; **Nefariousness** (-नेंस्) -*n.* wickedness. अधर्मीपन, दुष्टता।

Negate-नि-गेट्'-*v. t.* to imply non-existence of, to deny. अस्तित्व अस्वीकार करना,

नहीं करना; **Negation** (-गे'-शन्) -*n.* denial, refusal. निषेध, अस्वीकृति; **Negationist** (-इस्ट्) -*n.* one who denies accepted beliefs without proposing substitutes. प्रचलित मत को स्वीकार न करनेवाला; **Negatory** (-टरि) -*adj.* pertaining to refusal. अस्वीकार करने का।

Negative-निगेटिव्-*adj.* implying negation or denial, implying absence. निषेधार्थक, अस्वीकार अर्थ का, अनुपस्थिति या अभाव-सूचक; -*n.* a word that denies, a photographic plate in which the shade and light of an object is reversed. निषेधार्थक शब्द, फ़ोटो उतारने की शीशे की टट्टी जिस पर उलटा चित्र छपता है; -*v. t.* to negate, to veto, to refuse to accept, to disprove, to contradict. निषेध करना, न मानना, अस्वीकार करना, अशुद्ध प्रमाणित करना, प्रतिवाद करना; **Negative answer** (an answer of refusal.) अस्वीकारपूर्ण या 'न' कारात्मक उत्तर; **A Negative quantity** (a minus quantity in Algebra.) क्षयराशि यथा—*a*); **Negatively** (-लि) - *adv.* in a negative manner. अस्वीकार करते हुए; **Negativeness** (-नेस्)-*n.* quality of being negative. निषेधार्थकता।

Neglect-नेग्-लेक्ट्'-*v. t.* not to pay attention to, to leave uncared for, to disregard. उपेक्षा करना, सुध न लेना, तिरस्कार करना ;-*n.* omission, inattention, negligence. उपेक्षा, असावधानी, त्याग; **Neglectable** (-एं-बुल)-*adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य; **Neglected** (-एंड्)-*adj.* omitted to be done. भूलनेवाला, उपेक्षा किया हुआ; **Neglecter** (-अर्) -*n.* one who neglects. उपेक्षा करनेवाला।

Neglectful-नेग्-लेक्ट्'-फ़ुल् - *adj.* inattentive, heedless. ध्यानरहित, मनोयोगहीन, उपेक्षा करनेवाला; **Neglectfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* with neglect. उपेक्षा करते हुए; **Neglectfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* inattentiveness. ध्यान या मनोयोग-हीनता।

Negligence-नेग्लिजेन्स्-*n.* carelessness, want of proper attention. उपेक्षा, असावधानी।

Negligent-नेग्लिजेन्ट्-*adj.* careless, heedless. असावधान, लापरवाह; **Negligently** (-अन्ट्-लि) -*adv.* carelessly. असावधानी से, प्रमाद से।

Negligible-नेग्लिजिबुल् -*adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य।

Negotiable-निगोशिएबुल् - *adj.* transferable by assignment. बेचा-बिक्री करने योग्य; **Negotiable instrument** (a document like bills, cheques &c.) हुण्डी, पुर्जा इत्यादि।

Negotiate-नि-गो-शि-एट्-*v. t.* to transact business, to transfer bill to another person, to confer for mutual agreement in some matter. व्यापार करना, पुर्जा देना, किसी विषय को आपस में तय करने के लिये बात चीत करना।

Negotiation-नि-गो'-शि-ए'-शन् -*n.* the transacting of business. व्यवहार, व्यवसाय, सौदा।

Negotiator-नि-गो'-शि-ए' - टर्-*n.* one who negotiates. व्यापार करनेवाला, मध्यस्थ; **Negotiatress** (-ऑ-ट्रेस्), **Negotiatrix** (-ऑ-ट्रिक्स) -*ns. fem.* a female negotiator. मध्यस्थ स्त्री।

Negress-नी-ग्रेस् -*n.* a female negro. हबशिन, हबशी की स्त्री।

Negro-नी'-ग्रो-*n.* (*pl.* **Negroes.**) a black-skinned native of Africa. कृष्णांग, हबशी; **Negro-head** (-हेड्) -*n.* a kind of tobacco. पीने की तमाखू; **Negroland** (part of Africa inhabited by Negroes.) अफ़्रीका में हबशियों का निवासस्थान।

Negus-नी'-गस्-*n.* a kind of fermented drink. एक प्रकार की मदिरा।

Neigh-ने-*v. i.* to utter the cry as of a horse. घोड़े का हिनहिनाना; **Neighing** (-इङ्ग्)-*n.* the cry of a horse. घोड़े की हिनहिनाहट।

Neighbour-नेबर् -*n.* one who lives in the adjacent house in the same lane. समीप में रहनेवाला, पड़ोसी; **Neighbour-hood** (-हुड्) -*n.* a place near, adjoining place. पड़ोस, समीपता, निकटता; **Neighbouring**(-इङ्ग्)-*adj.* living near. निकट का, पास का; **Neighbourless** (-लेस्)-*adj.* not adjoining. बिना पड़ोस का; **Neighbourliness** (-लि-नेस्)-*n.* the state of being near, closeness. समीपता, निकटता; **Neighbourly** (-लि) - *adj.* state of being a neighbour, kind. पासवर्ती, मित्रभाव का, उदार (दयालु); **Neighbourship** (-शिप्) - *n.* the state of being neighbourly. पड़ोसपन।

Neighing -*n.* see **Neigh.**

Neither-नाइ'-दर (नी'-दर्)-*adv., conj. & prep.* not either, not the one or the other. न तो, न वह न यह (दोनों में से कोई भी नहीं), नहीं।

Nematoid-नेमटॉइड् -*adj.* similar to thread. तागे की तरह का।

Nemesis-नेमिसिस् - *n.* retributive justice. बदला लेने का न्याय।

Nenuphar-नेन्'-यु-फ़र्-*n.* a water-lily. कमलिनी, कोईं।

Neo-नी-ओ-*prep.* in sense of 'new'. 'नवीन' या 'आधुनिक' अर्थ का उपसर्ग।

Neocracy-नीओक्रसि - *n.* government by new men. नवीन मनुष्यों का राज्य (या शासन)।

Neogamist-नें-ऑग्-अॅम्-इस्ट्-*n.* a person who is lately married. नव विवाहित, जिस मनुष्य का तुरंत विवाह हुआ हो।

Neolithic-नीओलिथिक्-*adj.* of the stone age. उस युग का जिसमें लोग पत्थर के शस्त्रों का प्रयोग करते थे।

Neologism-नीओलॉजिज़्म्-*n.* a new doctrine. नया सिद्धान्त।

Neologist-नीओलॉजिस्ट्-*n.* one who introduces new doctrines. नूतन मतावलम्बी, नये मत का प्रचारक।

Neologize-नीओलॅजाइज़् -*v. i.* to introduce a new doctrine. नये धर्म का प्रचार करना।

Neology-नीओलॅ-जि-*n.* a system of new words, adoption of novel religious views. नवीन शब्दों का प्रयोग, नूतन मत, विलक्षण मत।

Neon-नी'-अन् -*n.* a newly discovered gas. एक नया आविष्कार किया हुआ वायुरूप तीव्र तत्त्व (गैस)।

Neophron-नी'-ओ-फ्रॅन् -*n.* white Egyptian vulture. मिस्र देश का सफ़ेद गिद्ध।

Neophyte-नी'-ओ-फ़ाइट्-*n.* a religious novice, a beginner, a new convert. नया शिष्य, नया चेला, नया मत ग्रहण करनेवाला।

Neoplastic-नी-ओ-प्लॅस्-टिक्-*adj.* newly formed. नया तैयार किया हुआ, नवनिर्मित या रचित।

Neoteric-नि-ओ-टरिक्- *adj.* modern, recent. नवीन (आधुनिक), नया।

Nepenthes-नि-पॅन्'-थीज़्-*n.* a medicine which produces forgetfulness of grief. दुःख-शामक औषधि, दुःख भुला देनेवाली दवा।

Nephew-नॅव्'-यु-*n.* (*fem.* Niece.) the son of a brother or sister. (भ्रातृपुत्र) भतीजा, (भागिनेय) भानजा।

Nephology-नॅफॉ-लॅ-जि-*n.* the science of the study of clouds. मेघ-अध्ययन-शास्त्र।

Nephritic-नॅफ़्रिटिक्-*adj.* of the kidneys, renal. वृक्क (गुर्दा) सम्बन्धी; **Nephritis** (-राइट्' - इस्) - *n.* inflammation of the kidneys. गुर्दे की सूजन।

Nepotism-नॅपॉटिज़्म्-*n.* undue favour shown to relations. कुल-पक्षपात, सम्बन्धियों के प्रति पक्षपात; **Nepotist** (-टिस्ट्) -*n.* one who practises nepotism. कुल-पक्षपाती।

Neptune-नॅप्'-च्यून्-*n.* the god of the sea, the name of a planet. समुद्र-देवता, नक्षत्र (वरुण तारा)।

Nereid-नीरिइड्-*n.* a sea-nymph. समुद्र की परी।

Neroli-नी' - रॅ - लि -*n.* the essential oil of orange flowers. नारङ्गी के फूल का सत्त्व या इत्र।

Nervate-नर्व्'-एट् -*adj.* pertaining to leaves that have ribs. रेशेदार पत्ती का; **Nervation** (-ए'-शन्) -*n.* venation of leaves. पत्ती का रेशेदार होना।

Nerve-नर्व -*n.* the organ of sensation and motion in animals, sinew, energy, vigour, strength, fortitude, nervous fibre, courage. शिरा, ज्ञानतन्तु, शक्ति, उत्साह, साहस, बल, तेज, धैर्य, शरीर की दृढ़ता; -*v. t.* to give vigour to, to prepare oneself to face danger. शक्ति देना (साहसी करना), आपत्ति झेलने के लिये तैयार होना; **Has iron nerves** (one who is not easily frightened.) दृढ़, निर्भय; **To lose one's nerve** (to become timid.) डरना, डरपोक होना।

Nerveless-नर्व्'-लॅस्-*adj.* destitute of strength, weak. शक्तिहीन, निर्बल; **Nervelessly** (-लि)-*adv.* without vigour. निर्बलता से; **Nervelessness** (-नस्)-*n.* want of strength. निर्बलता।

Nervine-नर्वाइन् - *n. & adj.* a medicine that relieves the disorders of the nerves, pertaining to such a medicine. नाड़ी-मण्डल को चैतन्य करनेवाली औषधि, ऐसी औषधि का।

Nervous-नर्वस् - *adj.* vigorous, strong, muscular, excitable, working on the nerves, easily agitated. ओजस्वी, वीर्यवान्, बलिष्ठ, नाड़ी-मण्डल पर प्रभाव डालनेवाला, शीघ्र घबड़ा जानेवाला; **Nervous system** (nerves as a whole.) नाड़ी-मण्डल ; **Nervously** (-लि) -*adv.* with strength or vigour, with agitation. बल के साथ, शक्ति या धैर्य से; **Nervousness** (-नॅस्)-*n.* strength, force, weakness of nerves. शक्ति, तेज, नाड़ियों की दुर्बलता, कमज़ोरी।

Nescience - नॅश्यन्स् - *n.* absence of knowledge. ज्ञान का अभाव; **Nescient** (-न्ट्), **Nescious** (-नॅशस्)-*adjs.* ignorant. अज्ञ, ज्ञानहीन।

-ness (-नॅस्)-*suf.* used to express 'state or condition'. भाववाचक शब्द बनाने का प्रत्यय, यथा Goodness.

Nest-नॅस्ट्-*n.* a shelter made by a bird for laying eggs, an animal or insect's abode, bed, a snug retreat, a haunt of robbers, a collection of objects. नीड़, पक्षिगृह, घोंसला, आनन्दगृह, लुटेरों का स्थान, समुदाय; -*v. t. & i.* to build a nest. घोंसला बनाना; **To find a mare's nest** (to hanker after things impossible.) अप्राप्य वस्तु खोजना।

Nestful-नॅस्ट्'-फ़ुल्, **Nestlike** (-लाइक) -*adjs.* full of nest, like a nest. घोंसला भर, नीड़वत्, घोंसले की तरह का।

Nestle-नें-सल्-*v. i.* to settle or be settled, to press affectionately, to take shelter. स्थिर होना या करना, प्रेम से दबाना, शरण लेना।

Nestling-नेंस्ट्'-लिङ्ग्-*n.* a bird just hatched. नवजात पक्षीशावक या पक्षी का बच्चा, गेदा।

Nestor-नेंस्टर्-*n.* the senior and wise man in an assembly. मण्डली का प्रमुख विद्वान् मनुष्य।

Net-नेंट्-*n.* a meshed fabric of thread or twine, snare, inextricable difficulty. फन्दा, जाल, कठिनता (धोखा);-*v. t.* (*p. t.* Netted.) to capture in a net. जाल में पकड़ना; -*adj.* free of all charges or deductions. (अखण्ड), खर्चा इत्यादि निकाल देने के बाद की बचत; **Net profit** (true profit, actual gain.) खालिस नफ़ा; **Network** (anything resembling a net.) जाली का काम।

Nether-नेंदर्-*adj.* lower. नीचे का; **Nethermost** (-मोस्ट्) *sup. deg.* lowest. सबसे नीचे का; **Nether world** (hell.) अधोलोक, पाताल।

Nett-नेंट्-*adj.* (also Net.) clear of all charges or deductions. सब खर्च इत्यादि निकाल कर।

Nettle-नें'-ट्ल्-*n.* a stinging plant. बिच्छू का पेड़; -*v. t.* to irritate, to trouble. डंक मारना, कष्ट देना, उद्विग्न करना; **Nettler** (-अर्) -*n.* one who provokes. उत्तेजित करनेवाला मनुष्य; **Nettlerash**-*n.* (urticaria) जुलपित्ती नामक रोग।

Neural-न्युरल्-*adj.* pertaining to the nerves. नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuralgia-न्युर्-ऑल्'-जि-आ-*n.* nervous pain. वातशूल; **Neuralgic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to neuralgia. वातशूल-सम्बन्धी।

Neurasthenia-न्यु-रॅ-स्थीनिआ -*n.* nervous debility. नाड़ियों की दुर्बलता; **Neurasthenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to neurasthenia. नाड़ी-दुर्बलता-सम्बन्धी।

Neuritis-न्युराइटिस्-*n.* inflammation of a nerve. नाड़ी की सूजन।

Neurosis-न्युरो-सिज़्-*n.* derangement due to nervous disorders. एक प्रकार का उन्माद या पागलपन।

Neurotic-न्यु-रॅ-टिक्-*n. & adj.* affecting the nervous system, nervous. वात-विकार को दूर करने की औषधि, ओजस्वी, नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuter-न्यु'-टर्-*adj.* of neither sex, neither male nor female, neutral, indifferent. नपुंसक, क्लीव, अनोखा, निराला; **Neuter gender.** नपुंसक लिंग।

Neutral-न्युट्रल्-*adj.* taking neither side in a quarrel, indifferent, impartial. तटस्थ, उदासीन, अपक्षपाती; **Neutrality** (-इ-टि)-*n.* state of being neutral. समदृष्टि, उदासीनता; **Neutralization** (-आइज़ेशन्) *n.* विशिष्ट गुण का नाश, दुर्बल करना ; **Neutralize** (-आइज़्) -*v. t.* to render neutral. उदासीन करना, अपक्षपाती करना; **Neutrally** (-लि)-*adv.* समभाव से।

Never-नेंवर्-*adv.* not ever, on no occasion, surely not. कभी नहीं, अवश्य नहीं; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं।

Nevertheless-नेंवर्-द-लेंस्-*adv. & conj.* all the same, notwithstanding. तथापि, तो भी, तिस पर भी।

Neverthemore-नेंवर्-द-मोर -*adv.* none the more. अधिक नहीं।

New-न्यू-*adj.* not existing before, fresh, different, changed, modern, recent. नवीन, नया, हाल का, अनभ्यस्त, अपरिचित; -*adv.* newly, recently. हाल में; **New-commer** (a guest.) आगन्तुक, पाहुन; **Newfangled**- *adj.* fond of novelties. नवीनता का प्रेमी; **New-fashioned** -*adj.* (newly constructed.) नवकल्पित, नया बना हुआ; **Newish** (-इश्) -*adj.* somewhat new. कुछ-कुछ नया; **Newly** (-लि) -*adv.* freshly. नूतन, हाल में, नये सिरे से; **New moon** (fresh moon.) दूज का चन्द्रमा; **Newness** (- नेंस्)-*n.* novelty. नवीनता, नयापन; **New-year's day** (the first day of the new year.) नये साल का पहिला दिन; **The New World** (America.) अमेरिका देश।

Newel-न्यू' - एँल - *n.* the pillar which supports the hand rails of a staircase. सीढ़ी का ऊपर या नीचे का खम्भा जिसमें रेलिंग जड़ी होती है।

Newel.

News-न्यूज़ - *n. pl.* tidings, fresh account. वार्ता, नया समाचार; **Good news** (favourable tidings.) शुभ समाचार; **News-agent** (a dealer in newspaper.) अखबार का एजेन्ट, समाचार पत्रों का व्यापारी।

Newsmonger-न्यूज़्'-मङ्गर्-*n.* one who circulates news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Newspaper-न्यूज़्-पे'पर्-*n.* a printed paper containing news. समाचारपत्र।

News-sheet-न्यूज़्'-शीट्-*n.* a printed sheet of news. छपे समाचार का पन्ना (कागज़)।

Newt-न्यूट्-*n.* a kind of salamander. एक प्रकार की गोह।

Next-नेक्स्ट्-*adj.* (*sup.* of **Nigh.**) nearest in time or place, almost, immediately following. आगामी, प्रायः, समीप का; **Her next** (her husband) उसका पति; **Next of kin** (nearest relative.) सबसे नजदीकी रिश्तेदार, निकटतम सम्बन्धी; **Next Sunday** (coming Sunday.) आगामी रविवार; **Next to skin** (touching the skin.) त्वचा से संलग्न; **Next world** (world after death.) परलोक; **On the next day** (on the following day.) अगले दिन; **What next ?** (what is to follow?) इसके आगे क्या होगा ?

Nexus-नेक्सस्-*n.* a bond, a connection. सम्बन्ध, बन्धन।

Nib-निब्-*n.* point of pen, point of a tool, the bill of a bird. क़लम की नोक, चिड़िया की चोंच; -*v. t.* (*p. t.* **Nibbed.**) to insert a nib, to prick, to nibble. क़लम में निब लगाना, चुभोना, कुतरना।

Nibble-नि-बूल्-*v. t.* to bite in bits, to carp at, to criticise. कुतरना, सन्देह उत्पन्न करना, दोष निकालना; -*n.* a bite. कुतरन, कटाव।

Nibbler-नि-ब्लर्-*n.* one who bites, one who finds faults. कुतरनेवाला, दोष निकालनेवाला।

Nice-नाइस्-*adj.* dainty, delicate, attractive, fine, fastidious, exacting. कोमल, ललित, मनोहर, सूक्ष्म, सूक्ष्मदर्शी; **Nice-looking** (beautiful, attractive.) ललित, मनोहर, सुन्दर।

Nicely-नाइस्'-लि-*adv.* in a nice manner. सुन्दरता से।

Niceness-नाइस्'-नेस्-*n.* the state of being nice. सुन्दरता, सूक्ष्म दृष्टि।

Niceties-नाइस्'-ऍ-टीज़्-*n. pl.* attractive things. सुन्दर पदार्थ।

Nicety-नाइ-से-टि-*n.* minute accuracy, precision, delicacy. सूक्ष्मता, मनोहरता, यथार्थता, शुद्धता।

Niche-निच्-*n.* a recess in a wall. ताखा, आला; -*v. t.* to fix an idol in a niche. आले में मूर्ति बैठाना।

Nick-निक्-*n.* a cut, notch serving as a guide, a score for keeping an account, exact point of time, a critical moment or point, a prison, a police-office. कटाव, सहायता देनेवाला चिह्न, हिसाब रखने का चिह्न, ठीक समय, संकट का क्षण या विषय, जेलखाना, पुलिस का दफ्तर; -*v. t.* to make incision to infer, to do at the right time, to cheat, to steal, to tally, to catch. दाँतेदार बनाना (काटना), अनुमान करना, ठीक समय पर करना, धोखा देना, चुराना, हिसाब मिलाना, पकड़ना; **In the nick of time** (at the proper time.) अनुकूल समय पर।

Nickel-निक्-ल्-*n.* a kind of white metal. निकल, गिलट; -*v. t.* (*p. t.* **Nickelled.**) to deposit nickel on metal. निकल चढ़ाना या मुलम्मा करना।

Nicknacks-निक्'-नॅक्स्-*n. pl.* trifles, small wares. तुच्छ पदार्थ।

Nickname-निक्'-नेम्-*n.* an added name, a by-name. उपनाम, कल्पित नाम, चिढ़ाने का नाम।

Nicotian-निकोश्यन्-*adj.* & *n.* of tobacco, a smoker. तमाखू का, तमाखू पीनेवाला।

Nicotine-निकोटीन्-*n.* an extract of tobacco. तमाखू का सत्व।

Nictate, Nictitate-निक्'-टेट् (-टि-टेट्)-*v. i.* to wink. पलक मारना, आँख झपाना।

Nictation-निक्-टे'-शन्-*n.* (also **Nictitation.**) the act of winking. निमेष।

Niddle-noddle-नि'-ड्ल्-नॉ'-ड्ल्-*adj.* quivering, nodding. हिलता हुआ, काँपता हुआ।

Nidificate-निडिफ़िकेट्, **Nidify** (-इ-फ़ाइ)-*v. t.* to build nests. घोंसला बनाना।

Nidification-निडिफ़िकेशन्-*n.* building of a nest. घोंसला बनाने का कार्य।

Nid-nod-निड्'-नॉड्-*v. t.* to go on nodding. सिर हिलाते या कँपाते रहना।

Nidor-नाइ'-डॅ-र्-*n.* the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध।

Nidorous-नाइ'-डॅ-र्-अस्-*adj.* resembling the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध के समान।

Nidus-नाइ-डस्-*n.* (*pl.* **Nidi.**) the place of origin of a disease, a nest. जिस स्थान पर रोग के अंकुर जमते हैं, घोंसला।

Niece-नीस्-*n.* (*mas.* **Nephew.**) daughter of a brother or sister. भतीजी, भानजी।

Nifty-निफ्'-टि-*adj.* stylish. ठाटदार।

Niggard-निगर्ड्-*n.* & *adj.* a stingy person, a miser, meanly covetous. कृपण मनुष्य, सूम, कंजूस।

Niggardliness-निगर्ड्'-लि-नेस्-*n.* stinginess. कृपणता।

Niggardly-निगर्ड्-लि-*adj.* & *adv.* meanly avaricious in a miserly manner. लालची, कंजूसी से।

Nigger-निगर्-*n.* a negro. हबशी।

Niggle-नि-ग्ल्-*v. t.* to spend time in trifles. तुच्छ बातों में समय नष्ट करना।

Niggling-निग्'-लिङ्ग् *-adj.* trifling, petty. क्षुद्र, तुच्छ।

Nigh-नाइ*-adj. & adv.* (*comp.* **Nigher**, *sup.* **Nighest**) next, near, almost. समीपवर्ती, पास का, प्रायः, लगभग।

Nighness-नाइ'-नेस्*-n.* nearness. समीपता, निकटता।

Night-नाइट्*-n.* the time from sunset to sunrise. रात्रि, रात ; **At night** (during the night.) रात्रि में; **Beginning of night** (time near sunset.) सन्ध्याकाल, गोधूलि वेला; **Had a good night** (had a sound sleep.) अच्छी निद्रा आई; **Night and day** (always, ever.) सर्वदा, रातदिन।

Night-bird-नाइट्'-बर्ड्*-n.* the owl. उल्लू।

Night-blindness-नाइट्'-ब्लाइन्ड्-नेस्*-n.* (nyctalopia.) रतौंधी।

Night cap-नाइट्'-कैप्*-n.* a cap worn in bed. सोते समय पहनने की टोपी।

Night-fall-नाइट्'-फ़ॉल्*-n.* close of day. सन्ध्याकाल।

Night-hag-नाइट्'-हैग्*-n.* a female demon. चुड़ैल।

Night-hawk-नाइट्'-हॉक्*-n.* a thief. चोर।

Nightingale-नाइटिंङ्गेल्*-n.* a small migratory bird that sings melodiously at night, a flannel scarf with sleeves worn by sickmen sitting up in bed. बुलबुल, चारपाई पर बैठे रहनेवाले रोगियों की गलेबन्द ऊनी पोशाक।

Nightlong-नाइट्'-लॉङ्ग्*-adv.* throughout the night. रातभर।

Night-man-नाइट्'-मैन्*-n.* one who empties closets. मल हटानेवाला भंगी।

Nightmare-नाइट्'-मेयर्*-n.* a bad horrible dream. दुःस्वप्न, बुरा सपना।

Nightshade-नाइट्'शेड्*-n.* a kind of poisonous berry. धतूरा।

Nightsoil-नाइट्' - सॉएल् *- n.* contents of privies & cesspools, carried at night. मल, विष्ठा।

Night-wanderer- नाइट्' - वॉन्डर् - अर् *- n.* a demon. निशाचर, राक्षस।

Night-watch-नाइट्'-वॉच् *-n.* a guard at night. रात का पहरा ; **Sitting up at night.** (vigil during the night.) रात का जागरण।

Nigrescence-नाइ - ग्रे सेंन्स् *-n.* blackishness. झाँवरापन, कुछ कालापन।

Nigrescent-नाइ - ग्रेस्' - सेंन्ट् *- adj.* growing black. काला होनेवाला।

Nihil-नाइ'-हिल्*-n.* nothing. शून्य, अभाव ; **Nihilism** (-इज़्म्)*-n.* nothingness, negative doctrine. शून्यता, शून्यवाद ; **Nihilist** (-इस्ट्) *-n.* an upholder of nihilism. शून्यवादी ; **Nihilistic** (-इस्ट्'-इक्)*-adj.* शून्यवाद-सम्बन्धी; **Nihility** (-इट्'-इ)*-n.* nothingness. शून्यता।

Nil-निल्*-n.* nothing, having no number. कोई संख्या नहीं, नहीं, नदारद।

Nill-निल्*-v. i.* not to like. इच्छा न होना; **Will he nill he** (whether he wills or not.) चाहे उसकी इच्छा हो या न हो।

Nimble-निम्'-ब्ल्*-adj.* agile, active, quick of movement, clever. चपल, क्षिप्रगति, फुर्तीला, चालाक; **Nimble-fingered**-*adj.* expert at stealing. चोरी करने में निपुण।

Nimbleness-निम् -ब्ल् - नेंस् *-n.* fickleness, briskness. चपलता, फुर्तीलापन।

Nimbly-निम्-ब्लि*-adv.*with agility. चपलता से।

Nimbus-निम्'-बस्*-n.* (*pl.* **Nimbi.**) halo of bright light round the head of a saint, a bright cloud. प्रभामण्डल, प्रकाशपूर्ण या चमकदार बादल; **Nimbused** (-ड्)*-adj.* surrounded with a halo. प्रभामण्डल-युक्त।

Nimrod-निम्'-रॉड्*-n.* a sportsman, a hunter. शिकारी।

Nincompoop-निन्'-कॅम्-पूप्*-n.* a simpleton, a fool or blockhead. मूर्ख, लण्ठ, बुद्धिहीन मनुष्य।

Nine-नाइन्*-adj.* eight and one. नव; **A nine day's wonder** (a novelty that attracts much attention.) चित्त को आकर्षित करनेवाला एक आश्चर्यजनक पदार्थ।

Ninefold-नाइन्'-फ़ोल्ड्*-adj.* nine time repeated. नौगुना।

Nineteen-नाइन्'-टिन*-n.* nine and ten united. उन्नीस; **Nineteenth** (-टीन्थ्)*-adj.* the number after eighteenth. क्रम में उन्नीसवाँ।

Ninety-नाइन्-टि*-n.* nine times ten. नब्बे।

Ninny-नि-नि*-n.* a fool, a man of weak mind. मूर्ख मनुष्य, जड़बुद्धि।

Ninth-नाइन्थ्*-adj. & n.* next after eighth. नवाँ; **Ninthly** (-लि)*-adv.* in the ninth place. नवीं स्थिति में; **Ninth part** (one of nine equal parts.) नवाँ भाग।

Niobium-नाइ' -ओ' -बि -अम् *-n.* a metallic element. एक प्रकार का धातु।

Nip-निप्*-v. t. & i.* (*p. t.* **Nipped.**) to pinch, to bite, to check the growth of, to vex. कतरना, काटना, वृद्धि रोकना;*-n.* a pinch with nails or teeth, a biting, a small quantity of wine. नाखून या दाँत का कटाव, थोड़ी-सी मदिरा; **Nipped** (-ड्)*-adj.*cut off. कतरा हुआ; **To nip in the bud** (to destroy in the undevel-

oped state.) कली की अवस्था में काट लेना, अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

Nippers-नि-पर्ज़् -*n. pl.* pincers, pliers. सँड़सी, कतरनी।

Nipping-नि-पिङ्ग्-*adj.* that which nips. काटनेवाला; **Nippingly** (-पिङ्गि-लि)-*adv.* so as to nip. काटते हुए।

Nippers.

Nipple- नि-पूल्-*n.* the teat on a woman's breast, teat of a feeding bottle. स्तन का अगला भाग, चूचुक, दूध पिलाने की बोतल का अगला भाग।

Nisi-नाइ'-साइ-*conj.* unless before. अन्यथा, व्यर्थ का, पहिले का।

Nit-निट् -*conj.* the egg of a louse or small insect. छोटे कीड़ों का अण्डा, लीख, ढील।

Nitrate-नाइट्रेट् -*n.* a compound made of nitric acid and alcohol. शोरे के अम्ल तथा मद्यसार का घोल;-*v. t.* to impregnate with nitric acid. इस प्रकार का घोल तैयार करना।

Nitre-नाइ'-टर्-*n.* saltpetre. शोरा।

Nitric-नाइट्रिक् -*adj.* impregnated with nitre. शोरे का।

Nitrify-नाइट्रि-फ़ाइ-*v. t.* to form into nitre. शोरा बनाना। **Nitro**-नाइट्रो-*pref.* for combinations of nitric acid. उपसर्ग जिसका अर्थ "शोरे का अम्ल संबंधी" होता है।

Nitrogen-नाइट्रोजन्-*n.* a kind of gas. नाइट्रोजन नामक वायुरूप तत्त्व विशेष, नत्रजन; **Nitrogenous** (-जनस्)-*adj.* pertaining to nitrogen. नाइट्रोजन तत्त्व-सम्बन्धी।

Nix-निक्स्-*n.* a water-spirit. जल की परी।

No-नो-*adj.* not any. कोई भी नहीं; -*adv.* not at all. कुछ भी नहीं, अधिक नहीं;-*n.* (*pl.* **Noes.**) a word of denial, a saying no. नहीं का शब्द, अस्वीकार; **He did it in no time** (he did it immediately.) उसने शीघ्र ही यह किया; **He is no more** (he died.) वह मृत्यु को प्राप्त हुआ; **Nobody** (-बॅडि) -*n.* no person, no one. कोई नहीं, तुच्छ व्यक्ति; **No doubt** (certainly.) निःसंदेह; **No less than** (almost the same.) उतना ही; **No less than five men.** पाँच मनुष्य से कम नहीं; **No more** (nothing further.) अधिक नहीं; **No one** (none.) कोई भी नहीं; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Tell me whether or no** (declare affirmation or denial.) हाँ या नहीं कहो; **Two noes make a yes** (two negatives make one affirmative.) दो नहीं मिलकर एक हाँ बनाते हैं।

Nob-नॉब् -*n.* the head. सिर, मस्तक।

Nobble-नॉ-बूल्-*v. t.* to obtain by dishonesty. बेईमानी से छीन लेना।

Nobility-नॅ-बिलिटि-*n.* nobleness, dignity of mind, excellence, the persons holding the rank of nobles. कुलीनता, महत्त्व, महिमा (प्रताप), कुलीन लोग।

Noble-नो'-बूल् -*adj.* of high title or birth, splendid, magnificent, excellent, admirable. कुलीन, महानुभाव, सुप्रतिष्ठित, उत्तम (श्रेष्ठ), तेजस्वी; **Noble man** (a peer.) कुलीन पुरुष, शिष्ट मनुष्य; **Noble-minded** -*adj.* (of lofty ideas.) उच्च विचार का; **Noble-mindedness** (magnanimity.) उच्च विचार (बड़ी शिष्टता); **Nobleness** (-नॅस्)-*n.* greatness, stateliness. महत्त्व, श्रेष्ठता।

Nobly-नोब्लि -*adv.* in a noble manner. कुलीनता से।

Noblesse-नो'-ब्लेस्-*n.* persons of noble rank, the nobility. कुलीन लोग।

Nocent-नो'-सेंन्ट् -*adj.* hurtful, mischievous. कष्टकारक, पाजी।

Nock-नॉक्-*v. t.* to set an arrow on the string of a bow. धनुष पर तीर चढ़ाना; -*n.* the notch of an arrow, the forward upper corner of a sail. तीर के कोने का खण्ड, पाल का ऊपरी कोना।

Noctambulant-नॉक्ट्'-ऑम्-ब्यू'-लॅन्ट् -*n.* one who walks in sleep. निद्रा में चलने-फिरनेवाला।

Noctambulation- नॉक्ट्-ऑम्-ब्यु-ले'-शन् -*n.* walking in sleep. निद्रा में गमन (चलना)।

Noctiflorous-नॉक्टि-फ्लोर'-अस्-*adj.* flowering at night. रात को फूलनेवाला (पौधा आदि)।

Nocturnal-नॉक्टर्नल्-*adj.* pertaining to or done in the night. रात्रि सम्बन्धी, रात में किया हुआ।

Nocturne-नॉक्टर्न् -*n.* a picture of the night scene. रात्रि का दृश्य।

Nod-नॉड्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Nodded.**) to bend the head slightly and quickly, to be drowsy, to signify by a nod. सिर हिलाना, ऊँघना, सिर हिलाकर संकेत करना ;-*n.* a moving of the head, command, sign of absolute power. सिर की गति, आज्ञा, सर्व अधिकार का चिह्न; **Nodder** (-डर्)-*n.* one who nods. सिर हिलानेवाला ; **Nodding acquaintance** (slight knowledge of a person.) सामान्य परिचय, केवल साहब-सलामत।

Noddle-नॉ-ड्ल्-*n.* the head, back of head.

मस्तक, मस्तक का पिछला भाग ;-*v. t.* to move the head. सिर हिलाना ।

Noddy-नॉ-डि-*n.* a noodle, a simpleton, a tropical sea-bird. मूर्ख, गँवार, एक समुद्री चिड़िया ।

Node-नोड्-*n.* a knob or knot, a hard tumour. गाँठ, गिल्टी, गुल्म; **Nodical** (- इ-कल्) *-adjs.* pertaining to nodes. ग्रन्थि-सम्बन्धी ।

Nodose-नॅड'-ओस्-*adj.* knotty. गाँठदार, ग्रन्थि-युक्त ; **Nodulated** (-यु-लें-टॅड्) knotty. ग्रन्थियुक्त ।

Nodule-नॉ-ड्यूल्-*n.* a small knot. छोटी ग्रन्थि या गुल्म ।

Nodus-नोडस्-*n.* complication, a point of difficulty. पेचीदगी, आपत्ति ।

Nog-नॉग्-*n.* a block or piece of wood, stump of a tree. लकड़ी का कुन्दा, वृक्ष की थूनी ।

Noggin-नॉ-गिन्-*n.* a small mug or pot. छोटा घड़ा या पात्र ।

Noise-नॉइज़् - *n.* clamour, shouting, loud sound, din of voices. ध्वनि, शब्द, रव, शोर-गुल; *-v. t. & i.* to make a loud sound, to spread by rumour or report. शब्द करना, समाचार फैलाना ; **Loud noise** (clamour.) कोलाहल ; **To make noise** (to shout.) कोलाहल करना ।

Noiseless-नॉइज़्'-लॅस्-*adj.* having no noise. निःशब्द, मौन ; **Noiselessly** (-लि)-*adv.* without noise. चुपचाप ; **Noiselessness** (-नॅस्)-*n.* the state of being noiseless. निःशब्द ।

Noisily-नॉ-इ-ज़ि-लि-*adv.* with noise. उच्च स्वर से, बड़े शब्द से ।

Noisiness-नॉ-इ-ज़ि-नॅस्-*n.* clamour. कलरव, कोलाहल ।

Noisome-नॉइ'-सम्-*adj.* ill-smelling, hurtful, noxious to health, offensive, unwholesome. दुर्गन्धयुक्त, अपकारी, नीच, क्षयकर; **Noisomeness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being noisome. दुर्गन्ध, उग्रगन्धता ।

Noisy-नॉ - इ-ज़ि - *adj.* (*comp.* **Noisier**, *sup.* **Noisiest.**) full of noise, clamorous, loud, violent. कोलाहल करनेवाला, कोलाहल व्याप्त, तीव्र ।

Nomad-नो'-मॅ-ड्-*adj. & n.* wandering, roaming from place to place. घूमनेवाला, बंजारा ।

Nomadic-नो'-मॅ-डि-क्-*adj.* wandering. अस्थिर वास-सम्बन्धी; **Nomadically** (-अ-लि) -*adv.* in a nomadic manner. विचरते हुए ।

Nomadize-नो'-मॅ-डा-इज़्-*v. i.* to wander. अस्थिर वास करना ।

Nom de plume-नॉम्'-डि-प्लूम्-*n.* a writer's borrowed name. लेखक का कृत्रिम (बनावटी) नाम ।

Nomenclative-नो'-मॅ-न्-क्लॅ'-टिव् -*adj.* pertaining to nomenclature. परिभाषा सम्बन्धी ।

Nomenclature-नो-मॅ-न्क्लेचर्-*n.* a vocabulary of names, system of names, terminology of a science. शब्दों की सूची, नामकरण, परिभाषा ।

Nominal-नॉमिनल्-*adj.* of a noun, existing in names only. नाम-सम्बन्धी, नाम मात्र का; **Nominal ruler** (a ruler in name only.) नाम मात्र का राजा; **Nominal verb** (a verb formed from nouns.) नाम धातु (धातु से बनी हुई संज्ञा) ।

Nominalism-नॉमिनलिज़्म् - *n.* the doctrine that general notions exist merely in names. यह सिद्धान्त कि गुण केवल नाम में ही रहते हैं ; **Nominalist** (-इस्ट्)-*n.* one who upholds nominalism. ऐसे सिद्धान्त को माननेवाला ।

Nominally-नॉमिनलि-*adv.* by name only. नाम मात्र से ।

Nominate-नॉमिनेट्-*v. t.* to call by the name of, to propose for office, to appoint. नाम लेना, किसी पद के लिये निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना; **Nomination** (- शन्) - *n.* the act of nominating. नियोजन, प्रतिष्ठापन, नियुक्ति ।

Nominative (-टिव्) - *n. & adj.* the case of the subject of a finite veeb, of this case. कर्त्ता कारक, इस कारक का ।

Nominator-नॉमिनेटर्-*n.* one who nominates. नियुक्त करनेवाला ।

Nominee-नॉमिनी- *n.* a person named or designated. नियुक्त पुरुष ।

Non-नॉन्-*pref.* added to nouns and adjectives in sense of "not". "अभाव" अर्थ का उपसर्ग; **Nonage**-नोनॅज् - *n.* early stage, minority. बाल्यावस्था, लड़कपन ।

Nonagenarian-नॉनजि-नें-रिअन् -*n.* a person from 90 to 100 years of age. नब्बे से सौ वर्ष तक की वय का मनुष्य ।

Nonagon-नॅ-न'- अ - गन्-*n.* a nine-angled polygon (*geom.*) रेखागणित में नव कोण की आकृति ।

Nonary-नोनरि -*n.* a group of nine. नव का समुदाय ।

Nonce-नॅ-न्स् -*n.* the present time. वर्तमान काल, यह अवसर ।

Nonchalance-नॅ-न्'-शलन्स्-*n.* indifference. उदासीनता, शान्ति ।

Nonchalant-नॅ न्'-शलन्ट्-*adj.* indifferent, unmoved. उदासीन, शान्त; **Nonchalantly**

(-लि) *-adv.* with indifference. उदासीनता से।

Non-commissioned-नॅन् - कमिशन्ड् - *adj.* not appointed for any special work. अनधिकारी, बिना किसी विशिष्ट अधिकार का।

Noncompos-नन्'-कॅम्-पॅस् *-adj.* an idiot. मूर्ख, पागल, झक्की।

Nonconductor-नॅन्-कन्डक्टर् *-n.* a substance that obstructs the flow of heat or electricity. बिजली या उष्णता के प्रवाह को रोकनेवाला पदार्थ, अपरिचालक पदार्थ।

Nonconformist-नॅन्-कन्फ़ॉर्मिस्ट् *-n.* one who does not conform to the doctrine of the established church. प्रचलित ईसाई मत को न माननेवाला।

Nonconformity-नॅन्-कन्फ़ॉर्मिटि - *n.* failure to conform. विरोध, विरुद्धता।

Non-co-operation-नॅन्-को - ऑपरेशन् *-n.* the act of not co-operating with the established government. असहयोग।

Non-co-operator-नॅन्-को - ऑपरेटर् - *n.* one who non-co-operates. असहयोगी, सहयोग न करनेवाला मनुष्य।

Nondescript-नॅन्'-डिस्-क्रिप्ट्-*adj.* not able to be classified, strange. क्रम में न रखने योग्य, विलक्षण, अपूर्व।

None-नन्-*pron., adj. & adv.* not any. कोई नहीं; None-the-less (nevertheless.) तथापि, तो भी।

Nonentity - नॅ-नॅन्टिटि *-n.* non - existence. अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता।

Non-existence-नॅन्-एग्ज़िस्टेन्स्-*n.* a thing having no existence. अभाव, सत्ता का न होना।

Nonpareil-नॅन्'-प-रॅल् - *adj. & n.* a unique thing, peerless, a kind of printing type. अद्वितीय, अनुपम, एक प्रकार के छापे के टाइप।

Nonplus-नॅन्-प्लस्-*v. t.* (*p. t.* Non-plussed) to confound, to reduce to perplexity. व्याकुल करना, निरुत्तर करना; *-n.* perplexity. व्याकुलता; Non-plussed (- ड्) *-adj.* confounded, perplexed. व्याकुल, निरुत्तर।

Non-resident-नॅन्-रॅज़ि-डॅन्ट्-*adj. & n.* not residing where his duties require him to reside. अपने स्थान पर न रहनेवाला; Non-residence (-डन्स्) *-n.* the state of being non-resident ऐसी स्थिति।

Nonsense-नॅन्'-सॅन्स् *-n.* an absurd, foolish or meaningless words. अनर्थक (असम्बद्ध) वचन, प्रलाप, असंगत वार्ता।

Nonsensical-नॅन्-सॅन्सिकल्-*adj.* unmeaning. अनर्थक; Nonsensically (-लि) *-adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में।

Non-sequitur-नॉन्-सॅक्विटर् *-n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है।

Nonsuch, Nonesuch -नॅन्'-सच् (नन्'-सच्) *-ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष।

Nonsuit-नॅन्'-सूट्-*n.* the stoppage of a law suit. किसी मुक़द्दमे का खारिजा;-*v.t.* to drop a suit.मुक़द्दमा खारिज करना, या उठा लेना; Nonsuited(-ऍड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ।

Noodle-नू'-ड्ल् *-n.* a simpleton. मूर्ख, मूढ़; Noodledom (-डम्) - *n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता।

Nook - नूक् - *n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान।

Noon-नून्- *n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; *-adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का;Noon-day(-डे)-*n.* midday. मध्याह्न काल।

Noose-नूज़्(-स्-)-*n.* a loop with a runningknot. सरकनेवाला फन्दा;-*v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फँसाना।

Nor-नॉर्-*conj. & adv.* not either. न, न तो।

Norm-नॉर्म्-*n.* parttern, type, a model. नमूना, आदर्श (नियम), सिद्धान्त।

Normal-नॉर्मल्-*adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृतिक; लम्बरूप;-*n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति, Normal school (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला।

Normalcy-नॉर्मल्सि-or Normality-नॉर्मलि-टि।

Normalization-नॉर्मलाइज़ेशन् - *ns.* natural state. प्राकृतिक अवस्था।

Normalize-नॉर्मलाइज़-*v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना।

Normally-नॉर्मलि *-adv.* in a normal manner. विधिवत्।

Norman-नार्मन्-*n.*an inhabitant of Normandy. नार्मन्डी देश का निवासी।

Norse - नॉर्स् - *n.* the Norwegian language. नॉर्वे देश की भाषा।

North-नॉर्थ्-*n.* the direction opposite to the south. उत्तर, उत्तर दिशा; North-east (the point between north and east.) पूर्वोत्तर का कोण, ईशान दिशा; Northernmost (अर्नमोस्ट) *-adj.* (also Northermost or Northmost.) most northerly. सबसे उत्तर का।

Northing-नॉर्थ्-इङ्ग् - *n.* northward progress of a ship. उत्तर की ओर जहाज़ की गति।

North-pole-नॉर्थ्'-पोल् - *n.* the point in the heavens or beneath it on the earth's surface ninety degrees north of the equator. उत्तरी ध्रुव।

North-star-नार्थ्-स्टार्-*n.* the polar star. ध्रुव-तारा।

Northward(-s) नॉर्थ्-वर्ड् (-स्) - *adv.* towards the north. उत्तर की ओर।

North-west-नॉर्थ्-वेस्ट्-*n.* (also **Norwest.**) the point between north and west. पश्चिमोत्तर, वायव्य दिशा।

Norwegian-नॅर्-वी'-जन्- *adj. & n.* a native of Norway, belonging to Norway. नॉर्वे देश का निवासी, नॉर्वे देश का।

Nose- नोज़् - *n.* prominent part of the face, the organ of smell, sense of smell, the projecting part of anything. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, सुगन्ध, नाक, किसी वस्तु का उभड़ा हुआ भाग; -*v. t.* to smell, to know by smelling. गन्ध का अनुभव करना (सूँघना), सूँघकर पता लगाना; **Aquiline nose** (pointed nose.) सुग्गे की ठोर के सदृश नाक; **Nose of wax** (an over-pliable person.) सहज में डिग जानेवाला मनुष्य; **To follow one's nose** (to go forward in a straight line.) नाक के सीधे जाना; **To lead by the nose** (to lead blindly.) नकेल पकड़कर ले चलना; **To nose about** (to investigate.) पता लगाना; **To poke one's nose** (to make interruption in other's work.) दूसरे के काम में दखल देना; **To speak through the nose.** नकियाकर बोलना।

Nose-bag - नोज़्' - बॅग् - *n.* a bag tied to a horse's nose. तोबड़ा।

Nosed-नोज़्ड् -*adj.* having a nose. नाकदार।

Nose-dive-नोज़्'डाइव्-*n.* the plunging of an aeroplane towards the ground. हवाई जहाज़ का नीचे की ओर (भूमि पर) एकाएक उतरना।

Nose-flute-नोज़्'-फ्लूट्- *n.* a musical instrument operated by the nose. नाक से बजाने का बाजा।

Nosegay-नोज़्-गे -*n.* a bunch of sweet scented flowers. सुगन्धित फूलों का गुच्छा।

Nose-less-नोज़्' - लॅस् - *adj.* without a nose. बिना नाक का।

Nose-pin - नोज़्'-पिन्- *n.* a pin for the nose. नाक में पहिनने की कील, नकफूल।

Nose-ring-नोज़्'-रिङ्ग् - *n.* an ornament for the nose. नथुनी।

Nosing-नोज़्-इङ्ग् - *n.* the rounded edge of a step. सीढ़ी के डण्डे का गोल किनारा।

Nostalgia-नॅस्-टॅल्'-जि- आ - *n.* home-sickness. घर पर पड़े रहने की बीमारी।

Nostradamus-नॅस्-ट्रॉ-डे'-मस् - *n.* one who makes predictions. भविष्यवक्ता।

Nostril-नॅस्ट्रिल् - *n.* either of the apertures or openings in a nose. नासिका-छिद्र, नथुना।

Nostrum-नॅस्ट्रम् -*n.* (*pl.* **Nostrum.**) a secret remedy or prescription. गुप्त औषध।

Nosy-नोज़ि -*adj.* having a big nose, inquisitive. बड़ी नाकवाला, कुतूहली।

Not-नॉट् - *adv.* a word expressing denial or negation. नहीं, न, मत; **Not a few** (many.) बहुतेरे; **Not seldom** (often.) प्राय:, कभी-कभी।

Nota bene-नो'-टा-बी'-नी-*v. imp. mood.* (*abbr.* **N. B.**) note what follows. नीचे लिखे विषय पर ध्यान दो।

Notability - नोटॅबिलिटि - *n.* notableness. प्रसिद्धि, ख्याति।

Notable-नो-टॅ-बल्-*adj.* remarkable, worthy of notice, striking, conspicuous, capable. स्मरणीय, प्रसिद्ध, उत्कृष्ट, योग्य; -*n.* a person or thing worthy of note, an eminent person. प्रसिद्ध पुरुष या पदार्थ।

Notably-नो-टॅ-ब्लि-*adv.* in a notable manner. प्रसिद्धि से।

Notarial-नोटेरिअल् - *adj.* pertaining to a notary. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाले अफ़सर से सम्बन्धित।

Notary-नोटरि - *n.* a public officer authorized to attest contracts &c. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाला अफ़सर।

Notation- नोटेशन्- *n.* the act or practice of representing numbers by symbols. अंक-क्रिया, गणना।

Notch- नॉच् - *n.* a cut, a nick. दाँता, कटाव; -*v. t.* to cut hollows in. दाँतेदार बनाना; **Notched** (- ड्), **Notchy** (- ई) - *adjs.* indented. दाँतेदार।

Note-नोट् - *n.* a distinctive mark, token or sign, a short letter, a mark of censure, a brief record of facts, annotations to a book, observation, character in music, formal communication, written promise for payment, a comment, memorandum, receipt, written acknowledgement of a debt, notice, attention, importance, consequence, notability, intimation. विशिष्ट चिह्न, संकेत, छोटा

वर्ण, लान्छन, संक्षिप्त लेख, पुस्तक की टीका, संगीत का स्वर, औपचारिक बात-चीत या लिखा-पढ़ी, चुकती की लिखित प्रतिज्ञा, व्याख्या, स्मृतिपत्र, रसीद, ऋण की लिखित स्वीकृति, सूचना, ध्यान, महत्त्व, परिणाम, ख्याति, जानकारी; *-v. t.* to annotate, to attend to, to set down in writing, to take notes, to observe, to mention, to set to music, to indicate. आलोचना करना, ध्यान देना, लिखना, विचारना, बताना, गाना प्रारंभ करना, इशारा करना; **Noted** (-ऍड्)*-adj.* renowned, marked, recorded, put in mind. प्रसिद्ध, अङ्कित, लिखित, ध्यान में रखा गया; **Hand-note** (a written promise to pay.) रुक्का, पुर्जा; **High note** (elevated voice.) ऊँचा स्वर ।

Note-book-नोट्'-बुक् - *n.* a book in which notes are written. स्मरणार्थ विषय लिखने की छोटी पुस्तक ।

Noteless-नोट्'-लॅस्*-adj.* not attracting notice. अप्रसिद्ध, अनाकर्षक ।

Notelet-नोट्'-लट्*-n.* a short note. पुस्तिका, छोटी स्मरणार्थ पुस्तक ।

Notepaper -नोट्' -पे-पर् - *n.* a small-sized writing paper. चिट्ठी लिखने का कागज़ ।

Noteworthy-नोट्'-वर्दि*-adj.* worthy of observation. विचार करने योग्य ; **Worthy of note** (very famous, illustrious.) अति प्रसिद्ध, विख्यात ।

Nothing-नथ्'-इङ्ग्- *n.* not anything, non-existence, a trifle, a cipher. अभाव, असत्व (कुछ भी नहीं), तुच्छ वस्तु, शून्य;*-adv.* in no degree. कुछ भी नहीं ; **Can make nothing of** (cannot understand.) नहीं समझ सकता ; **For nothing** (uselessly.) अकारण, वृथा ; **That is nothing to you** (it is of no concern to you.) आपसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है; **To come to nothing** (to turn useless.) निष्फल होना ; **To dance on nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To make nothing of** (to treat as a trifle.) तुच्छ जानना ।

Nothingness-नथ्'-इङ्ग्-नॅस्*-n.* nonexistence. अभाव, शून्यता ।

Notice-नो-टिस्*-n.* intimation, information, remark, warning, announcement, attention, consideration, treatment of respect. जानकारी, सूचना, चेतावनी, घोषणा, ध्यान, विचार, सत्कार;*-v. t.* to observe, to treat with attention, to mention. ध्यान देना, विचार करना, वर्णन करना; **Notice-board** (a board for pasting notices on.) सूचना-पट; **Take notice** (be careful.) सावधान हो जाओ; **To come to notice** (to attract attention.) ध्यान आकर्षित करना; **Written notice** (a notice in writing.) लिखित सूचना ।

Noticeable-नोटिसॅब्ल्*-adj.* worthy of notice, remarkable. विचारणीय ।

Noticeably - नोटिसॅब्लि - *adv.* remarkably. विचारपूर्वक ।

Notifiable - नोटिफ़ायॅब्ल् - *adj.* worthy of notice. सूचना देने योग्य ।

Notification-नोटिफ़िकेशन्*-n.* the act of giving notice. सूचना, विज्ञापन ।

Notify-नोटि-फ़ाइ*-v.t.* (*p.t.* **Notified.**) to make known, to give notice to, to inform. सूचना देना, प्रकाशित करना, घोषणा करना, जताना ।

Notion-नो'-शन्- *n.* idea, conception, view, thought, opinion. कल्पना, भाव, अभिप्राय, विचार, मत ; **Under the notion** (with the idea.) इस अभिप्राय या विचार से ।

Notional- नो' - शनल् - *adj.* imaginary, fanciful. मन से गढ़ा हुआ, मनःकल्पित; **Notionally** (-अ-ली)*-adv.* fancifully. कल्पना से ।

Notoriety-नॅ-टॅ-राइ'-इटि - *n.* notoriousness. प्रसिद्धि, दुर्नाम ।

Notorious- नॅ- टोरि - अस् - *adj.* commonly known, infamous. प्रख्यात, लोकप्रसिद्ध, दुर्नाम; **Notoriously**(-लि) - *adv.* in a notorious manner. प्रत्यक्ष रूप से, प्रसिद्धि से; **Notoriousness** (-नॅस्)*-n.* the state of being notorious. कुप्रसिद्धि ।

Notwithstanding-नॉट्' - विद् - स्टॅन्ड्' - इङ्ग्- *prep., adv. & conj.* in spite of. तथापि, तो भी, ऐसा होते हुए, यद्यपि ।

Nought-नॉट्*-n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य, (o) ; **To set at nought** (to despise.) तिरस्कार करना ।

Noumenal, Noumenally-see Noumenon.

Noumenon-नू (-नाउ) - मिनन् - *n.* (*pl.* **Noumena.**) an unknown or unknowable subject. अज्ञात अथवा ज्ञात न होने योग्य विषय; **Noumenal** (-अल्) - *adj.* pertaining to noumenon. अज्ञात ; **Noumenally** (-अलि) *-adv.* in an unknown manner. अज्ञात रूप से ।

Noun-नाउन्*-n.* a word used as the name of a person, place or thing. नाम, संज्ञा ।

Nourish-नरिश् - *v. t.* to nurture, to support, to sustain with food, to cherish, to promote growth. पालन-पोषण करना, पालना, बढ़ाना ।

Nourisher - नरिशर् - *n.* he who or that which nourishes. पालन करनेवाला ।

Nourishing- नरिशिङ्ग - *adj.* promoting gro-

with, giving nourishment. पुष्टिकर, पौष्टिक ।

Nourishment-न -रिश् -मेन्ट् - *n.* nutriment, food. पोषण, भोजन ।

Novel-नॅ-वॅ'-ल्-*n.* a fictitious tale, कल्पित कथा, उपन्यास ;-*adj.* strange, unusual, unknown before. अपूर्व, विलक्षण, अनोखा, अनूठा ।

Novelette-नॅ-वॅ-लॅट् -*n.* a small-novel. छोटा उपन्यास, छोटी कहानी ।

Novelist-नॅ-वॅ-लिस्ट् -*n.* a writer of novels. उपन्यास-लेखक; **Novelistic** (-इक्) - *adj.* of the nature of a novel. उपन्यास रीति का ।

Paramount-पॅ-र्'-अ-माउन्ट्-*adj.* pre-eminent, supreme, superior to all others, of the highest order or importance. परम, विशिष्ट, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, प्रधान; **Paramountcy** (-सि) -*n.* pre-eminence or superiority. सर्वश्रेष्ठता; **Paramountly** (-लि) -*adv.* pre-eminently. सर्वश्रेष्ठता से; **Paramount lord** (supreme lord.) सार्वभौम; **Paramount sway** (supreme government.) साम्राज्य।

Paramour-पॅ - र्' - अ - मूर् - *n.* a lover or mistress. यार, उपपति या उपस्त्री।

Paranoia-पॅर्'-अ-नॅ-इआ-*n.* mental derangement. मानसिक विप्लव, पागलपन।

Parapet-पॅरपिट् - *n.* a wall at the edge of a roof or bridge, the wall at the side of a trench. दीवार, रोक, खाई के पास की दीवार।

Paraph-पॅ-रॅफ्-*n.* flourish after a signature. हस्ताक्षर के बाद का घुमौवा चिह्न; **Royal paraph** (royal sign.) राजचिह्न; **Woman's paraph** (gift of a husband to his wife.) स्त्रीधन।

Paraphernalia-पॅ - र' - अ - फर्नेलिआ - *n. pl.* personal belongings, [illegible]nts. अपनी निजी सामग्री, सामान, आभूषण।

Paraphrase-पॅ'-र-फ्रेज़् -*n.* free explanation of a passage. विस्तृत व्याख्या, (अन्य शब्दों में विवरण); - *v. t.* to translate freely. सविस्तार व्याख्या करना।

Paraphrastic-पॅरफ्रॅस्टिक्- *adj.* of free explanation. विस्तृत रूप का; **Paraphrastically** (-अ-लि) -*adv.* in a paraphrastic manner. व्याख्या रूप में।

Paraplegia- पॅरप्ली-जि-आ - *n.* paralysis of the lower limbs. नीचे के अङ्गों का पक्षाघात।

Paraquet-पॅ-र्'-अ-कीट्' -*n.* a small parrot. छोटा सुग्गा।

Parasite-पॅ-र-साइट् - *n.* a hanger-on, a toady, an animal or plant which gets its nourishment from another. परान्नभोजी, परजीवी, चापलूस, वह प्राणी (या पौधा) जो दूसरे प्राणी (या पौधे) से पोषण पाता है।

Parasitic-पॅ-र-सिट्'- इक्, **Parasitical** (-अल्) -*adjs.* living on another, like a parasite. पराश्रयी, दूसरे का आश्रय लेनेवाला।

Parasiticide-पॅरॅ-र-सिट्'-इ-साइड्-*n.* destroying of parasites. ऐसे पौधे या प्राणियों के नाश करने की औषधि।

Parasitize-पॅर-र-सि- टाइज़्' - *v. t.* to act as a parasite. पराश्रयी होकर लगना।

Parasol -पॅ-र्'-अ-सॅ-ल्-*n.* a small umbrella. (स्त्रियों का) छोटा छाता।

Parataxis-पॅ-र- टॅक्स्' - इस्-*n.* a number of clauses put together without connecting words. संयोग-रहित पदों का क्रम।

Parboil-पॉर्'-बॉ-इल्-*v. t.* to boil partially. अधूरा पकाना या क्वाथ करना।

Parcel-पार्सल् - *n.* a part, a package, bundle, lot. खण्ड, पोटली, गट्ठर (पुलिन्दा), ढेर;-*v. t.* (-सॅल्') (*p. t.* **Parcelled.**) to divide into portions. खण्ड करना, भाग करना; -*adv.* incomplete. थोड़ा, अधूरा; **Part and parcel** (essential part.) अङ्गभूत; **To parcel out** (to separate.) अलगाना।

Parcenary-पार्सनरि-*n.* joint heirship. बराबर का अधिकार, बपौती का साझा।

Parcener-पार्सनर्-*n.* a co-heir. समानाधिकारी, साझीदार, पट्टीदार।

Parch-पार्च्'-*v. t. & i.* to roast slightly, to scorch, to become hot and dry. भुनना, झुलसाना, सूखना।

Parched-पार्च् -इ-*adj.* dried, roasted. सूखा हुआ, भुना हुआ; **Parchedness** (-नॅस्) - *n.* the state of being scorched. झुलसन; **Parched rice.** लावा।

Parchment-पार्च्'-मॅन्ट्-*n.* the skin of sheep or goat prepared for writing or painting. चर्मपत्र, लिखने या चित्र बनाने के लिये भेंड़ी या बकरी का चमड़ा (चमड़े का कागज)।

Pard-पार्ड्-*n.* a leopard. तेंदुआ, चीता।

Pardon-पार्'-ड्न्-*n.* forgiveness, remission of punishment for a crime. क्षमा (दोषमुक्ति), अपराध-क्षमा; -*v. t.* to forgive, to excuse. क्षमा करना, माफ़ करना।

Pardonable-पार्डनेबल्-*adj.* excusable. क्षमा के योग्य; **Pardonableness** (-नॅस्) -*n.* excusableness. क्षमायोग्यता; **Pardonably** (-एब्लि) -*adv.* क्षमापूर्वक; **Pardoner** (-अर्) -*n.* क्षमा करनेवाला।

Pare-पेयर्-*v. t.* to trim by cutting away small bits, to diminish. कतरना (छाँटना), कम करना (टुकड़ा करना)।

Parer-पेयरर्-*n.* one who pares. कतरनेवाला।

Paregoric-पॅरिगॉरिक्-*adj. & n.* soothing, a medicine which mitigates pain. शान्तिप्रद, पीड़ा कम करनेवाली औषधि।

Parenetic-पॅरॅ-नॅ-टिक्-*adj.* persuasive. प्रेरणा करनेवाला।

Parent- पॅ-रॅन्ट्-*n.* (*common gender.*) father or mother, origin, source. माता-पिता (प्रभव), कारण, जन्महेतु।

Parentage-पॅ-रॅन्टेज्-*n.* descent from parents, lineage. जाति, कुल।

Parental-पॅ-रॅन्टल्-*adj.* pertaining to parents. पैतृक, माँ-बाप-सम्बन्धी; **Parental affection** (love of parents.) अपत्य-स्नेह।

Parenthood-पॅ-रॅन्ट्-हुड्-*n.* the state of being a parent. पितृत्व।

Parenticide-पॅ-रॅ - न्टिसाइड् - *n.* killing of parents. पितृहत्या।

Parentless-पॅ-रॅन्ट-लॅस्-*adj.* without parents. बिना माँ-बाप का।

Parenthesis-पॅरॅन्थिसिस्-*n.* (*pl.* **Parentheses** -सीज़्) a sentence or a clause not grammatically essential, used in brackets, round brackets. निक्षेप वाक्य, अप्रधान वचन, कोष्टक का ( ) चिह्न।

Parenthesize-पॅरॅन्थिसाइज़्-*v. t. & i.* to put words in brackets. शब्दों को कोष्टक में रखना।

Parenthetic-पॅरॅन्थिटिक्, **Parenthetical** (-कल्) -*adjs.* interposed. प्रासंगिक, अप्रधान; **Parenthetically** (-अ-लि)-*adv.* निक्षिप्त रूप में।

Paresis-पॅ'-रि-सिस्-*n.* paralysis affecting muscles only. केवल पेशियों का सुन्न हो जाना।

Paretic-पॅरिटिक्-*adj.* pertaining to parasis. पेशियों का सुन्न होनेवाला।

Parget-पॉर्' जॅट्-*n.* plaster. दीवारों पर का पलस्तर;-*v. t.* to plaster wall &c. दीवार इत्यादि पर पलस्तर करना।

Pariah-पॅरिआ-*n.* a member of the lowest caste, a social outcast. सबसे नीच जाति का मनुष्य, समाज से बाहर निकाला गया।

Parietal-पॅराइ-इट्ल्-*adj.* pertaining to the walls of the body. शरीर के बाहरी भाग का।

Pari-mutual - परिम्युच्युअल् - *n.* a betting machine. जुवा खेलने का एक प्रकार का यन्त्र।

Paring-पेअर्-इङ्ग्-*n.* a portion cut off. कतरन।

Parish-पॅ'-रिश्-*n.* an ecclesiastical division of a country. पादरी का प्रदेश।

Parishioner-पॅ-रि-शन्-र्-*n.* a resident in a parish. ग्रामवासी; **Parish priest** (the priest of a parish.) देहात का पुरोहित।

Parity-पॅ'-रि-टी -*n.* (*pl.* **Parities.**) equality, analogy. समानता, बराबरी।

Park-पार्क् - *n.* a piece of enclosed land in a town for public recreation, a space for artillery, stores &c. प्रमोदवन (सर्वसामान्य के घूमने का बगीचा), फ़ौजी सामग्री रखने का स्थान;-*v. t.* to enclose in a park, to arrange artillery. to stop a car in a reserved space. क्रीड़ावन में बन्द करना, फ़ौजी सामग्री इकट्ठा करना, निश्चित स्थान पर गाड़ी खड़ा कर रखना **Parker**(-अर्)-*n.* a park-keeper, a park rabbit. प्रमोद वनपालक, उद्यान का खरहा।

Parlance-पॉर्'-लॅन्स्-*n.* mode of speech, conversation. सम्भाषण, बोलने की रीति।

Parley-पार्लि -*n.* (*pl.* **Parleys.**) a conference for debate, talk, discussion. संभाषण, वार्तालाप, शास्त्रार्थ; - *v. i. & t.* (*p. t.* **Parleyed.**) to discuss terms of peace with enemy. शत्रु से सन्धि की बातचीत करना।

Parliament-पार्'-लॅ-मॅन्ट्-*n.* the supreme legislative council of the United Kingdom. इँग्लैंड की सबसे बड़ी प्रतिनिधि सभा; **Parliamentarian** (-मन्टेरिअन्) - *n.* इस सभा में वाद-विवाद करने में निपुण ; **Parliamentary** (-अ-रि)-*adj.* pertaining to parliament. इस महासभा-सम्बन्धी।

Parlour-पार्लर् -*n.* an ordinary sitting room in a house, a room for private conversation. बैठक, संलापगृह; **Parlourmaid** (a female cook.) रसोईदारिन।

Parlous-पार्लस् -*adj.* perilous. भयंकर।

Parmesan-पार्मिजन् -*n.* a kind of cheese. एक प्रकार की पनीर।

Parochial-परोकिअल् - *adj.* pertaining to a parish. ग्राम्य, देहात का।

Parodist-पॅ'-रॅ - डिस्ट् - *n.* one who makes parodies. विनोद के लिये अनुकरण करनेवाला।

Parody-पॅ'-रॅ'-डि-*n.*(*pl.* **Parodies.**) a writing in which an author's characteristics are imitated and ridiculed. अनुकरणकाव्य; -*v. t.* (*p. t.* **Parodied.**) to imitate as a parody. ग्रन्थकर्ता के शब्दों को उलट-पलट करना।

Parol-पॅ-रॅ-ल्-*adj.* oral. मौखिक, मुखसे कहा हुआ।

Parole-पॅ-रोल'-*n.* a word of honour, a word of promise, a military password, a military prisoner's solemn promise. वचन, प्रतिज्ञा, सेना का सांकेतिक शब्द, युद्ध के बन्दी की दृढ़ प्रतिज्ञा; -*v. t.* to leave a prisoner on parole. कैदी को दृढ़ प्रतिज्ञा पर छोड़ना।

Paronomasia -पॅ-रॅ-नॅ-मे-जि-आ - *n.* a play on words, pun. श्लेष, शब्दालंकार।

Paronym-पॅ'- रॅ- निम् -*n.* words alike in sound but different in spelling and meaning. ऐसे शब्द जिनकी ध्वनि एक, पर उच्चारण और अर्थ भिन्न हों; **Paronymous** (-रॉ-नि-मस्) -*adj.* like a paronym. ऐसा शब्द सम्बन्धी।

Paroquet -पॅ-रॅ-केट् - *n.* a small parrot. छोटा सुग्गा।

Parotid-परॉटिड् -*adj.* situated near the ear. कान के पास का।

Parotitis -पॅ-रॅ'-टाइ'-टिस् -*n.* mumps. कर्णमूल फूलने का रोग।

Paroxysm-पॅ-रॉक्स्'-इज़्म्-*n.* violent fit of a disease, a violent fit. रोग का आवेग, आक्रोश; **Paroxysmal** (-अल्) -*adj.* pertaining to paroxysm. आवेग-सम्बन्धी।

Parpen-पार'-पेन्-*n.* a smooth-faced stone passing through a wall. पत्थर का बन्द।

Parquet-पार्के या पार' - कॅट् - *n.* wooden flooring. लकड़ी की छत; **Parquetry** (-रि)-*n.* inlaid woodwork in floors. रंगबिरंगी छत।

Parricidal-पॅ-रि-साइड्ल्-*adj.* pertaining to parricide. पितृहत्या-सम्बन्धी।

Parricide-पॅ'-रि-साइड्-*n.* murderer of a parent or near relation. पितृघाती, समीप के सम्बन्धी की हत्या करनेवाला।

Parrot-पॅ-रट्-*n.* a bird of beautiful plumage taught to repeat words. सुग्गा, तोता; - *v. t.* to utter words without knowing their meaning. तोते की तरह बिना अर्थ समझे शब्द दुहराना।

Parry-पॅ'-रि-*v. t.*(*p. t.* **Parried.**) to ward off, to prevent, to avert. हटाना, रोकना, दूर करना।

Parse-पार्ज़्-*v. t.* to name the parts of speech of a word and to show its relation in a sentence to other words. पदच्छेद करना, पदभंजन करना।

Parsing-पार्जिङ्ग्-*n.* naming the parts o speech &c. of a word. पदभंजन, पदच्छेद।

Parsee-पार्सी-*n.* one who believes in Zoroastrianism. पारसी, अग्निपूजक ; **Parseeism** (-इज़्म्)-*n.* Parsee religion. पारसी धर्म।

Parseval-पार'-सॅ-वल्-*n.* a kind of German airship. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज़।

Parsimonious-पार्सि-मो'-नि - अस् - *adj.* niggardly. अल्पव्ययी, कृपण; **Parsimoniously** (-लि) -*adv.* in a parsimonious manner. कृपणता से; **Parsimoniousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being parsimonious. कृपणता, कंजूसी।

Parsimony-पार्सिमनि-*n.* stinginess, frugality, economy. मितव्यय, कंजूसी, कमखर्ची ।

Parsley-पार्-स्-लि- *n.* a plant with aromatic leaves. अजमोदा, खुरासानी अजवायन ।

Parsnip-पार्'-स्निप् - *n.* a plant with edible root. चुकन्दर ।

Parson-पार्सन् - *n.* a rector, a clergyman. पादरी ।

Parsonage-पार्सनेंज्-*n.* residence of a parson. पादरी का घर ।

Parsonic-पार्सनिक्-*adj.* pertaining to a clergy. पादरी का ।

Part-पार्ट्' - *n.* a fragment, division, portion considered apart, share, side, the words of an actor on the stage. भाग, अंश, खण्ड हिस्सा, ओर (अवयव), नाटक के पात्र का नियोग; Parts-(*n. pl.*) accomplishment, qualities. गुण, विशेषता; -*v. t. & i.* to distribute, to be separated, to break asunder, to share. विभाग करना (बाँटना), अलगाना (विदा होना), तोड़कर अलग करना, हिस्सा लगाना; **For my part** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है; **For the most part** (almost.) प्राय: ; **I have done my part** (I have done the part allotted to me.) मैंने अपना निर्धारित कार्य कर लिया; **In good part** (favourably.) अनुग्रह से ; **In parts** (in portions.) थोड़े अंश में; **On the part of** (for the sake of.) वास्ते, लिये; **Part and parcel** (essential portion.) आवश्यक अङ्ग; **Part of speech** (class of words.) शब्दखण्ड; **Part-owner** (associate.) साझी; **Three parts** (3/4th portion.) रुपये में बारह आना; **To have a part in** (to be connected with.) सम्बन्ध रखना; **To part company** (to dissolve companionship.) साथ छोड़ना; **To part the hair** (to separate the hair of the head with a comb.) सिर के बालों को सँवारना ; **To part with** (to surrender, to give up.) आत्म-समर्पण करना, विदाई लेना, त्यागना ; **To take part** (to help.) सहायता देना ।

Partakable-पार्-टेकें-बुल् - *adj.* able to be shared. बाँटने योग्य ।

Partake-पार्टेक्-*v. t. & i.* (*p. t.* Partook, *p. p.* Partaken.) to take share in. अंश बाँटना, हिस्सेदार होना ।

Partaker-पार्टेकर्-*n.* a sharer. भागी, हिस्सा लेनेवाला ।

Parted-पार्टेड्-*adj.* severed, separated. पृथक् किया हुआ, अलगाया हुआ ।

Parterre-पार्टेर् -*n.* space of flowerbeds in a garden, ground floor of a theatre. पुष्प-वाटिका, नाटकघर की जमीन ।

Partial-पार्'-शल् - *adj.* incomplete, unfair, of a part only, biased. अपूर्ण, पक्षपाती, एक-देशीय; **Partial eclipse** (eclipse of a part only.) खण्डग्रास ग्रहण ।

Partiality-पार्शिऑलिटि - *n.* bias, favouritism, special fondness for. असमदृष्टि, पक्षपात, अनुराग (स्नेह) ।

Partially-पार्शलि-*adv.* in a partial manner, not entirely. अंश में, थोड़ा-सा ।

Partibility-पार्टिबिलिटि-*n.* separability, divisibility. पृथक् स्थिति ।

Partible-पार्टि-बुल्-*adj.* separate, able to be separated. भाग करने योग्य, पृथक्, अलग ।

Participate-पार्टि-सि-पेट्-*v. i.* to have share in, to have something of. अंश ग्रहण करना, साझी होना (बाँटना) ।

Participant-पार्टि-सि-पेन्ट्-*n.* one who partakes. भागी, हिस्सेदार ।

Participation-पार्टिसिपेशन्-*n.* a sharing in common with others. हिस्सेदारी, बँटवारा ।

Participator-पार्टिसिपेटर्-*n.* a partaker. भाग लेनेवाला ।

Participial-पार्टिसिपिअल् -*adj.* formed from a participle. कृदन्त का; **Participially** (-लि) -*adv.* in a participial manner. कृदन्त रूप में ।

Participle-पार्टिसिपल् -*n.* a verbal adjective which qualifies a noun. कृदन्त, जिस शब्द में विशेषण तथा क्रिया के गुण हों ।

Particle-पार्टि-कल् -*n.* a minute portion, the smallest amount, an atom. कण (लेश), परिमाण, छोटा अंश ।

Parti-coloured-पार्टि - कलर्ड् - *adj.* partly of one colour and partly of another, variegated. रङ्ग-बिरङ्गा ।

Particular-पर्टिक्युलर् - *adj.* relating to one single person or thing, careful, precise, special, peculiar. विशिष्ट, सावधान, स्थिर, विलक्षण, अपूर्व (असाधारण), अमुक, सूक्ष्म; **At a particular time** (on a special occasion.) किसी विशिष्ट समय पर; **Give the particulars** (give detailed description of.) विस्तृत विवरण दो, खुलासा तफसील बयान करो; **In particular** (particularly.) विशेषकर ; **Particulars of a battle** (detailed description of a battle.) युद्ध का विस्तारपूर्वक वर्णन ।

Particularity-पर्टिक्युलॅरिटि - *n.* specification

of particulars, minute details, minuteness in detail. विशेष कथन (भिन्नता), विवरण, विस्तार ।

Particularize-पर्टिक्युलराइज़्-*v.t.* to mention in detail. विवरण-सहित या ब्योरेवार बतलाना ।

Particularly-पर्टिक्युलर्लि-*adv.* in a particular manner, in detail. विशेषरूप से, विस्तार से ।

Particularization-पर्टिक्युलराइज़ेशन् - *n.* the act of particularizing. विशेष वर्णन ।

Particularize-पर्टिक्युलराइज़्-*v.t.* to mention in details. वर्णन करना, ब्योरेवार कहना ; **Particularized** (-आइज़्ड्) *-adj.* detailed. निर्दिष्ट, ब्योरेवार ।

Parting-पार्टिङ्ग-*adj.* separating;-*n.* separation. अलगाव ।

Partisan, (Partizan)-पार्टिज़न्-*n.* an adherent of a party, a kind of spear. सपक्षी (साथी), एक प्रकार की बर्छी; **Partisanship** (-शिप्)-*n.* adherence to a party. पक्षपात, साझा ।

Partite-पार्टाइट्-*adj.* divided at the base. पेंदी पर विभक्त किया हुआ ।

Partition-पार्टिशन्-*n.* a division into parts, a dividing wall, separation. विभाग, अलगानेवाली दीवार, हिस्सा;-*v.t.* to divide into parts. अलग-अलग हिस्सों में बाँटना; **To partition off** (to separate.) अलग-अलग करना ।

Partitive-पार्टिटिव्-*adj. & n.* a word which denotes part of a whole. विभाग-दर्शक, ऐसा विभाग; **Partitively** (-लि)-*adv.* in a partitive manner. विभाग दिखाते हुए ढंग से ।

Partlet-पार्ट्'-लेट्-*n.* proper name for a hen. मुर्गी ।

Partly-पार्ट्'-लि-*adv.* in part. अंश में, अल्पभाग में

Partner-पार्ट्'-नर्-*n.* an associate, a sharer, wife or husband, companion. सहभोगी, सझिया, पति या पत्नी, मेली ; **Partnerless** (-लेस्)-*adj.* without a partner. बिना साझीदार का; **Partnership** (-शिप्)-*n.* joint interest in something. सहकारिता ।

Partridge-पार्ट्रिज् - *n.* a kind of gamebird. तीतर (चकोर) ।

Parts-पार्ट्स्-*n. pl.* talents, abilities. बुद्धिमानी, योग्यता ।

Parturient-पार्ट्यूरिअन्ट् - *n.* about to bring forth young. आसन्नप्रसव, तुरंत ब्यानेवाली ।

Parturition-पार्ट्युरिशन्-*n.* childbirth. प्रसव, उत्पत्ति ।

Party-पर्टि - *n.* (*pl.* **Parties.**) a company of persons joined for a cause, a faction, accessory, body of men travelling together, detachment of soldiers, a social gathering, a litigant. समूह (समुदाय), पक्ष, सहायक, यात्रियों का समूह, सैनिक का भाग, समाज, प्रतिवादी, सहकारी; **Of one party** (of one's company.) अपने पक्ष का; **Of the opposite party** (of the side of the enemy.) विपक्ष का ।

Party-spirit-पार्टि-स्पिरिट्-*n.* the spirit which animates a party. अपने पक्ष पर दृढ़ता, पक्षपात ।

Parvenu-पार्'-वे-न्यु-*n.* a man of low origin who has amassed wealth, an upstart. नीच जाति का मनुष्य जिसने बहुत धन कमाया हो, यकायक धनवान या शक्तिशाली बना हुआ ।

Parvis-पार्विस्-*n.* enclosed ground in front of a church. गिरजाघर के सामने का हाता ।

Pascuous-पास्क्'-यु - अस् - *adj.* growing in pastures. चरागाह में उगनेवाला ।

Pasha, Pacha-पाशा-*n.* a Turkish governor. तुर्की अफ़सर; **Pashalic** (-लिक्) -*n.* the jurisdiction of a Pasha. तुर्क राज्य ।

Pasquinade-पैस्क्विनेड् - *n.* a lampoon, a satirist. उपहास (निन्दात्मक) लेख, आक्षेप करनेवाला ।

Pass-पास्-*v. t. & i.* to proceed, to spend, to transfer, to circulate, to be transported from place to place, to change, to elapse, to omit, to entact, to get through, to go across, to happen. आगे जाना, बढ़ना, व्यय करना, फैलाना, स्थान बदलना, परिवर्तन करना, छोड़ना, उत्तीर्ण होना, पार होना, घटित होना; **Act was passed** (act was enacted.) नियम स्थिर हुआ; **Let it pass now** (let it take place.) अब ऐसा होने दो; **Read the paper and pass it on** (give it to another person after reading.) कागज पढ़-पढ़कर आगे को बढ़ावें ; **This passes comprehension** (it is beyond thinking.) यह विचार से बाहर है; **To pass an examination** (to be successful in an examination.) परीक्षा में उत्तीर्ण होना; **To pass away** (to be destroyed, to die.) नाश होना, मरना; **To pass by** (to abandon, to disregard, to omit.) त्यागना, छोड़ना, तिरस्कार करना; **To pass by the name of** (to be known by the name of.) नाम से प्रसिद्ध होना ; **To pass into** (to enter.) प्रवेश करना; **To pass off** (to run away.) भाग जाना, हटना; **To pass on** (to go forward.) आगे बढ़ना; **To pass over** (to leave off.) त्यागना; **To pass through** (to enter.) प्रवेश करना, घुसना; **To pass time** (to spend time.) समय बिताना; **To pass water** (to urinate.) लघुशङ्का

या पेशाब करना।

Pass-पास्-*n.* attainment of a standard in an examination, a free ticket, a narrow passage in a mountain, a trick, a thrust, condition. परीक्षा की उत्तीर्णता, आज्ञापत्र, दर्रा, संकट, छल, (धक्का) प्रहार, अवस्था; **Passable**-पासे-ब्ल्-*adj.* that may be passed, current, tolerable. प्रचलित, प्राप्तव्य, सामान्य ; **Pass-book**-पास्'-बुक्-*n.* a banker's book in which the accounts of a client are kept. बंक की किताब जिसमें रुपया जमा करनेवाले के लेन-देन का हिसाब लिखा होता है; **Pass-key**-पास्'-की-*n.* a private key to a gate &c. for special purposes. घर के फाटक की गुप्त ताली; **To bring to pass** (to be successful.) सफल होना; **To come to pass** (to chance.) घटना होना; **Without a pass** (without a ticket.) विना टिकट के।

Passable-पासे-ब्ल्-*adj.* receivable, current, that may be travelled over or navigated. ग्रहण योग्य, प्रचलित, थल अथवा जल द्वारा यात्रा करने के योग्य।

Passably-पासे ब्लि-*adv.* tolerably. सहन करने योग्य ढंग से या रूप में।

Passage-पॉ-सेज्-*n.* the act of passing, event, currency, voyage, way of passing, part of a book, moving of a rider sideways. गमन की क्रिया, घटना, प्रचलन, समुद्री यात्रा, निकास, पुस्तक का अंश, घुड़सवार का एक ओर चलना।

Passenger-पॉ-सेन्-जर्-*n.* a traveller in a public vehicle. सार्वजनिक या आम गाड़ी का पथिक, रेल का यात्री ; **Passenger-pigeon** (a wild pigeon.) जङ्गली कबूतर।

Passer-पासर्-*n.* a passenger. पथिक, राहगीर।

Passer-by-पासर्-बाइ - *n.* (*pl.* **Passersby.**) one who goes near. समीप से जानेवाला।

Passerine-पासराइन्-*n.* a kind of sparrow. एक प्रकार की गौरैया, चटक।

Passing-पास् - इङ्ग् - *adj. & n.* going by, through or away, transient, fleeting, happening now, incidental, surpassing, exceeding, a passage, death, gold or silver thread with a silk-core. पास या बीच से या दूर जानेवाला, अल्पकालीन, क्षणिक, शीघ्र या तीव्र गामी, अभी घटित होनेवाला, आकस्मिक, सर्वोत्तम, सर्वाधिक, मार्ग, मृत्यु, सोने या चाँदी का तार जिसके भीतर रेशमी तागा रहता है।

Passion-पॅशन्-*n.* a strong emotion, anger, love, strong enthusiasm, eager desire. उत्सुकता, क्रोध, प्रेम, लालसा, उत्कण्ठा भाव; -*v. t.* to imbue with passion. उत्कण्ठित करना; **Passioned** (-ड्) -*adj.* inspired by passion. उत्तेजित, क्रुद्ध, कामातुर।

Passional-पॅशनल्-*adj.* pertaining to passion. अभिलाषा या वासना-सम्बन्धी।

Passionless-पॅशन्-लेस्-*adj.* calm, not easily excited. शान्त, विरक्त; **Passionlessly** (-लि) -*adj.* in a calm manner. शान्ति से; **Passionlessness** (-नेस्)-*n.* the state of being passionless. अनुरागहीनता।

Passionate-पॅशनेट्-*adj.* easily excited, showing passion, intense. कामुक, तीव्र (तीक्ष्ण), क्रोधी, उत्कट; **Passionately** (-लि)-*adv.* with passion. कामातुर रूप में, क्रोध-सहित, अनुराग-पूर्वक; **Passionateness** (-नेस्)-*n.* the state of being passionate. उग्र होने की अवस्था, कामुकता, कामातुरता।

Passive-पॅ-सिव्-*adj.* suffering some action, being acted upon, offering no resistance, submissive, unresisting. कर्मपात्र, अनिवारक, धैर्ययुक्त, सहनशील, निष्क्रिय; **Passive debt** (a debt on which no interest is paid.) विना व्याज का ऋण; **Passively** (-ली) - *adj.* in a passive way. सहिष्णुता से, विना प्रतीकार के ; **Passiveness** (-नेस्)-*n.* the state of being passive, capacity of suffering, inactivity. सहनशीलता, निश्चेष्टता, शिथिलता ; **Passive resistance** (resistance to a law by going to prison.) सत्याग्रह; **Passive voice.** कर्मवाच्य।

Passless-पास्-लेस्-*adj.* having no passage. मार्ग-रहित।

Passover-पास्-ओ'-वर् - *n.* a Jewish feast. यहूदियों का एक त्योहार।

Passport-पास्' - पोर्ट - *n.* an authoritative document to travel in a foreign country, that which ensures admission. विदेश में यात्रा करने का आज्ञापत्र, अभयपत्र (प्रवेश की आज्ञा)।

Past-पास्ट्-*adj. & n.* just gone by, denoting past action, former, past time. व्यतीत, भूत-पूर्व, बीता हुआ (पूर्वकाल) ; - *prep. & adv* beyond time. अनन्तर; **For sometime past** (sometime ago.) कुछ दिन हुए ; **Half past-four** (at 4-30) साढ़े चार बजे; **In the past** (in the past time.) प्राचीन काल में; **Ran past the garden** (ran forward towards the garden.) बगीचे की ओर दौड़ा।

Paste-पेस्ट्-*n.* flour moistened and kneaded, a paste of flour and water, a plastic mixture. आटे की लेई, गारा; - *v. t.* to stick with paste. चपकाना, लेई लगाना।

Pasteboard-पेस्ट्-बोर्ड्-*n.* a stiff paper board,

wooden board on which dough is rolled for pastry. काग़ज़ की दफ्ती, रोटी बेलने का चकला।

Pastel-पॅस्टॅल् - *n.* colour, pigment. रङ्ग की टिकिया ; **Pastelist** (-इस्ट्) - *n.* one who prepares drawings with pastels. रङ्गीन पेन्सिल से चित्र बनानेवाला।

Pastern-पॅस्टर्न्-*n.* the part of a horse's foot between the fetlock and hoof. अश्वखुर-सन्धि, गुमची।

Pasteurism-पॅस्ट्युरिज़्म् - *n.* curing hydrophobia &c. by inoculation. सुई द्वारा पिचकारी देकर पागल कुत्ते के विष को अच्छा करना।

Pasteurization-पॅस्-ट्युर्-आइज़्-ए'-शन्-*n.* the act of sterilizing. कृमियों को नाश करने की विधियाँ।

Pasteurize-पॅस्-ट्युर्'-आइज़्-*v. t.* to sterilize milk &c. दूध के कृमियों को मारकर इसको शुद्ध करना।

Pastil, Pastille-पॅस्टिल्'; पॅस्टाइल्-*n.* a roll of aromatic paste. सुगन्धित द्रव्यों की वत्ती।

Pastime-पास्' - टाइम् -*n.* recreation, sport, amusement. क्रीड़ा, विनोद, (विहार) खेल।

Pastor-पास्टर्-*n.* the minister of a church, a clergyman. गिरजाघर का अध्यक्ष, पादरी ; **Pastorship** (-शिप्)-*n.* the office of a pastor. पादरी का पद।

Pastoral-पास्टॅरल्-*adj. & n.* pertaining to a shepherd, used for pasture, of a pastor, a poem of shepherds. गड़ेरिये का, चरवाही का, पादरी का, गड़ेरियों का गीत।

Pastoralism-पास्टॅरलिज़्म् -*n.* rural amenity. ग्रामीण आनन्द।

Pastorality-पास्टॅरलिटि-*n.* the state of being a shepherd. चरवाहापन।

Pastorally-पास्टॅरलि-*adj.* in the way of a shepherd. गड़ेरिये की तरह से।

Pastorale-पास्टॉरालि-*n.* (*pl.* Pastorali.) a simple song. गड़ेरियों का गीत (जो बाजे पर गाया जाय)।

Pastry-पे'-स्ट्रि-*n.* food made of flour paste. आटे के बने हुए खाने के पदार्थ ; **Pastry-cook**-(a cook who bakes bread.) रोटी बनानेवाला।

Pasturable-पास्चरॅ-बल्-*adj.* fit for pasture. चराने योग्य।

Pasturage-पास्चरॅज्-*n.* a grazing land for cattle. पशुओं के चरने की भूमि, चरागाह।

Pasture-पास्चर्-*n.* herbage for cattle, land for grazing on. तृणमय भूमि (चारा), चरागाह ;-*v. t. & i.* to feed on grass, to graze. चारा खिलाना, चराना।

Pasty-पेस्टि-*adj.* like paste, of pale complexion. लेई की तरह की पीली आकृति का ; -*n.* a pie of venison. मांस भरा हुआ समोसा या कचौड़ी।

Pat-पॅट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Patted.) to strike gently, to flatten, to strike gently with the palm of the hand as a mark of sympathy. धीरे से मारना, चिपटा करना, हथेली से थपथपाना ;-*n.* a light quick slap. थपकी (लघु-प्रहार)-*adj. & adv.* exactly fitting, fitly. उचित, उचित रीति से, ठीक से ; **Pat on the back** (light slap on the back.) पीठ पर ठोकना, पीठ पर का थपका।

Patch-पॅच्-*n.* a piece of cloth or metal used for mending a hole or rent, a piece of plaster put over a wound, piece of ground, an irregular spot, scrap. चिप्पड़ (पेवन), मलहम की पट्टी, भूमि का टुकड़ा, धब्बा, टुकड़ा;-*v. t.* to mend by patches, to repair clumsily. पेवन लगाना, भद्दी तरह से मरम्मत करना; **To patch up** (to mend by patches.) पेवन लगाकर तैयार करना, ठीक करना।

Patched-पॅच्ड्-*adj.* in parts. खंडमय, खंडरूप।

Patcher-पॅच्-अर्-*n.* one who patches. पेवन लगानेवाला।

Patchery-पॅचरि-*n.* botchery. गुथनी।

Patchiness-पॅचि-नेस्-*n.* the state of being patchy. टुकड़ापन।

Patchily-पॅचिलि-*adv.* in a patchy manner. पेवन लगाते हुए।

Patchouli-पाचू-लि-*n.* a fragrant Indian plant. सुगन्धरा, ममरी।

Patchwork-पॅच्'-वर्क्-*n.* a work composed of pieces sewn together, a clumsy work. सिले हुए टुकड़ों या पेवन, का काम, फूहर काम।

Patchy-पॅचि-*adj.* of a patch. पेवन का।

Pate-पेट्-*n.* the head. मस्तक, खोपड़ी ; **Pated** (-ऍड्)-*adj.* headed. खोपड़ीवाला।

Patella-पटेला-*n.* the knee-cap. घुटने की चक्की।

Patellar-पटेलर्-*adj.* pertaining to the knee cap. घुटने की चक्की-सम्बन्धी।

Paten-पॅटॅन्-*n.* a shallow plate used for bread, a thin circular metallic plate. थाली, रकाबी, धातु का पतला गोल टुकड़ा।

Patent-पे'-टॅन्ट्-*n.* a writ from a sovereign conferring a title or sole right (for a specified term.) for an invention. विशिष्ट अधिकारपत्र, असामान्य अधिकार;-*v. t.* to obtain patent for. अधिकार को रजिस्ट्री कराना ; -*adj.*

lying open, public, conspicuous, secured by patent. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, रजिस्ट्री किया हुआ सनद द्वारा अधिकृत या संरक्षित; **Letters patent** (government grant for exclusive privilege for the sale of an invented article.) किसी आविष्कार किये हुये पदार्थ को बेचने के लिये राजा का विशिष्ट आज्ञापत्र ।

Patented-पे-टेन्ट्-एड्-*adj.* for which a patent has been obtained. रजिस्ट्री किया हुआ, सर्वसत्व संरक्षित ।

Patentee-पे-टेन्ट्'-ई-*n.* the holder of a patent. सत्वसंरक्षण-अधिकारपत्र-धारी ।

Pater-पे-टर्-*n.* father. पिता, बाप ।

Paterfamilias-पे-टर् -फ़ा -मिल्'-इ-ऑस्-*n.* the head of a family. कुटुम्बपति ।

Paternal-पॅटर्नल्-*adj.* of a father, fatherly, hereditary. पैतृक, पितृतुल्य, मौरूसी; **Paternal aunt** (sister of father.) फुआ; **Paternally** (-लि) -*adv.* in a paternal manner. पितृवत्, पिता-सदृश ।

Paternity-पॅटर्निटि-*n.* fatherhood, source, origin. पितृत्व, उत्पत्ति, उद्गम ।

Paternoster-पॅटर्नॉस्टर्-*n.* the Lords' Prayer. ईश्वर की प्रार्थना या भजन; **Paternoster line** (a large net for catching fish.) मछली पकड़ने का बड़ा जाल ।

Path-पाथ्-*n.* a road, a footway. मार्ग, रास्ता, पगडण्डी ; **Path of a planet** कक्षा ; **Paths** (-थ्ज़)-*n. pl.* courses. रास्ते ; **Pathway** (-वे) -*n.* a way or path. संकुचित मार्ग या पगडण्डी; **Wrong path** (evil way.) कुपथ ।

Pathetic-पॅ-थेट्'-इक्-*adj.* exciting pity, affecting the feelings or the emotions. कारुणिक, चित्त पर प्रभाव डालनेवाला ; **Pathetic fallacy** (a fallacy in which nature is credited with human emotions.) प्राकृतिक पदार्थों में मानुषी भावों का आरोपण ।

Pathetical-पॅ-थेटिकल्-*adj.* pathetic. करुणाजनक; **Pathetically** (-अ-लि)-*adv.* in a pathetic manner. करुणापूर्वक ।

Pathic-पॅथ्'-इक्-*adj.* pertaining to a disease. रोग-सम्बन्धी ।

Pathless-पाथ्'-लेस्-*adj.* having no beaten path. दुर्गम ।

Patho-पॅथ्-ऑ-*pref.* in sense of "suffering or disease." "रोग" अर्थ-सूचक उपसर्ग ।

Pathogeny-पॅ-थॅ-जे-नि-*n.* the science of the beginning and development of diseases. रोगों की उत्पत्ति का शास्त्र ।

Pathognomonic-पॅ -थॅ -ग् -नॅ - मॅ -निक् -*adj.* characteristic of a disease. रोग की विशेषता-सम्बन्धी ।

Pathognomy-पॅ-थॅ-ग्-नॅ-मि -*n.* expression of passions. भावों का प्रदर्शन ।

Pathologist-पॅ-थॅ-लॅ-जिस्ट् -*n.* one who is versed in pathology. चिकित्सक ।

Pathology-पॅ-थॅ-लॅ-जि-*n.* the study of diseases. रोग-निदान ।

Pathophobia-पॅ -थॅ -फो' -बि -आ-*n.* fear of disease. रोग का भय ।

Pathos-पेथस्-*n.* the quality in speech or writing which excites feelings. प्रभाव डालनेवाली उक्ति या लेख ।

-pathy-पॅथ्'-थि-*suf.* in sense of "suffering." पीड़ा-सूचक प्रत्यय, यथा-**Homeopathy, Hydropathy.** इत्यादि ।

Patience-पे-शन्स्-*n.* calm endurance, perseverance, forbearance, a game at cards. सहनशीलता, धीरता (धैर्य), सब्र, क्षमा, ताश का एक खेल; **Out of patience with** (not enduring.) न सहने योग्य; **To have no patience with** (to be unforbearing.) उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना ।

Patient-पेश्'-ऍन्ट्-*adj.* showing patience, enduring. सहनशील, संतोषी; -*n.* a person under medical treatment. रोगी ।

Patiently-पे-शॅन्ट्'-लि-*adv.* quietly, with calmness. क्षमापूर्वक, धैर्य से ।

Patina-पॅटिना-*n.* green colour on old bronze. पुराने कसकुट पर का हरा रंग ; **Patinated** (-टेड्)-*adj.* coloured by patina. इस प्रकार का हरा रंग किया हुआ ; **Patination** (-नेशन्)-*n.* colouring in a patinated manner. इस प्रकार का हरा रंग ।

Patois-पॅट्वा-*n.* the language of the uneducated. अशिक्षितों की भाषा, ग्रामीण भाषा ।

Patriarch-पे' - ट्रि-आर्क्-*n.* the head of a family, a bishop, a respected old man. कुलपति, पादरी, वृद्ध पुरुष; **Patriarchal** (-अल्) -*adj.* pertaining to a patriarch. वृद्ध पुरुष (कुलपति) का ।

Patriarchate-पॅट्रिआर'-के-ट्- *n.* the office of a patriarch. पादरी का पद ।

Patriarchism-पे-ट्रि-आर्क्-इज़्म्-*n.* the government by a patriarch. वृद्ध पुरुष (बड़ों) का शासन ।

Patriarchy-पे-ट्रि-आर्कि-*n.* jurisdiction of a patriarch. वृद्ध पुरुष का आधिपत्य ।

Patrician-पॅट्रिशन्-*n.* a nobleman. कुलीन, शिष्ट पुरुष; **Patricianship** (-शिप्)-*n.* the office of a patrician. कुलीन का पद ।

Patriciate-पॅट्रिशिऍट्-*n.* aristocracy. शिष्ट पुरुष का पद।

Patricidal-पॅट्रिसिडल्-*adj.* pertaining to patricide. पितृहत्या-सम्बन्धी।

Patricide-पॅट्रि-साइड्-*n.* a murder of one's father. पितृहत्या, पिता का वध।

Patrimonial-पॅट्रिमोनिअल्-*adj.* pertaining to patrimony. मौरूसी, पैतृक।

Patrimony-पॅट्रिमनि-*n.* property inherited from one's father, ancestral inheritance. पैतृक धन (मीरास), बपौती सम्पत्ति।

Patriot-पे'(-पॅ)-ट्रि-ऑट् -*n.* one who loves his country and is devoted to its interests. स्वदेशानुरागी, स्वदेशभक्त।

Patriotic-पे(-पॅ)-ट्रि-अटिक्-*adj.* full of patriotism. स्वदेशाभिमानी; **Patriotically**(-अ-लि)-*adv.* in a patriotic manner. स्वदेश-हितैषिता से।

Patriotism-पे(-पॅ)-ट्रि-ऑट्'-इज़्म् -*n.* a love of one's, own country. स्वदेश-भक्ति, जन्मभूमि का अभिमान।

Patrol-पॅ-ट्रोल्'-*n.* a going round a camp or garrison, a detachment of troops, perambulation by police or soldiers in uniform, a mounted policeman. रक्षा के निमित्त रात्रि में चक्कर लगाना, सैन्यदल, पहरुआ, घुड़सवार पुलीस का सिपाही; -*v. t.* (*p. t.* **Patrolled**) to go on rounds. पहरा देना।

Patron-पे-ट्रन्-*n.* (*fem.* **Patroness**-ऍस्) one who protects or gives influential support, a guardian, a supporter. आश्रयदाता, संरक्षक, सहायक।

Patronage-पे-ट्रनेज्-*n.* guardianship. सहायता अनुकूलता, संरक्षकता।

Patronal-पे-ट्रनल् -*adj.* doing the office of a patron. संरक्षक-सम्बन्धी।

Patronize-पॅट्रनाइज़्-*v. t.* to act as a patron, to encourage. संरक्षण या सहायता देना, उत्साह देना; **Patronizingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a patronizing manner. संरक्षण रूप में।

Patronless-पे-ट्रन्' - लेस्-*adj.* destitute of a patron. अशरण, निराश्रय, संरक्षण-हीन।

Patronymic-पॅट्रॅनिमिक्-*adj.* & *n.* a name derived from father or ancestor. पितृनाम, गोत्रनाम।

Patten-पॅट्' - न्-*n.* an overshoe with a wooden sole. काष्ठपादुका, खड़ाऊँ।

Patter-पॅ-टॅर्-*n.* the special vocabulary of a profession or class, a tapping noise. किसी जाति या व्यवसाय के विशिष्ट सांकेतिक शब्द, पटपटाहट;-*v. t.* & *i.* to repeat rapidly, to make a tapping noise. बड़बड़ाना, पटपटाना।

Pattern-पॅ'-टर्न्-*n.* a perfect model, ideal model or sample, decorative design. आदर्श, प्रतिमा, आकार, साँचा (नमूना);-*v. t.* to make in imitation. साँचा बनाना, नमूना बनाना; **Patternmaker** (a maker of wooden patterns.) लकड़ी का साँचा बनानेवाला।

Patulous-पॅट्'-यु-लस्-*adj.* open, spreading. खुला हुआ, फैला हुआ; **Patulously** (-लि)-*adv.* in a spreading manner. फैले हुए; **Patulousness** (-नेस्)-*n.* the state of being patulous. फैलावट।

Paucity-पॉ-सि'-टि-*n.* smallness of number, scarcity. अल्पता (लघुता), कमी, न्यूनता।

Paunch-पॉन्च् -*n.* the belly, stomach. उदर, पेट (तोंद)-*v. t.* to rap the belly of. पेट काटकर निकालना।

Pauper-पॉ-पर्-*n.* a person who has no means of livelihood, a beggar. दरिद्र, भिक्षुक (कंगाल), गरीब।

Pauperdom-पॉ-पर्'-डम्-*n.* a group of paupers. भिक्षुक मण्डली, गरीबों का गिरोह।

Pauperism-पॉ-पर्-इज़्म्-*n.* the state of being a pauper. दरिद्रता की अवस्था, गरीबी।

Pauperization-पॉ-प-राइज़ेशन्-*n.* reducing to pauperism. दरिद्री-करण।

Pauperize-पॉ-पर्-आइज़्-*v. t.* to reduce to pauperism. दरिद्र करना, गरीब बना देना।

Pause-पॉज़्-*n.* an interval, rest, suspense. विराम, विश्राम, रुकावट;-*v. t.* to stop, to hesitate. रुकना, ठमकना ; **To pause upon** (to contemplate.) चिन्तन करना।

Pavage, Paviage-पेव्-ऍज (पेव्'-इ-ऍज्)-*ns.* a tax for paving streets. सड़क पर गिट्टी पीटने का कर (टैक्स)।

Pavan, Pavane-पॅ-वन्'-*ns.* a stately dance. एक शाही नाच।

Pave-पेव्-*v. t.* to cover with stone or bricks, to prepare the way for, to make easy and smooth in any way. पत्थर या ईंट बैठाना (फ़र्श लगाना), राह बनाना, सुलभ करना।

Pave-पेव्-*n.* a setting of jewels. रत्न (नगीना) जड़ना।

Pavement-पेव्-मेन्ट्-*n.* a paved path by the side of a road. पत्थर या ईंट का फ़र्श; **Paver** (पेव्'-अर्), **Paviour** (-इ-अर्)-*ns.* one who paves. फ़र्श बैठानेवाला।

Pavid-पॅव्-इड्-*adj.* timid. भीरु, डरपोक।

Pavilion-पविल्यन्-*n.* a tent, a light building

for spectators, a covering like a tent. खेमा, मण्डप; *-v. t.* to furnish with tents. मण्डप बनाना।

Paving-पे-विङ्ग्-*n.* the upper surface of a road. सड़क की ऊपरी तह।

Pavonine-पॅव्'-ॲ- नाइन् - *adj.* of or like a peacock. मोर का, मोर के सदृश।

Paw-पॉ-*n.* the foot of a beast, a person's handwriting. पंजा (चंगुल), हस्तलेख; *-v. t. & i.* to scrape with a paw, to handle roughly. पंजे से खुरचना, रूक्षता से पकड़ना।

Pawed-पॉड्-*adj.* having paws, broad-footed. पंजेवाला, चौड़े पंजे का।

Pawl-पॉल्-*n.* a lever used as a catch for the teeth of a wheel. पहिये के दाँतों को रोकने का साधन;*-v. t.* to secure with a pawl. इस प्रकार के साधन से रोकना।

Pawn-पॉन्-*n.* the smallest piece in chess, a person left in another's custody, a pledge. शतरंज का प्यादा, न्यास (निक्षेप), बन्धक (गिरवी) *-v. t.* to pledge, to deposit as security. गिरवी रखना, बन्धक रखना; **Pawnbroker** (one who lends money on pledges.) रेहन रखकर ऋण देनेवाला।

Pawnee-पॉन्-ई-*n.* one who takes anything in pawn. जिसके पास बन्धक रक्खा जाता है।

Pawner-पॉन्-अर्-*n.* one who pledges anything as security for his loan. ऋण के बदले कोई वस्तु बन्धक रखनेवाला।

Paxwax-पॅक्स्'-वॅक्स्-*n.* the strong tennon at the back. पीठ की रीढ़ के पास की मोटी बड़ी नस।

Pay-पे-*n.* (*pl*. **Pays**) payment, salary, wages. वेतन, मूल्य, तनख्वाह; *-v. t.* (*p. t.* **Paid**) to discharge a debt, to give the dues, to fulfil. वेतन देना, ऋण चुकाना, बदला देना; **Paymaster** (one who regularly pays wages.) वेतन देनेवाला; **To pay for** (to give in exchange for.) बदले में देना; **To pay in** (to pay to one's account.) हिसाब में देना; **To pay in one's own coin** (to retaliate.) बदला चुकाना; **To pay off** (to make payment in full.) पूरा ऋण चुकाना; **To pay out** (to punish.) दण्ड देना; **To pay the pips** (to pay the cost.) दाम देना; **To pay up** (to pay in full.) पूरी रकम चुकाना।

Payable-पे'-ऍ-बल्-*adj.* due, that can be paid. देनी, जो देना बाकी हो (चुकाने योग्य)।

Payee-पे-ई-*n.* one to whom money is paid. रुपया पानेवाला।

Payer-पे'-अर्-*n.* one who pays. देने (अदा करने) वाला।

Payment-पे'-मॅन्ट्-*n.* the act of paying, a reward. भुगतान, चुकौता, निस्तार; **Payment of debt.** ऋणमुक्ति।

Paynize-पे'-नाइज़्-*v. t.* to apply preservatives to wood. लकड़ी में न सड़ने या घुनने का मसाला लगाना।

Pea-पी-*n.* (*pl.* **Peas** individually; **Pease** collectively.) a plant whose seeds are used as food. मटर; **Pea-chick** (-चिक्) *-n.* a small hen. छोटी मुर्गी; **Peascod** (-स्कॉड्') *-n.* the pod containing seeds of pea. मटर की फली (छीमी)।

Peace-पीस्-*n.* freedom from war or civil disorder, tranquility, harmony. संधि, शान्ति, विप्लव का अभाव या अवरोध, मैत्री, मेल; **Peace-maker** (one who makes or produces peace.) शान्ति स्थापन करनेवाला; **Peace of mind** (tranquility.) चित्त की शान्ति; **To hold one's peace** (to keep silence.) मौन होना, चुप रहना; **To make peace** (to establish peace.) शान्ति स्थापन करना, शान्ति स्थापक।

Peaceable - पीस्' - ऍ - बल्-*adj.* disposed to peace, free from war or disturbance, quiet, tranquil. शान्त स्वभाव का, युद्ध-विमुख, शान्ति-प्रिय, प्रसन्न; **Peaceableness** (-नॅस्) *-n.* the state of being peaceable. शान्ति-प्रियता; **Peaceably** (-ऍब्-लि) - *adv.* in a tranquil manner. शान्ति से।

Peaceful-पीस्'-फुल्-*adj.* calm, mild. शान्त, निष्कण्टक; **Peacefully** (-फु-लि) *-adv.* in a peaceful manner. शान्ति से; **Peacefulness** (-नॅस्) *-n.* peaceful condition. शान्ति।

Peacemaker-पीस्-मेक्-अर्-*n.* one who makes or produces peace. उपद्रव शान्त करनेवाला, शान्ति-स्थापक।

Peach-पीच्-*n.* a sweet fruit with yellow skin, its tree. सतालू, आड़ू ;*-v. i.* to make a display of. दिखावट (आडंबर) करना ; **Peachiness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being peachy. पीलापन; **Peachy** (-इ)*-adj.* resembling a peach. सतालू के रंग का।

Peacock-पी-कॉक्-*n.*(*fem.*Peahen.)a bird with beautiful plumage. मयूर, मोर; **Peacock blue** (glossy blue colour.) मोरकण्ठी रङ्ग।

Peacockery-पी-कॉक्' - अर्-इ-*n.* ostentation. आडंबर; **Peacocklike** (-लाइक्) *-adj.* like a peacock. मोर के सदृश।

Peafowl-पी'-फ़ाउल्-*n.* (*common gender.*) peacock or peahen. मोर या मोरनी।

Peahen-पी'-हेन्-*n.* the female of a peacock. मोरनी।

Pea-jacket-पी'-जॉ-केट् - *n.* a sailor's short overcoat. मल्लाह का छोटा कोट।

Peak-पीक्-*n.* brim of a cap, pointed summit of a mountain, point. टोपी का छज्जा, पर्वत का शिखर, नोक;-*v. t.* to waste away. क्षीण होना; **Peak and pine** (sharp-featured.) क्षीण तथा दुर्बल; **Peaked** (-इ) *-adj.* pointed, with a peak. नुकीला, चोटीदार।

Peakish-पीक्-इश्-*adj.* looking sickly. रुग्ण, रोगी देख पड़नेवाला।

Peakload-पीक् - लोड्-*n.* maximum electric power. विद्युत्शक्ति का सबसे अधिक परिमाण।

Peaky-पीक्-इ-*adj.* pointed, sick. चोटीदार, रोगी (दुर्बल)।

Peal-पील्-*n.* loud ringing of bells, a loud sound, set of bells rung together. घंटियों की टुनटुनाहट, ध्वनि (शब्द), घंटियों की पंक्ति; -*v. i. & t.* to sound, to utter sonorously, to ring bells. शब्द करना, मधुर शब्द करना, घण्टी बजाना; **Peal of thunder** (the loud sound of thunder.) मेघों की गड़गड़ाहट।

Peanism-पीनिज़्म् -*n.* shout of triumph. जय-ध्वनि।

Pear-पेयर् -*n.* a fleshy sweet fruit tapering towards the stock. नाशपाती।

Pearl-पर्ल् -*n.* a white globular concretion formed within the shell of an oyster. मुक्ताफल, मोती; -*v. t.* to adorn with pearls. मोती के सदृश चमकीला बनाना; **Mother of pearl** (pearl-shell.) मोती का सीप; **Pearl-eye** (cataract.) मोतियाबिन्द; **Pearled** (-इ), **Pearly** (-इ) *-adjs.* full of pearls. मुक्तामय, मोती के सदृश; **To cast pearls before swine** (to offer good things to one who does not appreciate these.) अयोग्य व्यक्ति को अच्छे पदार्थ देना।

Pearlies - पर्लिज़्-*n.* pearl buttons worn in dress. मोती के बटन।

Pearliness-पर्लि-नेस् -*n.* the state of being pearly. मोती के समान चमक।

Pearl-like-पर्ल्-लाइक्-*adj.* like pearls. मोती के समान।

Pearmain-पेअर्'-मेन् -*n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Peasant-पेज़न्ट् -*n.* a countryman, a rustic. खेतिहर (किसान), देहाती; **Peasant-like**-*adj.* rude, clownish. असभ्य।

Peasantry - पेज़न्ट्रि -*n.* body of peasants. किसान लोग।

Pease-पीज़्-*n. pl.* peas collectively. मटर के दाने।

Peascod-पी'-ज़्-कॉड्-*n.* pods containing pea-seeds. मटर की फलियाँ।

Peat-पीट् -*n.* decomposed vegetable matter used for fuel. सड़ी हुई लकड़ी के टुकड़े जो सुखाकर जलाने के काम में आते हैं; **Peaty** (-इ) *-adj.* resembling peat. सड़ी हुई लकड़ी का।

Pebble-पेब्ल्-*n.* small round stone, transparent rock-crystal used for spectacles. कंकड़, चमकता पत्थर का टुकड़ा, बिल्लौर; **Pebbly** (-लि) *-adj.* full of pebbles. बिल्लौरी।

Peccability-पेकबिलिटि -*n.* capacity for sinning. पापी होने की योग्यता।

Peccable-पेक्-अ-ब्ल् - *adj.* liable to sin. पाप कर सकने योग्य।

Peccadillo-पेकडिलो - *n.* a trifling offence or fault. अल्पदोष या अपराध।

Peccancy-पेकन्सि -*n.* sinfulness. विकार, दोष, पापकर्म।

Peccant-पेकन्ट् *-adj.* guilty, sinning, producing disease. पापी, अपराधी, रोग उत्पन्न करनेवाला।

Peccary-पे-क-रि-*n.* an American quadruped like swine. अमेरिका देश का सुअर के आकार का एक चौपाया।

Peck-पेक्-*n.* a dry measure of two gallons. दो गैलन की सूखी तौल;-*v.t.&i.* to strike with the beak, to pick up with beak for food. चोंच मारना, दाना चुगना; **To peck out** (to pierce hole in.) छेद करना।

Pecker-पेकर्-*n.* one who pecks. चोंच मारनेवाला पक्षी।

Peckish-पेकिश् *-adj.* hungry. भूखा।

Pecten-पेक्टन्-*n.* a comb-like structure. कङ्घी के समान आकार।

Pectinated-पेक्-टिन्-एट्'-एड्-*adj.* of the form of a comb. कङ्घी के आकार का।

Pectination-पेक्-टिन्-ए-शन्-*n.* to give the form of a comb. कङ्घी के आकार का बनाना।

Pectoral-पेक्'-टॅरल् - *n. & adj.* a breastplate, pertaining to the breast, good for the disease of the chest. छाती पर का कवच, छाती का, छाती के रोगों के लिये हितकारक।

Pectose-पेक्-टोस् -*n.* an insoluble substance found in raw fruits. कच्चे फलों से प्राप्त न घुलनेवाला एक पदार्थ।

Peculate-पॅ-क्यु-लेट्-*v. t. & i.* to misappropriate or embezzle public money. छल से पराया धन अपनाना।

Peculation-पॅ-क्यु-लॅ-शन्-*n.* embezzlement of public money. छल से सार्वजनिक धन का अपहरण (ग़बन)।

Peculator-पॅ-क्यु-लॅ-टर्-*n.* one who embezzles. दूसरे का धन चोरी करनेवाला।

Peculiar-पिक्यूलिअर्-*adj.* particular, special, one's own, strange, singular. विशिष्ट, असाधारण, असामान्य, निजी, अनोखा; *-n.* exclusive property. अपनी सम्पत्ति, असाधारण धन।

Peculiarity-पिक्यूलिऑरिटि *-n.* something peculiar. विशेष लक्षण, विलक्षणता।

Peculiarize-पिक्युलिअराइज़् *-v. t.* to make peculiar. विलक्षण बनाना।

Peculiarly-पिक्यूलिअलि-*adv.* in a peculiar manner. विशेषता-सहित।

Pecuniary-पि-क्यू-नि-अरि - *adj.* relating to money, consisting of money. अर्थ या धन सम्बन्धी, आर्थिक; **Pecuniary difficulty** (stringency of money.) आर्थिक कष्ट; **Pecuniary loss** (loss of money.) आर्थिक हानि।

Pecuniarily-पि-क्यू'-नि - अरि - लि - *adv.* in a pecuniary manner. द्रव्य से।

Pedagogue-पॅड्-अ - गॉग् - *n.* a schoolmaster with technical knowledge of many subjects. बालशिक्षक, अध्यापक।

Pedagogic-पॅड्'-अ-गॉज् - इक्, **Pedagogical** (-अल्) *-adjs.* belonging to a pedagogue. अध्यापक-सम्बन्धी; **Pedagogically** (-लि)*-adv.* in a pedagogic manner. शिक्षक रूप में।

Pedagogism-पॅड्'-अ-गॉ-जि-ज़्म्-*n.* the business of a pedagogue. अध्यापकत्व।

Pedagogy-पॅड्'-अ-गॉ -जि-*n.* the science of teaching. अध्यापन-विद्या।

Pedal-पॅड्-ल्- *n.* the foot-lever of an instrument. किसी यन्त्र को पैर से चलाने का साधन (पावदान); *-v. i. & t.* to work a pedal. पैर से किसी यन्त्र को चलाना;*-adj.* pertaining to the foot. पैर-सम्बन्धी, पैर का।

Pedalian-पॅ-डॅ-लि-अन्-*adj.* pertaining to the foot. पैर-सम्बन्धी।

Pedaneous-पॅ-डेन्'-इ - अस् - *adj.* going on foot. पैदल चलता हुआ।

Pedant-पॅडॅन्ट् *-n.* one who makes a vain display of his erudition, a conceited fellow. अपनी विद्या का व्यर्थ आडम्बर दिखानेवाला (विद्यागर्वी), अभिमानी मनुष्य।

Pedantic-पॅ-डॅण्टिक्-*adj.* given to pedantry. पांडित्य दिखलानेवाला; **Pedantically** (-अलि) *-adv.* in a pedantic manner. विद्याभिमान से।

Pedantize-पॅडण्टाइज़्-*v. t.* to play the part of a pedant. पाण्डित्य दिखलाना।

Pedantry-पॅडॅण्ट्रि-*n.* vain ostentation of knowledge. विद्या का मिथ्या अभिमान, पांडित्य-दर्शन।

Pedate-पॅ डेट्-*adj.* having the structure like a foot. पैर के आकारवाला।

Peddle-पॅ-ड्ल् *-v. i. & t.* to sell in retail, to busy oneself in trifling objects. फुटकर बेचना, छोटी बातों में लगना।

Peddler-पॅड्-लर् - *n.* a travelling hawker. घूमकर बेचनेवाला, फेरीवाला।

Pedestal-पॅडॅस्टल्-*n.* the supporting base or foot of a statue or column. खम्भे या मूर्ति का आधार (नीचे की चौकी);*-v. t.* to support. आश्रय देना।

Pedestrian-पिडॅस्ट्रिअन्-*n.* one who journeys or walks on foot. पैदल चलनेवाला; *-adj.* dull, prosaic, uninspired. क्षुद्र, उत्साहहीन।

Pedicel, Pedicle-पॅड्'-इ-सॅल (-कूल्)-*ns.* a little foot-stalk. मञ्जरी, डण्ठल; **Pedicelative** (-ए-टिव्) *-adj.* pertaining to a pedicel. मञ्जरी का।

Pedicular-पॅ-डि-क्युलर्-*adj.* lousy. लीख का; **Pediculous** (-लस्)-*adj.* pedicular. लीख का।

Pedigree-पॅ-डि-ग्री-*n.* ancient descent, genealogical table. वंशावली, वंशावलीपत्र।

Pediment-पॅ-डि-मॅन्ट् *-n.* a triangular ornamented portion over the front part of a building. मकान के आगे के भाग के ऊपर का तिकोना आच्छादन; **Pedimental** (-अल्) *-adj.* resembling a pediment. इस प्रकार के छज्जेवाला; **Pedimented** (-ऍड्)-*adj.* covered with a pediment. इस प्रकार का छज्जा लगा हुआ।

Pedlar-पॅड्'-लर्-*n.* a travelling salesman. घूम-घूमकर बेचनेवाला; **Pedlar's French**(the secret language of thieves.) चोरों की गुप्त भाषा।

Pedlary-पॅड्'-लरि *-n.* the trade or trick of a pedlar, small wares. फेरीवालों का व्यापार या छल, इनका सामान, खुमचा।

Pedometer-पिडॉमिटर्-*n.* an instrument for recording the distance travelled on foot. पैदल चलने की दूरी को नापने का यन्त्र।

Peduncular-पिडंक्युलर् *-adj.* pertaining to peduncles. फल या फूल की डंठी का।

Peduncle-पॅ-डङ्क्'-ल्-*n.* a stalk from which fruits or flowers grow. डंठल जिसमें फल या फूल उत्पन्न होते हैं।

Peek-पीक्-*v. i.* to peep. झाँकना ।

Peel-पील् -*v. t. & i* to strip off the rind or bark, to become bare of rind or bark. छिलका या छाल उतारना, बिना छिलके का होना; -*n.* the skin or rind of fruits. छिलका, छाल ।

Peeler-पीलर्-*n.* one who peels, a policeman. छिलका उतारनेवाला, पुलिस का सिपाही ।

Peeling-पीलिङ्ग्-*n.* that which is peeled off. छिलका ।

Peen-पीन् -*n.* the back of a hammerhead. हथौड़ी का पिछला भाग ।

Peep-पीप् -*v. i.* to chirp, to squeak, to look through a narrow hole, to look slyly. चूँ-चूँ करना, झाँकना, चोरी से देखना ।

Peeper-पीपर् -*n.* one who peeps. चीं-चीं करनेवाले मुर्गों के बच्चे, झाँकनेवाला ।

Peep-hole-पीप्'-होल् -*n.* a hole for peeping in. झाँकने का छिद्र ।

Peep-o'-day-पीप्'-ओ-डे-*n.* dawn, day-break. अरुणोदय, तड़का ।

Peer-पीयर्-*n.* (*fem.* **Peeress**-ऍस्) one equal in rank, a degree of nobility in England, a nobleman. समान पद का, कुलीन पुरुष, रईस; - *v. t. & i.* to make or be equal, to peep, to look carefully. बराबरी का बनाना या होना, झाँकना, सावधानी से देखना ।

Peerage-पिय-रॅज् -*n.* the nobility, the body of peers. धनिक लोग, कुलीन जन-समुदाय ।

Peerless-पियर्'-लॅस् -*adj.* unequal. अनुपम; **Peerlessly** (-लि)-*adv.* in an unequal manner. असमता से; **Peerlessness** (-नॅस्)-*n.* the state of being without an equal. अनुपमता ।

Peevish-पी'-विश् - *adj.* quarrelsome, fretful, irritable. झगड़ालू, दुष्ट प्रकृति का, दुःशील, चिड़चिड़ा ; **Peevishly** (- लि) - *adv.* in an irritable or fretful manner. कर्कश स्वभाव से; **Peevishness** (-नॅस्) - *n.* quarrelsomeness, irritableness. झगड़ालूपन, दुःशीलता, चिड़चिड़ाहट ।

Peg-पॅग्-*n.* a pin of wood or metal, a drink of wine (or sodawater.) कीला, खूँटी, मदिरापान; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Pegged.**) fasten with pegs. खूँटे से बाँधना या स्थिर करना; **A peg to hang** (a discourse.) शास्त्रार्थ-विषय; **To peg away** (to work persistently.) हठपूर्वक लगातार कार्य करना; **To peg down** (to restrict.) नियमबद्ध करना ।

Peg-top-पॅग्- टॉप् - *n.* a child's spinning top. बच्चों का नचाने का लट्टू ।

Pegamoid-पॅग-मॉइड् -*n.* a kind of imitation leather. कृत्रिम चमड़ा ।

Pekin - पिकिन् - *n.* a kind of silk stuff. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र ।

Pekoe-पॅ (-पी)-को-*n.* a kind of black tea. (उत्तम प्रकार की) काली चाय ।

Pelage-पॅ'-लॅज् -*n.* fur, wool. रोवाँ, ऊन ।

Pelagian-पिलेजिअन्-*adj.* pertaining to deep sea. गहरे समुद्र का ।

Pelagic - पिलॅजिक् - *adj.* of the open sea. खुले समुद्र का ।

Pelf-पॅल्फ्-*n.* money, wealth. धन, सम्पत्ति ।

Pelican-पॅलिकन्-*n.* a kind of large water-fowl. एक प्रकार का बड़ा बतख, हवासील ।

Pelisse-पॅ-लीस्' -*n.* a child's outer garment. बच्चों का ऊपरी घेरा ।

Pellagra - पॅ लॅग्रा - *n.* a disease marked by cracking of the skin. एक रोग जिसमें चमड़ा फट जाता है ।

Pellet-पॅ- लॅट् - *n.* a small bell or pill. छोटी गोली; -*v. t.* to hit with a pellet. छोटी गोली से मारना ।

Pellicle-पॅलिकल्-*n.* a thin membrane or film. पतली झिल्ली ।

Pellitory-पॅलिटरि - *n.* a herb with pungent roots. अकरकरा ।

Pell-mell-पॅल्'-मॅल्-*n., adj. & adv.* disorder, confused, recklessly, in disorder. व्याकुल, बिना क्रम के, हड़बड़ी में ।

Pellucid-पॅ-ल्यू-सिड् -*adj.* clear, transparent, mentally clear. स्वच्छ, विमल, पारदर्शक, शुद्ध; **Pellucidity** (-इ-टी) - *n.* clearness. विमलता, शुद्धता ; **Pellucidly** (- लि) -*adv.* clearly. स्वच्छता से ।

Pelmanism-पॅ-ल्मॅनिज़्म् -*n.* a modern system of training memory. स्मरणशक्ति तीव्र करने की आधुनिक विधि ।

Pelt-पॅल्ट्-*n.* raw skin of sheep. भेड़ का (बिना कमाया हुआ) चमड़ा; - *v. t. & i.* to strike with missiles. ढेला फेंककर या गोली से मारना ।

Pelter-पॅल्टर् - *n.* a shower of missles, heavy storm of rain, hail &c. शस्त्रों की वर्षा, जल या शिला की घनी वृष्टि ।

Pelta-पॅल्टा -*n.* (*pl.* **Peltae.**) a kind of small shield. एक प्रकार की छोटी ढाल ।

Pelvic-पॅल्'-विक्-*adj.* pertaining to the pelvis. वस्ति प्रदेश का ।

Pelvis-पॅल् - विस् - *n.* the bony basin-shaped

cavity which forms the lower part of the kidney. वस्ति गह्वर, वस्तिप्रदेश ।

Pemphigous-see **Pemphigus.**

Pemphigus-पेम्'फ़ि-गस्-*n.* a watery eruption on the skin. चमड़े पर का फफोला; **Pemphigous** (-गस्) - *adj.* pertaining to watery eruptions. जलपूर्ण फफोले से सम्बन्धित ।

Pen-पेन् -*n.* a small enclosure for cattle. मवेशियों का बाड़ा; -*v. t.* (*p. t.* **Penned.**) to shut up in a pen. बाड़े में(मवेशियों को)बन्द करना ।

Pigeon-पिज्-अन्-*n.* a dove-like bird of several colours. कपोत, कबूतर;-*v. t.* to put into a pigeon-hole, to cheat (in gambling). खाने में कागज़ इत्यादि रखना, (जुवे में) धोखा देना; **Carrier-pigeon** (a pigeon trained to carry messages.) समाचार ले जानेवाला कबूतर; **Pigeon-hearted** (timid, easily frightened.) भीरुहृदय, कातर; **Pigeon-hole** (set of compartments for paper &c.) अलमारी में कागज़ इत्यादि रखने के छोटे-छोटे खाने।

Pigeonry-पिजन्रि-*n.* a pigeon-hole. कबूतर का दरबा।

Piggery-पिगरि-*n.* a place for pig breeding,

a dirty place. सुअर पालने का स्थान, गंदी जगह ।

Pigment-पिग्'-मॅन्ट्-*n.* a colouring matter used as a paint. रँगने का कोई पदार्थ, रंग; **Pigmental** (-अल्) *-adj.* pertaining to pigments. रङ्ग सम्बन्धी; **Pigmentary** (-अर्-इ) *-adj.* of pigments. रङ्ग रोगन का ।

Pigmy, Pygmy-पिग्मि-*ns.* a dwarf. वामन, बौना ।

Pigsty-पिग्'-स्टि-*n.* a pen of pigs. सुअरदाड़ा ।

Pigtail-पिग्-टेल्-*n.* a thin roll of tobacco, a plait of hair hanging on the back. तमाखू की बीड़ी, वालों की चोटी; **Pigtailed** (-इ)-*adj.* चोटीदार ।

Pike-पाइक्-*n.* a spike or lance, a spear, a kind of fish. बर्छी, भाला, एक प्रकार की मछली; *-v. t.* to thrust through. घुसाना, भोंकना;*-n.* a toll. चुङ्गी; **Piked** (-इ)-*adj.* pointed.नोकदार; **Pikeman**-*n.* a soldier armed with a pike. वल्लमधारी; **Pikestaff** (-स्टाफ्) *-n.* the shaft of a pike. वर्छी की डण्डी।

Pilaster-पिलॅस्टर् -*n.* a square pillar. चौकोर खम्भा ।

Pilch-पिल्च्-*n.* a small wrapper for infants. बच्चों की ओढ़नी ।

Pilchard-पिल्चर्ड्-*n.* a kind of oat. एक प्रकार की जई ।

Pile-पाइल्-*n.* a pointed post, a heap, support of bridge, soft hair. नुकीला लट्ठा, ढेर, पुल का आधार, रोवाँ;*-v. t.* to lay in a heap. ढेर लगाना; **Funeral pile** (funeral pyre.) चिता; **Pile-driver** (a machine for drawing piles.) लट्ठा गाड़ने का यन्त्र; **Piler** (-अर्)-*n.* one who piles. ढेर लगानेवाला; **To pile on** (to heap on.) ढेर लगाना, इकट्ठा करना ।

Pileate-पाइलि-एट्-*adj.* of the form of a cap. टोपी के आकार का ।

Piles-पाइल्ज़्-*n. pl.* a disease of the lower rectum, haemorrhoids. अर्श रोग, बवासीर ।

Pilfer-पिल्'-फ़र्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Pilfered**) to steal in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके चुराना ।

Pilferage-पिल्फ़रेज्-*n.* stealth. चोरी ।

Pilferer-पिल्फ़रर्-*n.* a thief. चोर, ठग ।

Pilfering-पिल्फ़रिङ्ग - *n.* theft. ठगी, चोरी; **Pilferingly** (-लि)-*adv.* ठगी से ।

Pilgarlic-पिल्गार्-लि-क्-*n.* a bald-headed person. चँदवर मनुष्य ।

Pilgrim-पिल्' - ग्रिम् - *n.* one who makes a journey to sacred places, a traveller. तीर्थसेवी, यात्री;*-v. t.* to wander like a pilgrim. तीर्थसेवी की तरह यात्रा करना ।

Pilgrimage-पिल्'-ग्रिम्-एज् - *n.* a reverential journey. तीर्थयात्रा, तीर्थ-गमन ; *-v. t.* to go on pilgrimage. तीर्थयात्रा करना; **Place of pilgrimage** तीर्थस्थान ।

Piliferous - पिल्फ़रस् - *adj.* having hair. रोवदार ।

Piliform-पि'-लि-फ़ॉर्म्-*adj.* full of hair. रोवें से पूर्ण, रोवेंदार ।

Pill-पिल् - *n.* a medicine in the form of a little ball. गुटिका, गोली;*-v. t.* to plunder. लूटना ।

Pillage-पि-लॅज्-*n.* plunder. लूट;*-v. t.* to strip of money. लूटना, छीनना ।

Pillager-पि-लॅज्'-अर्-*n.* one who plunders. लूटनेवाला ।

Pillar-पि-लर्-*n.* a post, a column, anything used as support. स्तम्भ, खम्भा, आधार; *-v. t.* to support with a pillar. स्तम्भ की तरह आश्रय देना ; **Driven from pillar to post** (*i. e.* from one support to another.) एक आश्रय से दूसरे आश्रय को फेंका हुआ; **Pillar of faith** (support of belief.) श्रद्धा का सहारा या स्तम्भ; **Pillar of justice.** न्याय का आधार ।

Pillion-पि-ल्य-न्-*n.* a cushion attached to the back part of a saddle. काठी की पिछली ओर लगी हुई गद्दी ।

Pillory-पिलॅरि-*n.* wooden frame with holes for inserting the head and hands of a criminal. लकड़ी का कटघरा जिसके छिद्र में अपराधी के मस्तक तथा हाथ जकड़ दिये जाते थे ।

Pillow-पि-लो-*n.* a cushion used as a support for the head. उपाधान, तकिया;*-v. t.* to lay for support. तकिया लगाना; **Pillow-case** (a pillow-slip.) तकिये की खोल ; **To take counsel of one's pillow** (to take a night to reflect.) विचार करने के लिये रात भर का अवसर लेना ।

Pilose-पाइ-लोस्-*adj.* covered with hair. रोवाँ भरा हुआ ।

Pilosity-पाइलॉसिटि-*n.* hairiness. रोवाँपन ।

Pilot-पाइलट्-*n.* one who steers a ship, one who navigates an aeroplane, a guide. नौका-वाहक (माँझी), हवाई जहाज चलानेवाला, कर्णधार ;*-v. t.* (*p. t.* **Piloted**) to lead the way, to steer a ship. मार्ग दिखलाना (जहाज चलाना); **Pilotage** (-ऍज) *-n.* fee of a pilot. माँझी का वेतन; **Pilot-balloon** *-n.* a balloon used for discovering the direction of the

wind. वायु की दिशा जानने के लिये उड़ाया हुआ गुब्बारा; **Pilot-boat**-*n.* a boat used by pilots. नाविक द्वारा प्रयुक्त नाव; **Pilot-engine** (the leading engine of a train.) गाड़ी के आगे चलनेवाला इंजिन ।

Pilotless-पाइलट्-लेस्-*adj.* without a pilot. बिना माँझी का ।

Pilular-see **Pilule.**

Pilule-पिल्-यूल्-*n.* a small pill. छोटी गोली ; **Pilular** (-यू-लर्), **Pilulous** (-लस्) -*adjs.* pertaining to pills. छोटी गोली का ।

Pimp-पिम्प्-*n.* a pander. संचालक, विट ।

Pimpernel-पिम्पर्नल्-*n.* a plant found on waste ground. एक जंगली पौधा ।

Pimping-पिम्' - पिङ्ग् - *adj.* small, mean. छोटा, क्षुद्र ।

Pimple-पिम्'-पल्-*n.* a small tumour on the skin. फुन्सी, डुड़सा (मुहाँसा); **Pimpled** (-ड्), **Pimply** (-लि) -*adjs.* having pimples. फुन्सीदार ।

Pin-*n.* a thin wire with a sharp point on one end and a knob on the other, used for fastening paper, cloth &c., a peg of wood, a needle. आलपीन, खुँटी, सुई; -*v. t.* (*p. t.* **Pinned.**) to fasten with a pin. आलपीन लगाकर बाँधना; **Not to care a pin** (not to care a whit for.) कुछ भी चिन्ता न करना; **Pin cushion** (a small cushion for fixing pins.) आलपीन खोंसने की गद्दी; **Pinhole** (a very small hole.) महीन छेद; **Pinmoney** (money allotted to wife for private expenses.) व्यक्तिगत व्ययों (निजी खर्चों) के लिये पत्नी (बीबी) के नाम अलग किया गया धन ।

Pinafore-पिन'-फ़ॅर् -*n.* a cover for protecting a child's frock from dirt. बच्चे की ओढ़नी ।

Pince-nez-पिंन्स्'-नेंज़्-*n.* a pair of eye-glasses with springs to clip the nose. नाक पकड़ने की कमानीवाला चश्मा ।

Pincers-पिन्'-सर्स् - *n. pl.* a gripping tool like pliers with short jaws. छोटे मुँह की पकड़ने की सँड़सी ।

Pinch-पिन्श् - *v. t. & i.* to nip between tips of fingers and thumb, to extort money, to urge, to rob. चिकोटी काटना, धन छीनना, प्रेरणा करना, लूटना;-*n.* the act of pinching, a small portion taken between the tips of fingers. चिकोटी, चुटकीभर; **None but the wearer knows where the shoe pinches** (only those engaged in an enterprise know its difficulties.) जिसके तन पड़े वही जाने, जाके तन ना फटी बिवाई, सो का जाने पीर पराई ; **Pinch of snuff** (a small quantity of snuff.) एक चुटकी सुँघनी ; **Pinching of shoes** जूते का काटना ।

Pinchfist-पिन्श्'-फ़िस्ट्-*n.* a miser. कृपण, कंजूस ।

Pinchingly-पिन्श्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in pinching manner. चिकोटी काटते हुए ।

Pinder-पिन्' - डर् - *n.* one who put sstray animals into the pounder. भटकते हुए पशुओं को बाड़े में बन्द करनेवाला मनुष्य ।

Pine-पाइन् -*n.* a genus of trees which yield turpentine. चीड़ का पेड़, देवदार; - *v. i.* to waste away from anxiety, distress &c. दुःख या शोक से सूख जाना ।

Pine-apple-पाइन्'-ॲ - पल् - *n.* a tropical plant and its fruit shaped like a pine-cone. अनानास का पौधा तथा इसका फल ।

Pineal-पिनिअल्-*adj.* resembling pine. चीड़ की पत्ती के सदृश ।

Pinery-पाइन-रि-*n.* a place where pine-apples are grown. अनानास पैदा करने का स्थान ।

Pinfold-पिन्'-फ़ोल्ड्-*n.* a pound for shutting up stray cattle. घूमनेवाले पशुओं को बन्द करने का बाड़ा ।

Ping-पिङ्ग्-*n.* the ringing sound of a bullet. बंदूक की गोली का सन्-सन् शब्द; - *v. i.* to whistle like a bullet. बंदूक या तोप की गोली जैसा सन्-सन् शब्द करना ।

Ping-pong-पिङ्ग्'-पॉङ्ग् -*n.* table-tennis. एक प्रकार का टेबुल पर खेलने का गेंद का खेल ।

Pinguid-पिंग्विड् - *adj.* oily, greasy. तैलमय, स्निग्ध, चिकना ।

Pining-पाइन्'-इङ्ग्-*n.* distress, anxiety. दुःख, उत्कण्ठा ।

Piningly-पाई'-निङ्ग्-लि-*adv.* in a languishing manner. मुरझाते हुए ।

Pinion-पि'-न्य-न्-*n.* the end of a wing, a small wheel connected with a big one. डैने की नोक, बड़े पहिये से मिला हुआ छोटा पहिया; -*v. t.* to bind the wings of birds or the arm of a person. डैना बाँधना, मुसुक बाँधना ।

Pink-पिङ्क्-*n.* a plant with fragrant flowers, light rosy colour. एक सुगन्धित फूल, गुलाबी रङ्ग;-*adj.* of rosy colour. गुलाबी रङ्ग का; -*v. t.* to pierce with sword, to adorn. तलवार भोंकना, आभूषित करना, सजाना ।

Pinkish-पिङ्क्'-इश् - *adj.* somewhat pinky. थोड़ा या कुछ गुलाबी रंग का ।

Pinkiness-पिङ्क्'- इ- नेंस् - *n.* rosy colour. गुलाबीपन ।

Pinky-पिङ्क्'-इ *-adj.* of pink colour. गुलाबी रंग का।

Pinna-पिना - *n.* (*pl.* **Pinnae.**) the upper broad part of the external ear. कान का ऊपरी चौड़ा भाग।

Pinnace -पिनेंस् - *n.* a warship's boat. लड़ाई के जहाज पर की नाव।

Pinnacle-पिन्-अ-कृल्-*n.* an ornamental turret. अटारी, बुर्जी; - *v. t.* to set on pinnacle. बुर्जी लगाना।

Pinnate-पि-नेट् *-adj.* having leaves on each side of the stalk. डण्ठी के दोनों ओर की पत्ती-वाला; **Pinnated** (-एँड्) *-adj.* pinnate. फला हुआ; **Pinnately** (-लि) *-adv.* in a pinnate manner. फैले हुए।

Pinner-पि-नर्-*n.* one who pins. आलपीन खोंसनेवाला।

Pinnule-पि-न्युल् - *n.* an organ like a small wing. छोटे डैने के सदृश अंग।

Pinny-पि - नि - *adj.* childish. बच्चे का या बच्चे जैसा।

Pint-पाइन्ट्-*n.* a measure of capacity for liquids, half a quart. प्रायः डेढ़ पाव की नाप।

Pintado-पिन्टार्डे - *n.* a guinea-fowl. एक प्रकार का मुर्गा।

Pintle-पिन्'-ट्ल्-*n.* a bolt on which a part of a machine revolves. यंत्र का चूल जिस पर कोई पुर्जा घूमता है।

Piny-पाइनि-*adj.*of or like or full of pine trees. चीड़ या देवदार का, उसके समान या उससे पूर्ण।

Pioneer-पाइ-ऑ-नी-अर्'-*n.* a foot soldier who marches before to prepare the way for others, an original explorer. दूसरों के लिये पथ बनाने के लिये आगे-आगे पैदल चलनेवाला सैनिक, मूल अनुसंधानकर्ता या अन्वेषक, खोज करनेवाला; - *v. t.* to act as a pioneer. मार्ग दिखलाना, रास्ता बतलाना।

Pious-पाइअस् *-adj.* devout, religious. धार्मिक, पुण्यात्मा; **Piously** (- लि) - *adv.* devoutly, religiously. भक्ति से; **Piousness** (-नेस्)-*n.* the state of being pious. भक्ति की दशा।

Pip-पिप्-*n.* each spot on playing-cards, seed of certain fruits. ताश के पत्ते में की चित्ती, फलों के छोटे बीज; *-v. t.* (*p. t.* **Pipped.**) to defeat, to shoot. हराना, गोली मारना; **Pipless** (-लेस्) *-adj.* without a pip. बिना बीज का।

Pipe-पाइप्-*n.* a tube, a musical wind-instrument, song of a bird, a cask of wine. नाली, बाँसुरी, पक्षी की बोली, मदिरा का पीपा; *-v. t.* to play on a pipe. बाँसुरी या सीटी बजाना; **Tobacco pipe** (a smoker's pipe.) चिलम; **To pipe one's eyes** (to weep.) रोना; **To pipe up.** बाँसुरी बजाना आरम्भ करना; **To smoke a pipe** हुक्का पीना।

Pipe-clay-पाइप - क्ले - *n.* clay for making tobacco pipe. चिलम बनाने की मिट्टी।

Pipeful-पाइप्'-फ़ुल्-*n.* as much as a pipe can contain. नली भर; **Pipeless** - *adj.* without a pipe. बिना नली का।

Piper-पाइपर् - *n.* one who plays on a pipe. बाँसुरी बजानेवाला।

Pipette-पिपेट्-*n.* a small pipe. पतली नलिका।

Piping-पाइ-पिङ्ग् *-adj.* shrill, boiling. तीखा, खौलता हुआ।

Pipkin-पिप्' - किन् - *n.* a small earthen pot. मिट्टी का छोटा पात्र।

Pippin-पिप्'-इन्-*n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Piquancy-पीकॉन्सि -*n.* sharpness, pungency. तीक्ष्णता, चरपरापन।

Piquant-पीकॉन्ट्-*adj.*sharp, pungent, agreeable, stimulating. तीखा, चटपटा, रोचक (स्वादिष्ठ), उत्तेजक; **Piquantly** (-लि)-*adv.* in a piquant manner. तीक्ष्णता से।

Pique-पीक्-*n.* offence, ill-will, resentment. अप्रसन्नता, रोष, कलह; - *v. t.* to irritate, to stimulate. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Piquet -पिकेट् -*n.* a card game played by two persons with 32 cards excluding the low cards from two to six दुक्की से छक्का तक के पत्तों को निकालकर ३२ पत्तों से दो व्यक्तियों द्वारा खेला जानेवाला ताश का खेल।

Piracy-पाइरसि -*n.* the crime of robbing on the sea, an infringement of the law of copyright. समुद्री डकैती, ग्रन्थकर्ता की आज्ञा के बिना उसके ग्रन्थ को छापकर लाभ उठाना।

Pirate-पाइरेट् - *n.* a sea-robber, one who infringes the copyright of another. समुद्री डाकू, दूसरे के अधिकार को छीननेवाला;-*v. t.* to rob on the sea. समुद्र पर डाका डालना।

Piratical-पाइरेटिकल्-*adj.* pertaining to a pirate. समुद्री डाकू-सम्बन्धी; **Piratically**(-लि)-*adv.* in a piratical manner. डाका डालते हुए।

Piscary-पिस्करि - *n.* the right of fishing in another's waters. दूसरे के जल में मछली मारने का अधिकार।

Piscator-पिस् - के - टर् - *n.* an angler. मछली फँसानेवाला।

Piscatorial-पिस्कटोरिअल् *-adj.* pertaining to fishing. मछली फँसाने से सम्बन्धित।

Pisces-पिसीज़्-*n. pl.* the fishes, the twelfth sign of the Zodiac. मछलियों का वर्ग, मीनराशि।

Pisciculture-पिसिकल्चर् - *n.* breeding and rearing of fish. मछली पालने का कार्य।

Piscina-पि-सी-नीं-*n.* (*pl.* **Piscinae, Piscinas**) a pond for rearing fishes. मछली पालने का कुण्ड।

Piscine-पि-सीन् -*adj.* of fish. मत्स्य-सम्बन्धी; -*n.* a bathing pool. स्नान-कुण्ड।

Piscivorous-पि-सि - वॅरस् - *adj.* fisheating. मछली खानेवाला।

Pish-पिश् - *interj.* expressing contempt. तिरस्कार-सूचक अव्यय।

Pisiform-पिस्-इ-फ़ार्म् -*adj.* of the shape of a pea. मटर के आकार का।

Piss-*v. i.* to make water, to wet with urine. पेशाब करना, पेशाब से तर करना।

Pistachio-पिस्टाशि-ऑ -*n.* a tree which yields nut with green kernels. पिस्ता।

Pistacia-पिस्-टे'-श्या-*n.* the pistachio tree. पिस्ते का वृक्ष।

Pistil -पिस्-टिल् -*n.* the female organ of flowers. गर्भकेसर; **Pistillary** (-अरि) -*adj.* growing on the pistil. गर्भकेसर पर उगनेवाला।

Pistol-पिस्टअल्-*n.* a small fire-arm. पिस्तौल; -*v. t.* to shoot with a pistol. पिस्तौल चलाना, पिस्तौल से मारना।

Pistolet-पिस्टलेंट्-*n.* a little pistol. छोटी पिस्तौल।

Pistolgraph-पिस्ट्ल्-ॲ-ग्राफ़् -*n.* an apparatus for obtaining instantaneous photograph. चलती-फिरती वस्तु का फोटो खींचने का यन्त्र।

Piston-पिस्टन्-*n.* a closely fitting disk of a pump. पिचकारी का डट्टा (इस प्रकार के यन्त्र का भाग)।

Pit-पिट्-*n.* a hole in the ground, a trap for wild beasts, the grave. बिल (छेद, गड्ढा), जङ्गली पशुओं के फँसाने का जाल, कब्र; -*v. t.* (*p. t.* **Pitted**) to place in a pit, to make pits. गड्ढे में रखना, गड्ढा बनाना; **Pitfall** (a trap for catching animals, a hidden danger into which a person may fall unawares.) पशुओं को फँसाने का स्थान, गुप्त संकट जिसमें मनुष्य अनजान में फँस जाता है, **Pit of stomach** (the depression in the belly.) नाभि; **The pit** (hell.) पाताल, नरक; **To dig a pit for** (to try to ensnare.) फँसाने का प्रयत्न करना।

Pitapat-पिट्-अ-पैट्-*adv.* with a flutter. थपथपाहट का शब्द करते हुए।

Pitch-पिच् -*n.* a black tenacious substance got from distilling coal-tar, resin from pine trees. राल, धूना; a mode of bowling, the height to which a falcon soars, height, intensity, steepness. गेंद फेंकनेकी विधि, ऊँचाई, हद्द, चढ़ाव; -*v. t. & i.* to cover with pitch, to fix, to erect, to plant, to pave in stone, to throw, to settle, to encamp. राल पोतना, गाड़ना, खड़ा करना, ठाना, गिट्टी या पत्थर बैठाना, फेंकना, स्थिर करना, डेरा डालना; **Mineral pitch** शिलाजीत; **Pitched-battle** (a set kind of battle.) स्थायी रूप का युद्ध; **Pitch-black** (deep black colour.) गहरा काला रङ्ग; **Pitch darkness** (deep darkness with no light at all.) घनघोर अन्धकार; **To pitch in** (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; **To pitch into** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To pitch upon** (to select.) चुनाव।

Pitcher-पिचर्-*n.* an earthenware vessel to hold liquids, a street vendor. कलश (घड़ा, मटका), सड़क पर दूकान लगानेवाला बिसाती।

Pitcherful-पिचर्-फ़ुल-*n.* as much as a pitcher can contain. घड़ाभर।

Pitchfork-पिच्'-फ़ॉर्क्-*n.* a long handled fork for pitching hay &c. सूखी घास इत्यादि की टाल लगाने का नोकदार डण्डा; -*v. t.* to thrust forcibly into. ऐसे डण्डे से गट्ठा फेंकना।

Pitchiness-पि-चि-नेंस्-*n.* darkness, blackness. कालापन, अन्धकार।

Pitch-pipe-पिच्-पाइप-*n.* the tuning pipe of a wind-instrument. मुख से बजाये जानेवाले बाजों की मुखपत्ती।

Pitchy-पिचि -*adj.* dark as pitch. अलकतरे की तरह काला।

Piteous-पि-टि-अस् -*adj.* demanding pity, sorrowful. करुणा योग्य (दीन), दयापात्र; **Piteously** (-लि) -*adv.* sorrowfully. कृपापूर्वक, दया से; **Piteousness** (-नेंस्)-*n.* the state of being piteous. दीनता।

Pith-पिथ्-*n.* a soft spongy tissue in plants, the essential part, energy, strength, force. मज्जा (रस), सार, बल, शक्ति; -*v. t.* to destroy the spinal cord of. सुषुम्ना नाड़ी का विनाश करना; **Pithless** (-लेंस्)- *adj.* destitute of pith. निःसार, नीरस; **Pithily** (-इ-लि)-*adv.* energetically. बलपूर्वक; **Pithiness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being pithy. शक्ति, सार, तत्त्व।

Pithy-पिथि-*adj.* forcible, energetic. सारपूर्ण, तेजस्वी।

Pithecoid-पि-थी'-कॉइड्-*adj.* ape-like. बन्दर के समान।

Pitiable-पि-टि-ऐं-बल् -*adj.* deserving pity,

miserable. दया-योग्य, दीन; **Pitiableness** (-नेस्) *-n.* state of being pitiable. दयालुता; **Pitiably** (-एब्-लि)*-adv.*in a pitiable manner. दया से, दीनता से।

Pitiful-पि-टि-फ़ुल्-*adj.* compassionate. करुणामय, दयापूर्ण; **Pitifully** (-फ़ुलि) *-adv.* compassionately. दयालुता से, कृपा से; **Pitifulness** (-नेस्)*-n.* the quality of being pitiful. दयालुता, करुणा।

Pitiless-पि-टि-लेस्-*adj.* merciless. निर्दय, क्रूर; **Pitilessly** (-लि) *-adv.* mercilessly. निर्दयता से; **Pitilessness** (-नेस्) *-n.* the quality of being pitiless. निर्दयता।

Pitman-पिट्'-मॅन्-*n.* a worker in a pit. गड्ढे में काम करनेवाला।

Pittance-पिटन्स् *-n.* an allowance or remuneration, a small quantity. पारिश्रमिक, अल्प परिमाण।

Pitted-पि-टेड् *-adj.* marked with small hollows. छोटे-छोटे छिद्रोंवाला।

Pituitary-पि-ट्यू-टरि-*adj.*of phlegm, mucous. कफ़ निकालनेवाला, कफ़-सम्बन्धी।

Pity-पिटि-*n.* a feeling of tenderness, compassion. दया, करुणा; *-v. t.* (*p. t.* **Pitied.**) to feel pity for. दया करना, कृपा दिखलाना; **For pity's sake** (in sympathy for.) दया करके; **To take pity on** (to have compassion on.) दया करना; **What a pity !** (ground for regret.) अरे क्या आपत्ति आ गई।

Pityingly- पिटिङ्ग्-लि *-adv.* with sympathy. दया से।

Pivot-पिव़ट्-*n.* a pin or short shaft on which something revolves, the central point. चूल या कील जिस पर कोई यन्त्र घूमता है, प्रधान आधार; *-v. t.* (*p. t.* **Pivoted**) to place on a pivot. चूल लगाना।

Pivotal-पि-व़ट-ल् *-adj.* pertaining to a pivot. चूल का।

Pixy, Pixie-पिक्सि *-adj.* similar to a fairy. परी के समान।

Pizzle-पि-ज़ल्-*n.* the male copulative organ of animals.पशुओं का शिश्न या लिङ्ग।

Placability-प्लॅके-बिलिटि, **Placableness** (-नेस) *-ns.* the quality of being appeasable. क्षमाशीलता।

Placable-प्लॅक्-एॅ-ब्ल्-*adj.* what may be easily appeased, mild. क्षमाशील, आराध्य, सहज में सन्तुष्ट होनेवाला ; **Pracably** (-एॅ-ब्लि) *-adv.* mildly. क्षमाशील ढङ्ग से।

Placard-प्लॉ-कार्ड्' *-n.* a printed paper for posting up, a poster. घोषणापत्र, विज्ञापनपत्र; *-v. t.* to notify by a placard. दीवार पर विज्ञापन चिपकाना।

Placate-प्ली-केट्' *-v. t.* to conciliate, to appease. शान्त करना, सान्त्वना करना।

Place-प्लेस् *-n.* locality, part of space, grade, city or town, dwelling, building, calling, residence, occupation. स्थान, भूमि, पद (अधिकार), निवासस्थान, नगर, घर, उद्यम, प्रसङ्ग; *-v. t.* to put in a particular place, to fix. नियुक्त करना, स्थिर करना (लगाना) ; **In one place** (somewhere.) कहीं पर; **In the first place** (firstly.) पहली बार; **In the next place** (secondly.) और भी; **Out of place** (inappropriate, unsuitable.) अनुचित, अयोग्य; **Place for dancing** (a dancing-hall.) नृत्यशाला; **Place of honour** (place of renown.) गौरव का स्थान; **Place of worship** (a temple &c.) पूजागृह; **To give place to** (to give room to.) स्थान देना; **To take place** (to happen.) घटना होना; **To take the place of** (to be substituted for.) स्थान में रखना।

Placenta-प्लसेन्ट्-आ-*n.* the nourishing tube of the foetus. खेड़ी, नाल; **Placental** (-टल) *-adj.* pertaining to placenta. नाल सम्बन्धी।

Placet-प्ले-सेट्-*n.* an affirmative vote. स्वीकृति की अनुमति (वोट)।

Placid-प्लॉ-सिड् *-adj.* mild, gentle, serene. शान्त, प्रसन्नचित्त, गम्भीर; **Placidity** (-इटि)*-n.* calmness. शान्ति; **Placidly** (-लि)*-adv.* gently, calmly. शान्तिपूर्वक, सन्तोष से ; **Placidness** (-नस) *-n.* state of being placid. गम्भीरता।

Placket-प्लॉ-केट्-*n.* a pocket in a woman's shirt. स्त्रियों की कुरती में का जेब।

Placoid-प्लॉकॉइड्-*adj.* of the shape of a plate. थाली की शकल का।

Plagiarism-प्ले'-जिअरिज़्म्-*n.* a literary theft. ग्रन्थ की चोरी; **Plagiarist** (-इस्ट्)*-n.* one who copies without acknowledgement. ग्रन्थ-चोर।

Plagiarize-प्ले'-जिअरा-इज़्-*v. t.* to use another's thoughts, inventions, writings &c. as one's own. किसी के विचार, आविष्कार, लेख इत्यादि का प्रयोग अपना कहकर करना।

Plagiary-प्ले-जिअरि *-n.* a literary theft. साहित्य की चोरी।

Plague-प्लेग् *-n.* a fatal infectious disease, a divine punishment, pestilence, nuisance, vexation, trouble, moral, corruption. महामारी, दैवी कोप, उत्पात, कंटक, आचारभ्रष्टता ; *-v. t.* to vex, to tease. पीड़ा देना, कष्ट देना।

Plaguy-प्लेगि-*adj*. vexatious. दुःखदायी।

Plaid-प्लेड्-*n*. a long piece of woollen cloth. पट्टू; **Plaided** (-ऍड्)-*adj*. wearing a plaid. पट्टू का बना हुआ वस्त्र पहिने हुए।

Plain-प्लेन्-*adj*. & *n*. clear, smooth, level, simple, evident, not intricate, not coloured, a large tract of level ground. स्पष्ट, चिकना, समतल, सरल, सुगम, अकुटिल, बिना रङ्ग का, समतल भूमि; **Plain dealing** (sincere behaviour.) सरल (निष्कपट) व्यवहार; **Plain-hearted** -*adj*. of frank disposition. सरल चित्तवाला; **Plain-spoken** -*adj*. speaking frankly. स्पष्टवक्ता; **Plainly** (-लि)-*adv*. in a plain manner. स्पष्ट रूप से, बिना कपट के; **Plainness** (-नेस्)-*n*. the quality of being plain. स्पष्टता, सरलता।

Plaint-प्लेन्ट्-*n*. accusation, charge, lamentation. अभियोग, नालिश, विलाप।

Plaintiff-प्लेन्टिफ् -*n*. a person who brings charge against another in a law-court. वादी, अभियोगी, मुद्दई।

Plaintive-प्लेन्टिव्-*adj*. expressing sorrow, mournful, sad. दीन, दुःखी, विलापी, शोकाकुल; **Plaintively** (-लि)-*adv*. in a sorrowful manner. करुणा से, दीनता से; **Plaintiveness** (-नेस्)-*n*. the quality of being plaintive. शोकाकुलता।

Plait-प्लेट्-*n*.a fold or crease in cloth, interlaced strands of hair, braid. कपड़े की तह, चुनन, चोटी;-*v. t*. to braid, to fold. गूँथना, तह करना, चोटी करना।

Plan-प्लॅन्-*n*. a drawing, a design, a scheme or project. चित्र-लेखन, नकशा, कल्पना या उपाय;-*v. t*. (*p. t*. **Planned**.) to devise, to make a scheme, to make a sketch of. कल्पना करना, उपाय रचना, नकशा बनाना।

Planch-प्लॅन्श् (-च्)-*n*. a slab used in enamelling. पालिश करने का बट्टा;-*v. t*. to cover with boards. तख्तबन्दी करना, लकड़ी के तख्ते से पाटना।

Planchet-प्लॅन्शेन्ट्-*n*. a plain circular piece of metal of which a coin is made. सिक्का बनाने के लिये धातु का सादा गोल टुकड़ा।

Planchette-प्लान्शेट्-*n*. a small heartshaped board used in psychological experiments. पहियादार लकड़ी का छोटा टुकड़ा जिसमें पेंसिल लगी होती है, जिसपर हाथ रखने से मन में विचारी हुई बात इसके नीचे रक्खे हुए कागज़ पर लिख जाती है।

Plane-प्लेन्-*n*. an even or level surface, a carpenter's tool for smoothing, the wings of an aeroplane, an aeroplane. समक्षेत्र, बढ़ई का रन्दा, हवाई जहाज़ के पंख, हवाई जहाज़; -*v. t*. to make even or smooth. चिकना बनाना, रन्दना;-*v.i*. to travel by an aeroplane. हवाई जहाज़ से यात्रा करना;-*adj*. even, flat. चौरस, समतल; **Jack-plane** (a large strong plane used by joiners.) बड़ा रन्दा; **Trying-plane** (a carpenter's small smoothing instrument.) छोटा रन्दा; **Plane-iron**-*n*. the cutter of a plane. रन्दे का तेग।

Planer-प्लेनर्-*n*. a planing instrument. चौरस करने का औज़ार।

Planet-प्लॅनेट्-*n*. a heavenly body revolving round the sun. ग्रह; **Minor planet** (a satellite.) उपग्रह; **Passage of a planet**. संक्रान्ति, ग्रहपथ; **Planet stricken** (bewildered, terrified.) डरा हुआ, घबराया हुआ।

Planetary-प्लानेटरि - *adj*. pertaining to a planet. ग्रह सम्बन्धि ; **Planetary hour** (one twelfth part of a day or night.) दिन या रात का बारहवाँ हिस्सा; **Planetary system** (the solar system.) ग्रह-मण्डल।

Planetoid-प्लॅनेटॉइड्-*n*. a small planet. छोटा ग्रह, उपग्रह।

Plangency-प्लॅन्-जेन्सि-*n*. vibration. थर्राहट, झन्नाहट।

Plangent-प्लॅन्-जेन्ट्-*adj*. thrilling. झन्नानेवाला, कँपानेवाला।

Plani-प्ले - नि-*pref*. in sense of "level smooth." समतल या चिकना अर्थ का उपसर्ग।

Planimeter-प्लॅ-नि-मिटर्-*n*. an instrument for measuring the area of a plane figure. समतल आकृति का क्षेत्रफल निकालने का यन्त्र।

Planish-प्लॅनिश्-*v. t*. to flatten smoothly, to polish with a roller. चिकना करते हुए चिपटा करना, रोलरसे पालिश करना; **Planisher** (-अर्) -*n*. one who planishes. चिकना करनेवाला।

Plank-प्लॅङ्क् -*n*. a long flat piece of sawn timber. काष्ठफलक, तख्ता;-*v. t*. to cover with planks. तख्ता बैठाना, तख्ताबन्दी करना।

Planner-प्लॅ-नर्-*n*. one who forms a plan. कल्पना करनेवाला।

Plano-प्ले-न्-ओ-*pref*.in sense of "level on one side." उपसर्ग जिसका अर्थ "एक ओर चौरस" होता है; **Plano-convex** (flat on one side and convex on the other.) ऐसा ताल जो एक ओर चौरस तथा दूसरी ओर उभड़ा हो।

Plant-प्लॅन्ट्-*n*. a vegetable organism, implements, machinery. वनस्पति (पौधा), हथियार

(यन्त्र);-*v. t.* to place under earth. भूमि में जमाना या गाड़ना; **To plant in** (to fix firmly.) जमाना; **To plant oneself** (to be settled.) स्थापित होना; **To plant out** (to transfer a plant to the ground.) पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाना।

Plantable-प्लॅन्टॅबुल्-*adj.* able to be planted. जमाने योग्य।

Plantain-प्लॅन्'-टेन्-*n.* a plant with broad flat leaves. कदली, केला।

Plantation-प्लान्टेशन्-*n.* the act of planting, a planted place. खेती, बगीचा, खेत।

Planter-प्लॅन्टर्-*n.* the owner of a plantation, one who plants. खेत का मालिक,बगीचा लगानेवाला।

Plantigrade-प्लॅन्'-टि-ग्रेड्-*adj.* of an animal that walks on the soles of its feet. पञ्जे के बल चलनेवाले प्राणी का।

Plantlet-प्लॅन्ट्'-लॅट्-*n.* a small plant. छोटा पौधा।

Plantlike-प्लॅन्ट्' - लाइक् - *adj.* similar to a plant. वनस्पति के सदृश।

Plash-प्लॅश्-*n.* a marshy pool,puddle,splash. दलदली गड़ही, छोटा सरोवर, छींटा; -*v. t. & i.* to splash, to sprinkle with colour. पानी का छींटा देना, रङ्ग छिड़कना; **Plasher** (-अर्) -*n.* छींटा देनेवाला; **Plashing** (-इङ्ग्) -*n.* act of sprinkling. छींटा देने का कार्य; **Plashy** (-इ) -*adj.* (full of puddles.) दलदलों से पूर्ण।

Plasm-प्लॅज़्म्-*n.* the living matter of a cell. जीवाणु; **Plasmic** (-इक्)-*adj.* pertaining to plasma. जीवाणु-सम्बन्धी।

Plasma-प्लॅज़्-मॅ-*n.*the colourless coagulable part of blood. रक्त का बिना रङ्ग का जमनेवाला भाग; **Plasmatic** (-मॅटिक्)-*adj.* formative. इस तत्त्व से सम्बन्धित।

Plasmology-प्लॅज़्-मॅ-लॅ-जि -*n.* the study of the ultimate corpuscles of living matter. जीवाणु की कोशाओं का अध्ययन।

Plaster-प्लॅस्टर्-*n.* a curative application spread on paper or cloth,a plastic mixture for spreading on walls. पलस्तर, लेप, दीवार पर लगाने का मसाला;-*v. t.* to cover with plaster. पलस्तर करना; **Plasterer** (-अर्)-*n.* one who works in plaster. पलस्तर करनेवाला; **Plastering** (-इङ्ग)-*n.* act of overlaying with plaster. पलस्तर करने का कार्य।

Plastic-प्लॅ-स्टि-क् - *adj.* capable of being moulded, pliant. साँचे में ढालने योग्य, नवाने योग्य; **Plastic art** (sculpture.) मूर्ति बनाने-की कला।

Plasticine-प्लॅस्टिसीन् - *n.* modelling clay. मूर्ति बनाने की मिट्टी।

Plasticity-प्लॅस्टिसिटि - *n.* the quality of being plastic. कोमलता।

Plat-प्लॅट्-*n.*a plot of ground. भूमि का टुकड़ा; -*v. t.* to plait. गूँथना, बुनना।

Plate-प्लेट्-*n.* a flat sheet of metal of even surface, a thin sheet of glass, a domestic utensil of metal, a shallow circular vessel. धातु की चद्दर, शीशे की टट्टी, थाली, रिकाबी; -*v. t.* to cover with plates. चद्दर बठाना; **Electroplate** (articles covered with electrodeposition of metals.) बिजली द्वारा धातु चढ़ा हुआ; **Name-plate** (a metal plate with a name.) नाम लिखी हुई पट्टी; **Plated** (-टेड्)-*adj.* electroplated. मुलम्मा किया हुआ।

Plater-प्लेटर् -*n.* one who electroplates. बिजली द्वारा सोने-चाँदी की कलई चढ़ानेवाला; **Plateful** (प्लेट्' - फ़ुल्) - *adj.* (as much as a plate can hold.) थाली भर; **Plateless** (प्लेट्'-लॅस्) -*adj.* devoid of plates. बिना चद्दर का; **Plate-rack** (प्लेट्'-रॅक्) -*n.* (a cupboard for displaying plates &c.) थाली सजाने की अलमारी; **Plate-powder** (प्लेट्'-पाउ-डर्)-*n.* (a powder for polishing gold & silver-ware.) चाँदी-सोने के पात्रों को चमकाने की बुकनी।

Plateau-प्लॅ-टो'-*n.* (*pl.* **Plateaus, Plateaux** -ओज़्) a tableland. समस्थल, चौरस भूमि।

Platen, Platten-प्लॅट्न्'-*ns.* the part in a printing-press or a typewriter which holds the paper while being printed. छापे की कल अथवा टाइपराइटर का वह भाग जो छपते समय कागज को पकड़े रहता है।

Platform-प्लॅट्'-फ़ॉर्म्-*n.*a raised level surface, stage, dais. ऊँची समतल भूमि, चबूतरा, मचान; -*v. t.* to place on a dais. चबूतरे पर रखना; -*v. i.* to speak from a platform. मञ्च पर चढ़कर व्याख्यान देना; **The Platform** (a public lecture.) व्याख्यान, वक्तृता।

Platina-प्लॅटिना-*n.* platinum. प्लॅटिनम् धातु।

Plating-प्ले-टिङ्ग्-*n.* the act of coating something with gold or silver. सोने या चाँदी का मुलम्मा।

Platinoid-प्लॅटिनॉ-इ-ड्-*n.* a white alloy. एक सफेद मिश्रित धातु।

Platinotype-प्लॅटिनॅ-टाइप्-*n.* a kind of photographic printing process. काले रंग की स्थायी फ़ोटो छापने की विधि।

Platinum-प्लॅ-टि-नम्-*n.* a kind of precious white metal. प्लैटिनम् नामक बहुमूल्य सफेद

धातु; **Platinic** (-इ-निक्) *adj.* of platinum. इस धातु का।

Platitude-प्लैटि - ट्यूड्-*n.* a commonplace remark, triteness. सामान्य विवरण, तुच्छता।

Platitudinarian-प्लैटिट्यूडिनेरिअन्-*n.* a dealer in platitudes. सामान्य विवरण देनेवाला; **Platitudinize** (-नाइज़्) -*v. t.* to prattle. अनर्थक वार्ता करना; **Platitudinously** (-नस्-लि)-*adv.* in a trite manner. नीचता से, तुच्छता से।

Platonic-प्लॅ-स्-टॉ-निक्-*adj.* of the Greek philosopher Plato, spiritual. प्लेटो नामक तत्त्व-ज्ञानी-सम्बन्धी, आध्यात्मिक; **Platonic year** (the period of the revolution of equinoxes.) वह समय जिसमें सब ग्रह चक्कर खाकर अपने पूर्व स्थान में आ जाते हैं; **Platonism** (-इज़्म्)-*n.* the philosophy of plato.) प्लेटो का आध्यात्मिक सिद्धान्त; **Platonist** (-निस्ट्)-*n.* a follower of plato. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Platoon-प्लटून्-*n.* a small detachment of soldiers. छोटा सैन्यदल।

Platter-प्लॅ-टर्-*n.* a large flat dish or plate. बड़ा थाल।

Plaudit-प्लॉ'-डिट्-*n.* (*usu. pl.*) applause, emphatic approval. प्रशंसा, बड़ाई; **Plauditory** (-अर्-इ)-*adj.* applauding. प्रशंसापूर्ण।

Plausibility - प्लॉज़िबिलिटि-*n.* speciousness. दिखावट।

Plausible-प्लॉ'-ज़ि - बुल्-*adj.* praiseworthy, pleasing, fair-seeming, popular, acceptable. प्रशंसनीय, सुखद, सत्य-प्रतीयमान, लोकप्रिय, स्वीकार्य,; **Plausibly** (-ज़िब्' - लि) - *adv.* apparently, with applause. दिखावट में, प्रशंसापूर्वक।

Play-प्ले-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Played.**) to flutter about, to sport, to discharge, to perform, to frolic, to employ oneself in a game. क्रीड़ा करना, खेलना, कूद-फाँद मचाना, विहार करना, क्रीड़ा में सम्मिलित होना; -(*pl.* **Plays.**) brisk movement, jest, recreation, a dramatic piece, gambling. क्रीड़ा, विनोद, खेल, नाटक, जुआ, परिहास, दिल्लगी, अवसर, व्यापार-स्थान ; **In play** (in joke.) हँसी में ; **Out of play** (against the rules of a game.) खेल के नियमों के विरुद्ध ; **Plays the woman** (acts like a woman.) स्त्री के समान आचरण करता है ; **To play fast and loose** (to act unfairly.) छल-कपट करनी ; **To play foul** (to deceive.) धोखा देना; **To play into the hands of** (to give advantage to the enemy.) शत्रु को सहायता देना; **To play off** (to oppose.) विरोध करना ; **To play on** (to play on a musical instrument.) बाजा बजाना; **To play one's cards well** (to make good use of opportunities.) अवसर का अच्छा उपयोग करना; **Play on words** (a pun.) शब्द-क्रीड़ा; **To play with** (to cut jokes with.) हँसी उड़ाना; **To play up** (to put full energy into a game.) खेल में पूर्ण शक्ति लगाना।

Playable-प्ले'-ऍ-ब्ल्-*adj.* capable of being played. खेलने योग्य।

Play-bill-प्ले'-बिल्-*n.* an advertisement for a drama. नाटक का विज्ञापन।

Play-day-प्ले'-डे-*n.* a holiday, a day given to play. अनध्याय, छुट्टी का दिन।

Play-debt-प्ले'-डॅट्-*n.* debt of gambling. जुए का ऋण।

Player-प्ले'-अर्-*n.* one who acts in a drama, a gambler. नाटक खेलनेवाला, जुआरी।

Playfellow-प्ले-फॅ-लो -*n.* a companion in amusement. लड़कपन (खेल) का साथी; **Playground** (ग्राउन्ड्)-*n.* a ground on which games are played. खेलने का मैदान।

Playhouse-प्ले'-हाउस्-*n.* theatre. नाटकघर।

Plaything-प्ले'-थिङ्ग्-*n.* a toy. खिलौना।

Playful-प्ले-फुल्-*adj.* sportive. चंचल, चपल, खिलाड़ी ; **Playfully** (-फुलि) -*adv.* in a sportive manner. हँसी में; **Playfulness** (-नॅस्)-*n.*sportiveness. चंचलता, खिलाड़ीपन।

Playing-प्ले'-इङ्ग्-*n. & adj.* the act of playing. खेल, खेल का।

Plea-प्ली-*n.* a formal statement of a defendant, excuse, justification. मोचन, हेतु(दलील), निमित्त, व्यवहार।

Pleach-प्लीच्-*v. t.* to entwine. लपेटना, ऐंठना।

Plead-प्लीड्-*v. i. & t.* to argue for a client in a court, to supplicate with earnestness. अदालत में बहस करना,विनयपूर्वक प्रार्थना करना; **Pleadable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be argued. बहस करने योग्य; **Pleader** (-अर्)-*adj* one who argues in a court. वकील, मुख्तार; **Pleading** (-इङ्ग्)-supporting by arguments. अदालती बहस; **Pleadingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* by pleading. बहस करते हुए।

Pleasance-प्लॅज़ॅन्स्-*n.* a pleasure-ground. क्रीड़ा-स्थल।

Pleasant-प्लॅ-ज़ॅन्ट्-*adj.* agreeable, delightful. सुखकर (प्रीतिकर, मनोहर), सुहावना;**Pleasantly** (-लि)-*adv.* in an agreeable manner. सुख से; **Pleasantness**- (-नॅस्)-*n.* agreeableness. रमणीयता।

Pleasantry-प्लें़ज़न्ट्रि-*n.* jocularity, cheerfulness. आनन्द, हँसी (प्रमोद) ।

Please-प्लीज़्-*v. t. & i.* to gratify, to be agreeable to, to be pleased. प्रसन्न करना, तृप्त करना, प्रसन्न होना; **If you please** (if you are pleased to order.) यदि आप कृपा कर आज्ञा दें ; **Please yourself** (do as you please.) जैसा रुचे वैसा कीजिए ; **Pleasing to the ear** (sonorous.) सुरीला; **Pleased** (-ड्) -*adj.* happy. प्रसन्न ।

Pleaser-प्लीज़र्-*n.* one who pleases. प्रसन्न करनेवाला ।

Pleasing-प्लीज़िङ्ग्-*adj.* beautiful, agreeable. सुन्दर; **Pleasingly** (-लि)-*adv.* in a pleasing manner. प्रसन्नता से ; **Pleasingness** (-नेस्) -*n.* agreeableness. प्रसन्नता ।

Pleasure-प्लेज़र्-*n.* sensuous enjoyment, delight, will, desire. विषय-सुख, आनन्द, सन्तोष, अभिलाषा, इच्छा; **Pleasurable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* affording gratification. आनन्ददायक; **Pleasurableness** (-नेस्)-*n.* pleasure, delight. आनन्द ; **Pleasurably** (-ऍ-ब्लि)-*adv.* with pleasure. आनन्द से; **Pleasureboat** (a boat for pleasure.) क्रीड़ा करने की नाव; **Pleasure-ground** (a recreation ground.) क्रीड़ावन ; **Pleasure-house** (a place for enjoyment.) क्रीड़ा-भवन ; **Sensual pleasure** (sexual enjoyment.) विषय-सुख, मैथुन जनित आनन्द ।

Pleat-प्लीट्-*n.* a fold or crease in a cloth. कपड़े की तह या चुनन ।

Plebeian-प्लिबीअन-*n. & adj.* the common people, popular, base. सामान्य मनुष्य, लौकिक, नीच; **Plebeianness** (-नेस्)-*n.* popularity. सामान्यता ।

Pledge-प्लेज्-*n.* security, a thing put as pawn, promise. बन्धक (रेहन), न्यास, प्रतिज्ञा (प्रण), -*v. t.* to deposit as security. बन्धक रखना, जमानत देना ; **Pledgee** (-ई)-*n.* one to whom anything is pledged. जिसके यहाँ बन्धक रक्खा जाता है; **Pledger** (-अर्)-*n.* one who makes a pledge.) रेहन रखनेवाला ।

Pleiad-प्लाइ-ऑड्-*n.* (*pl.* **Pleiads**, **Pleiades.**) cluster of stars, a group of seven beautiful things. कृत्तिका नक्षत्र, सात सुन्दर वस्तुओं का समूह ।

Plenarily-see **Plenary.**

Plenary-प्लीनरि-*adj.* entire, absolute, full. परिपूर्ण, समग्र, पूरा ; **Plenarily** (-र्लि)-*adv.* completely. पूर्ण रूप से ।

Plenilunar-प्लीनिलूनर्-*adj.* pertaining to the full moon. पूर्ण चन्द्र-सम्बन्धी ।

Plenipotence-प्लिनिपॅ-टॅन्स्-*n.* fulness of power. पूर्ण अधिकार ; **Plenipotent** (-टॅन्ट्)-*adj.* possessing full powers. पूण अधिकारवाला (दूत) ।

Plenipotentiary-प्लिनि-पॅ-टॅन्शरि-*adj. & n.* absolute, an ambassador with full powers. पूर्ण शक्ति-युक्त महादूत ।

Plenish-प्लें-निश्-*v. t.* to fit out, to furnish. सुसज्जित करना, सजाना ।

Plenteous-प्लें-न्टि-अस्-*adj.* plentiful. विपुल, बहुत; **Plenteously**(-लि)-*adv.* in a plenteous manner. परिपूर्णता से; **Plenteousness** (-नेस्) -*n.* the state of being plenteous. बहुलता, प्रचुरता ।

Plentiful-प्लें-न्टि-फ़ुल्-*adj.* copious, abundant. अधिक, समृद्ध ; **Plentifully** (-लि) -*adv.* in a plentiful manner. परिपूर्णता से ; **Plentifulness** (-नेस्) -*n.* the state of being plentiful. परिपूर्णता ।

Plenty-प्लेन्'-टि-*n. & adv.* abundance, copiousness. प्रचुरता (समृद्धि), बहुतायत; **In plenty** (in abundance.) बहुतायत से ।

Pleonasm-प्ली'-ॲ-नीज़्म् - *n.* the use of redundant words or expressions. व्यर्थ के अधिक पदों या शब्दों का प्रयोग ।

Pleonastic-प्ली'-ॲ-नॅ-स्टिक् -*adj.* redundant in words. निरर्थक शब्दों का; **Pleonastically** (-अलि)-*adv.* with redundancy in words. निरर्थक शब्दों का प्रयोग करते हुए ।

Plethora-प्लें थॅरॅ, प्लिथॅरॅ-*n.* excess of blood, superabundance. रक्त की अधिक वृद्धि, अधिकता; **Plethoric** (-इक्)-*adj.* pertaining to plethora. रक्तपित्त रोगी का; **Plethorically** (-अलि)-*adv* in a plethoric manner. रक्त की अधिकता से ।

Pleura-प्लू-र्-अॅ-*n.* either of the serous membranes enveloping the lungs. फुस्फुस का आवरण; **Pleural** (-रल्)-*adj.* connected with pleura. इस आवरण-सम्बन्धी ।

Pleurisy-प्लूरिसि-*n.* inflammation of the pleura. फुस्फुस के आवरण में शोथ, पार्श्वशूल ।

Pleuritic-प्लु-रि-टिक्-*adj.* affected by pleurisy. पार्श्वशूल-सम्बन्धी ।

Plexus-प्लेंक्सस्-*n.* a network of fibres in the body. शरीर में के तन्तुओं का जाल ।

Pliability-प्लाइ-अबिलिटि-*n.* flexibility. कोमलता, लचीलापन ।

Pliable-प्लाइ-अ-ब्ल्-*adj.* flexible. कोमल, अदृढ़, लचीला; **Pliably** (-अ-ब्लि)-*adv.* in a flexible manner. कोमलता से, लचीलेपन से।

Pliancy-प्लाइ-अन्सि-*n.* flexibility. लचीलापन।

Pliant-प्लाइ-अन्ट्-*adj.* supple, flexible. नवने योग्य, लचीला; **Pliantly** (-लि) -*adv.* in a supple manner. मृदुता से।

Plicate-प्लाइकेट्-*adj.* folded. तह किया (मोड़ा) हुआ ; **Plication** (-प्लि-एँ-शन्), **Plicature** (-च्-अर्) -*ns.* a fold, folding. तह, मुड़ी हुई अवस्था।

Pliers-प्लाई - अर्ज् - *n. pl.* pincers with long jaws used for bending wire. तार मोड़ने की मोटे डाँस की सँड़सी।

Plight - प्लाइट्-*n.* condition. दशा, अवस्था, स्थिति; -*v. t.* to pledge one's promise. प्रतिज्ञा करना, रेहन रखना; **Sorry plight** (bad condition.) दुर्दशा, दुर्गति।

Plighter - प्लाइटर् - *n.* one who pledges. गिरवी रखनेवाला।

Pliers.

Plimsoll-प्लिम्'-सॉल् -*n.* cheap rubber-soled canvas shoes. रबड़ के तल्ले का सस्ता किरमिच का जूता।

Plinth- प्लिन्थ्-*n.* the flat square member at the base of a column or wall. खम्भे का चौखूँटा निचला भाग, इमारत में का बन्द।

Plod-प्लॉड्-*v. i.* (*p. t.* **Plodded.**) to work laboriously, to drudge. निरन्तर परिश्रम करना, धीरे-धीरे चलना।

Plodder-प्लॉ- डर् - *n.* a steady worker. स्थिर उद्योगी।

Plodding-प्लॉ'-डिङ्ग्-*adj.*laborious. परिश्रमी; **Ploddingly** (-लि)-*adv.* in a plodding manner. मन्द गति से।

Plop-प्लॉप् -*n.* sound made by the fall of a smooth object on water. जल में छपाके का शब्द।

Plot-प्लॉट् - *n.* a piece of ground, plan of a poem or story, a secret design. भूमिप्रदेश (क्षेत्र), कथावस्तु, कूटप्रबन्ध; -*v. t.* (*p. t.* **Plotted.**) to devise, to make a plan. कपट-प्रबन्ध की रचना करना, उपाय करना; **To plot against** (to conspire against.) द्रोह करना, जाल रचना।

Plotter-प्लॉ-टर् - *n.* a conspirator. द्रोह करनेवाला, षड्यन्त्रकारी।

Plotless - प्लॉट् - लेस् - *adj.* without secret designs. बिना कूटप्रबन्ध (बन्दिश) का।

Plough-प्लाउ - *n.* an implement for cutting up furrows in soil and turning it up. हल; -*v. t.* to turn up soil with the plough. हल जोतना; **Body of a plough** हरीस; **Handle of a plough** (plough-tree.) परिहत; **Furrow made by a plough** हराई; **Ploughman** (one who ploughs.) हलवाहा; **Ploughshare** (the pointed shoe in a plough which cuts soil.) हल की धार, फार; **To plough the sand** (to do useless work.) निरर्थक कार्य करना।

Plover - प्लवर् - *n.* a kind of bird. एक प्रकार की बुलबुल के आकार की चिड़िया।

Ploy-प्लॉय्-*n.* occupation, job. व्यवसाय, उद्यम।

Pluck-प्लक् - *n.* a twitch, the heart, liver and lungs, failure in examination, courage. ऐंठन, हृदय, फेफड़ा और प्लीहा, परीक्षा में असफलता, साहस (वीरता); -*v. t. & i.* to pull with sudden force. तोड़ना, नोचना या उखाड़ना; **Plucked** (-ड्)-*adj.* unsuccessful in an examination. असफल, फ़ेल; **Pluckily** (-इ-लि)-*adv.* in a plucky manner. वीरता से; **Pluckiness** (-इ-नेस्)-*n.* energy, courage. वीरता, उत्साह; **Pluckless** (-लेस्)-*adj.* dejected. उत्साहहीन; **Plucky** (-इ)-*adj.* energetic. वीर।

Plug-प्लग्-*n.* a piece of wood fitting into a hole. डट्टा, ठेपी; - *v. t.* (*p. t.* **Plugged.**) to stop with a plug. डट्टा लगाना, छेद बन्द करना।

Plum-प्लम् -*n.* a sweet fleshy fruit with a pointed stone. बेर; **Plummy** (- मि) -*adj.* full of plums, desirable. बेरों से भरा हुआ, रोचक।

Plumage-प्लू-मे-ज् - *n.* a bird's feathers. पक्षी के पर ; **Plumaged** (-ड्) -*adj.* feathered. परदार।

Plumassier-प्लू'-मा-सीर्-*n.* one who trades in ornamental plumes. रंग-बिरंगे पर बेचनेवाला।

Plumb-प्लम्-*n.* a ball of lead or stone attached to a plumb-line. लम्ब, साहुल; -*adj.* perpendicular. लम्बरूप खड़ा या सीधा; -*v. t.* to set in a perpendicular direction, to sound the depth of sea. सीधा करना, समुद्र की गहराई नापना;-*adv.* perpendicularly. खड़े बल, बिलकुल सिधाई से; **Out of plumb** (not perpendicular.) साहुल में नहीं।

Plumbago-प्लम्-बे'- गॉ- *n.* a kind of black lead used in making pencils. पेंसिल बनाने का काला सीसा।

Plumbeous- प्लम्-बि'-अस् -*adj.* stupid, like lead. मूर्ख, सीसे के समान।

Plumber - प्लम्' - अर् -*n.* one who fits and repairs pipes, one who works in lead.

पानी का नल बैठाने या मरम्मत करनेवाला, सीसे का काम करनेवाला।

Plumbic- प्लम्'- बिक्- *adj.* combined with lead. सीसे का मिश्रण किया हुआ।

Plumbing-प्लमिङ्ग् - *n.* the art of working in lead. सीसे का काम करने की कला।

Plumbism - प्ल-म्बि-ज़्म् - *n.* lead poisoning. सीसे के विष का प्रभाव पड़ना।

Plumb-line-प्लम - लाइन् - *n.* a string with a pointed heavy ball attached to it, used by masons for determining the vertical position of a wall. साहुल।

Plumb-line.

Plume- प्लूम् - *n.* a feather, ornamental feather attached to a helmet &c. पंख, कलँगी, पर;-*v.t.* to adorn with feathers, to boast. पर लगाना, श्लाघा (गर्व) करना; **Court-plume** (ostrich feathers.) शुतुरमुर्ग का पर; **To plume oneself upon** (to be proud of.) गर्व करना।

Plumeless- प्लूम् - लेस् - *adj.* devoid of plumes. पंखहीन।

Plumelet-प्लूम्'-लेट्-*n.* a down feather. छोटा पर।

Plume-like-प्लूम्'-लाइक् -*adj.* like a plume. पर की तरह का।

Plummet-प्लमेंट् -*n.* a weight of lead attached to a plumb-line for sounding, obstructive weight. जल की गहराई नापने का सीसे का लङ्गर, रोकनेवाला भार।

Plumose-प्लूमोस् -*adj.* feathered, like feather. परदार, पर के सदृश।

Plump - प्लम्प् - *adj.* fleshy, fat, full. स्थूल, मोटा, भरा हुआ; *v. t.* to fatten, to extend to fullness. मोटा करना, फुलाना; -*v. i.* to dive. गोता लगाना; - *adv.* falling straight downward, suddenly. सीधे-सीध गिरता हुआ, अचानक; **Plumply** (-लि)- *adv.* fully. पूर्ण रूप से, गोल रूप से; **Plumper** (-अर्)- *n.* a ball or disk carried in the mouth to swell the cheeks, an unqualified lie. गाल फुलाने के लिए मुँह में रखने की गोली, सर्वथा असत्य वार्ता; **Plumpiness, Plumpness** (-नेस्) - *ns.* fullness of skin. स्थूलता, मोटापन; **Plumpy** (-इ)-*adj.* plump, fat. स्थूल, मोटा।

Plumy - प्लूमि - *adj.* (*comp.* Plumier, *sup.* Plumiest.) like a feather, adorned with plumes. पर के सदृश, परों से सजा हुआ।

Plunder- प्लन्डर् - *v. t.* to rob, to pillage, to steal. डाका डालना, लूटना, चुराना;-*n.* booty, pillage. लूट, चोरी।

Plunderage-प्लन्डरेज्-*n.* embezzling goods on board a ship. जहाज पर की सामग्री लूटना।

Plunderer-प्लन्डरर् -*n.* a robber. लुटेरा, डाकू; **Plundering** (प्लन्डर्-इङ्ग्)-*n.* robbery. लूट, डाकूपन।

Plunge - प्लन्ज् - *v. t. & i.* to sink, to dive, to enter impetuously, to immerse. डूबना, गोता लगाना, धृष्टता से प्रवेश करना;-*n.* the act of plunging. डुबकी; **Plunged** (-ड्)- *adj.* immersed. लीन (डुबकी लगाये हुए); **Plunger** (-अर्) - *n.* one who dives. डुबकी लगानेवाला (गोताखोर); **Plunging** (-इङ्ग्)- *n.* firing down on an enemy. शत्रु को गोलियों से मारना।

Plunket-प्लङ्-केट् -*n.* a kind of blue colour. एक प्रकार का नीला रंग।

Pluperfect-प्लु'-पर्'-फ़ेक्ट्-*adj.&n.* of a tense expressing an action completed prior to some past time. पूर्णभूत काल का, ऐसा काल।

Plural- प्लू'-रल् -*adj. & n.* expressing more than one (or two), more than one in number. अनेक, बहुवचन; **Pluralism** (-इज़्म्)-*n.* the state of being plural. अनेक स्थिति; **Plurality** (-इ-टि) - *n.* a large number, multitude. अनेकता, अधिकता; **Pluralize** (-आइज़्)-*v. t.* to make plural. बहुवचन बनाना; **Plurally** (-लि) - *adv.* in a plural manner. बहुवचन में।

Pluri-प्लू'-रि- *pref.* in sense of "more than one." एक से अधिक अर्थ का उपसर्ग; **Pluriliteral** (-लि-टरल्)- *adj.* having more than three letters. तीन से अधिक अक्षर का; - *n.* a word of more than three letters. तीन से अधिक अक्षर का शब्द; **Pluriparous** (-परस्)- *adj.* bringing forth more than one offspring. एक से अधिक बच्चा जनने का; **Pluripresence** (-प्रे'ज़ेन्स्) -*n.* the presence of a number of things together. एक साथ अनेक वस्तुओं की उपस्थिति।

Plus-प्लस् - *n.* the sign of addition (+). जोड़ने का (धन) चिह्न (+); - *adj.* more, additional, extra. अधिक, ज्यादा, अतिरिक्त।

Plush - प्लश् - *n.* a kind of soft cloth. एक प्रकार का कोमल वस्त्र; **Plushy** (-इ) - *adj.* soft. कोमल।

Plutocracy- प्लु-टॅ-क्रॉ-सि -*n.* rule of wealthy men. अमीरों के नियम।

Plutocrat- प्लु'-टॅ -क्रॉट् - *n.* a wealthy man. धनिक मनुष्य।

Plutocratic-प्लु'-टॅ-क्रॉट् - इक् -*adj.* pertaining to wealthy men. धनिकों का ; **Plutolatry** (प्लु-टॅ-लॉट्रि) - *n.* the worship of wealth. धन का पूजन।

Plutonic-प्लु-टॅ-निक् - *adj.* infernal, dark. पाताल सम्बन्धी, अन्धकारमय।

Plutonomic, Plutonomist-see **Plutonomy.**

Plutonomy-प्लु-टॅ-नॅ-मि - *n.* political economy. अर्थशास्त्र ; **Plutonomic** (-इक्)-*adj.* of political economy. अर्थशास्त्रीय; **Plutonomist** (-इस्ट्)-*n.* a political economist. अर्थशास्त्रज्ञ।

Pluvial-प्लू'-वि-अल्-*adj.* of rain. वर्षा सम्बन्धी।

Pluviometer-प्लुवि-ऑ-मिटर् -*n.* a rain-gauge. वर्षा नापने का यन्त्र।

Pluvious-प्लू'-वि-अस्-*adj.* pertaining to heavy rain. वहु वृष्टि का, वर्षा से प्राप्त।

Ply-प्लाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Plied.**) to fold in layers, to use vigorously, to work persistently, to attend regularly, to row or sail. तह करना, परिश्रम करना, कार्य में लगना, नियम से उपस्थित होना, नाव खेना या चलाना; -*n.* a fold or layer. तह या परत।

Plyer-प्लाइ'-अर्-*n.* he who or that which plies. काम में लगानेवाला; **Plywood** (a board consisting of several layers.) अनेक तहों का तख्ता।

Pneumatic-न्यु-मॅ-टिक्-*adj.* of air, acting by air. वायुमय, वायु सम्बन्धी; **Pneumatic tyre** (a tyre filled with air.) वायु से भरी हुई पहिये की हाल।

Pneumaticity-न्यु-मॅ-टि-सिटि-*n.* the condition of having air. हवापन।

Pneumatics-न्यु-मॅ-टिक्स्-*n. pl.* the study of gases. वायुशास्त्र, वायुविद्या।

Pneumato-न्यू-मॅटॅ -*pref.* in the sense of "breath, spirit". "वायु, आत्मा"-सूचक उपसर्ग; **Pneumatology** (-लॅ-जि)-*n.* the doctrine of spiritual of essences. आत्मा सम्बन्धी विद्या, मानसशास्त्र; **Pneumatometer** (-मिटर्)-*n.* an instrument for estimating quantity of air. साँस लेने की वायु को नापने का यन्त्र।

Pneumonia-न्यु-मो-निआ-*n.* inflammation of one or both the lungs. फेफड़ों का शोथ (सूजन); **Pneumonic** (-इक्)-*adj.* pertaining to pneumonia. इस रोग सम्बन्धी।

Pneumonitis-न्यू-मॅ-नाइटिस् -*n.* pneumonia. फेफड़े की सूजन का रोग।

Poach- पो'च्-*v. t.* to cook an egg by dropping it without shell into boiling water, to pierce, to trample, to intrude, to trespass. खौलते पानी में छिलका उतारा हुआ अण्डा डालकर पकाना, भोंकना, पैरों से कुचलना, चुभाना, विघ्न डालना, विना आज्ञा प्रवेश करना; **Poacher** (-अर्) -*n.* a trespasser, one who steals games. विना आज्ञा प्रवेश करनेवाला, शिकार का चोर।

Poachy-पोचि-*adj.* wet and damp. गीला, भीगा हुआ।

Pochard-पो-क(च)र्ड् -*n.* a diving bird of Europe. युरोप की एक गोताखोर चिड़िया।

Pock-पॉक्-*n.* a spot on the skin during smallpox. फुन्सी, छाला ; **Pock-pitted** (-**marked**)-*adj.* marked with pustules of smallpox. शीतला-मुँह-दाग।

Pocket-पॉकेट्-*n.* a small bag attached to a garment for carrying purse &c. पाकिट, जेव, खलीता; -*v. t.* to conceal in a pocket. जेव में छिपाना; **Empty-pocket** (a penniless person.) धनहीन, निर्धन मनुष्य ; **To have in one's pocket** (to have under control.) पूर्ण अधीन होना ; **To pocket insult** (to receive an insult without resenting it.) अपमान सहना

Pocket-book-पॉकेट्-बुक् -*n.* a small book for the pocket. जेव में रखने की छोटी पुस्तक; **Pocket-glass**-*n.* a portable mirror. जेवी दर्पण; **Pocket-money**-*n.* money for occasional use. जेवख़र्च; **Pocketful** (-फ़ुल) -*n.* as much as a pocket can hold. खलीता भर; **Pocketless** (-लॅस्) - *adj.* without a pocket. विना जेव का।

Pocky-पॉकि-*adj.* infected with small-pox. शीतला रोग से ग्रस्त।

Pod-पॉड्-*n.* seed-vessel of plants. बीजकोष, वोड़ी, फली; -*v. i.* (*p. t. & p. p.* **Podded.**) to swell with pods. फली उत्पन्न होना; **Podded** (-ऍड्)-*adj.* full of pods. फलीदार।

Podagra-पॉ-डॅ-ग्रा-*n.* gout in the feet. पैरका गठिया; **Podagral** (-ग्रल), **Podagric** (-ग्रिक्) -*adjs.* pertaining to gout in the feet. गठिया सम्बन्धी।

Podge, Podgy-पॉज् (-इ)-*ns.* a short fat person. मोटा छोटा मनुष्य।

Podium-पो'-डि-अम् -*n.* (*pl.* **Podia.**) a continuous platform round a building. किसी इमारत के चारों ओर का लगातार चबूतरा।

Poem-पो-ऍम्-*n.* a metrical composition. पद्य काव्य, कविता, छन्द; **Poematic** (-ऑ-टिक्)-*adj.* pertaining to poems. कविता सम्बन्धी।

Poephagous-पॅ-ऍफ्'-ऍ-गस्-*adj.* eating grass. घास खानेवाला।

Poesy-पो'-ऍ-सि-*n.* the art of poetry, poems collectively. काव्य-रचना, कविता।

Poet-पो'-ऍट्-*n.* a writer of poems. कवि; **A ready poet** (one who composes poems off-hand.) आशुकवि; **Poetaster** (-ऍस्-टर्)-*n.* a petty poet. क्षुद्र कवि, तुकबन्दी करनेवाला; **Poetess** (-ऍस्)-*n. fem.* a female poet. कवयित्री; **Poetic** (-इक्)-*adj.* pertaining to poetry. कविता-सम्बन्धी; **Poetic genius** (genius for making poetry.) कवित्व-शक्ति; **Poetical** (-इकल्)-*adj.* expressed in poetry, pertainng to poetry. कविता में वर्णन किया हुआ, कविता सम्बन्धी; **Poetically** (-इकलि)-*adv.* in a poetical manner. पद्यरूप में; **Poetics** (-इक्स्)-*n.* criticism of poetry. पद्यशास्त्र, साहित्य; **Poetize** (-आइज़्)-*v. t.* to write as a poem. किसी लेख को कविता में परिणत करना; **Poetry** (-रि)-*n.* the art of writing poetical composition. काव्य-रचना, पद्य, कवित्व।

Pogo-पो'-गॉ-*n.* a kind of mechanical toy. कमानी द्वारा कूदनेवाला खिलौना।

Praiser-प्रेज़र्-*n*. one who extols. स्तुति करनेवाला।

Praiseful-प्रेज़्'-फ़ुल्-*adj*. glorious. प्रशंसापूर्ण; **Praisefulness** (-नॅस्) -*n*. the state of being praiseful. स्तुतिपूर्णता ; **Praiseless** (-लॅस्) -*adj*. without praise. प्रशंसाहीन; **Praiseworthily** (-वर्दि-लि) -*adv*. in a praiseworthy manner. प्रशंसा से; **Praise-worthiness** (-वर्दि-नॅस्)-*n*. the state of being praiseworthy. स्तुति, प्रशंसा।

Praiseworthy-प्रेज़्-वर्दि-*adj*. laudable, worthy of praise. स्तुति योग्य, सराहने योग्य।

Praline-प्रा-लीन्-*n*. a kind of sweetmeat. एक प्रकार की मिठाई (गरी की बर्फ़ी)।

Pram-प्रॅम् - *n*. perambulator, a milkman's hand-cart. बच्चों को घुमाने की गाड़ी, ग्वाले की ठेलागाड़ी।

Prance-प्रॅन्स्-*v. i. & t*. to spring on hind legs, to behave in an arrogant manner. पिछला पैर लटकाकर उछलना, धृष्टता से व्यवहार करना; (-प्रन्स्)-*n*. a prancing movement. उछल-कूद।

Prancing-प्रॅन्सिङ्ग्-*n*. a springing or bounding movement. उछल-कूद ; **Prancingly** (-लि)-*adv*. in a prancing manner. उछल-कूद करते हुए।

Prandial-प्रॅन्डिअल्-*adj*. pertaining to dinner. भोजन सम्बन्धी।

Prank-प्रॅङ्क्-*n*. a practical joke, a frolic. (क्रीड़ा) हाथापाई, खेल-कूद; -*v. t*. to decorate, to adorn in a showy manner. साजना, सजाना; **Idle prank** (mad frolic.) वानर-क्रीड़ा; **Mischievous prank** (an erratic action.) बदमाशी; **Prankful** (-फ़ुल्)-*adj*. full of gambol. चपलतापूर्ण; **Prankish** (-इश्)-*adj*. full of pranks. खेल-कूद सम्बन्धी ; **Prankishness** (-इश् - नॅस्)-*n*. frolicsomeness. चपलता।

Prate-प्रेट्-*v. t. & i*. to chatter, to talk idly. बड़बड़ करना, वृथा बकवाद करना; -*n*. useless talk. बकवाद।

Prater-प्रेटर्-*n*. one who prates. बकवादी।

Prating-प्रे-टिङ्ग्-*n*. an idle talk. बकवाद।

Pratincole-प्री-टिन्-कॅल्-*n*. a swallow-like bird. पपीहे के प्रकार की एक चिड़िया।

Pratique-प्रॅटिक्-*n*. licence to hold trade after quarantine. जहाज़ शुद्ध करने के बाद व्यापार करने की आज्ञा।

Prattle-प्रॅ-ट्ल्-*v. i. & t*. to talk in a childish manner, to talk idly. बालकों की तरह बड़-बड़ाना, प्रलाप करना; -*n*. an idle talk. बड़बड़; **Prattler**(-अर्)-*n*. one who prattles. बड़बड़िया मनुष्य; **Prattling** (-इङ्ग्) -*adj*. talking idly. बकवादी, बड़बड़िया।

Pravity-प्रॅविटि-*n*. corruptness, depravity. भ्रष्टता, नीचता।

Prawn-प्रॉन्-*n*. a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Praxis-प्रॅक्सिस्-*n*. an accepted practice or custom. अभ्यास, आदत।

Pray-प्रे-*v. t. & i*. (*p. t*. **Prayed**.) to beseech earnestly, to entreat, to petition, to beg. स्तुति (आराधना) करना, प्रार्थना करना, विनती करना।

Prayer-प्रेअर्-*n*. solemn address to God asking for favour. प्रार्थना (स्तोत्र), उपासना,

विनती; **Prayer-book** (a book, containing prayers.) भजन की पुस्तक; **Prayerful** (-फ़ुल) *-adj*. devotional. आराधनापूर्ण ; **Prayerfully** (-फ़ुलि) *-adv*. in a prayerful manner. आराधनापूर्ण ढंग से ; **Prayerfulness** (-फ़ुल्-नॅस्)*-n*. the state of being prayerful. स्तोत्रपूर्णता; **Prayerless** (-लॅस्)*-adj*. neglecting prayers. आराधनाहीन ; **Prayerlessness** (-लॅस्-नॅस्)*-n*. the state of being prayerless. स्तुतिहीनता ।

Praying-प्रे-इङ्ग्*-n*. the act of praying. स्तुति, प्रार्थना ।

Pre-प्रि*-pref*. in sense of 'before.' 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग ।

Preach-प्रीच्*-v. i. & t*. to deliver a sermon publicly, to give moral advice, to proclaim. धर्म का उपदेश देना, धर्म सम्बन्धी शिक्षा देना; **To preach down** (to put down by preaching.) उपदेश देकर नीचा दिखलाना; **To preach up** (to praise, to extol.) प्रशंसा करना; **Preachable** (-एँ-ब्ल्) *-adj*. advocating. उपदेश देने योग्य; **Preacher** (-अर्) *-n*. one who discusses on religious matters. उपदेशक, धर्मशासक; **Preachership** (-शिप्)*-n*. the office of a preacher. उपदेशक का पद ।

Preachify-प्रीचि-फ़ाइ*-v. i*. to preach unreasonably. कुसमय उपदेश करना ।

Preaching-प्रीचिङ्ग्*-n*. act of preaching. उपदेश, शिक्षा ।

Preacquaintance-प्री- ऑक्वेन्टन्स् *-n*. previous acquantaince. पूर्व-परिचय, पहिले की जान-पहचान ।

Preacquainted-प्री-ऑक्वेन्टॅड्*-adj*. acquainted previously. पहिले का परिचित ।

Preadministration-प्री - ऑड्मिनिस्ट्रेशन् - *n*. previous administration. पूर्व शासन ।

Preadmonition-प्री'-ऑड्-मॉ-निशन्*-n*. previous warning. पूर्वसूचना ।

Preamble-प्री-ऑम्ब्ल्*-n*. preliminary statement, introduction, preface. प्रस्तावना, भूमिका; *-v. i*. to make a preface. भूमिका लिखना ।

Preambulate - प्री - ऑम्बुलेट्*-v. i*. to walk before. आगे-आगे जाना ; **Preambulation** (-लॅ-शन्)*-n*. walking before. अग्रगमन; **Preambulatory** (-लॅ-टरि)- *adj*. preceding, going before. आगे का ।

Preappoint-प्री-अ - पॉयॅन्ट्' *-v. t*. to appoint previously. पहिले से नियुक्ति करना; **Preappointment** (- मॅन्ट) - *n*. previous appointment. पूर्वनियुक्ति ।

Preapprehension-प्री-ऑप्रि-हॅन्शन्*-n*. opinion which is formed before examination. परीक्षा करने के पहिले विचार स्थिर कर लेना ।

Prebend-प्रॅ-बॅन्ड्*-n*. a part of the revenue of a church or cathedral granted to a clergyman. पादरी को दी हुई जागीर; **Prebendal** (-अल्) *-adj*. pertaining to a prebend. ऐसी जागीर का; **Prebendary** (-अरि) *-n*. a stipendiary. ऐसा जागीरदार ।

Precarious-प्रि-कॅ-रि-अस् - *adj*. dependent on chance, unsettled, uncertain, perilous. सन्दिग्ध, अस्थिर, अनिश्चित, संकटपूर्ण; **Precariously** (-लि)*-adv*. in an unsettled manner. सन्दिग्धता से; **Precariousness** (-नॅस्)*-n*. the state of being unsettled. सन्दिग्धता ।

Precative-प्रॅके टिव्*-adj*. expressing entreaty. प्रार्थनात्मक ।

Precatory-प्रॅ कॅटरि*-adj*. expressing entreaty. प्रार्थनापूर्ण, विनती करनेवाला ।

Precaution-प्रि-कॉ '-शन्- *n*. caution beforehand, a preventive measure. पूर्वचिन्ता, निवारण का उपाय; *-v. t*. to warn beforehand. पहिले से सावधान करना ; **Precautionary** (-अरि) - *adj*. of the nature of precaution. पूर्वविचार सम्बन्धी ।

Precautious-प्रि-कॉ'-शस्*-adj*. suggesting caution beforehand. पहिले से सचेत; **Precautiously** (-लि)*-adv*. with previous precaution. पहिले से सचेत होते हुए ।

Precede-प्रि-सीड्'*-v. t. & i*. to go before in rank or importance. आगे जाना, पूर्व में होना; **Precedence**-प्रि - सी' - डॅन्स्*-n*. the act of going before. अग्रगमन (प्रथमता) ।

Precedent-प्रॅ-सि-डॅन्ट् *-n*. previous decision. (प्रमाण), पहिले का न्याय; **Precedented** (-ऍड्) *-adj*. having a precedent. पूर्व दृष्टान्त से स्थिर; **Precedently** (-लि) - *adv*. serving as a precedent. प्रमाणपूर्वक ।

Preceding - प्रि - सीडिङ्ग् - *adj*. antecedent, going before. पूर्व का, पहिला ।

Precentor-प्रिसॅन्टर्*-n*. one who leads the singing of a choir. मुख्य गायक, राग आरम्भ करनेवाला; **Precentorship** (-शिप्)*-n*. the office of a precentor. मुख्य गायक का पद ।

Precentrix (-प्रिसॅन्ट्रिक्स्) *-n*. *fem*. a female precentor. मुख्य गायिका ।

Precept-प्री'-सॅप्ट्*-n*. a command, maxim, rule of action. आज्ञा, नियम (उपदेश), मर्यादा; **Moral precepts** (ethical maxims.) नीतिवचन; **Preceptive** (- इव्) - *adj*. con-

sisting of precepts. नियमों से युक्त; Preceptor (-अर्) - *n.* an instructor, a teacher. गुरु, उपदेशक; **Preceptorial** (-टोरिअल) -*adj.* pertaining to a preceptor. गुरु-सम्बन्धी; **Preceptory** (- टरि) - *adj.* giving precepts. अनुशासक; **Preceptress** (-ट्रेस्) -*n. fem.* a female teacher. गुरुआइन, अध्यापिका ।

Precession - प्रिसेशन् - *n.* the act of going before. अग्रगति; **Precession of the equinoxes** (the shifting of equinoctial points from east to west.) अयन गति, अयन चलन ।

Precinct-प्री'-सिङ्क्ट्-*n.* the space enclosed b ya boundary;-(*pl.*) environs of a district &c. सीमा, मेंड़, सिवाना; (ब० व०) सीमाप्रान्त ।

Precious - प्रेशस् - *adj.* valuable, costly, of great value or worth. बहुमूल्य, उत्कृष्ट, अनमोल; **Precious metals** (gold, silver &c.) सोना चाँदी इत्यादि; **Precious stone** (a gem.) रत्न, जवाहिरात; **Preciously** (-लि) -*adv.* in a precious manner. बहुमूल्यता से; **Preciousness** (- नेस्) -*n.* valuableness. बहुमूल्यता ।

Precipice-प्रे सिपिस्-*n.* the steep face of a rock or mountain, an abrupt descent. करारा, पर्वत या चट्टान की खड़ी दीवार ।

Precipient-प्रे-सि- पिएन्ट् - *adj.* commanding. शासक ।

Precipitate-प्रे-सि-पि-टेट्-*n.* a deposit obtained from a solution, condensed moisture. तलछट, तरल पदार्थ, जमी हुई भाप ।

Precipitability - प्रेसिपिटेबिलिटि - *n.* the state of being precipitable. जमाव, तलछट बैठ जाने की स्थिति ।

Pecipitable- प्रेसिपिटेबल् - *adj.* able to be precipitated. तलछट जमाने योग्य ।

Precipitant-प्रे-सि-पिटेन्ट् -*n.* a body precipitated. नीचे जमा हुआ पदार्थ ।

Precipitance-प्रे-सि-पि-टेन्स् -*n.* precipitancy, rash haste. साहस, शीघ्रता; **Precipitancy** (-टॅन्-सि); **Precipitateness** (-टेट्-नेस्) -*ns.* the quality of being precipitate. प्रबलता ।

Precipitate-प्रे-सि - पिटेट् - *adj.* headlong, rapid, hasty. साहसी, प्रबल; -*v. t.* to throw headlong, to hurl, to condense, to be deposited in a solid form. वेग से नीचे को गिराना, मारना, ठोस होना, पेंदी में बैठ जाना; **Precipitately** (-लि)-*adv.* in a rapid manner. प्रबलता से, साहस से; **Precipitation** (टे-शन्) -*n.* the act of precipitating. अधःपतन, शीघ्रता; **Prciepitator** (-टे-टर्) -*n.* that which precipitates. तलछट बैठानेवाला ।

Precipitous-प्रे-सि-पिटस्-*adj.* steep, abrupt. बहुत खड़ा, करारे का; **Precipitously** (-लि) -*adv.* in a steep manner. खड़ेपन से; **Precipitousness** (-नेस्) -*n.* the state of being steep. करारापन ।

Precis-प्रे'-सि-*n.* a summary or abstract. सार, संक्षेप ।

Precise-प्रि-साइस्'-*adj.* definite, exact, accurate. निश्चित, यथार्थ, विधिपूर्वक (ठीक); **Precisely** (-लि)-*adv.* in a precise manner. उचित रीति से, ठीक-ठीक; **Preciseness** (-नेस्)-*n.* the quality of being precise. यथार्थता, शुद्धता ।

Precisian-प्रि-सिज़न् -*n.* one who is strictly precise and exact. नियमपूवक कार्य करनेवाला ।

Precision -प्रे -सिज़न् -*n.* accuracy, exactness. यथार्थता, शुद्धता; **Precisionist** (-इस्ट्)-*n.* one who acts with precision. नियमसूक्ष्मता से काम करनेवाला ।

Preclude-प्रिक्लूड्'-*v. t.* to exclude, to shut off, to prevent. प्रतिबन्ध करना, रोकना, बन्द करना ।

Preclusion-प्रिक्लूज़न्-*n.* the act of precluding. निरोध, रुकावट ।

Preclusive-प्रिक्लूसिव्-*adj.* tending to prevent. प्रतिरोधक, रोकनेवाला ।

Precocious-प्रि-को'-शस्-*adj.* developing prematurely. अकालप्रौढ़, समय से पहिले पकनेवाला; **Precociously** (-लि) - *adv.* in a precocious manner. अकालप्रौढ़ता से; **Precociousness** (-नेस्), **Precocity** (-सिटि) -*ns.* the state of being precocious. अकाल-प्रौढ़ता ।

Precogitate-प्रीकॉजिटेट्-*v. t.* to consider beforehand, to precontrive. पूर्व विचार करना; **Precogitation** (-टे-शन्)-*n.* a forethought. पूव विचार ।

Precognition-प्रीकॉग्निशन् - *n.* antecedent knowledge, preliminary examination. पूर्व-ज्ञान, प्राथमिक परीक्षा ।

Precollection - प्रीकलेक्शन्-*n.* a collection beforehand. पूर्व संचय ।

Precompose - प्रीकम्पोज़्-*v. t.* to compose beforehand. पूर्व-रचना करना ।

Preconceive-प्रीकन्सीव्-*v. t.* to form an idea beforehand, to anticipate. पहिले से चिन्तन करना, पहिले से विचार कर लेना; **Preconceived** (-ड्)-*adj.* conceived beforehand. पूर्व-निर्णीत ।

Preconception -प्रीकन्सेप्शन्-*n.* a previously formed opinion. पूर्व कल्पना, पूर्वबोध ।

Preconcert-प्रीकन्सर्ट्-*n*. previous agreement. पहिले किया हुआ सट्टा।

Precondemn - प्रीकन्डेम्'-*v. t.* to condemn beforehand. पहिले से तिरस्कार करना; **Precondemnation** (-नें-शन्) -*n*. पूर्व तिरस्कार।

Preconization-प्री'-कॅनाइजेशन्-*n*. publishing by proclamation. सर्वमान्य घोषणा।

Preconize-प्री'-कॅनाइज़्-*v. t.* to proclaim in a public manner, to call by name. सामान्य रूप से घोषणा करना, नाम लेकर पुकारना।

Preconstitute-प्री-कन्-स्टिट्-यूट्-*v. t.* to constitute beforehand. पूर्वरचना करना।

Precontract-प्री-कॅन्'-ट्रॅक्ट्-*n*. a contract made previous to another. किसी दूसरे से पहले का सट्टा या पट्टा।

Precursor-प्रिकर्सर्-*n*. forerunner. अग्रसर, आगे जानेवाला; **Precursory** (-इ) -*adj*. preliminary. प्रस्तावनारूप, पहिले का।

Predaceous-प्रि-डे'-शस्-*adj*. naturally preying on others. प्रकृति से दूसरों का शिकार करनेवाला।

Predacity-प्रि-डॉ'-सि-टि -*n*. the tendency of being predaceous. शिकार करने की प्रकृति।

Predal-प्री' - डल्-*adj*. pertaining to prey. शिकार सम्बन्धी।

Predate-प्री-डेट्'-*v. t.* to antedate. पहिले की तारीख डालना।

Predatory-प्रॅ-डॅ-टरि-*adj*. addicted to robbery, ravenous. लुटेरा, दूसरों का शिकार करनेवाला।

Predecessor-प्रीडिसॅसर् -*n*. one who holds an office previously. पूर्व अधिकारी; -(*pl.*) ancestors. (ब० व०) पुरखे लोग।

Predeclared-प्री-डि-क्लॅयर्ड् - *adj*. declared beforehand. पूर्व निर्धारित, पहिले से स्थिर किया हुआ।

Predella-प्रि-डॅला-*n*. the painting at the back of an altar. मूर्ति या वेदी के पीछे की चित्रकारी।

Predesign-प्री-डिजाइन्'-*v.t.* to design beforehand. पहिले से रचना करना।

Predestinarian-प्रीडॅस्टिनरिअन् -*n*. one who believes in predestination. भाग्य पर विश्वास करनेवाला।

Predestinate-प्रीडॅस्टिनेट्-*v. t.* to determine beforehand. पहिले से निश्चित कर लेना; -*adj*. predetermined. पूर्व-निश्चित; **Pefdestination** (-नेशन्) -*n*. fate, destiny. भाग्य, प्रारब्ध।

Predestine-प्री-डॅस्टिन् - *v. t.* to determine beforehand. पहिले से निश्चित कर लेना।

Predeterminable-प्रीडिटर्मिनेबल्-*adj*. capable of being determined beforehand. पहिले से निश्चय करने योग्य।

Predeterminate-प्रीडिटर्मिनेट्-*adj*. determined beforehand. पूर्वनिश्चित; **Predetermination** (-नेशन्)-*n*. previous determination. पूर्व-निश्चय, पूर्व-सङ्कल्प।

Predetermine-प्रीडिटर्मिन्-*v. t.* to predestine. पहिले से निणय कर लेना।

Predial-प्री'-डि-अल्-*adj*. pertaining to land or farms, rural. भूमि सम्बन्धी, खेत का, देहाती।

Predicable-प्रॅ-डिकॅ-ब्ल्-*n*. a term, what is affirmed or predicated of something. पद; -*adj*. what may be predicated or affirmed. वाच्य, अभिधेय।

Predicability-प्रॅ-डिकबिलिटि - *n*. the quality of being assertable. वाच्यता।

Predicament - प्रि - डिक - मॅन्ट् -*n*. thing predicated, a category. पदार्थ, जाति, दशा, स्थिति; **Predicamental** (- अल्) - *adj*. unpleasant, dangerous. कष्टकारक, अरोचक, भयानक।

Predicant -प्रॅ -डिकॅन्ट् -*adj*. engaged in religious teaching. धार्मिक उपदेश में लगा हुआ।

Predicate-प्रॅडिकेट्-*n*. that which is predicated (affirmed or denied) of the subject, an atribute. विधेय, विशेषण, उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाय; - *v. t.* (- केट्') to affirm as true or false. विधान करना, निर्देश करना; **Predication** (-शन्) -*n*. an affirmation of something. विधान, विशेषण; **Predicative**- (-इव्) -*adj*. predicating. विधान करनेवाला; **Predicatively** (-इव लि)-*adv*. in a predicative manner. विधानरूप से; **Predicatory** (-अरी) -*adj*. marked by preaching. उपदेश का।

Predict-प्रि-डिक्ट्'-*v. t.* to prophesy, to foretell. भविष्य बतलाना, होनेवाली बात पहिले से कह देना; **Predicatable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj*. that may be predicted. भविष्य कहने योग्य।

Prediction-प्रिडिक्शन्-*n*. a foretelling, prophesy. भविष्यवाणी।

Predictive-प्रिडिक्टिव्-*adj*. foretelling. भविष्य-वाणी-सम्बन्धी; **Predictively** (-लि) -*adv*. in a prophetic manner. भविष्यवक्ता की तरह।

Predictor-प्रिडिक्टर्-*n*. one who predicts. भविष्यवक्ता।

Predilection-प्री-डि-लॅक्शन्-*n*. love beforehand, partiality. पूर्वस्नेह, पक्षपात।

Prediscovery-प्रीडिस्कवरि-*n*. prior discovery. पूर्व आविष्कार।

Predispose-प्री-डिस्पोज़्'-*v. t.* to render liable or fit beforehand. पहले से प्रवृत्त या योग्य

बनाना ; **Predisposed** (-ड्) *-adj.* inclined beforehand. पहले से उद्यत।

Predisposition-प्रीडिसपोज़िशन् *-n.* previous inclination. प्रवृत्ति, रुझान।

Predominance-प्रिडॉमिनॉन्स् *- n.* superiority in strength, power &c. ascendancy, prevalance over others. महत्व, प्रबलता, विशेषता ; **Predominant** (-नॉन्ट्)- *adj.* superior, ruling, excelling others. प्रधान, अधिक, विशिष्ट; **Predominantly** (-लि)*-adv.* in a predominant manner. प्रबलता से, विशिष्टता से; **Predominate** (-नेट्)*-v. t.* to exert control over, to be superior to, to preponderate. प्रबल होना, प्रभाव रखना, पराक्रम में बढ़ना; **Predominatingly** (-इङ्ग्-लि)*-adv.* in a predominating manner. प्रबल होते हुए ; **Predomination** (-ने- शन्) *-n.* superior strength or influence. अधिक शक्ति या प्रभाव।

Pre-elect-प्रीइलॅक्ट्-*v.t.* to choose beforehand. पहिले से चुन लेना।

Pre-eminence-प्रिऍमिनॅन्स् *- n.* superiority. श्रेष्ठता, उत्तमता;**Pre-eminent**(-नन्ट्) *-adj.* excelling or passing others. सर्वप्रधान, सर्वोत्तम; **Pre-eminently** (-लि)*-adv.* in a pre-eminent manner. प्रधान या विशेष रूप से।

Pre-empt-प्रि'-ऍम्प्ट्'*-v. t.* to obtain by pre-emption. पूर्वक्रम से प्राप्त करना, हकशफ़ा द्वारा लेना।

Pre-emption-प्रॅ-ऍम्प्शन्*-n.* the right of purchase given to one person in preference to others. पूर्वक्रय अधिकार, हकशफ़ा ; **Pre-emptive** (-टिव्)*-adj.* belonging to pre-emption. हकशफ़ा का।

Preen-प्रीन्*-v. t.* to trim feathers with beak. चोंच से पर सँवारना।

Pre-engage-प्री-इन्गेज्*-v. t.* to make engagements by previous agreement. पहिले से प्रतिज्ञा (निश्चय) कर लेना; **Pre-engagement** (-मॅन्ट्)*-n.* previous attachment. पूर्व-प्रतिज्ञा।

Pre-establish-प्री-ऍस्टॅब्लिश्*-v. t.* to establish beforehand. पहिले से स्थापित करना।

Pre-examine-प्री-ऍग्ज़ॅमिन्*-v. t.* to examine beforehand. पहिले से परीक्षा कर लेना।

Pre-exist-प्री-ऍग्ज़िस्ट्*-v. i.*to exist beforehand. पहिले से होना।

Pre-existence - प्री - ऍग्ज़िस्टॅन्स् *-n.* previous existence. पूर्व-जीवन ; **Pre-existent** (-टॅन्ट्) *-adj.* existing beforehand. भूतपूर्व।

Preface-प्रॅफ़ॅस्*-n.* an introduction to a book, preliminary part of a speech. प्रस्तावना, मुखबन्ध, भूमिका; *-v. i.* to say something as introduction. भूमिका करना।

Prefacer-प्रॅ-फ़ॅ-सर्*-n.* the writer of a preface. भूमिका-लेखक।

Prefatorial-प्रॅफ़टोरिअल्, **Prefatory** (-टरि)*-adjs.* introductory. भूमिका-सम्बन्धी।

Prefect-प्री'-फ़ॅक्ट्*-n.*a commander, the senior pupil in class who is authorized to maintain discipline. राज्यपद का अधिकारी, पाठशाला की किसी कक्षा में नियम पालन करानेवाला प्रमुख विद्यार्थी।

Prefectorial - प्रीफ़ॅक्टोरिअल्, **Prefectoral** (-टॅरल्)*-adjs.* pertaining to a prefect. अधिकारी-सम्बन्धी।

Prefer-प्रि-फ़र्'*-v. t.* (*p. t.* **Preferred.**) to bring forward, to choose rather, to raise. प्रशंसा करना, अधिक आदर करना, बढ़ाना।

Preferable-प्रि-फ़रॅब्ल्*-adj.* worthy, excellent, most desirable. उत्तम,श्रेष्ठ; **Preferably** (-ब्ली) *-adv.* in preference. अधिक आदर से।

Preference-प्रॅ-फ़र्'-ऍन्स्*-n.* choice of one thing over others. अधिक प्रतिष्ठा या अनुराग, अधिक आदर; **In preference to** (choosing rather.) अपेक्षाकृत आदर देते हुए।

Preferential-प्रॅफ़रॅन्शल्*-adj.* giving or receiving preference. अधिक मान रखनेवाला ; **Preferentially** (-लि)*-adv.* in a preferential manner. अधिक आदर के साथ।

Preferment-प्रॅ-फ़र्'-मॅन्ट्*-n.* a superior office or post. प्रतिष्ठा-पद, उन्नति।

Prefiguration-प्रि - फ़िगरेशन्*-n.* antecedent, representation by similitudes. पूर्व-लक्षण, पूर्व-दर्शन।

Prefigurative-प्रिफ़िगरेटिव्*-adj.* showing by previous figures. पहिले से दिखलाया हुआ।

Prefigure-प्रि-फ़िगर्*-v. t.* to represent or imagine beforehand, to suggest by former types or figures. पहिले से विचार कर लेना, प्रतिरूप द्वारा सूचित करना ; **Prefigurement** (-मॅन्ट्)*-n.* prefiguration. पूर्व-दर्शन।

Prefine-प्री-फ़ाइन्'*-v. t.* to limit beforehand. पहिले से सीमा स्थिर करना।

Prefix-प्रि-फ़िक्स्*-n.* a particle or word placed before a word. उपसर्ग; *-v. t.* (-प्रॅ-फ़िक्स्') to put or fix before. शब्द के पहिले (उपसर्ग) लगाना, पुस्तक के पहिले भूमिका लगाना।

Prefixion-प्रि-फ़िक्शन्*-n.* the act of prefixing. पहिले रखने का कार्य।

Prefixture-प्रि-फ़िक्स्' -चर् *- n.* introduction. भूमिका।

Preform-प्री-फ़ॉर्म्-*v.t.* to form beforehand. पहिले से बना लेना ।

Preformation-प्री-फ़ॉर्-मेशन् -*n.* a forming beforehand. पूर्व रचना ।

Preformative-प्री-फ़ॉर्' - मेटिव्-*n.* a prefix. पहिले जोड़ा हुआ शब्द, उपसर्ग ।

Prefulgency-प्री-फ़ल्'-जॅन्-सि-*n.* superior brightness. बड़ी चमक ।

Pregnable-प्रेग्नेबल्-*adj.* that my be won by force. हठ से लेने योग्य ।

Preinstruct-प्री-इन्-स्ट्रक्ट्-*v. t.* to instruct previously. पहिले से शिक्षा देना ।

Preintimation-प्री - इण्टिमशन् - *n.* previous suggestion. पूर्व-सूचना ।

Pregnancy-प्रेग्नन्सि-*n.* the state of being pregnant. गर्भावस्था ।

Pregnant-प्रेग्नन्ट् - *adj.* being with child, fruitful, imaginatiue. गर्भवती, परिपूर्ण, कल्पनायुक्त ।

Prehensile-प्रिहेन्साइल्-*adj.* capable of being grasped. पकड़ने योग्य ।

Prehensility-प्रिहें न्सिलिटि-*n.* ability of being grasped. पकड़ने की योग्यता ।

Prehension-प्रिहेन्शन् - *n.* act of apprehending. ध्यान में लाने का काम ।

Prehistoric-प्रीहिस्टॉरिक्-*adj.* relating to the period antecedent to history. लिखित इतिहास के पहिले के समय का; **Prehistorically** (-अलि) -*adv.* in a prehistoric manner. इतिहास के पूर्वकाल में ।

Prehistory-प्रीहिस्टॅरि-*n.* prehistoric knowledge. इतिहास के पहिले का ज्ञान ।

Prejudge-प्री-जज्'-*v. t.* to judge before proper enquiry. जाँच-पड़ताल के विना पहिले से निश्चय कर लेना ; **Prejudg(e)ment** (-मन्ट्)-*n.* condemnation before trial. पूर्व-निर्णय ।

Prejudicate-प्रिजुडिकेट्-*v.t.* to judge without enquiry or examination. बिना देखभाल के निर्णय करना; **Prejudication** (के-शन्)-*n.* the act of judging before examining. बिना परीक्षा के निर्णय ।

Prejudice-प्रे-जु-डिस्- *n.* an opinion formed in the mind beforehand, bias, damage done with such a judgment, an unreasonable prepossessor. अविचारपूर्वक निर्णय, पक्षपात, ऐसे निर्णय से हानि;-*v. t.* to prepossess an opinion, to damage. पक्षपात करना, हानि करना ।

Prejudicial-प्रेजुडिशल्-*adj.* detrimental, causing prejudice. हानिकारक, पक्षपात उत्पन्न करनेवाला ; **Prejudicially** (-लि)-*adv.* with prejudice. पक्षपात से ।

Preknowledge-प्री-नॉ-लज् -*n.* prior knowledge. पूर्वज्ञान ।

Prelacy-see **Prelate.**

Prelate-प्रे-लेॅ-ट्-*n.* (*fem.* Prelatess) an ecclesiastical dignitary. गिर्जाघर का प्रधान अधिकारी; **Prelacy** (-अ-सि)-*n.* office of a prelate. इस अधिकारी का पद ।

Prelatical- प्रेलॅटिकल्-*adj.* pertaining to prelacy. प्रधान पादरी का ; **Prelatically** (-लि) -*adv.* in the manner of a prelate. इस अधिकार से ; **Prelatess** (-टॅस्) - *n. fem* a female prelate. प्रधान स्त्री पादरी; **Prelati ze** (-टाइज़्)-*v. t.* to make a church episcopal. प्रधान पादरी को अधिकारी बनाना ; **Prelature** (-चर्)-*n.* the office of a prelate. पादरी का यह पद ।

Prelect-प्रि-लेॅक्ट्'-*v. t.* to lecture publicly on a subject. किसी विषय पर व्याख्यान देना ; **Prelection** (- शन्) - *n.* a discourse. व्याख्यान, भाषण ।

Prelector-प्रिलेॅक्टर्-*n.* a lecturer. व्याख्यान देनेवाला ।

Prelibation-प्रीलाइबेशन्-*n.* foretaste. पूर्वस्वाद, पहिले से स्वाद लेने का काम ।

Preliminarily-see **Preliminary.**

Preliminary-प्रिलिमिनरि -*adj.* introductory, preparatory. प्रथम, पारिभाषिक ; -*n.* (*pl.* **Preliminaries.**) that which precedes introduction. पहिला प्रबन्ध, पूर्व विषय; **Preliminarily** (-लि) -*adv.* in an introductory manner. पहिले से, परिभाषा रूप में ।

Preludial-प्रेल्यूडिअल्-*adj.* introductory. उपक्रम या प्रस्तावना का ।

Prelude-प्रेल्'-यूड्-*n.* an introductory event or performance. प्रस्तावना (उपक्रम), आरम्भ; -*v. t.* to serve as an introduction, to precede. प्रस्तावना करना, आरम्भ करना ।

Preludize-प्रे-ल्यू'-डाइज़्-*v. t.* to make an introduction. उपक्रम करना, प्रस्तावना या भूमिका देना ।

Prelusion-प्रे-ल्यू'-ज़न्-*n.* a preliminary song. आरम्भ का गायन ।

Prelusive-प्रे - ल्यू - सिव् -*adj.* introductory. उपक्रम-सम्बन्धी ।

Premature-प्री-मॅच्योर्-*adj.* done or occurring before the proper time, untimely. असामयिक, समय से पूर्व होनेवाला; **Prematurely** (- लि), -*adv.* too soon, in a hasty manner. अकाल में,

असमय में; **Prematureness** (-नेस्)-*n.* the state of being untimely. असमयता, कुसमयता ।

Prematurity-प्रीम्-ऑ-च्योर्-इट्-इ -*n.* the state of being premature. कुसमयता ।

Premeditate-प्रीमेॅडिटेट्-*v. t.* to consider or design beforehand. पहिले से विचार कर लेना, पहिले से ठानना; **Premeditated** (-एॅड्)-*adj.* thought beforehand. पूर्वचिन्तित; **Premeditatedly** (-एॅड्-लि)-*adv.* पहिले से ठान करके ।

Premeditation-प्रीमेॅडिटेशन्-*n.* previous deliberation. पूर्व सङ्कल्प ।

Premier-प्रीमिअर्-*adj. & n.* first in position or importance, the Prime Minister of England. प्रधान, मुख्य, इँगलैंड का प्रधान मंत्री; **Premiership** (-शिप्)-*n.* the office of the Prime Minister. प्रधान मन्त्री का पद ।

Premise, Premiss-प्रे॑-मिस्-*n.*each of the two propositions of a syllogism; **Premises** -*n.* (*pl.*) a building with its environs. न्याय में उत्तर पक्ष (प्रतिज्ञा), (ब० व०) घर और उसमें मिली हुई भूमि इ० ।

Premise-प्रि-माइज़्'-*v. t.* to lay down the first principles, to write something as an introduction. प्रस्तावना के रूप में कहना या लिखना, पूर्वपक्ष कहना ।

Premium-प्रीमिअम् - *n.* reward, sum paid in addition to interest, bonus &c., charge paid for changing one currency into another, payment made for insurance. पारितोषिक, लाभ, बढ़ोतरी, बट्टा, जानबीमा की रकम ।

Premonish-प्रीमॉनिश - *v. t.* to forewarn. पहले से सचेत करना ।

Premonition-प्रीमॉनिशन् - *n.* forewarning or previous information. पूर्वसूचना, पहिले से चेतावनी ।

Premonitor-प्रीमॉनिटर् - *n.* one who warns beforehand. पहिले से सूचना देनेवाला; **Premonitory** (-टरि) -*adj.* giving previous notice. पूर्वबोधक ।

Premorse-प्रिमॉर्स् - *adj.* with the end cut off. किनारा कटा हुआ ।

Premotion-प्रीमोशन्-*n.* previous excitement. पूर्व-उत्तेजना ।

Premunition-प्रीम्युनिशन् - *n.* objections anticipated beforehand. आपत्ति (एतराज) या विरोध की पूर्व आशंका ।

Prenasal-प्री-ने॑-ज़ल् - *adj.* in front of the nostrils. नाक के सामने का; - *n.* a bone at the tip of a pig's nose. सुअर की नाक के सिरे पर की हड्डी ।

Prenatal-प्रीनेॅटल्-*adj.* occurring before birth. जन्म के पूर्व का ।

Prenominate-प्रीनॉमिनेट् - *adj.* named before. पूर्वकथित, पहले से नामज़द; -*v. t.* to nominate beforehand. पूर्व-निर्धारित करना, पहले से नामज़द करना ।

Prenomination-प्रीनॉमिनेशन् - *n.* privilege of being named first. पहले से ही नाम लिया जाने का अधिकार ।

Prenotion-प्रीनोशन् - *n.* a foreknowledge. पूर्वज्ञान, पूर्वविचार ।

Preobtain-प्री-ऑब्'-टेन्-*v.t.* to obtain beforehand. पहिले से प्राप्त करना ।

Preoccupation-प्रीऑक्युपेशन् -*n.* occupation beforehand, prepossession, state of mental absorption. पूर्वग्रहण, पूर्व अधिकार, पूर्व धारणा ।

Preoccupied-प्री-ऑ-क्यु-पाइड् -*adj.* occupied beforehand. पहिले से लीन; **Preoccupiedly** (-ली) -*adv.* पहिले से स्थिर रूप में ।

Preoccupy-प्री-ऑक्'-यु-पाइ -*v. t.* (*p. t.* Preoccupied.) to occupy beforehand, to engross the mind beforehand. पहिले से ग्रहण करना, पहिले से मन में स्थिर होना ।

Preominate-प्री-ऑमिनेट् - *v. t.* to prognosticate. भविष्य बतलाना ।

Preopinion-प्रीओपिनिअन् - *n.* previously formed opinion. पूर्व-स्थिर किया हुआ विचार ।

preoption-प्रिऑप्शन् - *n.* right of first choice. पहले चुनने का अधिकार ।

Pre-oral-प्री - ओरल् - *adj.* in front of the mouth. मुख के सामने का ।

preordain-प्री-ऑर्-डेन्-*v. t.* to ordain beforehand, to determine previously. पहिले से निर्दिष्ट करना, पहिले से ठहराना ।

preordinance-प्रीऑर्डिनन्स - *n.* previous decree. पूर्वविचार ।

Preordinate-प्रीऑर्डिनेट्-*adj.* ordained beforehand. पूर्वविचारित; **Preordination** (-शन्) -*n.* the act of ordaining before. पूर्व विचार ।

Prepaid-प्री-पेड्'-*adj.* paid beforehand. पेशगी दिया हुआ ।

Preparable-प्रिपे॑ रे॑बल्- *adj* able to be prepared. निर्माण करने या बनाने योग्य ।

Preparation-प्रिपे॑ रे॑शन् -*n.* previous arrangement, a substance previously prepared. (साधन) रचना, सामग्री (संस्कार), तैयारी; **Preparative** (-टिव्) -*adj.* pertaining to previous arrangement. पूर्व प्रबन्ध या पहले की तैयारी से सम्बन्धित; **Preparatively** (टिवलि-) -*adv.* by way of preparation. तैयार किये हुए

या करते हुए ढंग से; **Preparatorily** (-टरिलि) *adv.* in a preparatory manner. तैयारी से; **Preparatory** (टरि-) *-adj.* previous, introductory, preparing for something. पहिले का, आरम्भ का, तैयार करनेवाला।

Prepare-प्रि-पेअर्' *-v. t. & i.* to make ready, to provide, to get ready previously, to adapt, to make preparations for. साधन करना, तैयार करना, ठीक करना, सजाना, निर्माण करना; **Preparer** (-अर्) *-n.* one who prepares. निर्माण करनेवाला, बनानेवाला।

Prepay-प्री-पे' - *v. t.* (*p.t.* **Prepaid.**) to pay beforehand. महसूल आदि पहिले देना।

Prepayable-प्री-पे'-ऍ-बूल् - *adj.* payable in advance. पहिले से देने योग्य।

Prepayment-प्री-पे' - मेंन्ट् - *n.* payment in advance. पेशगी अदायगी या चुकती।

Prepense-प्रि-पॅन्स् - *adj.* preconceived, deliberate. पूर्वचिन्तित, पहिले से सोचा हुआ; **Malice - prepense** (deliberate ill-will.) पहले से सोची गई या बना ली गई द्रोह या बुराई की भावना।

Prepensely-प्रि-पॅन्स्'-लि-*adj.* preconceivedly. पूर्वचिन्ता से।

Prepollence- प्रि - पॅ-लॅन्स- *n.* prevalence. प्रबलता, आधिक्य, अधिकता; **Prepollent** (-लॅन्ट्) *-adj.* superior in power. प्रबल।

Preponderance-प्रिपॉन्डरन्स्-*n.* force, power, excess of weight. गौरव, प्रबलता, भार की अधिकता; **Preponderant**-(-रन्ट्)*-adj.* outweighing. प्रभावशाली; **Preponderantly** (रन्ट्-लि)*-adv.* in a preponderant manner. प्रभाव से।

Preponderate-प्रिपॉन्डरेट् *-v.t.* to outweigh, to be heavier than, to have greater sway over others. भार में अधिक होना या बढ़ जाना, दूसरों पर अधिक प्रभाव डालना; **To preponderate over** (to increase in number or quantity.) संख्या या परिमाण में बढ़ना; **Preponderation**-(रे-शन्) - *n.* the act of inclining to one side. एक ओर प्रवृत्त होने या झुकने का कार्य।

Preposition- प्रिपॅजिशन् - *n.* an indeclinable word put before another to show the relation which one thing bears with another. विभक्ति या सम्बन्ध-सूचक अव्यय (उपसर्ग); **Prepositional**-(-शनल्) - *adj.* pertaining to a preposition. उपसर्ग-सम्बन्धी; **Prepositionally** (-शन्-लि) *-adv.* in a prepositional manner. सम्बन्ध-सूचक अव्यय द्वारा।

Prepositive - प्रिपॉजिटिव् - *adj.* proper to be prefixed. उपसर्ग की तरह जोड़ने योग्य।

Prepossess-प्रे-पॅ-ज़ेस्'-*v.t.* to take possession of beforehand, to prejudice. पहिले ही से दृढ़ करना, पक्षपात करना; **Prepossessed** (-ड्) *-adj.* preoccupied. चित्त आकर्षित किया हुआ; **Prepossessing**-(-सिङ्ग्)- *adj.* attractive. चित्ताकर्षक; **Prepossessingly** (-सिंग्-लि) *-adv.* in an attractive manner. चित्ताकर्षण करते हुए; **Prepossessingness** (-सिंग्) नेंस्, **prepossession** (-शन्)*-ns.* prior possession. पक्षपात, चित्ताकर्षण, पूर्वग्रहण।

Preposterous - प्रिपॉस्टरस् - *adj.* foolish, absurd, contrary to reason. अनर्थक, असङ्गत (असम्बद्ध), अयुक्त; **Preposterously** (-लि)*-adv.* in a contrary manner. अयुक्ति से; **Preposterousness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being preposterous. असम्बद्धता।

Prepotence- प्रिपोटेंन्स्, **Prepotency** (-टॅन्-सि) *-ns.* great power. अधिक शक्ति; **Prepotent** (-टॅन्ट्)*-adj.* more powerful than others. दूसरों की अपेक्षा अधिक बलवान्।

Prepuce-प्री'-प्यूस् *-n.* the loose foreskin of the penis. शिश्न के मुख पर की खुली त्वचा।

Preputial - प्रीप्यूशल् - *adj.* pertaining to prepuce. शिश्न की अग्र त्वचा से सम्बन्धित।

Prerequisite-प्री-रॅ-क्वि - जिट् - *adj.* required previously. पूर्वाकांक्षित।

Prerogative-प्रि-रॅगॅ-टिव्-*n.* unrestricted right of the sovereign. राजा का अबाध (बे रोक-टोक का) अधिकार।

Presage-प्रॅ सॅ-ज् - *n.* an omen, foreboding. पूर्वसूचना, शकुन; *-v. t.* (प्रि-सेज') to portend. भविष्य कहना; **Presageful** (-.फुल्) *-adj.* full of presages. शकुनपूर्ण।

Presager - प्रॅ-सेजर् - *n.* a foreteller. शकुन बतलानेवाला।

Presbyopia-प्रेज़्'बि-ओपिआ-*n.* longsightedness of old age. वृद्धावस्था की दूर दृष्टि; **Presbyopic** (-ओपिक्) *-adj.* pertaining to longsightedness. ऐसी दूरदृष्टि-सम्बन्धी।

Presbyter-प्रॅ-ज़्'-बिटर्-*n.* a priest, an elder in the church. पुरोहित,प्रधान पादरी; **Presbyteral** (-रल्), **Presbyterial** (-टीरिअल) *-adj.* pertaining to a presbyter. प्रधान पादरी सम्बन्धी।

Presbyterian- प्रॅ ज़्बिटीरिअन् - *adj.* of the church which is governed by the elders. प्रधान पादरी द्वारा शासित गिरजे का; **Presbyterianism** (-इज़्म्) - *n.* the doctrine of presbyterians. गिरजे के उक्त प्रबन्धकों का सिद्धान्त।

prescience-प्री' (-प्रे') शि-अन्स् *-n.* foreknowledge. पूर्वज्ञान ।

Prescient-प्री' (-प्रे') शि-अन्ट् *-adj.* prophetic, having foreknowledge. भविष्यदर्शी, (होनेवाली घटना का) पूर्वज्ञान रखनेवाला; **Presciently** (-ली) *-adv.* in a prescient manner. पूर्वज्ञान रखते हुए रूप में ।

Prescind-प्रि-सिन्ड्' - *v. t. & i.* to cut off in an abrupt manner. बुरी तरह से काटना या छाँटना ।

Prescribe-प्रि - स्क्राइब्' - *v. t.* to lay down authoritatively as a rule or direction, to assert, to advice the use of a medicine. निश्चित नियम या निर्देश की आधिकारिक आज्ञा देना, व्यवस्था करना, औषध के उपयोग की सलाह देना ।

Prescript -प्रि (-प्री) स्क्रिप्ट्- *n.* law, precept, command. आदेश, विधि, आज्ञा ।

Prescription - प्रिस्क्रिप्शन् - *n.* a physician's recipe, a claim for uninterrupted use or possession, an ancient custom. औषध या डाक्टर का नुस्खा, बहुकाल-बोधक अधिकार, प्राचीन रीति ।

Prescriptive-प्रि-स्क्रिप्टिव् - *adj.* according to custom. नियम या रीतिं के अनुसार; **Prescriptively** (- लि) - *adv.* in a prescriptive manner. इस रीति से ।

Presence-प्रेज़्' - एन्स् - *n.* the state of being present, a place where a person is, attendance on a person of rank, appearance, deportment. उपस्थिति, समीपता, समक्षता, आकृति, चालढाल; **In the presence of** (being present, in the sight of.) सम्मुख (प्रत्यक्ष), सामने; **Presence of mind** (quickness of decision in emergency.) प्रतिभा शक्ति, समय की सूझ; **Presence-chamber** (the hall for receiving guests.) भेंट करने का स्थान, दर्शनशाला ।

Present-प्रेज़्'-एन्ट्-*adj. & n.* being in question, existing now, ready at hand, attentive, a gift. प्रस्तुत, विद्यमान, वर्तमान, उपस्थित, उपहार; **Presents** - *n. (pl.)* what is written in a deed. लेख-पत्र (दस्तावेज) में जो कुछ लिखा गया हो; *-v. t. & i.* (-एन्ट्') to introduce, to recommend, to set forth, to grant, to offer, to suggest, to hold a firearm in position for taking aim. उपस्थित करना, अनुमोदन करना, सामने रखना, स्वीकार करना, अर्पण करना, निशाना लगाने के लिये तैयार होना; **At present** (at the present time, now.) इस समय, अभी; **By these presents** (by this document.) इस लेख द्वारा; **In the present case** (in the present circumstance.) इस अवस्था में; **Present tense** (verb representing present time.) वर्तमान काल; **Present to the mind** (impressed in mind.) हृदय में बसा हुआ; **present worth** (the sum which with compound interest will amount to.) किसी ऋण की ब्याज-सहित रकम ।

Presentability-प्रे ज़े न्टे बिलिटि-*n.* the quality of being presentable. दर्शनीयता; **Presentable** (-टेबल्)-*adj.* fit for presentation. दर्शनीय, भेंट करने योग्य; **Presentably** (-टे ब्लि) *-adv.* in a presenting manner. उपस्थित करते हुए; **Presentation** (-टेशन्)-*n.* a formal introduction, exhibition, representation. भेंट, प्रदर्शन, दिखाव ; **Presentational** (-टेश -नल्) *-adj.* pertaining to presentation. प्रदर्शन का; **Presentative** (-टे टिव्) *-adj.* having the right of presentation. प्रदर्शन के अधिकार का ।

Presentee-प्रेज़्'-एन्ट्-ई *-n.* one who is presented to a benefice, one who is recommended for an office. धर्मवृत्ति प्राप्त किया हुआ, किसी पद के लिये प्रयुक्त ।

Presentiment-प्रिजें(सें)न्टि-मेन्ट्-*n.* vague apprehension, foreboding. पूर्वकल्पना, पूर्वज्ञान ।

Presently-प्रेज़्'-एन्ट्-लि-*adv.* instantly, soon. अभी, तुरन्त ।

Presentment-प्रे'-ज़ेन्ट्'-मेन्ट *-n.* act of presenting, a statement on oath by jury. उपस्थित करने का कार्य, शपथपूर्वक जूरी का किसी घटना का पूर्वज्ञान बतलाना ।

Preservable-प्रिजर्वेबल्-*adj.* able to be kept safe. रक्षा के योग्य ।

Preservation-प्रिजर्वेशन् *-n.* the act of preserving. रक्षा (पालन), बचाव; **Preservative**-(व्रे टिव्)-*adj. & n.* tending to preserve. रक्षा का साधन (रक्षक), बचाव करने का पदार्थ ।

Preserve-प्रि-जर्व्'-*n.* jam, a secluded place for game. मुरब्बा, रक्षास्थान; **Preserves** (-स) (*n. pl.*) goggles used as protection from dust &c. (ब० व०) गर्दा बचाने का चश्मा; *-v. t.* to keep safe, to secure, to keep alive, to keep undisturbed, to season. रक्षा करना, बचाना, जीवित रखना, उपद्रव से बचाना, अचार या मुरब्बा डालना; **Preserver** (-अर्) *-adj* he who or that which preserves. रक्षक ।

Preside-प्रि'-ज़ाइड् -*v*. . to exercise control over, to occupy the chair of authority. अध्यक्ष होना, अधिकारपद पर बैठना।

Presidency -प्रज़ि (-सि) डन्सि -*n*. the term or office of a president, the division of a territory. अध्यक्षपद, देशविभाग (सूबा)।

President -प्रेज़ि (-सि) डेन्ट् -*n*. the head of a council, society or institution, chairman. अध्यक्ष, अधिकारी, सभापति (मुखिया)।

Presidential-प्रेज़ि(-सि)डेन्शल्-*adj*. pertaining to a president. अध्यक्ष-सम्बन्धी, सभापति का; **Presidentially** (-लि)-*adv*. in a presidential manner. अध्यक्षता से; **Presidentship** (-शिप्) -*n*. the office of a president. अध्यक्षता ; **Presidentess** (-एँस्)-*n*. *fem*. wife of a president, female president. सभापति की पत्नी, सभानेत्री।

Presidiary - प्रिसिडिअरि - *adj*. serving as a garrison. किले की सेना-सम्बन्धी।

Presignify-प्रीसिग्निफ़ाइ -*v.t*. (*p. t*. **Presignified.**) to intimate beforehand. पहले से सूचित करना।

Press-प्रेस्-*n*. crowd, throng, hurry, instrument for flattening or squeezing, a printing machine, newspaper literature, journalism. जन-समुदाय, भीड़भाड़, शीघ्रता, चिपटा करने, दवाने या रस निकालने का यन्त्र, छापे का यन्त्र, समाचारपत्र; **Freedom of the press** (the right to print and publish anything without censorship.) बिना किसी प्रकार की सरकारी रुकावट के ग्रन्थ छापने की स्वतन्त्रता; **In the press** (in course of printing.) छपने की अवस्था में; **To go to press** (to be sent for being printed.) छापने के लिये भेजना।

Press-प्रेस् -*v. t. & i*. to exert force against, to squeeze, to distress, to weigh down, to oppress, to demand urgently, to urge, to crowd, to insist, to force, to crowd on with great speed. दबाना, निचोड़ना, पीड़ा देना, कुचलना, कड़ा तकाज़ा करना, जल्दी करना, भीड़ मचाना, वेग से जाना; **To press against** (to exert force against.) टकराना; **To press upon** (to urge.) प्रेरित करना; **To press upon mind** (to demand urgent attention.) चित्त पर प्रभाव डालना।

Press-gang-प्रेस्'-गैङ्ग् -*n*. a detachment of seamen empowered to recruitment. भरती होने का आग्रह करनेवाले जहाजी लोग।

Pressing- प्रेसिङ्ग् - *adj*. urgent, persistent. अति आवश्यक, प्रेरणायुक्त; **Pressingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv*. in a pressing manner. आग्रह से।

Pressman-प्रेस्' - मॅन् -*n*. (*pl*. **Pressmen.**) an operator of a printing-press. मुद्रण-यन्त्र में छापनेवाला; **Press-room**- प्रेस्'-रूम् -*n*. the room where printing work is done. वह कमरा जहाँ छापने का काम होता है।

Pressure-प्रेशर् -*n*. exertion of force, oppression, affliction, urgency, influence of constraint. बल, प्रभाव, पीड़ा, आवश्यकता, बाधा; **Financial Pressure** (pecuniary restraint.) धन-संकट; **Pressure of business** (urgency of business.) कार्य-भार।

Presswork-प्रेस्'-वर्क्-*n*. printing. छापे का काम।

Prestige-प्रेस्टीज़ - *n*. influence derived from past achievements, fascination, imposture. गौरव (प्रभाव), प्रतिष्ठा, प्राचीन प्रतिष्ठा का प्रभाव।

Prestimony- प्रेस्टिमनि -*n*. fund for the support of a priest. पुरोहित के पोषण के लिये दिया हुआ धन।

Prest-money-प्रेस्ट्'-मनि - *n*. sum reserved for petty payments. फुटकर खर्च के लिये बचाया हुआ धन।

Presto-प्रेस्'-टो -*n. & adv*. quick movement. शीघ्रता से गाना बजाना, हाथ की सफ़ाई।

Prestriction-प्रिस्ट्रिक्शन्-*n*. dimness of sight. अन्धापन।

Prestudy- प्रीस्टडि-*v. i*. to study beforehand. पहिले से अध्ययन करना।

Presumable- प्रिज़्यूमेबल् - *adj*. what may be supposed as true. अनुमान करने योग्य; **Presumably** (- ब्लि) - *adv*. by presumption. अनुमान से।

Presume-प्रि-ज़्यूम्' -*v. i*. to infer, to assume, to take for granted. तर्क करना, अनुमान करना, मान लेना; **Presumedly** (- एँड्-लि) -*adv*. by way of inference. अनुमान करते हुए; **Presumingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv*. assumingly. स्वीकार करते हुए।

Presumption-प्रिज़म्प्शन्-*n*. ground for presuming, opinion, strong probability, arrogance, assurance, thing which is assumed. तर्क, कल्पना (अनुमान), साहस, दृढ़ता, सम्भावना; **Presumption of fact** (inferring from known facts.) जानी हुई बात से अनुमान करना; **Presumption of law** (accepting as true unless something is proved to the contrary.) जब तक कोई बात विपरीत सिद्ध न हो तब तक न्याय से स्वीकार कर लेना।

Presumptive-प्रि-ज़म्प्-टिव् -*adj*. that may be presumed. अनुमान से सिद्ध, सम्भव ; **Presu-**

mptively (-लि) - *adv.* in a presumptive manner. सम्भावना से।

Presumptuous-प्रि-ज़म्प्'-ट्यु-अस् - *adj.* over-confident, arrogant. साहसी, (अभिमानी), हठी; **Presumptuously** (- लि) -*adv.* arrogantly. धृष्टता से; **Presumptuousness**(-नेस्) -*n.* arrogance. धृष्टता।

Presuppose-प्री-स-पोज़्' -*v. t.* to assume or suppose beforehand.पूर्व-कल्पना करना, पहिले से मान लेना; **Presuppositon** (-ज़िशन्) -*n.* taking for granted. पूर्व भावना या कल्पना।

Pretence-प्रि-टेंन्स्' - *n.* pretext, assumption, false show. बहाना, मिथ्या हेतु।

Pretend-प्रि-टेन्ड्'-*v. t. & i.*to profess falsely, to feign, to venture. झूठा अधिकार दिखलाना, बहाना करना, साहस करना; **Pretended** (-एंड्) -*adj.* hypocritical, false. मिथ्या, कपटी; **Pretendedly** (-एंड्-लि)-*adv.* by false appearance. छल से, बहाने से; **Pretender** (-अर्)-*n.* one who pretends, one who lays a false claim to. कपटी, झूठा अधिकार माँगनेवाला; **Pretension** (-शन्)-*n.* assertion of a claim (true or false), pretext, assumed right. अभिमान, छल, कपट, बहाना, महत्त्व की आकांक्षा; **Pretentious**(-शस्)-*adj.* full of pretension, ostentatious. कपटी, धूर्त, अभिमानी; **Pretentiously** (-लि) -*adv.* in a pretentious manner. छल से; **Pretentiousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being pretentious. कपट, छल।

Preter-प्री'-टर्-*pref.* in the sense of "outside the range." "सीमा के बाहर" अर्थ का उपसर्ग; **Preterhuman** (-ह्यू' - मॅन्) - *adj.* beyond what is human, superhuman. अमानुषी, दैवी; **Preternatural** (-नॅच्यूरल) -*adj.* outside the ordinary course of nature, supernatural. अमानुषी, विलक्षण; **Pretersensual** (- सेन्स्युअल) - *adj.* more than human, extraordinary, beyond the scope of the senses. विचित्र, दैवी, इन्द्रियजनित ज्ञान से परे।

Preterite-प्रीटराइट्-*adj.* of the tense expressing past action. परोक्ष भूत काल का; **Preteriteness** (-नेस्)-*n.* past action. परोक्षता।

Preterition-प्रीटरिशन् -*n.* omission. त्याग, अतिक्रमण।

Preterlapsed-प्री-टर्-लॅप्-स्ड् -*adj.* gone by, past. व्यतीत, बीता हुआ।

Preternuptial-प्री-टर्-नप्शल्-*adj.* adulterous व्यभिचारी, लम्पट।

Pretermit-प्री-टर्- मिट् -*v. t.* (*p. t.* Pretermitted.) to omit, to neglect. त्यागना, छुड़ाना: **Pretermission**(-मिशन्) -*n.* omission. त्याग छुटकारा।

Pretext-प्री'-टेक्स्ट् -*n.* excuse, pretence, ostensible reason. छल, बहाना, मिथ्या, तर्क; -*v. t.* to give as pretext. बहाना बनाना।

Pretone-प्री-टोन् -*n.* a vowel sound before a stressed syllable. जोर देकर बोले जानेवाले शब्दांश के पहिले का स्वर; **Pretonic** (-टॉन्'-इक्) -*adj.* belonging to a pretone. ऐसे स्वर का।

Prettify-प्रिटि-फ़ाइ' -*v. t.* (*p. t.* Prettified) to make beautiful. सुन्दर बनाना।

Prettily-प्रिटिलि' -*adv.* in a pretty manner. सुन्दरता से, शोभा से।

Prettiness-प्रि-टि-नेस् -*n.* neatness, pleasing form. शोभा, सुन्दरता।

Pretty-प्रिटि -*adj.* (*comp.* Prettier, *sup.* Prettiest.) beautiful, fine, attractive, pleasing. सुन्दर, सुखदायक, ललित, शोभायुक्त;-*adv.* moderately. अल्प, थोड़ा; **Pretty clear** (almost clear.) प्राय: शुद्ध; **Pretty warm** (lukewarm.) मन्दोष्ण, गुनगुना।

Prettyish-प्रि-टि-इश् -*adj.* somewhat pretty. कुछ-कुछ सुन्दर।

Prevail-प्रि-वेल्-*v. t.* to gain mastery over, to be victorious, to persuade, to be prominent. प्रबल होना, जीतना, बहकाना, प्रचलित होना; **To prevail on (upon)** to persuade. प्रवृत्त करना।

Prevailing-प्रि-वेल्' - इङ्ग् -*adj.* superior in power, prevalent, predominant. प्रचलित; **Prevailingly** (-लि) -*adv.* in a prevailing manner. प्रभाव से, प्रयत्न से।

Prevalence-प्रेवलेन्स् -*n.* predominance, success. प्रचार, विशिष्टता, सफलता; **Prevalent** (-एन्ट्)-*adj.* powerful, generally accepted. प्रबल,प्रचलित; **Prevalently** (-लि) -*adv.* in a prevalent manner. प्रवृत्त करते हुए।

Prevaricate-प्रिवेरिकेट् -*v. i.* to speak in an evasive way, to equivocate. वाक्छल करना, घुमाकर बोलना ; **Prevaricating** (-इङ्ग्)-*adj.* false, hypocritical. झूठा, छली; **Prevarication** (-शन्) -*n.* deviation from truth, quibbling. वक्र उक्ति, वाक्छल; **Prevaricator** (-अर्) -*n.* one who shuffles. वाक्छल करनेवाला।

Prevenient-प्रिवीनिअन्ट् -*adj.* going before,

preceding. अग्रगामी, आगे का।

Prevent-प्रि-वेन्ट्-*v. t.* to hinder, to impede, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना, रुकावट डालना।

Preventable-प्रिवेन्टेबल्-*adj.* that may be prevented. निवारण करने या रोकने योग्य।

Preventer-प्रिवेन्टर् -*n.* one who obstructs. रुकावट डालनेवाला।

Prevention-प्रिवेन्शन्-*n.* obstruction, act of preventing. प्रतिबन्ध, रुकावट।

Preventive-प्रिवेन्टिव्-*adj.* tending to prevent. प्रतिबन्धक, हटानेवाला।

Previous-प्री'-वि-अस् -*adj.* prior to, former, coming before. पूर्व (गत), पहिले का, अगला; **Previously** (-लि)-*adv.* in a previous time. पूर्व से, पहिले से; **Previousness** (-नेस्) -*n.* antecedence. अग्रगामी होना।

Previse-प्रि-वाइज़्' -*v. t.* to foresee. पूर्वदृष्टि होना, पहिले से देख लेना।

Prevision-प्रिविज़न्-*n.* foresight. पूर्वदृष्टि, पूर्व-ज्ञान; **Previsional** (-अल्)-*adj.* pertaining to prevision. पूर्व-दृष्टि का; **Previsionally** (-ली) -*adv.* in a previsional manner. पूर्व-दृष्टि से।

Prewarn-प्री-वॉर्न्' -*v. t.* to warn beforehand. पहिले से सूचित करना; **Prewarning** (-इङ्ग्) -*n.* a previous warning. पूर्वसूचना।

Prey- प्रे-*n.* an animal hunted, a victim, spoil. शिकार, खाद्य, लूट का माल; -*v. t.* (*p. t.* **Preyed.**) to seize and devour, to spoil or plunder. शिकार करना, नष्ट करना, लूटना; **To prey upon** (to make an attack upon.) आक्रमण करना।

Price-प्राइस् -*n.* money for which a thing is bought, estimation. मूल्य, दाम, भाव; -*v. t.* to fix the price of a thing. किसी पदार्थ का मूल्य स्थिर करना; **At any price** (at any cost.) हर अवस्था में, किसी मूल्य पर; **Price current, Price list** (a list of current prices of commodities.) पदार्थों के मूल्य की सूची; **Without price** (very costly, without anything to pay. अमूल्य, बिना पैसे का।

Priced-प्राइस्'-ड् -*adj.* with price fixed. मूल्य स्थिर किया हुआ।

Priceless-प्राइस्'-लेस् -*adj.* invaluable. अमूल्य, अनमोल।

Prick-प्रिक् -*n.* a puncture, a stinging pain, a mark made by picking. छेद, चुभता हुआ दर्द, नुकीली वस्तु से किया हुआ चिह्न;-*v. t. & i.* to pierce with something sharp, to incite, to pain, to ride with spurs. वेधना (छेद करना), उत्तेजित करना, पीड़ा देना, एँड़ लगाना; **To prick up one's ears** (to be on the alert.) सावधान या सचेत होना।

Pricker- प्रिकर् -*n.* a pricking instrument. खोदने या वेधने का हथियार।

Pricking-प्रि-किङ्ग् -*n.* the act of piercing with something sharp. चुभन, वेध (शूल)।

Prickle-प्रि-कल् -*n.* a thorn-like projection, the spine of a hedgehog. नुकीला काँटा, साही का काँटा; -*v. t. & i.* to prick. काँटा चुभाना या चुभना।

Prickliness-प्रिक्'-लि-नेस् -*n.* the state of being prickly नुकीलापन।

Prickling-प्रिक्'-लिङ्ग् -*adj. & n.* pointed, a sharp point. नुकीला, नोक।

Prickly-प्रिक्'-लि -*adj.* full of sharp points. काँटेदार, नुकीला; **Prikly heat**-*n.* small papules on the skin due to heat. अम्हारी, घमौरी; **Prickly pear**-*n.* a thorny plant. नागफनी।

Pride-प्राइड्-*n.* arrogant conduct, haughtiness, consciousness of exalted position, self-esteem, splendid show, ostentation. अभिमान, अहङ्कार, गर्व, धृष्टता; -*v. t. & i.* to take pride in. अभिमान (गर्व) करना; **Pride of one's birth** (pride of one's family.) अपने कुल का अभिमान; **To pride oneself** (to have self-esteem.) आत्मगौरव करना।

Prideful-प्राइड्'-फ़ुल्-*adj.* full of pride. अभिमान-युक्त।

Prideless-प्राइड्-लेस् -*adj.* destitute of pride. गर्वरहित।

Priest- प्रीस्ट् -*n.* a clergyman, a religious minister. पुरोहित, पादरी।

Priestcraft-प्रीस्ट्'-क्रॉफ़्ट्-*n.* the policy of a priest. पुरोहिती छल।

Priestess-प्रीस्टेस्-*n. fem.* a female priest. पुरोहिताइन।

Priesthood-प्रीस्ट्'-हुड्-*n.* the office of a priest. पुरोहित का पद।

Priestliness-प्रीस्ट्'-लि-नेस् -*n.* manner of a priest. पुरोहितत्व।

Priestling-प्रीस्ट्'-लिङ्ग् -*n.* a small priest. छोटा पुरोहित।

Priestly-प्रीस्ट्'-लि-*adj.* pertaining to a priest. पुरोहित-सम्बन्धी।

Priest-ridden-प्रीस्ट्'-रि-ड्न् -*adj.* governed by a priest. पुरोहित से शासित।

Prig-प्रिग्-*n.* a conceited person. दम्भी, अपने रूप का गर्व करनेवाला।

Priggery-प्रिगरि - *n.* conceitedness. अहंकार, दम्भ, शेखी।

Priggish-प्रि-गिश् *-adj.* affected, conceited. दम्भी, घमण्डी; **Priggishly** (-लि) *-adv.* in a priggish manner. अभिमान से, घमण्ड से ; **Priggishness**-*n.* conceitedness. घमण्ड, अहंकार।

Prim-प्रिम्-*adj.* formal precise. अविनीत, अति सूक्ष्म; *-v. t.* (*p. t.* **Primmed.**) to decorate. सजाना; *-v. i.* to assume a prim air. रूप बनाना; **Primly** (-लि) *-adv.* in a prim manner. अविनीत भाव से; **Primness** (-नेस्) *n.* सज-धज, आडम्बर।

Prima-प्राइ'-म्-ऑं-*adv.*chief, first. मुख्य, प्रधान

Prima-facie-प्राइ-म्-ऑं-फे-सि-*n.* at first sight or view. पहिली दृष्टि में, देखते ही।

Primage-प्राइमे-ज्-*n.* percentage paid in addition to freight. भाड़े के अतिरिक्त दलाली देना।

Primal-प्राइमल् - *adj.* primitive, original, fundamental. प्राथमिक, आदि का, मौलिक, पहले का ; **Primally** (-अल्-लि)-*adv.* originally, from the beginning. आदि से, आरम्भ से।

Primarily-प्राइमरिलि-*adv.* in a primary manner. आदि रूप में।

Primary-प्राइमरि *-adj.* first in order, original, principal, not derived, of the first importance. प्रथम, मौलिक, प्रधान, मुख्य ; **Primary cause** (first cause.) पहला कारण ; **Primary education** (imparting the rudiments of knowledge.) प्रारम्भिक शिक्षा ; **Primary planets** (planets that revolve directly round the sun.) वे ग्रह जो सूय के ठीक चारों ओर घूमते हैं; **Primary sense** (original meaning.) मूलार्थ।

Primate-प्राइमेट्-*n.* an archbishop. बड़ा पादरी, गरजाघर का प्रधान अधिकारी।

Primatial-प्राइ-मेशल्-*adj.* pertaining to a primate. बड़े पादरी का।

Prime-प्राइम्-*n.* beginning, first age, best part, youth, state of the highest perfection. आरम्भ, पूर्वभाग, प्रौढ़ता, जवानी, उत्तम अंश; *-v. t. & i.* to lay first colour in painting, to put gunpowder on the nipple of a firearm. रङ्ग का अस्तर चँढ़ाना, बन्दूक में बारूद भरना;*-adj.* first, most important, excellent. आदि का, प्रधान, मुख्य, अति उत्तम ; **Prime cost** (the price of production without profit.) लागत-मूल्य।

Primely-प्राइम्'-लि-*adv.* originally. प्रधान रूप से; **Prime Minister** (the chief minister of a sovereign.) राजा का मुख्य (प्रधान)-मन्त्री।

Primeness-प्राइम्'-नेस्-*n.* excellence. उत्तमता, प्रधानता; **Prime number** (a number which is not exactly divisible by any other number except itself.) अभाज्य या रूढ़ि संख्या; **Prime of life** (youth.) यौवन, युवावस्था।

Primer-प्राइमर्-*n.* an elementary school book for children. प्रथम पुस्तक, वर्णमाला की पुस्तक; **Great Primer** (18-Point), **Long Primer** (10-Point.) १८ तथा १० परिमाण के छापे के टाइप।

Primeval, Primaeval-प्राइ-मीवल्-*adjs.* ancient, primitive. पहिला, मौलिक अवस्था का; **Primevally** (-लि) *-adv.* in ancient times. पूर्वकाल में।

Primigenous-प्राइ-मिजीनस्-*adj.* first formed, original. प्रथम निर्मित, आदि का।

Priming-प्राइ-मिङ्ग्-*n.* cramming, a painter's mixture for first coat. कण्ठ करना (रटना), रङ्गसाज का अस्तर।

Primiparous-प्राइमिपरस्-*adj.* bearing progeny for the first time. पहिली वार सन्तति उत्पन्न करनेवाला।

Primitive-प्रिमिटिव्-*adj.* ancient, rude, original, primary. प्राचीन, आदिम, असभ्य, मौलिक, प्राथमिक; **Primitive colour** (red, yellow and blue.) लाल, पीला तथा नीला रङ्ग; **Primitively** (-लि)-*adv.* in an original manner, originally, primarily. आदिरूप में; **Primitiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being primitive. प्राचीनता।

Primness-प्रिम्' - नेस् - *n.* nicety. सुकुमारता (कोमलता)।

Primogenial-प्राइ-मॅ-जीनिअल्-*adj.* first born, primitive, original. पहिला उत्पन्न, मौलिक।

Primogenital-प्राइमॅ-जॅनिटल्, **Primogenitary** (-टरि)-*adjs.* first in order, original. पूर्वपुरुषों का।

Primogenitor-प्राइ-मॅ-जॅनिटर्-*n.*earliest, ancestor, forefather. प्रथम कुलपुरुष, आदिपुरुष, पुरखा।

Primogeniture-प्राइ-मॅ-जॅनिचर्-*n.*the right of succession belonging to the first born. ज्येष्ठत्व, जेठाई, जेठंशी।

Primordial-प्राइमॉर्डिअल्-*adj.* original, existing from the beginning, fundamental. आदि का, बीजभूत, मौलिक ; **Primordiality** (-इटि)-*n.* originality. मौलिकता; **Primordially** (-लि)-*adv.* originally. आदि रूप में।

Primrose-प्रिम्'-रोज़् -*n.* a plant which bears beautiful yellow flowers. बसन्ती गुलाब ;

Primrosy (-रो-ज़ि)-*adj.* of the colour of a primrose. बसन्ती रङ्ग का।

Primula-प्रि-म्यु-ला-*n.* a perennial plant with flowers of several colours. अनेक रंग के फूलों का एक बहुवर्षी पौधा।

Primus-प्राइम्'-अस्-*adj.* the first, the eldest. पहिला, सबसे बड़ा।

Prince-प्रिन्स् -*n.* (*fem.* **Princess.**) sovereign, ruler, son or grandson of a king, a nobleman. राजा, शासक, राजकुमार, राजपुत्र, सरदार; **Prince consort** (the husband of a reigning queen.) राज्य करनेवाली रानी का पति; **Prince Imperial** (the eldest son of a sovereign.) राजा का सबसे बड़ा पुत्र; **Prince of Wales** (the eldest son of the English sovereign.) इँग्लैण्ड के सबसे बड़े राजकुमार की पदवी।

Princedom-प्रिन्स्'-डम्-*n.* the rank or jurisdiction of a prince. राज्य, युवराज का पद।

Princelike-प्रिन्स्' - लाइक् - *adj.* befitting a prince. युवराज के सदृश।

Princelet-प्रिन्स्'-लेट्, **Princekin** (-किन्)-*ns.* a small prince. छोटा राजकुमार।

Princeliness-प्रिन्स्'-लि-नेस्-*n.* the dignity of a prince. राजकीयता।

Princeling-प्रिन्स्'-लिङ्ग्-*n.* a prince of little importance. सामान्य राजकुमार।

Princely-प्रिन्स्'-लि - *adj.* royal, befitting a prince, magnificent, splendid. राजकीय, राजकुमार के योग्य, श्रेष्ठ।

Princess-प्रि-न्सेस्-*n. fem.* the daughter of a king. राजकुमारी, राजकन्या।

Principal-प्रिन्सिपल्-*adj.* first in importance, chief, most important. प्रधान, प्रमुख (श्रेष्ठ), उत्तम; -*n.* original sum lent, the head of an institution. मूलधन, अध्यक्ष, प्रधानाचार्य।

Principality-प्रिन्सिपैलिटि-*n.* a country ruled by a prince. राज्य, प्रदेश।

Principally-प्रिन्सिपलि-*adv.* chiefly. विशेष रूप से, प्रधानता से।

Principalship-प्रिन्सिपलशिप्-*n.* the office of a principal. अध्यक्ष या प्रधानाचाय का पद।

Principia-प्रिन्सिपिआ-*n. pl.* the first principles. (न्याय में) आदि सिद्धान्त।

Principiant-प्रिन्सिपिअन्ट् - *adj.* relating to principles. सिद्धान्त-सम्बन्धी।

Principle-प्रिन्सि-पल् - *n.* primary source, fundamental truth, axiom, code of right, conduct, motive. मूल, हेतु (कारण), तत्त्व, सार, नियम (व्यवस्था), सिद्धान्त; **On principle** (according to a principle.) सिद्धान्त के अनुसार; **Principled** (-ड्)-*adj.* of high principles. उच्च सिद्धान्त का।

Prink-प्रिङ्क्-*v.t.&i.* to dress up in a showy manner, to trim, to strut. आडम्बरी या दिखावटी वस्त्र पहिनना, सँवारना, अकड़कर चलना।

Print-प्रिन्ट्-*n.* the state of being printed, a mark made by printing, an impression. चिह्न, मुद्रा, छाप; -*v. t.* to stamp, to publish a book, to impress with a seal, die &c. अंकित करना, पुस्तक छापना, मोहर लगाना; **Fingerprint** (thumb impression.) अँगूठे का निशान; **Foot-print** (foot impression.) पैर का चिह्न; **Out of print** (when no copies of a book are available.) जो पुस्तक छपती नहीं; **Print-seller** (seller of pictures etc.) चित्र इत्यादि बेचनेवाला; **Print-works** (workshop for printing on fabrics.) कपड़ा छापने का कारखाना।

Printable-प्रिन्टेबल्-*adj.* able to be printed. छापने योग्य।

Printer-प्रिन्टर्-*n.* one who prints. पुस्तक इत्यादि छापनेवाला, छापने का व्यवसायी, मुद्रक।

Printing-प्रिन्ट्'-इङ्ग्-*n.* the art of impressing letters &c. on paper. छपाई, मुद्रण।

Printless-प्रिन्ट्'-लेस् - *adj.* that leaves no impression. बिना छापे का।

Prior-प्रायर्-*n.* a superior officer of an abbey. महन्त, मठधारी; -*adj.&adv.* former, previous, earlier in importance, former, antecedent, previously. प्रधान, आदि का, पूर्वगामी, पहिले।

Prioress-प्रायरेस्-*n. fem.* the lady superior of a nunnery. महन्तिन।

Priority-प्रायरिटि-*n.* precedence. प्रधानता।

Priorship-प्रायर-शिप्-*n.* the office of a prior. महन्त का पद।

Priory-प्राइ-अरि-*n.* (*pl.* **Priories.**) a monastery governed by a prior. मठ, संघ।

Prism-प्रिज़्म्-*n.* a solid figure whose ends are similar, equal and parallel, rectilineal figure, whose sides are parallelograms, a transparent figure of this form. क्रकच आयत छेदित घनक्षेत्र; -(*pl.*) prismatic colours. (बहुवचन) सात रङ्ग जो ऐसे काँच में से देख पड़ते हैं।

Prism.

Prismatic-प्रिज़्मैटिक् - *adj.* resembling a prism. छेदित घनक्षेत्र का; **Prismatically**

(-अलि)-*adv.* in the form of a prism. ऐसी आकृति के रूप में।

Prismoid-प्रिज़्'-मॉइड्-*n.* a body similar to a prism. छेदित घनक्षेत्र जिसके चारों ओर के आकार समान हों; **Prismoidal** (-अल्)-*adj.* resembling a prism. ऐसे क्षेत्र का।

Prison-प्रिज़्'-न्-*n.* a jail, a place where a criminal is confined. कारागार, बन्धनगृह; -*v.t.* to confine in a prison. बन्धन में डालना, कैद करना; **Prison bird** (a prisoner.) कारागार का बन्दी; **Prison-breaker**-*n.* जेलखाने से निकलकर भागनेवाला क़ैदी।

Prisoner-प्रिज़्'-नर्-*n.* one confined in a prison. बन्दी, बँधुआ, क़ैदी; **Prisoner of war** युद्ध का बन्दी; **State prisoner** (one imprisoned for political reasons.) राजनैतिक कैदी।

Prisonment-प्रिज़्'-न्-मेन्ट् - *n.* confinement in a prison. कैदखाने में बन्द करने का कार्य।

Pristine-प्रिस्' -टाइन् - *adj.* ancient, original, primitive. प्राचीन, पूर्वकालीन (मौलिक),पुराना, प्राचीन समय का।

Prithee-प्रि-दी-*interj.* pray, please. कृपा करके; **I prithee** (I pray thee.) मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ।

Prittle-prattle-प्रि - ट्ल्-प्रॉ - ट्ल् - *n.* useless babbling.बकझक, निरर्थक वार्ता,वृथा की बकवाद।

Privacy-प्राइ-व़ेसि - *n.* a place of seclusion, solitude, retreat. गुप्तता, एकान्तता।

Private-प्राई'-व़ेट्-*adj. & n.* one's own, confidential, secret, not public, a person not holding a public office, a common soldier. आत्मीय, अपना निज़ी, अप्रकट, गुप्त, एकान्त, रहस्य, अनधिकारी, सामान्य सिपाही; **In private** (secretly.) गुप्त रीति से; **Private apartments** (rooms allotted to women.) अन्तःपुर, जनानखाना; **Private door** (a secret door.) गुप्त द्वार; **Private house** (dwelling house of a person.) किसी व्यक्ति का घर; **Private parts** (genitals.) जननेन्द्रियाँ; **Private profit** (individual gain.) निजी लाभ; **Private property** (individual property.) निजी सम्पत्ति; **Private road** (a road not open to public) निजी सड़क।

Privateer-प्राइव़टिअर् -*n.* an armed vessel owned by private persons commissioned to use it in capturing enemy's ships. सामान्य मनुष्य का हथियारबन्द जहाज जो शत्रु के जहाजों को पकड़ने के लिये नियुक्त होता है।

Privateering - प्राइव़टिअरिङ्ग - *n.* plundering ships of the enemy. शत्रु के जहाज को लूटना।

Privately-प्राइ - व़-ट्' - लि-*adv.* in a private manner. गुप्त रीति से।

Privateness-प्राइ'-व़ेट्-नेस्-*n.*secrecy, privacy. रहस्य, गुप्तता।

Privation-प्राइव़ेशन्-*n.* absence of a quality, want of comforts of life. किसी गुण का अभाव, सुख का अभाव।

Privative-प्रिव़टिव् - *adj.* consisting in the absence of some quality. अभावात्मक, अभावरूप; **Privatively** (-लि)-*adv.* in a privative manner. अभावरूप में।

Privet-प्रि-व़े-ट्-*n.* an evergreen shrub used for hedging. टट्टी बनाने की सदा हरी बनी रहनेवाली झाड़ी।

Privilege-प्रि-व़ि-लेज्-*n.*special benefit, rights of a person, immunity, peculiar advantage, prerogative, monopoly. विशेष अधिकार, स्वाधिकार, असामान्य अधिकार; -*v. t.* to invest with peculiar rights. विशेष अधिकार देना; **Privileged** (-ड्)-*adj.* enjoying peculiar rights. विशेष अधिकारयुक्त।

Privily-प्रि - व़िलि-*adv.* secretly. गुप्त रूप से, छिपाकर।

Privity-प्रि-व़िटि-*n.* secrecy, private assistance. छिपी अवस्था, भेद, गुप्त रूप से सहायता।

Privy-प्रिव़ि-*adj.* hidden, private, secluded, clandestine. गूढ़, गुप्त, रहस्यपूर्ण;-*n.* a private place, a latrine. गुप्त स्थान, शौचगृह(पायखाना); **Privy Council** (a private council appointed by the crown.) इँग्लैण्ड के राजा की गुप्त सभा; **Privy-purse** (money for a sovereign's private use.) राजा के निजी व्यय का धन; **Privy to** (in the secret of a person's design.) भेद रखनेवाला।

Prize-प्राइज़्-*n.* reward for excellence, anything offered in competitions, property seized in war, any valuable possession. पारितोषिक (उपहार), जयलाभ, युद्ध में लूटा (जीता) हुआ धन, बहुमूल्य वस्तु;-*v. t.* to value highly, to esteem. अधिक दाम लगाना, आदर करना; **Prized** (-ड्)-*adj.* esteemed. आदर किया हुआ।

Prize-fight-प्राइज़्'-फ़ाइट्-*n.* boxing match. पारितोषिक के लिये मल्लयुद्ध (कुश्ती)।

Prizeless-प्राइज़्-लेस्-*adj.* devoid of prize. उपहार-रहित।

Prize-money-प्राइज़्'-मनि - *n.* a share of spoils taken in war. युद्ध की लूट का माल।

Prize-poem-प्राइज़्'-पो-एम्-*n.*a poem written to secure a prize. पारितोषिक के लिये लिखी हुई कविता।

Prizer-प्राइज़र्-*n*. one who settles prices. भाव ठहरानेवाला।

Prize-ring-प्राइज़्'-रिङ्ग्-*n*. an enclosure for prize fighting. अखाड़ा।

Pro-प्रो-*prep*. for the sake of. वास्ते, निमित्त, लिये; **Pro-forma** (-फॉर्मा)-*adv*. done for the sake of form. नियमानुसार किया हुआ; -*pref*. in the sense of "before, on account of." "पहिले, वास्ते", अर्थ का उपसर्ग; **Pro-Indian** (for the sake of Indians.) भारतवासियों के निमित्त; **Pros and cons** (for and against.) विधि तथा निषेध दोनों पक्ष का, मुवाफिक और खिलाफ—दोनों पहलू।

Probability - प्रॉबबिलिटि- *n*. appearance of truth, chance. (*pl*. **Probabilities.**) likelihood, probable event. सम्भावना, अनुमान; **In all probability** (most likely.) अधिकतर सम्भावित रूप में।

Probable-प्रॉ-ब-ब्ल्- *adj*. that is likely to happen. सम्भाव्य, प्राय: होनेवाला।

Probably-प्रॉब-ब्'-लि- *adv*. more likely than not. प्राय:।

Probang-प्रो'-बैंङ्ग्-*n*. a surgeon's instrument for inserting into the gullet. कण्ठ में डालने का एक डाक्टरी औजार।

Probate-प्रो'-बेट्-*n*. an official proving of a will. मृतलेख का प्रमाण, वसीयतनामे को प्रमाणित करने का आज्ञापत्र।

Probative-प्रो-बटिव्-*adj*. pertaining to proof. प्रमाण देनेवाला।

Probation-प्रॅ-बे'-शन्-*n*. an act of testing, period of trial. परीक्षा-काल, नये अभ्यास का काल।

Probationer-प्रॅ-बे' - शनर् - *n*. one on trial. काम सीखने के लिये नियुक्त पुरुष।

Probationership-प्रॅ-ब' - शनर्' - शिप् -*n*. the office of a probationer. परीक्ष्यमाण का पद।

Probational-प्रॅ-बे'-शनल्-*adj*. serving for a trial. नया अभ्यास-सम्बन्धी।

Probationary-प्रॅ-बे'-शनरि-*adj*. probational. परीक्ष्यमाण।

Probator-प्रोबेटर-*n*. an examiner. परीक्षक, परीक्षा करनेवाला।

Probe-प्रोब्-*n*. a surgical instrument for exploring a wound. घाव की परीक्षा करने की जर्राही-सलाई;-*v. t*. to examine a wound by probe, to scrutinize. सलाई से घाव की परीक्षा करना, किसी विषय की भली भाँति परीक्षा करना।

Probing-प्रोब्' - इङ्ग्-*n*. examination of a wound. घाव की परीक्षा।

Probity-प्रॅबिटि - *n*. honesty, uprightness. सत्यता, ईमानदारी।

Problem-प्रॅ-ब्लम्-*n*. a difficult question to be solved, a thing difficult to understand, a proposition in geometry in which something is to be constructed. विवाद विषय, कठिन प्रश्न, उपपाद्य विषय।

Problematic, Problematical - प्रॉब्लमैटिक् (-अल्)-*adjs*. doubtful, unsettled, questionable. सन्दिग्ध, अनिश्चित, शंका के योग्य।

Problematically - प्रॉब्लमैटिकलि - *adv*. doubtfully. शंका या सन्देह से।

Problematize-प्रॉब्लमटाइज़्-*v. t*. to propose problems. शंका उपस्थित करना।

Problemist - प्रॉब्लमिस्ट् -*n*. a planner of problems. कठिन प्रश्नों को सुलझानेवाला।

Proboscis-प्रो-बॉ'-सिस्-*n*. an elephant's trunk, the projected portion of mouth in some animals and insects. हाथी का सूँड़, पशुओं तथा कीड़ों के मुख के आगे की ओर बढ़ा हुआ भाग।

Procacious-प्रॅ-के'-शस्-*adj*. petulant, saucy. धृष्ट, ढीठ।

Procedure-प्रॅ-सी -ड्योर्-*n*. manner of conducting business, legal action. कार्य करने की रीति, कानूनी व्यवहार।

Proceed-प्रो-सीड्'-*v. i*. to go on, to advance, to adopt a course of action, to take place, to take legal steps, to come forth. बढ़ना, आगे जाना, प्रवृत्त होना, अभियोग करना, आना; **The play will now proceed** (the play will commence.) अब खेल आरम्भ होगा।

Proceeder-प्रो-सी-डर्-*n*. one who goes forward. आगे जाने या बढ़नेवाला।

Proceeding-प्रो-सीड्'-इङ्ग्- *n*. action, operation, transatcion. कृति, कार्य, व्यवहार; **To institute legal proceedings** (to file a suit in a law court.) अदालत में मुकदमा चलाना।

Proceeds-प्रो-सीड्स्'-*n*. *pl*. outcome, result, profit. प्राप्ति, लाभ, परिणाम।

Procephalic-प्रो'-सिफ़लिक्-*adj*. pertaining to the front part of the head. मस्तक के अगले भाग से सम्बन्धित।

Process-प्रो'-सॅस् - *n*. gradual progress, advance, operation, course, proceeding, action of law, summons or writ, outgrowth. क्रमोन्नति, प्रगति, कार्य प्रक्रिया, विधि, कार्यवाही, विधान का कार्य, सम्मन, उभाड़; -*v. t*. to take legal action, to preserve food. अदालत में दावा करना, भोजन सुरक्षित रखना; -*v.i*. to walk in procession. बारात में चलना; **In process**

of time (in course of time.) कालक्रम से, समय आने पर ।

Process-प्रो-सॅस्-*n.* preparation of printing blocks by photography. फोटो की रीति से छापने के ब्लॉक बनाने का कार्य;-*v.t.* to prepare such a block. ऐसा ब्लॉक बनाना; **Process block** (a printing block reproduced from a photograph. फोटो द्वारा बना हुआ ब्लॉक ।

Procession- प्रॅ - सॅशन्-*n.* a train of persons proceeding in orderly succession. बारात (सवारी), जुलूस ।

Processional - प्रॅ -सॅ- शनल्, **Processionary** (-शनरि)-*adjs.* pertaining to procession. बारात या जुलूस सम्बन्धी ।

Processionist- प्रॅ-सॅशनिस्ट्-*n.* one who walks in a procession. बारात में चलनेवाला ।

Processionize-प्रॅ-सॅशनाइज़्-*v. t.* to form a procession. बारात निकालना ।

Prochain-प्रॅ-शॅ-न्-*adj.* nearest. अति समीप का ।

Prochronism-प्रो' - क्रॉ - निज़्म्-*n.* an error in chronology. कालक्रम की अशुद्धि ।

Prociduous-प्रो-सिड्-यु-अस्-*adj.* falling from its place. अपने स्थान से गिरनेवाला ।

Proclaim-प्रॅ- क्लेम् - *v. t.* to declare, to announce publicly, to publish, to prohibit by declaration. घोषणा करना, प्रकाशित करना, प्रकट करना, ढिंढोरा पीटना ।

Proclaimer-प्रॅ -क्लेमर्-*n.* one who publishes by authority. आज्ञानुसार घोषणा करनेवाला ।

Proclamation - प्रॅ-क्लमेशन् - *n.* an official announcement. घोषणा, ढिंढोरा ।

Proclamatory-प्रॅ-क्लमॅटरि-*adj.* pertaining to announcement. घोषणा का ।

Proclivity-प्रॅ-क्लिव्रिटि-*n.* tendency, inclination. प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान ।

Proclivous - प्रॅ - क्लाइवस् - *adj.* inclined, प्रवणशील ।

Procrastinate-प्रॅ-क्रास्टिनेट् -*v. i.* to delay, to postpone from day to day. विलम्ब (देर) करना, हीला-हवाला करना ; **Procrastination** (-नेॅ-शन्) -*n.* delay, postponement. विलम्ब, दीर्घसूत्रता (टाल-मटोल) ; **Procrastinator** (-नें'-टर्)-*n.* one who delays. दीर्घसूत्री ; **Procrastinatingly** (-नें-टिङ्ग्-लि)-*adv.* in a postponing manner. टालते हुए; **Procrastinatory** (-नें-टरि)-*adj.* dilatory. दीर्घसूत्री ।

Procreant-प्रोक्रिअन्ट-*n.* producing, generating. उत्पादक ।

Procreate-प्रो'-क्रि-एट्-*v. t.* to beget, to generate. जनमाना, पैदा करना ।

Procreation-प्रो'-क्रि-ए'-शन् - *n.* the act of generating. प्रसव, उत्पत्ति ।

Procreative-प्रो-क्रि-एॅ-टिव् - *adj.* generating. उपन्न करनेवाला ।

Procreator-प्रो-क्रि-एॅ-टर् -*n.* one who begets. उत्पादक, पिता ।

Procrustean-प्रॅ-क्रस्टिअन्- *adj.* trying to create uniformity by violence. बलपूर्वक समता स्थापित करनेवाला ।

Proctalgia-प्रॉक्टल्जिआ-*n.* pain in the rectum. मलाशय की पीड़ा ।

Proctor-प्रॉक्टर्-*n.* an official of a university, one who manages causes in ecclesiastical or law courts. विश्वविद्यालय का कार्याध्यक्ष, अदालत या गिरजाघर की कचहरी में प्रवन्ध करनेवाला ।

Proctorial-प्रॉक्टोरिअल् -*adj.* relating to a proctor. कार्याध्यक्ष सम्बन्धी ।

Proctorize-प्रॉ-क्टराइज़् - *v. t.* to exercise authority of a proctor. कार्याध्यक्ष का कार्य करना ।

Proctorship-प्रॉ-क्टर्-शिप् -*n.* the office of a proctor. कार्याध्यक्ष का पद ।

Procumbent-प्रॅ-कम्बॅन्ट् -*adj.* lying prostrate, growing along the ground. मुँह के बल गिरा हुआ, पृथ्वी पर फैला हुआ ।

Procurable-प्रॅ-क्योरॅ-ब्ल् -*adj.* obtainable. प्राप्त करने योग्य ।

Procurance-प्रॅ-क्यो-रन्स्-*n.* the act of procuring. उपार्जन ।

Procuration-प्रॅ-क्योरॅशन् - *n.* the act of procuring or bringing about, management of an attorney, fee paid for loan. उपार्जन (प्राप्ति), मुख्तारी, ऋण दिलाने की दस्तूरी ।

Procurator-प्रॅ-क्युरॅटर् -*n.* an attorney, a manager. पैरवी करनेवाला ; **Procuratorship** (-शिप्)-*n.* the office of an attorney. मुख्तारी; **Procuratory** (-इ)-*n.* tending to procuration. दूसरे के लिये काम करनेवाला ; **Procuratrix** (-ट्रिक्स्)-*n. fem.* the manager of a nunnery. मठाधिकारिणी ।

Procure-प्रॅ-क्योर्-*v. t.* to acquire, to obtain with effort, to bring about, to act as a procurer or procuress. उपार्जन करना, परिश्रम से प्राप्त करना, सम्पादन करना, टाल या कुटनी का काम करना ।

Procurement-प्रॅ-क्योर्'-मॅन्ट् -*n.* act of procuring, attainment. कुटनपज, दूतकार्य, प्राप्ति ।

Procurer-प्रॅ-क्योरर्-*n.* one who procures. प्राप्त करनेवाला, कुटना ।

rocuress-प्रोक्योरॅस्-*n. fem.* a female procurer दूती, कुटनी ।

Prod-प्रॉड्-*v. t.* to poke with the end of a stick. डण्डे के कोने से ठेस देना ;-*n.* a thrust. ठेस ।

Prodelision-प्रॅ-डिलिज़न्-*n.* omission of the initial vowelin a word. (कविता में) शब्द में से प्रारम्भिक स्वर का लुप्तकरण यथा; I'm=I am. इत्यादि ।

Prodigal - प्रॅ-डिगल् - *adj.* wasteful, lavish, extravagant. अतिव्ययी, मुक्तहस्त, उड़ाऊ; **Prodigality** (-इट्-इ) -*n.* extravagance. अतिव्यय, फ़ज़ूलखर्ची ; **Prodigalize** (-आइज़्) -*v. t.* to spend lavishly. अतिव्यय करना; **Prodigally** (-लि) -*adv.* in an extravagant manner. फ़ज़ूलखर्ची से ।

Prodigious-प्रॉ-डिजस्-*adj.* astonishing, marvellous, amazing, enormous, extraordinary. अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, बहुत बड़ा, आश्चर्यजनक ; **Prodigiously** (-लि) -*adv.* in an amazing manner. विचित्रता से; **Prodigiousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being marvellous. विचित्रता, विलक्षणता ।

Prodigy-प्रॅ-डि - जि - *n.* (*pl.* **Prodigies**) a marvellous thing, a wonderful example, a person endowed with surprising qualities. अद्भुत विषय, कौतुक, विलक्षण गुण सम्पन्न मनुष्य ।

Prodition-प्रॅ-डि-शन् -*n.* a treachery, treason. निर्दयता, विश्वासघात ।

Proditor-प्रॅ-डिटर् - *n.* a traitor. विश्वासघाती मनुष्य ।

Produce-प्रॅ-ड्यूस्'-*v. t.* to bring forward, to extend, to manufacture, to generate, to yield, to bring about, to effect. उपस्थित करना, फैलाना, बनाना, उत्पन्न करना, देना, प्रकाशित करना, सम्पन्न करना;-*n.* (-प्रॅड्'-यूस्) product, amount produced. उत्पत्ति, पैदावार , उपज; **Produced** (-ड्) -*adj.* brought forth, generated. उत्पन्न, रचा हुआ ।

Producer-प्रॅ-ड्यूसर् -*n.* a generator. उत्पन्न करनेवाला ।

Producibility-प्रॅड्यूसिबिलिटि-*n.* the power of producing. उत्पन्न करने की शक्ति ।

Producible-प्रॅड्यूसिबल्-*adj.* able to produce. उत्पन्न करने योग्य ।

Producing-प्रॅ-ड्यूसिङ्ग -*adj.* generating उत्पन्न करनेवाला ।

Product-प्रॉ-ड-क्ट् - *n.* the thing produced, yield, result, quantity obtained by multiplying two quantities together. उपज, फल, परिणाम, गुणनफल ।

Production-प्रॅ-डक्शन्-*n.* the act of producing, product. निर्माण (रचना), निर्मित पदार्थ ।

Productive-प्रॅ-डक्टिव्-*adj.* generative, fertile. उत्पादक, उपजाऊ; **Productively** (-लि)-*adv.* in a productive manner. उपजाऊपन से; **Productiveness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being productive. उत्पत्ति, उपज; **Productivity** (-इटि) -*n.* productiveness. उत्पत्ति ।

Proem-प्रो'-ऍम्-*n.*beginning, preface, prelude. आरम्भ, प्रस्तावना, भूमिका ।

Proemial-प्रो-ई'-मिअ,ल् - *adj.* introductory. प्रस्तावना-सम्बन्धी ।

Proemptosis-प्रोऍम्प्टॉसिस् - *adj.* the addition of a day for correcting error. पञ्चाङ्ग-शुद्धि में एक दिन बढ़ाना ।

Profanation-प्रॉफ़नेशन्-*n.*the act of profaning. अपवित्रीकरण, दूषण ।

Profane-प्रॅ-फ़ेन्'-*v. t.* to treat a sacred thing with disregard, to pollute. अपवित्र करना, दूषित करना;-*adj.*impure,unholy, not sacred. अपवित्र, अशुद्ध, कलुषित, भ्रष्ट ; **Profanely** (-लि) -*adv.* in a profane manner. भ्रष्टता से ; **Profaneness** (-नॅस्)-*n.* irreverence of sacred objects. धर्मभ्रष्टता ; **Profaner** (-अर्) -*n.* a polluter. भ्रष्ट करनेवाला ।

Profanity-प्रॅ-फ़ॅन्'-इट्-इ-*n.* profane conduct. अपवित्र या धर्मभ्रष्ट आचरण ।

Profess-प्रॅ-फ़ॅस्'-*v. t. & i.* to pretend to be, to lay claim to,to declare freely,to perform the duties of. बहाना करना, प्रतिज्ञा करना, प्रकाश करना, कार्य करना ।

Professed - प्रॅ - फ़ॅस् - ड् -*adj.* openly declared acknowledged. स्वीकृत, प्रकाशित;**Professedly** (-लि)-*adv*,in a professed manner.प्रतिज्ञापूर्वक ।

Profession-प्रॅ-फ़ॅ-शन्-*n.* declaration, avowal, vocation, occupation, employment, a religious order. प्रतिज्ञा, स्वीकार, व्यापार, धार्मिक संस्था ।

Professional--प्रॅ-फ़ॅ-शनल्-*adj.* pertaining to a profession;-*n.* one who makes his living by an art. किसी कला द्वारा अपना जीवन-निर्वाह करनेवाला, किसी व्यवसाय का मनुष्य; **Professionalism** (-इज़्म्) -*n.* the quality of a profession. किसी व्यवसाय का गुण ।

Professionalize-प्रॅ-फॅ-शनला -इज़् - *v. t.* to employ in a profession. किसी व्यवसाय में लगाना।

Professionally-प्रॅ-फॅ-शन-लि - *adv.* by means of a profession. व्यवसाय द्वारा।

Professionless-प्रॅ-फॅ-शन्-लॅस् - *adj.* vocationless. विना व्यवसाय का।

Professor-प्रॅ-फॅसर् -*n.* one who makes a profession, a public teacher in a university. (प्रकाशक,) स्वीकार करनेवाला, विश्वविद्यालय का प्राध्यापक ; **Professoress** (-ऍस्)-*n. fem.* the wife of a professor, a female professor. प्राध्यापक की स्त्री, प्राध्यापिका।

Professorial-प्रॅ-फॅ-सो -रिअल् - *adj.* pertaining to a professor. प्राध्यापक का ; **Professorially** (-लि) - *adv.* in a professorial manner. व्यवसाय रूप में ; **Professorship** (-शिप्) -*n.* the office of a professor. प्राध्यापक का पद।

Proffer-प्रॉ-फ़र्-*v. t.* (*p. t.* **Proffered.**) to offer a gift. भेंट करना ;-*n.* an offer, a gift. भेंट, उपहार।

Proficience-प्रॉ - फ़ि-शॅन्स्, **Proficiency** (-इ) -*ns.* the state of being proficient. प्रवीणता, कुशलता।

Proficient-प्रॉ-फ़ि -शॅन्ट् -*adj.* expert, well skilled. प्रवीण, कुशल; **Proficiently** (-लि)-*adv.* in a proficient manner. प्रवीणता या चतुराई से।

Profile-प्रो'-फ़ाइल्-*n.* the side-view of an object. पार्श्व दृश्य, बगली नकशा या चित्र;-*v. t.* to draw in a profile, to represent in a profile. एक ओर का चित्र बनाना, एक ओर का नकशा खींचना।

Profit-प्रॉ-फ़िट्-*n.* gain, benefit, advantage. लाभ, प्राप्ति, सुविधा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Profited**) to gain, to improve. फल प्राप्त करना, लाभदायक होना, उन्नति करना ; **Net profit** (the return of a business, after deducting the expenses.) खर्च काटकर लाभ, निकासी; **Gross profit** (the difference between the buying and sale price.) खरीदने और बेचने के दाम का अन्तर।

Profitable-प्रॉ-फ़ि-टॅ-ब्ल्-*adj.* useful advantageous. लाभदायक, हितकर।

Profitableness-प्रॉ-फ़ि-टॅ-ब्ल्'-नॅस्-*n.* the quality of being profitable. सफलता।

Profitably-प्रॉ-फ़ि-टॅब्-लि - *adv.* usefully. सफलता से।

Profiteer-प्रॉ-फ़िटि-अर्-*n.* the maker of great profits. (सरकारी ठीके में) अधिक लाभ उठानेवाला ; **Prfiteering** (-इङ्ग्)-*n.* selling goods at an extravagant price. निर्धारित मूल्य से बहुत अधिक दाम पर बेचने का कार्य।

Profitless-प्रॉ'-फ़िट्-लस्-*adj.* without profit. विना लाभ का।

Profligacy-प्रॉफ़्लिगसि-*n.* licentiousness. व्यसनता, लम्पटता।

Profligate-प्रॉफ़्'-लिग्-ऍट्-*adj.* dissolute, extravagant, vicious, licentious. दुराचारी, भ्रष्ट-चरित्र, व्यसनी, भोगी ; **Profligately** (-लि) (in a dissolute manner.) दुराचरण से।

Profluence-प्रोफ़्लूऍन्स् -*n.* onward progress. आगे को बढ़ाव।

Profluent-प्रोफ़्लूऍन्ट्-*adj.* flowing forward. आगे को बहनेवाला।

Profound-प्रॅ'-फ़ाउन्ड्-*adj.* having great knowledge, deep, intense, far-reaching. परम व्युत्पन्न, गहन, अत्यन्त (परम), अति गम्भीर; **Profound respect** (great respect.) परम आदर; **Profound sigh** (deep sigh.) गहरी आह; **Profound sleep** (sound sleep.) गहरी नींद ; **Profoundly** (-लि) -*adv.* intensely. गम्भीरता से ; **Profoundness** (-नॅस्)-*n.* the state of being profound, depth. गंभीरता।

Profundity-प्रॉ-फ़ण्डिटि-*n.* depth of learning. विद्या की गहनता या गम्भीरता।

Profuse-प्रॅ-फ़्यूस् - *adj.* extravagant, lavish, excessively liberal, exuberant. अति (अधिक), विपुल, लुटाऊ, अतिव्ययी; **Profusely** (-लि)-*adv.* in a profuse manner. अतिव्यय से ; **Profuseness** (-नॅस्)-*n.* lavishness. अतिव्यय।

Profusion-प्रॅ-फ़्यू'-ज़्न् -*n.* Profuseness, extravagance. अतिव्यय, उड़ाऊपन।

Prog-प्रॉग्-*n.* eatables for journey, victuals. यात्रा के लिये भोजन-सामग्री।

Progenerate-प्रॅ-जॅनरेट् -*v. t.* to beget. उत्पन्न करना।

Progenitor-प्रॅ-जॅ निटर् -*n.* ancestor. पूर्वपुरुष, पुरखा।

Progenitorial-प्रॅ-जॅ निटो रिअल्-*adj.* ancestral. पूर्व पुरुष का।

Progenitorship-प्रॅ-जॅ निटर्-शिप् -*n.* the office of an ancestor. पुरुषत्व।

Progenitress-प्रॅजॅ निट्रॅस्-*n. fem.* a female progenitor. जनयित्री।

Progeniture-प्रॅ-जॅ निचर्-*n.* offspring. सन्तति, सन्तान।

Progeny-प्रॅ-जि'-नि -*n.* (*pl.* **Progenies**) offspring, descendant. संतान, सन्तति, वंश।

Prognosis-प्रॉग्'-नो-सिस्-*n.* (*pl.* **Prognoses**-सीज़्) forecast of a disease. रोग का निदान या लक्षण।

Prognostic-प्रॉग्नॉस्टिक्-*n.* a forecast, prediction, omen. निदान, शकुन, लक्षण; *-adj.* foreshowing. शकुन बतानेवाला।

Prognosticable-प्रॉग्नॉस्टिकेब्ल्-*adj.* what may be foreknown. भविष्य बतलाने योग्य।

Prognosticate-प्रॉग्नॉस्टिकेट्-*v. t.* to foretell. भविष्य बतलाना; **Prognostication** (-के-शन्) *-n.* the act of foretelling. शकुन; **Prognosticative** (-के-टिव्)*-adj.* predictive. शकुन-सूचक ; **Prognosticator** (-क-टर्) *-n.* a foreteller of future events. भविष्यवक्ता।

Programme-प्रो'-ग्रॅम्-*n.* a descriptive outline of a series of events, proceedings. सविस्तार वर्णन, कार्यक्रम; *-v. t.* to make a definite plan. कार्यक्रम निर्धारित करना।

Progress-प्रो-ग्रॅस् - *n.* forward movement, advance, passage, increase, development. आगे की ओर बढ़ाव, वृद्धि, बढ़ती, उन्नति ; *-v. i.* to move forward, to develop, to proceed, to advance. उन्नति करना, बढ़ती करना, आगे बढ़ना, यात्रा करना; **Progress in learning** (the advancement of learning.) विद्या का आगम, विद्या की उन्नति।

Progression-प्रॅ-ग्रॅशन्-*n.* progress, advance, regular and proportional increase. बढ़ाव, प्रभाव, नियमपूर्वक बढ़ती ; **Progressionist** (-शनिस्ट्)*-n.*an evolutionist.यह सिद्धान्त माननेवाला कि संसार में सर्वदा सामाजिक तथा राजनितिक उन्नति होती रहती है;**Progressive** (-सिव्) (moving forward, advancing, improving.) आगे की ओर बढ़नेवाला, उन्नति करनेवाला; **Progressively** (-लि)*-adv.* in a progressive manner. क्रम से बढ़कर ; **Progressiveness** (- नॅस्) *-n.* the state of being progressive. वृद्धि, उन्नति (बढ़ती)।

Prohibit-प्रॅहिबिट्-*v. t.* (*p. t.* **Prohibited.**) to forbid, to debar, to interdict. निषेध करना, रोकना, मना करना; **Prohibiter** (- अर्), **Prohibitor** (-ॲ-र्)*-ns.* one who prohibits. निषेधक, मना करनेवाला।

Prohibition-प्रॅ-हि-बिशन् *-n.* the act of prohibiting. निषेध, मनाही (शराब पीने की) ; **Prohibitionist** (-इस्ट्)*-n.* one who is in favour of prohibiting intoxicating drinks. शराब पीने की मनाही करनेवाला ; **Prohibitive** (-टिव्)*-adj.*(forbidding.) निषेधार्थक, मना करनेवाला; **Prohibitively** (-लि) (in a prohibitive manner.) निषेध करते हुए; **Prohibitiveness** (-नॅस्)- *n.* the state of being prohibitive. निषेध, मनाही।

Project-प्रॉ-जॅक्ट्- *n.* plan, scheme, contrivance, (उपाय) युक्ति,कल्पना, आशय; (प्रॉ-जॅक्ट्') *-v. t. & i.* to throw forward, to impel, to take shape. आगे को फेंकना, बाहर की ओर रखना, ऊपर की ओर लम्बा करना, अनुसन्धान करना; **To project oneself** (to go into another's feeling.) दूसरे के प्रभाव में जा पड़ना।

Projectile-प्रॉ-जॅक्टाइल्-*adj.* capable of being projected. प्रक्षेपान्तक, आगे को बढ़ानेवाला; *-n.* a body projected or impelled through the air. हवा में फेंका हुआ पदार्थ यथा तोप-बन्दूक की गोली।

Projecting-प्रॅ-जॅक्टिङ्ग - *adj.* extending. बढ़ता हुआ, उभड़ा हुआ।

Projection-प्रॅ-जॅक्शन्-*n.* a shooting forward, prominence, protruding. प्रलम्बता, ऊँचाई, निकास ; **Projection of a point** (a line which joins a point in the original figure to one of a derived figure.) किसी बिन्दु से रेखा खींचकर नई आकृति बनाना।

Projective-प्रॅ-जॅक्टिव्-*adj.* pertaining to projection. विस्तार-सम्बन्धी ; **Projectively** (-लि) *-adv.* in a projecting manner. आगे की ओर निकले हुए ढंग से या रूप में।

Projectment-प्रॅ-जॅक्ट्'-मॅन्ट् *-n.* design. रचना, बनावट।

Projector-प्रॅ-जॅक्टर् - *n.* one who forms a project, an instrument for projecting rays of light, a schemer. उपाय सोचनेवाला, प्रकाश की किरणों के फैलाने का यन्त्र, उपाय रचनेवाला।

Projecture-प्रॅ-जॅक्चर्-*n.* a jutting out. आगे का उभाड़।

Prolebium-प्रॅ-लिबि-अम् *-n.* the red part of lips. ओंठ का लाल भाग।

Prolapse-प्रॅ-लॅप्स्' *-v. i.* to slip onward. आगे को बढ़ जाना।

Prolapsus-प्र-लॅप्सस्-*n.* the falling down of an organ of the body. शरीर के किसी अङ्ग का आगे को झुक जाना।

Prolate-प्रो-लेट्'*-adj.* lengthened, extending. लम्बा, फैला हुआ ; **Prolateness** (-नॅस्) *-n.* (delay.) विलम्ब; **Prolately** (-लि) *-adv.* in a lengthened manner. दीर्घ उच्चारण से; **Prolative** (-इव्) *-adj.* serving to complete the sense of a predicate. विधेय का अर्थ पूर्ण करनेवाला (शब्द)।

Prolegomenon-प्रो-लॅ-गॅ-मॅ-नॅ-न्-*n.*(*pl.* **Prolegomena.**) preliminary remarks. प्रस्तावना, भूमिका।

Prolegomenary -प्रो-लॅ-गॉ-मॅनरि - *adj*. introductory. प्रस्तावना का।

Prolegomenous-प्रो-लॅ-गॉ-मॅनस्-*adj*. pertaining to prolegomena. भूमिका-विषयक, प्रस्तावना-सम्बन्धी।

Prolepsis -प्रॅ-लॅप्'-सिस्-*n*. anticipation, anticipatory use of some words. पूर्व-ग्रहण, पूर्व-समाधान।

Proleptic -प्रॅ - लॅप्' - टिक् -*adj*. pertaining to anticipation. पूर्व-समाधान का; **Proleptically** (-अलि)-*adv*. (by way of prolepsis.) पूर्व समाधान में।

Proletarian-प्रोलिटॅरिअन्-*n*. a man of the labouring class, the lowest class of a community. नीच जाति का मनुष्य, अधम समाज।

Proletariate - प्रोलिटॅरिएट् - *n*. the poorest labouring class. नीच जाति के लोग।

Prolicidal-प्रॅलिसिडल् -*adj*. pertaining to prolicide. सन्तान-हत्या-सम्बन्धी।

Prolicide-प्रॅलिसाइड् -*n*. the killing of an offspring. सन्तान की हत्या।

Proliferate -प्रॅलिफ़रेट्-*v. i. & t*. to reproduce itself, to grow. उगना, बढ़ना, उत्पन्न होना या करना ; **Proliferation** (-रे-शन्)-*n*. growth. वृद्धि ; **Proliferative** (-रे-टिव्)-*adj*. pertaining to growth. बढ़ाने का।

Prolific-प्रॅलिफ़िक्-*adj*. generative, abundantly productive of. फलवान्, उपजाऊ।

Prolificacy - प्रॅलिफ़िकसि - *n*. fruitfulness. बहुप्रसवता।

Prolificness- प्रलिफ़िक्नॅस् - *n*. the state of being prolific. बहुफलता, उपजाऊपन।

Proligerous -प्रॅलिजरस् - *adj*. bearing offspring. सन्तति उत्पन्न करनेवाली।

Prolix -प्रॅ'-लिक्स्-*adj*. lengthy, tedious, long and wordy. अति दीर्घ, विस्तृत, प्रपञ्ची।

Prolixity-प्रॉलिक्सिटि -*n*. excessive detail. अति विस्तार, प्रपञ्च।

Prolixly-प्रॅ-लिक्स्'-लि-*adv*. to a great length. अति विस्तार से, प्रपञ्च से।

Prolocutor-प्रोलॅक्यूटर् -*n*. the chairman of a convocation or meeting of clergy. पादरियों की सभा का सभापति; **Prolocutorship** (-शिप्) the office of a prolocutor. सभापति का पद।

Prologise, Prologuize -प्रो'-लॅज्आइज् -*v. t*. to deliver a prologue. प्रस्तावना लिखना या बोलना।

Prologue-प्रो'-लॉग् - *n*. an introduction to a discourse or play. प्रस्तावना, नाटक का आरम्भ ; -*v. t*. to make an introduction. प्रस्तावना करना।

Prolong-प्रो-लॉङ्ग्'-*v. t*. to extend, to lengthen. बढ़ाना, विस्तार करना ; **Prolongable** (-एॅ-बल्) - *adj*. able to be prolonged. विस्तार करने योग्य।

Prolongate-प्रो-लॉङ्ग्'-एट्-*v. t*. to prolong. विस्तृत करना, बढ़ाना।

Prolongation-प्रो-लॉङ्ग्-ए'-शन्-*n*. extension विस्तार, बढ़ाव।

Prolonger - प्रो - लॉङ्गर् - *n*. he who or that which lengthens. विस्तार करनेवाला, फैलाने या बढ़ानेवाला।

Prolusion-प्रॅ-ल्यू'-ज़न्-*n*. first attempt, preliminary article. पहिली प्रस्तावना।

Prolusory -प्रॅ-ल्यू'-सरि - *adj*. pertaining to prolusion. प्रस्तावना-सम्बन्धी।

Promenade-प्रॉमॅनेड् - *n*. a walk or ride taken for pleasure or exercise, a public walk. विहारार्थ भ्रमण करना या घुड़सवारी करना, ठहरने का मार्ग ;-*v. i*. to walk for exercise. व्यायाम के लिये टहलना; **Promenader** (-अर्) -*n*. one who promenades. सैर करनेवाला।

Promerops-प्रॅ-मॅरॉप्स् -*n*. a kind of small bird with a curved bill. टेढ़ी चोंच की एक प्रकार की चिड़िया।

Prominence-प्रॉमिनॅन्स्, **Prominency** (-अन्सि) -*ns*. conspicuousness, distinction. श्रेष्ठता, उन्नति (ऊँचाई)।

Prominent-प्रॉमिनॅन्ट्- *adj*. principal, eminent, jutting out, conspicuous, distinguished. प्रधान, मुख्य, उन्नत, ऊँचा, प्रसिद्ध ; **Prominently** (-लि)-*adv*. in a prominent manner. प्रधान रूप से, विशिष्टता से।

Promiscuity-प्रॉ-मिस्'-क्यू-इटि - *n*. promiscuousness. संकीर्णता, अभेद।

Promiscuous-प्रॉ-मिस्'-क्यु-अस्-*adj*. mingled, indiscriminate. मिश्रित, अनेक प्रकार का ; **Promiscuously** (-लि) -*adv*. in an indiscriminate manner. मिश्रित रूप में ; **Promiscuousness** (-नॅस्) -*n*. mingled condition. मिश्रता।

Promise-प्रॉ-मिस् -*n*. an assurance given to a person, declaration, expectation, pledge. प्रतिज्ञा, वचन, आशा, संकेत (स्वीकार); -*v. t. & i*. to assure by promise, to assure. प्रतिज्ञा करना, आशा देना; **A hollow promise**. झूठी (खाली) प्रतिज्ञा ; **To break a promise**.

प्रतिज्ञा भंग करना; To fulfil a promise. प्रतिज्ञा पालन करना।

Promisee-प्रॉमिसी - *n.* one to whom a promise is made. जिसको वचन दिया जाय।

Promiser-प्रॉमिसर् - *n.* one who makes a promise. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Promising-प्रॉमिसिङ्ग्-*adj.* full of promise, hopeful. आशाजनक, होनहार; **Promisingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a promising manner. आशाजनक ढंग से या रूप में।

Promissorily-प्रॉमिसरिलि - *adv.* in the form of a promise. प्रतिज्ञा रूप में।

Promissory-प्रॉमिसरि - *adj.* implying a promise, full of promise. प्रतिज्ञायुक्त ; **Promissory-note** (an unconditional promise for payment of money.) रुक्का, तमस्सुक।

Promontoried-see **Promontory**.

Promontory-प्रॅ-मॉन्टरि -*n.* a headland, the point of land jutting out into the sea. भूनासिका, अन्तरीप; **Promontoried** (-ड्)-*adj.* pertaining to a headland. अन्तरीप का, भूनासिका-सम्बन्धी।

Promote-प्रॅ-मोट्' - *v. t.* to advance to a higher office, to encourage, to elevate, to found a company. ऊँचे पद पर नियुक्त करना, बढ़ाना, वृद्धि करना, संस्था स्थापित करना ; **Promoter** (-अर्)-*n.* he who or that which promotes. उपकारी, प्रवर्तक ; **Promoterism** (-इज़्म्) -*n.* the principle of encouragement. उन्नति का सिद्धान्त।

Promotion-प्रॅ-मो'-शन्-*n.* the act of promoting. उन्नति, श्रेष्ठ पद की प्राप्ति।

Promotive -प्रॅ-मो-टिव् - *adj.* tending to promote. उपकार करने की प्रवृत्तिवाला, साधक।

Prompt-प्रॉम्प्ट्-*adj.* ready in action, ready to act on the occasion, acting with alacrity, quick. उद्यत, उद्योगी, फुर्तीला; -*v. t.* to incite or move to action, to inspire, to instigate. उत्साह देना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Prompt-book** (a book used by the prompter in a theatre.) वह पुस्तक जिसमें नाटक के पात्र को समय-समय पर स्मरण कराने के संकेत लिखे होते हैं ; **Prompt-note** (written note to remind that payment is due on a certain date.) वह बही जिसमें यह लिखा होता है कि अमुक तिथि को ऋण चुकाने की अवधि है।

Prompter-प्रॉम्प्टर्-*n.* one who prompts, a person stationed out of sight of audience to assist actors in the performance of a play. प्रोत्साहक (उसकानेवाला), नाटक में पात्र को स्थान-स्थान पर स्मरण करानेवाला।

Prompting-प्रॉम्प्ट्'-इङ्ग् - *n.* promptitude, act of telling the part of an actor. उत्साह, नाटक के पात्रों की बात दोहराने का काम

Promptitude-प्रॉम्प्टिट्यूड्-*n.* readiness. उत्साह, शीघ्रता।

Promptly - प्रॉम्प्ट्'ˆलि - *adv.* quickly, in a prompt manner. शीघ्रता से, फुर्ती से।

Promptness-प्रॉम्प्ट्'-नॅस् - *n.* the quality of being prompt, promptitude. उद्यम, प्रवृत्ति; **Prompture** (-चर्)-*n.* excitement, suggestion. प्रेरणा, उसकाव।

Promptuary-प्रॉम्' - ट्यु - अरि - *n.* a storehouse. गोदाम।

Promulgate-प्रॅमल्गेट् -*v. t.* to proclaim, to make known to the public. प्रकाशित (प्रसिद्ध) करना, घोषणा करना ; **Promulgation** (-शन्) - *n.* publication. प्रकाशन, घोषणा; **Promulgator** (- टर्) -*n.* one who promulgates, a publisher. प्रकाशक, घोषणा करनेवाला।

Promulge-प्रॅ-मल्ज्' -*v. t.* to publish. प्रकाशित करना; **Promulger** (-अर्)-*n.* a promulgator. प्रकाशित करनेवाला, घोषणा करनेवाला मनुष्य।

Prone-प्रोन् - *adj.* bending downward, lying flat, inclined, prostrate. (उद्यत) उन्मुख, अधोमुख, झुका हुआ; **Pronely** (-लि) -*adv.* in a prone manner. औंधेपन से ; **Proneness** (-नॅस्) -*n.* the state of being prone. झुकाव, औंधापन।

Prong-प्रॉङ्ग्-*n.* a forked instrument. काँटा ; -*v. t.* to pierce. काँटा भोंकना ; **Pronged** (-ड) -*adj.* forked. काँटेदार।

Pronominal -प्रॅ - नॉमिनल - *adj.* belonging to a pronoun. सर्वनाम सम्बन्धी; **Pronominally**(-लि)-*adv.* as a pronoun. सर्वनाम के समान।

Pronoun-प्रो'-नाउन्-*n.* a word used in place of a noun. सर्वनाम ; Demonstrative Pronoun. संकेतवाचक सर्वनाम; Interrogative pronoun. प्रश्नवाचक सर्वनाम; Personal pronoun. व्यक्तिवाचक सर्वनाम; Possessive pronoun. सम्बन्धसूचक सर्वनाम।

Pronounce-प्रॅ-नाउन्स्'-*v. t. & i.* to affirm or declare, to utter, to articulate, to pass judgment, to make a declaration. उच्चारण करना, बोलना, व्यवस्था देना, निर्णय सुनाना।

Pronounceable -प्रॅ- नाउन्स्-ऍ-ब्ल् - *adj.* able to be pronounced. उच्चारण करने योग्य।

Pronounced - प्रॅ - नाउन्स्ड्' - *adj.* decided, settled. निश्चित, निर्णय किया हुआ ; Pro-

nouncedly (-ऍड्-लि) *-adv.* in a decided manner. उच्चारण रूप में, निणय करते हुए।

Pronouncement - प्रॅ - नाउन्स्' - मेॅन्ट् - *n.* an official declaration, a statement. अधिकारी की घोषणा ; **Pronouncer** (one who pronounces.) घोषणा या उच्चारण करनेवाला।

Pronouncing-प्रॅ-नाउन्स्'-इङ्ग् - *adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण सम्बन्धी।

Pronuncial-प्रॅ-नन्श्-ल् - *adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण-सम्बन्धी।

Pronunciation-प्रॅ'-नन्सि-ए'-शन् *-n.* mode of pronouncing. उच्चारण की रीति ; **Easy of pronunciation** (easily pronounceable.) सहज में उच्चारण करने योग्य।

Pronunciative-प्रॅ-नन्सि-ए-टिव् *-adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण-सम्बन्धी।

Proof-प्रूफ् *-n.* (*pl.* **Proofs.**) evidence to establish some fact, test, trial, standard of strength, demonstration, hardness to resist, firmness of mind, impression from type to be corrected, impenetrability. प्रमाण, परीक्षा, जाँच, दृढ़ता, (प्रूफ़) पहिली छाप; - *v. t.* to render proof. शक्तिशाली बनाना;*-adj.* of tried strength. (अभेद्य) परीक्षित शक्ति का ; **Burden of proof.** साधन धर्म ; **Proof-reader** (a person employed in correcting proof-sheets.) छपे कागज (प्रूफ़) को शोधनेवाला ; **To put to the proof** (to examine.) परीक्षा करना ; **Written proof** (written legal evidence.) लेख प्रमाण।

Proofless-प्रूफ़्'-लॅस्*-adj.* not established as true. प्रमाण-रहित।

Prop-प्रॉप्*-n.* a strong support, a stay. आधार (अवलम्ब), खम्भा या थूनी ; *-v. t.* (*p. t.* **Propped.**) to support, to sustain. आश्रय देना, सहारा देना; - *v. i.* to come to a dead stop with rigid forelegs. घोड़ों का अगला पैर कड़ा करके स्थिर होना या रुक जाना।

Propagable- प्रॉपगॅबूल्*-adj.* able to be propagated. विस्तॉर करने योग्य।

Propaganda - प्रांपगॅन्डा - *n.* an organized scheme, principle, a committee for propagating a doctrine. सिद्धान्त, कल्पना, किसी सिद्धान्त का प्रचार करने की मण्डली।

Propagandist - प्रॉपगॅन्डिस्ट् - *n.* one who spreads some system. किसी सिद्धान्त का प्रचारक।

Propagandism-प्रॉपगॅन्डिज़्म् *-n.* practice of propagating. प्रचार करने का अभ्यास।

Propagandize-प्रॉपगन्डाइज़् *-v. t.* to conduct a propaganda. किसी सिद्धान्त का प्रचार करना।

Propagate-प्रॉप - गेट्' - *v. t.* to generate, to reproduce, to beget, to diffuse, to multiply, to transmit. विस्तृत करना, उत्पन्न करना, बढ़ाना, प्रचलित करना, परम्परा बढ़ाना; **Propagation** (-गे-शन्)*-n.* the act of propagating. विस्तार (फैलाव), परम्परा, उन्नति; **Propagator** (-गे-टर्) *-n.* one who propagates. वृद्धि करनेवाला।

Propel-प्रॅ-पेॅल्' - *v. t.* (*p. t.* **Propelled.**) to drive forward, to urge onward. प्रेरित करना, ढकेलना, आगे को बढ़ाना।

Propellant-प्रॅ-पेॅलन्ट, **Propellent** (-लॅन्ट्)*-adjs.* that which propels. प्रेरित करनेवाला।

Propeller-प्रॅ-पेॅलर् - *n.* the screw that drives a ship or an aeroplane. जहाज या हवाई जहाज को आगे बढ़ानेवाला पङ्खा।

Propend-प्रॅ-पेॅन्ड्' *-v. t.* to incline or lean forward. आगे की ओर झुकना।

Propense-प्रॅ-पेॅन्स्*-adj.* inclined, prone. उद्यत, झुका हुआ; **Propensely** (-लि) *-adv.* in an inclined state. झुकी अवस्था में ; **Propenseness** (-नॅस्) *-n.* झुकाव।

Propension-प्रॅ-पेॅन्शन् - *n.* tendency to move in one direction. एक ओर का झुकाव।

Propensity -प्रॅ-पेॅन्सिटि *-n.* inclination, tendency, bent of mind. प्रवृत्ति, रुझान; **Bad propensity** (bad habit.) दुर्व्यसन ; **Good propensity** (good disposition.) सुशीलता।

Proper- प्रॉपर् - *adj.* belonging exclusively to, peculiar, one's own, correct, genuine, real, decent. आत्मीय, विशिष्ट, शुद्ध, निजी, योग्य, उचित, यथोचित, स्वच्छ; **Proper fraction**, (fraction less than unit.) भिन्न का वह रूप जो इकाई से कम हो ; **Proper noun** (a name used for individual person or thing.) व्यक्तिवाचक संज्ञा।

Properate - प्रॉपरेट्- *v. t.* to hasten. शीघ्रता करना, जल्दी करना।

Properly - प्रॉपर्लि - *adv.* in a proper manner. यथायोग्य, वस्तुतः, उचित रीति से ; **Properly speaking** (in a proper way.) यथार्थ दृष्टि से।

Property-प्रॉपर्टि*-n.* (*pl.* **Properties.**) thing owned, attribute, nature, ownership, quality, estate, सम्पत्ति, धन, गुण, लक्षण, स्वभाव, अधिकार; **Landed property** (immovable property.) स्थावर सम्पत्ति ; **Public property.** सार्वजनिक सम्पत्ति।

Prophecy-प्रॅ-फ़िसि - *n.* (*pl.* **Prophecies.**)

foretelling, a forecast, prediction. भविष्य-वाणी, भविष्य-कथन, भविष्य-सूचना।

Prophesier-प्रॅ-फ़ि-साइअर्-*n.*one who predicts future events. भविष्यवक्ता।

Prophesy- प्रॅ - फ़ि - साइ - *v. t. & i.* (*p. t.* Prophesied.) to foretell future events, to predict, to foreshadow. भविष्य कहना, आगम बतलाना।

Prophet-प्रॉ-फ़ॅ-ट्-*n.* one who reveals God's will, a foreteller. सिद्ध, भविष्यवक्ता; **Prophetess** (-ऍस्)-*n. fem.* a female prophet. भविष्य कहनेवाली स्त्री ; **Prophethood** (-हुड्) -*n.* the office of a prophet. भविष्यवक्ता का पद; **Prophetic** (-इक्) -*adj.* pertaining to a prophet, predictive). भविष्यवक्ता सम्बन्धी, भविष्यवाणी का ; **Prophetical** (-अल्) -*adj.* containing prophecy. भविष्य-कथन-सम्बन्धी; **Prophetically** (-लि)-*adv.* in a prophetic manner. भविष्यवक्ता की रीति से।

Prophylactic-प्रॉफिलाक्टिक् -*adj.* tending to prevent a disease. रोगहर, रोग हटानेवाली; -*n.* a preventive medicine. रोग हटानेवाली औषध।

Propine-प्रो-पाइन्'-*v. t.* to offer in kindness. दया करके देना।

Propinquate-प्रॅ-पिन्'-क्वेट् -*v. t.* to approach. समीप आना, पहुँचना।

Propinquity-प्रॅ-पिन' - क्विटि - *n.* nearness in time, close kinship, neighbourhood. समय की समीपता, सगोत्रता, पड़ोस।

Propitiable-प्रॅ-पिशि-ऍ-ब्ल् - *adj.* able to be propitious. सन्तुष्ट करने योग्य।

Propitiate-प्रॅ-पिशि'-ऍट् - *v. t.* to appease, to tranquillize. शमन करना, सन्तुष्ट करना; **Propitiation** (-शन्) -*n.* the act of propitiating. आराधना, शान्ति; **Propitiator** (-अर्) -*n.* one who propitiates. अनुरञ्जक, प्रसन्न करनेवाला; **Propitiatorily** (-इ-लि) -*adv.* in a propitiating manner. शमन करते हुए; **Propitiatory** (-इ)-*adj.* appeasing. शान्तिकारी, शमन करनेवाला।

Propitious - प्रॉ-पिशस् - *adj.* well-disposed, favourable, kind, gracious. अनुकूल, अनुग्रही, कृपालु, कल्याणकर; **Propitiously** (-लि) -*adv.* in a propitious manner. अनुकूलता से, दया सहित ; **Propitiousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being propitious. अनुकूलता।

Proplasm-प्रो'-प्लॅज़्म्-*n.* a mould or matrix. ढालने का साँचा।

Proplastics-प्रो-प्लॅस्'- टिक्स् - *n.* the art of making moulds for casting. ढालने के लिये साँचा बनाने की कला।

Proponent-प्रॅ-पोन्'-ऍन्ट् - *n.* one who puts forward a theory or proposal. प्रस्ताव करनेवाला।

Proportion- प्रॅपोर्शन् - *n.* comparative share or relation, symmetry, ratio, equality of ratios between two pairs of qualities. परिमाण (भाग, अंश), अनुरूपता, अनुपात, परस्पर सम्बन्ध;-*v. t.* to make proportionate to, to make symmetrical. अनुरूप करना, तुल्य करना; **Harmonical proportion** (a relation of three or more quantities such that the first is to the last as the difference between the first two is to the difference between the last two.) हरात्मक अनुपात; **Inverse proportion** (a proportion where the ratio of first is to second as that of fourth to third.) विपरीत अनुपात; **In proportion to** (in comparison with.) अनुरूप, सदृश।

Proportionable-प्रॅपोर्शनॅब्ल् -*adj.* that may be proportioned. सदृश, तुल्य; **Proportionably** (-लि)-*adv.* according to proportion. अनुरूपता से।

Proportional-प्रॅपोर्शनल् -*adj.* in due proportion. अनुरूप, तुल्य; **Proportionalist** (-इस्ट्) -*n.* one who plans proportions. समानता से कार्य करनेवाला; **Proportionality** (-इट्-इ)-*n.* proportionateness. अनुरूपता, समानता; **Proportionally** (-लि)-*adv.* in a proportionate manner. यथानुरूप, सादृश्य से;**Proportionate** (-र्शनेट्) -*adj.* adjusted according to certain rates. अनुरूप, सदृश; **Proportionately** (- लि) - *adv.* in a proportionate degree; **Proportionateness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being proportionate. अनुरूपता; **Proportionless** (- र्शन्-लॅस्) -*adj.* without symmetry. अनुरूपता-विरुद्ध ; **Proportionment** (-मॅन्ट्)-*n.* similarity. तुल्यता, बराबरी।

Proposal- प्रॅपोज़ल् - *n.* a scheme or design, an offer of marriage, an offer. प्रस्ताव, विवाह का वचन।

Propose-प्रॅ-पोज़्' - *v. t. & i.* to put forward for consideration, to nominate as a member, to plan, to intend, to make an offer of marriage. प्रस्ताव करना, सदस्य चुनना, प्रतिज्ञा करना, विचार करना, इच्छा करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना ; **Proposer** (-अर्) -*n.* one who offers anything for consideration. प्रस्ताव करनेवाला।

Proposition - प्रॉपॅज़िशन् -*n.* an assertion, formal statement, a sentence in which something is affirmed or denied, a proposal, scheme. प्रतिज्ञा, कर्तव्यनिर्देश, प्रस्तावना, साध्य; **Propositional** (-अल्) -*adj.* pertaining to a proposition. निर्दिष्ट कर्तव्य सम्बन्धी।

Propound-प्रॅ - पाउन्ड्' - *v. t.* to offer for consideration, to propose. प्रतिपादन करना, निवेदन करना ; **Propounder** (अर्) -*n.* one who propounds. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Proprietary-प्रॅ-प्राइटरि - *adj.* of a proprietor. स्वामी के अधीन, स्वामी का; - *n.* an owner or proprietor. स्वामी , क्षेत्रपति , जमींदार ; **Proprietary medicines** (patented medicines.) ऐसी औषधियाँ जिनके बनाने और बेचने के अधिकार सुरक्षित हों ; **Proprietary rights** (rights of a proprietor.) स्वामी के अधिकार।

Proprietor-प्रॅ - प्राइ - टर् -*n.* owner. स्वामी, अधिकारी; **Proprietorial** (-टोरिअल्)-*adj.* pertaining to a proprietor. स्वामी-सम्बन्धी; **Proprietorially** (-लि)-*adv.* in a proprietary manner. स्वामी के रूप से ; **Proprietorship** (-शिप्)-*n.* the office of a proprietor. प्रभुत्व, अधिकार ।

Proprietress-प्रो-प्राइ'-ट्रॅस्-*n.* *fem.* a female proprietor. अधिकारिणी।

Propriety-प्रॅ-प्राइ-टि -*n.* fitness, accuracy, rightness, justness, suitableness, correct behaviour. योग्यता, शुद्धता, सद्व्यवहार, सुचरित्र ;-(*pl.*) good character. (ब० व०) शुद्ध चरित्र।

Proptosis-प्रॉप्-टो'-सिस्-*n.* protrusion of the eye. आँख की विलनी।

Propugn-प्रॅ-प्यून्'-*v. i.* to strive for. प्रयत्न करना।

Propulsion-प्रॅपल्शन्-*n.* a pushing forward. आगे को धक्का देना या ढकेलना।

Propulsive-प्रॅपल्सिव्-*adj.* propelling. आगे को ढकेलनेवाला।

Prorogation -प्रो-रॅ-गे'-शन् - *n.* the act of adjourning. कुछ का[illegible] के लिए सभा को स्थगित करने का कार्य।

Prorogue-प्रॅ-रोग्'-*v.* *t.* to postpone a meeting without disso[illegible]ving it. सभा को बिना तोड़े कुछ काल के लिए स्थगित करना।

Proruption- प्रो - रप्[illegible]न् -*n.* act of bursting forth. विस्फोट।

Prosaic-प्रॅ-ज़े'-इक्-*adj* [illegible] like prose, dull, uninteresting, com[illegible]monplace, lacking in beauty. गद्य रूप, नीरस, सत्त्वहीन, साधारण, शोभाहीन; **Prosaically** (-अलि)-*adv.* in a prosaic manner. नीरसता से ; **Prosaism** (-इज़्म्) -*n.* prose writing. गद्यलेख; **Prosaist** (-इस्ट्)-*n.* an author of prose, a prosaic person. गद्य-लेखक, नीरस मनुष्य।

Proscenium-प्रॅ-सीन्'-इ-अम्-*n.* the space in a theatre between the drop-scene and orchestra. रंगभूमि का आगे का भाग।

Proscribe-प्रॅ-स्क्राइब्-*v. t.* to banish, to exile, to reject. बहिष्कार करना, देश से निकालना, त्याग करना; **Proscriber** (-अर्)-*n.* one who banishes. बहिष्कार करनेवाला।

Proscription-प्रॉ-स्क्रिप्शन्-*n.* the act of proscribing. बहिष्कार।

Proscriptive-प्रॉ-स्क्रिप्'-टिव्-*adj.* proscribing. देशनिकाले का ।

Prose-प्रोज़्-*n.* non-metrical form of language. गद्य ;-*v. i.* to talk in prose. गद्य में वार्ता करना; **Proser** (-अर्)-*n.* a writer of prose. गद्य लिखनेवाला; **Prose-poem** (a prose work in poetical style.) गद्यकाव्य।

Prosector-प्रोसॅक्टर्-*n.* an anatomical dissector. मुर्दों की चीर-फाड़ करनेवाला।

Prosecutable-प्रॅ-सि-क्युटॅब्ल्-*adj.* able to be prosecuted. अभियोग लगाने योग्य।

Prosecute-प्रॅ-सि-क्युट्-*v. t. & i.* to follow up, to carry on, to continue, to pursue, to institute legal proceedings against. पीछा करना, अनुसरण करना, लगे रहना, निर्वाह करना, अभियुक्त (गिरफ्तार) करना; **To prosecute studies** (to pursue studies.) अध्ययन करना; **Prosecution** (-शन्) -*n.* the act of prosecuting, instituting a criminal suit. अभियोग, गिरफ्तारी; **Prosecutor** (-अर्) -*n.* one who institutes a criminal suit. अभियोक्ता, मुद्दई; **Prosecutrix** (-ट्रिक्स्) -*n. fem.* female prosecutor. अभियोग चलानेवाली।

Proselyte-प्रॅसिलाइट् -*v. t.* to convert from one creed to another. धर्म त्याग कराना, एक पंथ से दूसरे पंथ में ले जाना ;-*n.* a convert to a religion. परधर्म अनुयायी ; **Proselytism** (-इज़्म्)-*n.* conversion to a creed. धर्म-त्याग; **Proselytize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert. धर्म त्याग या परिवर्तन कराना ; **Proselytizer** (-अर्)-*n.* one who makes converts. स्वधर्म त्याग करानेवाला।

Prosify-प्रोज़्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Prosified.) to turn into prose. गद्य में लिखना, गद्य में बदलना।

Prosily-प्रोज़्'-इ-लि-*adv.* in a prosy manner.

गद्य रूप में; Prosiness (-नेस्)-*n.* the quality of being prosy. गद्य रूप ।

Prosodial-प्रॅ-सॅ'-डि-अल्, **Prosodical** (-कल्) -*adjs.* pertaining to the rules of prosody. छन्द:शास्त्र-सम्बन्धी ।

Recollect-रेॅकलेॅक्ट्-*v. t.* to recall in mind, to gather up again, to remember. मन में स्मरण करना, याद करना; **Recollection** (-शन्) -*n.* the power of recollecting. स्मरण-शक्ति, यादगार; **Recollective** (-इव्) - *adj.* having the power of recollecting. स्मरण या याद रखनेवाला।

Re-collect-री-कलेॅ'-क्ट्-*v. t. & i.* to gather together again. दुवारा जमा या इकट्ठा करना या होना।

Recolour-री- कलर् - *v. t.* to colour again. फिर से रँगना।

Recombination-री-कम्बिनेॅशन् - *n.* combination a second time. दुवारा मिलाने का कार्य।

Recombine-री - कम्बाइन्-*v. t.* to combine again. फिर से मिलाना।

Recomfort-री-कम्फर्ट्-*v. t.* to pacify again, to give new strength. फिर से शान्त करना, नया उत्साह देना।

Recommence-री-कमेॅन्स्-*v. t.* to begin again. फिर से आरम्भ करना ; **Recommencement** (-मेॅन्ट्)-*n.* a new beginning. नया आरम्भ।

Recommend - रेॅकमेॅन्ड्'- *v. t.* to place in the care of, to suggest as fit for, to advise, to make acceptable to. सौंपना, संस्तुति करना, स्तुतिपूर्वक कहना, योग्य बतलाना; **Recommendable** (- ऍ - बल्) - *adj.* worthy of recommendation. अनुग्रह (सिफ़ारिश) के योग्य; **Recommendation** (-शन्) - *n.* a letter of recommendation. संस्तुति - पत्र, गुण - वर्णन, प्रशंसा-लेख ; **Recommendatory** (- टरि)- *adj.* worthy of recommendation. प्रशंसाकारी; **Recommender** (- अर्) - *n.* one who recommends. सिफ़ारिश करनेवाला, संस्तोता।

Recommit-री-कमिट्'-*v. t.* (*p. t.* **Recommitted.**)to commit again,to refer a second time. फिर से सौंपना, दुवारा हवाले करना; **Recommittal** (-अल्) - *n.* a second committal. दुवारा हवाला करने का कार्य, पुनः समर्पण।

Recommunicate-री-कम्युनिकेॅट्-*v. t.* to communicate a second time. दुवारा सूचित करना।

Recompact-री-कॅम्पॅक्ट्'-*v. t.* to join afresh. फिर से मिला देना।

Recompense-रेॅकम्पेॅन्स्-*v. t.* to make amends for, to compensate, to requite. प्रतिफल देना, बदला चुकाना, पारितोषिक देना; -*n.* an equivalent returned for something, requital, reward, remuneration, repayment. बदला, पारितोषिक, प्रतिफल, निस्तार।

Recompile-री - कम्पाइल् - *v. t.* to compile again. नये सिरे से ग्रन्थ बनाना।

Recompilation-रीकम्पिलेॅशन्-*n.* the act of recompiling. दुवारा ग्रन्थ निर्माण करने का कार्य।

Recompose-री-कम्पोज़्-*v. t.* to form in a new way again, to quieten. नये सिरे से बनाना, शान्त करना।

Recomposition-री-कम्पोज़िशन् - *n.* renewed composition. नये सिरे की बनावट या रचना।

Recompound-री-कम्पाउन्ड्' - *v. t.* to compound again. फिर से मिलाना या जोड़ना।

Reconcilable-रेंकन्साइलेंब्ल्-*adj.* able to be reconciled. सन्तुष्ट करने योग्य।

Reconcile-रेंकन्साइल् - *v. t.* to settle a quarrel, to heal up, to conciliate, to bring to agreement, to harmonize. झगड़ा मिटाना, सन्धि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना; **Reconcilability** (-ऑब्-इल्-इट्-इ), **Reconcilement** (-मेंन्ट्), **Reconciliation** (सिलि-ए-शन्) *-ns.* the state of being reconciled. समाधान, विरोध, शान्ति; **Reconciliatory** (-सिलि-एट्'-अरि) *-adj.* tending to reconcile. विरोध का नाश करनेवाला, झगड़ा मिटानेवाला।

Recondense-री-कन्डेंन्स्-*v. t.* to condense again. फिर से जमाना या ठोस करना।

Recondite-रेंकन्डाइट्-*adj.* abstruse, hidden, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ; **Reconditely** (-लि)-*adv.* obscurely. गुप्त रीति से; **Reconditeness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being obscure. गूढ़ता।

Recondition-रीकन्डिशन्-*v. t.* to overhaul, to fit again. फिर से बैठाना या ठीक करना।

Reconditory-रीकॉन्डिटरि - *n.* a storehouse. भण्डारघर।

Reconduct-री-कन्डक्ट्-*v. t.* to conduct again. फिर से मार्ग दिखलाना।

Reconfirm-री-कन्फ़र्म्-*v. t.* to confirm again. फिर से स्थिर या पुष्ट करना।

Reconjoin-री-कन्जॉइन्-*v. t.* to join afresh. फिर से संयुक्त करना या जोड़ना।

Reconnaissance-रि-कॅ-नें-सन्स्-*n.* preliminary survey, military or naval examination of a tract. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा।

Reconnoitre-रें-कॅ-नॉयटर्-*v. t.* & *i.* to make a survey, to learn the condition. अन्वेषण, निरीक्षण या जाँच करना; **Reconnoitrer** (-अर्) *-n.* one who surveys. निरीक्षण करनेवाला।

Reconquer-री-कॉङ्'-कर्-*v. t.* to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिर से जीतना।

Reconquest-री - कॉङ्' - क्वेंस्ट्-*n.* conquest anew. नई जीत।

Reconsider-री-कन्सिडर्-*v. t.* to review. फिर से देखभाल करना; **Reconsideration** (-ऐ-शन्) *-n.* a second consideration. दुबारा देखभाल।

Reconstitute-री-कॅन्'-स्टि-ट्यूट्-*v. t.* to reconstruct. पुनर्निर्माण करना; **Reconstitution** (-शन्)-*n.* the act of constituting afresh. पुनर्निर्माण।

Reconstruct-री-कन्-स्ट्रक्ट्' -*v. t.* to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना; **Reconstruction** (- शन्)-*n.* act of constructing again. पुनर्निर्माण, दुबारा की बनावट; **Reconstructive** (-टिव्)-*adj.* able to construct again. पुनर्निर्माण के योग्य।

Reconvene-री-कन्-वीन्'-*v. t.* to call together again. फिर से एकत्रित करना या बटोरना।

Reconversion-री-कन्वर्शन्-*n.* a second conversion. दुबारा का परिवर्तन।

Reconvert-री-कन्वर्ट्-*v. t.* to convert again. फिर से पलटना।

Reconvey-री-कन्वे-*v. t.* (*p. t.* Reconveyed.) to convey back. फिर से ले जाना।

Reconveyance-रीकन्वेऍन्स - *n.* the act of reconveying. वापसी।

Record-रेंकर्ड्-*n.* the state of being recorded, official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of gramophone. ज्ञात-प्रमाण, लेख-प्रमाण, यादगार, सरकारी कागज, ज्ञात तथ्य, ग्रामोफोन बाजे का तवा; - *v. t.* (रिकॉर्ड्) to register, to represent in a permanent form. रजिस्टर में लिखना, प्रमाणित करना।

Recordable-रिकॉर्डेब्ल् - *adj.* able to be recorded. प्रमाणित करने योग्य।

Recorder - रिकॉर्डर् - *n.* one who records. लेखक, दफ़्तर के कागज रखनेवाला।

Recount-री-काउन्ट्'-*v. t.* to relate, to tell in detail, to count again. वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना।

Recountal-रिकाउन्टल्-*n.* a narration. वर्णन, बयान।

Recoup-रि-कूप्'-*v. t.* & *i.* to make a deduction, to make good, to compensate. कम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ति करना।

Recoupment-रि - कूप्' - मेंन्ट् -*n.* the act of recouping. हानि की पूर्ति।

Recourse-रि-कोर्स्-*n.* resort to a possible help, thing resorted, helper, a flow or running-back, return, opportunity or passage to return. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक, पीछे की ओर बहाव या चाल, वापसी, वापस होने का मौका या रास्ता; To have recourse to (to adopt as helper.) सहारा लेना।

Re-cover-री-कवर्-*v. t.* to cover again. दुबारा ढाँकना।

Recover-रि-कवर्-*v. t.* & *i.* to regain possession of, to cure, to reclaim, to secure,

to regain health or consciousness, to get over. फिर से प्राप्त करना, रोग से विमुक्त होना, चंगा होना, सँभालना, पूर्व-स्थिति पर पहुँचना, होश में आना।

Recoverable-रिकवरेब्ल् - *adj.* able to be recovered or restored. आरोग्य होने योग्य, पुनः प्राप्त करने योग्य ; **Recoverableness** (-नेस्)-*n.* the state of being recoverable. पुनःप्राप्ति; **Recovery** (-इ)-*n.* the act of recovering, restoration from illness. पुनर्लाभ, आरोग्य-प्राप्ति, स्वास्थ्य।

Recreancy-रें - क्रिअन्सि - *n.* cowardliness. भीरुता।

Recreant-रें-क्रिअन्ट् - *adj. & n.* cowardly, apostate, false, a mean-spirited wretch. डर-पोक, धर्मभ्रष्ट, झूठा, (पतित) नीच ; **Recreantly** (-लि)-*adv.* in a cowardly manner. डर से।

Recreate-रें-क्रिएंट्-*v. i. & t.* to reanimate, to refresh, to amuse, to entertain, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, मनोरञ्जन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना; **Recreation** (-एं-शन्)-*n.* refreshment after labour. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative** (-इव्)-*adj.* tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक; **Recreatively** (इव्-लि) -*adv.* in a way to recreate. सन्तुष्ट करते हुए; **Recreativeness** (-इव्-नेस्) -*n.* the quality of being recreative. आश्वासन, सन्तोष, मनोरञ्जकता।

Recrement-रें - क्रि - मेंन्ट्-*n.* waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. तलछट, खाद, पित्त, लार इत्यादि जा रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है।

Recremental-रें-क्रिमेंन्टल्-*adj.* (also **Recrementitious**) pertaining to recrement. तल-छट-सम्बन्धी।

Recriminate-रिक्रिमि-नेंट्-*v. i.* to indulge in mutual charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना।

Recrimination-रिक्रिमिनेंशन्-*n.* indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण।

Recriminative-रिक्रिमिनेंटिव् - *adj.* retortive वादी का प्रतिवादी पर दोष लगाने का।

Recriminator-रिक्रिमिनेंटर्-*n.* one who accuses an accuser with a like crime. दोष लगाने पर वही दोष दूसरे पर लगानेवाला व्यक्ति; **Recriminatory** (-टरि)-*adj.* retorting. वादी पर प्रतिवादी का दोष लगानेवाला।

Recross-री'-क्रॉस्-*v.t.* to cross a second time, to cross-examine again. दुबारा पार करना, दुबारा जिरह करना।

Recrudesce-री-क्रु-डेंस् -*v. i.* to break out again. फिर से उभड़ आना या निकल आना।

Recrudescence (y)-री-क्रु-डें-सेंन्स (-इ) -*ns.* a state of becoming sore again. आरोग्य होकर फिर से रोगी होने की अवस्था।

Recrudescent-रीक्रुडें सेंन्ट् -*adj.* breaking out again. फिर से उभड़नेवाला।

Recruit-रि-क्रुट्'-*n.* a newly enlisted soldier, a tiro. नया सिपाही, नवसिखुआ (रंगरूट);-*v. t. & i.* to enlist as a recruit, to recover in health, to reinvigorate, to refresh. नये सैनिक भर्ती करना, स्वस्थ होना, नया बल प्राप्त करना, ताजा करना ; **Recruital** (-अल्) -*n.* enlistment. सेना में नई भर्ती करने का कार्य ; **Recruiter** (-अर्) -*n.* one who recruits. नये सैनिक भर्ती करनेवाला ; **Recruiting** (-इङ्ग्); **Recruitment** (-मेंन्ट्) -*ns.* the act of enlisting men in an army. रँगरूट की भर्ती।

Rectal-रेंक्टल्-*adj.* pertaining to the rectum. गुदा-सम्बन्धी।

Rectangle-रेंक्'-टैङ्ग्-ल्-*n.* a rectilineal figure of four sides, the opposite sides of which are equal and parallel and all the four angles are right angles. समकोण चतुर्भुज।

Rectangular-रेंक्टैंग्युलर् - *adj.* having the shape of a rectangle. समकोण चतुर्भुज के आकार का; **Rectangularity** (-इटि) -*n.* the quality of being a rectangle. ऐसी आकृति; **Rectangularly** (-लि) -*adv.* in a rectangular form. ऐसी आकृति से।

Rectifiable-रें क्टिफ़ा-इ-एंबल्-*adj.* that may be rectified. शुद्ध करने योग्य।

Rectification-रें क्टिफ़िकेंशन् - *n.* the act of rectifying. समाधान, शुद्धि; **Rectified** (-फ़ाइड्) -*adj.* re-distilled. दुबारा छाना या अर्क उतारा हुआ; **Rectifier** (रें क्टि-फ़ायर्) -*n.* one who or that which rectifies. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला।

Rectify-रेंक्'-टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Rectified.**) to correct, to put right, to adjust, to get rid of. शुद्ध करना, ठीक करना, समाधान करना, छुटकारा पाना।

Rectigrade-रेंक्'-टि-ग्रेंड्-*adj.* walking straight-forward. सामने चलनेवाला।

Rectilinear, Rectilineal-रॅक्टिलिनिअर् (-अल्) -*adjs*. bounded by or made up of straight lines. सीधी रेखाओं से घिरी या बनी हुई; **Rectilinearity** (-इटि) -*n*. rectilinear form. समरेखावाली आकृति; **Rectilinearly** (-लि) -*adv*. in a rectilinear form. ऐसी आकृति के रूप में।

Rectitude-रॅक्-टि-ट्यूड् -*n*. righteousness, correctness, honesty. सदाचार, सचाई, ईमानदारी।

Recto-रॅक्ट्-ॲ-*n*. the right-hand page of an open book. खुली हुई पुस्तक का दाहिना पृष्ठ।

Rector-रॅक्टर् -*n*. a clergyman, the head of a university or college. पादरी, विश्वविद्यालय का अध्यक्ष।

Rectorate-रॅक्टॅ-रॅट्, **Rectorship** (-शिप्)-*ns*. the office of a rector. अध्यक्ष का पद।

Rectorial-रॅक्टोरिअल् - *adj*. pertaining to a rector. अध्यक्ष-सम्बन्धी।

Rectory-रॅक्टरि-*n*. the residence of a rector. पादरी या अध्यक्ष का घर।

Rectress-रॅक्ट्रॅस् -*n. fem*. a female rector. स्त्री अध्यक्ष।

Rectum-रॅक्' - टम् - *n*. the end of the large intestine. बड़ी आँत का अन्तिम छोर जो गुदा में मिला होता है, बड़ी आँत।

Recumbation-रि-कम्बेशन् - *n*. leaning or lying condition. झुकाव, लेटी हुई हालत।

Recumbency-रि-कम्बें-न्सि -*n*. the state of being recumbent. झुकाव, लेटी हुई स्थिति।

Recumb-रि-कम्' -*v. i*. to recline, to repose. लेटना, विश्राम करना।

Recumbense-रि-क-म्बेन्स्-*n*. act of reposing. विश्राम करने का कार्य।

Recumbent-रॅ-क-म्बेन्ट् - *n*. -*adj*. reclining, reposing, lying down. झुका हुआ; **Recumbently** (-लि) - *adv*. in a leaning posture. झुकी हुई अवस्था में।

Recuperable- रिक्यूपरॅबल् - *adj*. recoverable. पुनः स्वास्थ्य प्राप्त करने योग्य।

Recuperate-रि-क्यू-परॅट् -*v. t. & i*. to recover from illness, to regain pecuniary loss. रोग-निवृत्त होना, धन की हानि पुनः प्राप्त करना; **Recuperation** (-शन्) -*n*. recovery from illness. रोग -निवृत्ति, आरोग्य; **Recuperative** (-टिव्)-*adj*. pertaining to recovery from illness. आरोग्य-सम्बन्धी।

Recur-रॅ-कर् -*v. i*. (*p. t*. **Recurred.**) to go back in thought, to come up again in the mind. फिर से ध्यान में आना, स्मरण होना।

Recurrence-रि-क-रॅन्स्, **Recurrency** (-रॅन्' सि)-*ns*. return. पुनरागमन, फिर से आवृत्ति।

Recurrent-रि-क-रॅन्ट्, **Recurring** (-रिङ्ग्) -*adjs*. returning again. बार-बार होनेवाला; **Recurrently** (-लि) -*adv*. in a recurrent manner. आवर्तक रूप से।

Recurvate-रिकर्'-व्हेट्-*v. t*. to curve again. फिर से मोड़ना।

Recurvature-रि-कर्वॅचर् -*n*. a bending backwards. दुबारा मुड़ान।

Recurve-रि-कर्व् -*v. t. & i*. to curve or bend backwards. पीछे की ओर घूमना या घुमाना।

Recurvous-रिकर्वस्-*adj*. bent backward. पीछे की ओर झुका हुआ।

Recusance-रि-क्यूज़न्स्-*n*. obstinacy. विरोध, हठ; **Recusant** (-ज़न्ट्)-*n*. one who refuses to submit to authority, obstinate in refusing. अधिकार का विरोधी, अस्वीकार करने में हठी।

Recusation-रॅ-क्यु-जे' -शन् - *n*. the act of challenging a judge. न्यायाधीश की आज्ञा का विरोध।

Red-रॅड्-*adj*.(*comp*. **Redder,** *sup*. **Reddest.**) of the colour of blood. लाल रंग का, रुधिर के रंग का; **Red Admiral** (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली; **Red flag** (a sign of danger.) भय-सूचक चिह्न; **Red Indian** (the copper-coloured Indian of North America.) उत्तरी अमेरिका के प्राचीन निवासी; **Red with anger** (flushed in the face.) क्रोध से मुख लाल किये हुए; **With red hands** (stained with blood.) हत्या करनेवाला, हाथ में रुधिर लगाये हुए।

Redact-रि-डॅक्ट्' -*v. t*. to arrange for publication, to edit. प्रकाशित करने के लिये क्रम में रखना, संपादन करना; **Redaction** (-शन्)-*n*. preparing for publication, new edition. प्रकाशन के लिये तैयारी, संग्रह, नवीन संस्करण।

Redan-रि-डॅन्' - *n*. a projection in the was of a fort. किले की दीवार का उभाड़।

Redd-रॅड् -*v. t*. to arrange, to settle. क्रम में करना, स्थिर करना।

Redden-रॅ-ड्न्-*v. t. & i*. to make or become red. लाल करना या लाल होना।

Reddish-रॅ-डिश् -*adj*. somewhat red. कुछ लाल; **Reddishness** (-नॅस्)- *n*. moderate redness. थोड़ी लाली।

Reddition-रॅ - डि' - शन् - *n*. surrender. आत्मसमर्पण।

Redditive-रॅ - डि - टिव़् - *adj.* answering a question. प्रश्न का उत्तर देनेवाला।

Reddle-रॅ-ड्ल् - *n.* red ochre. लाल खड़िया, गेरू; - *v. t.* to colour with red ochre. गेरू से रँगना।

Rede-रीड् -*n.* advice, counsel. सलाह; -*v. t.* to advise. सलाह देना।

Redeem-रि-डीम्-*v. t.* to buy back, to ransom, to rescue, to make amends for. फिर मोल लेना, धन देकर छुड़ाना, बचाना, बदला देना; **Redeemable** (-ऍब्ल्) *-adj.* capable of redemption. मुक्त करने योग्य; **Redeemer** (-अर्)-*n.* one who redeems. मुक्त करनेवाला।

Redeliberate-री-डॅ-लि-बरेट्'-*v. t.* to consider again. फिर से विचार करना।

Redeliver-री-डि-लि-व़र् - *v. t.* to deliver a second time. फिर से सौंपना, मुक्त करना या छुड़ाना; **Redeliverance** (-ऑन्स्)-*n.* a second deliverance. पुनर्मुक्ति; **Redelivery** (-इ) -*n.* liberation a second time. पुनरुद्धार।

Redemand-री-डि-मान्ड्' - *v. t.* to demand a second time. दुबारा माँगना।

Redemise-रीडिमाइज़् -*n.* work of conveying again. दुबारा ले जाने का कार्य।

Redemption-रि-डॅम्प्शन्-*n.* deliverance from sin by atonement, ransom, repurchase. प्रायश्चित्त द्वारा पाप से मुक्ति, धन देकर मुक्त करने का साधन या कार्य, दुबारा मोल लेने का काम।

Redemptive-रि-डॅम्प्' -टिव़्- *adj.* delivering. छुटकारा देनेवाला।

Redingote-रॅडिङ्गोट्-*n.* a woman's overcoat. स्त्रियों का सबसे ऊपर पहनने का लम्बा कोट।

Redintegrate-रॅड्-इन्टिग्रेट्-*v. t.* to restore to perfect state, to renew. पूरा करना, नया करना ; **Redintegration** (-शन्) -*n.* renovation. नवीनता; **Redintegrator** (-टर्) -*n.* one who renews. नया करनेवाला।

Redirect-री-डाइ-रॅक्ट्'-*v. t.* to direct again. फिर से निर्दिष्ट करना, सन्धान करना।

Rediscover-री-डिस्कव़र्-*v.t.* to find out again. फिर से पता लगाना।

Redistribute-री-डिस्ट्रिब्यूट्-*v. t.* to distribute a second time. फिर से बाँटना; **Redistribution** (-शन्) -*n.* a second distribution. दुबारा वितरण।

Redivide-री-डि-व़ाइड्'-*v. t.* to divide again. फिर से भाग करना।

Red-letter-day-रॅड्-लॅ-टर्-डे-*n.* a festive or a memorable lucky day. उत्सव या सौभाग्य का दिन।

Redly-रॅड्'-लि-*adv.* in a red manner. लाली से; **Redness** (-नॅस्) -*n.* the state of being red. लालपन, लाली।

Redolence-रॅड्' - ओॅ - लॅन्स् - *n.* sweetness of scent. सुगन्ध।

Redolent-रॅड्-ओॅ-लॅन्ट्-*adj.* fragrant, possessing a sweet smell. सुगन्धित, अच्छी गन्ध का; **To make redolent** (to make fragrant.) सुवासित करना, वासना।

Redouble-री-ड- बूल्-*v. t. & i.* to multiply, to repeat again. दुगुना करना, दुहराना।

Redoubt-रि-डाउट्'-*n.* a small temporary fort, an outwork. गढ़, क़िला, धुस, कोट; *v. t.* to fear. डरना।

Redoubtable-रॅ-डाउटॅब्ल्-*adj.* terrible, formidable. भयङ्कर, उग्र ; **Redoubted** (-टॅड्) *-adj.* terrible, mean. कुत्सित, नीच।

Redound-रि-डाउन्ड्-*v. i.* to make contribution in the end, to come as a final result. अन्त में सम्पादन करना, परिणाम के रूप में निकलना।

Redraft-री-ड्राफ़्ट्'-*v. t.* to draft again. फिर से खाका बनाना; -*n.* a new draft or copy. दुबारा बना हुआ खाका।

Red-rag-रॅड्'-रॅग्-*n.* anything which excites anger. क्रोध उत्पन्न करनेवाला पदार्थ।

Redraw-री-ड्रॉ'-*v. t.* (*p. t.* **Redrew,** *p. p.* **Redrawn.**) to draw a second time. दूसरी बार लिखना या उतारना।

Redress-रि-ड्रॅस् -*v. t.* to remedy, to readjust, to set right, to rectify, to repay, to compensate. औषधि करना, दुबारा दुरुस्त करना, ठीक से बिठाना या जमाना, संस्कार करना, बदला देना, टोटा पूरा करना;-*n.* deliverance from oppression. कष्ट या पीड़ा से मुक्ति ; **Redresser** (-अर्)-*n.* one who gives redress. कष्ट से छुटकारा देनेवाला।

Redressible-रिड्रॅ - सिब्-ल्-*adj.* able to be redressed. संस्कार करने योग्य, छुटकारा देने योग्य, दुरुस्त करने योग्य।

Redressive-रिड्रॅ सिव़्-*adj.* affording redress. बदला या छुटकारा देनेवाला।

Redsear-रॅड्'- सिअर्- *v. i.* to break a thing when red-hot. किसी वस्तु को परितप्त होने पर तोड़ना।

Red-short-रॅड्'-शॉर्ट्-*adj.* breaking when red-hot, brittle. तपाने पर टूटनेवाला, कुड़कीला।

Redstreak-रॅड्'-स्ट्रीक्-*n.* (also **Red-strake.**) a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Red-tape - रॅड्' - टेप् - *n.* one who makes

excessive use of formalities. आचार पर अधिक ध्यान देनेवाला;**Red-tapism**-*n.* a strict abherence to official formalities. सरकारी दफ्तरों के कानूनों, क़ायदों की कड़ी पावन्दी, लालफीते की कार्यवाही।

Reduce-रि-ड्यूस्'-*v. t.* to bring back to original position, to make suitable, to subdue, to weaken, to diminish. पूर्व स्थिति में पहुँचाना, योग्य बनाना, अधीन करना, निर्बल करना, कम करना; **Reduced circumstances** (extreme poverty.) दरिद्र अवस्था; **Reduced in body** (lean and thin.) क्षीणशरीर, दुर्बल; **To reduce to ashes** (to turn to ashes.) भस्म करना; **To reduce to a system** (to restore to a systematic condition.) व्यवस्था करना; **To reduce to a skeleton** (to turn to a skeleton.) ठठरी बना देना; **Reducement** (-मेन्ट्) -*n.* act of reducing. न्यून करने का कार्य; **Reducent** (-सेन्ट्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reducer** (-अर्) -*n.* he who or that which reduces. कम करनेवाला ; **Reducibility** (-इ-बिलिटि) -*n.* the quality of being reducible. न्यूनीकरण, कम करने की योग्यता; **Reducible** (-इ-ब्ल्) -*adj.* able to be reduced. कम करने योग्य।

Reduction-रिडक्शन् -*n.* the act of reducing, diminution, subjugation. न्यूनता, कमी, पराभव; **Reductive** (-टिव्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reductively** (-लि)-*adv.* by reduction. कम करते हुए।

Redundance - रिडन्डन्स-*n.* excess, superfluity. अधिकता, बहुतायत; **Redundancy** (-इ) -*n.* excess. अधिकता, व्यर्थता; **Redundant** (-डन्ट्) -*adj.* excessive, superfluous, copious. अतिशय, अतिरिक्त, अधिक; **Redundantly** (-लि)-*adv.* excessively, superfluously. अधिकता से।

Reduplicate-री-ड्यू'-प्लिक्-एट्'-*v. t.* to double, to repeat. दुहराना, पुनरावृत्ति करना; **Reduplication** (-शन्)-*n.* the act of doubling again. दुहराव; **Reduplicative** (-टिव्) -*adj.* doubling again. दुहरानेवाला।

Re-echo-री'-ऍक्-ओ-*v. i. & t.* to echo again, to resound. फिर शब्द उत्पन्न करना या होना, गूँजना;-*n.* an echo of an echo. पुनर्ध्वनि।

Reed-रीड्-*n.* the stalk of a marshy plant, a musical pipe, an arrow. नरकट, मुश्कबेंत, बाँसुरी, तीर;-*v. t.* to thatch with reeds. नरकट का छप्पर बनाना; **Broken reed** (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; **To lean on a reed** (to put trust in something weak.) दुर्बल पदार्थ का सहारा लेना।

Re-edify-री-ऍ-डि-फाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Re-edified.**) to build up again. फिर से मकान बनाना।

Reediness-री-डि-नेस्-*n.* slenderness. दुर्बलता, दुबलापन।

Re-edit-री-ऍडिट्-*v. t.* (*p. t.* **Re-edited.**) to edit again. दुबारा (शुद्ध करके) प्रकाशित करना।

Reedy-री-डि-*adj.* made of reed, weak, slender, not clear. नरकट का बना हुआ, दुर्बल, अस्पष्ट।

Reef-रीफ् -*n.* (*pl.* **Reefs.**) portion of sail, mass of rock or shingle just above water. पाल का वह भाग जो लपेटा जा सकता है, चट्टान का वह भाग जो समुद्र में पानी के समीप हो;-*v. t.* to shorten sails. पाल लपेटना।

Reefer-रीफ़र्-*n.* a double-breasted coat worn by sailors. मल्लाहों के पहनने की मिरजई।

Reefy-री-फि -*n.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Reek-रीक्-*n.* vapour, smoke, foul odour. वाष्प, धुवाँ, दुर्गन्ध; -*v. i.* to emit vapour or smoke, to smell strongly. भाप या धुवाँ फेंकना, तेज दुर्गन्ध निकालना; **Reeking** (-इङ्ग्') -*adj.* of disagreeable odour. दुर्गन्ध फेंकता हुआ ; **Reeky** (-इ) -*adj.* smoky, foul. वाष्पमय, दुर्गन्धयुक्त।

Reel-रील्-*n.* a frame on which thread, paper &c. are wound, revolving part of a mahine, a kind of dance. चर्खी, घिरनी (गड़ारी), किसी यन्त्र का चक्कर खाता हुआ भाग, एक प्रकार का नाच;-*v. t. & i.* to stagger, to wind on careel. लड़खड़ाना, चक्कर खाना, चर्खी पर लपेटना; **Off the reel** (without pause, rapidly.) बिना रुकावट के, शीघ्रता से; **Reelingly** (-इङ्ग्-ली) -*adv.* with a stagger. चक्कर खाते हुए, लड़खड़ाते हुए।

Re-elect-री- इलेक्ट्'- *v. t.* to elect again. दुबारा चुनाव करना; **Re-election** (-शन्) -*n.* election a second time. दुबारा चुनाव।

Re-eligible-री-ऍ-लिजि-ब्ल् -*adj.* capable of being elected again दुबारा चुने जाने योग्य।

Re-embark-री-ऍम्बार्क्-*v. t.* to put on board a ship again. दुबारा जहाज पर लादना।

Re-embarkation-री'-ऍम्बार्-केशन् -*n.* the act of embarking again. दुबारा जहाज पर लादने का कार्य।

Re-emerge-री''-इमर्ज्'-*v. t.* to emerge again. दुबारा जल में से निकालना, दुबारा जहाज पर लादना।

Re-enable-री-ऍनें-ब्ल्'-*v. t.* to enable again. फिर से योग्य करना।

Re-enact -री - ऍ - नॅक्ट्- *v. t.* to enact again. किसी नियम का पुनः प्रचार करना।

Re-enforce-री-इन्फोर्स्'-*v. t.* to strengthen again. फिर से शक्ति प्रदान करना; **Re-enforcement** (-मेन्ट्) -*n.* assistance, additional force of troops. सहायता, नई सेना का बनाना ।

Re-engage-री-इङ्गेज्' -*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना ।

Re-engine-री-एँन्' - जिन्-*v. t.* to attach an engine again. फिर से इञ्जन लगाना या जोड़ना ।

Re-enlist-री - एँन्'-लिस्ट्-*v. t.* to take into service again. दुबारा नौकर रख लेना ; **Re-enlistment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of re-enlisting. दुबारा नौकर रखने का कार्य ।

Re-enter-री-एँन्टर् -*v. t.* to enter again. फिर से प्रवेश कराना या घुसाना; **Re-entrance** (-ट्रॅन्स्) -*n.* the act of entering again. पुन: प्रवेश; **Re-entrant** (-ट्रॅन्ट्) -*n.* & *adj.* inwardly inclining angle, of such an angle. भीतरी ओर के मुखवाला कोण, ऐसे कोण का; **Re-entry** (-ट्रि) -*n.* re-entrance. पुन:प्रवेश, दुबारा प्रवेश करने का कार्य ।

Re-establish-री-एँस्टॅब्लिश्-*v. t.* to confirm or establish again. फिर से स्थिर करना या नियुक्त करना; **Re-establishment** (-मेन्ट्) -*n.* the act of re-establishing. पुनर्नियुक्ति, दुबारा स्थापन ।

Reeve-रीव्-*n.* the chief magistrate of a town, a governor. किसी नगर का प्रधान अधिकारी, लाट; -*n. fem.* of **Ruff.** मादा अबाबील; -*v. t.* to fasten with a rope. रस्से से बाँधना ।

Re-examine-री-एग्जॅमिन् -*v. t.* to examine again. फिर से परीक्षा करना या जाँचना ।

Re-exist-री-एॅग्जिस्ट् -*v. t.* to come into being again. फिर से सत्व धारण करना ।

Re-export-री-एॅक्स्'-पोर्ट् -*v. t.* to export again. अपने देश में आई हुई वस्तु को फिर से बाहर भेजना ।

Re-fashion-री-फ़ॅशन् -*v. t.* to change again the form of. फिर से सुधारना या दुरुस्त करना ।

Refection-रिफ़ॅक्शन्-*n.* a small repast, refreshment. अल्प आहार, लघु भोजन, जलपान ।

Refective-रिफ़ॅक्टिव् -*adj.* refreshing. ताजा करनेवाला ।

Refectory-रिफ़ॅक्टरि -*n.* ar oom where meals are taken. भोजनगृह ।

Refer-रें-फ़र्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Referred.**) to send back, to submit for information or decision, to assign, to have relation, to allude, to appeal, to quote as instances. वापस भेजना, निर्णय या सूचना के लिए भेजना, आरोपण करना, सम्बन्ध रखना, निर्देश करना, अपील करना, प्रमाण देना ।

Referable-रें-फ़रें-बल्-*adj.* able to be referred. निरूपण करने योग्य ।

Referee-रें-फ़री-*n.* an arbitrator, an umpire in a game. प्रमाण-पुरुष, निर्णयकर्ता ।

Reference-रेंफ़रेंन्स्-*n.* an act of referring, relation, allusion, respect. निर्देश, सन्दर्भ, सम्बन्ध, उल्लेख, संकेत; **Book of reference** (a book of consultation.) निर्देश-पुस्तक; **Cross reference** (referring to another passage in the same book.) एक ही पुस्तक के अनेक स्थलों का सन्दर्भ ।

Referendary-रेंफ़रेंन्डरि -*n.* a referee. निर्देशक, प्रमाणपुरुष ।

Referendum-रेंफ़रेंन्डम् -*n.* the practice of referring political questions to the electorate for decision. किसी राजनैतिक विषय को निर्वाचित सदस्यों के सम्मुख स्थिर करने के लिए प्रस्तुत करना ।

Referential-रेंफ़रेंन्शल् -*adj.* having reference to something. किसी से सम्बन्ध रखता हुआ ।

Referentially-रेंफ़रेंन्शलि-*adv.* in the way of reference. सबंध के रूप में ।

Re-ferment-री-फ़र्-मेंन्ट्-*v. t.* to ferment again. दुबारा उफान लाना ।

Refill-री'-फ़िल् -*v. t.* to fill again. फिर से भरना; -*n.* something ready to be filled in place of another. पुन: भरने की वस्तु ।

Refind-री-फ़ाइन्ड्' -*v. t.* (*p. t.* **Refound.**) to find again. पुन: प्राप्त करना ।

Refine-रि-फ़ाइन्'-*v. i.* to purify, to free from defects, to make elegant, to polish manners, to improve upon. शुद्ध करना, विमल करना, सुधारना, आचार विमल करना, उन्नति करना ।

Refined-रि-फ़ाइन्ड्'- *adj.* polished, elegant, made fine. मलरहित, संस्कार किया हुआ, अति सूक्ष्म ।

Refinement-रिफ़ाइन्मेंन्ट् -*n.* act of refining, fineness of taste or feeling, purity of taste &c., polish of language or manner, elegance. शुद्धता, शिष्टता, विनय, श्रृङ्गार; **Refinement of manners** (polished manners.) शिष्टाचार; **Refiner** (-अर्) -*n.* one, who refines. (धातु इत्यादि को) शुद्ध करनेवाला; **Refinery** (-अरि) -*n.* a place or apparatus for refining. किसी पदार्थ को स्वच्छ या शुद्ध करने का स्थान या यन्त्र ।

Refit-री-फ़िट्'-*v. t.* (*p. t.* **Refitted.**) to repair again. फिर से मरम्मत करना या सुधारना ।

Reflect-रि-फ़्लेक्ट्-*v. t. & i.* to throw back the image, to consider seriously, to meditate. प्रतिबिम्ब डालना, चिन्तन करना (विचारना), ध्यान करना; **To reflect on** (to cast censure.) भर्त्सना करना।

Reflectant-रि-फ़्लेक्-टॅन्ट्-*adj.* flying back. पीछे की ओर उड़नेवाला।

Reflected-री-फ़्लेक्'-टेड्-*adj.* thrown back. प्रतिबिम्बित।

Reflectible-रि-फ़्लेक्टिबुल् -*adj.* able to be thrown back. पीछे की ओर फेंके जाने योग्य।

Reflecting-रि-फ़्लेक्टिङ्ग्-*adj.* throwing back, given to reflection. प्रतिबिम्ब फेंकने या डालनेवाला, ध्यान करनेवाला; **Reflectingly** (-लि)-*adv.* in a reflecting manner. ध्यान करते हुए।

Reflection, Reflexion-रिफ़्लेक्शन्-*ns.* act of reflecting, or being reflected, contemplation, censure, reconsideration, reproach. परावर्तन, प्रतिबिम्ब, निक्षेप, प्रतिच्छाया, निन्दा, पुनर्विचार, भावना, तिरस्कार; **Reflectional** (-अल्)-*adj.* pertaining toreflection. प्रतिबिम्ब-सम्बन्धी; **Reflectionless** (-लॅस्)-*adj.* without reflection. बिना विचार का, बिना प्रतिबिम्ब का।

Reflective - रिफ़्लेक्टिव्- *adj.* reflected, concerned in thought. प्रतिबिम्बित, विचार से सम्बन्ध रखनेवाला; **Reflectively** (-लि)-*adv.* in a reflective manner. विचार में; **Reflectiveness** (-नॅस्) -*n.* the power of reflecting. विचार।

Reflector-रिफ़्लेक्टर्-*n.* a body which reflects rays of light, a mirror. प्रतिबिम्ब फेंकनेवाला पदार्थ, प्रतिक्षेपक दर्पण।

Reflex-री-फ़्लेक्स् -*n.* reflected-light. प्रतिबिम्ब, छाया; -*adj.* directed back upon itself, produced in reflection, introspective. पलटा हुआ, चित्त में विचार किया हुआ; **Reflex action** (work produced in reaction.) इच्छा के बिना किया हुआ कार्य, प्रतिक्षेप-क्रिया।

Reflexed-री-फ़्लेक्स्ड्-*adj.* curved back. पीछे की ओर मुड़ा हुआ।

Reflexibility -री - फ़्लॅक्सिबिलिटि, **Reflexion** (-फ़्लॅक्शन्)-*ns.* the quality of being reflected. प्रतिबिम्बित होने की शक्ति; **Reflexible** (-इ-बुल्) -*adj.* capable of being reflected. प्रतिबिम्बित होने योग्य; **Reflexity** (-इट्-इ) reflexible quality. प्रतिबिम्बित होने योग्य गुण।

Reflexive-री-फ़्लॅक्सिव्- -*adj.* implying the action of the agent upon himself, referring to the subject. पूर्व-सम्बन्धी, कर्ता-सम्बन्धी; **Reflexively** (-लि)-*adv.* in a reflexive manner. कर्तरि प्रयोग में।

Reflexly-रि - फ़्लॅक्स्' - लि -*adv.* in a reflex manner. प्रतिबिम्ब रूप में।

Refloat-रि'-फ़्लोट्'-*v. t.* to float again. फिर से तैरना।

Reflow-रि-फ़्लो' -*v. i.* to flow back. पीछे की ओर बहना।

Refluctuation-री-फ़्लक्' -ट्यु -ए' - शन् -*n.* a flowing back. पीछे की ओर का बहाव।

Refluence-रॅफ़्-लु'-ऍन्स्-*n.* a floating back. पीछे का बहाव, उलटा बहाव।

Refluent-रॅफ़्'-लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing back. पीछे की ओर बहनेवाला।

Reflux-री'-फ़्लक्स्-*n.* a running back, ebb. प्रतिस्पन्दन, भाटा; **The flux and reflux** (ebb and flow.) ज्वार-भाटा।

Refold-री-फ़ोल्ड्'-*v. t.* to fold again. दुबारा मोड़ना या तह करना।

Reform-रि-फ़ॉर्म्' -*v. t. & i.* to form again, to make or become better, to correct, to amend, to improve, to cure. फिर से मरम्मत करना, शुद्ध करना, दोष हटाना, पापों से निवृत्त करना, शोधना, सुधारना; -*n.* improvement, removal of defects, amendment. दोष-निवृत्ति, संशोधन, सुधार, परिवर्तन।

Reformation-रॅ-फ़ॉर्'-मेशन्-*n.* the act of reforming, the state of being reformed. सुधार; **The Reformation** (Martin Luther's religious revolt of the sixteenth century.) यूरोप का सोलहवीं शताब्दि का धार्मिक विप्लव; **Reformational** (-अल्) -*adj.* pertaining to reform. सुधार-सम्बन्धी; **Reformative** (ए-टिव्), **Reformatory** (ए-टरि) -*adjs. & n.* improving, an institution for reclaiming youths and children who have been convicted of crime. संशोधन करनेवाला, कम उम्रवाले अपराधियों को सुधारने का स्थान।

Reformed-रि-फ़ॉर्म्ड्'-*adj.* restored to a good condition. संशोधित।

Reformer-रि-फ़ॉर्मर्-*n.* one who effects reformation. संशोधक, सुधारक।

Reformist-रि-फ़ॉर्मिस्ट्-*n.* a reformer. संशोधक, सुधारक।

Refortify-री-फ़ॉर्टि-फ़ाइ-*v.t.* (*p. t.* **Refortified**) to fortify again. दुबारा क़िलाबन्दी करना।

Refound-री-फ़ाउन्ड्'-*v. t.* to re-establish. पुनः स्थापित करना।

Refract-रि-फ्रैक्ट्'-*v. t.* to deflect the course of the rays of light when passing through different mediums. एक आधार से दूसरे आधार में जाने पर प्रकाश की किरणों का तिरछा होना, प्रत्यावर्तित होना; **Refracted** (-ऍड्)-*adj*. turned from a direct course. निर्धारित मार्ग से पलटा हुआ ; **Refraction** (-शन्)-*n*. the bending of rays of light. किरणों की वक्रता, प्रत्यावर्तन; **Refractional** (-शनल्), **Refractive** (-टिव्)-*adjs*. pertaining to refraction. प्रत्यावर्तन सम्बन्धी; **Refractor** (-टर्)-*n*. the refracting lens of a telescope. दूरबीन का किरण घुमानेवाला या प्रत्यावर्तक ताल; **Refractorily**(-टरि-लि)-*adv*. in a stubborn manner. हठ से; **Refractoriness** (-टरि-नॆस) -*n*. perverseness, obstinacy. दुःशीलता, हठ; **Refractory** (-टरि) -*adj*. perverse, stubborn, difficult to deal with, obstinate, unmanageable. अविनीत, हठी, अनिवार्य, वश में न आनेवाला; -*n*. an obstinate person. हठी मनुष्य।

Refrain-रि-फ्रेन्-*n*. a phrase or line recurring at the end of a verse or song. गीत के अन्त के शब्द जो दुहराये जाते हैं (टेक); -*v. t. & i.* to hold back, to put restraint upon, to curb, to abstain from doing something. अड़ना, रोकना, रुकना, विराम करना।

Reframe-री'-फ्रेम्-*v. t.* to frame again. फिर से चौखटा जड़ना।

Refrangibility-रिफ्रैंञ्जिबिलिटि-*n*. the quality of being refracted. प्रतिबिम्बित करने की शक्ति।

Refrangible-रिफ्रैंञ्जिबल् -*adj*. capable of being refracted. प्रतिबिम्बित होने योग्य।

Refrenation-रॆ-फ्रॆ-ने'-शन् -*n*. restraint. अवरोध, रुकावट।

Refresh-रि-फ्रॆश्'-*v. t. & i.* to cool again, to reinvigorate, to make fresh again, to renew, to revive. फिर से ठण्डा करना, बल तथा तेज की पुनर्वृद्धि करना, फिर ताजा बनाना, नया करना; **Refreshed** (-श्ड्)-*adj*. revived, reinvigorated. विश्रान्त, ताजा ; **Refresher** (-अर्) -*n*. that which refreshes, an extra fee paid to a counsel. ताजा करनेवाला, वकील या बैरिस्टर के अधिक परिश्रम की फ़ीस; **Refreshing** (-इङ्ग्)-*adj*. invigorating, reanimating, relieving fatigue. आनन्द देनेवाला, श्रम हटानेवाला; **Refreshingly** (-लि)-*adv*. in a refreshing manner. विश्रान्त या ताजा करते हुए; **Refreshment**(-मॆन्ट्)-*n*. drink or food that gives fresh strength and vigour, food or drink. विनोद, विश्रान्ति, अल्प आहार, जलपान।

Refrigerant-रिफ्रिजरन्ट्-*adj*. cooling, allaying heat. ठण्डा करनेवाला।

Refrigerate-रिफ्रिजरेट्-*v. t. & i.* to cool or become cool, to preserve in cold. शीतल (ठण्डा) करना, गर्मी हटाना ; **Refrigerator** (-अर्)-*n*. an ice-chest. बरफ़ रखने का बक्स; **Refrigeratory** (-अरि) - *n*. a cooling apparatus. भाप जमाने का यन्त्र।

Reft-रॆफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of **Reave**; -*adj*. robbed. लूट लिया गया।

Refuge-रॆफ़्'-यूज्-*n*. protection from danger, a place of shelter, a person or thing that gives shelter. शरण लेने का स्थान, शरण देनेवाला; -*v. t. & i.* to shelter, to take refuge. शरण देना, शरणागत होना; **House of refuge** (a charitable home for the homeless.) असहाय का शरणस्थान (अनाथालय)।

Refugee-रॆफ़्-यू-जी'-*n*. one who flees for shelter. शरण लेने के लिये (स्वदेश से) भागनेवाला।

Refulgence-रिफ़ल्जॆन्स्-*n*. a flood of light. तेज़ चमक, ज्योति ; **Refulgent** (-जन्ट्) -*adj*. shining splendid, excessively bright. देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकदार ; **Refulgently** (-लि) - *adv*. in a shining manner. उज्ज्वलता से, चमक से।

Refund-रि-फ़न्ड्'-*v. t.* to pay back what is received, to reimburse. लौटाना (फेर देना), वापस करना;-*n*. refundment. वापसी; **Refunder** (-अर्)-*n*. one who repays. वापस करनेवाला ; **Refundment** (-मॆन्ट्)-*n*. the act of refunding. वापसी।

Refurnish-री-फ़र्न्'-इश्-*v. t.* to furnish again. फिर से सजाना।

Refusable-रिफ़्यूज़ेबल्-*adj*. able to be refused. अस्वीकार करने योग्य।

Refusal-रिफ़्यूजल्-*n*. a denial of something offered, rejection. अस्वीकृति, प्रतिषेध।

Refuse-रिफ़्यूस्-*n*. thing rejected as worthless or of no value. (अविशिष्ट) असार वस्तु (मल), जूठन; -रिफ़्यूज़् -*v. t.* to make refusal, not to comply, to deny, to reject, to fuse again. अस्वीकार करना, प्रतिषेध करना, न मानना, फिर से मिलना; **Refuser** (-अर्) -*n*. one who refuses. अस्वीकार करनेवाला।

Refutable-रिफ़्यूटेबल्-*adj*. that may be refuted. खण्डन करने योग्य।

Refutal-रिफ़्यूटल, **Refutation** (-टेशन्)-*ns*. act of refuting, rebuttal. खण्डन।

Refute-रि-फ्यूट्'-*v. t.* to disprove, to rebut by argument. खण्डन करना, शास्त्रार्थ से झूठा ठहराना।

Regain-री-गेन्'-*v. t.* to recover, to gain possession anew. पुनः प्राप्त करना, प्रतिपादन करना।

Regal-री'-गल्-*adj.* pertaining to a king, magnificient. राजकीय, महत्त्वपूर्ण।

Regale-रि-गेल्'-*n.* a feast of dainty food. स्वादु भोजन; -*v. t. & i.* to entertain with delicious food, to give delight to. स्वादिष्ट भोजन कराना, प्रसन्न करना; **Regalement** (-मेन्ट्)-*n.* an entertainment, refreshment, gratification. उत्सव, आनन्द, विश्राम।

Regalia-रिगेलिआ -*n. pl.* insignia of royalty privileges of a king, insignia of an order, a kind of cigar. राजचिह्न, राजकीय अधिकार, किसी पदवी का चिह्न, एक प्रकार का बड़ा सिगार (चुरुट)।

Regalism-रीगलिज़्म् - *n.* undue exercise of royal authority, supremacy of a king in church matters. राजा का अनन्य अधिकार, राजा का धर्म पर अधिकार; **Regality** (-इट्-इ)-*n.* sovereignty, royalty. राज्याधिकार, राजकीय अधिकार के गुण; **Regally** (-लि) -*adv.* in a royal manner. राजकीयता से, महत्त्व से।

Regard-रिगार्ड् - *v. t. & i.* to pay attention to, to esteem, to take into account, to consider, to care for. ध्यान देना, आदर करना, विचार करना, मानना, यत्न करना; -*n.* respect, repute, consideration. मान, प्रतिष्ठा, आदर, विचार; **Regardable** (-ऍ-बल्) -*adj.* wothy of notice. आदरणीय, विचार करने या ध्यान देने योग्य; **Regardful** (-फ़ुल्)-*adj.* heedful. सावधान, सचेत; **Regardfully** (-फ़ुलि)-*adv.* with regard. मान-मर्यादा से; **Regardfulness** (-फ़ुल-नेस्)-*n.* the quality of being regardful. सावधानी, सचेतनता; **Regarding** (-इङ्ग्)-*prep.* concerning. विषय में, सम्बन्ध में; **Regardless** (-लेस्)-*adj.* not attending, heedless. असावधान; **Regardlesslly** (-लेस्-लि) -*adv.* without regard. उदासीनता या असावधानी से; **Regardlessness**(-लेस्-नेस्)-*n.* heedlessness. असावधानी, लापरवाही।

Regather-री'-गैदर्-*v. t.* to gather up again. फिर से इकट्ठा करना या बटोरना।

Regatta-रि-गॅ - टॅ - *n.* a meeting for boat races. नाव दौड़ानेवालों की मण्डली की बैठक।

Regelate-री-जे-लट्-*v. i.* to be fused into one mass. जमकर एकदिल हो जाना।

Regelation-रीजे लेशन्-*n.* the act of regelating. फिर जम जाने की क्रिया।

Regency-री'-जेन्-सि-*n.* the office of a regent, a body entrusted with vicarious government. राजप्रतिनिधि का मण्डल, प्रतिनिधित्व।

Regenerate-रे-जेनरेट्-*v. t. & i.* to generate again, to improve moral nature, to reproduce, to convert. फिर से उत्पन्न करना, आचरण सुधारना, फिर से जन्म देना, शिष्य बनाना, धर्म-परिवर्तन कराना;-*adj.* reproduced. दुबारा जन्मा हुआ; **Regeneration** (-शन्) -*n.* reproduction. पुनर्जीवन, नया जन्म; **Regenerative** (-टिव्) -*adj.* reproducing. पुनर्जन्म का; **Regenerator** (-टर्) -*n.* a device for obtaining high temperature in a furnace. भट्ठी में अग्नि का तापमान बढ़ाने का साधन

Regenesis-रीजे ने सिस् - *n.* reproduction. पुनर्निर्माण।

Regent-री'-जेन्ट्-*n.* a ruler, one who governs a kingdom during the minor ity of the sovereign. शासक, राजा के अप्राप्तवयस्क (नाबालिग) रहने पर शासन करनेवाला; **Regentship**-(-शिप्)-*n.* the office of a regent. उक्त शासक का पद।

Regerminate-री-जर्मिनेट् - *v. i.* to grow up again. फिर से उगना; **Regermination** (-शन्)-*n.* a sprouting anew. दुबारा अंकुरण।

Regicidal-रे जिसाइडल् - *adj.* pertaining to regicide. राजवध-सम्बन्धी।

Regicide-रे जिसाइड्' - *n.* the murder of a king, one who kills a sovereign. राजवध, राजा की हत्या करनेवाला।

Regild-री-गिल्ड्' -*v. t.* to gild up again. फिर से मुलम्मा करना।

Regime-रे - झीम्' - *n.* a form or method of government, administration, prevailing system. शासनपद्धति, राज्यक्रम, प्रचलित विधि।

Regimen-रे जिमेन्-*n.* a system of government, a prescribed course of diet &c. शासन की प्रणाली, पथ्य के नियम।

Regiment-रे जि-मेन्ट्'- *n.* a unit of army commanded by a colonel. सैन्यदल, पलटन, एक कर्नल के अधीन सेना; -*v t.* to form into a regiment. पलटन तैयार करना; **Regimental** (-अल्) -*adj.* pertaining to a regiment. सेना (पलटन) सम्बन्धी; **Regimentally** (-अलि)

-*adv.* in a regimental manner. सेना की रीति से; **Regimentals** (-अल्स्) - *n. pl.* uniform worn by soldiers of a regiment. वस्त्र, फ़ौजी पोशाक; **Regimentation** (-ए'-शन्)-*n.* a division into regiments. सेना-क्रम ।

Regina - रिजाइना - *n.* a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी; **Reginal** (-अल)-*adj.* pertaining to a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी के सम्बन्ध का ।

Region-री'-जन्-*n.* a tract of land, a country, a separate part of the world. प्रदेश, मण्डल, राष्ट्र, भूतल का भाग; **Lower region** (hades.) पाताल; **Region of the sky** (direction.) दिशा; **Upper region** (heaven.) आकाश, स्वर्ग; **Regional** (- अल) -*adj.* pertaining to a region, topographical. धरातल के भाग-सम्बन्धी, प्रादेशिक, माण्डलिक।

Register-रे जिस्टर्-*n.* a book in which regular accounts are kept or details entered, a record or list. हिसाब वही, पञ्जिका, फ़िहरिस्त, रजिस्टर;-*v. t. & i.* to record, to enter in a register. वही में लिखना; **Registered** (-स्टर्ड) -*adj.* recorded in a register. रजिस्टर में दर्ज किया हुआ, पञ्जीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ ।

Registrable-रे जिस्ट्रेबल्-*adj.* able to be registered. रजिस्ट्री करने योग्य ।

Registrar-रे जिस्ट्रार्-*n.* an officer charged with keeping registers. रजिस्ट्री करनेवाला, लेख्य पत्र का रक्षक, पञ्जीयक, प्रस्तोता; **Registrarship** (-शिप्)-*n.* the office of a registrar. प्रस्तोता का पद ।

Registration-रे जिस्ट्रेशन्-*n.* the act of registering. रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य, पञ्जीकरण।

Registry-रे जिस्ट्रि-*n.* registration, a place where records and registers are kept. रजिस्ट्री, लेख्यपत्र रखने का स्थान ।

Regius-री'-जि-अस्-*adj.* royal, appointed by the sovereign. राजकीय, राजा से नियुक्त ।

Reglet-रे ग्लेट्-*n.* a slip of wood used for separating lines of printing type. लकड़ी की फन्नी जो टाइपों के खाली स्थानों में भरी जाती है ।

Regnal-रेग्नल - *adj.* of a reign. राज्य-सम्बन्धी; **Regnal day** (anniversary of a king's accession.) राजा के अभिषेक का वार्षिकोत्सव ।

Regnant - रेग्नन्ट् - *adj.* reigning, ruling, predominant. शासक, राज्य करनेवाला, प्रधान (विशिष्ट) ।

Regorge-री-गॉर्ज्'-*v. t. & i.* to bring up again, to flow back, to swallow again. फिर से उठाना, पीछे की ओर वहना, फिर से निगलना ।

Regraft-री-ग्रॉफ़्ट्'-*v. t.* to graft again. फिर से क़लम बाँधना ।

Regrant-री-ग्रॉन्ट्'-*v. t.* to grant again. फिर से देना; -*n.* a renewed grant. दुबारा प्राप्त अधिकार ।

Regrate-रि-ग्रेट्'-*v. t.* to buy and sell provisions in the same market. भोजन के सामान खरीदकर फिर उसी बाजार में बेचना; **Regrater, Regrator** (-अर्) - *ns.* one who buys and sells provisions in the same market. जो एक बाजार में माल खरीदकर वहीं बेचता है; **Regrating** (-इङ्ग्) -*n.* renovating the old surface of hewn stone. गढ़े हुए पत्थर को चिकना करने का कार्य ।

Regreet-री-ग्रीट्'-*v. t.* to greet again. दुबारा प्रणाम करना।

Regress-रि'-ग्रेस्-*n.* the power of going back, backward tendency, return. परिवर्तन, लौटाव, निकासी; -*v. t.* to move backwards. पीछे की ओर हटना ।

Regression-रि-ग्रेशन्-*n.* the act of returning. प्रतीप-गमन, लौटान; **Regressive** (- इव्) -*adj.* passing back. पीछे को जानेवाला; **Regressively** (-लि) -*adv.* in a regressive manner. पीछे की ओर जाते हुए; **Regressiveness** (-नेस्) -*n.* a passing back. लौटानी ।

Regret-रि-ग्रेट्'-*v. t.* (*p. t.* **Regretted.**) to be sorry, to lament, to repent. दुःखी होना, खेद करना, पश्चात्ताप करना; -*n.* sorrow, dissatisfaction. खेद, दुःख, पछतावा; **Regretful** (-फुल) - *n.* full of regret. दुःखाकुल, खिन्न; **Regretfully** (-फुलि)-*adv.* with regret. उद्वेग या दुःख से; **Regrettable** (-ऍबल) -*adj.* worthy of regret. पछतावा करने योग्य;**Regrettably** (-ऍब्लि) -*adv.* in a regrettable manner. पछतावे से ।

Regroup-री-ग्रूप् -*v. t.* to gather up again in a group. फिर से इकट्ठा करना ।

Regulable-रे-ग्यु-ले-बल्-*adj.* capable of being regulated, governed by rule. नियमबद्ध या शासन करने योग्य ।

Regular-रेग्युलर्-*adj.* following a principle, orderly, systematic, recurring uniformly, methodical, usual, formal, having the sides and angles equal. नियमानुसार, यथाक्रम, यथारीति, निश्चित काल पर होनेवाला, विधिवत्, सामान्य, व्यवस्थित, प्रचलित, समकोण तथा समभुज आकृति वाला; - *n.* a soldier of permanent army, regular troops. स्थायी सेना का सिपाही, स्थायी सेना;

-*pl.* regular clergymen. (ब० व०) ईसाइयों की मंडली ।

Regularity-रेंग्युलॅरिटि-*n.* uniformity with law, method. नियम, व्यवस्था, क्रम (विधि) ।

Regularization-रेंग्युलराइजेशन् -*n.* the act of making regular. नियमित या व्यवस्थित बनाने का काम, नियमितीकरण ।

Regularize-रेंग्युलराइज़्-*v.t.* to make regular. क्रम में करना ।

Regularly-रेंग्युलर्लि-*adv.* in a regular manner. क्रम से ।

Regulate-रेंग्युलेट्-*v. t.* to adjust, to put in order, to arrange. व्यवस्था करना, क्रम में रखना, नियम का विधान करना; **Regulation** (-शन्)-*n.* the act of regulating, law. व्यवस्था, नियम; **Regulative** (-टिव्)-*adj.* tending to regulate. व्यवस्था करनेवाला; **Regulator** (-टर्) -*n.* one who or that which regulates the motion of a machine &c. प्रवन्ध करनेवाला, क्रम स्थापित करनेवाला ।

Reguline-रेंग्यु-लाइन्-*adj.* pertaining to regulus. धातु के शुद्ध भाग से सम्बन्धित ।

Regurgitate-रीगर्जिटेट्-*v. i. & t.* to pour up again. फिर से उँडेलना; **Regurgitation** (-शन्) -*n.* absorption. उलटी फेकान ।

Rehabilitate-री-हॅविलिटेट् - *v. t.* to bring back to former position. पूर्व अवस्था में लाना; **Rehabilitation** (-शन्)-*n.* the act of restoring forfeited rights or privileges. पुनर्निवेशन, हृत अधिकारों या सुविधाओं का पुनर्प्रतिष्ठापन ।

Rehandle-री-हॅन्डल्-*v. t.* to grasp again. फिर से पकड़ना ।

Rehang-री-हॅङ्ग्'-*v. t.* to hang again. दुबारा लटकाना या फाँसी देना ।

Rehash-री'-हॅश्-*v. t.* to go over an old argument. पुराना शास्त्रार्थ आरंभ करना ।

Rehear-री-हियर्'-*v. t.* (*p. t.* **Reheard.**) to hear again, to try over again. फिर से सुनना, फिर से विचार करना ।

Rehearsal-रि-हर्सल्-*n.* the act of rehearing, preparatory performance of a play. नाटक का दुबारा वर्णन, पूर्व-प्रयोग ।

Rehearse-रि-हर्स्-*v. t.* to repeat from beginning to end. दुबारा वर्णन करना, आदि से अन्त तक पढ़ना ।

Reheat-री'-हीट् -*v. t.* to heat again. दुबारा गरम करना ।

Rehouse-री-हाउज़्'-*v. t.* to place in a house again. फिर से घर में रखना ।

Reif-रीफ़्-*n.* plunder. चोरी, डकैती ।

Reify-री'-इ-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* **Reified.**) to convert mentally into a material thing. भौतिक पदार्थ में मानसिक परिणत करना ।

Reigle-री'-ग्ल्-*n.* a hollow or channel. गर्त, गड्ढा ।

Reign-रेन्-*n.* sovereignty, rule, period of a king's reign, sway. शासन, अधिकार, राज्य, प्रबलता; -*v. t.* to rule as a king, to govern. शासन करना, राज्य करना; **Reigning** (-इङ्ग्) -*adj.* governing, prevailing. राज्याधिकारी ।

Reignite-री'-इग्-नाइट्'-*v.t.* to ignite a second time. दुबारा आग लगाना ।

Reillumination-री - इल्युमिनेशन् - *n.* act or state of being illuminated again. दुबारा प्रकाशित करने का कार्य या अवस्था ।

Reillumine-री-इल्युमिन्-*v. t.* to enlighten again. पुनः प्रकाश करना, दुबारा रोशनी करना ।

Reimburse-री - इम्-वर्स्'-*v. t.* to repay, to recompense. फिर अदा करना या चुकाना, बदला चुकाना या प्रतिफल देना ; **Reimbursement** (-मेंन्ट्)-*n.* repayment. प्रतिपादन, वापसी ।

Reimport-री-इम्पोर्ट्-*v. t.* to import again. परदेश का माल फिर से देश में मँगाना ।

Reimpress-री-इम्-प्रेस्'-*v.t.* to impress again. दुबारा छापना; **Reimpression** (-शन्)-*n.* a second impression. दूसरी आवृत्ति ।

Rein-रेन्-*n.* a long narrow strap attached to the bit of a bridle, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का अधिकार, शासन; -*v. t.* to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना, रोकना; **To take the reins** (to take the guidance.) अधिकार में लेना, सहारा देना

Reincarnate-री-इन्-कार्-नेट्'-*v. i.* to embody again. दुबारा अवतार लेना; **Reincarnation** (-शन्)-*n.* reembodiment. दुबारा अवतार ।

Reincite-री-इन्-साइट्' -*v. t.* to incite again. फिर से उत्तेजित करना ।

Reincorporate-री'-इन्-कॉर्-पॅ- रेट्' - *v. t.* to incorporate again. दुबारा मिश्रित (या संयुक्त) करना ।

Reincrease-री- इन् - क्रीज़्' - *v. t.* to increase again. फिर से बढ़ाना ।

Reindeer-रेन्'-डियर् -*n.* a kind of deer. एक प्रकार का बारहसिंगा ।

Reinforce-री-इन्-फ़ोर्स्-*v. t.* to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना; -*n.* the thick part

of something किसी पदार्थ का पुष्ट भाग; **Reinforced** (-इ्ड्') - *adj.* strengthened. पुष्ट किया हुआ; **Reinforced concrete** (concrete with metal bars &c., embedded in it.) लोहे का छड़, गिट्टी इत्यादि डालकर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement** (-मेंन्ट्) - *n.* reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती करना।

Reins-रेंन्ज़्-*n. pl.* the kidneys, loins. वृक्क, गुर्दा, कमर।

Reinsert- री - इन्सर्ट् - *v. t.* to insert again. फिर से बैठाना; **Reinsertion** (-शन्) - *n.* inserting again. पुनः प्रवेश।

Reinspect - री-इन्- स्पेंक्ट्' - *v. t.* to make a second inspection. दुबारा जाँच करना; **Reinspection** (-शन्)-*n.* inspection a second time. दुबारा जाँच।

Reinspire - री - इन्-स्पायर्' - *v. t.* to inspire again. फिर से उत्तेजित करना।

Reinstall-री-इन्-स्टॉल्' -*v. t.* to install again. दुबारा स्थापित करना।

Reinstate-री-इन् - स्टेट्' - *v. t.* to replace, to restore to health. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना; **Reinstatement** (-मेंन्ट्) -*n.* act of reinstating, re-establishment. पुनः स्थापन करने का कार्य।

Reinsure-री-इन्-श्योर्' -*v. t.* to insure again, फिर से बीमा करना।

Reintegrate- री' - इन्टिग्रेट् - *v. t.* to renew. नया करना (सुधारना); **Reintegration** (-शन्) -*n.* restoration, a renewing. सुधार।

Reinvest-री-इन्-वेंस्ट्' -*v. t.* to invest again, to lay out money again for profit. फिर से नियुक्त करना, लाभ के लिये धन लगाना।

Reinvigorate-री-इन्विगरेट् - *v. t.* to invigorate or refresh again. फिर से बल देना या ताजा करना; **Reinvigoration** (-शन्) -*n.* the act of refreshing. पुनर्बल-प्राप्ति।

Reissue- री-इ-शु -*v. t.* to issue again. दुबारा जारी करना; - *n.* a second issue. दुबारा प्रकाशन।

Reiterate-री-इट्'-अर्-रेट्-*v. t. & i.* to repeat an action, a request, a word or a statement, to walk over a place again, to repeat. कोई काम या प्रार्थना या शब्द या बयान दोहराना, किसी जगह पर फिर चलना, **Reiterated** (-एड्) - *adj.* repeated. पुनरुक्त; **Reiteration** (-शन्)-*n.* repetition. पुनरुक्ति, दुहराव ; **Reiterative** (-इव्)-*n.* part of a reduplicated word. दुहराया हुआ शब्द या शब्द-खण्ड।

Reject-रि-जेंक्ट्' -*v. t.* to put aside, to discard, to throw away, to decline. त्यागना, फेंकना, अस्वीकार करना; **Rejectable** (-एब्ल्) - *adj.* that may be rejected. अस्वीकार करने योग्य; **Rejection** (-शन्) -*n.* the act of rejecting, refusal. प्रत्यादेश, अस्वीकार; **Rejective** (-इव्) -*adj.* tending to reject. त्यागने में प्रवृत्त; **Rejector** (-अर्) - *n.* one who rejects. अस्वीकार करनेवाला।

Rejoice-रि-जॉ-इस्' -*v. t. & i.* to make glad, to cheer up, to feel joy, to gladden. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना; **Rejoicer** (-अर्) - *n.* one who rejoices. आनन्द करनेवाला; **Rejoicing** (- इङ्ग्) - *adj. & n.* producing joy, expression of joy. आनन्द-कर, आनन्द; **Rejoicingly** (-लि) - *adv.* with joy. आनन्दपूर्वक।

Rejoin-रि-जॉ-इन्'- *v. t. & i.* to join again, to say in answer (to retort). फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना।

Rejoinder-रि-जॉइन्'-डर् - *n.* what is said in reply, an answer, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर।

Rejoint-री- जॉ-इन्ट्' -*v. t.* to reunite joints. जोड़ों को फिर से मिलाना।

Rejolt-रि-जोल्ट्' -*n.* a shock. धक्का।

Rejudge-री- जज् - *v. t.* to try or examine again. पुनर्विचार या परीक्षा करना; **Rejudgment** (-मेंन्ट्) -*n.* examining a second time. पुनर्विचार।

Scaffold-स्कॅ-फ़ल्ड् - *n.* an elevated platform of timber for the execution of criminals. फाँसी देने का मचान; -*v. t.* to furnish with a scaffold. मकान बनाने के लिये मचान या पाइट बाँधना; **Scaffolding** (-इङ्ग्) - *n.* a temporary structure for making or repairing a building. मचान, पाइट।

Scaglia-स्काल्यॉ -*n.* a kind of red limestone. लाल खड़िया।

Scalable-स्केलॅब्‌ल्-*adj.* that may be scaled. सीढ़ी द्वारा चढ़ने योग्य।

Scalade-स्कॅलेड्'-*n.* assault on a fortified place by means of ladders. किसी दुर्ग पर सीढ़ी लगाकर आक्रमण।

Scalariform-स्कलीरि-फ़ॉर्म् - *adj.* like a ladder. सीढ़ी के आकार का।

Scald-स्कॉल्ड् - *v. t.* to scorch, to burn with hot liquid or vapour, to cleanse with hot water, to boil milk. झुलसाना, खौलते पानी या भाफ से जलाना, गरम पानी में उबालकर साफ करना, दूध उबालना; -*n.* an ancient Scandinavian poet, injury caused by scalding. प्राचीन स्कन्डिनेविया देश का एक कवि, जलने का फफोला।

Scaldhead-स्कॉल्ड्'-हॅड् - *n.* a disease in the scalp of children. बच्चों के सिर का एक रोग।

Scale-स्केल् - *n.* thin horny plate or layer projecting on the skin of animals, flake of skin, thin lamina on the surface of rust, dish of a balance, the sign Libra in the Zodiac, a ladder-like arrangement, basis of numerical system arranged in order of pitch, set of marks for use in measuring, series, rank musical note, extent प्राणियों के चमड़े के ऊपर की परत, चोइयाँ, मुर्चे की तह, तराजू का पलड़ा, तुलाराशि, सीढ़ीजैसा प्रवन्ध, संख्या-प्रणाली का क्रम नापने का चिह्न, श्रेणी, पंक्ति, सुर, परिमाण; - *v. t. & i.* to weigh in scales, to climb by ladder. तराजू में तौलना, सीढ़ी पर चढ़कर दीवार लाँघना; **On a large scale** (in a large quantity.) अधिक परिमाण में; **To hold the scales even** (to be an impartial judge, to show no prejudice.) समभाव रखना, पक्षपात न करना; **To sink in the scale** (to fall to a lower rank.) नीच अवस्था को प्राप्त करना; **To turn the scale** (to change the situation.) अवस्था बदल देना।

Scale-beam-स्केल्-बीम्-*n.* a graduated rod used in weighing. तौलने का चिह्न लगा हुआ डण्डा।

Scale-beam.

Scaled-स्केल्ड्-*adj.* having scales. परतदार।

Scaleless-स्केल्'-लेस्-*adj.* without scales. बिना परत का।

Scalene-स्के-लीन्' -*adj.* & *n.* with unequal sides and angles. विषम भुज तथा कोण वाला, इस प्रकार का त्रिभुज।

Scales-स्केल्स्-*n. pl.* the sixth sign of the zodiac, a simple balance. तुलाराशि, सामान्य तराजू।

Scaliness-स्केल्'-इ-नेस्-*n.* the state of being scaly. खुरखुरापन।

Scall-स्कॉल्-*n.* a scaly eruption on skin. खुजली, कुष्ठ।

Scallion-स्कॉलि-अन्-*n.* a kind of onion. एक प्रकार का प्याज।

Scallop, Scollop-स्कॉलप्, स्कॅलप्-*ns.* a kind of shellfish, a curve at the edge of a thing, a shallow pan for cooking oysters. एक प्रकार की सीप, किनारे पर का घुमाव; सीप पकाने की एक प्रकार की कड़ाही; -*v. t.* (*p. t.* **Scalloped.**) to cook oysters in a scallop, to ornament with scallops. ऐसी कड़ाही में सीप पकाना, किनारे पर सीप लगा कर सजाना; **Scallops**(-स्) -*n. pl.* ornamental edging. कामदार किनारा।

Scalp-स्कॉल्प्-*n.* the skull, skin and hair of head. खोपड़ी, मस्तक की त्वचा और बाल;-*v. t.* to cut off the scalp. मस्तक की खाल उखाड़ना।

Scalpel-स्कॉल्'-पल्-*n.* a surgeon's small light knife. छोटी जर्राही छुरी, नश्तर।

Scalper-स्कॉल्पर्-*n.* an engraver's gouge. नकाशी बनानेवालों की गोलची।

Scalpless-स्कॉल्प्'-लेस्-*adj.* without a scalp. बिना खाल का।

Scalpriform-स्कॉल्'-प्रि-फॉर्म्-*adj.* of the shape of a chisel. रुखानी के आकार का।

Scaly-स्केल्-इ-*adj.* covered with scales. परतदार।

Scamble-स्कॅम्-ब्ल्-*v. t.* to cut roughly, to mangle. टेढ़ा-मेढ़ा काटना, आकृति भ्रष्ट करना; -*v. t.* to scramble, to be busy. उपद्रव करना, कार्य में लीन होना; **Scambler** (-अर्)-*n.* one who makes an interruption. विघ्नकारक मनुष्य।

Scamp-स्कॅम्प्-*n.* a knave, a rascal, a rogue, a mean fellow. दुर्जन, दुष्ट, पाजी; -*v. i.* to execute a work carelessly. भ्रष्ट रूप से (लापरवाही से) कोई कार्य करना।

Scampish-स्कॅम्पिश्-*adj.* somewhat scamp. थोड़ा दुर्जन।

Scamper-स्कॅम्पर्-*v. t.* to run hastily. भागना, दौड़कर जाना;-*n.* flight in haste. भगदड़, दौड़।

Scan-स्कॅन्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Scanned.**) to examine the metrical correctness of a line of poetry, to examine minutely, to scrutinize. छन्द की मात्राओं की गणना करना, सूक्ष्म परीक्षा करना, जाँचना।

Scandal-स्कॅन्डल् -*n.* a shocked feeling, disgrace, defamation, backbiting, malicious talk. ग्लानि की भावना, अपमान, मान-हानि, निन्दा, चुगली, अपवाद, कलंक;-*v. t.*(*p. t.* **Scandaled.**) **Scandalize** (- आइज़्) -*v. t.* to defame, to reproach. दुर्नाम या बदनाम करना, निन्दा करना, कलंक लगाना।

Scandal-monger-स्कॅन्डल्-मङ्गर् -*n.* one who spreads scandal. दुर्नाम या अपवाद फैलानेवाला।

Scandalous-स्कॅन्डलस्-*adj.* defamatory. कलंक लगानेवाला, (अपवादक); **Scandalously** (-लि) -*adv.* in a scandalous manner. अपवाद से, निन्दा से ; **Scandalousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being scandalous. निन्दा, अपवाद।

Scandent-स्कॅन्डेन्ट्-*adj.*climbing or creeping. चढ़नेवाला, रेंगनेवाला।

Scansion-स्कॅन्'-शन्-*n.* scanning. छन्द की मात्राओं की गणना करने की विधि।

Scansorial - स्कॅन्सोरिअल् - *adj.* habitually climbing, fit for climbing. चढ़नेवाला, चढ़ने योग्य।

Scant-स्कॅन्ट्'-*adj.* deficient, scarcely sufficient, having a scanty supply. न्यून, कम (थोड़ा), संकुचित; -*v. t.* to limit. कम करना, हद बाँधना।

Scantily-स्कॅन्टिलि-*adv.* in a scanty measure. थोड़े में; **Scantiness** (-टि-नेस्)-*n.* deficiency. स्वल्पता।

Scanty-स्कॅन्ट्-इ-*adj.* not ample, small. कम (थोड़ा), अल्प।

Scantling-स्कॅन्ट्'-लिङ्ग्-*n.* a specimen, pattern, small amount, sample. आदर्श, नमूना, थोड़ा पदार्थ, बानगी।

Scape-स्केप्-*v. i.* to escape. भाग जाना;-*n.* an escape, a slip, a transgression, the cry of a snipe, a landscape, a picture of a scen-

ery, shaft of a feather, spring, stem which bears fruits. पलायन, (भागने का काम), भूल, चूक, कानून या नियम तोड़ने का काम, चाहा पक्षी की बोली, प्राकृतिक भूभाग का दृश्य, प्राकृतिक दृश्य का चित्र, पर की डण्डी, पौधे में फलनेवाली डाल, डंठल।

Scapegallows-स्केप्-गॉलोज़्-*n.* one who has narowly escaped the gallows. फाँसी पड़ने से बाल-बाल बचा हुआ।

Scapegoat-स्केप्ʹ-गोट्-*n.* one who is made to suffer for another. बलिदान का बकरा, दूसरे के लिए कष्ट उठानेवाला।

Scapegrace-स्केप्-ग्रेस्-*n.* a good-for-nothing fellow. निर्लज्ज, बेहया; **Scapement** (-मेन्ट्) -*n.* the steep side of a hill. पहाड़ी की खड़ी दीवाल।

Scaphoid-स्कॉ-फ़ॉइ-ड्-*adj.* of the shape of a boat. नाव की आकृति का।

Scapple-स्कॉ-प्ल्-*v. t.* to make a stone surface straight. पत्थर को समतल करना।

Scapula-स्कॉप्युला-*n.* (*pl.* **Scapulae.**) the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी, (हँसिया) हँसुली; **Scapular** (-अर्)-*adj.* pertaining to scapula. कन्धे पर की हड्डी-सम्बन्धी।

Scar-स्कार् -*n.* mark of a sore or wound, craggy part of a mountain. घाव का चिह्न, पहाड़ का उभड़ा भाग;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Scarred.**) to mark with a scar. अंकित करना, घाव का चिह्न पड़ना; **Scarless** (-लेस्) -*adj.* without a scar. घाव के चिह्न से रहित।

Scarab-स्कॉरब्-*n.* the sacred beetle of ancient Egypt. प्राचीन मिस्र देश का पवित्र झींगुर।

Scaramouch-स्कॉरमाउच्-*n.* boastful coward. डरपोक शेखीबाज मनुष्य।

Scarce-स्केअर्स् -*adj. & adv.* not plentiful, scanty, rare, uncommon. अल्प, न्यून, विरला, दुर्लभ; **Scarcely** (-लि)-*adv.* hardly, barely. कठिनता से, किसी प्रकार, प्राय: नहीं ; **Scarceness** (-नेस्)-*n.* the state of being scarce. विरलता, अभाव; **Scarcity** (-इ-टि)-*n.* deficiency, dearth, rareness, want, famine. दुर्लभता, स्वल्पता, दुर्भिक्ष, न्यूनता, कमी, दुष्काल।

Scare-स्केअर्-*v. t.* to terrify, to frighten, to drive away by frightening. त्रासना, डराना, डराकर भगाना;-*n.* a sudden alarm. अकारण भय; **To scare away** (to drive away by fright.) डराकर भगा देना।

Scarecrow-स्कअर्ʹ-क्रो-*n.* something set up in the field to frighten birds away. विभीषिका, चिड़ियों को डराने का पुतला।

Scaremonger - स्केअर्ʹ-माङ्गर् - *n.* one who creates panic. विप्लव उत्पन्न करानेवाला मनुष्य।

Scarf-स्कार्फ़्-*n.* (*pl.* **Scarves.**) a long narrow piece of cloth worn round the neck or shoulders, necktie. गुलूबन्द, दुपट्टा, रूमाल; -*v. t.* to join the ends of timber or metal. बल्ला या लोहे की धरन के छोरों को जोड़ना ; **Scarf-joint** (joint of two pieces of timber.) इस प्रकार का जोड़ ; **Scarf-pin** (ring worn round the ends of a scarf.) रूमाल अटकाने की (सोने की या जड़ाऊ) मुँदरी ; **Scarf-skin** (outer skin.) ऊपरी खाल।

Scarificator-स्कॉरिफ़ि-के-टर्-*n.* a kind of surgical instrument. काटने तथा कोंचने का एक जर्राही औजार।

Scarifier-स्कॉ-रि-फ़ाइ-अर्-*n.* an agricultural machine or turning soil, road breaking machine. भूमि तोड़ने का किसानों का एक औजार, सड़क तोड़ने का यन्त्र।

Scarify-स्कॉरि-फ़ाइʹ-*v. t.* (*p. t.* **Scarified.**) to make incisions in, to cut off. चमड़ा छेदना या काटना।

Scarious-स्के रिअस्-*adj.* full of membranes, thin and dry. नसदार, पतला तथा सूखा।

Scarlatina-स्कार्ल-टीना-*n.* scarlet fever. सिन्दूर ज्वर, लाल बुखार।

Scarlet-स्कॉर्लेट्-*n.& adj.* bright red colour, of brilliant red colour. गहरा लाल रंग, अंगूरी रंग का ; **Scarlet fever** (a kind of fever characterized by scarlet rash.) एक प्रकार का ज्वर जिसमें अंग में सर्वत्र लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

Scarp-स्कार्प्-*n.* the inner slope of a ditch, perpendicular slope. खाई की भीतरी दीवार, सीधी ढाल; -*v. t.* to make a perpendicular slope. खड़ी ढाल बनाना ; **Scarped** (-ड्)-*adj.* cut down. कटा हुआ।

Scarred-स्कार्ड्-*adj.* marked with scars. चिह्नों से अंकित।

Scarus-स्केरस्-*n.* a fish of bright hue. चमकीले रंग की एक प्रकार की मछली।

Scathe-स्केद्ʹ-*v. t.* to injure, to damage. नष्ट करना, हानि करना; -*n.* injury. चोट, हानि; **Scatheful** (-फ़ुल)-*adj.* injurious, harmful-

हानिकारक ; Scathefulness(-फुल्-नेस् -n. injuriousness. हानि ; Scatheless (-लेस्) -adj. without injury. हानि-रहित।

Scathing-स्के दिङ्ग्-adj. withering. नष्ट होता हुआ; Scathingly (-लि)-adv. in a scathing manner. हानि से।

Scatology-स्कॉ-टॅ - लॅ-जि - n. study of filthy insects. गन्दगी के कीड़ों के अध्ययन का शास्त्र।

Scatophagous-स्कॉ-टॅ-फ-गस् -adj. feeding on dung. मल या विष्ठा भोजन करनेवाला।

Scatter-स्कॅ-टर्-v. t. & i. to throw here and there, to disperse, to spread. फैलाना, छितराना, बिखेरना; Scatter-brain (a thoughtless person.) अव्यवस्थित पुरुष ; Scatter-brained (heedless, desultory.) लापरवाह ; Scattered (-ड्) -adj. strewn. छितराया हुआ ; Scattering (-इङ्ग्) -adj. strewing. छितराये हुए; Scatteringly (-इङ्ग्-लि)-adv. in a scattering manner. छितराते हुए; Scatterings (-इङ्ग्ज़्) -n. pl. things scattered. छितराई हुई वस्तु।

Scatterling-स्कॅटर्लिङ्ग-n. a vagabond. घुमक्कड़ मनुष्य।

Scaup-स्कॉप्-n. a kind of duck. एक प्रकार का बत्तख।

Scauper-स्कॉपर् - n. an engraver's gouge. नक्काशीगर की गोलची।

Scavenger-स्कॅ-वॅ-न्जर् -n. a person employed to keep the streets clean by removing refuse. मेहतर, सड़क का कूड़ा हटानेवाला; Scavengery (-इ) -n. the work of a scavenger. मेहतर का काम।

Scena-सीना -n. portion of an opera. संगीत नाटक का अंग।

Scenario-शे-नारिओ-n. the plot of a play in which the order of scenes, story etc. are laid out. नाटक की कथा, अङ्क आदि के क्रम का विवरण।

Scene-सीन्-n. stage of a theatre, place on which anything is exhibited, a dramatic representation, portion of a play, painted canvas of a theatre. रंगभूमि, प्रदर्शन-भूमि, नेपथ्य, स्थल, दृश्य, नाटक का अंक, नाटक का पर्दा।

Scenery-सी-नरि-n. representation of a scene, spectacle. दृश्य, भूमि, कृत्रिम रचना।

Scenic-सी(-से)-निक्-adj. of the stage, picturesque. नेपथ्य-सम्बन्धी, सुन्दर (बहारदार) ; Scenically (-अलि) -adv. in the form of a scene. नेपथ्य रूप में, सुन्दरता से।

Scenografic-सीनॅ-ग्रॅ-फिक्-adj. drawn in perspective. उभाड़ दिखलाती हुई चित्रकारी का।

Scenography-सीनॅ-ग्रॉ-फि - n. representation in perspective. नाटक के पर्दे का ऐसा रँगना कि वह पर्दा न मालूम हो, सच्चा दृश्य जान पड़े।

Scenographer-सी-नॅ-ग्रॉफ् -अर् -n. one who paints in perspective. ऐसा दृश्य बनानेवाला जो सचा जान पड़े।

Scenographic-सी-नॅ-ग्रॉफ्-इक् -adj. pertaining to scenography. ऐसा दृश्य सम्बन्धी जो सचा जान पड़े।

Scenographically-सी-नॅ-ग्रॉफ्- इक्-अलि- adv. in perspective. उभाड़ दिखलानेवाली चित्रकारी में।

Scent-सेन्ट् -n. agreeable odour, perfume. सुगन्ध, महक;-v. t. &i. to smell, to perfume, to discover by smelling, to suspect the presence of. सूँघना, सुगन्धित करना, गन्ध द्वारा किसी का पता लगाना, सन्देह करना; On the scent (in search of, having a clue.) खोज में; To put off the scent (to deceive by false indication.) धोखा देना, छलना ; Scent-box (-बॉक्स्) -n. box for keeping perfumes. अतरदान ; Scented (-एँड्) -adj. perfumed. सुगंधित; Scented dames (cigarettes.) सिगरेट, चुरुट; Scentful (-फुल्) -adj. odorous. सुगन्धित, खुशबूदार ; Scentless (-लेस्) -adj. inodorous. गन्धहीन, बिना गन्ध का।

Scepsis, Skepsis-स्कॅप्-सिस्-ns. philosophic scepticism. तत्त्वज्ञानियों का अविश्वास।

Sceptic-स्कॅप्-टिक्-n. one who has no faith in religious doctrines, an atheist. धार्मिक सिद्धान्तों में विश्वास न रखनेवाला, नास्तिक ; Sceptical (-अल्)-adj. incredulous, doubting. संशयात्मक, सच्ची बातों में भी सन्देह करनेवाला ; Sceptically (-अलि) -adv. in a sceptic manner. संशय (संदेह) से ; Scepticism (-सिज़्म्) -n. doubt, sceptical principle. सन्देह, अविश्वास।

Sceptre-सेप्टर्-n. a staff borne as emblem of sovereignty, royal power or authority. राजदण्ड, प्रभुत्व, राजाधिकार; Sceptred (- ड्) -adj. bearing a sceptre, regal. दण्डधर, अधिकारयुक्त; Sceptred king (anointed king.) अभिषेक किया हुआ राजा; Sceptreless (-लेस्) -adj. without authority. बिना प्रभुत्व या अधिकार का।

Schedule-शेड्इ'-यूल्-*n.* statement of details in tabular form, a list or inventory. परिसंख्या, नामावली, सूची;-*v. t.* to make a catalogue of. सूचीपत्र बनाना; Schedule time (time stated in the time-table.) सूचीपत्र में का निर्धारित समय ।

Schema-स्की'-मॉ-*n.*(*pl.* Schemata.) diagram, outline, essentiality. खाका, आकार मात्र, तत्त्व ।

Schematic - स्किमॅटिक् - *adj.* diagramatic. आकार मात्र का ; **Schematically** (-अलि) -*adv.* diagramatically. आकार मात्र में ।

Scheme-स्कीम् -*n.* a system of classification, plan for doing a thing, system, project, a diagram, artful design, contrivance. वर्गीकरण-प्रणाली, योजना-अनुसन्धान, व्यवस्था, कल्पना, चित्र, नक्शा, कपट-प्रबन्ध, उपाय; -*v. i. & t.* to form a plan, to contrive. उपाय करना, कपट प्रबन्ध करना ; **Schemer** (-अर्) -*n.* one who makes a scheme. उपाय रचनेवाला ; **Scheming** (-इङ्ग्)-*n.* the act of planning, intriguing. छल, कपट-प्रबन्ध ; **Schemingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* by way of scheming. कपट प्रबन्ध करते हुए ।

Scheroma-स्कॅ-रॅ'-मा -*n.* dryness of the eye. आँखों का सूखापन ।

Schetic--स्कॅ-टिक् -*adj.* constitutional. प्रकृति-सम्बन्धी ।

Schism-सिज़्म-*n.* the separation of a church, faction. गिर्जे का अलगाव, फूट ।

Schismatic-सिज्मॅटिक् -*adj.* pertaining to schism. भेदमूलक; **Schismatically** (-अलि) -*adv.* in a schismatic manner. मतभेद से ।

Schismatize-सिज्मटाइज़् - *v. t.* to practise schism. फूट उत्पन्न करना ।

Schist-शिस्ट्-*n.* a rock splitting up in thin layers. पतली तहों में अलग होनेवाली चट्टान ; **Schistose** (-ओज़्) -*adj.* ऐसी चट्टान का ।

Schizanthus-स्कि (-स्काइ)-ज़न्थस्-*n.* a kind of flowering plant. एक प्रकार का फूलदार पौधा ।

Scholar-स्कॉलर्-*n.* one who learns, a pupil, a learned person. विद्यार्थी, छात्र, विद्वान् ; **Scholarly** (-लि) -*adj.* like a scholar. पण्डितोचित, पंडित के समान ; **Scholarship** (-शिप्)-*n.* erudition, learning, a money allowance given to a student. पाण्डित्य, विद्या, छात्रवृत्ति ।

Scholastic-स्कॅ-लॅ-स्टिक्-*adj.* pertaining to a scholar or university. educational, pedantic, scholarlike, academic. विद्वान् या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, विद्याविषयक, शास्त्रीय ; -*n.* one who follows scholasticism. धर्माधिकारी; **Scholastically** (-अलि)-*adv.* in a scholastic manner. विद्याभिमान से ; **Scholasticism** (-सिज़्म्)-*n.* a scholastic philosophy or learning. विद्यानुराग, पांडित्य ।

Scholiast-स्को'-लि-ॲस्ट् -*n.* a commentator, an annotator. भाष्यकार, टीकाकार ; **Scholiastic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a scholiast. भाष्य-सम्बन्धी ।

Scholium-स्को'-लि-अम्-*n.* (*pl.* Scholia.) a marginal commentary. पुस्तक के किनारे पर लिखी हुई टीका ।

School-स्कूल्-*n.* an educational institution for boys and girls, place of instruction, disciple of a teacher, branch of study, shoal of fish. विद्यालय, पाठशाला, सम्प्रदाय, शिक्षा, की शाखा, मछलियों का झुण्ड;-*v. t.* to instruct, to tutor. विद्या पढ़ाना (सिखलाना), अध्ययन कराना; **Boarding School** (a school in which pupils are lodged as well as taught.) पाठशाला जिसमें विद्यार्थियों के रहने तथा पढ़ाने का प्रबन्ध रहता है; **High School** (a secondary school.) माध्यमिक विद्यालय ; **Higher Secondary school** (an intermediate college.) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय; **Primary School** (an elementary school.) प्रारम्भिक विद्यालय ; **Secondary School** (school in which pupils are prepared for the university.) जिस पाठशाला में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शिक्षा के लिये तैयार किया जाता है, माध्यमिक विद्यालय; **School-book** (a book used in school.) स्कूल में पढ़ाने की पुस्तक ; **Schoolboy** (a boy attending a school.) पाठशाला में पढ़नेवाला विद्यार्थी; **School-fellow** (one taught at the same school.) सहाध्यायी ।

Schoolable-स्कूलॅबल् - *adj.* of school age, liable by age to compulsory education. स्कूल में पढ़ने के लिये जाने योग्य ।

Schooling-स्कूलिङ्ग्-*n.* instruction in a school. विद्यालय में शिक्षा ।

Schoolman-स्कूल'-मॅन्-*n.* a philosopher. दार्शनिक, तत्त्ववेत्ता ।

Schoolmaster -स्कूल'-मॅस्ट्-अर्-*n.* a teacher in school. पाठशाला का अध्यापक ।

Schoolmate-स्कूल'-मेट्-*n.* a school fellow. पाठशाला का साथी ।

Schoolmistress-स्कूल-मिस्'-ट्रॅस् -*n.* a female teacher. अध्यापिका ।

Schoolteacher-स्कूल्'-टीच्-अर्-*n.* one who teaches in a school. पाठशाला का अध्यापक।

Schooner-स्कू - नर् -*n.* a small sailing vessel with two or more masts. दो या दो से अधिक मस्तूल का छोटा जहाज़।

Schooner.

Sciagram-साइऑग्राम्-*n.* X-ray picture. एक्स-किरण से उतारा हुआ चित्र; **Sciagrammatic** (-ऑट्-इक्)-*adj.* pertaining to X-ray. ऐसे चित्र सम्बन्धी; **Sciagrammatically** (-अलि) -*adv.* in a sciagrammatic manner. ऍक्स-रे की रीति से।

Sciagrapher-साइऑग्रॅफ़र्-*n.* an X-ray photographer. एक्स-रे द्वारा चित्र उतारनेवाला।

Sciagraphy-साइऑग्रफ़ि-*n.* art of shading in drawings and sketches, X-rays photography, finding of time by the shadow of the sun. चित्र में छाया दरसाने की कला, एक्स-किरण द्वारा फ़ोटो उतारना, सूर्य की छाया से समय का अनुमान करना।

Sciamachy-साइऑमकि-*n.* fighting with shadows. छाया से लड़नेवाला मनुष्य।

Sciamancy-साइ'-ऑ-मॉन्-सि-*n.* divination by shadows. छाया से शकुन कथन।

Sciatic-साइऑटिक् -*adj.* of the hip. कूल्हे का; **Sciatically** (-अलि) - *adv.* in a sciatic manner. कूल्हे के रोग से; **Sciatica** (-ऑ)-*n.* neuralgia affecting the hip or thigh. कूल्हे पर की अथवा घुटने पर की गठिया।

Science-साइ'-अन्स्-*n.* systematic knowledge. विज्ञान (विद्या), शास्त्र; **Applied science** (science dealing with industrial processes.) उद्योग (व्यवसाय) में प्रयुक्त होनेवाला विज्ञान; **Natural science** (science dealing with natural phenomena.) प्राकृतिक विज्ञान; **Physical science** (science dealing with physical aspects of matter.) भूतत्त्व विज्ञान-यथा ज्योतिष, रसायन शास्त्र, विद्युत्शास्त्र तथा यन्त्र-रचना शास्त्र, भौतिक विज्ञान ; **Pure science.** (science apart from practical applications.) शुद्ध विज्ञान।

Scientific-साइ'न्टिफ़िक्-*adj.* pertaining to science. शास्त्रीय, विद्या सम्बन्धी, वैज्ञानिक; **Scientifically** (-अलि)-*adv.* in a scientific manner. विज्ञान के अनुसार।

Scientist-साइ'न्टिस्ट्-*n.* one who is versed in science. वैज्ञानिक।

Scilicet-साइ'-लि-सॅट् -*adv.* (*abbr.* Sc.) namely, that is to say. अर्थात्।

Scimitar-सि-मिटर्-*n.* a short curved sword. खड्ग , टेढ़ी तलवार, कृपाण।

Scimitar.

Scintilla-सिन्टिलॉ -*n.* a spark. स्फुलिंग, चिनगारी।

Scintillant- सिन्टिलन्ट् -*adj.* emitting sparks. चिनगारी फेंकनेवाला।

Scintillate-सिन्टिलेॅ-ट्-*v. t.* to sparkle, to emit sparks. चमकना, चिनगारी फेंकना।

Scintillation-सिन्टिलेॅशन्-*n.* the act of sparkling. चिनगारी का फेंकाव।

Sciolism-साइ'-ऑ-लिज़्म-*n.* little knowledge. अल्प ज्ञान; **Sciolist** (-लिस्ट्) -*n.* a pretender of knowledge, one who has a smattering knowledge of something. अल्पज्ञ, थोड़े ज्ञानवाला ; **Sciolistic** (-लिस्ट्-इक्)-*adj.* pertaining to little knowledge. अल्प ज्ञान सम्बन्धी।

Scion-साइ-अन्-*n.* the shoot of a plant a descendant. (नवपल्लव) अंकुर, वंशज, सन्तान।

Scioptics-साइ - ऑप्' - टिक्स् - *n.* the art of exhibiting through a hole in a dark room. अँधेरी कोठरी में छिद्र द्वारा चित्र-प्रदर्शन की कला।

Scirrhosity - सिरॉसिटि-*n.* knottiness. मांस-ग्रन्थि, गिल्टी।

Scirrhous-सि-रस्-*adj.* knotty. गिल्टी का।

Scirrhus-सि-रस् -*n.* a hard tumour developing into a cancer. गिल्टी जो बढ़कर जहरबाद हो जाती है।

Scissel-सि-सॅ'-ल-*n.* a metal plate from which disks have been cut out. चद्दर का टुकड़ा जिसमें से गोल टिकुलियाँ काट ली गई हों।

Scissile-सि-साइल्-*adj.* able to be divided into small pieces. गोल छोटे टुकड़ों में काटने योग्य।

Scission-सिशन्-*n.* the act of cutting. कटाव, फटन।

Scissor-सिज़र्-*v. t.* to cut off with scissors. कैंची से काटना; **Scissoring** (-इङ्ग्) - *n.* a thing cut with scissors. कैंची से काटी हुई वस्तु।

Scissors-सिज़-र्ज़्-*n. pl.* a cutting instrument consisting of two blades mounted on a

pin. कतरनी, कैंची; Lamp-scissors (scissors for trimming wick of lamps.) लम्प की बत्ती काटने की कैंची; Nail-scissors (scissors for trimming nails.) नख काटने की कैंची।

Sciurine-साइ'-यु-राइन्-*adj*. like a squirrel. गिलहरी की तरह का, गिलहरी की जाति का।

Scleriasis-स्क्लि-राइ'-अ-सिस्-*n*. hardening of tissues. शरीर-तन्तुओं का कड़ा पड़ जाना।

Scleroid-स्क्ली'-रॉ- इड्-*adj*. hard in texture. कड़ी बनावट का।

Scleroma, Sclerosis-स्क्लिरोमॉ (-रोसिस्) -*ns*. (*pl*. Scleromata.) hardening of cells or tissues. शरीर-कोशाओं या तन्तुओं का कड़ा होना या कड़ा पड़ जाना।

Sclerotic-स्क्लि-रॅ-टिक्- *adj*. hard. कड़ा ;-*n*. the white of the eye-hard, firm outer membrane of the eye ball. आँख की पुतली के चारों ओर का सफ़ेद भाग, आँख की पुतली की कड़ी, पुष्ट बाहरी परत।

Sclerous-स्क्ली-रस-*adj*. hardened. कड़ा किया हुआ।

Scobiform-स्को-बि-फ़ॉर्म्-*adj*. of the form of saw dust. लकड़ी के बुरादे के आकार का।

Scobs-स्कॉब्ज़्-*n*. raspings of ivory. हाथीदाँत का चूरा।

Scoff-स्कॉफ़्-*n*. taunt, object of ridicule. आक्षेप, तिरस्कार;-*v. i*. to mock at, to show contempt or scorn. आक्षेप करना, ताना मारना।

coffer-स्कॉफ़र्-*n*. one who scoffs. ताना मारनेवाला।

Scoffing-स्कॉफ़िङ्ग्-*n*. the act of mockery. उपहास, ठट्ठा ; **Scoffingly** (-लि)-*adv*. in a mocking manner. ठट्ठा करते हुए, ताना मारते हुए।

Scold-स्कोल्ड् -*v. i. & t*. to find fault with, to rail, to chide, to rebuke. दोष निकालना, ताना मारना, झिड़कना, गाली देना;-*n*. scolding, a rude and clamorous woman. झिड़की (ताना), अशिष्ट तथा झगड़ालू स्त्री; **Scolder**(-अर्) -*n*. one who scolds. निन्दक, गाली देनेवाला; **Scolding** (-इङ्ग्)-*n*. railing language. निन्दा, गाली, झिड़की।

Scolex-स्को-लेक्स्-*n*. a tape-worm in its early stage. चिपटे केंचुवे का आदि रूप।

Scoliosis-स्कॅ-लि-ओ'- सिस् -*n*. curvature of spine. पीठ की रीढ़ का टेढ़ापन।

Scoliotic- स्कॅ-लि-ओ - टिक्-*adj*. pertaining to curvature of spine. पीठ की रीढ़ के घुमान का।

Scolopendra-स्कॅलॅ-पेन्ड्रा-*n*. centipede. कनखजूरा, गोजर।

Scolopendrine-स्कॅलॅ-पेन्'ड्राइन्- *adj*. similar to a centipede. गोजर के समान।

Scolopendrium-स्कॅलॅ-पेन्ड्रिअम्-*n*. a kind of fern. एक प्रकार की वनस्पति।

Scolytus-स्कॉ-लि-टस्-*n*. a beetle which is destructive to trees. वृक्ष में लगनेवाला दीमक।

Scomber-स्कॉम्'-बर्-*n*. (*pl*. Scombri.) a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Sconce-स्कॉन्स्-*n*. a candlestick to be attached to a wall, the crown of head, a fortification, judgment, descretion, punishment for breach of discipline. दीवार पर लगाने की मोमबत्ती, ललाट (मस्तक), गढ़ी, न्याय, आज्ञा-भंग करने का दण्ड; -*v. t*. to fortify, to fine. क़िलाबन्दी करना, जुर्माना करना।

Scone-स्कॉन्-*n*.soft bread of wheat or barley. जव या गेहूँ की मुलायम रोटी।

Scoop-स्कूप्-*n*. a deep shovel with short handle, a large dipping vessel for transferring liquids. छोटी डण्डी का पोला फरसा (करवा), बड़ा चम्मच; -*v. t*. to empty, to make hollow, to dig out. उठाना, खोदना; **Scooper** (-अर्) -*n*. an engraver's tool. नकाशी करनेवाले का हथियार ; **Scoop-wheel** (-व्हील्)-*n*. a wheel with buckets for lifting water. पानी उठाने का रहट।

Scoot-स्कूट्-*v. i*. to run, to dart off. झपटना, दौड़ना।

Scooter-स्कूटर् -*n*. a kind of child's toy. लड़कों के खेलने का पहियादार तख्ता।

Scopa-स्को'-पॉ-*n*. (*pl*. Scopae.) brush-like hairs on the feet of bees. मधुमक्खी के पैर पर के रोयें।

Scope-स्कोप्-*n*. end, aim, intention, purpose, sphere, extent, opportunity. अभिप्राय, हेतु, तात्पर्य, अवधि, सीमा, अवसर।

Scope-स्कोप्-*pref*. in sense of "watching." "निरीक्षक" अथवा "अवधि" अर्थ का उपसर्ग।

Scopiform-स्को'-पि-फ़ॉर्म् -*adj*. of the form of broom. झाड़ू के आकार का।

Scopiped-स्को'-पि-पेड् - *n*. a broom-footed insect. एक कीड़ा जिसके पैर झाड़ू के आकार के होते हैं।

Scopulous-स्को'-प्यु - लस्-*adj*. full of rocks चट्टानों से परिपूर्ण।

Scorbutic-स्कॉ-ब्यू-टिक् - *adj.* affected with scurvy. रक्तातिसार रोग से ग्रस्त; **Scorbutically** (-अलि)-*adv.* इस रोग से।

Scorch-स्कॉर्च-*v. t. & i.* to turn the surface of a thing, to parch by heat, to be dried up. किसी पदार्थ की ऊपरी तह जलाना, झुलसाना, सूख जाना ; **Scorcher** (-अर्) -*n.* he who or that which scorches. झुलसाने या जलानेवाला; **Scorching** (-इङ्ग्)-*adj.* burning. झुलसानेवाला, जलानेवाला; **Scorchingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a scorching manner. झुलसाते हुए।

Score-स्कोर्-*n.* a notch, starting point of a race, account, a set of twenty, reckoning, number of points made by a player in certain games. दरार (फटन), दौड़ आरंभ करने का स्थान, हिसाब, कोड़ी, गणना, खेल के अंकों की गणना; -*v. t. & i.* to cut, to notch, to engrave, to set account. काटना (छीलना), चिह्नित करना, गणना करना; **On that score** (about that subject.) उस विषय में; **Score-book** (a book in which scores are registered.) गणना करने की पुस्तक; **Scores ofpeople** (a large number of men.) मनुष्यों की अधिक संख्या; **To pay one's score** (to settle reckoning.) गिनती ठीक करना; **To score under** (to underline.) रेखांकित करना।

Scorer- स्कोरर् - *n.* one who counts. गिनती करनेवाला।

Scoria-स्कोरिआ -*n.* (*pl.* Scoriae.) fragment of lava. ज्वालामुखी पर्वत से फेंके हुए मलवे के अंश।

Scorification-स्को-रि-फ़ि-के-शन् - *n.* the act of reducing to dross. मलवा होना।

Scorify-स्को-रि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Scorified.) to reduce to drossy matter. मलवा (कीट) बनाना।

Scorn- स्कॉर्न् -*v. t.* to hold in contempt, to despise, to slight. तिरस्कार करना, अपमान करना, धिक्कारना; - *n.* extreme contempt, derision. तिरस्कार, घृणा; **Scorner** (-अर्)-*n.* one who scorns or derides. तिरस्कार या अपमान करनेवाला; **Scornful** (-फ़ुल्)-*adj.* disdainful. तिरस्कार-युक्त ; **Scornfully** (-फ़ुलि) -*adv.* disdainfully. तिरस्कार (उपेक्षा) से ; **Scornfulness** (-फ़ुल-नेस्)-*n.* the state of being scornful. निन्दा, तिरस्कार।

Scorpio - स्कॉर्पि -ओ -*n.* the eighth sign of zodiac. वृश्चिक राशि।

Scorpioid-स्कॉर्-पि-ऑ- इड्-*adj.* of the form of a scorpion's sting. बिच्छू के डंक की तरह किनारे पर मुड़ा हुआ।

Scorpion- स्कॉर्पिअन् - *n.* one of the signs of the zodiac, a lobster-like reptile with poisoned sting at its tail. वृश्चिक, बिच्छू; **Scorpion-shell** (a kind of shell-fish.) एक प्रकार की सीपवाली मछली।

Scot-स्कॉट् -*n.* a native of Scotland, payment of tax. स्कॉट्लैंड देश का निवासी, कर, महसूल।

Scotch-स्कॉच् - *n. & adj.* of Scotland, native of Scotland, its language. स्कॉट्लैंड का, इस देश सम्बन्धी, यहाँ की भाषा; - *v. t.* to wound without killing, to prevent motion, to support on wheel. हलका घाव करना, रोकना, पहिये पर रखना; **Scotchman,—Scotchwoman** (man or woman of Scotland.) इस देश का पुरुष; **Scot-free** (स्कॉट्-फ़्री)-*adj.* not having to pay anything, unhurt. बिना कर दिये, अविकल, बिना चोट लगे।

Scotia- स्कोश्यॉ- *n.* moulding at the bottom of a column. खम्भे की पेंदी पर का गोला।

Scoto- स्कॉ-टॅ - *pref.* in sense of "darkness." "अन्धकार" अर्थ का उपसर्ग।

Scotograph- स्कॉ-टॅ-ग्रॅफ़् -*n.* a writing instrument for the blind. अन्धों के लिखने का यन्त्र।

Scotomy - स्कॉ-टॅ-मि -*n.* dizziness of head. धुँधला देख पड़ना।

Scotticism-स्कॉटि-सिज़्म् - *n.* use of Scotch words. स्कॉच् शब्दों का प्रयोग।

Scottish-स्कॉ-टिश् - *adj.* pertaining to Scotland. स्कॉट्लैंड देश-सम्बन्धी।

Scoundrel-स्काउन्ड्रल्-*n.* a rogue, a rascal, a worthless fellow. नीच, दुरात्मा, दुष्ट।

Scoundrelism - स्काउन्ड्रलिज़्म् - *n.* baseness, rascality. नीचता, दुष्टता।

Scoundrelly - स्काउन्ड्रलि - *adv.* like a rascal. नीचता से।

Scour-स्काउर्-*v. t. & i.* to cleanse by rubbing, to clear out, to polish, to hasten, to search rapidly. माँजना, स्वच्छ करना, चमकाना, शीघ्रता करना, जल्दी-जल्दी खोजना; -*n.* the act of cleansing or polishing. स्वच्छ करने या चमकाने की क्रिया; **Scourer** (-अर्)-*n.* one who scours. पालिश करनेवाला।

Scourge-स्कर्ज्-*n.* a lash for chastising, something regarded as a means of bringing divine evil. कोड़ा (चाबुक), उत्पात;-*v. t.* to chastise, to punish severely. दण्ड देना, कष्ट देना; **The white scourge** (consumption.)

क्षय रोग; **Scourger** (-अर्)-*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला मनुष्य।

Scout-स्काउट् - *n.* a man sent out to gather informations about enemy, a kind of small fast-going aeroplane. गुप्तचर, भेदिया, जासूस, एक प्रकार का छोटा तेज़ जानेवाला हवाई जहाज़; - *v. t. & i.* to act as a scout, to watch closely, to reject with scorn, to sneer at. जासूसी का काम करना, निरीक्षण करना, निन्दा करना, तिरस्कार करना; **Boy-scout** (member of an organization intended to develop manliness and self-reliance.) बालचर, लड़का जो जासूसी का काम सीखता हो **Scoutmaster** (the officer directing boyscouts.) बालचरों का शिक्षक।

Scovel - स्कव़ॅल् - *n.* a mop for sweeping ovens. तन्दूर साफ़ करने का झाड़ू।

Scow-स्काउ-*n.* a kind of flat-bottomed boat. एक प्रकार की चौड़ी पेंदी की नाव।

Scowl-स्काउल् -*v. i. & t.* to frown, to wear a sullen look. भौंह चढ़ाना, मुँह सिकोड़ना; -*n.* a frowning look. क्रोधपूर्ण आकृति; **To scowl down** (to overbear.) न सहना।

Scowling-स्काउलिङ्ग् -*adj.* frowning. भ्रुकुटी चढ़ाये; **Scowlingly** (-लि) -*adv.* frowningly. भौंह चढ़ाये हुए।

Scrabble-स्क्रॉ- बूल् - *v. t. & i.* to scratch, to grope in the dark, to mark with irregular lines or letters. खुरचना (खसोटना), अँधेरे में टटोलना, टेढ़ी-मेढ़ी लकीर बनाना।

Scrag - स्क्रॅग् - *n.* a lean person, anything thin and lean. दुर्बल मनुष्य, पतली वस्तु; -*v. t.* (*p. t.* Scragged.) to hang, to throttle. फाँसीपर लटकाना, गर्दन ऐंठना।

Scraggily- स्क्रॅ - गि - लि - *adv.* in a scraggy manner. दुर्बलता से; **Scragginess** (-स्क्रॅगिनॅस्)-*n.* the state of being scraggy. दुर्बलता, खुरखुरापन; **Scraggy** (-स्क्रॅगि)-*adj.* lean and bony, uneven, rough. दुर्बल, रूक्ष, कर्कश।

Scramble - स्क्रॅम्बूल् - *v. i. & t.* to take part in a struggle, to climb, to catch at a thing. युद्ध में भाग लेना, चढ़ना, झपटकर पकड़ना; -*n.* a climbing over rough ground, eager struggle for something. ऊँची-नीची भूमि पर चढ़ना, किसी पदार्थ को प्राप्त करने के लिये-उत्कट प्रयत्न करना; **Scrambling** (-इङ्ग्) -*n.* a climb over something. चढ़ान।

Scran-स्क्रॅन्-*n.* eatables. भोजन की सामग्री।

Scranch-स्क्र-न्श् - *v. t.* to craunch, to grind with teeth. कुरकुर करके चबाना।

Scrannel- स्क्रॅ - नॅल् - *adj.* weak or feeble (sound.) मन्द (शब्द)।

Scrap-स्क्रॅप् - *n.* a small piece, fragment of something. खण्ड, टुकड़ा; - *pl.* useless remains. (ब० व०) वृथा अंश, गूदड़; **Scrap of paper** (a small piece of paper.) कागज़ की चिट।

Scrap-book-स्क्रॅप्'-बुक् -*n.* a blank book for preserving cuttings of news papers &c. सादी जिल्द जिसमें समाचारपत्रों से फाड़े हुए चित्र, लेख इत्यादि चिपकाये रहते हैं।

Scrape- स्क्रेप् - *v. t. & i.* to level the surface of a thing for polishing, to clean by rubbing or scraping. रगड़कर चमकाना, खुरचकर पालिश करना; **To scrape one's boots** (to remove dirt from the sole of shoes.) जूते के तल्ले की मिट्टी हटाना; **To scrape one's plate** (to leave no food in the dish.) कुल खा जाना, थाली में कुछ न छोड़ना; **Scrape-penny** (-पॅन्-नि)-*n.* a miser. कंजूस, कृपण।

Scraper- स्क्रेपर् - *n.* one who scrapes, a tool for scraping. खुरचनेवाला, खुरचने का औजार।

Scrap-heap-स्क्रॅप्-हीप्-*n.* a heap of rubbish. घूर का ढेर।

Scraping- स्क्रेपिङ्ग् - *n.* anything scraped off. खुरचन।

Scrappily-स्क्रॅ'-पि - लि - *adv.* in a scrappy manner. उच्छिष्टता से ; **Scrappiness** (-पिनॅस्)-*n.* the state of being scrappy. टुकड़ापन; **Scrappy** (-पि) *adj.* fragmentary. टुकड़ेदार।

Scratch- स्क्रॅच् (-श्) - *v. t. & i.* to score with something pointed, to scrape. खुरचना, नोचना ; -*n.* a slight wound, mark of scratching. हलका घाव, खरोंच।

Scratch-cat-स्क्रॅच्'- कॅट् -*n.* a spiteful child or woman. ईर्ष्यालु बालक या स्त्री।

Scratches- स्क्रॅचेज़् - *n. pl.* a disease of horses. एक प्रकार का घोड़ों का रोग।

Scratchily - स्क्रॅचि - लि - *adv.* in a scratchy manner. लापरवाही से।

Scratchiness - स्क्रॅचि - नॅस् - *n.* the state of being scratchy. रूक्षता, खरखराहट।

Scratchy - स्क्रॅचि - *adj.* done in a careless manner. लापरवाही से किया हुआ।

Scrawl-स्क्रॉल् - *v. t. & i.* to write clumsily, to scribble, to fill paper with bad writing. अस्पष्ट लिखना, घसीटना, घसीट लिखकर कागज़ भरना; -*n.* hasty bad writing. जल्दी की लिखावट, घसीट।

Scrawler-स्क्रॉलर्-*n.* a hasty awkward writer. घसीट लिखनेवाला।

Scrawling - स्क्रॉलिङ्ग् - *n.* inelegant handwriting. अस्पष्ट लेख।

Scray-स्क्रे -*n.* a kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

Screak- स्क्रीक् -*n.* a screech. चीख, चिल्लाहट; -*v. t.* to utter a sharp sound. चीखना, चिल्लाना।

Scream - स्क्रीम् - *v. t. & i.* to utter a shrill cry, to whistle, to hoot, to laugh loudly. चिल्लाना, सीटी बजाना, चीखना, ठहाका मारकर हँसना; - *n.* a harsh shrill cry. चिल्लाहट, चिग्घाड़; **Screamer** (-अर्)- *n.* one who screams, a genus of South American birds which make harsh cry. चिल्लानेवाला, एक प्रकार का तीव्र शब्द करनेवाला दक्षिण अमेरिका का पक्षी; **Screaminess** (-इ-नेस्)-*n.* the state of screeching. चिल्लाहट; **Screaming** (-इङ्ग्)-*n.* a shrill cry. कर्कश शब्द, चिल्लाहट; **Screamingly** (-लि) - *adv.* in a screaming manner. चिल्लाते हुए।

Screamy-स्क्रीमि'-*adj.* of shrill cry. कोलाहल-सम्बन्धी।

Scree-स्क्री-*n.* a mountain slope covered with small stones. छोटे-छोटे पत्थरों से ढँकी हुई पहाड़ की ढाल।

Screech-स्क्रीच्-*v. i. & t.* to utter a shrill cry, to scream. चिल्लाना, चीख मारना ; **Screech owl** (night howling owl.) रात को चीखनेवाला उल्लू.

Screed-स्क्रीड्-*n.* vehement address. तीव्र व्याख्यान, उत्कट भाषा।

Screen-स्क्रीन्-*n.* a partition, curtain, an object of shelter, projection sheet on which shadow of a magic lantern is thrown, a large sieve. टट्टी, पर्दा, आवरण, पर्दा जिस पर मैजिक लालटेन का अक्स् पड़ता हो, बड़ी चलनी ; -*v. t.* to give shelter to, to hide, to show object on a cinema screen.शरण देना,छिपाना, छाया डालकर चित्र दिखलाना।

Screw-स्क्रू-*n.* a piece of metal wire with spiral thread all round it, used for fastening pieces of wood or metal, a worn out horse, a miser. पेंच, थका घोड़ा, कंजूस ; -*v. t. & i.* to fasten by a screw, to twist, to press, to squeeze. पेंच से बाँधना, ऐंठना, पुष्ट करना ; **Archimedean screw** (an endless or perpetual screw.) ऐसी पेंच जो किसी पहिये को निरन्तर घुमाती है; **To have a screw loose** (a man whose brain is out of order.) मनुष्य जिसका मस्तिष्क ठीक काम नहीं करता ; **To but the screw on** (to make full exertion.) पूरा प्रयत्न करना।

Screw-bolt-स्क्रू'-बोल्ट् - *n.* a screw fitted with a bolt. ढिबरीदार पेंच ; **Screw-coupling** (-कप् -लिङ्ग्) -*n.* right and left screws for joning pipes &c. पेंचदार जोड़; **Screw-driver** (-ड्राइ -व़र्) -*n.* a tool similar to a blunt chisel used for tightening or loosening a screw. पेंचकस; **Screwed** (-ड्)-*adj.* fastened with screws. पेंच से कसा हुआ; **Screwer** (-अर्) -*n.* he who or that which screws. पेंच कसनेवाला, पेंच कसने का औजार; **Screw-hook** (-हुक्)-*n.* a screwed hook used for hanging things on. कपड़ा टाँगने का हुक ; **Screw-jack** (-जॅक्) *n.* appliance for lifting motor car and railway carriage &c. मोटरगाड़ी रेलगाड़ी इत्यादि को उठाने का यन्त्र; **Screw-pile** (-पाइल) -*n.* pile with screw end. भूमि में गाड़ने का पेंचदार लट्ठा ; **Screw-plate** (-प्लेट्) -*n.* plate with screw cutting dice. पेंच बनाने का बादिया ; **Screw-press** (- प्रॅस्) -*n.* a simple press used by printers and book-binders. पुस्तक या कागज दबाने का चाँप ; **Screw-propeller** (-प्रॅ-पॅल्-लर्) -*n.* revolving shaft of an airship or ship. हवाई जहाज या पानी के जहाज की पंखी चलाने की पेंच।

Screw-driver.

Screw-press

Scribacious-स्क्रि-बे'-शस्-*adj.* habituated to writing. लिखने का अभ्यस्त .

Scribal - स्क्राइब'ल् - *adj.* pertaining to a scribe. लेखक सम्बन्धी।

Scribble-स्क्रि-बल्-*v. t.& i.* to write hurriedly or in a careless manner, to scrawl. अस्पष्ट लिखना, घसीटना ; -*n.* careless hasty writing अस्पष्ट लेख, घसीट।

Scribbler - स्क्रि'-ब्लर्-*n.* one who, writes hurriedly. घसीट लिखनेवाला।

Scribbling-स्क्रि-ब्लिङ्ग्-*n.* act of one who scribbles. घसीट; **Scribbling-paper** (rough

paper for scribbling on.) घसीट लिखने का रूखा कागज़ ।

Scribe-स्क्राइब्-*n.* a writer, a clerk. लेखक, लिखनेवाला मुंशी ।

Scriber-स्क्राइबर्-*n.* one who scribes, a kind of engraving instrument. लेखक, खुरचने का औजार ।

Scrim-स्क्रिम्-*n.* a lining-cloth. अस्तर देने का कपड़ा ।

Scrimmage-स्क्रिमिज्-*n.* a skirmish, confused struggle, brawl. हाथापाई, लड़ाई, झगड़ा ।

Scrimp-स्क्रिम्प्-*v.t. & i.* to supply meagrely. अपूर्ण रूप में देना, कम देना; *n.* a miser. कृपण, कंजूस ; *-adj.* narrow. संकुचित, सँकरा; **Scrimpness** (-नॅस्) *-n.* the state of being scanty. संकुचन ; **Scrimpy** (-इ) - *adj.* (*comp.* Scrimpier, *sup.* Scrimpiest.) incomplete. अपूर्ण ।

Scrimshaw-स्क्रिम्' -शॉ-*v. t. & i.* to adorn shells &c. घोंघा, सीप इत्यादि को सजाना ।

Scrinium-स्क्रिनिअम्-*n.* a cylindrical box for rolled manuscripts. हस्तलिखित पुस्तकों के पुलिन्दे को रखने का चोंगा ।

Scrip-स्क्रिप्-*n.* a small bag, a wallet, a certificate of money for a bank, a share certificate. झोली, थैली, बंक के वास्ते पुर्जा, बीजक, हिस्सेदारी का प्रमाणपत्र ।

Script-स्क्रिप्ट्-*n.* handwriting, a type resembling handwriting. हाथ की लिखावट, टाइप के अक्षर जो हाथ के लिखे अक्षर के अनुरूप हों ।

Scriptorium-स्क्रिप्-टोरि -अम्-*n.* (*pl.* **Scriptoria.**) writing-room. लेखन-गृह ।

Scriptural-स्क्रिप्चरल्-*adj.* pertaining to scriptures. धर्म-पुस्तक-सम्बन्धी ।

Scripturalist -स्क्रिप्चरलिस्ट्-*n.* one who is versed in scriptures. श्रुति में प्रवीण, श्रौत ।

Scripturally-स्क्रिप्चरलि-*adv.* in a scriptural manner. श्रौत रूप से ; **Scripturalness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being scriptural. श्रुति का गुण ।

Scripture -स्क्रिप्चर् *-n.* sacred writing, the Bible. धर्मपुस्तक, वेद, इञ्जील ।

Scrivener-स्क्रिव्'-नर्-*n.* one who makes a draft of documents, a writer, a money-lender. मंस्विदे का लेखक, मुहर्रिर, महाजन ।

Scrobiculate-स्क्रॉ -बिक्यु-लेंट् *-adj.* furrowed, having depressions. दाँतेदार ।

Scrofula-स्क्रॉ -फ्युला *-n.* a disease indicated by morbid glandular swellings on the neck tending to consumption. गण्डमाला रोग ।

Scrofulous-स्क्राफ्युलस्-*adj.* pertaining to scrofula. गण्डमाला-सम्बन्धी ; **Scrofulously** (-लि) *-adv.* in a scrofulous manner. गण्डमाला रोग के समान ; **Scrofulousness** (-नॅस्) *-n.* the state of being scrofulous. गण्डमाला रोग की अवस्था ।

Scroll-स्क्रोल्-*n.* a roll of parchment or paper, a schedule or list, an architectural ornament, a tracery or ribbon in a spiral form. लिपटे हुए कागज का मुट्ठा, सूचीपत्र, मकान की सजावट, इमारत में घूमे हुए फीते की नकाशी;*-v. t. & i.* to curl up like paper. कागज की तरह लपेटना; **Scroll-lathe** (-लेंद्) *-n.* a screw-cutting lathe. लोहा पीतल आदि को घुमौवा काटने का खराद ।

Scroop-स्क्रूप्-*n.* a grating noise. घरघराहट का शब्द; *-v.i.* to make a grating sound. ऐसा शब्द करना ।

Scrotal-see Scrotum.

Scrotiform-स्क्रो-टि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a purse. थैली के आकार का ।

Scrotum-स्क्रो'-टम्-*n.* (*pl.* **Scrota.**) the bag which contains the testicles. अण्डकोष की थैली ; **Scrotal** (-टल्) *-adj.* pertaining to scrotum. इस थैली का ।

Scrounge-स्क्राउन्ज् *-v. i. & t.* to appropriate things of others. दूसरे की वस्तु उड़ा लेना ; **Scrounger** (-अर्)*-n.* a thief. ठग, चोर ।

Scrub-स्क्रब्-*v. t. & i.* (*p.t.* **Scrubbed.**) to rub hard for cleaning or brightening. कसकर रगड़ना, घिसना; *-n.* an apparatus for scrubbing, a stunted tree or brush or animal or person, a country covered with stunted trees or shrubs. रगड़ने या चमकाने का सामान या साधन ; छोटे कद का पेड़, झाड़ी, जानवर या आदमी, छोटे वृक्षों या झाड़ियों से पूर्ण देश ।

Scrubber-स्क्र-बर्-*n.* one who or that which scrubs. रगड़नेवाला कड़ा बुरुश ।

Scrubbing-स्क्र-बिङ्ग्-*n.* a rubbing. रगड़ान, रगड़ने का कार्य ।

Scrubby-स्क्र-बि-*adj.* of stunted growth, mean. तुच्छ, निकृष्ट, ठरमराया हुआ ।

Scruff-स्क्रफ़्-*n.* the back of the neck. गर्दन का पिछला भाग, टेंटुआ।

Scrumptious -स्क्रम्प्' -शस् -*adj.* delicious, delightful. स्वादिष्ट, आनन्ददायक।

Scruple-स्क्रू' -प्ल् -*n.* moral considerations or feelings, feeling of doubt, hesitation, a weight of twenty grains. नैतिक विचार या भावनायें, संदेह (शंका), संशय, बीस ग्रेन की तौल (जो प्रायः एक माशे के लगभग होती है) ;-*v. t.* to doubt, to hesitate. सन्देह करना, शंका करना।

Scrupulize -स्क्रू -प्यु -लाइज़्'-*v. t.* to perplex with scruples. शंकाओं से व्यग्र करना।

Scrupulosity-स्क्रू-प्यु-लॉसिटि -*n.* scrupulousness, the quality of being scrupulous. शंका, संदेह, नैतिक विचारवाला होने का गुण।

Scrupulous-स्क्रू'-प्यु-लस्'-*adj.* doubtful, careful, cautious. शंकायुक्त, सावधान, सचेत ; **Scrupulously** (-लि)-*adv.* in a scrupulous manner. सन्देह से, नैतिक सतर्कता से; **Scrupulousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being scrupulous. सन्देह, शंका ; नैतिक भावना।

Scrutable-स्क्रू-टॅ -ब्ल् -*adj.* discoverable by critical examination. सूक्ष्म परीक्षा से अन्वेषण करने योग्य।

Scrutator-स्क्रु-टे'-टर्-*n.* one who scrutinizes, a critic. छिः न्वेषी, सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला।

Scrutineer-स्क्रू'-टिनिअर् -*n.* one who examines the vote papers. वोट के कागजों की परीक्षा करनेवाला।

Scrutinize-स्क्रू'-टिनाइज़् -*v. t.* to examine in detail. सूक्ष्म निरीक्षण (अनुसन्धान) करना, जाँचना।

Scrutinizingly-स्क्रू - टि -नाइजिङ्ग् - लि - *adv.* with minute examination. सूक्ष्म परीक्षा करते हुए, जाँचते हुए।

Scrutiny-स्क्रू'-टि-नि-*n.* (*pl.* Scrutinies) critical investigation, examination in detail, minute inquiry. सूक्ष्म परीक्षा, अनुसन्धान, छानबीन।

Scud-स्कड् *v. i.* to run with quick easy motion, to run before the wind. वेग से चलना (भागना), हवा के रुख पर चलना;-*n.* vapoury clouds, a swift runner. वाष्पपूर्ण बादल, तेज दौड़नेवाला।

Scuddle-स्कड्ल्-*v. i.* to run with haste. वेग से दौड़ लगाना।

Scuffle-स्क'-फ़्ल्-*v. i.* to engage in conflict. हाथापाई करना, झगड़ना ;-*n.* a confused conflict. लड़ाई, हाथापाई।

Scug-स्कग्-*n.* an unmannerly spiritless person. उत्साहहीन अशिष्ट पुरुष।

Scull-स्कल्-*v. t. & i.* to propel a boat by one oar only. एक डाँड़ा (किलवारी) पर नाव चलाना; **Sculler** (-लर्) -*n.* one who sculls. नाव को किलवारी से चलानेवाला।

Scullery-स्कलरि-*n.* (*pl.* Sculleries.) a room for washing kitchen utensils. रसोई के बर्तनों के माँजने की कोठरी।

Scullion-स्कल्यन्-*n.* one who washes kitchen utensils. रसोईघर के बर्तन माँजनेवाला।

Sculp-स्कल्प्-*v. t.* to carve, to engrave. नकाशी करना, खोदना।

Sculpin-स्कल्पिन्-*n.* a kind of seafish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Sculptor-स्कल्प्टर् -*n.* one who carves on wood or stone, an engraver. पत्थर या लकड़ी पर नकाशी करनेवाला, संगतराश।

Sculptress- स्कल्प्ट्रॅस् -*n. fem.* a female sculptor. संगतराशिन।

Sculptural-स्कल्प्चरल् -*adj.* pertaining to sculpture. प्रतिमा-निर्माण-सम्बन्धी ; **Sculpturally** (-लि)-*adv.* by sculpture. संगतराशी द्वारा।

Sculpture-स्कल्प्चर्-*n.* the art of carving in relief on stone, wood or clay. मूर्ति बनाने की विद्या; -*v. t. & i.* to carve, to fashion in relief. मूर्ति बनाना, संगतराशी का काम करना।

Scum-स्कम्-*n.* impurities which come to the surface of liquids in boiling or fermentation, refuse, dregs. फेन, झाग, मैल;-*v. t. & i.* (*p. t.* Scummed.) to remove scum from. मैल हटाना

Scumble-स्कम्ब्ल्-*v. t.* to soften a painting by applying a thin coating of an opaque colour over it. चित्र के ऊपर पतला रंग चढ़ाकर इसको हलका करना .

Scumbling-स्कम्ब्लिङ्ग्-*n.* the act of rubbing semi-opaque colours in oil painting. तैल-चित्र में अर्ध पारदर्शक रंग पोतना।

Scummer-स्कॅ-मर् -*n.* a skimmer. झाग हटाने की कलछी।

Scummy-स्क-मि-*adj.* full of scum. झागदार, झाग से भरा हुआ।

Scuncheon-स्कन्शन् -*n.* arches across the

angles of a tower. मीनार के कोन पर की मेहरावें ।

Scunner-स्कनर्-*v. i. & t.* to flinch with fear, to feel dislike. डर से पीछे हटना, घृणा की भावना रखना; -*n.* hatred. घृणा ।

Scupper-स्कपर्-*n.* a hole in the side of a ship to carry off water from deck. जहाज की छत पर का पानी बहने का छेद; -*v. t.* to surprise, to massacre, to sink a ship. चकित करना, हत्या करना, जहाज डुबाना ।

Scurf-स्कर्फ़्-*n.* fine membranes or flakes cast off when the underskin develops, any scaly matter. रूसी, चोइयाँ, पपड़ी ।

Scurfiness-स्कर्फ़िनेस्-*n.* the state of being scurfy. पपड़ीपन ।

Scurfy-स्कर्फ़ि-*adj.* covered with scurf. रूसीदार, पपड़ीदार ।

Scurril, Scurrile-स्करिल्- *adjs.* low, mean, indecent, obscene. नीच, दुष्ट, अशिष्ट, अधम ।

Scurrility-स्करिलिटि-*n.* abuse. दुर्वचन, गालीगलौज ।

Scurrilous-स्करिलस्-*adj.* grossly abusive, indecent, vulgar. अश्लील, नीच, कटुभाषी; **Scurrilously** (-लि)-*adv.* in an indecent manner. अश्लीलता से; **Scurrilousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being scurrilous. अश्लीलता ।

Scurry-स्करि-*v. i.* (*p. t.* **Scurried.**) to scamper. जल्दी-जल्दी दौड़ना ;-*n.* (*pl.* **Scurries.**) a hurried walk. वेगयुक्त गमन ।

Scurvied-स्कर्'-व्रिड्-*adj.* pertaining to scurvy. रक्तरोग का ।

Scurvily-स्कर्वि-लि-*adv.* meanly. नीचता से ।

Scurviness-स्कर्वि-नेस्-*n.* the quality of being scurvy. रक्तरोग ।

Scurvy-स्कर्वि-*adj. & n.* mean, contemptible, a disease of blood. कुत्सित, नीच, एक प्रकार का रक्तरोग ।

Scut-स्कट्-*n.* a short tail of certain animals. कुछ पशुओं (यथा-खरहा, हरिण इत्यादि) की छोटी दुम ।

Scutage-स्क्यू'- टेज्-*n.* money paid for personal services. किसी मनुष्य की सेवा करने का पुरस्कार ।

Scutal-स्क्यू'-टल्-*adj.* of the kneepan. घुटने की चक्की का ।

Scutate-स्क्यू-टेट्-*adj.* of the form of a shield. ढाल की आकृति का ।

Scutch-स्कच् (-श्च)-*v. t.* to dress fibres by beating, to whip slightly. (सन-पटुआ इत्यादि को) पीटकर रेशा अलगाना, धीरे से चमोटी मारना ; **Scutcher** (-अर्)-*n.* one who scutches. चाबुक से धीरे से पीटनेवाला ।

Scutcheon-स्कच्य-न्-*n.* cover of a keyhole, name plate. ताले का मुखपान, नाम खोदने या लिखने का धातु का पत्र ।

Scutellated-स्क्यूटे-ले-टेड्, **Scutellar** (-लर्) -*adjs.* of the form of a small shield. छोटी ढाल के आकार का ; **Scutellation** (-लें'-शन्) -*n.* construction in the form of a shield. इस आकार की रचना ।

Scutellum-स्क्यु-टे-लम्-*n.* (*pl.* **Scutella.**) a small shield. छोटी ढाल ।

Scutiform-स्क्यू-टि-फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of a shield. ढाल के आकार का ।

Scuttle-स्क-ट्ल्-*n.* a shallow basket, a hatchway, a small opening with lid in the roof of a house, hurried gait. खँचिया, अँगीठी, छत पर का ढकनेदार छेद, तीव्र गति ;-*v. t.* to pierce holes in the bottom of a ship, to run away. जहाज में (डुबाने के लिये) छेद करना, दौड़ लगाना ।

Scutum-स्क्यू-टम्-*n.* (*pl.* **Scuta.**) a shield-like plate in certain animals, the knee-pan. कछुआ, मगर इत्यादि प्राणियों के शरीर की ढाल की आकृति की ऊपरी त्वचा, घुटने की चक्की ।

Scylla-सि-ल-अ-*n.* a mythological six-headed monster. एक पौराणिक छः मस्तक का दैत्य ।

Scyphus-साइ'-फ़स्-*n.* (*pl.* **Scyphi.**) a kind of handled drinking-cup. एक प्रकार का मूठदार प्याला ।

Scythe-साइद्-*n.* an instrument with a curved blade used for mowing and reaping. खेत या घास काटने की हँसिया; -*v. t.* to cut grass by a scythe. हँसुआ से घास काटना; **Scythed** (-ड्)-*adj.* mowed with a scythe. हँसुआ से काटा हुआ ।

Sdeath-ज़्डेथ्-*interj.* Expressing surprise or anger. आश्चर्य का क्रोधसूचक अव्यय ।

Sea-सी-*n.* the large expanse of salt water covering the greater part of the earth's surface, the ocean, a large wave of the sea. समुद्र, सागर, समुद्र की बड़ी लहर; **Sea-ape** (-एप्)-*n.* sea-otter. समुद्री सुइँस; **Seabat** (-बैट्)-*n.* a kind of flying fish. एक प्रकार की उड़नेवाली मछली; **Sea-bear** (-बेअर्)-*n.* polar bear. ध्रुवी भालू; **Sea-beaten** (-बी-ट्-न)

-*adj*. beaten by sea waves. समुद्र की लहरों से टकराया हुआ; Sea-bird (-बर्ड्)-*n*. a bird of the sea. समुद्री चिड़िया; Sea-board (-बोर्ड्)-*n*. the seashore. समुद्र-तट; Sea-boat (-बोट्)-*n*. a boat that sails on the sea. समुद्र में चलनेवाली नाव; Sea-born (-बॉर्न्)-*adj*. born on the sea. समुद्र पर उत्पन्न; Sea-borne (-बोर्न्)-*adj*. carried on the sea. समुद्र-तल पर लाया हुआ; Sea-breeze (-ब्रीज़्)-*n*. a breeze blowing towards land. समुद्री वायु; Sea-calf (-काफ्)-*n*. seal. सुईस मछली; Sea-captain (-कॅप्-टॅन्)-*n*. the captain of a ship. जहाज का कप्तान; Sea-card-(कार्ड्)-*n*. the card of the mariner's compass. जहाज के कुतुबनुमा का कार्ड; Sea-coal (-कोल्)-*n*. coal brought by sea. समुद्र से लाया हुआ पत्थर का कोयला; Sea-coast (-कोस्ट्)-*n*. the shore of the sea. समुद्रतट, समुद्र का किनारा; Sea-cob (-कॉब्)-*n*. sea-gull. समुद्री चिड़िया; Sea-cow (-काउ)-*n*. walrus. दरियाई घोड़ा; Sea-craft (-क्रॉफ्ट्)-*n*. seamanship. नाविक विद्या; Sea-dog (-डॉग्)an old sailor. वृद्ध नाविक, बूढ़ा मल्लाह; Seadragon (-ड्रॅ-ग्रॅ-न्)-*n*. a marine monster. समुद्री दैत्य; Seafarer (-फ़ेयर्-अर्)-*n*. a traveller by sea, a sailor. समुद्र-यात्रा करनेवाला, मल्लाह; Seafaring (-इङ्ग्)-*adj*. & *n*. travelling by sea, profession of a seaman. समुद्र-यात्रा करनेवाला, मल्लाह का पेशा; Sea-fight (-फ़ाइट्)-*n*. naval fight. समुद्री युद्ध; Sea-fish(-फ़िश्) -*n*. a fish that lives in the sea. समुद्री मछली; Sea-front (-फ़्रन्ट्)-*n*. a building which faces the sea. समुद्र के किनारे की इमारत; Sea-girt (-गर्ट्)-*adj*. surrounded by the sea. समुद्र से घिरा हुआ; Sea-going (-गो-इङ्ग्) -*adj*. sailing on deep sea. गहरे समुद्र पर यात्रा करनेवाला; Sea-green (-ग्रीन्)-*n*. faint blue colour. हलका नीला रंग; Sea-hog (-हॉग्)-*n*. a porpoise. सुइँस; Sea-horse (-हॉर्स्)-*n*. the hippopotamus. दरियाई घोड़ा; Sea-level (-लॅ़ेवॅल्) -*n*. the level or surface of the sea, generally the mean level between high and low water. समुद्र का धरातल; Sea-line (-लाइन्)-*n*. the horizon. क्षितिज; Seaman (-मॅन्) -*n*. a sailor. मल्लाह; Seamanship (-मॅन्-शिप्)-*n*. the work of a sailor. मल्लाह का काम; Sea-monster (-मॉन्-स्टर्) -*n*. a horrible strange animal of the sea. समुद्र का विलक्षण पशु; Sea-ooze (-ऊज़्)-*n*. soft mud under the sea. समुद्र के तल की मुलायम मिट्टी; Sea-piece (-पीस्)-*n*. a picture of the sea. समुद्र का चित्र; Seaplane (-प्लेन्)-*n*. an aeroplane constructed to rise from the surface of water. जल पर दौड़कर उड़नेवाला हवाई जहाज; Seaport (-पोर्ट्)-*n*. a harbour. बन्दरगाह; Sea-risk (-रिस्क्) -*n*. hazard of injury at sea. समुद्री बीमा; Sea-room (-रूम्) ample space for a vessel to move in the sea. जहाज को सुरक्षित समुद्र में चलने के लिये पर्याप्त स्थान; Sea-rover (-रोवर्)-*n*. a pirate. समुद्री डाकू; Sea-scape (-स्केप्) -*n*. sea-piece. समुद्र का दृश्य; Sea-shore (-शोर्) -*n*. the land adjacent to the sea, coast. समुद्र-तट; Seasick (-सिक्)-*adj*. suffering from sea-sickness, weary of sea-travel. जहाज पर चलने की मचली से पीड़ित, समुद्र यात्रा से क्लान्त (थका हुआ); Sea-side (-साइड्) -*n*. land adjoining the sea. समुद्र-तट; Sea-wall (-वॉल्)-*n*. an embankment to check the sea. समुद्र को रोकने की दीवार; Seaward (-वर्ड्)-*adj*. (*also* Seawards.) towards the seashore. समुद्र-तट की ओर; Seaworthy (-वर्दि)-*adj*. in a fit state to be put to sea. समुद्र में चलने योग्य (जहाज); Mistress of the seas (the chief naval power.) प्रधान नौसेना शक्ति; On the sea (in a ship.) जहाज पर; On the high seas (in the open sea.) खुले समुद्र पर; Sea of blood (great slaughters.) खूनखराबा; Sea of trouble (a great many troubles.) आपत्ति-सागर; Sea of worldly existence (worldly ocean) भवसागर।

Seal-सील्-*n*. an aquatic flesh-eating mammal, an impression attached to a document, a similar impression made on paper, significant mark. मांसाहारी समुद्री स्तनधारी जन्तु, किसी प्रतिज्ञापत्र पर लगाई गई छाप या मुहर, विशिष्ट चिह्न, मुहर, मुद्रा; -*v. t.* to stamp with seal, to keep shut, to authorize. मुहर या छाप लगाना, बन्द करना; His lips are sealed (he must not speak.) उसका मुँह बन्द है; To seal up (to shut up.) बन्द करना।

Sealed-सील्ड्-*adj*. certified by a seal. मुहर लगी हुई।

Sealer-सीलर्-*n*. a sealing ship, seal-maker. सील मछली का शिकार करनेवाला जहाज, मुहर बनानेवाला।

Sealery-सीलरि-*n*. a seal-fishing station. सील मछली का शिकार करने का स्थान।

Sealing-सीलिङ्ग्-*n*. the act of affixing a seal. मुहर करने का काम; Sealing-wax

(-वॉक्स) -*n.* a resinous composition for receiving impressions. मुहर करने की लाह की छड़ी।

Seam-सीम्-*n.* the joining line of two pieces of cloth, a scar, line of separation. सन्धि, सियन, फाँक; -*v. t.* to sew, to unite, to scar. सीना, जोड़ना, चिह्न डालना ; **Seam-lace** (a lace for sewing upon.) टाँकने की लैस; **Seamless** (-लेस्)-*adj.* having no seam. बिना सियन का; **Seamster** (-स्टर्)-*n.* one who sews. सीनेवाला, दर्जी; **Seamstress** (-स्ट्रेस्)-*n. fem.* a needle-woman. सीनेवाली स्त्री, दर्जिन; **Seamy** (-इ)-*adj.* containing seams. सन्धियुक्त, जोड़दार।

Seance-स-अन्स्-*n.* sitting or session of a deliberative body, spiritual meeting. सभा (मण्डली), आध्यात्मिक विषय की सभा।

Sear-सिअर्-*adj.* dried up, withered. मुर्झाया हुआ, सूखा; -*v.t.* to wither, to scorch, to dry up, to make insensible. सुखाना, मुर्झाना, झुलसाना, अचेत करना; **Seared** (-इ)-*adj.* dried up. कड़ा किया हुआ।

Search-सर्च-*n.* examination, prompt finding, inquiry. परीक्षा, जाँच, खोज;-*v. t. & i.* to seek out, to look for, to probe, to put to test, to inquire after. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, परीक्षा करना; **To search into** (to examine.) परीक्षा करना; **To search out** (to investigate.) जाँच-पड़ताल करना ; **Searchable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be searched. खोजने योग्य; **Searcher** (-अर्)-*n.* one who makes search. निरीक्षक, खोजनेवाला; **Searchful, Searching** (-इङ्ग्) -*adj. & n.* penetrating, investigating, examination, close enquiry. सूक्ष्म अन्वेषण का, अनुसन्धान या परीक्षा; **Searchingly** (-लि)-*adv.* in a searching manner. ढूँढ़ते हुए; **Searchingness** (-नेस्)-*n.* the quality of being searching. अनुसन्धान ; **Searchless** (-लेस्) -*adj.* unsearchable, inscrutable. बिना अनुसन्धान का;**Search-light** (-लाइट्)-*n.* an apparatus for projecting a strong light over long distances. बिजली की बड़ी तेज रोशनी का लम्प जिसका प्रयोग कर दूर की वस्तु स्पष्ट देखी जा सकती है।

Search-party-सर्च्'-पार्टि-*n.* a party which makes investigations. किसी वस्तु या मनुष्य की खोज में जानेवाली मण्डली; **Search-warrant** (-वॉरन्ट्)-*n.* a warrant authorizing search of stolen property. घर तलाशी का वारण्ट।

Sear-cloth-सिअर्'-क्लॉथ्-*n.* a cloth used to cover a sore. घाव पर बाँधने का कपड़ा।

Seared-सियर्ड्-*adj.* hardened.कड़ा किया हुआ।

Season-सीज़्'-ज़न्-*n.* suitable opportunity, time of plenty, period of indefinite length, one of the four divisions of the year.उचित अवसर, समृद्धि-काल, अनिश्चित अवधि का काल, ऋतु, मौसिम; -*v. t.* to accustom, to mature, to give zest to, to imbue, to flavour. अभ्यस्त करना, परिपक्व करना, मधुर बनना, तर करना, स्वादिष्ट बनाना; **Auspicious season** (lucky time.) शुभ मुहूर्त; **In season** (opportunely.) अच्छी अवस्था में; **In season and out of season** (at all times.) सब काल में; **Out of season** (in bad time.) अकाल में; **Season ticket** (a ticket issued at reduced rates, during holidays &c.) रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिये सस्ते दर पर टिकट।

Seasonable-सीज़्नेब्ल्-*adj.* opportune. उचित समय पर होनेवाला; **Seasonableness** (-नेस्) -*n.* the quality of being seasonable. काल की उचित अवस्था; **Seasonably** (-लि)-*adv.* in a seasonable manner. यथाकाल, काल के अनुसार; **Seasonal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a season. ऋतु सम्बन्धी ; **Seasoned** (-इ)-*adj.* accustomed. कालानुसार, समयोचित, ऋतु के अनुसार ; **Seasoner** (-अर्)-*n.* that which gives relish to food. भोजन-सामग्री को स्वादिष्ट बनानेवाला; **Seasoning** (-इङ्ग्)-*adj.* anything added in food to increase enjoyment. खाना स्वादिष्ट बनानेवाला पदार्थ; **Seasonless** (-लेस्) -*adj.* without proper time. बिना अवसर का **Seasonally** (-अलि)-*adv.* in season. ऋतु में, यथाकाल।

Seat-सीट्-*n.* a thing to sit on, a chair, bench &c., occupation of a seat, station, throne, abode, residence, situation, part of a machine which supports another part, site, posture, abiding place. बैठने का आसन, कुर्सी, पीठिका, बेंच, सिंहासन, घर, वासस्थान, स्थिति, किसी यन्त्र का भाग, अवस्थान, आसन, रहने का स्थान ; -*v. t.* to place on a seat, to settle, to establish, to fix, to set firm in place. आसन पर बैठना, स्थापित करना, स्थिर करना, नियुक्त करना।

Seated-सीटेड्-*adj.* placed on a seat. बैठा हुआ; **Seat of justice.** धर्मासन, न्याय-पीठ।

Sebaceous-सि-बे'-शस्-*adj.* of fat, made of tallow. चर्बी का, चर्बी का बना हुआ।

Sebiferous-सिबिफ़रस्-*adj*. producing matte like fat. चर्बी के समान द्रव्य उत्पन्न करनेवाला।

Secant-सी'-कन्ट्-*adj*. cutting. काटनेवाला; -*n*. the radius of a circle produced to meet a tangent. अर्धव्यास जो बढ़कर दूसरी रेखा में मिलता है, कोटिज्या।

Secateur-सेकटर्-*n*. a pair of pruning scissors. कतरनी, छाँटने की कैंची।

Seccotine-से-कॅ-टीन्-*n*.a kind of liquid glue. एक प्रकार का सरेस; -*v. t*. to apply this glue to something. किसी पदार्थ पर यह सरेस लगाना।

Secede-सिसीड्-*v. i*. to withdraw from membership. किसी मण्डली से हटना; **Seceder** (-अर्) -*n*. one who secedes. त्यागने (अलग होने) वाला।

Secern-सि-सर्न-*v. t*. to secrete, to separate. रसना, वहना, अलगाना; **Secernent** (-ऍन्ट्)-*adj*. secreting. रसने या वहनेवाला ; **Secernment** (-मेन्ट्)-*n*. a secretory duct. रसनेवाली नली।

Secession-सिसेशन्-*n*. the act of seceding. अपगमन, धर्मत्याग; **Secessionist** (-इस्ट्)-*n*. a seceder. धर्मत्याग करनेवाला।

Seclude-सिक्लूड्-*v. t*. to separate from society, to keep aloof. समूह से अलगाना, पृथक् करना, अलग रखना।

Secluded-सिक्लूडेड्-*adj*. separated from society. निर्जन, एकान्त, अकेला ; **Secludedly** (-लि)-*adv*. in a secluded manner. निर्जनता से ; **Secludedness** (-नेस्) -*n*. seclusion from society. समाज से पृथक् रहना।

Seclusion-सि-क्लू'-ज़न्-*n*. privacy, retirement. एकान्तता, निर्जनता; **Seclusionist** (-इस्ट्)-*n*. one who passes a lonely life. अकेला रहनेवाला; **Seclusive** (-सिव्)-*adj*. that which secludes. छिपानेवाला।

Second-सेकन्ड्-*adj*. next after first. दूसरा; -*n*. one who follows another, additional, a supporter, next in place, rank or time, the sixtieth part of a minute. पीछा करनेवाला, द्वितीय, दूसरा, मिनट का साठवाँ भाग;-*v. t*. to follow, to support, to encourage. अनुमोदन करना, सहारा देना, साहस देना; **Second floor** (the floor above the ground floor)घर इत्यादि का दूसरा खण्ड; **Second nature** (acquired tendency, habit) अभ्यास, आदत; *gram*. **Second person** (व्याकरण में) मध्यम पुरुष; **Second to none** (surpassed by none.) अद्वितीय,अपूर्व;**Second teeth**(teeth of adults.) दूध के दाँत टूटने पर निकलनेवाले स्थायी दाँत ; **Secondarily** (रि-लि) -*adv*. in a secondary manner अप्रधान रूप में; **Secondariness**(-नेस) -*n*. the state of being secondary.अप्रधानता; **Secondary** (-रि)-*adj*. next in importance, subordinate, supplementary, inferior in rank. दूसरे क्रम का, सहकारी, अप्रधान, अमुख्य; -*n*. a subordinate. सहायक ; **Secondary education** (advanced education.) उच्च कोटि की स्कूली पढ़ाई, माध्यमिक शिक्षा।

Seconder-सेकन्डर्-*n*. one who supports a resolution. सभा में किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करनेवाला।

Second-hand-सेकन्ड्-हॅन्ड्-*adj*.not new, used by another, hearsay, the hand that marks the seconds on a watch or clock. पुराना, दूसरे का भोगा हुआ, कल्पित, घड़ी की सबसे छोटी सूई; **Second-hand evidence**. दूसरे से सुनी हुई गवाही।

Secondly-से-कन्ड्-लि-*adv*. in the second place. दुबारा।

Second-rate-सेकन्ड-रेट्-*adj*. of inferior quality. मध्यम, सामान्य।

Seconds-से-कन्ड्स्-*n*. coarse flour. मोटा आटा।

Secrecy-सी'-क्रे-सि - *n*. (*pl*. Secrecies.) liability, to conceal, privacy, seclusion. गुप्तता, एकान्तता (रहस्य)।

Secret-सी-क्रेट्-*adj*. kept private, concealed, not revealed, not exposed to view. गुप्त, छिपा हुआ, अप्रकाशित ; -*n*. something concealed. गोप्य भेद, रहस्य ; **In secret** (in private.) एकान्त में; **Open secret** (a secret exposed to those concerned.) सम्बन्धित लोगों पर प्रकट भेद; **Secret counsel** (private information.) गुप्त मन्त्र।

Secretarial-सेक्रिटेरिअल्-*adj*. pertaining to a secretary. मन्त्री-सम्बन्धी।

Secretariate-सेक्रिटेरिअट्-*n*. the secretary's department. मंत्री का कार्यालय।

Secretary-सेक्रिटरि-*n*. (*pl*. Secretaries.) a person employed by another to help him in correspondence, an official appointed for keeping records and dealing with business. मंत्री (लेखक),किसी कार्य का अधिकारी; **Secretary of State**. राज्य का प्रधान मन्त्री; **Under secretary** (one who assists a secretary) मन्त्री का सहायक; **Secretaryship** (-शिप्)-*n*. the post of secretary. मन्त्री का पद।

Secrete-सि-क्रीट्'-*v. i*. to conceal or hide, to produce by secretion, to separate the

circulating fluids of the body. छिपाना, शरीर के रस को अलगाना।

Secretion-सि-क्री'-शन्-*n.* the act of secreting, that which is secreted. स्राव, शरीर से निकला हुआ मल ; **Secretional** (-अल्)-*adj.* pertaining to secretion. स्राव-सम्बन्धी; **Secretionary** (-अरि)-*adj.* adapted for secretion. स्राव लाने योग्य।

Secretitious-सि-क्री-टिशस्- *adj.* separated by secretion. स्राव द्वारा अलगाया हुआ।

Secretive- सि-क्री'-टिव् -*adj.* keeping secret, performing secretion. रहस्य रखनेवाला, शरीर के मल को निकालनेवाला; **Secretively** (-लि) -*adv.* not exposing secrets. रहस्य का भेद न करते हुए; **Secretiveness** (-नेंस्)-*n.* quality of being secretive. निर्जनता।

Secretly-सी-क्रेट्'-लि-*adv.* in a secret manner. गुप्त रूप से।

Secretor-सिक्रीटर्-*n.* that which secretes. स्राव करनेवाला; **Secretory** (-इ)-*adj.* pertaining to secretion. स्राव-सम्बन्धी।

Sect-सेंक्ट्-*n.* a religious party or faction. पंथ, मत, सम्प्रदाय।

Sectarial-सेंक्-टे'-रिअल्-*adj.* distinctive of a sect. संप्रदाय-सम्बन्धी; **Sectarial mark** (symbol of a sect on the forehead.) साम्प्रदायिक तिलक या चिह्न।

Sectarian-सेंक्-टे'-रिअन्-*adj.* & *n.* pertaining to a peculiar sect, one of a sect. साम्प्रदायिक, विशेष पन्थ का; **Sectarianism** (-इज़्म्) -*n.* sectarian tendency. किसी पन्थ का अनुयायी होना; **Sectarianize** (-आइज़्)-*v. i.* to affect with sectarianism. किसी पन्थ का अनुयायी बनना।

Sectary-सेंक्टरि-*n.* the member of a sect. किसी सम्प्रदाय का अनुयायी।

Sectile-सेंक्टाइ (-टि)-ल्-*adj.* capable of being cut. काटने योग्य।

Section-सेंक्शन्-*n.* the part cut off from a thing, the part of a structure, a distinct portion, subdivision of a book, part of a community. भाग, खण्ड, पुस्तक का परिच्छेद (प्रकरण, काण्ड), किसी सम्प्रदाय का भाग; -*v. i.* to pare off, to cut off. काटना, तराशना; **Section mark** (a sign used as a reference mark.) प्रकरण का चिह्न, (§) ऐसा चिह्न।

Sectional-सेंक्शनल्-*adj.* pertaining to a section. खण्ड-सम्बन्धी; **Sectionalism, Sectionally** (-लि)-*adv.* in a sectional manner. खण्ड में।

Sector-सेंक्टर् -*n.* a plane figure bounded by two radii of a circle, a mathematical instrument. वृत्तखण्ड, रेखागणित का एक यन्त्र; **Sectoral** (-अल्)-*adj.* pertaining to a sector. खण्डवृत्त-सम्बन्धी।

Sectorial-सेंक्टोरिअल्-*n.* & *adj.* teeth of carnivorous animals intended for cutting. मांसभक्षी पशुओं के काटने योग्य दाँत।

Secular-सेंक्युलर्-*adj.* lasting for ages, coming once in a century, worldly, temporal. अनन्त, सौ वर्ष में एक बार होनेवाला, लौकिक; -*n.* religious touch. धार्मिक सत्त्व।

Secularism-सेंक्युलरिज़्म्-*n.* secularity. व्यावहारिक वृत्ति।

Secularist-सेंक्युलरिस्ट्-*n.* one who disbelieves in traditional theology. प्रपंची मनुष्य।

Secularity-सेंक्युलरिटि-*n.* worldliness. (प्रपंच) व्यावहारिकता।

Secularize-सेंक्युलराइज़्-*v. t.* to make secular. लौकिक कार्य में लगाना।

Secularly-सेंक्युलर्लि-*adv.* in a secular manner. व्यावहारिक रीति से।

Secularness-सेंक्युलर्-नेंस्-*n.* the quality of being secular. लौकिकता।

Secund-सि'-कन्ड्-*adj.* arranged on one side only. एक ही ओर लगाया हुआ ; **Secundly** (-लि)-*adv.* in a secund manner. एक ही ओर लगे हुए।

Secundus-सि-कन्डस्-*adj.* second of the same name. एक ही नाम का दूसरा मनुष्य।

Securable-सिक्योरेबल्-*adj.* able to be secured. दृढ़ करने योग्य।

Secure-सिक्योर्-*adj.* (*comp.* **Securer**, *sup.* **Securest**) untroubled by care or anxiety, free from apprehension, reliable, firmly fastened, safe against. निश्चित, निर्भय, निःशंक, निर्विघ्न, सुरक्षित; -*v. t.* to make safe against loss or free from danger, to guarantee, to obtain, to make fast. रक्षा करना, भय से निवृत्त करना, बीमा करना, प्राप्त करना, कसकर बाँधना ; **Securely** (-लि)-*adv.* in a secure manner. सुरक्षित रूप से; **Secureness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being secure. सुरक्षित अवस्था ; **Securer** (-अर्)-*n.* he who or that which secures. रक्षा करनेवाला।

Securiform-सि-क्यू'-रि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the shape of an axe. कुठार के आकार का।

Securite-सिक्यूराइट्-*n.* an explosive used in mines. खानों में उपयोग करने की एक प्रकार की बारूद।

Security-सि-क्यू-रि-टि-*n.* (*pl.* Securities.) a thing that guards, freedom from danger, safety, confidence, pledge for the fulfilment of an undertaking, surety. रक्षक वस्तु, संकट से छुटकारा, रक्षा, निर्भयता, बचाव, आश्रय, प्रतिभू, जामिन।

Sedan-सिडीन्-*n.* (also Sedan-chair.) a portable chair used as a carriage for conveying a person. डोली, पालकी, तामजान।

Sedate-सि-डेट्-*adj.* tranquil, calm, sober. गम्भीर, शान्त, अचञ्चल; **Sedately** (-लि)-*adv.* in a sedate manner. शान्ति से ; **Sedateness** (-नेस्)-*n.* tranquility. निर्ममत्व, शान्ति ; **Sedative** (-इव्)-*n.* & *adj.* a soothing medicine, soothing. शान्ति देनेवाली औषध, शान्तिकर।

Sedent-सी'-डेन्ट्-*adj.* quiet, inactive. शान्त, अचञ्चल ; **Sedentary** (-अरि) -*adj.* sitting accustomed to much sitting. गतिहीन, अधिक बैठनेवाला।

Sedentarily-सी-डेन्-टरि-लि-*adv.* in a sedentary manner. बिना उद्योग के; **Sedentariness** (-नेस्) -*n.* the state of being sedentary. गतिहीनता, निरुद्योगिता।

Sedge-सेज् - *n.* a kind of marshy plant, a kind of bird. दलदल का एक पौधा, एक प्रकार का पक्षी; **Sedgy** (-इ)- *adj.* marshy. दलदली।

Sediment-से-डि-मेन्ट्-*n.* matter which settles at the bottom of a liquid, dregs, मल, कीट, तलछट ; **Sedimental** (-अल्), **Sedimentary** (-अरि)-*adjs.* pertaining to sediment. तलछट सम्बन्धी; **Sedimentation** (-ए'-शन्)-*n.* deposition of sediment. तलछट का जमना।

Sedition-सिडिशन्-*n.* the raising of agitation against a state, conduct or speech tending to breach of public peace. राजद्रोह, संक्षोभ, विद्रोह; **Seditionary** (-अरि) - *n.* one who incites sedition. विद्रोह करने के लिये उसकानेवाला मनुष्य।

Seditious-सिडिशस्-*adj.* pertaining to sedition. राजद्रोही, विप्लवकारी; **Seditiously** (-लि) -*adv.* in a seditious manner. संक्षोभ से, विप्लव से; **Seditiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being seditious. प्रजाक्षोभ, विप्लव।

Seduce-सि - ड्यूस् - *v. t.* to lead astray, to lead into crime, to persuade a woman for breach of chastity, to deceive. बहकाना, छलना, स्त्री को पाप करने को प्रवृत्त करना, सतीत्व भ्रष्ट करना ; **Seducement** (-मेन्ट्)-*n.* the act of seducing. वंचना, सतीत्वनाश;

Seducer (-अर्)-*n.* one who seduces. मोहक, दूषित करनेवाला।

Seducible-सि-ड्यू'- सि - बल्-*adj.* able to be seduced. छलने योग्य।

Seducingly-सि-ड्यूस्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a seducing manner. दूषित करते हुए।

Seduction-सिडक्शन् - *n.* the act of seducing, tempting to an evil action. प्रलोभन, वंचना, फुसलाना।

Seductive-सिडक्टिव् - *adj.* tending to lead astray. फुसलानेवाला; **Seductively** (-लि)-*adv.* in a seductive manner. फुसलाते हुए; **Seductiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being seductive. प्रलोभन।

Sedulity-से-ड्यू'-लि-टि-*n.* the quality of being sedulous. परिश्रम, प्रयत्न।

Sedulous-से-ड्यु-लस्-*adj.* diligent, laborious, persevering. उद्योगी, परिश्रमी, कार्य में स्थिरता से लगा हुआ; **Sedulously** (-लि)-*adv.* laboriously. परिश्रम से; **Sedulousness** (-नेस्)-*n.* the state of being diligent. कार्य में परिश्रम।

See-सी-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Saw, *p. p.* Seen) to discern objects with eyes, to perceive, to look to discover, to consider, to visit, to examine, to undsrtand. दर्शन करना, देखना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना, पता लगाना, विचारना, भेंट करना, परीक्षा करना, समझना; - *n.* jurisdiction of a bishop. धर्माध्यक्ष का अधिकार ; **I see** (I think) मैं सोचता हूँ; **To see after** (to take care of.) सँभालना; **To see good** (to consider right.) भला विचारना ; **To see into** (to reflect) विचार करना ; **To see life** (to experience.) अनुभव प्राप्त करना; **To see off** (to accompany at one's departure.) विदाई के समय साथ रहना; **To see one's way to** (to manage.) प्रबन्ध करना ; **To see the back** (to abandon.) त्याग देना; **To see the light** (to be born.) उत्पन्न होना, जन्म लेना; **To see visions.** (to become a sage.) ऋषि बनना; **To see with one's eyes.** (to make clear.) प्रत्यक्ष करना।

Seed-सीड् - *n.* germ, unit of reproduction, offspring, semen, prime cause, origin, race, beginning, first principle. अंकुर, बीज, संतति, सन्तान, शुक्र, मुख्य कारण, मूल, जाति, वंश, प्रारम्भ, प्रथम सिद्धान्त ; - *v.i.* & *t.* to sprinkle with seed. बीज बोना; **Seedbed** (-बेड्)- *n.* a ground prepared for sowing seeds. बीज बोने के लिये तैयार की हुई भूमि, बेहड़उर; **Seed-box**(-बॉक्स्), **Seed-bud** (-बड्) -*ns.* the germ of a fruit. फल का अंकुर ;

Seed-cake (-केक्)-*n.* a sweet cake containing caraway seeds. अजवाइन मिली मीठी टिकिया; **Seed coat** (-कोट्)-*n.* the outer coat of a seed. बीज का आवरण, बीज का छिलका; **Seed-corn** (-कॉर्न्)-*n.* corn reserved for seed. बीज बोने के लिये सुरक्षित अन्न; **Seeded** (-ऍड्) -*adj.* full of seeds. बीजों से पूर्ण; **Seeder** (-अर्) -*n.* a seed-drill. बीज बोने का यन्त्र।

Seedily-सीड्'-इ-लि-*adv.* shabbily. बीज-पूर्णता से।

Seediness-सीड्'-इ-नॅस् -*n.* the state of being seedy. बीज पूर्णता; **Seed-leaf** (-लीफ्)-*n.* the first leaf of a seed. बोये हुए बीज की पहली पत्ती; **Seedless** (-लॅस्)-*adj.* without seeds. निर्बीज; बिना बीये का; **Seedling** (-लिङ्ग्)-*n.* the plant raised from a seed, a young plant. बीज से उत्पन्न किया हुआ पौधा, छोटा कोमल पौधा; **Seedsman** (-ज़्'-मॅन्)-*n.* a seed-seller. बीज-विक्रेता; **Seed-pearl** (-पर्ल्) -*n.* a small pearl. छोटा मोती; **Seed-plot** (-प्लॉट्)-*n.* nursery ground. बेहन डालने की भूमि।

Seed-time-सीड्'-टाइम् - *n.* sowing season. बोने का समय; **Seed-vessel** (-वेॅस्-सल्')-*n.* the pericarp. बीज का कोष; **Seed-wool** (-वूल्)-*n.* raw cotton. कपास, बिनौले समेत रुई।

Seedy-सी-डि -*adj.* full of seeds, having the taste of seeds, worn out, out of sorts, shabby. बीजपूर्ण, बिया भरा हुआ, बीज के स्वादवाला, फटा पुराना, थका हुआ, अस्वस्थ, गंदा।

Seek-सीक् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sought** सॉट्) to make an inquiry for, to endeavour to do, to ask for, to pursue, to aim at. खोजना, प्रयत्न करना, अनुसरण करना, प्रार्थना करना, इच्छा करना; **To seek out** (to single out) अलगाना; **To seek through** (to make inquiry.) खोज निकालना।

Seeker-सीकर् -*n.* one who investigates. खोजनेवाला।

Seel-सील् - *v. t.* to shut or close the eyes, to hoodwink. आँख बन्द करना, कनखी से सैन मारना।

Seem-सीम् -*v.t.* to have the appearance of, to appear to be true. मालूम होना, जान पड़ना; **It seems to me**(it appears to me) मैं समझता हूँ; **Seemer** (-अर्)-*n.* one who has a semblance. आकृतिवान्; **Seeming** (-इङ्ग्) -*adj.* having the appearance of. दिखावटी; **Seemingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in appearance. कृत्रिम रूप से, दिखाव में; **Seemingness** (-इङ्ग्-नॅस्)-*n.* plausibility. सुन्दर आकृति; **Seemliness** (-लि-नॅस्)-*n.* grace, fitness, propriety. सुन्दरता, योग्यता ; **Seemly**(-लि)-*adj.* decent, becoming. विनीत, उचित, उपपन्न।

Seen-सीन् -*p.p.* of see.

Seer-सीयर् -*n.* a person who sees visions, a prophet. भविष्यदर्शी, सिद्ध पुरुष; **Seership** (-शिप्)-*n.* the rank of a seer. सिद्ध पुरुष का पद।

See-saw-सी'-सॉ -*n.* a game in which two children at each end of a board fixed on a pivot alternately move up and down. लड़कों का झूला, ढेंकुल;

Seasaw.

-*v. i.* (*p. t.* **Seesawed.**) to move with a reciprocating motion. ऊपर-नीचे होना, ढेंकुल पर खेलना; -*adv.* up and down. ऊपर-नीचे।

Seethe-सीद् -*v. t. & i.* (*p. p.* **Seethed** or **Sodden.**) to cook by boiling, to be agitated. क्वाथ बनाना (उबालना), उत्तेजित होना; **Seether**-सीद्' - अर् - *n.* a pot for boiling. किसी वस्तु को उबालने का पात्र।

Segment-सेॅग्मेॅन्ट् -*n.* a part cut off from something, a part cut off from a figure by a line. भाग (खण्ड), वृत्तखण्ड; -*v. t.* to divide into segments. खण्ड या टुकड़ा करना; **Segmental** (-अल्)-*adj.* pertaining to a segment. वृत्त-खण्डके आकार में; **Segmentally** (-अलि)-*adv.* in the form of a segment. वृत्त-खण्ड के आकार में ; **Segmentary** (-अरि) -*adj.* segmental. वृत्त-खण्ड का।

Segmentation-सेॅग्-मॅन्'-टे'-शन् - *n.* a dividing into segments. खण्डकरण।

Segregate-सेॅग्रि - गेट् - *v. t.* to isolate, to separate from others. पृथक् करना, अलगाना; -*adj.* separate. पृथक्, अलग।

Segregation-सेॅग्रि-गे'-शन् -*n.* a separation. वियोग, अलगाव।

Segregative-सेॅ-ग्रि-गे'टिव् - *adj.* separating. अलग करनेवाला।

Seidlitz powder-सेॅड्'-लिट्ज़्-पाउ-डर् - *n.* an effervescing laxative powder. उफननेवाली एक रेचक औषधि।

Seigneur-सेन्यर्, **Seignior**-से'-निऑर्-*ns.* a lord, a title of respect. स्वामी, महाशय, आदर की पदवी।
Seigniorial-से-नि ऑ-रिअल् -*adj.* pertaining to seignior. प्रभु या स्वामी का।
Seigniorage-सेन्यरेज्- *n.* royal prerogative. प्रभुत्व, बड़ा अधिकार।
Seigniory-सेन्यरि - *n.* lordship. राजकीय सत्ता, प्रभुत्व।
Seine-सेन्-*n.* a kind of fishing net. एक प्रकार का मछली पकड़ने का जाल; -*v. t. & i.* to fish with a seine. ऐसे जाल से मछली पकड़ना.
Seismal, Seismic-साइज़्-मल्, -मिक् - *adjs.* pertaining to earthquake. भूकम्प-सम्बन्धी।
Seismo-साइज़्मॅ'-*pref.* in the sense of "earthquake" "भूकम्प" अर्थ का उपसर्ग।
Seismograph-साइज़्मॅ'-ग्रॉफ् -*n.* an apparatus for registering earthquakes. भूकम्प-सूचक यन्त्र; **Seismography** (-इ) -*n.* an account of earthquakes. भूकम्प का वर्णन।
Seismologist-साइज़्मॅ-लॅजिस्ट् -*n.* one who is versed in seismology. भूकम्प-विज्ञान में निपुण।
Seismology-साइज़्मॅ-लॅजि-*n.* the science of earthquakes. भूकम्प-विषयक शास्त्र, भूकम्प-विज्ञान।
Seismometer-साइज़्मॅ'-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the intensity of earthquakes. भूकम्प की प्रवलता को अङ्कित करने का यन्त्र।
Seizable-सीज़ॅबल् -*adj.* able to be seized. पकड़ने योग्य, ज़ब्त करने योग्य।
Seize-सीज़् -*v. t. & i.* to take possession of by force, to catch, to confiscate, to attach. पकड़ना, धरना, छीन लेना, ज़ब्त करना।
Seizer-सीज़र् -*n.* one who seizes. पकड़नेवाला।
Seizing-सीज़िङ्ग् -*n.* act of catching. पकड़, अधिकार।
Seizor-सीज़र् -*n.* one who takes possession. हरण करनेवाला।
Seizin, Seisin-सीज़िन् -*n.* legal possession of a land. ज़मींदारी पर क़ानूनी अधिकार करना।
Seizure-सीज़र् -*n.* the act of seizing, sudden attack. पकड़, अचानक आक्रमण (रोग), धावा।
Sejugous-सी-जु-गस् -*adj.* with six pairs of leaves. छः जोड़ा पत्तियोंवाला।
Sejunction-सीजंक्शन् -*n.* separation. वियोग, अलगाव।
Selah-सी'-ला-*n.* a pause in the recitation of Psalms. बाइबिल के भजन गाने में विश्राम।
Seldom-सेल्डम् -*adv.* rarely, not often. कदाचित्, विरले ही।
Select-सिलेक्ट्' -*v. t.* to choose as the best. बराना (छाँटना), चुनना; -*adj.* preferable उत्कृष्ट. चुना हुआ।
Selected-सिलेक्टेड् -*adj.* chosen. चुना हुआ; **Selectedly** (-लि)-*adv.* with care in selection. चुनते हुए।
Selection- सिलेक्शन् -*n.* the act of selecting. सङ्कलन, चुनाव।
Selective-से-लेक्टिव्-*adj.* capable of selection. चुनने योग्य; **Selectively** (-लि) -*adv.* in a selective manner. चुनते हुए।
Selector-सिलेक्टर् - *n.* one who makes a selection from a number of things. बहुत-सी वस्तुओं में से चुननेवाला।
Selenite-सेलिनाइट् -*n.* sulphate of lime in crystal form. (चन्द्रकान्त मणि में) दानेदार चूने का सल्फेट।
Selenite-सिलीनाइट्-*n.* a supposed inhabitant of the Moon. कल्पित चन्द्रलोकवासी।
Selenium-सि-ली' -नि-अम्-*n.* a non-metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अधातु द्रव्य।
Seleno-सि-ली-नॅ-*pref.* in sense of 'moon'. 'चन्द्रमा' अर्थ का उपसर्ग ; **Selenographer** (-ग्रॉफ़र्) -*n.* one who photographs the moon. चन्द्रमा का आलोकचित्र खींचनेवाला; **Selenography** (-ग्रॉफ़ि)-*n.* description of the moon. चन्द्रमा के वर्णन की विद्या; **Selenotropic** (-ट्रॉपिक्)-*adj.* turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुका या मुड़ा हुआ।
Self-सेल्फ़्-*n.* (*pl.* **Selves**) a person's identity or individuality, one's own interest, sameness. निजी व्यक्तित्व, स्वयम्, अपनी निजी रुचि, अपना स्वार्थ, एकता; -*adj.* same own. अपना, निजी, वही; **Self-abandonment** (-अ-बन्'-डन्-मेन्ट्) -*n.* disregard for one's self. आत्म-परित्याग; **Self-abasement** (-ॲ-बेस्-मेन्ट्) -*n.* abasement of one's self. अपना अपमान; **Self-absorbed** (- ऑब् - सॉर्ब्ड्) - *adj.* deep in thought. ध्यान में लीन ; **Self-abuse** (- ॲ-ब्यूस्)-*n.* abuse of one's powers, masturbation. स्वयं अपनी शक्ति का नाश करना, हस्त-मैथुन ; **Self-accomplished** (-ॲ - कम्'-प्लिश्ड्) -*adj.* acquired by oneself. आत्म-उपार्जित ; **Self-acting** (-ऍक्ट्-इङ्ग्) -*adj.* acting of itself. स्वयं कार्य करनेवाला ; **Self-admiration** (-ऍड्-मि-रे'-शन्) -*n.* praise of one's self. आत्मश्लाघा ; **Self-applause** (-ॲप्-प्लॉज़्) -*n.* self praise. आत्म-प्रशंसा; **Self-assertion** (-ॲस्-सर्'-शन्)-*n.* assertion

of one's self in a presumptuous manner. अपने अधिकार के विषय में श्लाघा; **Self-coloured** (-कलर्ड्) - *adj.* of the natural colour. स्वाभाविक रङ्ग का; **Self-command** (क-मान्ड्')-*n.* self control. आत्मसंयम; **Self-complacent** (-कम्-प्ले'-सेंन्ट्)-*adj.* possessing an attribute of satisfacion with one's self. आत्म-सन्तोष; **Self-conceit** (-कन्-सीट्) -*n.* pride, arrogance. स्वाभिमान, अहङ्कार ; **Self-conscious** (-कॉन्'-शस्)-*adj.* conscious of one's self. अपने अस्तित्व को जाननेवाला; **Self-consciousness** (-कॉन्-शस्-नेंस्) -*adj.* self-conscious state. आत्म-ज्ञान; **Self-contained** (-कन्-टेन्ड्) -*adj.* complete in itself. स्वयं परिपूर्ण; **Selfcontrol** (-कन्-ट्रोल्)-*n.* restraint over self. आत्मशासन; **Self-defence** (-डि-फ़ेन्स्)-*n.* defence of one's self. आत्मरक्षा; **Self-denial** (-डि-नाइ'-अल्)-*n.* forbearing to gratify one's desires. आत्म-परित्याग ; **Self-destruction** (-डि-स्ट्रक्'-शन्)-*n.* suicide. आत्महत्या; **Self-evident** (-ऍव्-इड्-ऍन्ट्)-*adj.* evident without proof. स्वतः (विना प्रमाण के) सिद्ध; **Self-existence** (-ऍग्-जिस्ट्'-ऍन्स्)-*n.* existing by itself. स्वयंभू; **Self-government** (-गव्'-अर्न्-मेंन्ट्)-*n.* government of the people by themselves, self-control. स्वराज्य, आत्म-संयम; **Self-help** (-हेंल्प्)-*n.* unaided effort. आत्म-साहाय्य, अपनी सहायता स्वयं करना; **Self-improvement** (-इम्-प्रूव्'-मेंन्ट्)-*n.* improvement of one's self. आत्मोन्नति; **Self-interest** (-इन्-टर्-ऍस्ट्)-*n.* one's own interest. स्वार्थ; **Selfish** (-इश्)-*adj.* devoted to personal profit, appealing to self interest. स्वार्थपर, स्वार्थी, खुदगरज; **Selfishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a selfish manner. स्वार्थ से ; **Selfishness** (-इश्-नेंस्)-*n.* the quality of being selfish. स्वार्थपरता, अपने लाभकी इच्छा; **Selfless** (-लेंस्)-*adj.* not selfish. विना स्वार्थ का, स्वार्थहीन, बेगरज; **Selflessness** (-लेंस्-नेंस्) -*n.* the quality of being selfless. स्वार्थहीनता; **Self-love** (-लव्) -*n.* regard for one's well-being. ममता, अहङ्कार; **Self-made** (-मेड्)-*adj.* risen to eminence by one's own exertions. अपने परिश्रम से उन्नति प्राप्त; **Self-opinionated** (-ओपिनियनेटेड्) -*adj.* obstinacy in one's opinion. अपने विचार पर हठ करनेवाला; **Self-possessed** (-पॅ-ज़ेंस्ड्) -*adj.* composed in mind. स्वस्थचित्त; **Self-possession** (-पॅ-ज़ेंशन्) -*n.* composure of mind. चित्त की सावधानी; **Self-praise** (-प्रेज़्)-*n.* praise of one's self. आत्माभिमान; **Self-registering** (-रेंजिस्टरिङ्ग्) -*adj.* automatically registering. आपसे आप अंकित करनेवाला; **Self-sacrifice** (-सॅक्रिफ़ाइस्) -*n.* sacrificing of self for the sake of others. दूसरों के लिये आत्मसमर्पण; **Self-same** (-सेम्) -*adj.* the very same. वही ; **Self-seeking** (-सीकिङ्ग्)-*adj.* seeking one's own benefit regardless of the advantage of others. दूसरों की सुविधा का विचार न करते हुए अपना ही हित खोजना; **Self-sufficiency** (-सफ़िश्यन्सि)-*n.* the quality of being self sufficient. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास होना; **Self-sufficient** (-सफ़िश्यन्ट्)-*adj.* having full confidence in one's abilities. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास करनेवाला; **Self-will** (-विल्)-*n.* obstinacy. हठ।

Sell - सेंल् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Sold**) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेचना, बिक्री करना, बिकना, धन के लोभ से देना; **To sell off** (to dispose off everything.) सब सामान बेच डालना।

Sellable-सें-लें-बल्-*adj.* capable of being sold. बिक्री करने योग्य।

Seller-सें-लर्-*n.* one who sells. बेचनेवाला।

Selling-सें-लिङ्ग्-*n.* act of being sold. बिक्री, बेंची।

Seltzer (**-water**) - सेंल्ट्'- जर् (वा-टर्) -*n.* a mineral water of Germany, sodawater. जर्मनी का रासायनिक जल, सोडा वाटर।

Selvage- सें - ल्वें-ज् -*n.* the edge of a cloth. गोंट, गोंटा, संजाफ़; **Selveged** (- ड्) - *adj.* having selvage. गोंटदार।

Selves-सेंल्व्ज़् *pl.* of self.

Semaphore-सेंम-फ़ोर् - *n.* a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र;-*v. i.* to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना; **Semaphoric** (-इक्)-*adj.* pertaining to semaphores. संकेत भेजने के यन्त्र का; **Semaphorically** (-लि) -*adv.* by means of this instrument. इस यन्त्र की विधि से।

Semasiology-सिमॅसि-ॲ-लॅ-जि-*n.* a branch of philology which treats of the meaning of words. भाषाविज्ञान शास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है।

Sematic-सिमॅटिक्-*adj.* of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का।

Semblance-सेॅम्ब्लन्स्-*n.* likeness, appearance. सादृश्य, आकार (स्वरूप) ; **Semblant** (सेॅम्-ब्लॅन्ट्)-*adj.* only seeming. केवल आकार मात्र का।

Semeiography-सीमाइ'-ॲ-ग्रॅफ़ि-*n.* a description of the symptoms of diseases. रोग-निदान-विवरण; **Semeilogy** (-लॅजि)-*n.* knowledge or study of symptoms of diseases. रोग-निदान-ज्ञान या अध्ययन।

Semen-सी'-मेॅन्-*n.* male generative fluid of animals. शुक्र, वीर्य; **Seminal** (-सेॅम्'-इ-नॅल्) -*adj.* of semen. वीर्य-सम्बन्धी।

Semester-सि-मेॅस्-टर्-*n.* a half year course in some European universities. यूरोप के कई विश्वविद्यालयों में छः महीने का अध्ययन-क्रम।

Semi-सेॅमि-*pref.* in sense of "half". उपसर्ग जिसका अर्थ "आधा" होता है ; **Semi-annual** (-ॲन्-यु-अल्)-*adj.* recurring twice a year. अर्धवार्षिक, छमाही, छः महीने पर होनेवाला; **Semi-annular** (-ॲ-न्यु-लर्)-*adj.* semicircular. अर्धवृत्ताकार; **Semi-articulate** (-आर्-टिक्-यु-लेॅट्)-*adj.* joined loosely. ढीला बँधा हुआ ; **Semi-barbarian** (-बार्-बेॅअर्'-इ-अन्)-*n.* a half civilized person. अर्ध-सभ्य मनुष्य ; **Semi-barbarous** (-बार्-ब-रस्)-*adj.* half-civilized. अर्ध-सभ्य ; **Semicircle** (-सर्'-कुल्)-*n.* half of a circle अर्धवृत्त; **Semi-circular** (-सर्'-क्यु-लर्) -*adj.* of the form of a half circle. अर्धवृत्ताकार ; **Semi-circumference** (-सर्-कम्'-फ़र्-ॲन्स्)-*n.* half of a circumference. वृत्त की अर्ध परिधि; **Semicolon** (-को-लन्)-*n.* the mark used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिह्न; **Semi-conscious** (-कॉन्'-शस्)-*adj.* half conscious. आधा सचेत; **Semi-crystalline**(-क्रिस्'-टल्-आइन्)-*adj.* partially crystalline. थोड़ा रवा बना हुआ; **Semi-cylindrical** (-सिल्-इन्'-ड्रि-कल्)-*adj.* of the shape of a half cylinder. खड़े बल में आधे बेलन के आकार का; **Semi-detached** (-डी-टॅच्ड्)-*adj.* detached on one side. एक ओर अलगाया हुआ; **Semi-diameter** (-डाइ-अ-मिटर्)-*n.* half of the diameter of a circle, radius. वृत्त का अर्धव्यास; **Semi-diurnal** (-डाइ-अर्न्-अल्)-*adj.* lasting half a day. आधे दिन का ; **Semi-dome** (-डोम्)-*n.* half of a dome. आधा गुम्बज; **Semi-final** (-फ़ाइ-नल्)-*adj.* before completion. अन्त के पहिले का; **Semi-form** (-फ़ॉर्म्)-*n.* half of the appearance. अर्ध आकृति; **Semi-fluid** (-फ्लु'-इड्)-*adj.* imperfectly fluid. अर्धतरल, गाढ़ा; **Semi-lunar** (-ल्यू -नर्)-*adj.* of the shape of half moon. अर्ध-चन्द्राकार; **Semi-independent** (-इन्-डि-पेॅन्ड्'-ऐन्ट्)-*adj.* partially independent. अर्ध-स्वतन्त्र, जो पूरी तरह स्वतन्त्र न हो; **Semi-menstrual** (-मेॅन्'-स्ट्रु-अल्)-*adj.* halfmonthly. अर्धमासिक; **Semi-metal** (-मेॅटल्) -*n.* a nonmalleable metal. ऐसी धातु जो पीटने से नहीं बढ़ती, यथा—स्रोतोञ्जन, सुरमा।

Seminal-सेॅमिनल्-*adj.* pertaining to seed, propagative, rudimentary. शुक्र-सम्बन्धी, बीज-सम्बन्धी, प्राथमिक।

Seminally-सेॅमिनलि - *adv.* primarily. आदि अवस्था में।

Seminary-सेॅमिनरि-*n.* (*pl.* Seminaries.) a place of education, academy. शिक्षालय, पाठशाला।

Seminate-सेॅमिनेॅट्-*v.t.* to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना; **Semination** (-नें-शन्)-*n.* the act of sowing. बीज बोने की क्रिया ; **Seminiferous** (-निफ़्रस्)-*adj.* seed-growing. बीज उत्पन्न करनेवाला; **Seminific** (-निफ़िक्) -*adj.* producing seed. बीज उत्पन्न करनेवाला।

Seminude-सेॅमि-न्यूड्-*adj.* half-naked. आधा नंगा।

Semiology, Semiotics-सेॅमि-ॲ-लॅ-जि, (-ऑटिक्स्)-*ns.* the branch of medical science which deals with the symptoms of diseases. चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड।

Semiopaque- सेॅमि-ओ - पेॅक् - *adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक ; **Semi-osseous** (-ऑस्'-यस्)-*adj.* partially bony. जिसमें हड्डी के कुछ अंश हों, अर्ध-अस्थिमय; **Semi-pellucid** (-पेॅल्-ल्यु'-सिड्)-*adj.* nearly transparent. प्रायः पारदर्शक; **Semi-savage** (-सॅव्'-ऐज्)-*adj.* partially tamed. थोड़ा पलुआ ; **Semi-transparent** (-ट्रॅन्-स्पेॅअर्-ऐन्ट्)-*adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-vitreous**

(-ग्लि‍ट्रि-अस्) *-adj.* partially glossy कुछ चमकीला ।

Semi-vowels-सेॅमि-व़ॉ-वेॅल्स्-*n.* letters which are half vowels. अन्तःस्थ वर्ण ।

Semi-weekly-सेॅमि-वीक्-लि-*adj.* half-weekly. अर्ध-साप्ताहिक ।

Semolina-सेॅम्'-अॅ-ली'-ना-*n.* Hard grains used in puddings, soups &c. दलिया, सूजी ।

Sempervirent-सेॅम्-पर्-व़ाइ'-रॅन्ट्-*adj.* ever-green, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदाबहार ।

Sempitern (al)-सेॅम्पिटर्न् (-अल)-*adjs.* everlasting, eternal. अनन्त (नित्य), सर्वदा रहनेवाला ।

Sempster-सेॅम्-स्टर्-*n.* (*fem.* **Sempstress**) one who sews. सीनेवाला, दर्जी ।

Sen-सेॅन्-*n.* Japanese copper coin. जापान का ताँबे का सिक्का ।

Senary-सेॅनरि-*adj.* on the basis of six, containing six. छः के क्रम का, जिसमें छः हो ।

Senate-सेॅ-नेॅट्-*n.* a state council, the governing body of a university, a legislative body. मंत्रिसभा, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति, प्रबन्धकर्ता लोग ।

Senator-सेॅ-नेॅटर्-*n.* the member of a senate. मंत्रिसभा के सभासद ।

Senatorial-सेॅ-नेॅ-टोरिअल्-*adj.* pertaining to senate. शिष्ट समाज-सम्बन्धी ; **Senatorially** (-लि)-*adv.* in a senatorial manner. शिष्ट समाज-सम्बन्ध में ।

Senatorship-सेॅ-नेॅ-टर्-शिप्-*n.* the dignity of a senator. सभासद का पद ।

Send-सेॅन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Sent**) to cause to go, to dispatch, to cast or impel. फेंकना, भेजना, पठवाना; **To send away** (to dispatch.) प्रस्थान कराना, रवाना करना; **To send bullet** (to shoot.) गोली चलाना; **To send for** (to cause to come.) बुलवाना; **To send forth** (to dispatch.) भेजना; **To send word** (to dispatch a message.) सन्देश भेजना ।

Sendal-सेॅन्डल्-*n.* a kind of silken fabric. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र ।

Sender-सेॅन्डर्-*n.* one who or that which sends. भेजनेवाला ।

Send-off-सेॅन्ड्-ऑफ्-*n.* a start on a journey. विदाई ।

Senescence-सिनेॅ-सेॅन्स्-*n.* the state of growing old; decay. वृद्धावस्था, नाश ।

Senescent-सिनेॅ-सेॅन्ट्-*adj.* growing old. वृद्ध होनेवाला ।

Seneschal-सेॅनिशल्-*n.* a steward. सरदार, कारिन्दा, अमीर का अनुचर ।

Senile-सी-नाइल्-*adj.* pertaining to old age. वृद्धावस्था-सम्बन्धी ।

Senility-सीनिलिटि-*n.* old age. वृद्धत्व, बुढ़ापा ।

Senior-सीनिअर्-*adj.* more advanced or superior in age, elder of a higher degree or rank. वयोवृद्ध, आयुष्य (उम्र) में बड़ा, बड़े पद का;-*n.* one older than another. जेठा, वृद्ध पुरुष; **Senior in office** (an officer who is superior in rank.) अधिकार में बड़ा अफ़सर ।

Seniority-सीनि-अॅ-रिटि-*n.* priority in age or office. पद या वय का बड़ापन ।

Senna-सेॅनाँ-*n.* dried leaves of a plant used as a laxative. सनाय की पत्ती, एक रेचक औषधि ।

Sennet-सेॅ-नेॅट्-*n.* signal call or trumpet. तुरही बजाकर संकेत ।

Sennight-सेॅनाइट्-*n.* seven nights, a week. सप्ताह, सात दिन ।

Sennit-सेॅ-निट्-*n.* a braided round or flat cord. चिपटा या गोल रस्सा ।

Senocular-सिनॉक्युलर्-*adj.* having six eyes. छः आँखोंवाला ।

Sensation-सेॅन्सेॅशन्-*n.* perception of the external objects by the senses, consciousness of perceiving, a feeling, a matter of excitement for the public. इन्द्रियजनित ज्ञान, चेतना (बोध), प्रत्यक्ष अनुभव, सर्वसाधारण के लिये उत्तेजक या सनसनीदार बात ।

Sensational-सेॅन्सेॅशनल्-*adj.* pertaining to the sense of perception. चेतना-सम्बन्धी; **Sensationally** (-लि) *-adv.* in a sensational manner. प्रत्यक्ष रूप में ; **Sensationalism** (-इज़्म्)-*n.* the theory that ideas come through sense of impressions. यह सिद्धान्त कि सब ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा ही प्राप्त होते है; **Sensationalist** (-इस्ट्) -*n.* a follower of sensationalism. इन्द्रियजनित ज्ञान के सिद्धान्त का अनुयायी ।

Sense-सेॅन्स्-*n.* the faculty by which sensation is aroused, discernment, ability to perceive or feel, consciousness of understanding, meaning, prevailing sentiment, sensibility. इन्द्रिय-ज्ञान, चैतना, बुद्धि, अभिप्राय (अर्थ), तात्पर्य ; **A man of sense** (a wise person.) बुद्धिमान् मनुष्य ; **Commonsense** (practical wisdom.) विवेक-बुद्धि ; **Literates ense** (meaning.) शब्दार्थ ; **Out of senses** (mad.) बुद्धिभ्रष्ट, पागल ; **Pleasures of senses**

(pleasures depending on sensation.) विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; **Sense of action** (organ or limb of the body that functions.) कर्मेन्द्रिय ; **Sense of obligation** (appreciation of obligation.) कृतज्ञता; **Sense of perception** (faculty of perceiving through the senses.) ज्ञानेन्द्रिय की शक्ति; **Sense of pleasure** (consciousness of pleasure.) सुख का अनुभव ; **To bring to senses** (to bring to consciousness.) चैतन्य करना, होश में लाना।

Senseless - सेँन्स् - लॅस् - *adj.* unreasonable, foolish. ज्ञानहीन, निर्बुद्धि; **Senselessly** (-लि) *-adv.* in a senseless manner. निर्बुद्धिता से; **Senselessness** (-नॅस्)*-n.* stupidity, absurdity. मूर्खता, ज्ञानशून्यता।

Sensibility-सेँन्सिबिलिटि*-n.* delicacy of feeling सूक्ष्म बोध, चेतनता।

Sensible-सेँ-न्सि-ब्ल्*-adj.* perceptible by the senses, appreciable, reasonable, practical, of good sense, intelligent, judicious. इन्द्रियग्राह्य (इन्द्रियों से जानने योग्य), युक्त, उचित, लौकिक, विचारवान्, सज्जन, बुद्धिमान, न्याय।

Sensibleness-सेँ-न्सि-ब्ल्-नॅस्*-n.* the state of being sensible. ज्ञान, चेतनता।

Sensibly-सेँ-न्सिब्लि*-adv.* in a sensible manner. सद्‌बुद्धि से।

Sensific-सेँन्सिफ़िक् - *adj.* producing sensation. इन्द्रियजनित ज्ञान उत्पन्न करनेवाला।

Sensitive-सेँ-न्सि-टिव् *-adj.* having feeling, delicate, quick to the touch. सचेतन, कोमल-हृदय, सूक्ष्मग्राही; **Sensitively** (- लि) *-adv.* in a sensitive manner. सूक्ष्म चेतना से ; **Sensitive market** (a market which is liable to quick changes.) जल्दी-जल्दी भाव बदलने का बाजार ; **Sensitiveness** (-नॅस्)*-n.* the state of being sensitive. शीघ्र-बोध ; **Sensitive paper** (a paper which receives impressions from light.) प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फ़ोटो का कागज़; **Sensitive plant** (a kind of shrinking mimosa.) लज्जावती, छुईमुई, ऐसा पौधा जिसकी पत्तियाँ छूने पर लटक जाती हैं; **Sensitivity** (-इ - टि) *-n.* sensitiveness. सूक्ष्म-ग्राही गुण।

Sensitize-सेँ-न्सि -टाइज़्'*-v. t.* to render sensitive. फ़ोटो का कागज प्रकाश-ग्राही बनाना ; **Sensitizer** (-अर्) *-n.* one who sensitizes. ऐसा कागज़ इत्यादि बनानेवाला।

Sensorial, Sensory-सेँन्सोरिअल्, (-रि) - *adjs.* pertaining to sensorium. मस्तिष्क-सम्बन्धी।

Sensorium-सेँन्-सोरि-अम्*-n.* (*pl.* **Sensoria**) seat of sensation, the brain with its appendages. ज्ञान-स्थान, मस्तिष्क।

Sensual-सेँन्स्यु(शु)अल्*-adj.* of the senses, pleasing to the senses, voluptuous, licentious. इन्द्रियवश, शारीरिक सुख लेनेवाला, विषयासक्त, कामी; **Sensualism**-सेँन्स्यु(शु)अलिज़्म*-n.* subjection to sensual feelings. विषय-सुख, इन्द्रिय-जनित सुख; **Sensualist** (-इस्ट्)*-n.* a voluptuary. विषय-सुख की लालसा करनेवाला; **Sensuality** (-इटि)*-n.* gratification of appetites. इन्द्रिय-सुख; **Sensualization** (-आइ-ज़े-शन्) *-n.* voluptuousness. विषय-सुख; **Sensualize** (-आइज़्) *-v. t.* to debase by carnal gratifications. विषयासक्त करना ; **Sensually** (-लि) *-adv.* in a sensual manner. विषय-सुख से; **Sensualness** (-नॅस्)*-n.* the state of being sensual. विषय-सुख।

Sensuous-सेँन्सु(शु)अस्*-adj.* derived from the senses. इन्द्रिय (विषय) जनित ; **Sensuously** (-लि)*-adv.* in a sensuous manner. इन्द्रिय-सुख से ; **Sensuousness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being sensuous. विषय-सुख।

Sent-सेँन्ट्'*-p. t. & p. p.* of **Send.**

Sentence -सेँन्टॅन्स्*-n.* a man's opinion on something, maxim, proverb, verdict of a judge, a set of words with a complete meaning. विचार-सूत्र, कहावत, दण्ड की आज्ञा, पद-समूह, वाक्य;*-v. t.* to pass judgment on. दण्ड की आज्ञा देना ; **Compound sentence** (a sentence containing more than one subject and predicate.) एक से अधिक उद्देश्य और विधेय का वाक्य, संयुक्त वाक्य ; **Complex sentence** (a sentence containing several dependent clauses.) प्रधान तथा अप्रधान उपवाक्यों से बना हुआ वाक्य, मिश्रित वाक्य; **Simple sentence** (a sentence containing only one subject and one pre-dicate.) साधारण या सरल वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो ; **To sentence to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड की आज्ञा देना।

Sentential -सेँन्टॅन्शल् *-adj.* pertaining to a sentence. वाक्य-सम्बन्धी।

Sententious-सेँन्टॅन्शस्*-adj.* abounding with axioms or clauses सूत्रमय, छोटे वाक्यों से पूर्ण; **Sententiously** (-लि)*-adv.* in a sententious

manner. सूत्र रूप में ; **Sententiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being sententious. सूत्रपूर्णता ।

Sentience-सेन्श्यन्स्-*n.* consciousness. चेतना ।

Sentient-सेन्श्यन्ट्-*adj.* having the power of perception by the senses (चेतना) इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति रखनेवाला; **Sentiently** (-लि) - *adv.* in a conscious manner. चेतन रूप में ।

Sentiment-सेन्टि-मेन्ट् -*n.* thought which is prompted by emotion, sensibility,tendency to be led by feeling, emotion. मत, कल्पना, बुद्धि, भाव, रस ; **Sentimental** (-अल्)-*adj.* abounding in sentiments. रसिक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला; **Sentimentalism** (-अल्-इज़्म्) -*n.* sentimentality. रसिकता; **Sentimentalist** (-अल्- इस्ट्) -*n.* one who effects sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला।

Sentimentality-सेन्टिमेन्टॉलिटि-*n.* sensibility. भावना ।

Sentimentalize-सेन्टिमेन्टलाइज़्-*v. t.* to affect sensibility. रसिकता या भाव उत्पन्न करना ।

Sentimentally-सेन्टिमेन्टलि-*adv.* in a sentimental manner. रसिकता से ।

Sentinel-सेन्टिनल् -*n.* a soldier to keep guard, a watch रक्षापुरुष, चौकीदार, सन्तरी ; -*v. t.* to guard पहरा देना ।

Sentry-सेन्ट्रि-*n.*(*pl.* **Sentries.**) a soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार ; **Sentry box** (a box to shelter a sentry.) सन्तरी के खड़े रहने का कटघरा ।

Sepal-सेप्'-अल्-*n.* a division of calyx. फूल की पँखड़ी का भाग ।

Separability- सेपरविलिटि - *n.* separableness. पृथक्त्व ।

Separable-सेप-रेबूल्-*adj.* that can be separated. अलगाने योग्य ।

Separableness- same as **Separability**.

Separably-सेप-रेब्लि-*adv.* in a separable manner. अलगाने योग्य ढंग से ।

Separate-सेप-रेट्' -*v. t. & i.* to disunite, to divide into parts, to sever, to withdraw. अलग होना, अलगाना, विभाग करना, पृथक् होना; -*adj.* disconnected, distinct. पृथक्, अलग ; **Separate estate** (a married woman's personal property.) स्त्रीधन; **Separately** (-लि)-*adv.* in a separate manner. भिन्न, पृथक्, अलग-अलग ; **Separateness** (-नेस्)-*n.* the quality of being separate. पृथक्त्व, भिन्नता ।

Separation- सेपरेशन् - *n.* disjunction, disunion. वियोग, विरह, पृथक्करण ।

Separative-सेप'-रे -टिव्-*adj.* pertaining to separation. अलगाव या पृथक्करण-सम्बन्धी ।

Separator-सेपरेटर्-*n.* one who or that which separates. पृथक् करनेवाला, अलगानेवाला ।

Separatum-सेप'-रे'-टम्-*n.* (*pl.* **Separata.**) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख ।

Sepia-सी'-पि-अॉ-*n.* a kind of fish, a black-brown pigment used in painting. एक प्रकार की मछली, रंगसाज या चित्रकार का काला-भूरा रंग ।

Sepoy-सी'-पॉय्-*n.* (*pl.* **Sepoys.**) a native Indian soldier. सिपाही ।

Seps-सेप्स्-*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली ।

Sepsis - सेप्सिस् - *n.* putrefaction, blood-poisoning. रुधिर दूषित होना, घाव इत्यादि का सड़ना ।

Sept-सेप्ट्-*n.* a clan. घराना, वंश ।

Sept, Septem, Septi-सेप्ट्, सेप्टम्, सेप्टि-*pref.* in the sense of "seven". 'सप्तम' या 'सात' अर्थ के उपसर्ग ।

Septal-सेप्टल्-*adj.* of a thing partitioned into many parts. कई भागों में विभक्त पदार्थ का ।

Septan- सेप्टन्-*n.* occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला (ज्वर) ।

Septangle-सेप्टैङ्गल्-*n.* a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति ।

Septate-सेप्टेट्-*adj.* partitioned. दो भागों में विभक्त हुआ ।

Septation - सेप्टेशन्-*n.* division into two parts. दो अंशों में विभाग ।

September-सेप्टेम्बर्-*n.* the ninth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का नवाँ महीना ।

Septempartite - सेप्टेम्पार्टाइट् - *adj.* divided into seven parts. सात भागों में विभक्त ।

Septemvir-सेप्टेम्वर् - *n.* one of the seven men forming a government.शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक ।

Septenary-सेप्टिनरि-*adj.* consisting of seven. सप्तक, सात का ।

Septennate -सेप्टिनेट् -*n.* a period of seven years. सात वर्ष का काल ।

Septennial-सेप्टेनिअल्-*adj.* occurring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला;

Septennially (-लि) *-adv.* once in seven years. सात वर्ष में एक बार।

Septentrion-सेॅप्टेॅन्ट्रिअन्-*adj.* northern. उत्तर दिशा-सम्बन्धी।

Septet- सेॅप्टेॅट्-*n.* a party of seven. सात का समुदाय।

Septfoil-सेॅप्ट्'-फ़ॉएॅल - *n.* having seven leaves. सतपतिया।

Septic-सेॅप्टिक्-*adj. & n.* involving putrefaction or poisoning of blood. रक्त को विषैला करनेवाला पदार्थ।

Septicaemia-सेॅप्टि-सी'-मि-आ - *n.* poisoning of the blood रुधिर का विषैला होना; **Septicaemic** (-मिक्) *-adj.* producing blood poisoning. ऐसी अवस्था का।

Septicidal-सेॅप्टि-साइडल्-*adj.* splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला।

Septicity-सेॅप्टिसिटि *-n.* putrefaction. सड़ाहट।

Septifarious - सेॅप्टिफ़ेॅरिअस् - *adj.* turned in seven different ways. सात भिन्न ओर मुड़ा हुआ।

Septifluous-सेॅप्टि'-फ्लु- अस् - *adj.* flowing in seven streams. सात धाराओं में बहता हुआ।

Septiform- सेॅप्टि - फ़ॉर्म् - *adj.* having seven parts. सात भाग या अंश का।

Septilateral-सप्टिलॅटरल् *-adj.* having seven sides. सात भुजाओं का।

Septimal - सेॅप्टिमल् - *adj.* of the number seven. सात अंकवाला।

Septinsular - सेॅप्टिन्सुलर् - *adj.* of seven islands. सात टापुओं का।

Septon - सेॅप्टन् - *n.* that which promotes putrefaction मलिनता उत्पन्न करनेवाला।

Sibylline-सिबिलाइन्-*adj.* pertaining to sibyls. भविष्यवाणी-सम्बन्धी, जादूगरनी का।

Sic-सिक्-*adv.* so, thus. इस प्रकार से।

Siccation-सि-के-शन्-*n.* the act of drying. सुखाने का कार्य।

Siccative-सि-के-टिव्-*adj.* having the property of drying. सूखनेवाली।

Sice-साइस्-*n.* the six at dice. पासे में का छक्का

Sice, Syce-साइस्-*n.* a groom. साईस।

Sick-सिक्-*adj.* affected with a disease, ill, disturbed, disgusted, tired, inclined to vomit. रोगग्रस्त, अस्वस्थ, व्याकुल, विरक्त, पीड़ित, दुःखी, क्लान्त, जी मचलाता हुआ; -*v.t.* to urge a dog for killing a rat. चूहा मारने के लिए कुत्ते को ललकारना; **Sick-bed** (a bed of an invalid.) रोगी की शय्या; **Sick leave** (a leave of absence owing to ill-health.) अस्वास्थ्य की छुट्टी ; **Sick of fever** (suffering from fever.) ज्वर से पीड़ित; **Sick of love** (lovesick.) प्रेमातुर ; **Sick of the world** (feeling dissatisfied with worldly affairs.) संसार से विरक्त; **Sick-room** (a room occupied by a sick person.) रोगी का कमरा; **To feel sick** (to feel nausea.) जी मचलाना।

Sicken-सिक्'-न्-*v.i. & t.* to grow ill, to show symptoms of illness, to grow weak and languid, to feel nausea, to feel disgust at. रोगी होना, व्यथित होना, दुर्बल होना, वमन करने की इच्छा करना, घृणा का अनुभव करना।

Sickener-सिक्नर्-*n.* the cause of disgust. घृणा का कारण।

Sickening-सिक्'-निङ्ग्-*adj.* making sick, disgusting. मचली पैदा करनेवाला, घृणा उत्पन्न करनेवाला ; **Sickeningly** (-लि)-*adv.* in a sickening condition. मचली या घृणा पैदा करते हुए।

Sickle-सिक्'-ल्-*n.* a reaping hook. हँसिया, हँसुआ ; **Sickle-feather** (the long curved feather in cock's tail.) मुर्गे की दुम का बिचला बड़ा टेढ़ा पर।

Sickle.

Sickliness-सिक्'-लि-नेस्-*n.* the state of being sickly. अस्वास्थ्य।

Sickly-सिक्'-लि-*adj.* (*comp.* Sicklier, *sup.* Sickliest.) prone to be ill, not healthy, weak, connected with nausea. रोगीवत्, अशक्त, दुर्बल, वान्ति-सम्बन्धी।

Sickness-सिक्'-नेस्-*n.* the state of being sick, disease. रोग, व्याधि।

Side-साइड्-*n. & adj.* one of the surfaces of an object, visible surface, margin, bounding line of a figure, part of ribs, arm, party. किनारा, ओर (तरफ़, बगल), किसी आकृति

की परिधि, पसली का भाग, भुजा, पक्षपात, दल; -*v. i.* & *t.* to embrace the opinion of a party, to stand at the side of. पक्ष लेना, भाग लेना; -*adj.* lateral, of the opposite party. बगल का, दूसरे पक्ष का; **On all sides** (in all directions.) चारों ओर ; **On both sides.** दोनों ओर ; **On the other side** (on the opposite side.) उस पार ; **On this side of the grave** (in the world, in life.) संसार में, जीवन में; **Opposite side** (opposite party.) विपक्ष; **Outer side** (outer portion.) बाहरी भाग; **Side by side** (standing close together.) आसपास ; **Side-car-** (-कार्)-*n.* a vehicle attached to a motor-cycle. मोटर साइकिल में हाँकनेवाले के अतिरिक्त दूसरे के बैठने की गद्दीदार कुरसी; **Side-issue** (-इश्-यू)-*n.* a distracting point. चित्त हटानेवाला विषय; **Side-line** (-लाइन्)-*n.* a line running along one side of thing or space, a branch railway-line, a rope used for securing an animal by tying the legs on one side, work &c. carried on apart from one's main work. किसी वस्तु या स्थान के एक ओर जानेवाली रेखा या पथ, शाखा रेल-पथ, जानवर के एक ओर की टाँगों को बाँधकर उसे फँसा रखने की रस्सी. अप्रधान व्यवसाय ; **Side-long** (-लॉङ्ग्)-oblique. तिर्छा ; **Side-note** (-नोट्)-*n.* a marginal note. हाशिये पर की टीका ; **Side-saddle** (-सॅड्-ल्) -*n.* a saddle for a woman rider. औरतों की घुड़सवारी की ज़ीन; **Side-view** (oblique view.) एक ओर का चित्र; **Sideward(s)** (-वर्ड्-स्)-*adv.* towards the side. बगल की ओर ; **Side-ways** (-वेज़्) -*adv.* obliquely. तिर्छी ओर; **To be on the side of** (to take the cause of.) पक्ष में होना ; **To shake one's sides** (to laugh heartily.) ठनाका मारकर हँसना; **To take sides** (to take the cause of.) पक्षपात करना ।

Sidereal-साइडीरिअल्-*adj.* of the stars, star-like, bright. तारा-सम्बन्धी, तारे के समान, चमकीला ; **Sidereal year** (the period in which the earth makes one revolution in its orbit.) वह समय जिसमें पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर लगाती है ।

Siderographist-सिडरोग्रफ़िस्ट्-*n.* one who engraves on steel. पक्के लोहे पर नकाशी करनेवाला ।

Siding-साइडिङ्ग्-*n.* a short track by the side of a railway line on which trains are shunted from the main line. रेल की लाइन का मोड़, बगल की लाइन ।

Sidle-सि-ड्ल्-*v. t.* to walk obliquely. तिर्छे चलना ।

Sidling-सिड्'-लिङ्ग्-*n.* oblique motion, तिर्छी गति ।

Siege-सीज् -*n.* operation of besetting or surrender of a fortified place. अवरोध, घेरा; -*v. t.* to besiege. घेरा डालना; **To lay siege to** (to begin besieging.) घेरा डालना प्रारम्भ करना; **To raise the siege** (to abandon attempt to take.) घेरा डालने की क्रिया छोड़ देना ।

Sienna-सि-ऍनॉ-*n.* earth of brownish-yellow colour used as pigment. रंग बनाने के काम में आनेवाली भूरे रंग की मिट्टी ।

Siesta-सिऍस्टॉ-*n.* a short sleep at mid-day in hot countries. गरम देशों में दोपहर की अल्प निद्रा ।

Sieve-सीव्-*n.* a vessel with holes at the bottom for separating finer from coarser parts of anything. झरनी, चलनी ; -*v. t.* to place in a sieve. चलनी में रखना ।

Sift-सिफ़्ट्-*v. t.* & *i.* to separate into finer and coarser parts with a sieve, to examine in detail. चलनी से झारना या अलगाना, सूक्ष्म परीक्षा करना ।

Sifter-सिफ़्टर्-*n.* one who or that which sifts. चालने या सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला ।

Sigh-साइ-*v. i.* & *t.* to draw a deep audible breath, to lament, to express grief by sighs. दीर्घ श्वास तथा निःश्वास लेना, आह भरना, विलाप करना, आह लेकर दुःख प्रकट करना;-*n.* a deep respiration. गहरी साँस, आह; **Sighing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of respiring. निःश्वास; **Sighingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sighing manner. निःश्वास में ।

Sight-साइट्-*n.* the act of seeing, view, spectacle, the faculty of vision, thing seen, show, the range within which one can see. दृष्टि, दर्शन, चमत्कार (कौतुक), दृष्टिविषय, नेत्रदृश्य, लीला, दृष्टिपथ; -*n. pl.* noteworthy features (ब० व०) दर्शनीय दृश्य;-*v. t.* to adjust sight on fire-arms, to get sight of. निशाने पर निगाह लगाना, दृष्टिपथ में लाना ; **At first sight** (prima facie.) देखते ही; **In sight of** (visibly.) प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, निगाह में; **Out of sight.** परोक्ष में, ओझल, निगाह से बाहर; **Out**

of sight, out of mind (forgetting the absent.) अनुपस्थित को भूल जाना; Payment at sight. दर्शनी हुण्डी; To know by sight. देखते ही पहिचान लेना; To put out of sight (to hide.) छिपा देना; Within sight (visible.) दृष्टिगोचर; Sight-bill (a bill to be paid at a sight.) दर्शनी हुण्डी।

Sighted-साइटॅड्-*adj*. aimed. निशाना लगाया हुआ।

Sightless-साइट्'-लॅस्-*adj*. wanting sight, blind. अदृश्य, अन्धा।

Sightliness-साइट्-लि'-नॅस्-*n*. beauty. सुन्दरता, मनोहरता।

Sightly-साइट्'-लि-*adj*. pleasing to the eye, comely. देखने योग्य, सुन्दर (मनोहर)।

Sight-reading-साइट्-रीड्- इङ्ग् - *n*. reading shorthand &c. at first sight. सांकेतिक अक्षरों इ० को देखते ही पढ़ लेना; Sight-seer (-सी-अर्) -*n*. a view-hunter. दृश्यों का अवलोकन करनेवाला।

Sigil-सिजिल्-*n*. a seal. ठप्पा।

Sigillate-सिजि-लेट्-*adj*. with a stamped impression. ठप्पेदार।

Sigmate-सिग्मेट्-*adj*. of the shape of S. ऍस् अक्षर की आकृति का।

Sigmatic-सिग्मैटिक्-*adj*. of the form of S. ऍस् की आकृति का।

Sign-साइन्-*n*. a thing used as the representation of something, symbol, token, gesture, an omen. चिह्न, संकेत, लक्षण, सैन, शकुन; -*v. t. & i*. to mark with a sign, to signify, to affix one's signature to. अपने नाम के अक्षरों से अङ्कित करना, चिह्न करना, संकेत करना, हस्ताक्षर करना।

Signable-साइनॅ-बल्-*adj*. able to be signed. हस्ताक्षर योग्य; Negative sign (—) sign of subtraction (called *minus*.) ऋण-चिह्न; Positive sign (+) sign of addition (called *plus*.) धन का चिह्न।

Signal-सिग्नल्-*n*. a sign conveying information or direction, a message made by such signs. संकेत, चिह्न; -*adj*. remarkable, conspicuous, noteworthy. विशेष, अपूर्व, असाधारण, स्मरण करने योग्य; -*v. t. & i*. (*p. t.* Signalled.) to announce by signals. संकेत करना, सांकेतिक चिह्न द्वारा तार देना; Signal-gun -*n*. a gun fired as a signal. संकेत के लिये छोड़ी गई तोप।

Signalize-सिग्नलाइज़्-*v. t*. to make remarkable. प्रसिद्ध करना, यश प्राप्त करना।

Signaller-सिग्न-ल-र्-*n*. one who works at railway signals. संकेत करनेवाला, तार का समाचार भेजनेवाला।

Signally-सि-ग्न-लि-*adv*. in a conspicuous manner. असाधारण रूप से।

Signatory-सिग्नॅटरि-*n*. the party who has signed a contract or treaty. सन्धिपत्र इत्यादि पर हस्ताक्षर करनेवाला मनुष्य।

Signature-सिग्नॅ-चर्-*n*. a person's name written by himself. स्वनाम-लेखन, हस्ताक्षर।

Signboard-साइन्'-बोर्ड्-*n*. a board on which the name of a trader is put up. तख्ता जिस पर व्यापारी अपना नाम इत्यादि लिखकर अपने कार्यालय के बाहर टाँगता है, विज्ञापन-पट।

Signer-साइनर्-*n*. one who signs. हस्ताक्षर करनेवाला।

Signet-सि-ग्नॅट्-*n*. a private seal. मुद्रा, मुहर; The signet (The Royal Seal.) राजकीय मुद्रा; Signet-ring (a finger-ring with a seal on it.) अँगूठी जिस पर मुहर खुदी हो।

Significance-सिग्निफ़िकन्स् - *n*. importance, impressiveness, import, meaning, force. गौरव, प्रतिष्ठा, अभिप्राय, अर्थ, शक्ति; Significant (-कॅन्ट्)-*adj*. expressive, suggestive, important,with a meaning. अर्थ-पूर्ण, चरितार्थ, आवश्यक, अभिप्रायपूर्ण; Significantly (-लि) -*adv*. in an expressive manner. अर्थपूर्णता से।

Signification-सिग्निफ़िकेशन्-*n*. act of signifying, exact sense, import. अर्थ, अभिप्राय, शब्दशक्ति।

Significative - सिग्निफ़िकेटिव् - *adj*. having signification or meaning. अर्थसूचक, अभिप्रायपूर्ण; Signify (सिग्नि-फ़ाइ)-*v. t. & i*. (*p. t.* Signified.) to declare, to have meaning, to intimate. सूचित करना, अर्थ बतलाना, प्रकट करना।

Sign-manual-साइन्-मॅ-न्युअल् - *n*. signature made by a person's own hand, royal signature. स्वहस्ताक्षर, राजा का हस्ताक्षर।

Signor-सीन्'-यॅ-र्-*n*. (also Signore-सिन्योरे) an Italian title equal to Mr. महाशय; Signpost-साइन्'-पोस्ट्-*n*. a post on which a sign is hung, a direction post. पताका का स्तम्भ, मार्ग-सूचक स्तम्भ।

Signora-सि-न्योरॉ-*n*. Mrs. महोदया।

Silence-साइ'-लॅन्स्-*n*. being silent, stillness, taciturnity, oblivion, secrecy. मौन (भाषण

न करना), शान्ति, चुप्पी, सन्नाटा, गुप्त भाव;-*v.t.* to make silent. चुप करना, मुख बन्द करना; *interj.* be silent. ! चुप रहो ! Silence (order for being silent.) चुप रहने की आज्ञा।

Silencer-साइ' - लॅन्सर् - *n.* an appliance for reducing sounds. यन्त्र में शब्द कम करने का साधन।

Silent-साइ'-लॅन्ट्-*adj.* not uttering a sound, mute, taciturn. निःशब्द (मूक), निरुत्तर, चुप; Silently (-लि)-*adv.* in a silent manner. मौन रहकर।

Silenus-साइ-ली'-नस्-*n.* a drunken old man. मदिरा पिया हुआ वृद्ध पुरुष।

Silesia-साइलीश्या-*n.* a kind of thin cloth. अस्तर देने का महीन कपड़ा।

Silhouette-सिलुएॅट्-*n.* the portrait of a person in outline only. केवल बाह्य रेखा दिखलानेवाला चित्र; -*v.t.* to represent in silhouette. इस प्रकार का चित्र बनाना।

Silhouette.

Silica -सिलिका - *n.* a hard white mineral, a kind of quartz. एक प्रकार का कड़ा सफेदपत्थर, अग्नि-प्रस्तर।

Silicate-सिलिकेॅट् - *n.* the combination of silica with a base. अग्नि-प्रस्तर का मिश्रण; Silicated (-टेॅड्)-*adj.* combined with silica. अग्नि प्रस्तर से मिला हुआ।

Siliceous-सि-लिशॅस्-*adj.* containing silica. अग्नि-प्रस्तर से युक्त।

Silicify-सि-लि-सि-फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* Silicified.) to convert into silica. सफ़ेद पत्थर (अग्नि प्रस्तर) बन जाना या बनाना।

Silicon-सिलिकन्-*n.* a non-metallic element. एक अधातु विशेष तत्त्व।

Silk-सिल्क्-*n.* a fine soft thread produced in the cocoon by a silkworm, cloth made of this. रेशम, रेशमी कपड़ा;-*n.pl.* garments made of silk. (ब०व०) रेशमी पोशाक; Silk-cotton (-कॉटन्) - *n.* a silky fibre of various kinds produced by tropical trees of the genus Bombax and others. सेमल, शाल्मली।

Silken-सिल्क्'-न्-*adj.* made of silk, soft, delicate. रेशमी, कोमल, चमकदार।

Silkiness-सिल्किनॅस्-*n.* the qualities of silk, softness. कोमलता, चिकनाहट।

Silk-winder-सिल्क्'-वाइन्डर्-*n.* an appliance for unwinding silk from cocoons. रेशम उधेड़ने का चरखा।

Silkworm-सिल्क्'-वर्म्-*n.* a caterpillar which produces silk. रेशम का कीड़ा।

Silky-सिल्कि-*adj.* soft as silk, made of silk. रेशम के समान कोमल, रेशमी।

Sill-सिल्-*n.* a slab of stone or wood at the foot of a door or window. देहली, दासा।

Sillery-सि-लरि-*n.* a kind of sparkling wine. एक प्रकार की चमकदार मदिरा।

Sillily-सि-लि-लि - *adv.* in a silly manner. भोलेपन से।

Silliness-सि-लि-नॅस्-*n.* the quality of being silly. भोलापन।

Silly-सि-लि-*adj.* (*comp.* Sillier, *sup.* Silliest.) innocent, unwise, foolish, weak-minded. भोला, मतिहीन, निर्बुद्धि, अल्पमति।

Silo-साइ-लॅा-*n.* a pit for storing green crops. हरी फसल इकट्ठा करने का गड्ढा।

Silt-सिल्ट्-*n.* sediment deposited by running water. पानी की धारा से इकट्ठा की हुई मिट्टी या रेत; -*v. t. & i.* to obstruct with silt. मिट्टी या रेत से रास्ता बन्द करना।

Silvan, Sylvan-सिल्वन्-*adjs.* of the woods, rural. जङ्गल का, जङ्गली; Silvan goddess (the goddess of woods.) वनदेवी; Silvan scenery (scenes of jungles.) वनशोभा।

Silver-सिल्वर्-*n.* a white soft lustrous metal, a coin of silver. चाँदी (रूपा), चाँदी का सिक्का; -*v. t. & i.* to cover with silver, to provide a mirror-glass with backing of tin foil, mercury &c. चाँदी चढ़ाना, दर्पण बनाने के लिये शीशे पर पारा इत्यादि चढ़ाना; **Fulminating silver** (a kind of gunpowder.) एक प्रकार की बारूद; **Of silver tongue** (eloquent.) वाचाल; बातूनी।

Silver-bath-सिल्वर् - बाथ्-*n.* a solution of silver nitrate. फ़ोटोग्राफ़ी का एक प्रकार का घोल।

Silveriness-सिल्वरि-नॅस्-*n.* the state of being silvery. सफ़ेदी, शुभ्रता।

Silvering-सिल्वरिङ्ग्-*n.* a silver coating. चाँदी (या पारा) चढ़ाना।

Silver-leaf-सिल्वर्-लीफ़्-*n.* a thin leaf of silver. चाँदी का तबक़।

Silver-paper-सिल्वर् - पे' - पर्-*n.* a kind of photographic paper. फ़ोटो का चित्र छापने का एक प्रकार का कागज़।

Silver-plate-सिल्'-वर्-प्लेॅट्-*n.* vessels made of silver. चाँदी के बर्तन।

Silver-print-सिल्वर्-प्रिन्ट् - *n.* a process of photographic printing. फ़ोटो छापने की एक विधि ; **Silversmith** (-स्मिथ्)-*n.* a worker in silver. सुनार, चाँदी का काम करनेवाला ।

Silver-solder-सिल्वर्-सोल्डर्-*n.* a solder for joining silver. चाँदी जोड़ने का टाँका ।

Silvery-सिल्वरि-*adj.* white like silver, white, clear. चाँदी के सदृश, अति स्वच्छ और श्वेत ।

Simian-सिमिअन्-*adj.* like an ape. लंगूर के समान;-*n.* a kind of monkey. एक प्रकार का बन्दर ।

Similar-सिमिलर् -*adj.* resembling, alike, of the same kind, having a similar shape. समान, तुल्य (अनुरूप), सदृश, समान आकृति का ।

Similarity - सिमिलॅरिटि - *n.* resemblance, likeness. सादृश्य, तुल्यता ।

Similarly-सिमिलर्लि-*adv.* in a similar manner. उसी प्रकार से ।

Simile-सिमि-लि -*n.* (*pl.* **Similies.**) poetical similitude, a comparison for the sake of illustrating something. निदर्शन, उपमा ।

Similitude-सि-मिलि-ट्यूड् - *n.* comparison, simile, outward appearance, likeness.सादृश्य, समानता, आकार, रूप ।

Similize-सिमि-लाइज़्'-*v. t.* to illustrate by similes. उपमा द्वारा उदाहरण देना ।

Simmer-सि-मर्-*v. i. & t.* to boil, to keep boiling, to be in a state of suppressed anger or indignation. उबालना, धीरे-धीरे पकना, तिरस्कार या क्रोध की अवस्था में बने रहना; -*n.* a slow heating. उबाल ।

Simnel-cake- सिम्नल् - केक् - *n.* Christmas cake. बड़े दिन की रोटी ।

Simoniacally-see **Simoniacal.**

Simoniacal - सिमॅनिअकल - *adj.* guilty of simony. धर्मपद के बेचने या खरीदने के अपराध से सम्बन्धित; **Simoniacally** (-लि) -*adv.* with the guilt of simony. इस अपराध से ।

Simony-सिमॅनि, साइमॅनि-*n.* the crime of buying or selling church preferment. धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध ।

Simoom-सि-मूम्' -*n.* a dust-laden wind of the Arabian deserts. अरब के मरुस्थल की धूलि से भरी हुई आँधी ।

Simper - सिम्पर् - *v. i. & t.* to smile in an affected manner. बनावटी रूप में मुसकुराना; **Simperer** (-अर्)-*n.* one who simpers. बनावटी हँसी हँसनेवाला; **Simpering** (-इङ्ग्)-*adj.* smiling in an affected manner. बनावटी हँसीवाला; **Simperingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a simpering manner. बनावटी हसी हँसते हुए ।

Simple- सिम्पल्- *adj.* plain, not analysable, artless, innocent, mere, absolute, honest. स्पष्ट, अमिश्र, निष्कपट, सीधा-सादा, अकेला, सरल, ईमानदार; -*n.* a common herb used medically. एक सामान्यवनस्पति जो औषधि की तरह प्रयोग की जाती है; **Simple beauty** (unadorned natural beauty.) प्राकृतिक सुन्दरता; **Simple diet** (ordinary food.) सादा भोजन; **Simple fracture** (breaking of bone only.) केवल हड्डी का टूटना; **Simple-hearted** (-हार्ट्-ऍड्) -*adj.* (artless, simple.) सरल हृदय का ; **Simpleness** (-नॅस्)-*n.* (artlessness, weakness of intellect.) सरलता, भोलापन ।

Simpleton-सिम्पल्टन् -*n.* a silly or half-witted person, a fool. मूर्ख, अनाड़ी, क्षुद्रमति ।

Simplicity-सिम्प्लिसिटि-*n.* plainness, innocence, silliness. सरलता, भोलापन, मूर्खता ।

Simplification-सिम्प्लि-फ़ि-के-शन् -*n.* the act of simplifying. सुगमकरण, स्पष्टीकरण ।

Simplify-सिम्'-प्लि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Simplified.**) to make simple, to make plain, to make easy, to reduce to simplicity. सुगम करना, स्पष्ट करना, सरल करना, छोटा करना ।

Simplism-सिम्'-प्लिज़्म् - *n.* pretended simplicity. बनावटी सरलता या भोलापन ।

Simply-सिम्'-प्लि-*adv.* in a simple manner, solely, merely. सरलता से, निष्कपट, केवल, मात्र ।

Simulacrum-सि-म्युले-क्रम्-*n.*(*pl.* **Simulacra**) an image, deceptive likeness, pretence. प्रतिरूप (मूर्ति), कपटरूप, बहाना ।

Simulant-सिम्युलन्ट्-*adj.* of the appearance of. आकृति का ।

Simulate-सि-म्यु-लेट् - *v. i.* to pretend to be, to assume an altered form, to feign. अनुकरण करना, भेष बदलना, बहाना करना ; **Simulation** (-शन्) -*n.* the act of feigning. स्वाँग (बहाना, पाखण्ड) ।

Simultaneity-सिमल्टनीइटि, **Simultaneousness** (-अस्-नॅस्) -*ns.* the state of being simultaneous. एक ही समय में होने की स्थिति ।

Simultaneous-सिमल्टे-नि-अस्-*adj.* happening or operating at the same time. समकालीन, एक ही समय में होनेवाला ; **Simultaneously**

(-लि)- *adv.* at the same time. समकाल में, एक ही साथ।

Simurg(-h)-सीमर्ग् -*n.* a huge bird of Persian mythology. फ़ारस देश की पौराणिक कथा की एक विशाल चिड़िया।

Sin-सिन् -*n.* disobedience of moral laws of the divine command, offence against rules of propriety. घातक, पाप (दोष, अपराध);-*v. i.* (*p. t.* Sinned.) to commit sin, to offend against. पाप करना, दोष (अपराध) करना; **Heinous sin** (a detested crime or sin.) घोर पातक; **Sin-offering** (sacrifice for expiating sin.) पापमुक्ति के प्रायश्चित्त के लिये त्याग या वलिदान।

Sinapism- सिन-पिज़्म् - *n.* mustard poultice or plaster. राई की पुल्टिस।

Since-सिन्स् -*conj.* because that. क्योंकि; -*adv.* before this, ago. इसके पहिले, पूर्वकाल से; -*prep.* after, from that time. बाद में, उस समय से; **Ever since** (from that time.) तब से; **Not long since** (a short time before.) थोड़े दिन हुए।

Sincere- सिन्सिअर् - *adj.* honest, true, pure, genuine, not assumed, free from pretence. ईमानदार, सच्चा, शुद्ध, यथार्थ, वास्तविक, निष्कपट; **Sincerely** (-लि)- *adv.* in a sincere manner. शुद्ध हृदय से।

Sincerity - सिन्सिअरिटि - *n.* freedom from falsity, genuineness. निष्कपटता (खरापन), यथार्थता।

Sine-साइन्-*n.* the line drawn from one end of an arc perpendicular to the radius at the other end. ज्या, द्विज्या।

Sinecure-सि(साइ)निक्योर् -*n.* an office with a salary but without employment. ऐसा पद जिसमें वेतन मिले परन्तु कुछ काम न करना पड़े; **Sinecurism** (-इज़्म्) - *n.* the possession of a sinecure. ऐसी व्यवस्था; **Sinecurist** (-इस्ट्) -*n.* one who holds a sinecure. ऐसा पदाधिकारी।

Sinew-सिन्यु - *n.* a fibrous tissue which unites muscles to bone, framework; - (*pl.*) bodily strength, muscles. स्नायु, ढाँचा (ब० व०) शारीरिक बल, पेशी; -*v. t.* to knit by sinews, to strengthen. पुष्ट करने के लिये स्नायु से जोड़ना।

Sinewiness-सिन्यु-इ- नॅस् -*n.* strength. पुष्टता, बल।

Sinewless-सिन्यु-लॅस्-*adj.* vigourless. शक्तिहीन।

Sinewy- सिन्यु-इ-*adj.* strong, vigorous. पुष्ट, बलवान्।

Sinful-सिन्'-फ़ुल् -*adj.* involving sin, wicked. पापी (अधर्मी), दुष्ट; **Sinfully** (-लि) -*adv.* in a sinful manner. पाप से; **Sinfulness** (-नॅस्) -*n.* wickedness. पापपूर्णता, दुष्टता।

Sing-सिङ्ग्-*v. i.* & *t.* (*p.t.* Sang, *p.p.*Sung.) to utter words in a tune, to produce melodious sound, to celebrate in verse, to compose poetry. गाना, कूजना, कविता में प्रशंसा करना, कविता रचना; **To sing out** (to call loudly.) चिल्लाकर पुकारना; **To sing to sleep** (to put to sleep with singing.) गाकर सुलाना।

Singable- सिङ्ग्'-ऍ - बल् - *adj.* suitable for singing. गाने योग्य।

Singer-सिङ्ग्'- अर् - *n.* one who sings, one whose occupation is to sing. गायक, गानेवाला।

Singing - सिङ्ग्-इङ्ग् -*n.* vocal music. गीत, राग; **Singingly** (- लि) -*adv.* in a singing manner. गाते हुए।

Singe-सिन्ज्-*v. t.* & *i.* to burn slightly, to scorch. कुछ जलाना, झुलसाना;-*n.* a slight burning of the surface. थोड़ा दाह, झुलसन।

Single-सिङ्ग्'-ग्ल् -*adj.* separate, consisting of one only, unmarried, uncompounded, undivided, pure. पृथक्, अकेला (एक), अविवाहित, अमिश्रित, अविभक्त, शुद्ध; -*v. t.* to separate. अलगाना, पृथक् करना; **Single bed** (a bed for one man to sleep in.) एक मनुष्य के सोने का बिछौना; **Single-breasted** (a coat with one set of buttons on the breast.) छाती पर एकहरे बटन का (कोट); **Single-eyed** (blind of one eye.) काना ; **Single-eye-glass** (a spectacle for one eye.) एक आँख का चश्मा; **Single-fight** (a man-to-man fight.) द्वन्द्वयुद्ध, बाहुयुद्ध ; **Single-handed** (alone.) अकेला, असहाय; **Single-hearted** (without duplicity.) एकचित्त, सरल; **Singleness** (-नॅस्)-*n.* the state of being single, simplicity. अकेलापन, सचाई, सिधाई; **Singlet** (-लॅट्)-*n.* a garment worn below a shirt. कमीज के नीचे पहिनने का कपड़ा; **Singly** (-लि)-*adv.* individually, alone. अकेले, अलग-अलग, प्रत्येक।

Singsong-सिङ्ग्'-सॉङ्ग् -*n.* a monotonous

rhythm. एक ही सुर में अलाप; - *v. t.* to speak in a singsong manner. एक ही सुर में गाना।

Singular- सिंग्युलर् *-adj.* single, individual, unique, unusual, extraordinary. एक, अकेला, अद्भुत, अपूर्व (अनोखा), विलक्षण; **Singular number** (expressing one individual.) एकवचन ।

Singularity-सिंग्युलरिटि-*n.* peculiarity. अपूर्वता, निरालापन, विशेषता ।

Singularize-सिंग्युलराइज़् - *v. t.* to make singular. वहुवचन के प्रत्यय हटाना, एकवचन बनाना ।

Singularly - सिंग्युलर्लि - *adv.* in a singular manner. अपूर्व रूप से, विशेष प्रकार से ।

Sinister- सिनिस्टर् *-adj.* on the lefthand side of a shield, unlucky, ill-looking, of evil omen, dishonest. ढाल के बाईं ओर का, अभागा, कुरूप, बेईमान; **Sinisterly** (- लि) *-adv.* in a sinister manner. बाईं ओर, कुटिलता से, अभाग्य से ।

Sinistral- सिनिस्ट्रल् - *adj.* on the left, of the left. बाईं ओर, बायाँ; **Sinistrally** - *adv.* towards the left. बाईं ओर ।

Sinistro-सिनिस्ट्रॅ *-pref.* in the sense of "left." "बायें" अर्थ का उपसर्ग ।

Sinistrous- सिनिस्ट्रस् - *adj.* being on the left side, wrong, absurd. बाईं ओर का, भूला हुआ।

Sink-सिङ्क *-v. i. & t.* (*p. t.* **Sank,** *p. p.* **Sunk.**) to fall towards the bottom, to immerse, to fall down slowly, to diminish, to subside, to become lower, to decline. डुबाना, गिराना, धीरे-धीरे गिरना, कम करना, नीचे को बैठना, झुकना (घटना); *-n.* a place in which filthy liquid collects. परनाला, मोरी ।

Sinkable-सिङ्कॅ- बल् *-adj.* able to be sunk. डूबने योग्य ।

Sinker-सि-ङ्क-र् - *n.* a weight attached to a fishing-net. मछली पकड़ने के जाल में लगाने का भार ।

Sinking- सिङ्किङ्ग् *-adj.* falling, subsiding. गिरने (डूबने) वाला, कम होनेवाला ।

Sinless-सिन्'-लॅस् *-adj.* free from sin, pure. पापमुक्त, पवित्र; **Sinlessly** (-लि) *-adv.* in a sinless manner. पवित्रता से; **Sinlessness** (-नॅस्)*-n.* freedom from sin. पाप से निवृत्ति ।

Sinner- सिनर्-*n.* one who sins. पातकी, पाप करनेवाला ।

Sinologist-सिन्-ऑल्-ऑ-जिस्ट् *-n.* one who is versed in sinology. चीनी भाषा का ज्ञानवाला; **Sinologue** (-लॉग्)*-n.* a sinologist. इस भाषा का पण्डित; **Sinology** (-लॅ-जि)*-n.* knowledge of the Chinese language. इस भाषा का ज्ञान ।

Sinter-सिन्टर् *-n.* a deposit of silica by springs. जलधारा से जमा की हुई मिट्टी ।

Sinuate-सिन्यु-ऍट् *-adj.* of wavy border. लहरिया किनारे का; **Sinuately** (-लि)*-adv.* with a wavy border. लहरिया किनारे से ।

Sinuation-सिन्यु-ए'-शन् *-n.* bending in and out. लहरिया (किनारा) ।

Sinuosity- सिन्यु-ऑसि-टि - *n.* a bend in a road or river. नदी या सड़क का मोड़ ।

Sinuous- सिन्युअस् *-adj.* serpentine, wavy. ऐंठा हुआ, लहरदार; **Sinuously** (-लि) *-adv.* in a wavy manner. ऐंठन से, लहराते हुए ।

Sinus-साइ'-नस्-*n.* (*pl.* **Sinuses.**) a fold, a cavity of bone or fissure, a hollow. तह, नाड़ी, नासूर ।

Sion- शन् *-suf.* forming abstract nouns of actions. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय ।

Sip-सिप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Sipped.**) to drink in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके पीना (चूसना); *-n.* a small draught taken with lips. अल्पपान, आचमन ।

Siphon-साइ'-फ़न्-*n.* a bent tube with one leg larger than the other used in drawing off liquids. तरल पदार्थ निकालने के लिये मुड़ी हुई नली;*-v. t.* to draw liquor by a siphon. ऐसी नली द्वारा जल इत्यादि निकालना;**Siphonal** (-नल) or **Siphonic**(-इक)*-adjs.* pertaining to a siphon. इस प्रकार की नली से सम्बन्धित ।

Sippet- सि-पॅट् *-n.* a small piece of bread soaked in a liquid. किसी तरल पदार्थ में भिगाया हुआ रोटी का टुकड़ा ।

Sir-सर्-*n.* (*fem.* **Madam.**) word used in addressing a master or superior, a title of address prefixed to the name of a knight or baronet. श्रीमान्. महाशय, हुजूर, जनाब; *-v. i. & t.* to address as 'sir.' 'सर्' कहकर पुकारना ।

Sircar-सर्कार्-*n.* the Government of India. भारत-सरकार ।

Sirdar- सर्दार् *-n.* an Indian chief, a leader. सर्दार, नेता ।

Sire-सायर्-*n.* father, the male parent, a word

of respect for a king or prince. पिता, जनक, महाशय (महाराज, राजा साहब) ।

Siren-साइ′-रन्-*n.* a mermaid, a sweet singer, a temptress, an alluring woman. मत्स्यस्त्री, सुन्दर गानेवाली स्त्री, कुटनी, मोहिनी (वराङ्गना); -*n.* an instrument for producing a loud sound. तीव्र शब्द उत्पन्न करने का यन्त्र ।

Sirgang-सर्′-गाँङ्ग्-*n.* the green jackdaw. नीलकण्ठ ।

Siriasis-सि-राइ′-अ-सिस्-*n.* exposure to the sun's rays as a means of prevention of certain diseases, sunstroke. रोग-निवृत्ति के लिये आतप (सूर्य की किरणों) का सेवन, लू ।

Sirius-सिरि-अस् -*n.* Dog Star. एक नक्षत्र (लुब्धक) ।

Sirrah-सिरॉ-*n.* Sir, used in a contemptuous sense. अरे, अबे, रे ।

Sirup-सि-रप्-*n.* a syrup. शर्बत ।

Siskin-सिस्किन्-*n.* a yellowish green song-bird. एक पीली हरी गानेवाली चिड़िया ।

Sister-सिस्टर्-*n.* (*mas.* **Brother.**) a daughter born of the same parents, a hospital-nurse, a woman of a religious community. भगिनी, बहिन, अस्पताल की दाई, धर्मभगिनी; **Sister-hood** (-हुड्) - *adj.* a society of sisters. धर्म-भगिनियों या अस्पताल की दाइयों की समिति; **Sister-in-law** (*pl.* **Sisters-in-law.**) a husband's or wife's sister, or a brother's wife. ननद, साली, भौजाई; **Sister's daughter** (niece.) भांजी; **Sister's husband** (brother-in-law.) बहनोई; **Sister's son** (nephew.) भांजा ।

Sister-hook-सिस्टर्-हुक् -*n.* double hook of the shape of figure 8. इस आकार की दुहरी कड़ी ।

Sister-hook.

Sisterless-सिस्टर्-लॅस्-*adj.* without a sister. बिना बहिन का ।

Sisterliness-सिस्टर्लि-नॅस्-*n.* the state of being sisterly. भगिनीत्व ।

Sisterly-सिस्टर्लि-*adj.* like a sister. भगिनी के तुल्य ।

Sister-ships-सिस्टर्-शिप्स् -*n. pl.* ships of similar form. समान आकृति के जहाज ।

Sistrum-सिस्ट्रम्-*n.* (*pl.* **Sistra.**) a kind of rattling instrument. एक प्रकार की झाँझ ।

Sit-सिट्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Sat.**) to take a position in which the body rests on the ground, to remain firmly in a position, to rest, to perch, to incubate, to hold a session. बैठना, स्थिर होना, आराम करना, अड्डे पर बैठना, अण्डा सेना, सभा करना; **Sit down** (take your seat.) (खड़े न रहकर) बैठ जाओ; **Sits the wind there ?** (is that the position.) ? क्या वही स्थिति है ? **Sits well** (fits well.) ठीक बठता है; **To sit at home** (to remain idle.) बेकार पड़े रहना; **To sit out** (to sit apart from others, to take no part in a game or matter, to sit in the open air.) दूसरों से अलग बैठना, खेल या मामले में भाग न लेना, खुली हवा में बैठना; **To sit up** (to remain awake at night till late, to keep the body in an upright position while sitting, to watch through the night.) रात में देर तक जागते रहना, सीधे बैठना, रात को जागकर पहरा देना ।

Site-साइट् -*n.* a place on which a building &c. stands, position, locality. स्थिति, स्थान, भूमि, जगह ।

Sith-सिथ्-*conj.* since. चूँकि ।

Sitology-साइ-टॅल्′-ॲ-जि-*n.* the science of regulation of the diet. पथ्य विधान ।

Sitter-सि-टर्-*n.* one who sits. बैठनेवाला ।

Sitting-सि-टिङ्ग्-*n.* holding a court. बैठक, इजलास ।

Situate, Situated-सिट्′-यु-ऍट् (-ऍड्) -*adjs.* having a specified situation, stationed. स्थित, स्थापित ।

Situation-सिट्-यु-ऍ-शन् -*n.* place, position, circumstance, condition, office. स्थान, स्थिति, दशा, पद, अधिकार ।

Siva-सिव-*n.* the supreme god of destruction in Hindu mythology. शिव, महादेव; **Sivaite** (-आइट्) -*n.* a votary of Saivism. शिव-भक्त, शिवजी का उपासक ।

Six- *adj.* & *n.* three times two. छः; **At sixes and sevens** (in great perplexity.) बड़ी व्यग्रता में; **Sixfold** (-फ़ोल्ड्) -*adj.* six times as much. छःगुना; **Six-footer** (-फ़ुट्-अर्)-*n.* a revolver carrying six cartridges. छः कारतूस का पिस्तौल; **Sixteen** (-टीन्) -*n.* ten and six. सोलह; **Sixteenth** (-टीन्थ्) -*adj.* & -*n.* ordinal of sixteen, of sixteen equal parts. सोलहवाँ, सोलहवाँ अंश ।

Sixth-सिक्स्थ् -*adj.* ordinal of six. छठवाँ; **Sixthly** (-लि) -*adv.* in the sixth place. छठे स्थान में ।

Sixtieth-सिक्स्'-टि-यथ् -*adj.* & *n.* ordinal of sixty, one of sixty equal parts. साठवाँ, साठवाँ भाग।

Sixty-सिक्स्-टि - *n.* one more than fiftynine. साठ।

Sizable - साइ - जे़-ब्ल् -*adj.* of considerable size. बड़े आकार का।

Sizar-साइज़र्-*n.* a student at Cambridge who gets an allowance or scholarship to study. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का विद्यार्थी जो पढ़ने के लिये छात्रवृत्ति पाता है।

Size-साइज़्-*n.* dimension, bulk, magnitude, a gelatinous solution. परिमाण, आकृति, आकार, सरेस (लासा); -*v. t.* & *i.* to group according to size, to glaze with size, to measure. नाप के अनुसार वर्गीकरण करना, सरेस लगाना, नापना।

Sized-साइज़्ड्-*adj.* of a particular size. नाप किया हुआ, सरेस लगा हुआ।

Sizer-साइज़र् - *n.* one who sizes. सरेस लगानेवाला।

Sizing-साइज़िङ्ग्-*n.* the act of applying size, a kind of weak glue used in varnish. सरेस लगाने की क्रिया, एक प्रकार का वार्निश बनाने का सरेस।

Sizy-साइज़ि-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसदार।

Sizzle-सि-ज़्ल-*v. i.* to make a sputtering noise. छन्-छन् शब्द करना;-*n.* a sputtering noise. इस प्रकार का शब्द।

Skate-स्केट्-*n.* a kind of fish, a sliding shoe for moving on ice, an implement with rollers attached beneath boots enabling the wearer to glide on floor. एक प्रकार की मछली, बरफ पर या छत पर चलने या सरकनेवाला या पहियों पर चलनेवाला जूता ; -*v. i.* & *t.* to slide on skates. ऐसा जूता पहनकर चलना; **Skating-rink** (a place for skating.) इस प्रकार का जूता पहनकर चलने का स्थान।

Skate.

Skean, Skene-स्कीन्-*ns.* a kind of dagger. एक प्रकार का कुठार या गँड़ासा।

Skedaddle-स्कि-डॅ-ड्ल्'-*v. i.* to run away in fight. लड़ाई में भाग जाना।

Skein-स्केन् -*n.* a bundle of yarn, thread or silk, a flock of wild geese. तागे का लच्छा (अण्टा), जङ्गली बतख का झुण्ड।

Skeletal-स्केलिटल् -*adj.* pertaining to skeleton. कंकाल सम्बन्धी।

Skeleton-स्के-लिटॅन् -*n.* the bony framework of the body, a general outline, the framework or essential part of anything, abstract. कंकाल (अस्थिपञ्जर, ठठरी), ढाँचा, सारांश।

Skeletonize-स्केलिटॅनाइज़्-*v. t.* to make a skeleton of. कंकाल के रूप में लाना।

Skeleton-key- स्केलिटॅन्-की-*n.* a masterkey. अनेक तालों में लगनेवाली एक ताली।

Skep-स्केप्-*n.* a kind of wicker-work basket, artificial beehive. खँचिया, मधुमक्खी का बनावटी छत्ता।

Sketch-स्केच् -*n.* an outline, a rough plan or general outline, a rough draft. स्थूल या संक्षिप्त वर्णन, ढाँचा, मसविदा; - *v. t.* & *i.* to draw outline or general view of, to make a plan of, to give the principal points of, to describe. नक़शा खींचना, खाका बनाना, ढाँचा बनाना, स्थूल वर्णन करना; **Sketch-book** (-बुक्)-*n.* a book on which sketches are drawn. खाका बनाने की कापी; **Sketcher** (-अर्) -*n.* one who makes sketches. खाका बनानेवाला; **Sketch-map** (-मॅप्)-*n.* a map in the form of a sketch. खाके का नक़शा ; **Sketch of a painting** (a painting in outline only.) चित्र का खाका ; **Sketchy** (-इ)-*adj.* containing an outline. खाके के रूप का।

Skew-स्क्यू-*adj.* oblique, slanting. टेढ़ा, तिर्छा; -*n.* the oblique end of a buttress. मुँडेरे का तिर्छा किनारा ; **Skew-bridge** (-ब्रिज्) -*n.* a bridge that crosses obliquely. तिर्छी मेहराब का पुल; **Skew-chisel** (-चिज़ॅल्)-*n.* a chisel with an oblique blade. तिर्छी धार की रुखानी; **Skew-eyed** (-आइड्)-*adj.* squint-eyed. ऐंचा; **Skew-wheel** (-व्हील्)-*n.* a wheel with oblique teeth. तिर्छे दाँते की पहिया।

Skewer-स्क्यू'-अर् -*n.* a pin for holding meat while cooking. कबाब बनाने का सीकचा ; -*v. t.* to fasten with shewers. सीकचे में मांस पिरोना।

Ski-स्की - *n.* (*pl.* **Skis.**) runners of wood fastened under the feet for travelling over snow. बरफ़ पर चलने के लिये पैर में बाँधने का लकड़ी का तिर्छा पटरा।

Skid-स्किड् - *n.* a frame used as support, a contrivance for locking the revolution of a wheel. लकड़ी या तख्ता या बोटा, चलती हुई

पहिये को रोकने का साधन; - *v. t. & i.* (*p. t.* Skidded.) to check with a skid. रुकावट डालना, रोकना !

Skiff-स्किफ् - *n.* a kind of small light boat. एक प्रकार की छोटी हलकी नाव ।

Skilful-स्किल्'-.फुल्-*adj.* having skill, expert, ingenious, dexterous. प्रवीण, कुशल, निपुण; **Skilfully** (-लि)-*adv.* in a skilful manner. चतुराई से, कुशलता से; **Skilfulness** (-नेस्) -*n.* the quality of being skilful. प्रवीणता, चतुराई ।

Skill-स्किल् - *n.* dexterity, expertness, tact, practised ability. कौशल, प्रवीणता, चातुरी, युक्ति (उपाय) ।

Skilled-स्किल्ड् - *adj.* familiarly acquainted with. चतुर, अभ्यस्त ।

Skilless-स्किल्'-लेस्-*adj.* wanting in skill. युक्तिहीन ।

Skillet-स्कि-लेट् - *n.* a small metal pot for cooking with handles or rings. कड़ेदार डेगची या बटुआ ।

Skilly-स्कि-लि -*n.* a soup or gruel given to prisoners. कैदियों को खिलाने की दलिया ।

Skim-स्किम् - *v. t. & i.* (*p. t.* Skimmed.) to take off cream or scum, to take the best part of anything, to glide along in the air, to look superficially. फेन, झाग या मलाई हटाना, किसी पदार्थ का उत्तम तत्त्व ले लेना, हवा में घूमना, स्थूल दृष्टि से देखना ; **Skimmed** (-ड्)-*adj.* with cream removed. मलाई उतारा हुआ ; **Skimmer** (-अर्)-*n.* a scoop used for skimming. मलाई उतारने की करछी या झरनी ।

Skimp-स्किम्प् -*v. t.* to give poor quantity of food. कम भोजन देना ।

Skimping-स्किम्पिङ्ग् - *adj.* miserly. कृपण, मक्खीचूस ।

Skimpy-स्किम्पि -*adj.* meagre. दरिद्र, भ्रष्ट ।

Skin-स्किन् -*n.* the outer covering of animal body, the outer coating of plant, rind, hide, a vessel made of hide. चमड़ी, खाल, छिलका, झिल्ली, चमड़े का पात्र या बर्तन; - *v. t.* (Skinned.) to strip off the skin, to cover with skin. खाल खींचना, चमड़ा मढ़ना; **Only skin and bone** (only skeleton.) कंकाल-मात्र; **To change one's skin** (to undergo impossible change.) असंभव परिवर्तन होना; **To save one's skin** (to get off safe.) सुरक्षित रहना; **Skin-deep** (-डीप्)-*adj.* superficial. बाहरी भाग का; **Skinflint** (-फ्लिन्ट्)-*n.* a niggardly person. कंजूस, कृपण; **Skin-grafting** (-ग्रॅफ़्ट्-इङ्ग्) -*n.* surgical substitution of skin cut from a sound part of the body for a damaged part. शरीर के अच्छे भाग की खाल निकालकर घाव पर चिपकाना; **Skinless** (-लेस्) -*adj.* having no skin. बिना चमड़े का ; **Skinned** (-ड्) -*adj.* covered with skin. चमड़ा लगा हुआ; **Skinner** (-अर्) -*n.* one who deals in skins. चमड़ा बेचनेवाला ; **Skinniness** (-नेस्)-*n.* the state of being skinny. खालपन; **Skinny** (-नि) -*adj.* consisting of skin only. चमड़ेदार ।

Skink-स्किङ्क् - *n.* a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकली ।

Skip-स्किप - *v. i. & t.* (*p. t.* Skipped.) to leap, to jump, to move lightly from one foot to the other, to omit, to disappear, to shift from one subject to another. कूदना, पारी-पारी से एक पैर पर भार देकर चलना, त्यागना, लुप्त होना; एक विषय को छोड़कर दूसरा पकड़ना, - *n.* spring or bound, a college servant, a bucket in which men or materials are lowered and raised in mines, the omission of a part. कुदान की चाल, पाठशाला का सेवक, खान में असबाव या मनुष्यों को उतारने-चढ़ाने का झूला, छूट ।

Skip-jack-स्किप्' - जॅक् - *n.* a horse-dealer's boy, a jockey, a leaping fish, a springing beetle, hopping, a kind of skipping toy. घोड़े के व्यापारी का नौकर, घुड़दौड़ का सवार, उछलनेवाली मछली या कीड़ा या गुबरैला, उछाल, एक प्रकार का कूदनेवाला खिलौना !

Skipper-स्किप्'-पर् - *n.* the master of a small trading vessel. छोटे व्यापारी जहाज का अधिकारी ।

Skippet-स्किप्'-पेट्-*n.* a wooden box used to protect seals of documents. सरकारी बन्धक या कागज-पत्रों की मुहर को सुरक्षित रखने का लकड़ी का बक्स ।

Skipping-स्किप्'-इङ्ग् - *n.* leaping. कुदान ; **Skipping-rope** (a small rope used in skipping.) एक टुकड़ा रस्सा जिसके दोनों छोर हाथों में पकड़कर शरीर के चारों ओर घुमाते और कूदते हैं ।

Skippingly-स्किपिङ्ग्-लि-*adv.* in a skipping manner. कुदान लगाते हुए।

Skirl-स्कर्ल् -*v. t.* to make a chirping sound. चींचीं शब्द करना; -*n.* a shrill sound. कर्कश शब्द।

Skirmish-स्कर्मिश् -*n.* an irregular fighting, a contest, a witty argument. डिम्ब-युद्ध, (हलकी लड़ाई), भिड़न्त, शास्त्रार्थ;-*v. i.* to fight slightly. छोटी लड़ाई लड़ना; **Skirmisher** (-अर्) - *n.* one who skirmishes. छोटी लड़ाई लड़नेवाला।

Skirret-स्किरिट् - *n.* a kind of parsnip. एक प्रकार का शाक (अजमोदा)।

Skirt-स्कर्ट्-*n.* the hanging part of a garment, edge, border, a woman's outer garment. वस्त्र का लटकता हुआ भाग, किनारा, अंचल, स्त्रियों का घाघरा; -*v. t. & i.* to go along the edge, to border, to surround. किनारे-किनारे चलना, किनारा लगाना, घेरना।

Skirted-स्कर्टेड् -*adj.* having skirts. किनारदार; **Skirtless** (-लेस्)-*adj.* without a skirt. बिना किनारे का।

Skit-स्किट् - *n.* a lampoon, a burlesque. हँसी, व्यङ्ग।

Skitter-स्कि- टर् - *v. i.* to go splashing in water. पानी छपछपाते चलना।

Skittish-स्कि-टिश्-*adj.* playful, shy, excitable, capricious. खिलाड़ी, भड़कनेवाला, चंचल, चपल; **Skittishly** (-लि) - *adv.* wantonly. चंचलता से; **Skittishness** (-नेस्) -*n.* wantonness. चपलता, चंचलता।

Skittle-स्कि'-ट्ल्-*n.* the game of nine pins. एक प्रकार का खेल।

Skive-स्काइव्-*v. t.* to split leather or rubber in slices or strips, to grind the surface of a gem. चमड़ा या रबड़ को पतले टुकड़ों या पत्तरों में फाड़ना, रत्न का पहल रगड़ना।

Skiver-स्कि'-व़र्-*n.* a knife for paring leather. चमड़ा फाड़ने का चाकू।

Skulk-स्कल्क्-*v.i.* to keep oneself concealed, to stay away. छिपना, दबक रहना; **Skulker** (-अर्) - *n.* one who skulks. छिपनेवाला; **Skulkingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a skulking manner. छिपते हुए।

Skull-स्कल् - *n.* the bony case of the brain, cranium. कपाल, खोपड़ी।

Skullcap-स्कल्'-कॅप् - *n.* a cap fitting closely on the head. सिर पर चपककर बैठनेवाली टोपी; **Skulled** (-ड्)- *adj.* wearing a fitting cap. माथे में चिपकी हुई टोपी पहिने हुए।

Skunk-स्कङ्क् - *n.* a small American carnivorus animal,a contemptible fellow. अमेरिका देश का एक मांसभक्षी पशु, नीच मनुष्य।

Skurry-स्करि -*n.* haste. शीघ्रता, जल्दी।

Sky-स्काइ-*n.* (*pl.* **Skies.**) the vault or arch of heaven, climate. (गगन, नभ), आकाश, ऋतु; -*v. t.* (*p. t.* **Skib**) to throw high up in the air. गेंद इत्यादि को आकाश में फेंकना; **Sky-blue** (-ब्लू)-*adj.* of the colour of the sky. नीलवर्ण का; **Sky-born** (-बॉर्न्)-*adj.* heaven-born. दैवी उत्पत्ति का; **Sky-clad** (-क्लॅड्) -*adj.* naked. नङ्गा; **Skyey** (-इ) - *adj.* pertaining to the sky. आकाश सम्बन्धी; **Skylark** (- लार्क्) - *n.* a singing lark. चकवा, अबाबील; **Skyless** (-लेस्) - *adj.* without sky आकाशहीन; **Skylight** (-लाइट्) -*n.* the window placed near the roof of a room. कमरे में छत के पास की खिड़की, झरोखा; **Skyline** (-लाइन्)-*n.* horizon. क्षितिज; **Sky-rocket** (-रॉक्'-ऍट्)-*n.* a kind of firework. आकाश-बान; **Sky-scraper** (-स्के'-पर्) -*n.* a very high building. अनेक खण्ड की बड़ी ऊँची इमारत; **Sky-touching** (-टच्-इङ्ग्)-*adj.* reaching the sky. गगनचुम्बी; **Skyward** (-वर्ड्), **Skywards** (-वर्ड्स्)-*advs.* towards the sky. आकाश की ओर।

Slab-स्लॅब्-*n.* a thin flat rectangular or square piece of stone or other hard material, outer cut or plank of a log. शिला-फलक, पत्थर की पटिया, तख्ता, कोरन; -*v. t.* (*p. t.* **Slabbed.**) to cut into slabs. परत अलगाना, तख्ते काटना; -*adj.* viscous, sticky. चिपचिपा, लसदार।

Slabber-स्लॅ-बर् -*n.* slaver, excessive saliva. थूक, अधिक लार; -*v. t.* to sup hastily. जल्दी-जल्दी भोजन करना।

Slabberer - स्लॅ-बरर् - *n.* one who slabbers. जल्दी-जल्दी भोजन करनेवाला।

Slabby-स्लॅ'-बि-*adj.* muddy, watery, viscous, dirty. कीचड़ या जलपूर्ण, चिपचिपा, मलिन।

Slab-stone-स्लॅब्-स्टोन् -*n.* a flagstone. परत-परत होनेवाला पत्थर।

Slack-स्लॅक् -*adj.* relaxed, loose, slow, sluggish, negligent. शिथिल, मन्द, ढीला, निर्बल, त्रस्त; -*n.* the loose part of a rope, coal-dust, a cleft between hills, a boggy place. रस्से का ढीला भाग, पत्थर के कोयले की धूर, पहाड़ियों

के बीच की दरार, दलदली जगह;-*n. pl.* trousers. (ब० व०) पायजामा; -*v. t. & i.* to make loose. ढीला करना; -*adv.* partially, insufficiently. आंशिक रूप में, अपर्याप्त रूप में; slack-baked (imperfectly baked.) भली भाँति न पका हुआ; **To slack off** (to abate strength.) शक्ति कम करना; **To slack up** (to reduce speed.) गति कम करना।

Slacken-स्लॅक्'-न्-*v. t. & i.* to make slower, to abate, to mitigate. शिथिल करना, मन्द करना, कम करना।

Slacker-स्लॅ-कर् -*n.* one who slackens. ढीला करनेवाला।

Slackness-स्लॅक्नॅस् -*n.* weakness, looseness, slowness. शिथिलता, ढीलापन।

Slacky-स्लॅकि-*adj.* relaxed. शिथिल, मंद, ढीला।

Slade-स्लेड् -*n.* a small valley, a strip of boggy land. छोटी घाटी।

Slag-स्लॅग्-*n.* dross separated from a metal, volcanic, scoria. धातु का मल, ज्वालामुखी पहाड़ से निकली हुई कीट।

Slaggy-स्लॅ-गि -*adj.* pertaining to slag. धातु की मैल का।

Slag-wool- स्लॅग्-वूल -*n.* mineral wool. धातु के रेशे।

Slain-स्लेन्-*p.p.* of Slay. मार डाला गया।

Slake-स्लेक्-*v.t.* to extinguish (fire), to appease (desire, thirst, hunger), to cool with water, to diminish one's efforts, to relax, to become less painful, to burn less strongly, to disintegrate lime by moistening. (आग) बुझाना, (इच्छा, प्यास, भूख) शान्त करना, जल द्वारा शीतल करना, अपनी कोशिश कम करना, ढीला पड़ जाना या कर देना, कम कष्टकर होना, कम तेजी से जलना, चूना के ढोंके को पानी छिड़क-कर या तर करके भड़काना।

Slam-स्लॅम् -*v. t. & i.* (*p. t.* Slammed.) to shut with a loud noise, to hit, to beat. तेज आवाज के साथ बन्द करना, मारना, पीटना; -*n.* a violent sound, sound as of shutting a door. धड़ाके का शब्द।

Slander-स्लॅन्डर्-*v. t.* to defame, falsely, to injure by a false report. कलंक लगाना (अपयश फैलाना), दुर्नाम करना;-*n.* defamation, calumny. अपवाद, अपयश; **Slanderer** (-अर्) -*n.* one who defames. अपयश फैलानेवाला; **Slanderous** (-अस्)-*adj.* defamatory. मिथ्यानिन्दक, कलंकी; **Slanderously** (-अस्-लि)-*adv.* in a slanderous manner. कलंकित या बदनाम करते हुए; **Slanderousness** (-अस्-नॅस्) -*n.* the quality of being slanderous. अपयश, अपवाद।

Slang-स्लॅङ्ग्-*n.* words and phrases current in colloquial use but not used in literary language. अश्लील भाषण, गँवारू बोलचाल; -*v. t.* to abuse, to scold. अश्लील भाषण करना, गाली देना; **Slangily** (-लि) -*adv.* in a slangy manner. गँवारू भाषा में; **Slanginess** (-इ-नॅस्) -*n.* slangy language. भाषा का गँवारपन; **Slangy** (-इ) -*adj.* of the nature of a slang. गँवारू।

Slant-स्लॅन्ट् -*v. i. & t.* to slope, to turn obliquely. तिरछा (ढाल में) होना, तिरछा करना;-*adj.* sloping, inclined. ढालुआँ, तिरछा; -*n.* a slope, oblique position. ढार, तिरछी स्थिति; **Slantingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with a slope. तिरछेपन से; **Slantwise** (-वाइज़्) -*adv.* obliquely. तिरछी ओर में।

Slap-स्लॅप् -*n.* a blow with the palm of the hand. थप्पड़, तमाचा;-*v. t.*(*p. t.* Slapped.) to give a slap to. थप्पड़ मारना; -*adv.* suddenly, effectively. तीव्रता से, वेग से;-*adj.* hasty, careless. जल्दीबाज़, लापरवाह।

Slap-dash-स्लॅप् - डॅश् -*adv.* boldly, rashly. साहस से, धृष्टता से।

Slash-स्लॅश्-*v. i. & t.* to make sweeping cuts, to cut in long strips, to lash with a whip. लम्बी फाँक करना, लम्बे टुकड़े काटना, चाबुक से मारना; -*n.* a long cut. लम्बी फाँक; **Slashing** (-इङ्ग्) -*adj.* severe. तीक्ष्ण, मर्मभेदी।

Slat-स्लॅट्-*n.* a thin narrow piece of metal or wood, a roofing slate, a thin stone slab for roofing. धातु या लकड़ी की पतली पट्टी, छत पाटने की स्लेट, छत पाटने की पतली पत्थर की पटिया; -*v. i. & t.* (*p. t.* Slatted.) to cover with slates, to furnish with slabs, to flap with wind. स्लेट से ढाँकना, पटियों से युक्त करना या पट्टिया लगाना, हवा के झोंके से फड़फड़ाना।

Slate-स्लेट् -*n.* a kind of grey rock which easily splits into thin smooth plates, such a slice used for writing. स्लेट पत्थर, सिलेट पट्टी; -*v. t.* to cover with slates, to abuse. सिलेट पत्थर बैठाना, गाली देना; **To clean the slate** (to renounce obligations.) एहसान छुड़ाना।

Slater-स्लेटर् -*n.* one who prepares or fixes slates. सिलेट बनाने या बैठानेवाला।

Slattern-स्लॅटर्न -*n.* a woman who is careless of her dress. मैला-कुचैला वस्त्र पहिननेवाली स्त्री; **Slatternliness** (-लि-नॅस्) -*n.* slovenliness

फूहड़पन; Slatternly (-लि) *-adv.* untidily. फूहड़पन से ।

Slaty-स्लें टि-*adj.* of the colour of slate. सिलेट के रङ्ग का ।

Slaughter-स्लॉ-टर् *-n.* a massacre, slaying several persons or animals at once. संहार, हत्या (वध);-*v. t.* to kill. हत्या करना; **Slaughterer** (-अर्) *-n.* one who is engaged in slaughtering. हत्या करनेवाला; **Slaughter-house** (-हाउस्) *-n.* a place for slaughtering beasts. वधस्थान, कसाई खाना; **Slaughterous** (-अस्)-*adj.* murderous. हत्यारा; **Slaughterously** (-अस्-लि)-*adv.* in a slaughterous manner. हत्या करते हुए ।

Slav-स्लाव् *-n.* a member of a race inhabiting Eastern Europe comprising the Russians, Bulgarians, Poles, Czechs& Slovenes. पूर्वी यूरोप में बसनेवाली एक जाति का सदस्य ।

Slave-स्लेव् *-n.* a person in bondage, a serf, a hepless victim. दास, चाकर, अधीन व्यक्ति; **Slave-bangle** (a bangle worn above the elbow.) अनन्त; **Slave-born** (-बॉर्न्) *-n.* born in slavery. गर्भदास ; **Slaver** (-अर्) *-n.* a ship employed in slave-trade. दास का व्यापार करनेवाला जहाज ; **Slave-hunter** (हन्-टर्)-*n.* one who hunts for slaves. दास बेचनेवाला; **Slave-trade** (-ट्रेड्) *-n.* the trade of buying and selling slaves. दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

Slaver-स्लॅव़र्-*v. i. & t.* to let spittle flow from the mouth. मुँह से थूक या लार गिराना; *-n.* dribbling of saliva from the mouth. लार की टपक ।

Slaverer-स्लॅव़रर् *-n.* one who slavers, a servile flatterer. लार बहानेवाला, नीच चापलूस ।

Slavery-स्लेव़रि-*n.* the condition of a slave bondage. किंकरता, दासत्व ।

Slavey - स्ले-व़ि - *n.* a maid-servant. दासी, मजदूरनी।

Slavish-स्ले-विश्-*adj.* servile, mean, base, दास-सम्बन्धी, तुच्छ, नीच ; **Slavishly** (-लि) *-adv.* in a slavish manner. दासत्व से, नीचता से; **Slavishness** (-नॅस्)-*n.* the state of being slavish. दासत्व ।

Slay-स्ले- *v. t.* (*p. t.* Slew, *p. p.* Slain.) to put to death, to kill. हत्या (वध) करना, मार डालना ।

Slayer-स्ले-अर् *-n.* one who slays, a murderer. वध करनेवाला, हत्यारा ।

Sleave-स्लीव्-*v. t.* to separate into threads. धागे को अलगाना ।

Sled-स्लॅड्, **Sledge**-स्लॅज्-*ns.* a vehicle with runners for conveyance on snow. बरफ़ पर सरकनेवाली बिना पहिये की गाड़ी;-*v .t.* to convey on a sledge. इस प्रकार की गाड़ी पर चढ़कर चलना ।

Sledge-hammer-स्लॅज्'-हॅ- मर् *-n.* a heavy hammer of the blacksmith. लुहार का भारी हथौड़ा, घन ।

Sleek-स्लीक् *-adj.* smooth, glossy. चिकना, चमकीला; -*v. t.* to make smooth by pressing or rubbing. दबाकर या रगड़कर चिकनाना; **Sleekly** (-लि) *-adv.* in a sleek manner. चिकनाहट से; **Sleekness** (-नॅस्)-*n.* smoothness. चिकनाहट; **Sleeky** (-इ) *-adj.* smooth. चिकना ।

Sleep-स्लीप्-*n.* slumber, repose (rest), quiet, death. निद्रा, विश्राम, शान्ति, मृत्यु; -*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* Slept.) to rest, to slumber, to be dead. विश्राम करना, सोना, मृत्यु को प्राप्त करना; **Broken sleep** (an unsound sleep.) उखड़ी नींद; **Death sleep** (death.) कालनिद्रा ।

Sleeper-स्लीपर् *-n.* one who sleeps, a lazy person, one of the timbers to which a line of rail is fixed. सोनेवाला, आलसी मनुष्य, लकड़ी की धरन जिस पर रेल की पटरी जड़ी होती है ।

Sleepiness-स्लीपिनॅस्-*n.* inclination to sleep, निद्रा लेने की इच्छा ।

Sleeping-स्लीप्'-इङ्ग्-*adj.* reposing in sleep. निद्रा लेता हुआ; **Sleepless** (-लॅस्)-*adj.* having no sleep, wakeful. निद्रा न लेता हुआ, जागृत; **Sleeplessly** (-लि) - *adv* . in a sleepless manner. जागते हुए ; **Sleeplessness** (-नॅस्) *-n.* want of sleep. निद्रा का अभाव ; **Sleep-walker** (-वा-कर्)-*n.* a somnambulist. निद्रा की अवस्था में घूमने-फिरनेवाला रोगी ।

Sleeping-car-स्लीपिङ्ग-कार्-*n.* a compartment in a railway carriage in which there is accommodation for sleeping. रेल का डब्बा जिसमें यात्री के सोने का प्रबन्ध रहता है ।

Sleepy-स्लीपि-*adj.* inclined to sleep, drowsy. निद्रालु, निद्राग्रस्त ।

Sleet-स्लीट्-*n.* hail or snow falling with

rain. तुषार-वर्षा, ओले के साथ वर्षा होना; -*v. i.* to fall or rain with sleet. ऐसी वर्षा होना।

Sleetiness-स्ली-टि-नेंस्-*n.* the state of being sleety. तुषार-वर्षा की अवस्था।

Sleetly-स्लीट्'-लि -*adv.* in a sleety manner. तुषार-वर्षा के रूप में या ढंग से।

Sleeve-स्लीव्-*n.* the part of a garment which covers the arm. वहोली, आस्तीन ; **To laugh in one's sleeve** (to laugh secretly.) छिपे हुए हँसना ; **To roll up one's sleeves** (to prepare for a fight.) झगड़ा करने के लिये तैयार होना ; **Sleeved** (-ड्)-*adj.* having sleeves. आस्तीनदार; **Sleeveless** (-लेस्)-*adj.* without sleeves. बिना आस्तीन का ; **Sleeve-link** (-लिङ्क)-*n.* a stud used as a cuff-holder. आस्तीन का बटन।

Sleigh-स्ले-*n.* a sled. बरफ पर चलने वाली बिना पहिये की गाड़ी।

Sleight-स्लाइट्-*n.* cunning, dexterity, artful trick. धूर्तता, छल (माया), नज़रबन्दी ; **Sleight of hand** (dexterity of the hand in juggling.) इन्द्रजाल, हाथ की सफाई।

Slender-स्लेन्डर् -*adj.* long and thin, not stout, scanty, feeble. दुबला-पतला, दुर्बल, क्षीण, कृश; **Slenderly** (-लि)-*adv.* in a slender manner. दुर्बलता से ; **Slenderness** (-नेंस्) -*n.* thinness, weakness. कृशता, दुर्बलता।

Slept-स्लेप्ट् -*p. t. & p. p.* of **Sleep.** सोया।

Slew-स्लू-*p. t.* of **Slay.** बध या हत्या किया।

Slew,Slue-स्लू-*v. t.* to turn forcibly forward. वेग से आगे को बढ़ाना ;-*n.* a forward progress. आगे का बढ़ाव।

Sley-स्ले-*n.* a weaver's comb. जुलाहे की कूंची।

Slice-स्लाइस्-*n.* a thin broad piece cut off from meat, bread &c., share, an instrument with a broad blade. मांस या रोटी का पतला, चौड़ा खण्ड (फाँक, टुकड़ा), भाग, हिस्सा, चौड़ी धार का हथियार ; -*v. t. & i.* to cut into thin pieces. फाँक काटना, टुकड़ा करना

Staring-स्टेअरिङ्ग्-*adj.* of a fixed look. स्थिर दृष्टि का; **Staringly** (-लि)-*adv.* in a staring manner. स्थिर दृष्टि से ।

Stark-स्टार्क्-*adj.* stiff, strong, rigid, resolute. कठोर, कड़ा, पुष्ट, दृढ़;-*adv.* quite, mere, wholly. बिलकुल, केवल, पूर्ण रूप से ।

Starless-स्टार्'-लेस् - *adj.* having no stars visible. बिना तारे का; **Starlight** (-लाइट्)-*n.* the light proceeding from the stars. तारों का प्रकाश; **Starlike** (-लाइक्)-*adj.* resembling a star. तारे के सदृश ।

Starling-स्टार्लिङ्ग्-*n.* a black-plumed bird of great imitative powers, protective piles round a bridge. सारिका (मैना), पुल की रक्षा करने के लिये उसके अगल-बगल का कङ्कड़-पत्थर का ढेर ।

Starlit-स्टार्'-लिट्-*adj.* lighted by stars. तारों से प्रकाशित ।

Starry-स्टारि-*adj.* full of stars. तारों से पूर्ण ।

Start-स्टार्ट्-*v.i. & t.* to make a sudden movement, to set out, to give way, to make a beginning, to rise suddenly, to set going, to excite, to loosen, to empty, to pour out, चौंकपड़ना, प्रस्थान करना, चलना, आरम्भ करना, चकित होना, एकाएक उठना, चालू करना, भड़कना, ढीला करना, खाली करना, बहाना; -*n.* a sudden motion, beginning of a journey, a sally, a fit. चौंक, प्रस्थान का आरम्भ, शोर-गुल, एकाएक गति, चमक; **By fits and starts** (with intermittent movements.) आकस्मिक प्रयत्न से; **Gave a sudden start** (started suddenly.) वेग के साथ चौंक गया; **To get a start of** (to gain advantage.) सुविधा पाना; **To get the start, To start with** (in the first place.) आरम्भ करने के लिये, आरम्भ में; **To give a start** (to make a sign to advance.) दौड़ के लिये संकेत देना; **To start aside** (to set aside from a position.) स्थान से विचलित होना; **To start back** (to turn at once.) एकाएक घूम जाना; **To start in** (to commence.) आरम्भ करना; **To start up** (to startle, to rise suddenly.) चौंक उठना (जगाना), चालू करना; **With a start** (with a sudden movement.) चौंककर ।

Starter-स्टार्टर् -*n.* one who starts. (दौड़ में) प्रस्थान करनेवाला; **Starting** (-इङ्ग्) -*n.* departure. प्रस्थान; **Starting-post** (a post from which the competitors start in a race.) जिस खम्भे से घुड़दौड़ इत्यादि का आरंभ होता है ।

Startle-स्टार्ट्ल् -*v. t.* to surprise, to cause to start. चकित करना, चौंकाना; **Startler** (-लर्) -*n.* one who startles. चौंकानेवाला; **Startling** (-लिङ्ग्)-*adj.* impressing with fear. चौंकानेवाला ; **Startlingly** (-लिङ्ग्-लि)-*adv.* in a startling manner. चौंकाते हुए ।

Starts-स्टार्ट्स् -*n. pl.* spasmodic movements. (ब० व०) चौंकने की अवस्थाएँ ।

Starvation-स्टार्वेशन्-*n.* the act of starving. अनशन, उपवास ।

Starve-स्टार्व्-*v. i. & t.* to die of hunger, to suffer from extreme poverty, to suffer from cold, to suffer want, to deprive of food, to cause to perish. भूखों मरना, दरिद्रता से पीड़ित होना, ठंढ से कष्ट उठाना, पीड़ित करना, उपवास करना, नाश करना; **To starve oneself** (to stop eating.) आहार त्याग देना ।

Starveling-स्टार्व्-लिङ्ग्-*n. & adj.* a starving person or animal, hungry. भूखा प्राणी, बिना आहार किये हुए ।

Starving-स्टार्विङ्ग् -*adj*, without eating anything. क्षुधा से पीड़ित, निराहार ।

Stasis-स्टे-सिस् -*n.* stoppage of any of the bodily fluids. शरीर की रुधिर इत्यादि धातुओं की गति की रुकावट ।

State-स्टेट् -*n.* condition, a body-politic, rank, dignity, mode of existence, nation, pomp, commonwealth. अवस्था (दशा), राज्य, पद, अधिकार, जीवन-रीति, गौरव, राष्ट्र ; -*v. t.* to express clearly in writing or speech, to fix, to narrate, to specify. प्रकट करना, वर्णन करना, स्थिर करना, कहना; -*adj.* belonging to the state, royal. राजकीय, राज-सम्बन्धी, सरकारी ; **Chair of State** (a throne.) राज-सिंहासन; **In state** (in grandeur.) वैभव में ।

State-affairs-स्टेट्-अफ़्-फ़ेअर्स् -*n. pl.* matters concerning a state. राजकार्य; **State-carriage**

(-कॅर्-रेंज)-*n.* a carriage for state occasions. राजकीय (शाही) सवारी; **State-craft** (-क्रॉफ़्ट्) -*n.* the art of managing state affairs, statesmanship. राज-कार्यपद्धति, राजनीति; **State criminal** (-क्रिम्'-इ-नल्) -*n.* one imprisoned for political reasons. राजनीतिक कैदी; **State-monger** (-मॉङ्ग्-ग्र्) -*n.* one who is versed in politics. राजनीति में प्रवीण; **State-servant** (-सर्-वॅन्ट्) -*n.* a servant of the state. राजसेवक ; **State of life** (condition of life.) जीवन-वृत्ति।

Stated - स्टे - टेड् - *adj.* established, regular. निर्दिष्ट, नियमित।

Stateliness- स्टेट्'-लि-नॅस् - *n.* dignity. गौरव, महत्त्व।

Stately-स्टेट्'-लि-*adj.* grand, majestic. वैभव-युक्त, महत्त्व का, उज्ज्वल।

Statement-स्टेट्'-मेन्ट्-*n.* the act of stating, announcement. वर्णन (निवेदन), कथन (उक्ति), विज्ञापन।

Statesman-स्टेट्स्-मन्-*n.* one who is skilled in the management of state affairs, a politician. राजकार्य में कुशल, राजनीतिज्ञ; **Statesmanlike** (-लाइक्)-*adj.* having the qualities of a statesman. राजनीतिज्ञ के सदृश; **Statesmanly** (-लि) -*adj.* pertaining to statesmanship. राजनीति-सम्बन्धी; **Statesmanship** (-शिप्) -*n.* the quality of being a statesman. राजनीतिज्ञता।

Statical-स्टॅटिकल्-*adj.* pertaining to bodies in rest. स्थिर पदार्थ-सम्बन्धी; **Statically** (-लि) -*adv.* in a statical manner. स्थिरता से।

Statics-स्टॅटिक्स् -*n. pl.* the science of bodies at rest. पदार्थ के भार-परिमाण का शास्त्र, जिस शास्त्र में पदार्थ की गुरुता का विचार रहता है।

Station-स्टे'-शन् -*n.* the place where a thing rests or stands for a particular purpose, position, rank, a stopping-place for railway trains, status in life. स्थान, स्थिति, दशा (ठिकाना, पद, अवस्था), रेलगाड़ी के ठहरने का स्थान, अधिकार, पदवी; -*v. t.* to fix in a certain place, to assign station to. स्थापित करना (टिकाना, बैठाना), ठहराना; **High station** (high rank.) उत्तम पद; **Naval station** (a port.) जहाजी बन्दरगाह; **Police-station** (a police office.) थाना, चौकी; **Station calendar** (a railway time-table.) रेल का टाइमटेबुल; **Station-master** (one in charge of a railway station.) रेलवे स्टेशन का प्रधान अधिकारी।

Stationary-स्टे -शन्-अरि-*adj.* not moving, remaining. स्थिर, निश्चल, अचल, स्थायी, एक ही स्थान में ठहरा हुआ; **Stationary air** (air which not moving.) स्थिर वायु।

Stationer-स्टेशनर्-*n.* a merchant who sells writing materials. लेखन-सामग्री (यथा कागज, कलम, रोशनाई, पेन्सिल इत्यादि) बेचनेवाला; **Stationer's Hall** (-र्स-हॉल्)-*n.* the hall of the Stationer's Company in London, at which books are registered for purposes of copyright. लन्दन में पुस्तक की रजिस्ट्री का कार्यालय; **Stationery** (-रि)-*n.* writing articles sold by stationers. लिखने की सामग्री।

Statism-स्टेटिज़्म् -*n.* the art of government. राज्य-शासन-कला।

Statist-स्टेटिस्ट्-*n.* one dealing with statistics. क्रमबद्ध संख्यापत्रों का व्यवहार करनेवाला।

Statistical-स्टॅ-टिस्टिकल् -*adj.* pertaining to statistics. परिगणन विद्या-सम्बन्धी; **Statistically** (-लि) -*adv.* by means of statistics. ऐसी गणना द्वारा।

Statistician-स्टेटिस्टिश्यन्-*n.* a person versed in statistics. क्रमबद्ध गणना करने में निपुण व्यक्ति।

Statistics-स्टॅ-टिस्टिक्स् -*n. pl.* the collection of facts and figures regarding the condition of a people, the science which treats of such facts. किसी देश के निवासियों की सब प्रकार की अवस्थाओं की क्रमबद्ध गणना, वह विद्या जिसमें इनका परिगणन होता है।

Statoscope-स्टॅटॅस्-कोप्-*n.* a barometer for showing the minute variations of pressure. वायु के दबाव का सूक्ष्म अन्तर बतलानेवाला यन्त्र।

Statuary-स्टॅट् - यु- अरि - *adj.* pertaining to statues. मूर्ति-सम्बन्धी; - *n.* a sculptor. मूर्ति बनानेवाला, मूर्तिकार।

Statue - स्टॅट्-यु - *n.* a sculptured or cast image of a person or an animal. ढालकर या खोदकर बनी हुई मूर्ति।

Statued -स्टॅट्'-ट्यूड् -*adj.* furnished with statues. बनी हुई मूर्ति।

Statuesque-स्टॅट्-यु-ऍस्क्-*adj.* in the style of a statue. मूर्तिवत्, मूर्ति के समान; **Statuesquely** (-लि)-*adj.* like a statue. मूर्ति की तरह; **Statuesqueness** (-नॅस्) -*n.* मूर्तिवत् रचना।

Statuette-स्टॅट्-यु-ऍट्-*n.* a small statue. छोटी मूर्ति।

Stature-स्टॅचर् -*n.* the natural height of the body. शरीर की ऊँचाई, डीलडौल; **Of dwarfish**

stature (of the height of a dwarf.) बौने की आकृतिवाला; Of low stature (of low height.) नाटा; Of short stature (of small height.) नाटे कद का।

Statured-स्टेचर्ड् -*adj.* arrived at full stature. पूरी ऊँचाई का।

Status-स्टे-टस् -*n.* social position, rank, relative importance. सामाजिक स्थिति, अवस्था, वस्तुस्थिति।

Statutable-स्टॅट्'-युटेबॅल्-*adj.* conformable to statute. व्यवस्था (कानून) के अनुसार; Statutably (- इ) - *adj.* according to statute. व्यवस्थानुसार।

Statute-स्टॅट्'-यूट् -*n.* a written law of the legislature, a law. नियम, व्यवस्था, कानून; Statute-book (-बुक्) -*n.* a book containing statute law. कानून की पुस्तक।

Statutory - स्टॅट् - यु-टरि - *adj.* enacted by statute. व्यवस्था से स्थापित, क़ानून से स्थिर किया हुआ।

Staunch-स्टॉन्च्, **Stanch**-स्टॅन्च् - *adjs.* trustworthy, watertight or airtight. विश्वासी, जल या वायु का अप्रवेश्य।

Staunchly-स्टॉन्च्-लि -*adv.* in a trustworthy manner. विश्वास से; Staunchness (-नॅस्) -*n.* the state of being staunch. विश्वास।

Stave-स्टेव् -*n.* one of the curved pieces of wood which forms a cask, rung of a ladder, a stanza of a verse. पीपे की पटरी, लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा, कविता का चरण; -*v. t.* (*p. t.* Staved *or* Stove.) to break a hole in, to furnish with staves, to crush out. छेद करना, पट्टी लगाना, कुचलना; To stave in (to crush out of shape.) कुचलकर टेढ़ा-मेढ़ा करना; To stave off (to ward off.) हटा देना।

Stay-स्टे-*v. t. & i.* (*p. t.* Stayed.) to stop, to restrain, to remain, to postpone, to prop, to dwell, to wait. रोकना, थामना, टालना (विलम्ब करना), सहारा देना, ठहराना (टिकाना), राह दिखाना; -*n.* remaining in a place, stand, stop, prop, support. ठहराव, रुकाव, प्रतिबन्ध, सहारा, आधार; Stayless (-लॅस्) -*adj.* without support. बिना सहारे का ; Stay order (-ऑर्डर्)-*n.* suspension of judgment for a time. न्याय-निर्णय का कुछ काल के लिये निलम्बन; Stays (-ज़्')-*n. pl.* a corset. (ब० व०) अँगिया, चोली; To stay progress (to stop advance.) उन्नति रोक देना।

Stead-स्टॅड् - *n.* place. स्थान, भूमि; Instead of (in place of.) वास्ते, लिये, बदले में; To stand in good stead (to be serviceable.) लाभदायक होना, सुविधा का होना।

Steadfast-स्टॅड्'-फ़ास्ट् - *adj.* constant, firm, resolute. निश्चल, स्थिर (अचल), अटल ; Steadfastly (- लि) - *adv.* in a firm manner. स्थिरता से, दृढ़ता से ; Steadfastness (-नॅस्) -*n.* firmness. स्थिरता, दृढ़ता।

Steadily-स्टॅ-डि-लि-*adv.* firmly, fixedly. स्थिरता या दृढ़ता से ; Steadiness (- नॅस्) - *n.* firmness, constancy. स्थिरता, नित्यता।

Steading-स्टॅ-डिङ्ग्-*n.* a farmyard. खलिहान।

Steady-स्टॅ-डि- *adj.* (*comp.* Steadier, *sup.* Steadiest.) firmly fixed, constant, not changing, regular, uniform, sober, industrious. दृढ़, सतत, स्थिर, अचल, नियमित, बराबर, शान्त, उद्यमी ; - *v. t.* to make steady. स्थिर करना (सँभालना)।

Steak-स्टेक् - *n.* a slice of meat cut for broiling. भूनने के लिये काटी हुई मांस की बोटी।

Steal-स्टील् - *v. t. & i.* (*p. t.* Stole, *p. p.* Stolen.) to take away secretly without permission, to move secretly or silently, to slip away, to win. चोरी करना (चुराना), खिसक जाना, हृदय लुभाना ; Stealer (- अर्) - *n.* one who steals, a thief. तस्कर, चोर, हरण करनेवाला; Stealing (- इङ्ग्) - *n.* the act of thieving. चौर कर्म।

Stealth-स्टॅल्थ् -*n.* the act of stealing, secrecy. (अपहरण) चोरी, गुप्त कार्य ; Stealthily (इ-लि)-*adv.* by way of theft. चोरी से, गुप्त रीति से; Stealthiness (-इ-नॅस्) -*n.* act of stealing. चोरी का कार्य; Stealthy (-इ)-*adv.* done by stealth. गूढ़, गुप्त, अप्रकाशित।

Steam-स्टीम्-*n.* the vapour of boiling water, energy, vigour. वाष्प (भाफ़), भक्ति, उत्साह; - *v. t. & i.* to cook by steam, to emit steam, to move by steam. भाफ़ से पकाना, भाफ़ उठाना या निकलना, भाफ़ से चलना ; Steam-boat (-बोट्) -*n.* a vessel propelled through water by steam. भाफ़ से चलनेवाली नाव ; Steam-boiler (- बॉय्'-लर्) - *n.* a vessel in which water is converted into steam. पानी से भाफ़ बनाने का पात्र; Steam-engine (- ऍन् - जिन्) - *n.* an engine propelled by steam. भाफ़ से चलनेवाला इञ्जन।

Steamer-स्टी' - मर् - *n.* a vessel moved by steam. भाफ़ से चलनेवाला जहाज।

Steamy-स्टीमि *-adj.* full of vapour. वाष्पपूर्ण।

Stearin-स्टीअरिन् - *n.* the chief ingredient of tallow used in the manufacture of candles. चर्बी जिसकी मोमबत्ती बनाई जाती है; **Stearinery** (-अरि) *-n.* a factory in which candles are made. मोमबत्ती बनाने का कारखाना।

Steed-स्टीड् *-n.* a horse, a warhorse. (अश्व) घोड़ा, लड़ाई का घोड़ा ; **Steedless** (- लेस्) *-adj.* without a steed. बिना अश्व का।

Steel-स्टील् - *n.* an alloy of iron and carbon used for making tools, a rod or sword. लौहसार (फ़ौलाद, इस्पात), पक्के लोहे का छड़, तलवार; - *v. t.* to harden. पक्का करना, दृढ़ करना; **Cold-steel** (sword &c. as opposed to firearms.) बारूद के हथियार से भिन्न अस्त्र (यथा—तलवार, बर्छा इत्यादि) ; **Steel-cap** (a helmet.) लोहे का टोप, कवच; **Steel-clad** (clad in armour.) कवच पहिने हुए; **Steel-hearted** (hard-hearted.) कठोरहृदय।

Steeliness-स्टीलि - नेस् - *n.* the quality of being steely. कठोरता।

Steely-स्टीलि' - *adj.* made of steel, hard, firm, steel-like. फ़ौलाद का बना हुआ, पुष्ट, दृढ़, कठोर, फ़ौलाद के समान।

Steelyard-स्टील्'-यार्ड् - *n.* a kind of balance for weighing things. तुलादण्ड, एक प्रकार का (भूसा, लकड़ी इत्यादि) तौलने का यन्त्र।

Steening-स्टीन्-इङ्ग् *-n.* the stone lining of a wall. दीवार में पत्थर लगाना।

Steep-स्टीप्*-adj.* precipitous, exaggerated, not reasonable. बहुत ढालुआँ (खड़ा), बढ़ाकर कहा हुआ, अनुचित, तर्कहीन ; *-n.* a slope, a precipitous place or ascent, a precipice, process of steeping. ढार, टीला, करारा, तर करने की विधि; *-v. t.* to soak in liquid. जल इत्यादि में तर करना या भिगाना।

Steepen-स्टीप्'-न् *-v. i. & t.* to make or become steep. ढालुआँ होना या बनाना।

Steeper-स्टीपर् - *n.* a vessel in which things are steeped. पदार्थों को भिगाने का पात्र।

Steeple-स्टी'-पूल् - *n.* the tower rising above the roof of a church, a spire. गिरजाघर की छत पर की मीनार, धरहरा; **Steeplechase** (-चेस्)*-n.* a horserace in which ditches &c. are jumped over. खाँई इत्यादि डकाने की घुड़दौड़; **Steepled** (-ड्)*-adj.* with a spire. मीनारदार; **Steeple-jack** (-जैक्)*-n.* a man who works on steeples. मीनार पर चढ़कर मरम्मत करनेवाला।

Steeply-स्टीप-लि*-adv.* in a steepy manner. ढालुआँ तरह से।

Steepness-स्टीप-नेस्*-n.* the state of being steep. ढालुआँपन।

Steepy-स्टीप-इ*-adj.* having declivity. ढालुआँ।

Steer-स्टी-अर्*-n.* (*fem.* **Heifer.**) a young ox. जवान साँड़; - *v. t. & i.* to guide a vessel, motor-car, airship, bicycle &c., to pursue a course of action, to direct one's course in a specified direction. जहाज़, नाव, हवाई जहाज़, मोटर बाइसिकिल इत्यादि चलाना, मार्ग दिखलाना, मार्ग निश्चित करना; **To steer one's course** (to be engaged in one's work.) अपने कार्य में लग जाना; **Steerable** (-ऍबूल्)*- adj.* able to be steered. चलाने योग्य; **Steerage** (-एज्) - *n.* the act of steering, the part of a ship allotted to inferior passengers. जहाज़ का खेना, जहाज़ के आगे का कमरा जिसमें सामान्य यात्री रहते हैं; **Steerer** (-अर्) *-n.* one who steers a ship. जहाज़ चलानेवाला।

Steersman-स्टिअर्ज़्'-मॅन्*-n.* (*pl.* **Steersmen.**) a helmsman. जहाज़ चलानेवाला माँझी, मल्लाह; **Steermanship** (-शिप्)*-n.* skill in steering a ship. जहाज़ चलाने की विद्या।

Steganography-स्टॅग्-ऑ-नॅग्' -रॅ-फ़ि - *n.* the art of writing secret characters. सांकेतिक अक्षरों में लिखने की कला।

Steinbock-स्टाईन्'-बॉक् - *n.* a kind of wild goat. एक प्रकार का जंगली बकरा।

Stele-स्टी-लि - *n.* an upright slab put on a grave. क़ब्र के ऊपर लगाने का खड़े बल का पत्थर।

Stellar-स्टॅ-लर्*-adj.* pertaining to stars. तारा-सम्बन्धी।

Stellate-स्टॅ-लॅट्- *adj.* resembling a star. तारा की आकृति का।

Stelliform-स्टॅलिफ़ॉर्म्*-adj.* in the form of a star. तारा के आकार का।

Stellular-स्टॅल्युलर् *-adj.* shaped like small stars. छोटे तारों की आकृति का।

Stem-स्टॅम् - *n.* the stalk of a plant or tree, the branch of a family, the prow of a ship, the back part of a tobacco-pipe, origin, the root of word. पेड़ का तना (डंठल), सन्तान (वंश), जहाज़ (या नाव)

का अगला भाग, गुड़गुड़ी की नली का भाग, उत्पत्ति-स्थान, शब्द का आदिरूप; *-v. t.* (*p. t.* Stemmed.) to check, to stop. रोकना, प्रतिबन्ध करना; **From stem to stern** (from one side of a ship to the other, completely, throughout.) एक ओर से दूसरी ओर तक, पूर्ण रूप से।

Stemma-स्टेॅमीं-*n.* (*pl.* Stemmata.) family descent. वंशवृक्ष, कुरसीनामा।

Stench-स्टेॅन्च् *-n.* an offensive smell. दुर्गन्ध, बदबू; **Stench-trap** (-ट्रॅप्)-*n.* a contrivance to stop offensive smell. परनाली की दुर्गन्ध रोकने का साधन।

Stencil-स्टेॅन्सिल्-*n.* a thin plate of metal or a piece of waxed paper in which patterns are cut out to be transferred by brush and ink to some other material. पतली धातु की चद्दर या मोमी कागज जिस पर का कटा हुआ अक्षर, चित्र इत्यादि बुरुस तथा रोशनाई से दूसरे पदार्थ पर उतारा जाता है; *-v. t.* (*p. t.* Stencilled.) to decorate with stencils. इस प्रकार की चद्दर द्वारा चित्र बनाना; **Stenciller** (-लर्) *-n.* one who prepares stencils. ऐसी आकृति बनानेवाला।

Steno-स्टेॅ-नॅ-*pref.* in the sense of "narrow." "सिकुड़ा" अर्थ का उपसर्ग; **Stenochromy** (-क्रॉमि)-*n.* the art of printing several colours. अनेक रंग में छापने की विधि।

Stenograph-स्टेॅन्-ॲ-ग्रॅफ्-*n.* writing in short hand, a machine for such writing. सांकेतिक चिह्न में लिखने की विधि, ऐसा लिखने का यन्त्र; **Stenographer** (-अर्) *-n.* a shorthand writer. सांकेतिक चिह्न में लिखनेवाला; **Stenographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to stenography. सांकेतिक चिह्न में का; **Stenographically** (- इकलि) - *adv.* in a stenographical manner. इस विधि से।

Stentor-स्टेॅन्-टर्- *n.* a person with a loud voice. तेज़ बोलनेवाला मनुष्य; **Stentorian** (-इ-अन्)-*adj.* speaking very loudly. उच्च स्वर से बोलनेवाला।

Step-स्टेॅप् *-v. i. & t.* (*p. t.* Stepped.) to move with alternate feet, to walk slowly, to advance, to proceed, to fix a mast in its place. डग बढ़ाना, धीरे-धीरे चलना, आगे बढ़ना, आगे कदम बढ़ाना, मस्तूल लगाना; **To step aside** (to remove, oneself.) अलग होना; **To step back** (to retreat.) पीछे को हटना; **To step forward** (to advance.) आगे को बढ़ना; **To step in** (to enter a house, to intervene, to help or hinder.) घर में प्रवेश करना, बीच में आ जाना, विघ्न डालना; **To step up** (to ascend.) ऊपर चढ़ना।

Step-स्टेॅप्-*n.* a mark left by foot on the ground, pace, manner of walking, degree, the rung of a ladder, advance from one stage to the other. पद, डग, क्रम, चाल, सीढ़ी का डण्डा, उद्योग, परिपाटी; **By steps** (by degrees.) क्रम-क्रम से; **Flight of steps** (tread of staircase.) सीढ़ी के डण्डे; **Step by step** (gradually.) क्रम से, धीरे धीरे, पद पद पर; **The first step** (beginning.) आरम्भ।

Step-स्टेॅप्-*n.* a prefix to express nominal relationship. नाम मात्र का सम्बन्ध सूचक उपसर्ग; **Step-brother** (born of different mothers but same father.) सौतेला भाई; **Step-child, Step-daughter, Step-father, Step-mother, Step-son** &c. सौतेला बालक, कन्या, माता, पिता इत्यादि।

Stepney-स्टेॅप्'-नि-*n.* a substitute wheel for a motor-car. मोटर गाड़ी का फ़ालतू पहिया।

Steppe-स्टेॅप्-*n.* a level uncultivated grass-land. बिना जोता-बोया हुआ घास का मैदान।

Stepping-stone-स्टेॅ-पिङ्ग्'-स्टोन्-*n.* a stone to raise the feet above water in walking, a means of progress. जल के ऊपर पैर रखने का पत्थर, उन्नति का मार्ग।

-ster-स्टर्-*suf.* forming agent. "वाला" अर्थ का प्रत्यय।

Stereo-स्टिअर्-इ-ॲ-*n.*(*pl.* Stereos.) stereotype. ढले हुए टाइप की तख्ती; *pref.* in sense of 'solid.' ('ठोस') अर्थ का उपसर्ग; **Stereobate** (-बेट्)-*n.* the solid platform on which a building is constructed. ठोस चबूतरा जिस पर मकान इत्यादि बनाया जाता है; **Stereography** (-ग्रॅफ़ि)-*n.* the delineation of solid bodies on a plane surface. ठोस आकृति का चित्र कागज पर बनाने की विधि; **Stereometer** (- मि-टर्) *- n.* an instrument for determining specific gravity of solid bodies. ठोस पदार्थों का आपेक्षिक घनत्व जानने का यन्त्र; **Stereoscope** (-स्कोप्) - *n.* an instrument for com-

bining two views into a single solid one. एक प्रकार के दुहरे ताल द्वारा चित्रों के देखने की दूरबीन; **Stereotype** (- टाइप्) -*n.* a block of fixed solid type used in printing. छापने का ठोस सीसे का तख्ता जिसमें उभड़े हुए टाइप ढालकर बनाये जाते हैं; -*v. t.* to cast in stereotype. इस प्रकार के टाइप के प्लेट्ट से छापना; **Stereotyped** (-टाइप्ड्)-*adj.* unchanging, monotonous. दृढ़, बिना परिवर्तन का; **Stereotyper** (-टाइपर्)-*n.* one who prepares stereotype plates. छापे का प्लेट बनानेवाला ; **Stereotypist** (-टाइपिस्ट्) -*n.* one who stereotypes. छापे का प्लेट ढालनेवाला ।

Sterile-स्टे॑राइल्-*adj.* unproductive, barren, unfruitful. बाँझ, ऊसर, निष्फल ।

Sterility-स्टे॑रिलिटि-*n.* barrenness, unfruitfulness. वन्ध्यता (निष्फलता), ऊसरपन ।

Sterilization - स्टे॑रिलाइजे॑शन्-*n.* the act of sterilizing. कीटाणु को मारकर पदार्थ का शोधना ।

Sterilize-स्टे॑रिलाइज़्-*v. t.* to destroy bacteria, to wash with an anticeptic. कीटाणु को मार डालना तथा इस प्रकार से पदार्थ को शुद्ध करना; **Sterilizer** (-अर्) -*n.* that which sterilizes. कीटाणु को मारकर शुद्ध करने का साधन ।

Sterling- स्टर्लिङ्ग्-*adj.* genuine, pure, of standard value, not showy. वास्तविक, शुद्ध, खरा (सच्चा), अकृत्रिम;-*n.* the standard gold coin of England worth twenty shillings. अंग्रेजी सोने का सिक्का जो बीस शिलिंग का होता है ।

Stern-स्टर्न्-*adj.* severe, rigid, strict, harsh, cruel. निष्ठुर, दृढ़, कठोर, कर्कश, निर्दय ।

Stern-स्टर्न्-*n.* the hind part of a ship or boat, the buttocks. जहाज या नाव का पीछे का भाग, चूतड़; **From stem to stern** (from one end of a ship to the other.) जहाज के एक कोने से दूसरे कोने तक; **Stern-foremost** (-फ़ोर्-मोस्ट्)-*adj.* moving backwards. पीछे की ओर जानेवाला; **Stern-post** (-पोस्ट्)-*n.* the central timber bearing the rudder. पतवार लगाने का बीच का बल्ला; **Sternward** (-वर्ड्) -*adv.* towards the stern. जहाज के पीछे की ओर; **Sternway** (-वे) -*adj.* backwards. पीछे की ओर का ।

Sternal-स्टर्नल्-*adj.* pertaining to sternum. उरास्थि (सीने की हड्डी) से सम्बन्धित ।

Sternly-स्टर्न-लि-*adv.* in a stern manner, strictly, severely. रूक्षता से, कठोरता से ।

Sternness-स्टर्न्-नेस्-*n.* strictness, rigidness. कठोरता, निर्दयता ।

Sternum-स्टर्नम्-*n.* (*pl.* **Sterna.**) the bone running from neck to stomach, breast-bone. गर्दन से पेट तक की हड्डी, उरास्थि ।

Sternutation - स्टर्न्युटे॑शन्-*n.* the act of sneezing. छींक ; **Sternutative** (-टे॑-टिव्), **Sternutatory** (-टरि) -*adjs.* provocating, sneezing. उत्तेजक, छींक सम्बन्धी, छींक लानेवाली ।

Stertorous-स्टर्टरस् - *adj.* snoring. घरघराहट का शब्द करनेवाला; **Stertorously** (-लि)-*adv.* snoringly. घर्राटा लेते हुए; **Stertorousness** (-नेस्)-*n.* a snoring sound. घर्राटे का शब्द ।

Stet-स्टे॑ट्-*n.* a proof-correcting direction. प्रूफ शुद्ध करने का एक संकेत; -*v. t.* to cancel correction of. काटी अशुद्धि रद्द करना ।

Stethoscope-स्टे॑थस्कोप्-*n.* an instrument used for the auscultation of the heart or lungs. यन्त्र जिससे डाक्टर लोग हृदय अथवा फेफड़े की अवस्था शब्द सुनकर जान लेते हैं; -*v. t.* to examine lungs by a stethoscope. इस यन्त्र से फेफड़े या हृदय की परीक्षा करना; **Stethoscopic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a stethoscope. इस यन्त्र-सम्बन्धी; **Stethoscopically** (-इकलि)-*adv.* by means of a stethoscope. इस यन्त्र से परीक्षा करते हुए; **Stethoscopist** (-इस्ट्)-*n.* one who examines lungs by a stethoscope. इस यंत्र से परीक्षा करनेवाला मनुष्य ।

Stethoscope

Stevedore-स्टीविडोर्-*n.* a man who loads and unloads the cargo of a ship. जहाज पर का माल उतारने-चढ़ानेवाला ।

Stew-स्ट्यू-*n.* a house of ill-fame, meat or fruit stewed, mental agitation, worry, a pond for keeping fish. व्यभिचार का स्थान, मन्द आँच में पकी हुई तरकारी या मांस, मानसिक अव्यवस्था, कष्ट, मछली पालने का कुण्ड; -*v. t. & i.* to cook by continued simmering in a closed vessel, to be oppressed by heat.

धीमी अग्नि में पकाना या उबालना, गरमी से पीड़ित होना; To stew in one's own juice (to look after one's own interests.) अपना स्वार्थ देखना, सहायता न करना।

Steward-स्ट्यू - अर्ड्-*n.* (*fem.* Stewardess.) a person employed to manage another's property or estate, a passenger's attendant on board a ship. (परिचारक) कारिन्दा, जहाज पर यात्रियों का सेवक; **Stewardess** (-ऍस्) -*n.* a female steward. भण्डारिन; **Stewardless** (-लॅस्)-*adj.* without a steward. बिना सेवक का; **Stewardship** (-शिप्)-*n.* the office of a steward. परिचारक का पद।

Stew-pan-स्ट्यू-पॅन्-*n.* a pan for stewing. छिछली कड़ाही।

Sthenic-स्थॅनिक्-*adj.* of diseased vitality of the heart or arteries. धमनी या हृदय की असामान्य अस्वस्थ गति सम्बन्धी।

Stibium-स्टिबि-अम्-*n.* antimony. स्रोतोंजन, सुरमा।

Sticcado-स्टिक्का - डॅ -*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का तार का बाजा।

Stichomyth, Stichomythia - स्टिकॅ - मिथ् (-इ-ऑ)-*ns.* a dialogue in alternate lines of poetry. कविता के प्रत्येक चरण में प्रश्नोत्तर।

Stick-स्टिक्-*n.* the shoot of a tree, a walking-cane, a staff, a twig, a slender piece of any thing, a frame for composing types. डंडा, टहनी, छड़ी, अंकुर, लकड़ी, टाइप कम्पोज करने की तख्ती।

Stick-स्टिक्-*v. t. & i.* (*p. t.* Stuck.) to pierce a pointed thing into, to fix, to stab, to thrust, to protrude, to fasten, भोंकना, बैठाना, चुभाना, खोंसना, फैलाना, चपकाना, साटना; **Stick in the mud** (unable to improve.) उन्नति न करनेवाला; **Stuck up** (conceited.) धृष्ट; **To stick in** (to adhere to.) चपकाना; **To stick in the throat** (to be thrust into the throat.) गले में फँसना, निगलने में कष्ट होना; **To stick out** (to expand.) फैलाना; **To stick to a point** (to be firm on one's principle.) अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहना; **To stick pen behind one's ear** (to place pen on the ear.) कान पर कलम खोंसना; **To stick up** (to erect, to perplex.) खड़ा करना, घबड़ाना।

Sticker-स्टिकर्-*n.* one who sticks or stabs, one who kills swine, a stabbing weapon or a long knife, a fishing spear, one who remains constant in his purpose. डण्डे से या छुरे से मारनेवाला, सूअर को मारनेवाला, लंबा छुरा, मछली मारने का भाला, अपने इरादे पर अटल रहनेवाला व्यक्ति।

Stickful-स्टिक्'-फुल्-*n.*composing stick which is full. टाइप कम्पोज करके भरी हुई तख्ती।

Stickiness-स्टिक्-इ-नॅस्-*n.* adhesiveness. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Sticking-plaster-स्टिक्'-इङ्ग्-प्लॅस्-टर् -*n.* an adhesive plaster for wounds. फोड़े पर चपकाने की पट्टी।

Stickleback-स्टिक्'-कुल-बॅक्-*n.* a small fish with a sharp backbone. एक प्रकार की छोटी मछली।

Stickler-स्टिक्'-लर्-*n.* an insisting contender. हठी, झगड़ालू।

Sticky-स्टिकि-*adj.* (*comp.* Stickier, *sup.* Stickiest.) tending to stick, glutinous. चिपचिपा, लसलसा।

Stiff-स्टिफ्-*adj.* rigid, unbending, strong, obstinate. कठोर, न मुड़नेवाला, दृढ़, रूखा, हठी।

Stiffen-स्टिफ्'-न्-*v.t.* to make stiff, to tighten. कठोर करना, ठोस करना; **Stiffener** (-अर्)-*n.* one who stiffens. कड़ा करनेवाला ; **Stiff-hearted** (-हॅर्टेड्)-*adj.* stubborn. हठी।

Stiff-market -स्टिफ् -मार्कॅट् -*n.* when prices remain firm. स्थिर भाव; **Stiff-neck** (-नॅक्)-*n.* a rheumatic affection of the neck. गर्दन का गठिया; **Stiff-necked** (-ऍड्)-*adj.* obstinate. हठी; **Stiffness**- (-नॅस्)*n.* the state of being stiff. कठोरता ; **Stiff-price** (-प्राइस्)-*adj.* high price. ऊँचा दाम; **Stiffy** (-इ)-*adj.* hard. कड़ा, कठोर।

Stifle-स्टि'-फ़ल्-*v. t.* to suppress, to choke, to smother. दबाना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना;-*n.* a horse's joint, between hock and hip, a disease of horse's knee-pan. घोड़े के पैर की गुमची, इस स्थान का रोग।

Stifled-स्टिफ़्ल्-ड् - *adj.* with stiffled joint. गुमची के रोगवाला।

Stifling-स्टिफ़्लिङ्ग्-*adj.* choking. गला घोंटनेवाला; **Stiflingly** (-लि)-*adv.* in a choking manner. गला घोंटता हुआ।

Stigma-स्टिग्मी-*n.* (*pl.* **Stigmas, Stigmata.**) a mark branded on a criminal, a mark of infamy, a stain on one's reputation, a spot, a mark on skin, characteristics of a disease, the top of pistil. बन्दी या दास के शरीर पर छापा हुआ कलंक का चिह्न, लांछन, धब्बा, चिह्न, किसी रोग का विशेष चिह्न, पुष्प के जायाङ्ग का अग्रभाग, योनि-छत्र, कुक्षि; **Stigmatic** (-टिक्) *-adj.* pertaining to stigma. छाप या चिह्न-सम्बन्धी; **Stigmatist** (-टिस्ट्) *-n.* one who brandswith a stigma. चिह्न करनेवाला ।

Stigmatization - स्टिग्मटाइज़ेशन् - *n.* use of opprobrious terms. निन्दा, गाली ।

Stigmatize-स्टिग्म-टाइज़्-*v. t.* to use abusive language, to mark with a stigma. गाली देना (निन्दित करना), शरीर पर छाप लगाना ।

Stile-स्टाइल्-*n.* provision made for enabling passenger (excluding cattle) to get over or through a fence, vertical piece in a frame. बाड़े या टट्टी के बीच से यात्रियों के जाने का मार्ग, दरवाजे के फ्रेम का लम्बा टुकड़ा ।

Stiletto-स्टिलेटो-*n.* (*pl.* **Stilettos, Stilettoes.**) a small dagger, an instrument for making eyelets. छोटा कटार या खंजर, छेद करने का यन्त्र ।

Still-स्टिल्-*adj.* motionless, without sound, silent, peaceful. निश्चल, मौन, चुपचाप, शान्त; *-n.* deep silence. गहरी शान्ति ; *-v. t. & i.* to quiet, to silence, to appease, to fish on boat lying at anchor. शान्त करना या होना, निःशब्द (चुपचाप) करना, स्थिर करना, लङ्गर पर खड़ी हुई नाव पर से मछली फँसाना;*-adv.* habitually, always, for all that, nowand then, nevertheless. सर्वदा, सदा, अब भी, कभी-कभी, तो भी ।

Still-birth-स्टिल्-बर्थ्-*n.* birth of a lifeless child. मरे बच्चे का जन्म ।

Still-lake-स्टिल्-लेक्-*n.* a lake in which water is motionless. बिना लहर की झील ।

Still life-स्टिल्'-लाइफ़्-*n.* a picture of a lifeless object. निर्जीव वस्तु का चित्र ।

Stilly-स्टि-लि-*adj. & adv.* calm, quietly (calmly). शान्त, बिना क्षोभ से ।

Stillness-स्टिल्'- नेस् - *n.* absence of movement. शान्ति, मौनता ।

Still-स्टिल्-*n.* a distilling apparatus वकयन्त्र, भभका, अर्क खींचने का डेग ; *-v. t.* to distil. अर्क उतारना; **Still-room** (a room for distilling liquors.) शराब बनाने या अर्क खींचने का घर ।

Still.

Stillage-स्टिल्'-एज् -*n.* a bench or frame for storing articles. सामग्री रखने की चौकी ।

Stilling-स्टि-लिङ्ग्, **Stillion** - स्टिल्' - यन्-*ns.* a support for casks. पीपा रखने का आधार ।

Stilly-स्टि-लि-*adj.* quiet, still. स्थिर, शान्त, अचल ।

Stilt-स्टिल्ट्-*n.* one of a pair of poles with foot-rest used to walk on. चढ़कर चलने योग्य पावदान लगा हुआ डण्डा ।

Stiltpetrel-स्टिल्ट् - पिट्रल् *-n.* a bird with long legs. लम्बे पैरकी एक प्रकार की चिड़िया ।

Stilt.

Stilted-स्टिल्-टेड्-*adj.* magnificent, splendid, bombastic. लम्बा-चौड़ा, ऐश्वर्ययुक्त, असार; **Stiltedly** (-लि)-*adv.* splendidly. महत्त्व से; **Stiltedness** (-नेस्)-*n.* magnificence. महत्त्व ।

Stilton-स्टिल्'-टन्-*n.* a kind of cheese. एक प्रकार का पनीर ।

Stimulant-स्टिम्युलन्ट्-*adj.* producing increase of vitality, inciting, provocative. शक्ति बढ़ानेवाला, उत्तेजक, प्रोत्साहक;*-n.* a stimulating drug. शक्ति बढ़ानेवाली दवा (विशेषकर मदिरा); **He never takes stimulants** (he never takes alcoholic drinks.) वह मदिरापान कभी नहीं करता ।

Stimulate-स्टिम्'-यु-लेट्-*v.t.*to apply stimulus to, to excite, to animate, to instigate, to spur on. उत्तेजित करना, उसकाना, प्रोत्साहित करना, एँड़ लगाना ; **Stimulation** (-शन्)*-n.* the act of exciting. प्रोत्साहन, उत्तेजना, उसकाव; **Stimulating** (-इङ्ग्)-*adj.* exciting. उत्तेजक, उभाड़नेवाला; **Stimulative** (-इव्)-*adj.* tending to excite. उत्तेजनापूर्ण प्रवृत्तिवाला;

Stimulator (-अर्)-*n.* he who excites. प्रवृत्त करने (उभाड़ने) वाला।

Stimulus-स्टिम्-यु-लस्-*n.* (*pl.* Stimuli.) that which excites or rouses energy, effect of exciting. उत्तेजना, उभाड़ (उसकाव)।

Sting-स्टिङ्ग्-*v. t. & i.* (*p. t.* Stung.) to pierce with a point darted out, to affect with acute pain. डंक मारना, अत्यन्त पीड़ा देना (मर्म छेदना) ; -*n.* a sharp-pointed weapon in insects and some animals &c. for defence, poisonous fang of a snake, infliction of wound, keenness. डंक, सप का जहर का दाँत, घाव, कंटक, मर्म।

Stinger-स्टिङ्गर्-*n.* a painful blow. गहरी मार।

Stinging-स्टिङ्ग' - इङ्ग् - *adj.* piercing with sting. डँसनेवाला, मर्मभेदी; **Stingingly** (-लि) -*adv.* in a stinging manner. डंक मारते हुए, कष्ट देते हुए।

Stingless-स्टिङ्ग्'-लेस्-*adj.* devoid of stings. विना डंक का।

Stingo-स्टिङ्गो-*n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा।

Stingily-स्टिन्'-जि-लि-*adv.* covetously. कृपणता से, लोभ से।

Stinginess-स्टिन्-जि - नेस् - *n.* covetousness. कृपणता, लोभ।

Stingy-स्टिन्'-जि-*adj.* (*comp.* Stingier, *sup.* Stingiest.) meanly, covetous niggardly. कृपण (लोभी)।

Stink-स्टिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* Stank. *p. p.* Stunk.) to emit an offensive smell. दुर्गन्ध निकलना; -*n.* a disagreeable smell. दुर्गन्ध, बदबू।

Stinkard-स्टिंकर्ड्-*n.* a stinking person or animal. दुर्गन्ध-युक्त मनुष्य या पशु।

Stinking-स्टिङ्किङ्ग्-*adj.* emitting an offensive smell. दुर्गन्ध-युक्त; **Stinkingly** (-लि)-*adv.* disgustingly. दुर्गन्धता से।

Stink-trap-स्टिङ्क्'-ट्रैप्-*n.* a trap to stop offensive smell. दुर्गन्ध रोकने का ढकना।

Stint-स्टिन्ट्-*v. t.* to restrain, to keep on short allowance, to supply in a grudging manner. बाँधना (रोकना), परिमित भोजन देना, अनिच्छा से देना ; -*n.* restraint, limitation. नियम, मर्यादा, अटकाव, रोक।

Stintingly-स्टिन्टिङ्ग्-लि-*adv.* with restraint, unwillingly. नियम से, अनिच्छा से।

Stintless-स्टिन्ट्'-लेस्-*adj.* without stint. विना रुकाव का, विना मर्यादा का।

Stipate-स्टि-पेट् - *adj.* closely set. सटा हुआ, सटकर बना हुआ।

Stipe-स्टाइप्-*n.* the stem of a plant. किसी पौधे की डण्ठी, डण्ठल।

Stipel-स्टि'-पल्-*n.* a secondary leaflet. पौधे की नीचे की पत्ती।

Stipellate-स्टिप्'-लेट्-*adj.* having secondary leaves. नीचे की पत्ती से युक्त।

Stipend-स्टाइ-पेन्ड्-*n.* a fixed pay for service, salary or allowance. वेतन, वृत्ति, मजदूरी।

Stipendiary-स्टाइपेन्डिअरि-*n. & adj.* one who receives a stipend, receiving salary in return for services. वृत्ति पानेवाला, वैतनिक।

Stipple-स्टि-पल् -*v. t. & i.* to engrave in dots instead of lines. विन्दु रीति से धातु इत्यादि पर खोदना ; -*n.* dotted engraving. इस प्रकार की खुदाई।

Stippler-स्टिप्-लर्-*n.* one who stipples. विन्दु रीति से खोदनेवाला।

Stipular-स्टिप्युलर्-*adj.* pertaining to a stipule. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती से सम्बन्धित।

Stipulate-स्टिप्' -यु-लेट्-*v. i. & t.* to make a demand, to demand as part of an agreement, to make a contract. किसी वस्तु की माँग करना, प्रतिज्ञा करना, बन्धेज करना।

Stipulated-स्टिप्-यु-लेट्'-एड् -*adj.* agreed or settled. नियत (निर्दिष्ट), प्रतिज्ञा किया हुआ।

Stipulation - स्टिप्-यु-ले-शन् - *n.* a contract. प्रतिज्ञा (नियम, होड़)।

Stipulator-स्टिप्-यु-ले-टर्-*n.* one who makes a contract. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Stipule-स्टिप्-युल् -*n.* a small leaf at the base of the stem of a plant. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती।

Stir-स्टर् -*v. t. & i.* (*p. t.* Stirred.) to set in motion, to incite, to move, to move spoon &c. for mixing, to excite, to be busy. हिलाना, उसकाना, चलाना, मथन करना, उत्तेजित करना, व्यस्त या मशगूल होना; -*n.* agitation, excitement, disturbance, commotion. विप्लव, संक्षोभ, उपद्रव (हलचल), हड़बड़ी; **To stir abroad** (to go out of the house.) घर के बाहर जाना ; **To stir one's blood** (to increase excitement.) उत्साह बढ़ाना ; To

stir the fire (to use a poker in burning fire.) आग सुलगाने के लिये सींखचे का प्रयोग करना; To stir up (to excite.) उत्तेजित करना, मिलाना।

Stirless-स्टर्' -लॅस् *-adj.* motionless. निश्चल, गतिहीन।

Stirpiculture-स्टर्पि-कल्चर् *-n.* the breeding of a special stock. किसी विशेष जाति के पशु इत्यादि की नस्ल की उत्पत्ति या वृद्धि का कार्य।

Stirps-स्टर्-प्स् *-n.* a generation or race, progenitor. जाति (वंश), किसी जाति का आदिपुरुष।

Stirrer-स्टर्-र् *-n.* he who or that which stirs. उत्तेजित करनेवाला, हिलानेवाला।

Stirring-स्ट-रिङ्ग् *-adj.* animating, rousing. उद्दीपक (उत्तेजक), क्रोध दिखलानेवाला; **Stirringly** (-लि) *-adv.* by way of stirring. उत्तेजित करते हुए।

Stirrup-स्टरप् *-n.* an iron ring suspended by a rope or strap from the saddle for resting a horseman's foot. पादधारिणी, रेकाव; **Stirrup-leather** (a piece of leather in which a stirrup is hung.) रेकाव लगाने का चमड़ा; **Stirrup-piece** (a hanging support.) लटकाने का आधार।

Stitch-स्टिच् *-n.* acute pain in the side, a single pass of needle in sewing. पसली की पीड़ा, सियन, टाँका; *-v. t. & i.* to unite by stitching, to sew. सीना, टाँका लगाना; **A stitch in time saves nine** (even a small attempt in due time saves various difficulties.) समय पर किया हुआ थोड़ा-सा यत्न भी बड़े लाभ का होता है; **Stitching** (- इङ्ग्) *-n.* सियन, टाँका; **Stitching-horse** (the clamp of a harness-maker.) साज बनानेवाले मोची की बाँक; **To drop a stitch** (to let a loop fall off in stitching.) सियन की बनावट काटकर रोक देना; **To put stitch** (to sew up a wound.) घाव में टाँका लगाना।

Stithy-स्टि-दि *- n.* a smith's shop, anvil, forge. लुहार की दूकान, निहाई, भाथी।

Stiver-स्टाइ-व़र् *-n.* even the smallest coin. छोटा से छोटा सिक्का भी।

Stoat-स्टोट् *-n.* an animal of the weasel tribe. एक प्रकार का रोवेंदार चौपाया; *-v. t.* to sew. कपड़ा सीना।

Stock-स्टॉक् *-n.* the main trunk or stem of a plant or tree, body-piece of a machine, lineage, raw material, store, capital, a kind of flower, cattle, object of ridicule. वृक्षस्तंभ, तना, यन्त्र का आधार, कुटुम्ब, सामग्री, संचय, मूलधन, एक प्रकार का फूल, पशु, निन्दा का पात्र; *-v. t. & i.* to fit with stock, to confine in stocks, to provide with goods. इकट्ठा करना, काठ में बन्द करना, ढेर लगाना, बटोरना; **Dead-stock** (inanimate objects.) निर्जीव पदार्थ; **Laughing-stock** (an object of ridicule.) तिरस्कार का पात्र; **Live-stock** (a herd of cattle.) पशुसमुदाय; **On the stocks** (public funds.) सार्वजनिक कोष; **Stock-argument** (a fixed argument.) स्थिर तर्क; **Stock of anvil** (a base on which an anvil rests.) निहाई की चौकी; **Stock of bit** (a brace.) बरमा की डाँस; **Stocks and stones** (lifeless objects, lethargic persons.) निर्जीव पदार्थ, उत्साहहीन मनुष्य; **To have in stock** (to have in store.) भंडार में होना।

Stocks-स्टॉक्स् *-n.* a frame of wood in which criminals were formerly confined, public funds. अपराधी के हाथ-पैर बाँधने की धरन, सरकारी नोट।

Stockade-स्टॉ-केड्' *-n.* a kind of fortification, an enclosure of upright staves. खम्भों की पंक्ति, कटघरा, बाड़ा; *-v. t.* to fortify with stockade. बाड़े से मजबूत घेरा बनाना।

Stock-book-स्टॉक्' -बुक् *-n.* a book showing account of goods. सामग्री के हिसाब-किताब की बही।

Stock-broker-स्टॉक्' -ब्रोक्-अर् *-n.* broker of the stock exchange. हुंडी इत्यादि का दलाल, सरकारी कागज बेचने या खरीदने में सहायता देनेवाला दलाल।

Stock-exchange - स्टॉक्' -ऐक्स् - चेन्ज् *-n.* the place where stocks and shares are bought and sold. सरकारी हुंडी बेचने या खरीदने का स्थान।

Stock-farmer-स्टाक्' -फार्मर् *-n.* he who breeds live-stock. पशु पालने तथा बढ़ानेवाला किसान।

Stockinet-स्टॉ-किनॅट्' *-n.* a kind of material for underclothing. भीतरी वस्त्र बनाने का एक प्रकार का कपड़ा।

Stocking-स्टॉक्' -इङ्ग् *-n.* a close-fitting knitted covering for the legs or feet. पैर का मोजा; **Stocking-loom, Stocking-machine** (a knitting machine.) मोजा बुनने का यन्त्र।

Stock-jobber-स्टॉक्'-जॉबर्-*n.* one who deals in stocks and shares. लाभ के निमित्त सरकारी हुंडी खरीदने या बेचनेवाला।

Stockless-स्टॉक्'-लॅस्-*adj.* without stock. बिना पशु या वृक्ष-स्तम्भ या कुटुम्ब या सामग्री का।

Stock-pot-स्टॉक्' - पॉट् - *n.* a pot in which soup is prepared. झोल, तरकारी बनाने का बड़ा पात्र ।

Stock-still-स्टॉक्'-स्टिल्-*adj.* motionless. स्थिर, निश्चल, अचल।

Stock-yard-स्टॉक्'-यार्ड्-*n.* a pen for cattle. पशुओं को बन्द करने का स्थान।

Stocks & dies-स्टॉक्स्'-ऑन्ड्-डाइज़्-*n.* instruments for making threads on bolts and in nuts. छड़ तथा ढिबरी में पेंच बनाने का यन्त्र।

Stocks & dies.

Stockily-स्टॉक्-इ-लि-*adv.* in a thick manner. गठीलेपन से।

Stockiness-स्टॉकि-नेॅस्-*n.* the qualitly of being stocky. गठीलापन।

Stocky-स्टॉकि-*adj.* strongly built. नाटा, गठीले शरीर का।

Stodge-स्टॉज्-*n.* a heavy food, one who eats greedily. भारी भोजन, भुक्खड़ मनुष्य; -*v. i.* to eat greedily, to stuff. भुक्खड़ की तरह खाना, भकोसना।

Stodginess-स्टॉजि-नेॅस्-*n.* the state of being stodgy. फुलाहट, परिपूर्णता।

Stodgy-स्टॉजि-*adj.* indigestible, bulging out. न पचनेवाला, फूला हुआ, परिपूर्ण।

Stoic-स्टो'-इक् -*n.* a disciple of the philosopher Zeno of Athens, one who has control over his passions and to whom pleasure and pain are indifferent. तत्त्ववेत्ता जीनो का शिष्य, (जितेन्द्रिय), सुख-दुःख को समान समझनेवाला (निःस्पृह, उदासी), वैरागी।

Stoical - स्टो' - इकल्-*adj.* pertaining to the doctrine of Stoics. उदासीन (निःस्पृह), समबुद्धि ; **Stoically** (-लि) - *adv.* in a stoical manner. उदासीनता से।

Stoicism-स्टो'-इ - सिज़्म्-*n.* indifference to pleasure or pain. आत्मसंयम, सुख-दुःख की समता।

Stoke-स्टोक्-*v. t. & i.* to feed the fire of an engine. इंजन में कोयला झोंकना।

Stoker-स्टोकर्-*n.* one who manages a furnace. इंजन की भट्ठी में कोयला झोंकनेवाला।

Stoke-hole-स्टोक्' - होल् - *n.* the part of a ship's hold containing the boilers. जहाज का वह स्थान जहाँ वाष्प-यन्त्र रहते हैं।

Stole-स्टोल् - *n.* (*pl.* **Stolae.**) a hanging garment. ओढ़नी, उपरना ; **Stoled** (-ड्) -*adj.* wearing a stole. ओढ़नी ओढ़े हुए।

Stole-स्टोल, **Stolen**-स्टोलन् -*p. t. & p. p.* of Steal. चुराया।

Stolid-स्टॉलिड् -*adj.* phlegmatic, obstinate, not easily agitated, foolish. कफ निकलनेवाला, हठी, शीघ्र उत्तेजित न होनेवाला, मूर्ख।

Stolidity-स्टॉ-लि-डि-टि-*n.* dullness. मूर्खता।

Stolidly-स्टॉ-लिड्'-लि-*adv.* in a dull manner. हठ से, मूर्खता से।

Stolon-स्टो'-लॅन्, **Stole**-स्टोल् - *ns.* prostrate branch of some trees that strikes root and develops into a new plant. बरोह।

Stoloniferous-स्टोलॅनिफ़रस्-*adj.* putting forth suckers. बरोहवाले वृक्ष का।

Stoma-स्टोमॉ-*n.* (*pl.* **Stomata.**) a minuete hole on the epidermis of a leaf. पत्ररंध्र।

Stomach-स्टमक् -*n.* the internal cavity of an animal trunk in which there are the chief organs of digestion, belly, abdomen, appetite for a thing. पक्वाशय, जठर, पेट (आमाशय), इच्छा (कामना); -*v. t.* to eat with relish, to put up with resentment. स्वाद से भोजन करना, क्रोध से सहन करना; **High stomach** (haughtiness.) दृढ़ता, हठ, दर्प; **Stomachache** (-एक्')-*n.* pain in the stomach. पेट का दर्द, उदरशूल; **Stomachal** (-अल्)-*adj.* pertaining to the stomach. उदर-सम्बन्धी; **Stomacher** (-अर्)-*n.* a kind of female dress covering stomach and breast. अँगिया, चोली; **Stomachful** (-फ़ुल्)-*n.* the stomach being full, angry, haughty, spirited, bold. पेटभर, क्रोधी, घमंडी, उत्साही, साहसी; **Stomachless** (-लॅस्)-*adj.* having no appetite. बिना क्षुधा का; **Stomach-tooth**(-टूथ्)-*n.* a lower canine milk tooth in infants. बच्चों के नीचे का सुआ दाँत।

Stomachic-स्टमक्-इक् - *adj.* of the stomach, increasing appetite. उदर-सम्बन्धी, अग्निवर्धक, भूख बढ़ानेवाला; *n.* a medicine that stimulates appetite. अग्निवर्धक औषधि।

Stomato-स्टॅ-मीं-टॅ *-pref.* meaning "mouth." "मुख" अर्थ का उपसर्ग; **Stomato-gastric** (-गॅस्'-ट्रिक्)*-adj.* pertaining to the mouth and stomach. मुख तथा उदर-सम्बन्धी।

Stone - स्टोन् - *n.* a piece of rock, a gem, anything hard and brittle, calculus in the bladder of kidney, a hard seed of fruits, a weight of 14 lbs. (शिला) पत्थर, रत्न, ढेला (ढोंका), अश्मरी (पथरी जो मूत्राशय में पड़ जाती है), फलों की गुठली, सात सेर की तौल; *-v. t.* to face with stones, to obstruct, to pelt with stones. पत्थर बैठाना, रोकना, पत्थर के टुकड़े से मारना; **A heart of stone** (extremely cruel.) कठोरहृदय, वज्रहृदय; **The stone age** (the period of stone implements.) पाषाण काल या वह युग जिसमें मनुष्य पत्थर के शस्त्रों का व्यवहार करते थे ; **Grindstone** (a revolving circular stone for grinding tools.) सान ; **Stones will cry out** (a wrong so great as to move even inanimate objects.) ऐसी निर्दयता जो प्राणहीन को भी हिला देती है; **To free from stones** (to remove stones from fruits.) फलों में से गुठली अलगाना; **To give a stone for bread** (to offer mocking help.) दिखावटी सहायता करना; **To kill two birds with one stone** (to try every possible means.) एक पन्थ दो काज; **To leave no stone unturned** (to spare no pains.) सब प्रकार के उपाय करना; **To stone to death** (to pelt by stone to death.) ढेलों से मार डालना।

Stone-blind- स्टोन्' - ब्लाइन्ड् *-adj.* blind as a stone. पूरी तरह से अन्धा; **Stone-butter** (-बट्र्) *-n.* a kind of alum. एक प्रकार की फिटकिरी ; **Stone-cutter** (कट्र्) *-n.* one who hews stone by profession. पत्थर गढ़नेवाला, संगतराश ; **Stone-deaf** (-डॅफ्)*-adj.* perfectly deaf. बिलकुल बहिरा ; **Stoned** (-ड्)*-adj.* made of stone. पत्थर लगा हुआ; **Stone-fruit** (-फ्रूट्)*-n.* a fruit with a hard stone. गुठलीदार फल; **Stoneless** (-लॅस्) *-adj.* devoid of stone. बिना पत्थर का; **Stone-mason** (-मे'-सन्)*-n.* a worker in stone. संगतराश; **Stone-hearted** (-हॉर्ट्-ऍड्) - *adj.* cruel. निर्दयी ; **Stone-mill** (-मिल्)*-n.* a machine for breaking stone. जाँता, पत्थर तोड़ने की चक्की; **Stone-pit** (-पिट्) *-n.* a stone mine. पत्थर की खान; **Stoneware** (-वेअर्)*-n.* articles made of stone. पत्थर के पात्र।

Stonily-स्टोनिलि - *adv.* in a stony manner. कठोरता से; **Stoniness** (-नॅस्)*-n.* hardness of heart कठोरता, निर्दयता; **Stony** (-इ)*-adj.* (*comp.* Stonier, *sup.* Stoniest.) full of stones, hard, rigid. शिलामय, पथरीला, पत्थरों से भरा हुआ।

Stood-स्टुड् *-p. t. & p. p.* of Stand.

Stool- स्टूल् *-n.* a seat without back, windowsill, place for evacuation of bowels, faeces. तिपाई, मचिया, खिड़की की देहली, मल-मूत्र त्यागने का स्थान, विष्ठा; *-v. i. & t.* to evacuate bowels, to throw up shoots from a root. विष्ठा करना, जड़ में से अँखुआ फूटना; **To go to stool** पायखाना फिरने जाना।

Stoop- स्टूप् *-v. i. & t.* to bend down so as to bring the head near the ground to submit, to condescend, to incline, to swoop. शरीर आगे को झुकाना, नवना, निहुरना, अधीन होना, झपटना;*-n.* a swoop of the body. शरीर का झुकाव।

Stooping- स्टूपिङ्ग्*-n.*bending. नमन; **Stoopingly** (- लि) *-adv.* in a stooping manner. मस्तक झुकाकर।

Stop-स्टॉप् - *v. t. & i.* (*p. t.* Stopped.) to put a stop to, to prevent passage through, to obstruct, to close, to suspend, to put an end to, to decline permission, to cease from motion. डट्टा लगाना, अवरोध करना, रोकना, बन्द करना, रुकावट डालना, समाप्त करना, बाधा डालना (ठहराना, रुकना), गति बन्द करना; **To stop a bullet** (to be shot.) गोली खाना; **To stop down** (to decrease the apperture of a photographic camera.) फ़ोटो के केमरा के ताल का छिद्र कम करना; **To stop one's ears** (to refuse to listen.) कान बन्द करना, बातें न सुनना; **To stop one's mouth** (to induce by bribery, to remain silent.) घूस देना, मुख बन्द करना; **To stop out** (to cover up.) ढाँक रखना; **To stop short** (to stop all of a sudden.) एकाएक रुक जाना; **To stop up** to remain awake.) जागते रहना।

Stop- स्टॉप् -*n.* cessation of motion, check, punctuation mark. प्रतिबन्ध, रुकावट, विश्राम, विराम के चिह्न; **Full-Stop** (the punctuation mark (.) पूर्ण विराम का चिह्न (.); **Stopcylinder** (a kind of printing-press.) एक प्रकार की छापे की कल; **To put a full-stop to** (to finish speaking.) वाक्य समाप्त करना।

Stop-cock-स्टॉप्'-कॉक्-*n.* the tap of a pipe for letting liquids flow. पानी निकलने की टोंटी।

Stop-cock

Stopless-स्टॉप्-लेस्-*adj.* devoid of any check. विना रुकावट का।

Stop-motion-स्टॉप्'-मो-शन्-*n.* an appliance for stopping motion. यन्त्र रोकने का साधन।

Stoppage - स्टॉपेज् -*n.* obstruction. अवरोध, रुकावट।

Stopper-स्टॉ-पर्-*n.* anything that stops a piece of rope for fastening anchor. रोकनेवाला डट्टा, लङ्गर इत्यादि बाँधने का रस्सा।

Stopping-स्टॉ-पिङ्ग्-*n.* something that stops. वन्द करने का साधन।

Stopple-स्टॉ-प्ल्-*n.* the stopper of a bottle, a plug. बोतल का डट्टा; -*v. t.* to close with a stopper. डट्टा लगाना।

Stop-press-स्टॉप्'- प्रेस् -*n.* news inserted in a paper after the printing has begun. समाचारपत्र के छपते-छपते समय का समाचार।

Stop-valve-स्टॉप्-व्रॉल्व्-*n.* a plug closing the passage of a pipe. तरल पदार्थ के रोकने का डट्टा।

Storable-स्टोरेब्ल्-*adj.* able to be stored. इकट्ठा या जमा करने योग्य।

Storage-स्टोरेज्-*n.* the safe storing of goods, charges paid for this. सामग्री को भण्डार में सुरक्षित रखना, भराई का दाम; **Cold-storage** (storing in ice.) वरफ़ में रखना।

Storax- स्टोरॉक्स् -*n.* a resinous balsam used in medicine. शिलाजीत।

Store- स्टोर् - *n.* a great quantity or number, abundance, plenty, a place where things are kept, warehouse, commercial establishment. सञ्चय, सामग्री, अधिकता, भण्डार, कोठी, कारखाना; -*v.t.* to furnish with something, to lay up in store. संग्रह (इकट्ठा) करना, भण्डार में रखना (बटोरना), ढेर लगाना; **In store** (ready.) प्रस्तुत, तयार।

Store-clothes- स्टोर्' - क्लोद्स् - *n.* prepared clothes. तैयार (बने हुए) कपड़े।

Stored-स्टोर्ड् -*adj.* laid in store. इकट्ठा किया हुआ, सञ्चय किया हुआ

Store-house - स्टोर्' - हाउस् - *n.* a house in which stores are kept. भाण्डारघर, कोष।

Store-keeper-स्टोर्'-कीपर्-*n.* one who is in charge of stores. भण्डार का अध्यक्ष, भण्डारी।

Store-room-स्टोर्'-रूम-*n.* a room in which articles are stored. घर में भाण्डार का कमरा।

Stores-स्टोर्स्-*n. pl.* a shop with many departments, articles of a particular sort. कारखाना, विशेष प्रकार की सामग्री।

Storey, Story- स्टोरि -*n.* (*pl.* **Storeys, Stories.**) the horizontal divisions of a building, the rooms &c. in one floor. मकान का खण्ड, मंजिल।

Storeyed, Storied-स्टोरीड्-*pl.* having several storeys. अनेक खण्ड या मंजिलवाला।

Storge-स्टॉर्ज्-*adj.* love for one's progeny, parental affection. पैतृक स्नेह, माता-पिता का बच्चों पर प्यार।

Storiated - स्टोरिएटेड् -*adj.* with elaborate embellishments. चित्र इत्यादि से सुशोभित किया हुआ।

Storied -स्टोरीड् - *adj.* celebrated in stories, told in legends. कथा में वर्णन किया हुआ, ऐतिहासिक कथाओं का।

Storiologist-स्टोरिऑलॅजिस्ट्-*n.* a student of folklore. ग्रामीण गाथा का अध्ययन करनेवाला।

Stork-स्टॉर्क्-*n.* a tall wading bird similar to a heron. क्रौञ्च पक्षी, सारस।

Storm-स्टॉर्म्-*n.* a violent tempest, great excitement, tumult, commotion, agitation, violent attack, a shower of missiles. प्रचण्ड वायु, आँधी या तूफान, संक्षोभ, बलवा, झगड़ा, भयङ्कर आक्रमण (धावा), शस्त्रों की बौछार; -*v. i. & t.* to be violent, to talk furiously, to scold, to bluster. झकोरा होना, क्रोध से बोलना, गाली देना, क्रोध करना; **Storm-belt** (-बेल्ट्) -*n.* the track in which storms are frequent. भूमण्डल पर के वे स्थान जहाँ प्रचण्ड वायु चला करती है; **Storm-bound** (-बाउन्ड्) -*adj.* prevented from leaving

Subjugable-सब्-ज्यु - गॅ-ब्ल्-*adj.* able to be subdued. वशीभूत करने योग्य ।

Subjugate-सब्'-ज्यु-गेट्'-*v. t.* to bring under control, to subdue, to conquer. वशीभूत करना, अधीन करना, जीतना ।

Subjugation-सब्-ज्यु-गे'- शन्-*n.* the act of subduing. दमन, पराजय ।

Subjugator-सब्-ज्यु-गे-टर्-*n.* one who subdues. दमन करनेवाला।

Subjunctive-सब्-जङ्क्'-टिव्-*adj.* subordinate, subjoined. अधीन, पीछे जोड़ा हुआ ; -*n.* a mood of a verb. क्रिया का संशयार्थ-सूचक रूप ; **Subjunctively** (-लि) - *adv.* in the manner of a subjunctive. इस रूप में।

Sublease-सब्-लीस्'-*v. t.* to sublet or underlet. शिकमी देना।

Sublessee-सब्-लेंसी-*n.* one to whom a holding is sublet. शिकमी, पट्टेदार।

Sub-lessor-सब्लेंसर् - *n.* one who sublets. शिकमी पट्टा देनेवाला।

Sublet-सब्-लेंट्'-*v. t.* (*p. t.* **Subletted.**) to underlet to another person. किसी अन्य पुरुष को अपना ठीका इत्यादि देना।

Sublevation-सब्-लें-वे'-शन्- *n.* the act of raising on high. ऊँचा उठाने का कार्य।

Subligation-सब्लिगेशन्-*n.* the act of binding underneath. नीचे की ओर बाँधने का कार्य।

Sublimable-सब्लाइमेबल् - *adj.* able to be sublimated. शोधन योग्य ; **Sublimableness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being sublimable. शोधनयोग्यता।

Sublimate-सब्लि-मेंट् - *v. t.* to refine, to purify, to convert from a solid state to vapour and again allow to solidify. शोधना, निर्मल करना, ठोस पदार्थ को वाष्प रूप में बदलकर फिर से ठोस करना ; - *n.* the product of sublimation. ऐसी क्रिया किया हुआ द्रव्य ; **Sublimation** (-मे-शन्)-*n.* the operation of sublimating. वाष्पीकरण करके पुनः ठोस बनाने की क्रिया।

Sublime-सब्लाइम्-*adj.* exalted, grand, impressive, eminent, high, raised above the ordinary level. उन्नत, विशिष्ट, प्रभावशाली, प्रसिद्ध, प्रौढ़, उत्कृष्ट ; -*v. t. & i.* to sublimate, to exalt, to purify. ठोस से भाप बनाकर फिर ठोस में जमाना, उन्नत करना, बढ़ाना, शुद्ध करना; **The Sublime** (that which is grand, lofty or noble in nature or art.) प्रकृति या कला विशिष्ट तथा प्रभावशाली स्थिति; **Sublimely** (-लि)-*adv.* in an exalted manner. प्रौढ़ता से ; **Sublimeness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being sublime. गौरव, प्रतिष्ठा।

Sublimity-सब्लिमि-टि-*n.* grandeur, impressiveness. उन्नति, गौरव, प्रतिष्ठा, बड़प्पन।

Sublineation- सब्'-लि-नि-ए'-शन्-*n.* mark of a line under a word or words in a sentence. किसी वाक्य के शब्द या शब्दों के नीचे की रेखा का चिह्न।

Sublingual-सब्-लिङ्ग्युअल्-*adj.* situated under the tongue. जीभ के नीचे स्थित।

Sublunar-सब्-ल्यू'- नर् - *adj.* beneath the moon. चन्द्रमा के नीचे का।

Sublunary-सब्-ल्यू'-न-रि-*adj.* pertaining to this world. इस संसार का।

Submarine-सब्'-मीं-रीन्-*adj.* growing or acting under sea water. समुद्र के जल के भीतर उगनेवाली या काम करनेवाली ; - *n.* a submersible motor-vessel. समुद्र के भीतर चलनेवाला जहाज।

Submaxillary- सब्' - मैंक्ि - सिल - रि - *adj.* situated under the jaw. दाढ़ के नीचे का।

Submedian-सब्-मी'-डि-अन्-*adj.* lying under the middle. मध्य के नीचे का।

Submental-सब् -मेंन्टल् - *adj.* beneath the chin. ठुड्डी के नीचे का।

Submerge-सब्-मर्ज्'-*v. t. & i.* to go below the surface of water. जल के भीतर डुबकी लगाना।

Submergence-सब्-मर्'-जेंन्स्-*n.* the act of submerging. डुबकी

Submergible-सब्-मर्जिब्ल्-*adj.* able to be submerged. जल में डुबाने योग्य।

Submerse-सब्-मर्स्'-*v. t. & i.* to grow under water, to plunge. पानी के भीतर उगना, गोता लगाना ; **Submersed** (-ड्) - *adj.* being or growing partly in water. डुबकी लगाये हुए, पानी में उगा हुआ; **Submersible** (-इ-बल्)-*adj.* capable of being submersed. डुबकी लगाने योग्य ; **Submersion** (-शन्) - *n.* the state of being submerged. डुबकी।

Submission-सब् - मिशन् - *n.* obedience to authority, humiliation, meekness, resignation. आज्ञानुकूलता, सहिष्णुता, परवशता, क्षमा।

Submissive-सब्मिसिव्-*adj.* meek, obedient. नम्र, आज्ञाकारी ; **Submissively** (-लि) -*adv.* in a humiliating manner. नम्रता से, अधीनता से ; **Submissiveness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being submissive. अनुरोध, नम्रता।

Submit-सब्-मिट्' -*v. t. & i.* (*p. t.* **Submitted.**) to yield or surrender oneself to power or authority, to present for co

sideration, to refer, to make submission, to be subject to. अधीन या वश में होना, विनय सहित प्रार्थना करना, आगे रखना (स्वीकार करना), अनुरोध करना, शरण में जाना; Submitter (-टर्)-*n.* one who submits. अनुरोध करनेवाला।

Submontane-सब्-मॉन्टेन् -*adj.* at the foot of mountains. पर्वतों की तलेटी पर का।

Submultiple-सब्-मल्टि-पुल्-*n.* an aliquot part of a number. किसी संख्या का पूर्ण भाजक।

Submundane-सब्-मन्डेन्-*adj.* subterranean. पृथ्वी के भीतर का।

Submuscular-सब्-मस्'-क्यु-लर् - *adj.* under the muscle. पेशी (पुट्ठे) के नीचे का।

Subnasal-सब्-नें-ज़ल्-*adj.* under the nose. नाक के नीचे का।

Subnascent-सब् - नौं - सेंन्ट् - *adj.* growing under. नीचे की ओर उगनेवाला।

Subneural-सब्-न्यू'-रल्-*adj.* under a nerve. नाड़ी के नीचे के भाग का।

Subnivean-सब्-नि-वि'-अन्-*adj.* under snow. बरफ़ के नीचे का।

Subnormal-सब्'-नॉर्मल् - *adj.* below normal सामान्य या साधारण से कम।

Subnude-सब्-न्यूड्-*adj.* almost naked. अर्धनग्न, प्रायः नंगा।

Suboctuple-सब्-ऑक्-ट्यू-पुल्-*adj.* containing one part in eight. अष्टमांश, आठ भाग में से एक अंश।

Subocular-सब्-ऑक्युलर्'-*adj.* under the eye. आँख के नीचे का।

Suborbicular-सब्' - ऑर्बिक्युलर् - *adj.* almost circular. प्रायः वर्तुल या गोलाकार।

Subordinate-सबॉर्डिनेट्-*adj.* of inferior rank, inferior, secondary, unimportant. अधीन, अप्रधान, छोटे पद का, अमुख्य; -*n.* a person who works under another. किसी की अधीनता में काम करनेवाला व्यक्ति; -*v. t.* (-नेट्') to place in a lower rank, to make subject. अधीन करना, वश में करना; Subordinately (-लि) -*adv.* in a subordinate manner. अप्रधान रूप से; Subordination (-शन्)-*n.* inferiority of rank, subjection. अधीनता (परतन्त्रता), परवशता; Subordinative (-इव्)-*adj.* under subjection. अधीन।

Suborn-सबॉर्न्-*v. t.* to commit perjury, to cause to take a false oath, to procure secretly. ठगना, झूठी शपथ दिलाना, गुप्त रीति से प्राप्त करना; Subornation (-ए-शन्)-*n.* perjury. कूट साक्षी, धोखा; Suborner (-अर्)-*n.* one who commits perjury. धोखा देने का अपराध करनेवाला।

Subovate-सब्'-ओ-वेट् -*adj.* nearly in the form of an egg. प्रायः अण्डे के आकार का।

Subpoena-सब्-पीना, सपीना-*n.* a writ commanding the presence of a person in a court as a witness under a penalty. अदालत में गवाही के लिये आज्ञापत्र; -*v. t.* to serve this writ upon a person. सफ़ीना निकालना।

Subpolar-सब्-पोलर्-*adv.* near the pole. ध्रुव के समीप का।

Subquadrate-सब्-क्वॉड्रेट्-*adj.* nearly square. प्रायः समकोण चतुर्भुज के आकार का।

Subquadruple-सब्-क्वॉ-ड्रु-पुल्-*adj.* containing one part in four. चतुर्थांश, चार भाग में से एक भाग रखनेवाला।

Subquintuple-सब्-क्विन्'-ट्यू - पुल्-*adj.* containing one part in five. पंचमांश, पाँच भाग में से एक भाग रखनेवाला।

Subramous-सब्-रे'-मस्-*adj.* having a few branches. बहुत कम शाखावाला।

Subreption-सब्-रेप्शन्-*n.* the act of obtaining favour by surprise. अचानक अनुग्रह प्राप्त करने का काम।

Subrigid-सब् - रिजिड्-*adj.* moderately rigid or stiff. थोड़ा कड़ा।

Subrogation-सब्' -रॅ-गे-शन् - *n.* substituting of one person for another. एक मनुष्य के स्थान पर दूसरे को नियुक्त करने का काम।

Subrotund-सब-रो-टन्ड्' -*adj.* almost round. प्रायः वर्तुल या गोलाकार।

Subsaline-सब्-सॅ-लाइन्-*adj.* moderately salt. थोड़ा नमकीन।

Subscribable-सब्-स्क्राइबे'-ब्-ल्-*adj.* able to be subscribed. चन्दा दिये जाने योग्य।

Subscribe-सब्-स्क्राइब्'-*v. t. & i.* to write one's name at the foot of a document, to sign, to express one's assent, to contribute to a fund. नाम लिखना, हस्ताक्षर करना, स्वीकार करना, अंशदान (चन्दा) देने की प्रतिज्ञा करना; Subscriber (-अर्)-*n.* one who subscribes. ग्राहक, चन्दा देनेवाला।

Subscript-सब्'-स्क्रिप्ट्-*n.* something written below. नीचे का लेख, नीचे की लिखावट।

Subscription-सब् - स्क्रिप्शन्- *n.* the act of subscribing, a sum subscribed. हस्ताक्षर, नाम-लेखन, चन्दा।

Subsection-सब्' - सेक्शन्-*n.* division of a section. अंश का भाग।

Subseptuple-सब्-सेप्-ट्यू-प्ल्-*adj.* containing one out of seven parts. सप्तमांश, सात भाग में से एक भाग रखनेवाला।

Subsequence-सब्सि-क्वेन्स्-*n.* the state of succeeding. अनुगमन, परिणाम; **Subsequent** (-क्वेन्ट्)-*adj.* following. उत्तरगामी, आगामी, बाद का; **Subsequently** (-लि) -*adv.* after something else. तदनन्तर, इसके बाद, पश्चात्।

Subserve-सब्-सर्व्'-*v. t.* to promote, to serve, to answer the purpose. आगे बढ़ाना, तरक्की देना, सहायक होना, उपयोगी होना।

Subservience-सब्सर्विअन्स्-*n.* operation that promotes some end. किसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने का कार्य; **Subserviency** (-इ) -*n.* subservience. अधीनत्व, परवशता; **Subservient** (-न्ट्)-*adj.* serving as a means, obsequious, subordinate. अधीन, सहायक, उपकारी; **Subserviently** (-न्ट्-लि)-*adv.* in a subordinate manner. सहायक रूप में।

Subside-सब्-साइड्'-*v.i.* to sink to the bottom, to disappear, to become tranquil. पेंदी में बैठना, लुप्त होना, शान्त होना।

Subsidence-सब्सिडेन्स्-*n.* the act of subsiding. विलोप।

Subsidiarily-see **Subsidiary.**

Subsidiary-सब्सिडिअरि-*adj.* serving to help, supplementary, auxiliary. सहायता देनेवाला, अतिरिक्त; -*n.* an accessory. सहायक; **Subsidiarily** (-लि)-*adv.* in a subsidiary manner. सहायक रूप में।

Subsidize-सब्सि-डाइज़्-*v. t.* to furnish assistance by paying subsidy. धन रूप में सहायता देना।

Subsidy-सब्सि-डि-*n.* (*pl.* **Subsidies.**) pecuniary help in aid of private enterprise. व्यक्तिगत साहसिक कार्य के लिये आर्थिक सहायता, रुपये-पैसे की मदद।

Subsist-सब्-सिस्ट्'-*v. i.* & *t.* to continue to exist, to contrive, to find sustenance, to feed, to inhere. रहना, होना (जीना), प्राणरक्षा करना (जिलाना),रोटी-कपड़ा देना, निर्वाह करना।

Subsistence-सब्सिस्टेन्स्-*n.* means of support, livelihood. वृत्ति (जीविका), जीवन उपाय;

Subsistent (-न्ट्)-*adj.* having real existence. जीवित अवस्था में रहनेवाला।

Subsoil-सब्'-सॉइल्-*n.* the soil which lies just beneath the surface soil. भूमि के नीचे का भाग।

Subsolar-सब्-सो'-लर्-*adj.* under the sun. सूर्य के अधोभाग में या नीचे की ओर।

Substance-सब्सटन्स्-*n.* the essential part, being, purport, matter, real meaning, material, reality. सार, सत्त्व, सारांश, विषय, तात्पर्य, वस्तु (द्रव्य), अस्तित्व; **Man of substance** (a rich man.) सम्पत्तिवान् (धनी) मनुष्य; **Sum and substance** (essence.) निष्कर्ष, सार, तत्व।

Substantial-सब्स्टॅन्शल्-*adj.* actually existing, real, solid, of real value, stout, well-to-do, virtual. वास्तविक, सारपूर्ण, ठोस, असली, पुष्ट, समृद्ध, धनी, **Substantiality** (-इटि) -*n.* corporeity, materiality. पदार्थता, सत्त्वता।

Substantialize-सब्स्टॅन्शिलाइज़् - *v. t.* & *i.* to acquire actual existence. वास्तविक सत्ता प्राप्त करना

Substantially-सब्स्टॅन्शलि - *adv.* in a real manner. वस्तुतः, वास्तव में।

Substantials-सब्स्टॅन्शल्स्-*n.* *pl.* essential parts. (ब० व०) तत्त्व।

Substantiate-सब्-स्टॅन्शि-एट्-*v. t.* to establish or prove the truth of. प्रमाणित करना (सत्य बतलाना), सिद्ध करना; **Substantiation** (-शन्) -*n.* the act of establishing the truth. साधन, सिद्धि।

Substantial-सब्'-स्टॅन् - शल् - *adj.* serving as a substantive. विशेष्य की तरह प्रयुक्त होनेवाला।

Substantive-सब्'-स्टॅन्-टिव्-*adj.* having separate existence, independent, belonging to substance, essential, having a firm basis. पृथक् सत्ता का, स्वतन्त्र, वस्तु सम्बन्धी, आवश्यक, पुष्ट आधारवाला; -*n.* a noun. विशेष्य, (व्याकरण में) संज्ञा ; **Substantively** (-लि) -*adv.* in a substantive manner. स्वतंत्र या आवश्यक या पुष्ट या विशेष्य के रूप में।

Substitute-सब्-स्टि-ट्यूट्-*n.* a person or thing put in place of another. प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष, स्थानापन्न, एवज़ी;-*v. t.* (-ट्यूट्') to put a person or thing in place of another. किसी के स्थान पर रखना या नियुक्त करना ; **Substitution** (-शन्) -*n.* the act of substituting. एवज़ी; **Substitutional** (-शनल्) -*adj.* pertaining to substitution. प्रतिनिधि सम्बन्धी ; **Substitu-**

tionally (-शनलि)-*adv.* by way of substitution. स्थानापन्न रूप में ; **Substitutionary** (-शनरि)-*adj.* supplying the place of another. दूसरे के बदले में काम करनेवाला।

Substratum-सब्-स्ट्रे'-टम्-*n.* (*pl.* Substrata.) the underlying basis that which is spread under. आधार (आश्रय), नीचे का तल।

Substruction-सब्'-स्ट्रक्-शन्-*n.* an underbuilding. नीचे की इमारत।

Subsultory-सब्-सल्टरि- *adj.* bounding, leaping. कूदनेवाला, उछलनेवाला।

Subsultus-सब्-सल्टस्-*n.* a convulsive motion. ऐंठन।

Subsume-सब्-स्यूम्'-*v. t.* to include under a rule. किसी नियम के अन्तर्गत करना।

Subsumption-सब्-सम्प्शन्-*n.* that which is subsumed. अन्तर्गत पदार्थ।

Subtangent-सब्-टैन्'-जेन्ट्-*n.* the part of the axis which is contained between the tangent and ordinate drawn to the same point in a curve. अवान्तर कोटिस्पर्श रेखा

Subtemperate-सब्-टेम्परेट्-*adj.* almost temperate. प्राय: समशीतोष्ण।

Subtenant-सब्'-टेनन्ट-*n.* a tenant holding under a tenant. काश्तकार का शिकमी, दर-काश्तकार।

Subtend-सब्-टेन्ड्'-*v. t.* to extend under, to be opposite to. नीचे फैलाना, सामने होना।

Subtense-सब्'-टेन्स्-*n.* a line running across. आर-पार की रेखा।

Subtepid-सब्-टे-पिड्-*adj.* lukewarm, moderately warm. गुनगुना।

Subter-सब्-टर्-*pref.* in sense of 'under' or 'less than.' 'कम' अथवा 'नीचे' अर्थ का उपसर्ग।

Subterfluent-सब् -टर्' -फ्लु -ऐन्ट -*adj.* (also **Subterfluous.**) running beneath. नीचे की ओर बहनेवाला।

Subterfuge-सब्'-टर्-फ्यूज-*n.* an attempt to escape censure by evasion, elusion. छल, कपट या धोखा देकर दोषारोपण से भागने का प्रयत्न।

Subterranean-सब्-टर्-रे-नि-अन् , **Subterrene** (-रीन्) -*adjs.* under ground. भूमि के भीतर का।

Subtile-सटिल्-*adj.* thin, nice, subtle, delicate. पतला, सुन्दर, कोमल, सूक्ष्म ; **Subtilely** (-लि)-*adv.* finely, artfully. सूक्ष्म रीति से, चतुराई से।

Subtilization-सटिलाइ-जेशन्-*n.* act of making thin or fine. महीन या पतला करने का कार्य।

Subtilize-स-टिल्-आइज़्' -*v. t.* to make thin or fine, to refine. पतला या सुन्दर करना, शुद्ध करना।

Subtilty-स-टिल्'-टि -*n.* fineness, acuteness. सूक्ष्मता, तीव्रता।

Subtle-स-ट्ल्-*adj.* pervasive, artful, cunning, mysterious, ingenious, clever. धूर्त, चतुर, सूक्ष्मबुद्धि, विलक्षण, अति सूक्ष्म, मर्मज्ञ; **Subtleness** (-नेस्)-*n.* the quality of being subtle. सूक्ष्मता, चातुरी ; **Subtlety** (-टि) -*n.* extreme acuteness, refinement, fineness. अति सूक्ष्मता ; **Subtly** (-इ) -*adv.* nicely, artfully. सूक्ष्मता से, चतुराई से।

Subtract-सब्'-ट्रैक्ट्-*v. t.* to deduct. शेष निकालना, घटाना; **Subtracter** (-अर्)-*n.* one who subtracts. घटाने की क्रिया करनेवाला ; **Subtraction** (-शन्)-*n.* deduction. घटाव, शेष; **Subtractive** (-इव्) -*adj.* having power to subtract. घटाने की शक्ति का।

Subtrahend-सब्'-ट्रॉ-हेन्ड्-*n.* what is to be subtracted. ऋण, घटाई जानेवाली संख्या।

Subulate-स्यू-ब्यु-लेट्, **Subuliform** (-लि-फ़ॉर्म्) -*adjs.* of the shape of an awl. टेकुए के आकार का।

Suburb- सबर्ब्-*n.* the outskirts of a city, the confines. पर्यान्त भूमि (शाखानगर), नगर का बाहरी भाग; **Suburban** (-अन्) -*adj.* pertaining to suburbs. नगर प्रान्त का।

Suburbs- सबर्ब्ज़् -*n. pl.* the environs. नगर के आसपास के भाग, पर्यान्त देश।

Subursine-सबर्साइन्-*adj.* almost like a bear. प्राय: भालू के समान।

Subvene-सब्-वीन्'-*v. t.* to occur effectively. प्रभावपूर्ण रूप में घटित होना।

Subvention-सब्-वेन्शन् -*n.* support, pecuniary grant from government. सहारा, सरकार से आर्थिक सहायता।

Subversion-सब्- वर्शन् -*n.* destruction, utter ruin. क्षय, (भङ्ग) पूर्ण नाश; **Subversive** (-वर्सिव्) -*adj.* tending to subvert, having power to overthrow. विनाशी, ध्वंस करनेवाला।

Subvert-सब् - वर्ट् -*v. t.* to upset, to overthrow, to ruin. पलटना, ढहाना, नाश करना ; **Subverter** (-अर्)-*n.* one who overthrows. ढहाने या नाश करनेवाला।

Subvertible-सब्वर्टिब्ल् - *adj.* able to be subverted. पलटने या नाश करने योग्य।

Subvertical-सब्-वर्टिकल् -*adj.* nearly vertical. प्रायः लम्ब रूप का।

Subway-सब्-वे -*n.* an underground footway. भूमि के नीचे की आने की पगडंडी।

Suc-सक् - *pref.* in the sense of 'sub' अधीन अर्थ का उपसर्ग।

Succade- स - केड् - *n.* a sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा।

Succedaneous-सक्सिडेनिअस् -*adj.* acting as a substitute. बदले में काम करनेवाला।

Succedaneum-सक्सिडेनिअम् -*n.* a substitute. दूसरे के लिये प्रयुक्त होनेवाला पदार्थ।

Succeed-सक् - सीड्' -*v. t. & i.* to follow in order, to come next to, to take the place of, to accomplish one's purpose, to prosper, to be successful. क्रम में आना, बाद में होना, साधन करना, कार्य सम्पादन करना, विजय प्राप्त करना, सफल होना।

Succeeder - सक् - सीडर् - *n.* a successor. उत्तराधिकारी।

Success-सक्सेस् - *n.* the prosperous termination of anything, good fortune. सिद्धि (सफलता, विजय), सौभाग्य (सम्पत्ति) ; **Successful** (-फुल्)-*adj.* happy, prosperous. सफल (विजयी), सम्पन्न; **Successfully** (-फुलि) -*adv.* in a successful manner. सफलता से।

Succession-सक्सेशन्-*n.* a series of things following one another, order of descendants, race, rotation, lineage, right of coming in place of another. अनुक्रम, परम्परा, जाति, आर्वतन, वंश, उत्तराधिकार; **In succession** (in rotation.) यथाक्रम, क्रम से; **Law of succession** (laws relating to succession.) उत्तराधिकार के नियम ; **Successional** (-अल्)-*adj.* in regular order of succession. परम्परा-सम्बन्धी; **Successive** (-इव्)-*adj.* following in order, consecutive. क्रमबद्ध (क्रमानुसार), परम्परागत; **Successively** (-इव्-लि) -*adv.* in successive order. यथाक्रम से।

Successless-सक्-सेस्-लेस्-*adj.* without success, unfortunate. असफल, हतभाग्य।

Successor-सक्-सेसर्-*n.* one who succeeds another. उत्तराधिकारी, वारिस।

Succiduous-सक्-सिड्'-यु-अस्-*adj.* ready to fall. पतनशील, गिरने लायक।

Succinct - सक् - सिङ्क्ट्' - *adj.* terse, brief, expressed briefly. संक्षिप्त, लघु, थोड़े शब्दों में वर्णन किया हुआ; **Succinctness** (-नेस्) -*n.* conciseness, brevity. लघुता, संक्षिप्तता।

Succory-सकरि-*n.* a kind of plant. कासनी नामक पौधा।

Succour-स-कर्-*n.* help given at the time of need. आवश्यकता के समय दी हुई सहायता;-*v. t.* to give aid to, to come to assistance. आपत्ति में सहायता देना, मदद देना; **Succourer** (-अर्)-*n.* a helper, one who gives relief. सहायता देनेवाला, सहायक; **Succourless**(-लेस्) -*adj.* without help. निःसहाय, बिना मदद का।

Succulence-स-क्यु-लेन्स्-*n.* juiciness. रसीलापन; **Succulent** (-लेन्ट्)-*adj.* juicy, thick and fleshy. रसभरा, रसमय, रसीला; **Succulently** (-लि) -*adv.* in a succulent manner. रसीलेपन से।

Succumb-सक्-कम् -*v. i.* to yield, to submit, to be overcome, to die. वशीभूत होना, मान जाना, अधीन होना, मृत्यु को प्राप्त होना।

Such-सच्-*adj.* of the same kind, the same, that, similar, as referred to. ऐसा, वैसा, उसी प्रकार का, सदृश, पहिले कहा हुआ; **As such** (as has been mentioned.) जैसा कहा जा चुका है, ऐसा होने पर, इस स्थिति का; **Such and such** (some, indefinitely.) अमुक, इस नाम का, फ़लाँ; **Such as** (like.) जैसा कि।

Suck-सक्-*v. t. & i.* to draw a liquid into the mouth, to imbibe, to draw milk. चूसना, खींचना, सोखना, स्तनपान करना; -*n.* the act of sucking. चूषण, स्तनपान; **A child that sucks the breast** (a sucking baby.) स्तनपान करनेवाला बच्चा; **To suck one's brains** (to imbibe another's ideas.) दूसरे के विचार को ग्रहण करना; **To suck out** (to empty by sucking.) चूसकर खाली करना; **To suck up** (to absorb.) चूसना, सोखना।

Sucker - सकर् - *n.* a person or thing that sucks, the piston of a pump, a pipe through which liquid is sucked, the shoot of a plant from the roots of stem, a kind of fish. चूसनेवाला पदार्थ या मनुष्य, पंप का डट्टा, पिचकारी की नली, पौधे की महीन जड़, एक प्रकार की मछली।

Sucket-स-केट् - *n.* a sweetmeat which dissolves in the mouth. मिठाई जो मुँह में गल जाती है।

Sucking-सकिङ्ग्-*adj*. at the breast. दूध पीता हुआ, स्तनपान करता हुआ; **Sucking-bottle** (a bottle which is filled with milk for infants to suck.) बच्चों को दूध पिलाने की शीशी।

Suckle-सक्ल्-*v. t.* to give sucking to. स्तनपान कराना, दूध पिलाना।

Suckling-सक्लिङ्ग्-*n*. a young child or animal nursed at the breast. दूध पीनेवाला बच्चा, गोद का बच्चा।

Sucrose - स्यू' - क्रॅ-स् -*n*. cane-sugar. ऊख की चीनी।

Suction-सक्शन्-*n*. the act of sucking. चूषण, चुसाव; **Suction-pump** (an ordinary pump for drawing or forcing water up.) पानी निकालने (उठाने) का पम्प।

Suctorial-सक्टोरिअल् -*adj*. capable of sucking. चूसने योग्य।

Sudation-सु-डे'-शन् -*n*. excessive sweating. अधिक पसीना निकलना।

Sudatorium-सूडटॅ-रिअम्-*n*. (*pl*. **Sudatoria**) hot air or sweating bath. स्वेदस्नान।

Sudatory-सूडटरि - *adj*. stimulating perspiration. पसीना बढ़ानेवाली

Sudd- सड् -*n*. floating mass of plants. तैरते हुए पौधे।

Sudden-स-ड्न्-*adj*. happening unexpectedly, hurried, rapid. आकस्मिक, चंचल, शीघ्र (अलक्षित); **Suddenly** (- लि)-*adv*. in a sudden manner. एकाएक, शीघ्रता से।

Sudoriferous - सू-डॅ-रिफ़रस् - *adj*. producing perspiration. स्वेद-जनक, पसीना लानेवाला।

Sudorific-सू-डॅ-रिफ़िक् - *adj*. & *n*. sweat-producing medicine. पसीना लानेवाली औषधि।

Suds- सड्ज़् -*n. pl.* water made frothy being impregnated with soap. साबुन का झाग मिला हुआ जल, साबुन का झाग।

Sue-सू-*v. t.* & *i.* to prosecute a person in a law-court, to apply in a court for redress, to make entreaty for a woman's hand in marriage. अभियोग या मुकदमा चलाना, नालिश करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना।

Suet-सू'- ऍट् - *n*. the hard fat of an animal. पशु की गाढ़ी ठोस चर्बी; **Suety** (-इ)-*adj*. consisting of suet. वसा (चर्बी) से परिपूर्ण।

Suffer- सफ़र -*v. t.* & *i.* to allow, to undergo, to tolerate, to be subject to, to endure, to sustain loss, to undergo punishment. आज्ञा देना, भोगना, प्राप्त करना, सहना, उपभोग करना, अनुमोदन करना, कष्ट या हानि सहना, दण्ड सहना; **Sufferable** (-ऍ-ब्रल्) -*adj*. that may be tolerated, allowable. सहने योग्य, अनुमोदन के योग्य; **Sufferably** (-ऍब्लि)-*adv*. in a tolerable manner. अनुमोदन रूप में; **Sufferance** (- ऑन्स्) -*n*. toleration, endurance, moderation. अनुमति, सहनशीलता, क्षमा; **Sufferer** (- अर्) -*n*. one who suffers. कष्ट सहनेवाला; **Suffering** (-इङ्ग्)-*n*. distress, pain endured. क्लेश, पीड़ा, दुःख।

Suffice-स-फ़ाइस्'-*v. i.* & *t.* to be enough, to content or satisfy. पर्याप्त होना, सन्तुष्ट करना; **Suffice it to say** (I shall be satisfied by saying this.) मैं इतना कहकर सन्तुष्ट हूँगा।

Sufficiency-सफ़िशॅन्सि - *n*. adequate power, self-confidence. यथेष्टता (पर्याप्ति), आत्मविश्वास।

Sufficient-स-फ़िशॅन्ट्-*adj*. enough, qualified, adequate, competent. पर्याप्त, उचित, यथेष्ट, योग्य;-*n*. enough. पर्याप्त; **Sufficiently** (-लि) -*adv*. in a sufficient degree. पर्याप्त रूप में।

Sufficingly-स-फ़ाइ-सिङ्ग-लि-*adv*. in a contented manner. यथेष्ट, पर्याप्त रूप से।

Suffix-स-फ़िक्स् -*v. t.* to append a letter or syllable in the formation of a word. शब्द के अन्त में प्रत्यय जोड़ना;-*n*. a letter or syllable appended to a word. प्रत्यय।

Suffocate-सफ़ॅ-कें-ट्-*v. t.* & *i.* to choke or kill by stopping respiration, to stifle, to impede breath, to extinguish. श्वास रोकना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना, बुझाना ; **Suffocated** (-ऍड्) -*adj*. choked. गला घोंटा हुआ ; **Suffocating** (-इङ्ग्)-*adj*. tending to suffocate. गला घोंटनेवाला ; **Suffocatingly** (-लि)-*adv*. in a suffocating manner. गला घोंटते हुए; **Suffocation** (-शन्)-*n*. the act of suffocating. श्वास का अवरोध; **Suffocative** (-इव्)- *adj*. having power to suffocate. श्वास रोकने की शक्तिवाला।

Suffragan-सफ़्रगन्-*n*. a bishop who assists an archbishop. प्रधान पादरी का सहायक; **Suffraganship** (-शिप्)-*n*. the post of a suffragan. ऐसे पादरी का पद।

Suffrage-सफ़्रॅ-ज्-*n*. a vote for deciding a question, right to vote. किसी प्रश्न के निर्णय के लिये मतदान, वोट देने का अधिकार।

Suffragist-सफ़्रॅजिस्ट् -*n*. one who urges extension of the right of voting to wo-

men. स्त्रियों को वोट का अधिकार देने का प्रचार करनेवाला।

Suffuse-सफ्यूज़्' -*v. t.* to overspread with a fluid or colour. फैलाना, रङ्ग भरना; **Suffused** (-ड्)-*adj*. overspread. व्याप्त, फैला हुआ; **Suffusion** (-अन्) -*n*. the act of suffusing. व्यापकता, फैलाव, भराव।

Sugar-शुगर्-*n*. a sweet substance prepared from various plants, *esp*. the sugar-cane. शर्करा, शक्कर, चीनी ;-*v. t. & i.* to sweeten with sugar, to compliment. चीनी में पागना, मीठी बातें करना; **Raw sugar** (-रॉ-शुगर्)-*n*. sugar in crude form. गुड़ ; **Sugar-candy** (-कैन्'-डि)-*n*. crystallized sugar. मिश्री, कन्द; **Sugar-cane** (-केन्)-*n*. a grass from which sugar is made. ईख, गन्ना, पौंढ़ा ; **Sugarer** (-अर्)-*n*. one who prepares sugar. शक्कर बनानेवाला ; **Sugariness** (-इ-नेस्)-*n*. sweetness. मधुरता, मीठापन; **Sugarless** (-लेस्)-*adj*. without sugar. बिना चीनी का, बिना मिठास का; **Sugar-mill** (-मिल्)-*n*. a sugar factory. चीनी बनाने का कारखाना ; **Sugar-tongs** (-टॉङ्ग्ज़्)-*n*. tongs for lifting sugar. मिश्री उठाने की चिमटी; **Sugary** (-इ)-*adj*. sweetened with sugar. चीनी से मीठा किया हुआ।

Suggest-स-जेस्ट्-*v. t.* to propose, to cause to present, to hint, to indicate. प्रस्ताव करना, सूचना देना, संकेत करना, बतलाना (अनुमति देना) ; **Suggestible** (-इ-बल्) -*adj*. able to be suggested. संकेत करने योग्य।

Suggestion-सजेशन्-*n*. the act of suggesting, presentation of an idea to the mind, intimation, proposal. प्रस्ताव, अनुमति, सूचना, उपदेश।

Suggestive-सजेस्टिव्-*adj*. full of suggestions. सूचक, बतलाने योग्य; **Suggestively** (-लि) -*adv*. in a suggestive manner. सूचित करते हुए ; **Suggestiveness** (-नेस्) -*n*. suggestive condition. प्रस्ताव के योग्य अवस्था ; **Suggestor** (- अर्)-*n*. one who suggests. सूचना या संकेत देनेवाला।

Suicidal- सूइसाइडल् -*adj*. pertaining to suicide. आत्महत्या-सम्बन्धी; **Suicidally** (-लि) -*adv*. in a suicidal manner. आत्मनाश या आत्महत्या के ढंग से।

Suicide-सूइ-साइड् -*n*. intentional slaughter of oneself, action destructive to one's interest. आत्महत्या या आत्मघात; **To commit suicide** (to destroy one's own life willfully.) आत्महत्या करना।

Suilline-सूइ-लाइन - *adj*. belonging to the swine family. शूकर जाति का।

Suit-सूट्-*n*. set of things of the same kind, suing, petition, action in a lawcourt, any of the four sets into which a pack of playing-cards is divided, a set of man's clothes, courtship. एक तरह के पदार्थ, प्रार्थना, व्यवहार, अभियोग, नालिश, ताश के रंग, पहिनने के वस्त्र, विवाह के निमित्त स्त्री को प्रसन्न करने का व्यवहार; -*v. t. & i.* to adopt or accommodate, to agree, to dress, to please, to content. योग्य होना या करना, मिलाना, वस्त्र पहिनना, प्रसन्न करना, सन्तुष्ट करना ; **Civil suit** (a suit pertaining to a civil law.) दीवानी का मुकदमा; **Criminal suit** (a suit pertaining to a crime.) फ़ौजदारी का मुक़दमा; **Suitcase** (a leather box for clothes.) वस्त्र रखने का चमड़े का बकस; **Suited** (-ऍड्) -*adj*. adapted to. उचित, योग्य।

Suitability - सू-टे - बिलिटि -*n*. suitableness. योग्यता।

Suitable-सू-टेबल् -*adj*. appropriate to, fitted for, competent. अनुरूप (उचित), योग्य, ठीक; **Suitableness** (- नेस्) -*n*. the state of being suitable. अनुरूपता ; **Suitably** (-लि , *adv*.) in a suitable manner. यथायोग्य, अनुसार।

Suiting-सूटिङ्ग्-*n*. cloth for suits. पहिनने के वस्त्र बनाने का कपड़ा।

Suite-स्वीट्-*n*. retinue, train of attendants. परिजन (अनुगामी), नौकर-चाकर।

Suitor-सूटर्-*n*. (*fem*. Suitress.) a petitioner, a wooer, lover. प्रार्थी, विवाह की इच्छा करनेवाला (निवेदक), प्रेमी।

Sulcate-सल्केट्-*adj*. furrowed, grooved. धारीदार, झुर्रीदार, पनारीदार।

Sulk-सल्क्-*v. i.* to be sullen. उदासीन (उद्विग्न) होना; **In the sulks** (in a sullen mood.) उदासीनता में।

Sulkily-सल्कि-लि -*adv*. in a sullen manner. उदासीनता से; **Sulkiness** (- नेस्) - *n*. the state of being sulky. अन्तःकोप, उद्विग्नता; **Sulky**-सल्-कि- *adj*. (*comp*. Sulkier, *sup*. Sulkiest.) sullen, sour, morose. अन्तःकुपित, उद्विग्न, उदास।

Sullage-सलेज्-*n.* filth, refuse. सड़क पर का बटोरा हुआ कूड़ा-करकट।

Sullen-सलन् -*adj.* obstinate, gloomy, morose, unforgiving, unsociable. हठी, उद्विग्न, उदास, क्षमा न करनेवाला, चिड़चिड़ा; **Sullenly** (-लि) -*adv.* in a sullen manner. हठ से, उदासीनता से; **Sullenness** (-नेस्) -*n.* moroseness. चिड़चिड़ापन; **Sullens** (-लेन्स्) -*n. pl.* morose temper. चिड़चिड़ा स्वभाव।

Sully-स-लि -*v. t.* (*p. t.* **Sullied.**) to tarnish, to spoil, to diminish the purity of. दूषित करना, अशुद्ध करना, मैला करना।

Sulphate-सल्फेट्-*n.* a salt of sulphuric acid. गन्धक के तेजाव की सहायता से बना हुआ क्षार; **Sulphate of copper** (blue vitriol.) तुत्थ, तूतिया; **Sulphate of iron** (green vitriol.) कौसीस; **Sulphate of zinc** (zinc oxide.) सफेदा।

Sulphide-सल्फाइड्-*n.* a metallic compound of sulphur. किसी धातु और गन्धक का यौगिक।

Sulpho-सल्फो-*pref.* used with names of sulphuric acid. उपसर्ग जो गन्धक के तेजाव से बने हुए योगों के लिये प्रयुक्त होता है।

Sulphur-सल्फर्-*n.* a non-metallic element of pale yellow colour. गन्धक; **Sulphur-spring** (a spring whose water is impregnated with sulphur.) ऐसी जल की धारा जिसमें गन्धक का अंश रहता है।

Sulphurate-सल्फ्यु-रेट्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना; **Sulphuration** (-रेशन्) - *n.* bleaching by exposure to the fumes of sulphur. गन्धक के धुवें में रखकर शुद्ध करने की क्रिया।

Sulphureous-सल्फ्युरिअस् -*adj.* impregnated with sulphur, having the properties of sulphur. गन्धक के गुणवाला, गन्धक मिला हुआ।

Sulphuretted-सल्'-फ्यु - रे - टेड्-*adj.* having sulphur in combination. गन्धक के योग का।

Sulphuric-सल्-फ्यू'-रिक्-*adj.* obtained from sulphur. गन्धक से निकला हुआ, गन्धक का।

Sulphurize-सल्फ़ुराइज़्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना।

Sulphurous - सल्फ्युरस् - *adj.* like sulphur. गन्धक की तरह का।

Sulphury-सल्फ़रि -*adj.* having the qualities of sulphur. गन्धक के गुण का।

Sultan-सल्टॅन्-*n.* the title of the king of Turkey. टर्की के शाह की उपाधि।

Sultana-सल्टानॅ-*n.* mother, wife or daughter of Sultan. सुल्तान की माता, पत्नी या पुत्री का उपाधि।

Sultrily-सल्ट्रि-लि-*adv.* in a sultry manner. अति उष्णता से; **Sultriness** (-नेस्) -*n.* the state of being sultry. अति उष्णता; **Sultry** (-ट्रि) -*adj.* (*comp.* **Sultrier,** *sup.* **Sultriest.** very hot, oppressive, burning. अति उष्ण, कष्टकारक, जाज्वल्य।

Sum-सम्-*n.* magnitude, arithmetical calculation, quantity of money, substance, amount, summary. परिमाण, योग, जोड़, धन-संग्रह, तत्त्व, राशि, तात्पर्य; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Summed.**) to add to one whole, to collect, to count. संयुक्त करना, जोड़ना (मिलाना), सञ्चय करना, गिनना; **Large sum of money** (a good sum.) अधिक धन; **Lump sum** (a large sum.) थोक रक़म; **Sum and substance** (a brief and comprehensive expression.) संक्षिप्त तथा ग्राह्य तात्पर्य या सार; **Sum total** (the total amount.) पूरा जोड़; **To sum up** (to gather up.) संग्रह करना (सार निकालना)।

Summarily-सम-रि-लि-*adv.* concisely, in a quick manner. संक्षिप्त रूप से, शीघ्रता से।

Summarize-सम-राइज़्-*v. t.* to set forth the chief point of a matter. संक्षेप करना।

Summary-सम-रि -*n.* (*pl.* **Summaries.**) an abridged account, an abstract. संक्षेप, सार, संग्रह, सारांश; -*adj.* concise, brief, compendious. संक्षिप्त, अल्प, अविलम्बित।

Summation-समेशन्-*n.* addition, an aggregate. समुदाय, योग, जोड़।

Summer-स-मर्-*n.* the hot season of the year. ग्रीष्म ऋतु, गरमी का मौसम; -*v. i. & t.* to pass summer at. गरमी के दिन बिताना; **Summer-house** (-हाउस्)-*n.* a house for summer residence. गरमी में रहने का बँगला; **Summer-tree** (-ट्री) -*n.* main horizontal beam supporting the joists of a roof. छत की धरनों को टेकनेवाली मुख्य पड़ी धरन।

Summit-स-मिट्-*n.* the highest point, top, utmost elevation, highest degree. शिखर (अग्रभाग), चोटी, ऊँचाई, पराकाष्ठा; **Summitless** (-लेस्) - *adj.* having no summit. बिना शिखर का।

Summon-सम-न्-*v. t.* to call upon, to ar in to give notice to a person to appeinvit

court, to excite into action, to call upon, to surrender fort. पुकारना, बुलाना, अदालत में आने के लिये सम्मन भेजना, उत्तेजित करना, किला छोड़ देने का सन्देश भेजना।

Summoner-समनर्-*n.* one who summons. सम्मन निकलवानेवाला।

Summons-समन्स्-*n. sing.* (*pl.*Summonses.) an authoritative call to appear in a court. बुलावा, इत्तला, सम्मन ; -*v. t.* to serve with summons. सम्मन जारी करना।

Sump-सम्प्-*n.* a cesspool, a pit for receiving metal on its first fusion. नावदान, पहिली बार धातु गलाने पर छाछ रखने का गड्ढा।

Sumpter-सम् (प्)-टर्-*n.* a pack-horse. लद्दू घोड़ा।

Sumptuary-सम् (प्)-च्यु-अरि-*adj.* relating to or limiting expenses. व्यय-विषयक, व्यय निर्धारित करने का।

Sumptuous-सम् (प्)-च्यु - अस्- *adj.* costly, magnificent. बहुमूल्य (विशिष्ट), अत्युत्तम (महत्त्व का); **Sumptuously** (-लि) -*adv.* in a costly manner. बहुमूल्यता से; **Sumptuousness** (-नॆस्)-*n.* expensiveness, costliness. बहुमूल्यता, विशिष्टता।

Sun-सन्-*n.* the centre of the planetary system, the luminary round which the earth revolves and gets light and warmth, a sunny place. रवि, सूर्य, दिनकर, धूप; -*v. t. & i.* (*p.t.* **Sunned.**) to expose to the rays of the sun, to sun oneself. धूप खाना, धूप में सुखाना।

Sun-bath-सन्'-बाथ्-*n.* exposure of the body to the rays of the sun. नंगे बदन धूप खाने की क्रिया ; **Sunbeam** (-बीम्)-*n.* a ray of the sun. सूर्य की किरण ; **Sun-blind** (-ब्लाइन्ड्) -*n.* a window-shade. धूप रोकने की खिड़की का परदा ; **Sun-bonnet** (-बॉन्'-नॆट्) -*n.* a hat to protect the face from the sun. धूप से चेहरा बचाने का टोप।

Sunburn-सन्'-बर्न्-*n.* discolour of face by exposure to the rays of the sun. सूर्य की किरणों से मुख काला पड़ जाना ; **Sunburnt** (-बर्न्ट्)-*adj.* dried in the sun, discoloured, scorched. धूप में सुखाया हुआ, मुख काला पड़ा हुआ, झुलसा हुआ।

Sun-dial-सन्'-डायल्-*n.* an instrument to show time of day by the shadow of the sun. धूपघड़ी।

Sundown -सन्'-डाउन्-*n.* sunset. सूर्यास्त का समय।

Sun-flower-सन्'-फ़्लावर्-*n.* helianthus. सूरजमुखी का फूल।

Sunless-सन्'-लॆस् - *adj.* without the sun, shaded. छायादार ; **Sunlessness** (-नॆस्) -*n.* the state of being sunless. बिना सूर्य (धूप) की स्थिति।

Sunlike-सन्'-लाइक्-*adj.* like the sun. सूर्य की तरह का।

Sun-picture-सन्'-पिक्चर्-*n.* picture drawn by the help of the sun's rays. सूर्य की किरणों द्वारा उतारा हुआ चित्र।

Sun-proof-सन्'-प्रूफ्-*adj.* impervious to the sun's rays. सूर्य-किरण प्रवेश न करने योग्य।

Sunset-सन्'-सॆट्-*n.* the setting of the sun. सूर्यास्त।

Sunshade-सन्'-शेड् -*n.* a parasol. स्त्रियों के लगाने का छोटा हलका छाता।

Sunshine-सन्'-शाइन्-*n.* the light of the sun. सूर्य का प्रकाश।

Sunstroke-सन्'-स्ट्रोक् -*n.* prostration caused by exposure to excessive heat of the sun. लू लगना, लू की लपट।

Sunward-सन्'-वर्ड्-*adv.* towards the sun. सूर्य की ओर; **The sun is set** (the time of prosperity is at a close.) ऐश्वर्य के दिनों का अन्त हो गया ; **To rise with the sun** (to be out of bed at sunrise.) सूर्योदय होते ही सोकर उठना; **To see the sun** (to be alive.) जीवित रहना; **To take the sun** (to expose the body to the sun's rays.) धूप खाना; **Under the sun** (in the world.) संसार में।

Sunday-सन्'-डे-*n.* the first day of the week observed as the day of worship and rest from work. रविवार, एतवार ; **Sunday-school** (-स्कूल्)-*n.* a school for religious instructions. धार्मिक शिक्षा देने की पाठशाला।

Sunder-सन्डर्-*v. t. & i.* to divide, to seperate. पृथक् करना, अलगाना; -*n.* separation into two. विभाग।

Sunderance-सन्'-डर्-ऑन्स् -*n.* separation. विभाग।

Sundry-सन्'-ड्रि-*adj.* several, various. अनेक, नाना प्रकार का; **Sundries** (-ड्रीज़्)-*n. pl.* miscellaneous articles. पृथक् पदार्थ, फुटकर चीज़ें।

Sung-सङ्ग्-*p. p.* of Sing. गाया गया।

Sunk-सङ्क्-*p. p.* of Sink. डुबाया गया।

Sunken-सङ्क्'-न्-*adj.* lying at the bottom of a river. नदी के तल में पड़ा हुआ।

Sunnily-स-नि-लि-*adv.* brightly. चमकते हुए।

Sunniness-सन्'-नि-नेस्-*n.* brightness. चमक, उष्णता; **Sunny** (सन्'-नि)-*adj.(comp.*Sunnier, *sup.* Sunniest.) like the sun, bright सूर्य के सदृश (गरम), आतपयुक्त, चमकीली।

Sup-सप्-*n.* a sip, mouthful of a liquid. घूँट, चुसान; -*v. t. & i.* (*p. t.* Supped.) to sip, to take the evening meal. चूसना, सन्ध्या का भोजन करना।

Super-सु-पर्-*pref.* in the sense of "above, beyond." "ऊपर, बढ़कर" अर्थ का उपसर्ग; -*n. & adj.* supernumerary. अतिरिक्त, अधिक; **Superable** (-ऍ-बूल्)-*adj.* that may be overcome or conquered. विजय करने (जीतने) योग्य; **Superableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being superable. जीतने की योग्यता।

Superabound-सुपर्-अ-बाउन्ड् -*v. i.* to be abundant, to be more than enough. अधिक होना, बहुतायत से होना।

Superabundance-सुपर्-अबन्डन्स्-*n.* excessive abundance. अधिकता, बहुतायत; **Superabundant** (-अबन्डन्ट्)-*adj.* being more than sufficient. बहुत अधिक, हद से ज्यादा; **Superabundantly** (-अबन्डन्ट्-लि)-*adv.* in a superabundant manner. बहुत अधिकता से।

Superadd-सुपर्-ऍड् -*v. t.* to add over and above. अधिक करना, अधिक जोड़ना।

Superaddition-सुपर् -ऍडिशन्-*n.* the act of superadding. अधिक जोड़ने की क्रिया।

Superadvenient-सुपर् -ऍड् - व्नि-निभन्ट् - *adj.* coming to increase or help. बढ़ाने या सहायता देनेवाला।

Superannuate-सु-पर्-ऍन्यु -ऍट् -*v. t.* to disqualify on account of old age, to allow pension owing to old age. वृद्धावस्था के कारण अयोग्य करना, बुढ़ापे के कारण पेंशन देना; **Superannuation** (-ऍ'-शन्)-*n.* the state of being superannuated. वृद्धावस्था के कारण कार्य की अयोग्यता।

Superb-सु-पर्ब्-*adj.* pompous, grand, magnificent, rich. ऐश्वर्ययुक्त, कान्तिमान्, उत्तम, धनी; **Superbly** (-लि)-*adv.* in a superb manner. ऐश्वर्य से; **Superbness** (-नेस्)-*n.* the quality of being superb. अति शोभा, ऐश्वर्य।

Supercargo-सु -पर् -कार्गो -*n.* an officer in a merchantship who manages the sales. व्यापारी जहाज का अधिकारी।

Supercelestial-सु-पर्-सि-लेस्ट्'-यल्-*adj.* situated above the sky. आकाश के ऊपर स्थित।

Superciliary -सु - पर् -सिलिअरि -*adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर स्थित।

Supercilious-सु-पर्- सिलिअस् -*adj.* haughty, arrogant, overbearing. अति उद्धत, बड़ा घमंडी, असहनशील; **Superciliously** (-लि)-*adv.* arrogantly. बड़े घमण्ड से; **Superciliousness** (-नेस्)-*n.* haughtiness, the ability of being arrogant. अति गर्व, उद्धत अवस्था।

Supercilium-सु'-पर्-सिलिअम्-*n.* the eyebrow. भ्रू, भौंह।

Supercrescence-सु-पर्-क्रे-सेन्स्-*n.* that which grows upon another growing thing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला पदार्थ; **Supercrescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* growing on something which is growing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला।

Supereminence-सु-पर् - ऍमिनेन्स् -*adj.* distinguished eminence. अत्युत्तमता, अति श्रेष्ठता; **Supereminent** (नेन्ट्) - *adj.* eminent or excellent in a surpassing degree. अति उत्तम; **Supereminently** (नन्ट्-लि)-*adv.* in an excellent manner. अत्युत्तमता से।

Supererogant-सु-पर्-ऍ-रॅ-गन्ट् -*adj.* supererogatory. कर्तव्य से अधिक करनेवाला।

Supererogate-सु-पर्-ऍ -रॅ-गेट् - *v. t.* to perform more than what duty requires. कर्तव्य अथवा आवश्यकता से अधिक कार्य करना; **Supererogation** (शन्) -*n.* performing more than what duty requires. कर्तव्य से अधिक क्रिया; **Supererogatory** (-टरि)-*adj.* on required by duty. बिना कर्तव्य का।

Superessential- सुपर्-ऍसेन्शल्-*adj.* essential above others. औरों से बढ़कर आवश्यक।

Superexalt-सु-पर्-ऍग्-ज़ॉल्ट्' -*v. t.* to exalt to a superior degree. अति प्रशंसा करना; **Superexalted** (-ऍड्) -*adj.* greatly exalted. अति प्रशंसा किया हुआ; **Superexaltation** (-टे-शन्) -*n.* superior elevation. अति उन्नति।

Superexcellence-सुपर्-ऍक्सलेन्स्-*n.* the quality of being superexcellent. अति उत्तमता; **Superexcellent** (-लेन्ट्) -*adj.* excellent in an extraordinary degree. अति उत्तम।

Superficial-सुपर्फ़िशल - *adj.* pertaining to the surface, shallow, not profound. बाह्य (बाहरी, ऊपरी) छिछला, अगाढ़; **Superficial contents.** बाह्य या अगाढ़ फल; **Superficial scholar**(one who has a little knowledge.) अल्पज्ञ;**Superficial view.** बाह्यलोक, बाह्यदृष्टि।

Superficialist-सुपर्फ़िशलिस्ट् -*n.* one whose knowledge is superficial. अल्प ज्ञानवाला।

Superficiality-सुपर्फ़िशलिटि,**Superficialness** (-अल्-नेस्)-*ns.* the quality of being superficial, shallowness, slight knowledge. बाह्यता, छिछलापन, अल्पज्ञता।

Superficially-सुपर्-फ़िशलि-*adv.* in a superficial manner. तल, पृष्ठभाग, बाहरी भाग।

Superficies-सुपर्फ़िशिज़् -*n.* the exterior part of a thing, the surface. तल, पृष्ठभाग, बाहरी भाग।

Superfine-सुपर्-फ़ाइन् - *adj.* overfine, extremely fine. अति सूक्ष्म, (सर्वोत्कृष्ट) सबसे उत्तम; **Superfineness** (-नेस्) extreme fineness. सर्वोत्कृष्टता।

Superfluity-सु-पर्-फ़्ल्यु'-इ-टि-*n.*(*pl.* **superfluities.**) something beyond what is wanted, superabundance. बहुलता, अधिकता।

Superfluous-सु-पर्-फ़्ल्यु-अस् - *adj.* necessary, useless, more than what is wanted. व्यर्थ (पुनरुक्त), अधिक, आवश्यकता से अधिक; **Superfluously** (-लि) -*adv.* in a superfluous manner. अधिकता से; **Superfluousness**(-नेस्) -*n.* the quality of being superfluous. पुनरुक्ति, अधिकता।

Superfoetate-सु-पर्-फ़ी-टेट् -*v. t.* to conceive after a first conception. एक गर्भ रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना; **Superfoetation** (-शन्) -*n.* a second conception before the birth of the first. एक बार बच्चा पेट में रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना।

Superheat-सु-पर्-हीट् -*v. t.* to heat at a very high temperature. अत्यधिक गरम करना।

Superhuman-सु-पर्-ह्यू'-मन्-*adj.* beyond what is human, divine. मनुष्य की शक्ति से बाहर, दैवी (अलौकिक)।

Superimpose - सु-पर्-इम्पोज़् -*v. t.* to lay on something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखना; **Superimposition** (-पॅ-ज़िशन्) - *n.* the act of being placed over something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखने की क्रिया।

Superincumbent - सु-पर्-इन्-कम्'-बेन्ट् - *adj.* lying or resting on something else. (उपरिवर्ती), किसी पदार्थ पर रखा हुआ, किसी पर निर्भर।

Superinduce-सु-पर्-इन्-ड्यूस्' -*v. t.* to bring upon as an addition to something. अधिक करना, जोड़ना, बढ़ाना।

Superinduction-सुपर्-इन्डक्शन् -*n.* the act of superinducing. बढ़ती, बढ़ाव।

Superinjection-सु-पर्-इन्-जॅक्शन्-*n.* an injection succeeding another. एक के बाद दूसरी सूई लगाने की क्रिया।

Superinspect-सु-पर्-इन्-स्पॅक्ट्-*v. t.* to superintend. जाँचना, देखभाल करना।

Superintellectual-सुपर् - इन्टलॅक्चुअल् - *adj.* being above the intellect. बुद्धि से परे, बुद्धि से बाहर।

Superintend-सुपरिन्टॅन्ड् -*v. t.* to exercise the charge of, to supervise. रखवाली करना (जाँचना), देख-भाल करना।

Superintendence-सुपरिन्टॅन्डेन्स् - *n.* management. प्रबन्ध, जाँच।

Superintendent-सुपरिन्टॅन्डॅन्ट् -*n.* one who superintends work, an overseer. अध्यक्ष, निरीक्षक, प्रबन्धकर्ता।

Superior-सुपीरिअर् -*adj.* higher in place dignity or excellence, surpassing others. श्रेष्ठ (विशिष्ट), अधिक, बढ़कर; -*n.* one who is superior to others,the chief of a monastery. श्रेष्ठ, अध्यक्ष, मठाधीश ; **Superior persons** (better educated men.) अधिक विद्वान् लोग; **Superioress** (-एस्) -*n. fem.* a female head of a nunnery. मठ की अध्यक्षा महिला।

Superiority-सुपीरि-ऑ-रिटि - *n.* pre-eminence. श्रेष्ठता, विशिष्टता, प्रधानता।

Superlative-सुपर्लें टिव् -*adj.* supreme, most eminent. सर्वोत्तम, अत्युत्तम; **Superlatively** (-लि) -*adv.* to a superlative degree. सर्वोत्तम रूप में; **Superlativeness** (-नेस्)-*n.* the state of being superlative. अत्युत्तम।

Superlunar-सुपल्यू नर्, **Superlunary** (-इ) -*adjs.* being above the moon. चन्द्रमा से ऊपर का।

Superman-सु-पर-मॅन्-*n.* a type of man who is above ordinary humanity. साधारण मनुष्य से विशिष्ट मनुष्य।

Supermedial-सुपर्-मी-डिअल्-*adj.*lying above the middle. मध्य से ऊपर का।

Supermundane-सुपर्मन्डेन् - *adj.* above the world. भूमण्डल के ऊपर का।

Supernacular-सुपर्-नॅक्युलर्-*adj.*most excellent. सबसे उत्कृष्ट, सर्वोत्तम।

Supernal - सुपर्नल् - *adj*. heavenly, divine. स्वर्गीय, दैवी ।

Supernatant-सुपर्नेटन्ट् -*adj*. floating on the surface. सतह पर तैरनेवाला ।

Supernatation - सुपर्नेटेशन् -*n*. the act of floating on the surface. सतह पर तैरने की क्रिया ।

Supernational-सु-पर्-नॅशनल्-*adj*. more than national. राष्ट्रीयता से अधिक ।

Supernatural-सु-पर्-नॅचुरल्-*adj*. beyond the power or laws of nature, miraculous. प्रकृति-विरुद्ध (अमानुषी), अलौकिक, अद्भुत ।

Supernaturalism-सुपर्नॅचुरलिज़्म्-*n*.a belief in divine revelation.दैवी शक्ति में विश्वास; **Supernaturalist** (-लिस्ट्)-*n*. अलौकिक शक्ति में विश्वास करनेवाला; **Supernaturality** (-लिटि)-*n*. supernaturalness. विलक्षणता ।

Supernaturalize-सुपर् - नॅ - चुरलाइज़्-*v. t*. to raise to the supernatural. अलौकिक बनाना ।

Supernaturally-सुपर्नॅचुरलि-*adv*. in a supernatural manner. अलौकिक या अद्भुत रीति से; **Supernaturalness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being supernatural. विलक्षणता, आश्चर्य ।

Supernumerary-सुपन्यूमररि -*adj*. exceeding usual numbers. सामान्य से अधिक संख्या का; -*n*. a person or thing beyond the required number. स्थिर संख्या के अतिरिक्त मनुष्य या पदार्थ ।

Supernutrition-सुपन्यूट्रिशन्-*n*. overfeeding. आवश्यकता से अधिक भोजन करने का कार्य ।

Superordinary-सुपर्ऑर्डिनरि-*adj*. above the ordinary. सामान्य से अधिक ।

Superorganic-सुपर्ऑर्गनिक् - *adj*. spiritual. दैवी, अमानुषी ।

Superphysical-सुपर्फ़िज़िकल् -*adj*. psychical. आत्मा-सम्बन्धी ।

Superpose-सु-पर्-पोज़्'-*v. t*. to lay on. एक के ऊपर दूसरा रखना ।

Superposition-सुपर्-पॅ-ज़िशन्-*n*.a laying upon anything else. एक के ऊपर दूसरे पदार्थ के बिठाने की क्रिया ।

Superpraise - सु-पर्-प्रेज़्-*v. t*. to praise to excess. अति प्रशंसा करना ।

Super-reflection-सुपर्-रिफ़्लेक्शन्-*n*.the reflection of a reflected image. किसी वस्तु के प्रतिबिम्ब का प्रतिबिम्ब ।

Super-reward-सु-पर्-रॅवार्ड्-*v. t*. to reward to excess. अति अधिक पारितोषिक देना ।

Super-royal-सु-पर् - रॉयल् -*adj*. denoting a size of paper measuring 27½—20½ inches. २७॥ इन्च लम्बा और २०॥ इन्च चौड़ा (कागज) ।

Supersaturate-सुपर्सॅच्युरेट् -*v. t*. to saturate to excess. अधिक सुखाना; **Supersaturation** (-शन्) -*n*. the state of being supersaturated. अधिक सुखाने की स्थिति ।

Superscribe-सु-पर्-स्क्राइब्'-*v. t*. to engrave or write on the top or outside a surface. ऊपर या बाहर की ओर लिखना या खोदना ।

Superscription-सु-पर्-स्क्रिप्शन् -*n*. the act of writing on top, address. बाहरी भाग के ऊपर का लेख, सिरनामा, पता, ठिकाना ।

Supersede-सु-पर्-सीड्'-*v. t*. to come in place of, to render unnecessary, to suspend. उल्लङ्घन करना, (अलग करना) वृथा करना, उठा देना ।

Supersedure-सुपर्सीड्योर्-*n*. act of superseding. उल्लङ्घन करने की क्रिया ।

Supersensible-सु-पर्-सॅन्सि-ब्ल् -*adj*. beyond the reach of the senses. इन्द्रियों द्वारा न जानने योग्य ।

Supersensitive-सुपर्सॅन्सिटिव्-*adj*. exceedingly sensitive. अति सूक्ष्मग्राही, अति शीघ्र चेतना प्राप्त करनेवाला ; **Supersensitiveness** (-नॅस्) -*n*. excessive sensitiveness. अति शीघ्र बोध ।

Superstition-सुपर्स्टिशन् - *n*. belief based on ignorance, false religion, faith in charms and omens. मूढ़विश्वास, भ्रमात्मक विश्वास, मिथ्याधर्म, मंत्रों तथा अपशकुनों में विश्वास ।

Superstitious-सुपर्स्टिशस् - *adj*. addicted to superstition, full of idle fancies about religion. असत्यधर्मी, मूढ़ विश्वास मूलक ; **Superstitiously**(-लि)-*adv*. in a superstitious manner.मिथ्या विश्वास से; **Superstitiousness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being superstitious. मिथ्या-विश्वास ।

Superstratum-सुपर्स्ट्रेटम् - *n*. a layer above another. एक के ऊपर दूसरी तह ।

Superstruct-सु'-पर्-स्ट्रक्ट्' - *v. t*. to erect, to build upon. ऊपर निर्माण करना या इमारत बनाना; **Superstruction** (-शन्)-*n*. a superstructure. ऊपरी रचना या बनावट;**Superstructive** (-टिव्)-*adj*. built on something else. किसी के ऊपर बनाई हुई ।

Supertax-सु'-पर् - टॅक्स् - *n*. an additional income-tax on large incomes. अधिक आमदनी पर अतिरिक्त टैक्स (कर) ।

Superterrestrial-सुपर्टॅरॅस्ट्रिअल् -*adj*. being above the earth. पृथ्वी के ऊपर का ।

Supertragical- सुपर्ट्रैजिकल् -*adj*. excessively tragical. अत्यन्त शोकान्त ।

Supervene-सुपर्वीन्-*v.i.* to come extraneously, to follow closely. अकस्मात् आ जाना, टूट पड़ना; **Supervenient** (-नि-ऍन्ट्)-*adj*. coming as something extra-ordinary. टूट पड़नेवाला ।

Supervention-सुपर्वेन्शन् - *n*. the act of supervening. अकस्मात् आगमन ।

Supervise-सुपर्वाइज़्-*v. t.* to manage, to inspect. निरीक्षण करना, प्रबन्ध करना ।

Supervision-सुपर्विज़न् - *n*. inspection. प्रबन्ध, देखभाल, निरीक्षण ।

Supervisor-सुपर्वाइज़र्-*n*. an inspector, an overseer. निरीक्षक, प्रबन्धकर्त्ता; **Supervisory** (-इ) -*adj*. pertaining to supervision. प्रबन्ध-सम्बन्धी ।

Supination-सू'-पि-ने-शन् - *n*. act of turning the palm of hand upwards. हथेली ऊपर करने का कार्य ।

Supine-सू-पाइन् - *adj*. sloping or leaning backward, headless, thoughtless, lying on back with face upwards. ऊर्ध्वमुख, ढालुआँ, लापरवाह, उदासीन, उतान पड़ा हुआ; **Supinely** (-लि) -*adv*. in a supine manner. उतानेपन से, उदासीनता से; **Supineness** (-नेस्) -*n*. indolence, heedlessness. उदासीनता, आलस्य ।

Supper-स'-पर् -*n*. the last meal of the day. दिन का अन्तिम भोजन ; **Supperless** (-लेस्) -*adj*. being without supper. बिना रात के भोजन का ।

Supplant-सप्लॉन्ट् - *v. t.* to displace, to undermine, to displace and take possession of. हटाना, कपट से हटाना, हटाकर अपना अधिकार करना ; **Supplantation** (-टेशन्) -*n*. the act of supplanting. निकालने की क्रिया; **Supplanter** (-अर्) - *n*. one who supplants. हटाने या निकालनेवाला ।

Supple-स-पल् - *adj*. pliant, flexible, easily bent, submissive, fawning. कोमल, लचीला, सहज में झुकनेवाला, अधीन, अदृढ़;-*v. t. & i.* to make soft and pliant. लचीला या मुलायम बनाना ।

Supple-jack-स-पल्-जॅक् -*n*. a kind of walking stick. एक प्रकार की टहलने की छड़ी ।

Suppleness-स - पल् - नेस् - *n*. pliancy, the quality of being supple. लचीलापन, अदृढ़ता ।

Supplement-सप्लि-मेन्ट् -*n*. an appendix, an addition to something by which its defects are removed. परिशिष्ट, शेषपूर्ति, न्यूनता-पूर्ति ; - *v. t.* to make addition to. न्यूनता पूर्ण करना, जोड़ना ; **Supplemental** (-अल्), **Supplementary** (-अरि) -*adjs*. additional. न्यूनतापूरक, परिशिष्ट ।

Supplementation-सप्लिमेन्टेशन्-*n*. addition. न्यूनतापूर्ति ।

Suppliance-सप्लायन्स् -*n*. supplication. निवेदन ; **Suppliant** (-यन्ट्) - *adj*. asking submissively, entreating. प्रार्थी, निवेदन करनेवाला; **Suppliantly** (यन्ट्-लि)-*adv*. in a suppliant manner. प्रार्थना-सहित ।

Supplicant-सप्लिकन्ट्-*adj*. entreating. प्रार्थना करता हुआ ।

Supplicate-स'-प्लि-केट् - *v. t.* to seekby prayer, to entreat for, to implore. प्रार्थना करना, विनती (याचना) करना ; **Supplicatingly** (-इङ्ग्- लि) - *adv*. imploringly. विनती या प्रार्थना करते हुए ।

Supplication-सप्लिकेशन् - *n*. entreaty, petition. सविनय प्रार्थना, विनती ।

Supplicatory-सप्लिकेटरि-*adj*. humble, submissive. विनीत, प्रार्थना-सम्बन्धी, प्रार्थी ।

Supplier-सप्लायर् - *n*. one who supplies. कमी की पूर्ति करनेवाला ।

Supply-स-प्लाइ -*n*. (*pl*. **Supplies**.) providing of what is required, necessary stores and provisions. सञ्चय, (सामग्री) आवश्यक पदार्थ, रसद; -*v.t.*(*p.t.* **Supplied**.) to fillup any deficiency, to furnish what is wanted. परिपूर्ण करना, भरना ।

Tabasheer-टैब्-अ-शीर्-*n.* a kind of opal found in the joints of certain kinds of bamboos. माना, वंशलोचन ।

Tabbinet-टैं-बि-नेट् -*n.* a fabric of silk and wool used for curtains. परदा बनाने का ऊन मिला हुआ रेशमी कपड़ा ।

Tabby-टैं - बि - *adj.* (*comp.* **Tabbier**, *sup.* **Tabbiest.**) having a variegated appearance, of different colours. रङ्गबिरङ्गा, धारीदार, चितकबरा ; -*n.* a cat of mottled colour. चितकबरी बिल्ली ; -*v. t.* to give a wavy appearance to, to cause to look wavy. लहरियादार बनाना या करना ।

Tabbying-टैं-बि-इङ्ग् - *n.* the watering of fabrics. पानी में भिगोकर रेशमी वस्त्र को लहरिया बनाना ।

Tabefaction-टेबि - फ़ैक्शन्-*n.* wasting the body by disease. रोग के कारण शरीर के क्षय या क्षीण होने की क्रिया

Tabernacle-टैबर्'-नैकल्-*n.* a tent, a movable building, a place of worship, the human body. (पट, मण्डप) खंभा, (तंबू), जगह से हटनेवाली इमारत, पूजामन्दिर, मनुष्य का शरीर;-*v. t. & i.* to dwell for a short time, to put or enshrine in a place of worship. थोड़े समय के लिये निवास करना, पूजागृह में स्थापित करना; **Tabernacled** (-ड्)-*adj.* having obtained a temporary shelter. अस्थायी आश्रय पाये हुए ।

Tabernacular-टैबर्'-नैक्युलर् - *adj.* latticed. जालीदार ।

Tabes-टे-बीज़्- *n.* a wasting disease of the spinal cord. वात सम्बन्धी क्षय रोग ।

Tabic-टैबिक्- *adj.* pertaining to tabes. वात क्षय रोग-सम्बन्धी ।

Tabetic-टी-बे-टिक्-*adj.* affected with tabes. वात क्षय रोग से ग्रस्त ।

Tabinet-टैबि-नेट् - *n.* a watered silk fabric. पानी से लहरियादार बना हुआ रेशमी वस्त्र ।

Tablature-टैब्लेचर्-*n.* a painting on a wall, graphic description. दीवार पर का चित्र, विस्तृत वर्णन ।

Table-टे-बल् - *n.* a flat surface, a slab, an article of furniture consisting of a flat surface of wood, marble etc., raised on legs tablet, entertainment, index, of matters, synopsis. समतल स्थान, फलक, टेबुल, लेखनाधार, मेज़, टिकिया, उत्सव, सूची, सूचीपत्र; -*v. t.* to tabulate, to supply with food. सूचीपत्र बनाना, अङ्क-पङ्क्ती पर अङ्क चढ़ाना, भोजन देना; **At table** (while taking one's meal.) भोजन करते हुए; **Table of contents** (index.) विषय-सूची; **Table-bell** (-बेल)-*n.* a small bell which is used for calling servants. नौकर को पुकारने के लिये टेबुल पर बजाने की घंटी ; **Table-book** (-बुक्) -*n.* a book containing arithmetical tables, a book to lie on the table. पहाड़े की पोथी, टेबुल पर रखने की छोटी पुस्तक; **Table-clamp** (-क्लैम्प्)-*n.* a clamp for fastening things to a table. किसी पदार्थ को टेबुल में कसने का शिकञ्जा ; **Table-cloth** (-क्लॉथ्)-*n.* a piece of cloth used for covering a table. टेबुल पर बिछाने का वस्त्र; **Tablecut** (-कट्)-*n.* rectangularly cut. चौरस कटा हुआ; **Table-knife** (-नाइफ़्) -*n.* a knife to be used at the dinner-table. भोजन के समय व्यवहार करने का चाकू; **To lay on the table** (to postpone.) टालना; **To turn the tables** (to change the status of something.) अवस्था या स्थिति बदलना ।

Tableau-टैब्-लॅ-*n.* (pl. **Tableaux**-ज़्) a picture, a silent and motionless group of persons arranged as in a picture. चित्र, चित्रवत् बैठे हुए मनुष्य।

Tableland-टे-बल्-लॅन्ड् - *n.* an extent of flat land. ऊँची भूमि; **Table-money** (-मनि)-*n.* an allowance to officers. अधिकारियों का भत्ता; **Table-spoon** (-स्पून्)-*n.* a large spoon for the table which contains half an ounce of a liquid. बड़ा चम्मच जिसमें आधा आउन्स तरल पदार्थ अँटता है।

Tablet-टैब्'-लेट् -*n.* a thin sheet of anything on which to write, a small table, a small flat cake of medicine. पटरी, पटिया, छोटा टेबुल, औषधि की छोटी टिकिया।

Table-talk - टे-बल्-टॉक् - *n.* coversation on different topics. भिन्न विषयों पर वार्तालाप।

Table-turning-टे'-बल् टर्न्-इङ्ग् -*n.* the moving of a table apparently without physical force. बिना शारीरिक शक्ति लगाये टेबुल के हिलने की क्रिया।

Tabling-टे-ब्लिङ्ग्-*n.* a setting in order. क्रम में रखने का कार्य।

Tabloid-टैब'-लॉइड् -*n.* a small round medicinal lozenge. दवा की छोटी टिकिया।

Taboo, Tabu-टैबू-*n.* a ban, a prohibition by general consent. अवरोध, रुकावट; - *v. t.* to prohibit by authority. अधिकार से रोकना।

Tabor-टे-बर् -*n.* a small drum. छोटा ढोल या मृदङ्ग; **Taborer** (-अर्) - *n.* one who plays on a tabor. ढोलक बजानेवाला; - *v. t.* to play on the tabor. ढोलक बजाना।

Taborine-टैबॅरीन् -*n.* a small shallow drum. ढोलकी।

Tabouret-टैबरेट् [Fr.-टबुरे] -*n.* a small seat or stool. बिना पिछवई की बैठने की तिपाई; a small chair, without arms or the back. बिना बाँह और पिछवई की छोटी कुरसी।

Tabular-टैब्-यु-लर् - *adj.* in the form of a table, set down in a table, flat, arranged and classified in tables. टेबुल के आकार का चिपटा, सूचीबद्ध, चौरस, सूची की तरह क्रम में लिखा हुआ।

Tabularize-टॉ-ब्युलराइज़् -*v. t.* to tabulate. क्रमबद्ध करना।

Tabularly-टॅ-ब्यु-लर्लि-*adv.* in a tabular form. सूची या तालिका के रूप में।

Tabulate-टॅ-ब्युलेट् -*adj.* shaped like a table. टेबुल के आकार का; - *v. t.* to reduce to tables or synopses. सूचीपत्र बनाना।

Tache-टैच् (-श्)-*n.* (also **Tach**) a catch, a loop or button. खटका, बटन।

Tachometer-टैकॅ-मि-टर् -*n.* an instrument for measuring the velocity of currents. धाराओं की गति नापने का यन्त्र।

Tachycardia-टैकिकार्डिआ -*n.* the abnormal rapid beating of the heart. हृदय की असाधारण तीव्र गति।

Tachygraphy-टै-किग्'- रैफि-*n.* stenography, shorthand writing. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की कला।

Tachygrapher-टैकिग्रैफ़र्-*n.* a stenographer. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखनेवाला।

Tachygraphic-टैकिग्रैफिक्-*adj.* written in shorthand. सांकेतिक चिह्नों में लिखा हुआ।

Tachymeter-टैकि-मि-टर्-*n.* a surveying instrument. सर्वे (नाप) करने का एक यन्त्र।

Tacit-टैसिट् -*adj.* understood, implied, not expressed. चुपचाप, मौन, प्रकट न किया हुआ; **Tacit consent** (consent by silence.) चुप रहकर स्वीकार करना; **Tacitly** (-लि) -*adv.* by implication. मूक भाव से, निर्विकल्प रूप से।

Taciturn-टासिटर्न् -*adj.* not talkative, reserved, silent. अल्पभाषी, भाषणविरक्त, कम बोलनेवाला; **Taciturnity** (-इटि) -*n.* reserve in speaking. मूकभाव, कम बोलने का गुण।

Taciturnly-टैसि-टर्न्-लि - *adv.* in a reserved manner. मूकभाव से।

Tack-टॅक्-*n.* a small nail with a broad head, term of a lease, a rope for fastening sails. चौड़े माथे की छोटी काँटी, पट्टे की शर्त, पाल बाँधने का रस्सा; - *v. t.* to fasten, to append, to divert a ship's course. काँटे से बाँधना, जोड़ना, जहाज का मार्ग बदलना; -(*pl.*) long stitches. (ब० व०) लम्बी सियन; **Tack driver** (a machine for driving nails.) काँटी ठोंकने का यन्त्र; **Tacker** (-अर्)-*n.* one who tacks. जोड़नेवाला, काँटी ठोंकनेवाला।

Tacket-टैकेट् - *n.* a small nail with large head. बड़े माथे की छोटी काँटी।

Tackle-टै-कल्-*n.* a mechanism for lifting or lowering heavy weights. भारी वस्तुओं के चढ़ाने-उतारने का यन्त्र; - *v. t. & i.* to seize or lay hold of, to fall to work. पकड़ना, काम में लग जाना।

Tackling-टैक्-लिङ्ग् -*n.* furniture of the

masts and yards of a ship, harness. जहाज़ के मस्तूल इत्यादि की सामग्री, घोड़े का साज।

Tacky-टैकि - *adj.* sticky, slightly adhesive. थोड़ा चपकनेवाला, चिपचिपा।

Tact-टैक्ट्-*n.* peculiar skill or adroitness, nice perception, skill in doing the right thing at the right time in the right way. कुशलता (निपुणता, चातुरी), सूक्ष्म विचार, उचित समय पर उचित ढंग से उचित कार्य करने की युक्ति; **Tactful** (-फ़ुल्)-*adj.* gifted with tact. उक्त युक्ति में निपुण ; **Tactfully** (-फ़ुलि) *-adv.* skilfully. चतुराई से ; **Tactical**-टैक्टिकल् *-adj.* skilfully planning. निपुणता या युक्ति से योजना बनानेवाला।

Tactician-टैक्टिशन्-*n.* one skilled in tactics. युद्धविद्या में चतुर।

Tactics-टैक्-टिक्स्-*n.* (*sing.* & *pl.*) the art and science of disposing forces for battle;- (*pl.*) skilful device. व्यूहरचना, युद्धविद्या, (ब० व०) युक्ति, कुशलता।

Tactile-टैक्टाइल्-*adj.* tangible, pertaining to the sense of touch. छूने योग्य, स्पर्शज्ञान-सम्बन्धी।

Tactility-टैक्टिलिटि - *n.* tangibleness. स्पर्श-योग्यता।

Taction-टैक्शन्-*n.* the act of touching. स्पर्श-क्रिया।

Tactless-टैक्ट्'-लेस्-*adj.* destitute of tact. बिना कुशलता (युक्ति) का ; **Tactlessness** (-नेस्) -*n.* the quality of being tactless. अकुशलता।

Tactual-टैक्ट्' - यु-अल् - *adj.* pertaining to touch. स्पर्श-सम्बन्धी; **Tactually** *-adv.* in a tactual manner. स्पर्श करते हुए।

Tadpole-टैड्'-पोल् -*n.* the frog in its first stage after leaving the egg. अंडे से निकला हुआ मेढक का बच्चा।

Ta'en-टेन्-contraction of 'taken'; 'टेकन्' शब्द का छोटा रूप।

Taenia-टीनिआ-*n.* a tapeworm, a band-like form. चिपटा केंचुआ, फ़ीते के आकार का पदार्थ।

Taffeta-टै'-फ़े-टा-*n.* a fine smooth stuff of silk &c. ताफ़ता, चेलिसिल्क।

Taffrail-टै-फ़्-रेल्-*n.* the rail round the stern of a ship. जहाज के पिछले भाग में लगा हुआ कटघरा।

Tag-टैग्-*n.* a flap of garment, a small thread with pointed metal pieces for binding pieces of paper, the metal point at the end of a lace or string, something mean, an appendage. कपड़े का लटकनेवाला ढीला सिरा, कागज के टुकड़ों को बाँधने के लिये धात की पतली नोक लगे सिरोंवाला तागा, रस्सी या फ़ीते के किनारे पर की धातु की नोंक, तुच्छ वस्तु, पुछिल्ला; *-v. t.* (*p. t.* Tagged.) to fit with a tag, to join. जोड़ना, पुछिल्ला लगाना।

Taglia-टाग्लिया-*n.* a combination of pulleys for hoisting. घिरनियों की पंक्ति।

Tag-rag-टैग्'रैग्- *n.* the lowest class of people. नीच जाति के लोग।

Tag-tail-टैग्-टेल्-*n.* a worm, the tail of which is different in colour from the colour of the body. कीड़ा जिसकी पूँछ का रङ्ग शरीर के रंग से भिन्न होता है।

Taigle-टे'-ग्ल्-*v. t.* & *i.* to entangle, to hinder, to delay, to loiter, to trudge. फँसाना, रोकना, देर करना, इधर-उधर घूमना, पैर घसीट कर चलना।

Tail-टेल्-*n.* the hindmost part of an animal, the back part of anything, the end. पूँछ, किसी वस्तु का पिछला भाग, अन्त; *-v. t.* to fasten something to the back part of a thing. किसी पदार्थ के पिछले भाग में कुछ बाँधना; **To tail after** (to follow closely.) पीछे-पीछे चलना, अनुसरण करना; **To tail in** (to tie by the end.) पूँछ बाँधना; **To turn tail** (to turn one's back.) भाग जाना, पीछे फिरना।

Tailboard-टेल्-बोर्ड् - *n.* the board at the hinder part of a car. गाड़ी के पीछे का पाव-दान; **Tail-coat** (-कोट्)-*n.* a coat with a long back part. कोट जिसका निचला भाग लम्बा होता है।

Tailed-टेल्'-ड्-*adj.* having a tail. दुमदार, पूँछवाला।

Tail-end-टेल्-एन्ड्-*n.* the extreme end. अन्तिम छोर।

Tailing-टेलिङ्ग-*n.* the part of a projecting stone inserted in a wall. दीवार में लगाये हुए पत्थर का उभड़ा हुआ भाग।

Tailless-टेल्'-लेस्-*adj.* without a tail. बिना पूँछ का।

Taillight-टेल्'-लाइट्-*n.* the light at the back of a train or motor car. रेल तथा मोटर गाड़ी के पीछे की रोशनी।

Tailor-टेलर्-*n.* (*pl.* **Tailors.**) a maker of garments. दरजी; *-v. t.* to make outer garments. पोशाक बनाना, कपड़ा सीना।

Tailor-bird-टेलर-बर्ड् -*n.* a kind of smallbird which makes its nests by sewing up leaves &c. बया पक्षी।

Tailoress-टेलरेस् -*n. fem.* a female tailor. दरजिन ।

Tailoring-टेलरिङ्ग्-*n.* the occupation of a tailor. दरजी का काम ।

Tailpiece-टेल्-पीस्-*n.* an ornamental engraving or block printed at the end of a book or chapter. पुस्तक के अन्त में अथवा अध्याय के नीचे छपा हुआ चित्र ।

Tailrace-टेल् - रेस्-*n.* the stream of water which runs from a mill after turning its wheel. पनचक्की की जल की धारा जो इसके पहिये को घुमाने पर बहती है ।

Tailrope-टेल्'-रोप्-*n.* a rope which is attached behind. पीछे की ओर लगा हुआ रस्सा ।

Tain-टेन्-*n.* the thin plate of tin. राँगे का पतला पत्तर ।

Taint-टेन्ट्-*n.* stain, corruption, blemish on reputation. धब्बा, दोष, कलंक; -*v. t. & i.* to stain, to corrupt, to poison. धब्बा डालना, कलंकित करना, विषैला बनाना ।

Taintless-टेन्ट्-लेस्-*adj.* free from taint or tarnish. कलंक या दोष-रहित ; **Taintlessly** (-लि)-*adv.* in a taintless manner. बिना कलंक के ।

Take-टेक् -*v. t. & i.* (*p. t.* Took, *p.p.* Taken.) to get hold of, to grasp, to seize, to receive, to captivate, to choose, to swallow, to agree to, to copy, to please, to understand, to rent or hire. पकड़ना, थामना, ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, मुग्ध करना, पसन्द करना, निगलना, लेना, सहमत होना, अनुकरण करना, प्रसन्न करना, समझना, किराये पर लेना; **Take your time** (do not hurry.) शीघ्रता मत करो; **To take a course** (to resort to.) अनुसरण करना; **To take a photograph** (to photograph.) फ़ोटो उतारना; **To take after** (to follow in resemblance.) अनुसरण करना; **To take away** (to deprive of.) अलग करना; **To take breath** (to rest.) विश्राम करना; **To take care of** (to be careful.) सावधान होना; **To take down** (to write down, to pull down, to lower.) लिख लेना, गिराना, नीचा करना; **To take effect** (to be successful.) सफल होना; **To take fire** (to catch fire.) आग लग जाना; **To take for** (to mistake.) अशुद्धि करना ; **To take for granted** (to accept as true.) सच्चा मान लेना; **To take heed** (to be careful.) सावधान होना; **To take hold of** (to grasp.) पकड़ना; **To take in** (to inclose, to receive.) बन्द करना, प्राप्त करना; **To take in hand** (to undertake.) कार्य में लग जाना; **To take in with** (to assemble.) एकत्रित होना; **To take leave** (to bid adieu.) विदाई लेना; **To take off** (to remove.) उतारना, हटाना; **To take one's way** (to depart.) प्रस्थान करना; **To take out** (to remove.) हटाना; **To take over** (to succeed.) सफल होना; **To take place** (to come to pass.) होना; **To take the field** (to be engaged in battle.) युद्ध में लग जाना; **To take to** (to begin.) आरम्भ करना ; **To take to task** (to call to account, to reprove.) जवाब तलब करना, घुड़कना, डपटना; **To take up** (to raise, to engross, to arrest, to pick up in a carriage or on horseback, to accept, to resume.) उठाना, लग जाना, पकड़ना, गाड़ी या घोड़े पर चढ़ा लेना, स्वीकार करना, पुनः चालू करना ।

Taken-टेकन्-*p. p.* of Take; *adj.* accepted. स्वीकृत ।

Taker-टेकर्-*n.* one who takes. ग्रहण करनेवाला ।

Taking-टेकिङ्ग्-*adj.* attracting, captivating, alluring, infectious. मनोहारी, मोहनी, रम्य, रोग उत्पन्न करनेवाला ; **Takingly** (-लि)-*adv.* in a captivating manner. आकर्षक रूप से ।

Talbot-टॉल्बट्-*n.* a kind of hound. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

Talc-टॅल्क्-*n.* a very soft, pliable, silvery white transparent mineral, magnesium silicate. बहुत नरम, लचीला, रुपहला, पारदर्शक खनिज, अबरक, सेतखड़ी ।

Talcose-टॅल्'-कॅ-स्-*adj.* abounding in talc. सेतखड़ी या अबरक से पूर्ण ।

Tale-टेल्-*n.* a narrative, a fictitious story or legend, information, malicious report, reckoning. कथा, कहानी, समाचार (सूचना), बुरी खबर, गणना ।

Tale-bearer-टेल्'-बेअर्-*n.* one who tells tales or gives information. कथा कहनेवाला, सूचना-वाहक ।

Tale-bearing-टेल्-बेअर्-इङ्ग् - *n.* telling of tales with mischievous intention. बुरे इरादे से कहानी कहने का काम

Taleful-टेल्-फुल्-*adj.* full of stories. कथाओं से परिपूर्ण ।

Tale-teller-टेल्-टेलर्-*n.* one who tells stories. कहानी कहनेवाला ।

Talent-टॅलन्ट्-*n.* a standard weight, superior genius, skill, disposition, faculty. प्रामाणिक

परिमाण, बुद्धि, चातुरी, गुण; **Talented** (-ऍड्) *-adj.* possessing skill. गुणी, बुद्धिमान्; **Talentless** (-लॅस्)*-adj.* without talent. बुद्धिहीन, गुणहीन्।

Tales-टे'-लीज़्-*n. pl.* a writ for summoning jurors. जूरियों को बुलाने का सम्मन।

Talesman-टेल्ज़्-मॅन्-*n.* a person summoned to act as a juror. जूरी का काम करने के लिये बुलाया हुआ मनुष्य।

Talion-टॅलि-अ-न्-*n.* the law of retaliation. बदला लेने का नियम।

Taliped-टॅलि-पॅड्-*adj.* club-footed. जुड़ी हुई अँगुलियों का।

Talipes-टॅलिपीज़्-*n.* a club-footed creature. जुड़े हुए पंजेवाला प्राणी।

Talisman-टॅलिज़्-मन्-*n.* (*pl.* **Talismans.**) an amulet or charm, something that produces wonders. कवच, यन्त्र, तावीज़; **Talismanic** (-इक्)*-adj.* magical. जादू का।

Talk-टॉक्-*v. i.* to converse, to prate, to speak, to discuss in words. बोलना, बकवाद करना, बातचीत करना, बहस करना;*-n.* a mutual discourse, a rumour, report. परस्पर आपण (बोलचाल), जनप्रवाद, समाचार; **Idle talk** (useless gossip.) प्रलाप, बकवाद; **Popular talk** (rumour.) जनप्रवाद; **To talk about** (to discuss.) शास्त्रार्थ करना; **To talk at** (to address on a subject critically.) किसी विषय में कटु आक्षेप करना, **To talk away** (to while away time in talking.) बकवाद में समय नष्ट करना; **To talk down** (to silence.) चुप कर देना; **To talk of** (to converse on a subject.) किसी विषय पर बातचीत करना ; **To talk over** (to discuss at length.) विस्तारपूर्वक शास्त्रार्थ करना; **To talk round** (to discuss without reaching any conclusion.) बिना लक्ष्य के बकबक करना; **To talk to** (to speak to, to rebuke, to scold.) बात करना, झिड़कना, बिगड़ना, बुरा-भला कहना।

Talkative-टॉकेटिव्-*adj.* given to much talking, loquacious. बहुभाषी, बकवादी; **Talkatively** (-लि) *-adv.* in a talkative manner. बकवाद करते हुए; **Talkativeness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being talkative. जल्प-बकवाद।

Talker-टॉकर्-*n.* a loquacious person. बकवादी मनुष्य।

Talkies-टॉकीज़्-*n.pl.* talking cinematographic pictures. बोलती-चालती तसवीर।

Talking-टॉकिङ्ग्-*n.* conversation, speaking. वार्तालाप, बातचीत।

Tall-टॉल्-*adj.* long in height, of more than average height, big. उन्नत, ऊँचा, लम्बा।

Tallboy-टॉल्-बॉय्-*n.* a high chest of drawers. दराजदार ऊँचा बक्स; **Tall of stature** (of tall built.) लम्बे शरीरवाला, दीर्घकाय; **To talk tall** (to boast, to brag.) शेखी मारना।

Tallish-टॉलिश्-*adj.* rather tall. प्रायः ऊँचा।

Tallness-टॉल्-नॅस् *-n.* the state of being tall. ऊँचापन, लम्बाई।

Tallow-टॅ-लो-*n.* animal fat melted down. वसा, चर्बी; *- v. t.* to grease with tallow, to fatten. चर्बी से चिकनाना, मोटा करना; **Tallow-chandler** (-शॅन्ड्-लर्)*-n.* one who makes and sells tallow candles. चर्बी की बत्ती (मोमबत्ती) बनाने तथा बेचनेवाला; **Tallow-faced** (-फेस्ड्) *-adj.* having a pale complexion. पीत मुखवाला; **Tallowing**(-इङ्ग्) *-n.* the art of increasing fat in cattle. पशुओं के शरीर में चर्बी बढ़ाने की कला; **Tallowish** (-इश्)*-adj.* greasy. चर्बीदार; **Tallowy** (-इ)*-adj.* like tallow. चर्बी के सदृश।

Tally-टॅ-लि *-n.* (*pl.* **Tallies.**) one of two pieces of wood marked with notches before it is cut into halves, reckoning, label. लकड़ी का टुकड़ा जिसपर काटने के पहिले चिह्न बनाये गये हों, गणना, चिह्न करने के टिकट; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Tallied.**) to record, to reckon, to fit, to correspond, to identify & compare, to deal on credit. (लकीर इत्यादि से) अंकित करना, गणना करना, समान होना या करना, अनुकूल होना, पहचानकर मिलान करना, उधार का व्यवहार करना।

Tally-ho-टॅ-लि-हो *-n.* a huntsman's cry to hounds. कुत्तों को पुकारने की शिकारी की बोली; *-v. t. & i.* to utter sound like this. इस प्रकार का शब्द बोलना।

Tallyman-टॅलि-मॅन्-*n.* (*pl.* **Tallymen**) a pedlar who carries his goods on a stick. बहँगी पर सामग्री रखकर बेचनेवाला।

Tallyshop-टॅ-लि-शॉप् *-n.* a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिसमें वस्तु किस्तों में दाम चुकाने के शर्त पर बेची जाती है।

Talma-टॅल्मा *-n.* a long robe. लम्बा अँगरखा या लबादा।

Talmi-gold-टॅल्-मि'-गोल्ड् *-n.* an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने का मुलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र।

Talmud-टॅल्-मड्-*n.* the code of Jewish law. यहूदियों की धर्मशास्त्र की पुस्तक; **Talmudist**

(-इस्ट्) -*n*. one versed in the Talmud. ऐसी पुस्तक का ज्ञाता।

Talon-टॅलन् -*n*. the claw of a bird of prey, the heel of a sword-blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल, तलवार की धार का पिछला भाग।

Taloned-टॅलन्ड् -*adj*. furnished with claws. चंगुलदार।

Talpa-टॅल्पॉ-*n*. the genus which includes the mole. छछूँदर जाति के पशु।

Talus-टॅ-लस्-*n*. the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, धुस।

Tamability-टॅमॅबिलिटि-*n*. (also Tameability) tamab eness. पलुआपन।

Tamable-टॅमॅबल्-*adj*. (also Tameable.) that may be tamed or subdued. पालने या अधीन करने योग्य; **Tamableness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being tamable. पलुआपन।

Tamandua-टमॉन्डुआ-*n*. a kind of ant-eating animal. एक प्रकार का चींटी खानेवाला पशु।

Tamarin-टॅमरिन्-*n*. a kind of South African sqirrel-monkey. दक्षिण अफ्रिका का एक प्रकार का गिलहरी की शकल का बन्दर।

Tamarind-टॅमरिन्ड्-*n*. a tropical leguminous tree. इमली का पेड़।

Tamarisk-टॅम-रिस्क्-*n*. an evergreen shrub. झाऊ का पेड़।

Tambac-टॅम्बक् -*n*. an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बनी हुई धातु।

Tambour - टॅम्-बर् -*n*. a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी, कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा);-*v. t*. to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना।

Tambourine-टाम्ब(-म्बु)रीन् -*n*. a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ, खँजड़ी, चङ्ग।

Tambourine.

Tame - टेम् -*adj*. domesticated, not wild, spiritless. पलुआ, पालतू, निःसत्त्व (निस्तेज, मन्द); -*v. t*. to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ बनाना, विनीत करना; **Tameless** (-लॅस्) - *adj*. untamable, wild. जंगली, पलुआ न बनाया हुआ; **Tamely** (-लि)-*adv*. in a tame manner. पलुएपन से, निःसत्त्व से; **Tameness** (-नॅस्) - *n*. want of spirit. तेजहीनता, पलुआपन; **Tamer** (-अर्)-*n*. one who tames. पालनेवाला

Tamin (e-) टॅमिन् -*n*. a fine thin glazed mixed woollen & silken stuff. बढ़िया पतला चमकदार ऊन और रेशम की मिलावट का कपड़ा।

Tamkin-टॅम्'-किन्-*n*. a cannon stopper. तोप का डट्टा।

Tam-o-shanter-टॅम्-ओ-शॅन्टर्-*n*. a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी।

Tampan-टॅम्-पॅन्-*n*. a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प।

Tamper-टॅम्पर्-*v. t. & i*. to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, चोरी से लिखित पत्र में अदल-बदल करना, गुप्त व्यवहार करना; **Tamperer** (-अर्) -*n*. one who tampers. दूषित करनेवाला, चोरी से लेख में हेर-फेर करनेवाला।

Tampion-टॅम्पिअन् -*n*. a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा।

Tampon-टॅम्पॅन् -*n*. a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकने का गद्दा; -*v. t*. to check the flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना।

Tamponade-टॅम्पॅनेड्-*n*. the use of a tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने के गद्दे का प्रयोग।

Tan-टॅन्-*v. t. & i*. (*p. t*. Tanned.) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना; -*n*. the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल; -*adj*. brown. भूरा; **Tan-bed** (-बॅड्)-*n*. a bed made of tan-bark. चमड़ा कमाने की छाल की बनी हुई चटाई।

Tandem-टॅन्'-डम्-*adj. & n*. with two horses one behind the other, a two-wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं।

Tang-टॅङ्ग्-*n*. a point or projection, tapering part of a tool which fits into a handle, a strong taste, flavour, a twanging sound. नोक, हथियार की डाँस, तीव्र स्वाद या गन्ध, झनझनाहट का शब्द;-*v. t*. to furnish with a tang, to twang. डाँस बैठाना, झनकार का शब्द करना।

Tangency-टॅन्जॅन्सि-*n*. the state of being a

tangent. सम्पर्क, स्पर्श ।

Tangent-टैंन्जेन्ट् -*n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्श-रेखा, सम्पाति रेखा ।

Tangent.

Tangential-टैंन्जेन्शल् -*adj.* pertaining to tangant. स्पर्श-रेखा-सम्बन्धी; **Tangentially** (-लि)-*adv.* in the direction of a tangent. स्पर्श रेखा की दिशा में ।

Tangibility-see Tangible.

Tangible-टैंन्'-जि-बल् -*adj.* perceptible by touch that may be realized, clearly intelligible, corporal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रकट (व्यक्त), शारीरिक; **Tangibility** (-बिलिटि), **Tangibleness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being tangible. स्पर्शनीयता; **Tangibly** (-ब्लि)-*adv.* in a tangible manner. स्पष्ट रूप से ।

Tangle-टैंङ्गल्-*v. t. & i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. उलझन के साथ बुनना या फसाना, उलझना;-*n.* a knot of things united confusedly. उलझन, लट ।

Tangled-टैंङ्ग्-ल्ड्-*adj.* knitted. उलझा हुआ ।

Tanglingly- टैंङ्ग्-लिङ्ग्-लि-*adv.* in a tangling manner. उलझा हुआ, फँसा हुआ ।

Tangly-टैंङ्ग्-लि-*adj.* tangled. उलझनदार ।

Tango-टैंङ्गो-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच ।

Tangram-टैंङ्ग्-ग्रैम्-*n.* a square cut into seven pieces which may be combined to from various shapes. एक चतुभुज जिसको सात टुकड़ों में काटने पर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं ।

Tan-house-टैंन्'-हाउस्-*n.* a building in which tanner's bark is stored. मकान जिसमें चमड़ा कमानेवाले की छाल रक्खी हो ।

Tank-टैंङ्क्-*n.* a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय, बावली, तालाब, इञ्जन की टंकी, सब सामग्री-युक्त फौजी मोटर गाड़ी ।

Tankage-टैंङ्केज्-*n.* storing in tanks, charge for this storage, the capacity of a tank, residue from tanks. तालाब में पानी जमा करने का काम, इस जमाव के लिये कर या शुल्क, तालाब की जलशक्ति, तालाबों की छाँछ ।

Tankard-टैंङ्कर्ड्-*n.* a large drinking vessel. चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन ।

Tanker-टैंङ्कर्-*n.* a ship with a tank for carrying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने का जहाज ।

Tannable-टैंन्'-ऐब्ल्-*adj.* able to be tanned. चमड़ा कमाने योग्य ।

Tannage - टैंन् - ऐज् - *n.* materials used in tanning. चमड़ा कमाने का सामान ।

Tanner-टैंनर्-*n.* one whose occupation is to tan hides. चमड़ा कमानेवाला ।

Tannery-टैंनरि-*n.* a tanning manufactory. चमड़ा कमाने का कारखाना ।

Tannic-टैं-निक्-*adj.* pertaining to tannin. चमड़ा कमानेवाले वानस्पतिक पदार्थ से सम्बन्धित; **Tannic acid** (tannin.) उक्त पदार्थ का तेजाब ।

Tanning-टैं-निङ्ग्-*n.* the art of converting raw hide into leather. कच्चे चमड़े को कमाने की कला ।

Tansy-टैंन्'-ज़ि-*n.* a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा ।

Tantalism-टैंन्'-टॅ-लिज़्म्-*n.* punishment of Tantalus, son of Zeus, teasing, act of tantalizing. जीअस के पुत्र टैन्टलस का दण्ड, तरसाने या तंग करने का काम ।

Tantalization-टैन्टलाइज़ेशन् -*n.* the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव ।

Tantalize-टैन्ट्-लाइज़्-*v. t.* to torment, to tease with vain hopes. सताना, तरसाना (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना ।

Tantalizer-टैन्ट्- लाइज़र् -*n.* one who tantalizes. तरसानेवाला ; **Tantalizing** (-इङ्ग्) -*adj. & n.* teasing, act of tormenting. कष्टकर, दिक करने का काम ।

Tantalum- टैन्टॅ-लम् -*n.* a precious metal. एक बहुमूल्य धातु ।

Tantamount-टैन्ट्-अ-माउन्ट्-*adj.* equivalent. समान, तुल्य ।

Tantivy-टैन्टिवि-*n.* a hunting cry, a swift movement. शिकारियों का शब्द, तीव्र गति;-*v. i.* to hurry. तेजी करना;-*adv.* with great speed. तीव्र गति से ।

Tantrum-टैंन्'-ट्रम्-*n.* a fit of ill-temper. आवेश, क्रोध ।

Tanyard-टैंन्'-यार्ड्-*n.* an enclosure where hides are tanned. चमड़ा कमाने का बाड़ा ।

Tap-टैंप् -*n.* a gentle or slight blow with a thing, a tool for cutting screws, a short pipe. थपथपाहट, पेंच बनाने का हथियार, छोटी नली, टोंटी;-*v.t. & i.* (*p.t.* Tapped.) to touch

gently, to strike with something small, to pierce a cask, to bore into. थपथपाना, छोटी वस्तु से मारना, पीपे में छेद करना।

Tap-borer-टॅप्-बोर्-अर्-*n.* a gimlet. गिलमिट, छेद करने का यन्त्र।

Tape-टेप्-*n.* a narrow band of woven cloth. फ़ीता, पट्टी;-*v. t.* to bind with a tape. फीते से बाँधना; **Tape measure** (a tape used in measuring.) नापने का फ़ीता; **To breast the tape** (to win in racing.) दौड़ में जीतना।

Taper-टेपर् -*n.* a thin wax candle, a small light. छोटी पतली मोमबत्ती, छोटा प्रकाश; -*adj.* conical, thinner at one end. शुण्डाकृति, गावदुम (किनारे पर नुकीला); -*v. i. & t.* to become thinner at one end. एक किनारे पर नुकीला या गावदुम होना; **Tapering** (-इङ्ग्) -*adj.* gradually diminishing at one end. गावदुम आकार का; **Taperingly**(-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a tapering manner. गावदुम आकार में; **Taperness** (-नॅस्)-*n.* the state of being tapering. नुकीलापन, शुण्डाकृति।

Tapestried-टॅपिस्ट्रीड्-*adj.* fitted with tapestry. पिछवई लगी हुई।

Tapestry-टॅ-पॅ-स्ट्रि-*n.* a hand-woven pictorial fabric used for covering walls, furniture &c. तसवीर, बुना हुआ पिछवई का कपड़ा।

Tape-worm-टेप्'-वर्म्-*n.* a parasite worm of the form of a tape. चिपटे आकार का केंचुआ।

Tapir-टे'-प-र्-*n.* a hoofed mammal like a rhinoceros. गैंड़े के प्रकार का एक खुरवाला स्तनीय पशु।

Tapis-टॅपिस्, (also-टॅपि) -*n.* a carpet, tapestry, a cover for a table. गलीचा, पिछवई, मेज़पोश।

Tappet-टॅपॅट् -*n.* a small lever on a moving shaft. यन्त्र में चलते हुए डण्डे का छोटा जोड़।

Tapping-टॅपिङ्ग्-*n.* the operation of drawing fluid matter accumulated in the body. शरीर में का संचित तरल पदार्थ निकालने की जर्राही क्रिया।

Tap-room-टॅप्'-रूम्-*n.* a room in which liquor is sold or drunk. मदिरा पीने या बेचने का घर।

Tap-rate-टॅप्'-रेट्'-*n.* the current rate. चालू दर।

Tap-root-टॅप्'-रूट्-*n.* the main root of a plant which sinks deep into the ground. पौधे की प्रधान जड़ जो पृथ्वी में गहरी धँसी होती है, मूसला जड़।

Tapster-टॅप्'-स्टर्-*n.* one whose business is to draw ale. मदिरा निकालनेवाला।

Tar-टार्-*n.* a black viscous substance got by distillation of wood, coal &c., a sailor तारकोल, अलकतरा, बिरोजा, मल्लाह, केवट;-*v. t.* (*p. t.* Tarred.) to cover with tar. तारकोल या अलकतरा पोतना या लगाना; **Tarry** (-रि) -*adj.* smeared with tar. तारकोल या अलकतरा पोता हुआ।

Tarantism-टॅरन्टिज़्म्-*n.* a dancing mania. नाचने की धुन।

Tarantula-टरॅ-न्ट्युलॅ-*n.* a kind of large poisonous spider. एक प्रकार का बड़ा विषैला मकड़ा।

Taraxacum-टॅरॅक्स्-अ-कम् -*n.* a kind of flowering plant, from the roots of which a tonic laxatived rug is prepared. एक प्रकार का फूलनेवाला पौधा जिसकी जड़ों से ताकतवर जुलाब की या दस्तावर दवा बनाई जाती है।

Tarboosh-टॉबूश्-*n.* the inner part of a turban, a cap like fez. पगड़ी का भीतरी भाग, एक प्रकार की मुसलमानी टोपी।

Tardigrade-टार्डि-ग्रेड् -*adj.* moving slowly. धीरे-धीरे चलनेवाला।

Tardily-टार्डिलि-*adv.* in a tardy manner. मन्दता से; **Tardiness** (-नॅस्)-*n.* the state of being tardy, sluggishness. मन्दता, धीमापन।

Tardy-टार्डि-*adj.* (*comp.* **Tardier**, *sup.* **Tardiest.**) slow-moving, sluggish, reluctant. दीर्घसूत्री, मन्द, धीमा, विलम्बी।

Tare-टेअर्-*n.* a weed that grows amongst corn, an allowance made from the gross weight of goods. अन्न के बीच में उगनेवाली एक प्रकार की घास, किसी पदार्थ के भार से घटाया जानेवाला पात्र का भार; **Average tare** (the weight of a vehicle without any load.) बिना बोझ लदी गाड़ी का वजन।

Target-टार्'-गॅट् -*n.* a small round shield, a mark to fire at. छोटी गोल ढाल, गोली चलाने का निशाना या लक्ष्य; **Targeted** (-ऍड्) - *adj.* furnished with a target. ढाल लगाये हुए।

Tariff-टॅ-रिफ़्-*n.* a list or table of duties or customs to be paid on exportation and importation, a list of charges. शुल्क-सूची, चुङ्गी की दर की सूची, निर्खनामा, भाव की दर; -*v. t.* to put a valuation on. चुङ्गी निर्धारित करना; **Preferential tariff** (reduced duties or allowance of duties on goods imported from a favoured country.) किसी विशिष्ट देश से आई हुई वस्तु पर कम चुङ्गी या चुङ्गी की छूट।

Tarlatan-टार्लॅटन्-*n.* a kind of very thin muslin. एक प्रकार का बहुत बारीक मलमल या आबेरवाँ।

Tarn-टार्न्-*n.* a small mountain lake, a marsh. पहाड़ी झील, दलदल।

Tarnation-टॉर् - नें - शन्-*n.* damnation. सत्यानाश।

Tarnish-टार्निश् -*v. t. & i.* to destroy lustre, to become dull. चमक हटाना, मलिन करना या होना, धुँधला होना ; **Tarnishable** (-ऍ-ब्ल) -*adj.* able to be tarnished. धुँधला या मलिन होने योग्य।

Tarot-टॅ-रॅ-*n.* a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Tarpan-टार्-पॅन्-*n.* the wild horse of Central Asia. मध्य एशिया का जङ्गली घोड़ा।

Tarpaulin-टार्-पॉ'-लिन् -*n.* tar-covered waterproof canvas, a sailor. अलकतरा पोता हुआ किर्मिच, मल्लाह।

Tarpon-टार्'-पॅन् -*n.* the jew-fish. एक प्रकार की मछली।

Tarrace-टॅरॅस्-*n.* a volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई मिट्टी जो जोड़ने के काम में आती है।

Tarragon-टॅरगन्-*n.* a savoury herb. एक स्वादिष्ठ शाक।

Tarrier-टॅ-रि-अर्-*n.* one who tarries. विलम्ब करनेवाला।

Tarry-टॅ-रि -*v. t.* (*p. t.* **Tarried.**) to stay, to remain behind, to wait for, to delay. रुकना, ठहरना, देर करना, विलम्ब करना।

Tarsal-टार्सल्-*adj.* pertaining to tarsus. पैर की नली के निचले भाग से सम्बन्धित।

Tarsia-टार्-सि-ऑ -*n.* a beautiful kind of mosaic wood-work. लकड़ी में सुन्दर खुदाई का काम।

Tarsus-टार्सस् -*n.* the part of the foot to which the leg is articulated. एँड़ी और नली के बीच का पैर का भाग।

Tarsalgia-टॅर्सल्जिआ-*n.* pain in the tarsus. पैर की नली की पीड़ा।

Tart-टार्ट्-*adj.* of sharp taste, acid, severe. तीखा, खट्टा, चरपरा;-*n.* a flat, crustless sweet fruit pie. मीठे फल की बिना पपड़ी की कचौड़ी।

Tartan-टार्टन् -*n.* a checkered or striped woollen fabric of various patterns. ऊनी चारखाना या पट्टीदार वस्त्र;-*n.* a kind of small coasting vessel. एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Tartar-टार्टर्-*n.* a native of Tartary, an acid salt deposit from fermented wine, concretion which incrusts the teeth. टार्टरी देश वासी, मदिरा का क्षारीय तलछट जो नीचे जम जाता है, दाँत का मड़ ; **To catch a Tartar** (to quarrel with a very strong enemy.) अति प्रबल शत्रु से झगड़ा करना।

Tartarean-टार्'-टे-रिअन्-*adj.* pertaining to the infernal regions. नरक सम्बन्धी।

Tartaric-टार्-टॅ-रिक्, **Tartareous**(-रस्)-*adjs.* obtained from tartar. क्षारीय।

Tartarin-टार्टरिन्-*n.* potash. पोटास।

Tartarization-टार्टराइज़ेशन्-*n.* the act of reducing to tartar. क्षार बन जाने का कार्य।

Tartarize-टार्टराइज़्-*v. t.* to impregnate with tartar, to convert into a Tartar. क्षारपूर्ण करना, तातारी बनाना।

Tartarous-टार्टरस्-*adj.* containing tartar. क्षार युक्त।

Tartarus-टार्टरस् - *n.* the infernal regions of ancient Greek & Roman mythology. प्राचीन यूनानी तथा रूमी धर्मग्रन्थों का पाताल लोक।

Tartish-टार्टिश्-*adj.* somewhat tart. कुछ तीखा या चरपरा।

Tartly-टार्टलि-*adv.*smartly or abruptly. तीक्ष्णता से, तीखेपन से; **Tartness** (-नॅस्)-*n.* sharpness to the taste. स्वाद में तीखापन या चरपरापन।

Tartuffe-टार्ट्यूफ़ - *n.* a religious hypocrite. धर्मद्वेषी, पाखण्डी; **Tartuffish** (-इश्)-*adj.* hypocritical. पाखण्डी।

Tasimeter-टासिमिटर्-*n.* an electrical instrument for determining variations in temperature. तापमान का अन्तर जानने का बिजली का एक यन्त्र।

Task-टास्क्-*n.* a business imposed by another, a lesson to be learnt at school, specific work, a voluntary work. कार्य (काम, कर्तव्य), पाठ, परिश्रम, धन्धा;-*v.t.* to exact labour from, to impose a task on. कार्य में नियुक्त करना, मेहनत लेना, काम कराना।

Tasker-टास्कर्-*n.* one who imposes a task. काम सौंपनेवाला; **Taskmaster** (-मास्टर्)-*n.* a man who assigns work to be done. काम लेनेवाला, काम में लगानेवाला; **Taskwork** (-वर्क) -*n.* a piece of work given as a task, forced labour, oppressive work. दिया गया कार्य, धन्धा, जबर्दस्ती लिया गया श्रम, कष्टकारक कार्य।

Tass-टॅस्-*n.* a drinking-cup. प्याला, कटोरी।

Tassel-टॅस्-ल्-*n.* a pendent ornament, a ribbon sewn in a book serving as a bookmark. झब्बा (फुँदना, लटकन), किताब में सिला हुआ फीता; **Tasselled** (-ड्)- *adj.* adorned with tassels. फुँदनों या झब्बों से अलंकृत।

Tastable-टेस्टबल्-*adj.* (also **Tasteable**) able to be tasted, savoury. स्वाद लेने योग्य।

Taste-टेस्ट्-*n.* the sense by which we taste, relish, judgment, style, manner, choice, flavour, liking. रसनेन्द्रिय, स्वाद, रस, निर्णय, प्रचलित ढंग या तरीका, रुचि, प्रवृत्ति, चाट; -*v. t. & i.* to perceive by the tongue and palate, to try the relish of, to eat a little, to experience, to enjoy. स्वाद लेना, चखना, थोड़ा खाना, अनुभव करना, आनन्द लेना ; **A man of taste** (one possessing a good taste.) रसिक; **Devoid of taste** (destitute of good taste.) अरसिक; **Tasteful** (-फ़ुल्) -*adj.* savoury, done in good taste. रुचिकर (स्वादु), जायकेदार, मनहर (हृदयग्राही); **Tastefully** (-लि) -*adv.* in a tasteful manner. रुचि से, स्वाद से; **Tastefulness** (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* the quality of being tasteful of. स्वादिष्ठता; **Tasteless** (-लेस्)-*adj.* having no taste, insipid. रसहीन (बेस्वाद), नीरस (फीका), **Tastelessly**(-लेस्-लि)-*adv.* in a tasteless manner. रसहीनता से; **Tastelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteless. रसहीनता; **Taster** (-अर्)-*n.* a person employed to taste food. (आस्वादक) भोजन का स्वाद लेनेवाला मनुष्य; **Tastily** (-इ-लि)-*adv.* with good taste. स्वाद से; **Tasty** (-इ) -*adj.* of good taste, scroury. सुरस, स्वादिष्ठ, स्वादपूर्ण ।

Ta-ta-टॅा-टा-*n.* good-bye. विदाई के समय का नमस्कार ।

Tatter-टॅा-टर्-*n.* a rag or part torn. चीर, चिथड़ा, फटन ।

Tattered-टॅा-टर्ड्-*adj.* ragged. फटा हुआ ।

Tattery-टॅाटरि-*adj.* tattered. फटन का, फटा हुआ ।

Tatting-टॅा-टिङ्ग्-*n.* trimmings for woven work. किनारी, झालर ।

Tattle-टॅा-टल्-*n.* idle talk, trifling talk. बड़बड़, बकवाद; -*v. i.* to talk idly, to prattle, to tell secrets. बड़बड़ करना (गप्प करना), बकवाद करना, भेद बताना ।

Tattler-टॅाट्-लर्-*n.* an idle talker. बड़बड़िया, बकवादी; **Tattlery** (-इ) -*n.* an idle talk. गप्प, बकवाद; **Tattling** (-इङ्ग्)-*n.* tattle. बकवाद ।

Tattoo-टॅाटू - *n.* (*pl.* **Tattooes.**) a beat of drum for recalling soldiers to the head-quarters, a mark or figure made on the body by punctures and stains. सैनिकों को डेरे पर बुलाने के लिये नगाड़ा बजना, गोदना ; -*v. t. & i.* to beat the drum, to puncture the skin with indelible patterns. नगाड़ा बजाना, गोदना गोदना ।

Taube-टाउब्-*n.* a type of German aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज ।

Taught-टॉट्-*p. t. & p. p.* of **Teach.** सिखाया ।

Taunt-टॉन्ट्-*n.* sarcastic reproach, upbraid, insulting words. निन्दा, आक्षेप, तिरस्कार;-*adj.* tall. लम्बा, ऊँचा ; - *v. t.* to reproach, to revile. निन्दा करना, तिरस्कार करना, ताना मारना; **Taunter** (-अर्)-*n.* one who taunts. निन्दक, निन्दा करनेवाला ; **Taunting** (-इङ्ग्) -*adj.* sarcastic. आक्षेपयुक्त, ताने का; **Tauntingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, निन्दा से ।

Taurian-टॉ-रि-अन्-*adj.* of a bull. साँड़ का ।

Taurine-टॅ-राइ-न् - *adj.* relating to a bull. साँड़-सम्बन्धी ।

Tauromachy-टॅ-रॅ-म-कि-*n.* a bullfight. साँड़ की लड़ाई ।

Taurus-टॉ-रस्-*n.* the second sign of the zodiac. वृष राशि ।

Taut-टॉट्-*adj.* tight, secure. कसा या तना हुआ, दृढ़ ।

Tauten-टॉट्-न्-*v. t.* to make tight. कसा करना ।

Tautological-टॉटॅलॅजिकल्-*adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति-सम्बन्धी ; **Tautologically** (-लि)-*adv.* in a tautological manner. पुनरुक्ति रीति से ।

Tautologize-टॉटॅलॅजाइज़्-*v. t.* to repeat the same thing in different words. भिन्न-भिन्न शब्दों में एक ही बात को दुहराना ।

Tautologist-टॉटॅलॅजिस्ट्-*n.* one who uses tautology. पुनरुक्ति का व्यवहार करनेवाला ।

Tautologous-टॉटॅलॅगस् - *adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति करनेवाला ।

Tautology-टॉटॅलॅजि-*n.* a repetition of the same meaning in different words. पुनरुक्ति, एक ही बात को भिन्न-भिन्न शब्दों में कहना

Tautophony-टॉटोफ़ॅनि-*n.* repetition of the same sound. एक ही शब्द की पुनरुक्ति ।

Tavern-टॅावर्न्-*n.* a public house where liquors are sold, an inn. शराबखाना, पथिकाश्रम, सराय; **Taverner** (-अर्)-*n.* one who keeps a tavern. भठियारा; **Taverning** (-इङ्ग्) -*n.* a feasting at taverns. सराय में भोजन करना ।

Taw-टॉ-*n.* a play at marbles. अण्टा या गोली का एक खेल; -*v. t.* to dress skin into white leather. चमड़े को कमाकर सफ़ेद करना ।

Tawdrily-टॉ-ड्रि-लि-*adv.* in a gaudy manner. आडम्बर से, दिखाव से; **Tawdriness** (-नेस्)-*n.*

gaudiness, showiness. बाह्य शोभा, दिखावट।

Tawdry-टॉ-ड्रि-*adj*. gaudy, showy, cheaply showy. आडम्बरी, मिथ्या शोभा का, दिखाऊ।

Tawer-टॉ-अर्-*n*. one who dresses white leather. सफेद चमड़ा कमानेवाला।

Tawniness-टॉ-नि-नेस्-*n*. the quality of being tawny. भूरापन।

Tawny-टॉ-नि-*adj*. (*comp*. **Tawnier**, *sup*. **Tawniest**.) brownish, yellow.

Tawse-टॉज़्-*n*. a thick leather strap. मोटे चमड़े की चमोटी।

Tax-टैक्स्-*n*. a rate or sum of money levied on persons or property for the benefit of the state. राज्य-शुल्क, कर, टैक्स, महसूल;-*v. t*. to impose tax, to charge, to censure. कर लगाना, अत्यन्त पीड़ा देना, निन्दा करना (दोष लगाना); **Direct tax** (a tax levied directly.) प्रत्यक्ष कर; **Income tax** (a tax imposed on incomes.) आयकर; **Indirect tax** (a tax levied in an indirect manner.) अप्रत्यक्ष कर; **Tax-free** (free from taxes.) निःशुल्क।

Taxability-टैक्सेबिलिटि-*n*. the state of being taxable. कर लगाने की योग्यता।

Taxable-टैक्से-ब्ल्-*adj*. liable to assessment of taxes. कर लगने योग्य; **Taxably** (-इ) -*adv*. in a taxable manner. कर लगने की योग्यता से।

Taxation-टैक्सेशन्-*n*. the act of taxing, sum imposed, charge. कर-निर्धारण, कर-स्थापन।

Taxer-टैक्सर्-*n*. one who taxes. कष्ट देनेवाला।

Tax-gatherer-टैक्स्'-गॅदरर्-*n*. a collector of taxes. कर वसूल करनेवाला।

Taxi-टैक्सि-*n*. a motor-cab plying on hire. भाड़े पर चलनेवाली मोटर गाड़ी; **Taxi-man** (a taxi-cab driver.) ऐसी मोटर हाँकनेवाला।

Taxidermal-टैक्स्'-इ-डर्-मल्-*adj*. pertaining to taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरने की कला सम्बन्धी; **Taxidermist** (-मिस्ट) -*n*. one who is skilld in taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला में निपुण; **Taxidermy** (-मि)-*n*. the art of preserving and preparing the skins of animals so as to represent their natural appearance. पशुओं की खाल में मसाला लगाकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला।

Taximeter-टैक्सि-मि-टर्-*n*.an automatic device fitted in a taxi-cab for measuring distance and recording fare. मोटर गाड़ी में लगा हुआ यन्त्र जिसमें दूरी तथा भाड़ा अंकित रहता है।

Taxis-टैक्सिस्-*n*. a surgical operation for restoring parts of the body to their places. अङ्गों के भाग को यथास्थान बैठाने की जर्राही विधि।

Taxonomy-टाक्सॅनॉमि-*n*. the principle of classifying plants and animals. वनस्पतियों तथा पशुओं को वर्गों में विभक्त करने का सिद्धान्त।

Tazza-टॅज़ॉ-*n*. a saucer-shaped vessel mounted on a foot. एक प्रकार का गोड़ीदार प्याला।

T-bandage-टी-बॅन्ड्'-ऍज्-*n*. a bandage in the form of T. टी अक्षर के आकार की बाँधने की पट्टी।

Tea-टी-*n*. the dry leaves of a plant of the camellia family, decoction of dried tealeaves. चाय;-*v. i*. to drink tea. चाय पीना; **A storm in a tea-cup** (an agitation about trivial matters.) छोटी-छोटी बातों पर बड़ा झमेला; **Tea-cup** (a small cup used for drinking tea.) चाय पीने का प्याला; **Tea-spoon** (-स्पून्)-*n*. a spoon of one dram of liquid used for drinking tea. चाय पीने का एक ड्राम का चम्मच।

Teach-टीच्-*v. t*. (*p. t*. & *p. p*. **Taught**) to instruct, to inform, to give lessons at school, to admonish, to make familiar, to counsel. उपदेश देना, सूचना देना, स्कूल में पाठ पढ़ाना, सचेत करना, कान खोलना, परिचित कराना, सलाह देना **Teachability** (-अबिलिटि) -*n*. ability to be instructed.पढ़ाने या सिखलाये जाने की योग्यता; **Teachable** (-अब्ल्)-*adj*. capable of being taught, docile. पढ़ाने या सिखलाने योग्य; **Teachableness** (-नेस्)- see **Teachability**.

Teacher-टीचर्-*n*. an instructor, a preceptor. अध्यापक, शिक्षक, गुरु; **Teachership** (-शिप्) -*n*. the office of a teacher. अध्यापक का पद; **Teaching** (-इङ्ग्)-*n*. instruction. अध्यापन, शिक्षा, उपदेश; **Teachless** (-लॅस्)-*adj*. unteachable. शिक्षा न देने योग्य।

Teague-टीग्-*n*. an Irishman (in contempt.) आयरलैंड-निवासी (तिरस्कार का शब्द)।

Teak-टीक्-*n*. a tropical tree producing hard wood, timber of this tree. सागौन का वृक्ष, इसकी लकड़ी।

Teal-टील्-*n*. (*pl*. **Teal**.) a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तक।

Team-टीम्-*n*. two or more horses, oxen &c. harnessed together, a company, a set of

players on one side of a game, *e. g.* football, cricket &c. एक साथ जोते हुए दो या अधिक घोड़े, बैल इत्यादि, समुदाय, खिलाड़ियों का एक ओर का दल; *-v. t.* to harness together. एक साथ जोतना ; **Teamster** (-स्टर्)-*n.* one who drives team. घोड़े बैल इत्यादि की जोड़ी हाँकनेवाला; **Team work** (-वर्क्)-*n.* work done by a team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी या आदमियों की टोली से किया हुआ काम ।

Tea-pot-टी'-पॉट्-*n.* a vessel in which tea is prepared. चाय बनाने का पात्र ।

Teapoy-टी'-पॉय्-*n.* a small three or four-legged table for a tea tray. तिपाई, चाय पीने का चौघड़िया ।

Tear-टिअर्-*n.* a drop of liquid secreted by the lachrymal glands. अश्रु, नयनवारि, आँसू ; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुधारा; **Tearful** (-फुल्)-*adj.* weeping, shedding tears. अश्रुपूर्ण, रोता हुआ; **Tearfully** (-फुलि) *-adv.* in a weeping manner. रोते हुए ; **Tearless** (-लेस्)-*adj.* shedding no tears, without tears. आँसू न गिराता हुआ, अश्रु-हीन ।

Tear-टेअर्-*v.t. & i.* (*p. t.* **Tore**, *p. p.* **Torn**) to separate by violence or pulling, to rend, to make hole. विदीर्ण करना, चीरना, फाड़ना; *-n.* a rent. फटन, फटाव; **To tear away** (to pull violently.) वेग से झटका देना; **To tear from** (to take away by force, to snatch.) वेग से हटाना, छीनना; **To tear off** (to pull off violently.) झटके से खींचना; **To tear to pieces** (to separate in fragments.) टुकड़े-टुकड़े करना; **To tear up** (to root out, to destroy.) जड़ से उखाड़ना, नष्ट करना; **Tearer** (-अर्)-*n.* one who rents anything. फाड़नेवाला; **Tearing** (-इङ्ग्)-*adj.* violent. तीव्र ।

Tease-टीज़्-*v. t.* to comb wool or flax, to vex with jests, to scratch, to importune. ऊन या सन को सँवारना, कंघी करना या सुलझाना, पीड़ा देना, दिक करना, खरोचना, चिढ़ाना ।

Teasel, Teazel-टी-ज़ूल्-*n.* a kind of plant with large prickly heads used in raising a nap cloth. काँटेदार सिरेवाला पौधा, जो सूती कपड़े पर ऊनी रोएँ के समान सतह बनाने में प्रयुक्त होता है ।

Teaser-टीज़र्-*n.* a teasing person. चिढ़ानेवाला मनुष्य ।

Teat-टीट्-*n.* the projecting part of the nipple of the breast. स्तन का अग्रभाग, चूचुक;

Teatlike (like a nipple.) चूची के समान ।

Teathe-टीद्-*v. t.* to manure land by live stock. पशुओं को बैठाकर खेत जोरदार करना ।

Techily-टे-चि-लि-*adv.* fretfully. चिड़चिड़ाहट से; **Techiness** (-चि-नेस्)-*n.* peevishness, fretfulness. चिड़चिड़ाहट, झुँझलाहट ।

Technic-टेक्-निक्-*n.* a technical art or skill. विशिष्ट कला या विद्या; **Technical** (-अल्)-*adj.* pertaining to science, art or handicraft, of terms used in a particular signification. विशेष कला या शास्त्र सम्बन्धी, पारिभाषिक (सांकेतिक); **Technicality** (-ऑल्-इ-टि)-*n.* anything peculiar to an art or science. किसी कला या विद्या की विशिष्टता, परिभाषा; **Technically** (-अलि)-*adv.* in a technical manner. परिभाषानुसार ।

Technics-टेक्-निक्स्-*n.* the doctrine of arts in general. कलाओं का सामान्य सिद्धान्त, कलाओं की विद्या ।

Technique-टेक्-नीक्'-*n.* mechanical art or skill. यन्त्र-कला ।

Technological-टेक्-नो-लॅजिकल्- *adj.* pertaining to technology. कला-विवरण सम्बन्धी; **Technologist** (-जिस्ट्) -*n.* one skilled in technology. शिल्प कला विज्ञान में निपुण; **Technology** (-जि)-*n.* the science of the industrial arts. शिल्प कला विज्ञान ।

Techy-टेच् - इ - *adj.* (*comp.* **Techier**, *sup.* **Techiest.**) peevish, irritable. चिड़चिड़ा, क्रोधी ।

Tectonic-टेक्-टॅनिक्- *adj.* pertaining to building. इमारत सम्बन्धी ।

Ted-टेड्-*v. t.* (*p. t.* **Tedded**) to spread grass for drying. सुखाने के लिये घास फैलाना; **Tedder** (-डर्) - *n.* one who teds, a machine for spreading grass. सुखाने के लिये घास फैलानेवाला आदमी, घास फैलाने का यन्त्र; **Te Deum**-टी-डी'-अम्-*n.* a hymn sung on happy occasions as thanks-giving. आनन्द के अवसर पर धन्यवाद के लिये गाया गया भजन ।

Tedious-टी-डि-अस्-*adj.* wearisome, tiresome, irksome, slow. श्रम करनेवाला, थकानेवाला, मन्द (दीर्घसूत्री), धीमा; **Tediously** (-लि) *-adv.* in a way so as to weary. थकाते हुए; **Tediousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being tedious. श्रमकार्यता ।

Tedium-टी-डि-अम्-*n.* irksomeness, wearisomeness. थकावट, उतावलापन ।

Tee-टी-*adj.* shaped like the letter **T.** 'टी' अक्षर के आकार का ।

Teem-टीम्-*v. i. & t.* to bring forth young, to be pregnant, to bear offspring, to abound, to pour out, to empty. बच्चा जनना, गर्भ धारण करना, गर्भिणी होना, बहुतायत से उत्पन्न करना, उँडेलना, खाली करना।

Teemer-टीमर्-*n.* one who brings forth young. बच्चा पैदा करनेवाली स्त्री।

Teemful-टीम्'-फुल्-*adj.* pregnant. गर्भवती।

Teeming-टीमिङ्ग्-*adj.* producing young one, fruitful. बच्चा पैदा करनेवाली, गर्भपूर्ण, परिपूर्ण।

Teemless-टीम्'-लॅस्-*adj.* barren. ऊसर, बाँझ, फल-रहित।

Teen-टीन्-*n.* affliction, injury, damage, irritation, anger, anxiety, ill-will. पीड़ा, चोट, क्षति, सन्ताप, आवेग, क्रोध, चिन्ता, बुराई, जलन।

Teens-टीन्ज़्-*n. pl.* the years of one's age from thirteen to nineteen. तेरह वर्ष से उन्नीस वर्ष तक की अवस्था; **In ones teens** (from thirteen to nineteen years of age.) तरुण अवस्था में (१३ से १९ वर्ष के बीच की अवस्था में)।

Teeth-टीथ्-*n.* (*pl.* of **Tooth**) दाँत; **In the teeth of** (in direct opposition to.) प्रत्यक्ष रूप से विरोध करते हुए।

Teethe-टीद्-*v. i.* to grow or cut teeth. दाँत निकलना।

Teething-टी-दिङ्ग्-*n.* dentition. दाँतों का निकलना।

Teetotal-टी-टो'-टल्-*adj.* pertaining to abstinence from all intoxicating drinks. सब मादक पदार्थों के बहिष्कार सम्बन्धी; **Teetotalism** (-इज़्म्)-*n.* total abstinence from intoxicating liquors. मादक पदार्थों का पूर्ण बहिष्कार; **Teetotaller** (-अर्)-*n.* one pledged to total abstinence. कभी किसी प्रकार के मादक द्रव्य का व्यवहार न करनेवाला मनुष्य।

Teetotum-टी-टो-टम्-*n.* a kind of children's small toy with numbered sides. लट्टू, फिरकी, चकई।

Teg-टॅग्-*n.* a young sheep in the second year. भेड़ का दूसरे वर्ष का छोटा बच्चा।

Tegular-टॅग्युलर्-*adj.* pertaining to or resembling a tile. खपरैल के आकार या तरह का; **Tegularly** (-लि)-*adv.* in the manner of tiles. खपरैल के आकार में।

Tegument-टॅग्युमॅन्ट्-*n.* a natural covering. प्राकृतिक आवरण, खाल या कवच; **Tegumental** (-अल्), **Tegumentary** (-अरि)-*adjs.* pertaining to tegument. प्राकृतिक आवरण सम्बन्धी।

Tehee-टि-ही-*n.* the sound made in laughing. हँसने का शब्द, ही ही;-*v. t.* to laugh with a noise. ही ही करना।

Teil-टील्-*n.* the limetree. नीबू का वृक्ष।

Teint-टीन्ट्-*n.* colour, tint. रङ्ग।

Teknonymy- टॅक् - नॅ-निमि-*n.* naming of parent from the child. लड़के के नाम से माँ-बाप को पुकारना।

Telary-टॅल्-रि-*adj.* pertaining to a web. जाला सम्बन्धी।

Telegram-टॅलिग्रॅम्-*n.* a telegraphic message. तार द्वारा समाचार; **Telegrammatic** (-ॲटिक्) or **Telegrammic** (-इक्) -*adjs.* pertaining to telegrams. तार समाचार सम्बन्धी।

Telegraph-टॅ-लि-ग्रॉफ्-*n.* an apparatus for communicating between distant points by electricity. तार ;-*v. t. & i.* to send message by telegraph. तार द्वारा समाचार भेजना; **Telegrapher** (-अर्), **Telegraphist** (-इस्ट्)-*ns.* a telegraph operator. तार बाबू ; **Telegraphic** (-इक्)-*adj.* pertaining to or communicated by telegraph. तार सम्बन्धी, तार द्वारा भेजा हुआ ; **Telegraphically** (-अलि) -*adv.* by telegraph. तार द्वारा।

Telegraphy-टॅलिग्रॉफि-*n.* the art of working telegraphs. तार द्वारा समाचार भेजने इत्यादि की कला।

Telemeter-टिलॅमिटर्-*n.* an instrument for determining distance. दूरी नापने का यन्त्र ; **Telemetry** (-मिट्रि)-*n.* range finding. दूरी नापने का कार्य।

Teleological-टॅलि-ऑलॉजिकल्-*adj.* pertaining to teleology. हेतुविद्या सम्बन्धी; **Teleologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who advocates teleology. हेतुविद्या का अनुयायी।

Teleology-टॅ-लि-ऑ-लॅ-जि-*n.* the doctrine of the final cause of things. हेतुविद्या, मीमांसा।

Telepathy-टॅलि'-पथि-*n.* thought transference. मानसिक संक्रमण, दूरस्थित एक मन का दूसरे पर प्रभाव।

Telephone-टॅलि-फ़ोन्-*n.* an apparatus for transmitting sound to a distance by means of electricity. बिजली द्वारा शब्द को दूर भेजने का यन्त्र, टेलीफ़ोन; **Telephonic** (-फ़ॅन्-इक्) -*adj.* relating to the telephone. टेलिफोन यन्त्र सम्बन्धी ; **Tele-**

Telephone.

Travesty-ट्रॅवॅस्टि-*n*. ridiculous dress. हास्यजनक वस्त्र;-*v. t*. (*p. t*. **Travestied**.) to make ridiculous, to represent in a burlesque style. उपहास का विषय बनाना, हास्य-लेख में दरसाना।

Travis-ट्रॅविस् -*n*. a partition in the stalls of a stable. अस्तबल में घोड़ों के अलगाने की टट्टी।

Trawl-ट्रॉल्-*n*. a drag-net for fishing at the bottom. जल में से मछली फँसाने का जाल;-*v. i*. to fish by dragging net along the bottom. बड़े जाल द्वारा मछली फँसाना; **Trawler** (-अर्)-*n*. a fishing vessel. मछली फँसाने का जहाज; **Trawling** (-इङ्ग्)-*n*. fishing with a trawl net. बड़े जाल से मछली फँसाना।

Tray-ट्रे-*n*. a flat domestic vessel of wood or metal. छोटी छिछली थाली, तश्तरी ; **Trayful** (-फ़ुल्)-*n*. as much as a tray can hold. थाली भर।

Treacherous-ट्रॅच् -अर् -अस् -*adj*. deceptive, perfidious, violating faith. कपटी, अधर्मी (दुष्ट), विश्वासघाती; **Treacherously** (-लि) -*adv*. faithlessly. विश्वासघात से; **Treacherousness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being treacherous. दुष्टता, विश्वासघात ; **Treachery** (-अरि) -*n*. a breach of trust, deception. प्रतिज्ञाभङ्ग, विश्वासघात।

Treacle-ट्री'-कल्-*n*. syrup got in refining sugar, molasses. गुड़, खाँड़, जूसी।

Tread-ट्रॅड्-*v. i. & t*. (*p. t*. **Trod**, *p. p*. **Trodden**.) to walk on, to set one's foot on, to trample, to follow the example. चलना, पग रखना, पैर से कुचलना, अनुकरण करना; -*n*. the manner of walking, gait. चलने का ढंग, टाप; **To tread away** (to trample.) पैर से कुचलना ; **To tread out** (to press out.) निचोड़ना; **To tread to death** (to kill by trampling) पैर से कुचलकर मार डालना; **To tread under foot** (to treat with contempt.) तिरस्कार दिखलाना; **Treader** (-अर्)-*n*. one who treads. कुचलनेवाला।

Treadle-ट्रॅ-ड्ल्-*n*. the lever of a machine which is moved by foot. यन्त्र का पैर से चलाने का भाग, पावदान ; **Treadle machine** (a printing press worked by foot.) छापे इत्यादि की कल जो हाथ या इंजन से न चलाकर पैर से चलाई जाती है; **Treadler** (अर्)-*n*. one who treadles. पैर से यन्त्र चलानेवाला।

Treason-ट्री'-ज़न्-*n*. the offence of violating allegiance to sovereign, disloyalty. राजद्रोह, राजविरोध ; **High treason** (treason to sovereign personally.) स्वयं राजा के प्रति विश्वासघात; **Misprision of treason** (concealment of treason.) राजद्रोह छिपाना; **Treasonable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj*. involving treason. राजद्रोह-सम्बन्धी; **Treasonableness** (ऍब्ल्-नॅस्) -*n*. the quality of being treasonable. राजद्रोह ; **Treasonably** (-एब्लि) -*adv*. in treasonable manner. राजद्रोह से।

Treasure-ट्रॅ-ज़र्-*n*.accumulated wealth, valued object, great abundance, anything much valued. कोष (निधि, धन-संचय), दौलत, बहुमूल्य पदार्थ, बहुतायत, अति प्रिय वस्तु;-*v. t*. to hoard up, to regard as valuable. इकट्ठा करना, बटोरना, बहुमूल्य समझना; **Treasure house** (-हाउस्)-*n*. a place where treasures are kept. कोशगृह, खजाना; **Treasurer** (-अर्)-*n*. the person in charge of treasury or funds. कोषाध्यक्ष; **Treasurership** (-अर्-शिप्)-*n*. the office of a treasurer. कोषाध्यक्ष का पद;

Treasuress (-अर्-ऍस्)-*n. fem.* a woman in charge of treasure. कोषगृह की स्वामिनी; **Treasure-trove** (-ट्रोव्)-*n.* treasure found in the earth. पृथ्वी में का गड़ा हुआ धन; **Treasury** (-इ)-*n.* a place where treasure is deposited, a repository. कोषगृह, खज़ाना।

Treat-ट्रीट्-*v. t. & i.* to behave towards, to manage, to discourse on, to negotiate, to entertain with food or drink. व्यवहार करना, प्रबन्ध करना, शास्त्रार्थ करना, वर्णन करना, न्योता देना; -*n.* a rich entertainment, feast. भोजन विशेष, न्योता; **To treat at length** (to consider in detail.) विस्तारपूर्वक विचार करना; **Treatable** (-ऍब्ल्)-*adj.* moderate. सामान्य, साधारण; **Treater** (-अर्)-*n.* one who discourses on a subject. किसी विषय पर विचार करनेवाला।

Treatise-ट्रीटिस्(-ज़्-)-*n.* a literary composition on a definite subject. निबंध, लेख (पुस्तक)।

Treatment-ट्रीट-मेंन्ट् -*n.* behaviour, management, manner of applying remedies. आचरण (व्यवहार), प्रबन्ध, चिकित्सा; **Hospitable treatment** (hospitable entertainment.) अतिथि-सत्कार; **Ill treatment** (bad behaviour.) दुर्व्यवहार, बदसलूक।

Treaty-ट्रीटि -*n.* (*pl.* **Treaties.**) a formal agreement between nations, a compact. संधि (नियम) पत्र, मेल।

Treble-ट्रे-ब्ल्-*adj.* threefold, multiplied by three, three times. त्रिगुण, त्रिगुणित, तिगुना; -*v. t. & i.* to make threefold. तिगुना करना, तिगुना होना; **Trebleness** (-नेस्)-*n.* the state of being treble. त्रिगुणत्व; **Trebly** (-ब्लि)-*adv.* in a threefold manner. त्रिगुण रूप में।

Trebuchet - ट्रेब्युशेट्-*n.* an appliance for throwing large stones, a small balance, बड़े-बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र, छोटी तराज़ू।

Tred-wheel (ट्रेड्-ह्वील) -*n.* a vertical wheel which is worked by men or animals walking within its circumference. पशु या मनुष्य से चलाया जानेवाला यन्त्र का पहिया।

Tree-ट्री'-*n.* a perennial plant with a trunk and branches, a piece of wood, anything like a tree. वृक्ष (पादप), पेड़, लकड़ी का ढाँचा; **Treeless** (-लेस्)-*adj.* destitute of trees. वृक्षरहित; **Treenail** (-नेल्)-*n.* a wooden nail. लकड़ी की कील।

Trefoil-ट्रे-फॉइल् - *n.* a plant with three leaflets, an ornament of three cups in a circle. त्रिपत्र, त्रिदल, तिनपतिया, त्रिदल के आकार का गहना।

Trefoil.

Trek - ट्रेक् -*v. i.* (*p. t.* **Trekked**) to travel by bullock cart. बैलगाड़ी पर यात्रा करना; -*n.* a journey by bullock-cart. बैलगाड़ी पर यात्रा।

Trellis-ट्रे लिस्-*n.* a lattice work of wood, a frame work for supporting plants. लकड़ी की जाली, लता चढ़ाने का ढाँचा; -*v. t.* to furnish with trellis. लता को ढाँचे पर चढ़ाना; **Trellis work** -*n.* lattice work. जाली का काम।

Tremble-ट्रेम्'-ब्ल्-*v. i.* to shake involuntarily, to quake, to shiver, काँपना, हिलना, थर्राना; -*n.* the state of trembling. कंपन, हिलन; **Trembler** (-अर्)-*n.* one who trembles. काँपनेवाला; **Trembling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of shaking. कम्पन ; **Tremblingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a trembling manner. काँपते हुए।

Tremendous-ट्रिमेंन्डस्-*adj.* causing terror, awful, dreadful, considerable. भय उत्पन्न करनेवाला, भयंकर, डरावना, अत्यधिक; **Tremendously** (-लि)-*adv.* in a tremendous manner. भयंकर रूप से ; **Tremendousness** (-नेस्)-*n.* the state of being dreadful. भयंकरता।

Tremolo-ट्रे-मॅ-लॅ-*n.* a vibration in voice or instrumental music. काँपता हुआ शब्द, गिटकिरी।

Tremor-ट्रॅ (-ट्रि-)-मर्-*n.* trembling, shaking. कँपकँपी, थरथराहट; **Tremorless** (-लेस्)-*adj.* without tremor. बिना कम्प का।

Tremulant-ट्रेम्युलॅन्ट्-*adj.* quivering, trembling. काँपता हुआ।

Tremulous-ट्रेम्युलस् - *adj.* trembling, quivering, shivering. कम्पमान, चञ्चल, काँपता हुआ; **Tremulously** (-लि)-*adv.* with trembling. थर्राहट से, काँपते हुए; **Tremulousness** (-नेस्)-*n.* the state of being tremulous थर्राहट।

Trench-ट्रेन्श्-*n.* a long narrow cut in the earth, a ditch. परिखा, खाई;-*v. t. & i.* to dig a ditch, to cut a groove, to fortify by

cutting a ditch. गड्ढा खोदना, खाई बनाना, खाई खोदकर क़िलाबन्दी करना; **To trench upon** (to make an attack) आक्रमण करना; **Trenchancy** (-ऑन्-सि) -*n*. sharpness. तीखापन; **Trenchant** (-ऑन्ट्) - *adj*. sharp, keen, vigorous, severe. तीक्ष्ण, तीखा, तीव्र, चोखा ; **Trenchantly** (-ऑन्ट्-लि) - *adv*. sharply. तीव्रता से, तीखेपन से; **Trencher** (- अर्)-*n*. one who digs a trench. खाई खोदनेवाला मनुष्य।

Trencher-ट्रेन्च्-अर्-*n*. a knife, a flat round wooden block or piece for cutting meat, a plate for serving meat, one who digs a trench. चाकू, मांस काटने के लिये गोल चिपटा लकड़ी का टुकड़ा, मांस परसने की तश्तरी, खाँई खोदनेवाला आदमी; **Trencher cap** (-कैप्)-*n*. a square college cap. विश्वविद्यालय की चौकोर टोपी; **Trencher companion** (one who eats at the same table.) सहभोजी; **Trencherfly** (-फ़्लाइ)-*n*. a parasite. परान्नभोजी; **Trencher friend**-(-फ़्रेन्ड्)-*n*. one who frequents other's tables. दूसरे के घर प्रायः भोजन करनेवाला; **Trencherman** (-मॉन्)-*n*. an eater, glutton. भोजन करनेवाला, मरभुक्ख; **Trenchermate** (-मेट्)-*n*. a table companion. साथ भोजन करनेवाला।

Trenching-ट्रेन्शिङ्ग्-*n*. act of digging the earth very deep. भूमि को गहरा खोदने का कार्य।

Trench plough-ट्रेन्श्-प्लाउ-*n*. plough which opens land to a great depth. गहरा खोदनेवाला हल।

Trend-ट्रेन्ड्-*n*. tendency in a particular direction. झुकाव, लीनता; -*v. t*. to tend in a particular direction, to incline. किसी ओर झुकना।

Trendle-ट्रेन्ड्ल्-*n*. anything round which is used for rolling. घुमाकर दबाने का कोई गोल पदार्थ।

Trepan-ट्रि-पॅन्'-*n*. a surgical saw for cutting a bone of the skull, a snare. खोपड़ी की हड्डी काटने की जर्राही आरी, जाल; - *v. t*. to perforate with a trepan. खोपड़ी छेदकर एक टुकड़ा निकाल लेना; **Trepanner** (-नर्)-*n*. one who trepans. खोपड़ी की हड्डी के टुकड़े निकालनेवाला जर्राह; **Trepanning** (-निङ्ग्) - *n*. the operation of opening the skull by a trepan. आरी से खोपड़ी में का टुकड़ा काटकर निकालने की क्रिया।

Trephine-ट्रि-फ़ीन्' -*n*. an improved form of trepan. खोपड़ी छेदने का एक नये प्रकार का अस्त्र।

Trepid-ट्रे - पिड् - *adj*. trembling, shaking. काँपता हुआ, थर्राता हुआ; **Trepidation** (-एशन्)-*n*. involunatry trembling of limbs, alarm, confused haste शरीर का अनैच्छिक कम्प, आतङ्क, आशंका, घबड़ाहट की शीघ्रता।

Trespass-ट्रेस्पॅस् - *v. t*. to make unlawful encroachment upon the rights of others, to go beyond, to intrude, to offend. अतिक्रम करना, सीमा के बाहर जाना, बिना अधिकार प्रवेश करना, विघ्न डालना, कष्ट देना;-*n*. a transgression of right, injury done to another person. अतिक्रम, अमर्यादा, अनधिकार प्रवेश; **Trespasser** (-अर्) - *n*. a transgressor, one who enters the land of others without permission. बिना अधिकार के प्रवेश करनेवाला।

Tress-ट्रेस् - *n*. the lock of human hair, a ringlet of hair. अलक, बालों का गुच्छा या लच्छा, जटा; **Tressed** (-ड्) - *adj*. having tresses. केशकलायुक्त।

Trestle-ट्रे - सल् - *n*. the supporting frame of a table, a movable frame for supporting anything. टेबुल का ढाँचा, गड़ारी पर चलनेवाली मेज या किसी चीज़ का ढाँचा।

Tret-ट्रेट् - *n*. an allowance of extra weight given to purchaser for waste or refuse matter. बाद, करदा।

Trevet-ट्रिव्रिट् - *n*. a stool with three legs. तीन पाये की चौकी, तिपाई।

Trews-ट्रू-ज़् -*n. pl*. trousers. पाजामा।

Trey-ट्रे- -*n*. a card with three spots. तिग्गी, तिड़ी।

Tri-ट्रि',-ट्राइ - *pref*. signifying 'three.' 'त्रि' या 'तीन' के अर्थ का उपसर्ग; **Triad** (-ऑड्) -*n*. a union of three, a composition of three subjects, trinity, a chord of three notes. तीन का योग, तीन विषयों पर संयुक्त रचना, त्रिमूर्त्ति, तीन सुरों के संयुक्त स्वर का गीत; **Triadic** (ऑड्-इक्)-*adj*. pertaining to a trinity. त्रिक सम्बन्धी।

Triable-ट्रायेब्ल् - *adj*. subjected to trial. परीक्षणीय; **Triableness** (-नेस्) - *n*. ability to be tried. परीक्षा करने का कार्य।

Triacontahedral-ट्राइ'-अ-कन्-ट-ही' - ड्रल् -*adj*. having thirty sides. तीस भुजा की आकृतिवाला।

Trial-ट्रायल् - *n*. the process of testing the strength &c. of things, experiment, examination, test, judicial examination, experience. परीक्षा, जाँच, विचार, मुकद्मा, अनुभव; **On trial** (on approbation.) परीक्षा के निमित्त।

Trialism-ट्रायलिज़्म्-*n.* doctrine of the existence of body, soul and spirit. शरीर, आत्मा तथा ईश्वर के अस्तित्व का सिद्धान्त।

Trialogue-ट्राइ-अ - लॉग् - *n.* a conversation between three persons. तीन पुरुषों में परस्पर वार्तालाप।

Triangle-ट्राइ' - ऍङ्ग्ल् - *n.* a plane figure bounded by three lines, a rod of polished steel bent in the form of a triangle, open at one end, and sounded by a steel rod. त्रिकोण, त्रिभुज, बजाने की लोहे की तिकोनिया; **Triangled** (-इ)-*adj.* having three angles. तीन कोने का।

Triangle.

Triangular-ट्राइ-आङ्ग्-यु - लर्-*adj.* three cornered, having three angles, in the form of a triangle. त्रिकोण, त्रिभुजाकार; **Triangularity** (-इटि) -*n.* three-sidedness. तिकोनापन; **Triangularly** (-लि)-*adv.* in the form of a triangle. त्रिकोण रूप में; **Triangulate** (-लेट्) -*v. t.* to make triangular. तिकोना बनाना; -*adj.* marked with triangles. त्रिकोण से चिह्नित; **Triangulation** (-ले-शन्)-*n.* use of triangles in trigonometrical survey. त्रिकोणमिति की रीति से नापने में त्रिकोणों का प्रयोग; **Trianguloid** (-लायड्)-*adj.* almost of the shape of a triangle. प्रायः त्रिकोण के आकार का।

Triarchy-ट्राइ-आर्कि-*n.* government by three persons. तीन पुरुषों की सरकार।

Triarian-ट्रिएरि-अन्-*adj.* occupying the third post. तृतीय स्थान का।

Triatomic-ट्राइऍटॉमिक् - *adj.* consisting of three atoms. तीन परमाणुओं का।

Triaxial-ट्राइ-ऍक्सि - अल् -*adj.* having three axes. तीन अक्ष या धुरी का।

Tribal-ट्राइ'-बल् - *adj.* pertaining to a tribe. जाति-सम्बन्धी; **Tribalism** (-इज़्म्) -*n.* tribal organization. जाति सङ्गठन।

Tribe-ट्राइब् - *n.* race, clan, distinct class of people. जाति, वर्ग, वर्ण; **Tribesman** (ज़्-मॅन्) -*n.* the member of a tribe. किसी जाति का एक व्यक्ति।

Triblet-ट्रि-ब्लॅ-ट्-*n.* a goldsmith's tool for making rings. अँगूठी बनाने का सुनार का एक यन्त्र।

Tribometer-ट्रॉइ-बॅ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring friction. संघर्ष (रगड़) नापने का एक यन्त्र।

Tribulation-ट्रि-ब्यु-ले'-शन् -*n.* severe suffering, distress, vexation. दुःख, क्लेश, कष्ट।

Tribunal-ट्रि-ब्यू-नल् - *n.* a court of justice. न्यायालय, धर्मसभा।

Tribune-ट्रि-ब्यून् - *n.* an officer chosen by the people to protect their liberty, platform from which speeches are delivered. प्रजा के अधिकार स्थापित रखने के लिये चुना हुआ अधिकारी, व्याख्यान देने का चबूतरा।

Tribunay-ट्रि-ब्यूनरि-*adj.* pertaining to tribunes. न्यायालय-सम्बन्धी।

Tribuneship-ट्रि-ब्यून्-शिप्-*n.* office of a tribune. न्यायाधिकारी का पद।

Tributarily-ट्रि-ब्युटरि-लि-*adv.* in a subordinate manner. सहायक रूप से; **Tributariness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being tributary. सहायकता; **Tributary** (-टरि) -*adj.* paying tribute, subordinate, auxilliary. कर देनेवाला, अमुख्य, सहायक; - *n.* (*pl.* **Tributaries.**) one who pays tribute, a smal river or stream which flows into a big one. कर देनेवाला मनुष्य, सहायक नदी।

Tribute-ट्रि-ब्युट् -*n.* the periodical payment made by one state to another, contribution. कर, शुल्क, उपहार।

Tricar-ट्राइ-कार् - *n.* a three wheeled motor car. तिपहिया मोटर गाड़ी।

Trice-ट्राइस् - *v. t.* to haul or tie up by a rope. उठाकर रस्से से बाँधना; -*n.* a very short time, moment. क्षण, अतिसूक्ष्म काल; **In a trice** (instantly.) तुरत, क्षण में, पलभर में।

Tricennial-ट्राइ-सिनिअल्-*adj.* occurring every thirty years. तीस-तीस वर्ष पर होनेवाला।

Tricephalous-ट्राइ-सेफ़लस्-*adj.* having three heads. तीन सिर का।

Triceps-ट्राइ-सॅप्स् - *n.* a muscle with three heads. तीन शाखावाली पेशी।

Trichiasis-ट्रि-कि'-ए-सिस्- *n.* introversion of the eye lashes. आँख की पलक के उलट जाने का रोग।

Trichina-ट्रि-कि'-नॉ - *n.* (*pl.* **Trichinae.**) a hair-like worm which infests man's body. शरीर में पड़नेवाला महीन कीड़ा।

Trichology-ट्रि-कॅ-लॅ- जि - *n.* the study of the hair. बालों का अध्ययन।

Trichord-ट्राइ'-कॉर्ड् - *n.* lyre having three strings. तितारा बाजा।

Trichosis-ट्रिकोसिस् - *n.* any disease of the hair. लोम रोग, बालों का एक रोग।

Trichotomy - ट्राइकॉ-टॅ-मि -*n.* division into three parts. तीन खण्डों या भागों में विभाजन।

Trichromatic-ट्राइ'-क्रॅ-मॅटिइक् - *adj.* pertaining to three colours. तीन रंगों से सम्बन्धित।

Trick-ट्रिक्-*n.* artifice or deception, vicious habit or practice, a particular stratagem, feat of dexterity, prank, joke. छल, कपट, हस्तलाघव, लीला, खेल (माया, धोखा); - *v.t. & i.* to cheat, to deceive, to baffle. छलना, ठगना, धोखा देना; **To trick up, To trick out** (to dress, to decorate.) आभूषित करना, सजाना; **Tricker** (-अर्)-*n.* one who deceives. ठगनेवाला, छलनेवाला; **Trickery** (-अरि)-*n.* artifice, cheating. ठगी, छल; **Trickily** (-इ-लि)-*adv.* with deception. कपट से, छल से; **Trickiness** (-इ-नॅस्) -*n.* artfulness, deception. छल, कपट; **Trickish** (-इश्) -*adj.* deceptive, artful. ठग, छली; **Trickishly** (-इश्-लि) -*adv.* in an artful manner. छल या कपट से; **Tricksome** (-सम्) -*adj.* artful, deceptive. कपटी, छली; **Trickster** (-स्टर्) -*n.* a cheat. ठग।

Trickle-ट्रिक्-ल् -*v. t.* to flow in drops. बूँद बूँद करके बहना, टपकना, रसना; - *n.* a trickling stream. धीरे-धीरे बहनेवाली धारा।

Tricksy-ट्रिक्सि - *adj.* artful, full of tricks. मायावी, छली।

Trick-track-ट्रिक्'-ट्रॅक् - *n.* a kind of game. एक प्रकार का खेल।

Tricky-ट्रिकि - *adj.* (*comp.* **Trickier** *sup.* **Trickiest.**) crafty, skilful, adroit. छली, कपटी, धूर्त।

Triclinic-ट्राइ-क्लिनिक्-*adj.* having three unequal angles. तीन असम कोण का।

Tricolour-ट्राइ-कलर्-*adj. & n.* of three colours, a national flag of three colours. तिरङ्गा, तिरङ्गा झण्डा; **Tricoloured** (-ड्)-*adj.* having three colours. तिरङ्गा।

Triconsonantal-ट्राइ-कॉन्सॅनॉन्टल - *adj.* with three consonants. तीन व्यञ्जन अक्षर का।

Tricorn-ट्राइ-कॉर्न्-*adj.* with three horns or corners. तीन सींग या कोने का।

Tricornute-ट्राकॉर्न्यूट् - *adj.* having three horns. तीन सींगवाला।

Tricorporal-ट्राइ-कॉर्'-पॅ-रल्-*adj.* pertaining to three bodies. तीन शरीरों से सम्बन्धित।

Tricostate-ट्राइ-कॉस्टेट् - *adj.* having three ribs. तीन पसली का।

Tricot-ट्रि-कॅ' - *n.* a kind of hand-woven woollen fabric. एक प्रकार का हाथ का बुना ऊनी वस्त्र।

Tricuspid-ट्राइकस्पिड् - *adj.* having three points. तीन नोकोंवाला।

Tricycle-ट्राईसिकल्-*n.* a three wheeled cycle. पैर से चलाने की तिनपहिया गाड़ी;-*v.i.* to ride on a tricycle. ऐसी गाड़ी पर सवार होकर चलना।

Trident-ट्राइ-डॅन्ट्-*n.* a three pronged instrument. त्रिशूल; -*adj.* having three prongs. तीन काँटोंवाला; **Tridentate** (-ऍट्)-*adj.* having three teeth. तीन दाँतोंवाला।

Tridigitate-ट्रिडिजिटेट् - *adj.* having three fingers or toes. हाथ या पैर में तीन अँगुलियोंवाला।

Triduan-ट्रिड्युअन्-*adj.* lasting for three days, happening every third day. तीन दिन तक रहनेवाला, तीन दिन पर होनेवाला।

Triennial-ट्राइऍ-निॲ-ल्-*adj.* lasting or happening every three years. त्रैवार्षिक, तीन-तीन बरस पर होनेवाला; **Triennially** (-लि)-*adv.* every three years. प्रत्येक तीसरे वर्ष।

Triennium-ट्राइ-ऍ-नि-अम् - *n.* a period of three years. तीन वर्ष का समय।

Trier-ट्राइ'-अर्-*n.* one who makes an experiment. प्रयोग करनेवाला।

Trifallow-ट्राइ'-फ़ॅलो -*v. t.* to plough land a third time before sowing seeds. बीज बोने के पूर्व भूमि को तिबारा जोतना।

Trifarious-ट्राइफ़े'रिअस् -*adj.* facing three ways. तीन पहल का।

Trifid-ट्रि'-फ़िड् -*adj.* divided into three. तीन विभाग किया हुआ।

Trifle-ट्राइ-फ़ल्-*n.* a thing of a slight value or importance, small amount of money, a dish of sweetmeats. अल्प मूल्य का पदार्थ, हलकी बात, अल्प धन, एक प्रकार की मिठाई;-*v.t.* to waste time, to act frivolously. समय नष्ट करना, खिलवाड़ करना (तुच्छ काम करना); **To trifle with** (to play the fool with.) तिरस्कार करना, चुटकियों में उड़ाना; **Trifler** (-अर्)-*n* one who trifles. खिलवाड़ करनेवाला; **Trifling** (-इङ्ग्)-*adj.* of little importance. निरर्थक, तुच्छ; **Triflingly** (-लि)-*adv.* in a

trifling manner. तुच्छ रीति से; **Triflingness** (-नेस्)-*n.* the state of being trifling. क्षुद्रता, तुच्छता ।

Triflorous-ट्राइफ़्लोरस्-*adj.* bearing three flowers. तीन फूलवाला ।

Trifoliate-ट्राइ-फ़ो'-लि-एट् -*adj.* having three leaves. तीन पत्तियोंवाला, त्रिदल ।

Triform-ट्राइ'-फ़ार्म्-*adj.* having a triple form. तिहरे आकार का ।

Trifurcated-ट्राइफ़र्के टेड् -*adj.* having three forks. तीन फाँकोंवाला ।

Trig-ट्रिग्-*adj.* smart, trim, neat. सुन्दर, स्वच्छ, सुथरा; -*v. t.* (*p. t.* Trigged.) to decorate, to make neat. सजाना, आभूषित करना; **To trig out** (to stop wheel with skid.) ओट लगाकर पहिया रोकना ।

Trigamist-ट्रिगॅ-मिस्ट्-*n.* one who is thrice married. तीन बार विवाह किया हुआ ।

Trigamous-ट्रिगॅ-मस् -*adj.* thrice married, having three husbands or wives at the same time. तीन बार ब्याहा हुआ, तीन पतिवाली या पत्नीवाला ।

Trigamy-ट्रिगॅ मि-*n.* the condition of having three husbands or three wives at the same time. एक साथ तीन स्त्रियों का पति या तीन पतियों की स्त्री होना ।

Trigger-ट्रि-गर् -*n.* a lever or catch for firing a gun. बन्दूक इत्यादि का घोड़ा ।

Triglot-ट्राइ-ग्लॉट्-*adj.* in three languages. तीन भाषाओं में ।

Trigon-ट्राइ- गॅन् - *n.* a triangle. त्रिकोण ; **Trigonal** (-अल्)-*adj.* triangular. तिकोना ।

Trigonic-ट्राइ'-गॅनिक् -*adj.* pertaining to a trigon. त्रिकोण-सम्बन्धी ।

Trigonometric-ट्रिगनॅमिट्रिक्, **Trigonometrical** (-अल्)-*adjs.* pertaining to trigonometry. त्रिकोणमिति-सम्बन्धी ; **Trigonometrically** (-लि) -*adv.* according to trigonometry. त्रिकोण-मिति द्वारा ।

Trigonometry-ट्रिगॅनॅमॅट्रि -*n.* the science of measuring the sides and angles of a triangle by means of certain data. त्रिकोणमिति ।

Trigonous-ट्राइ'-गॅ-नस्-*adj.* having three angles. तीन कोण का ।

Trigram-ट्राइग्रॅम्-*n.* three letters sounded as one. तीन अक्षरों का संयुक्त उच्चारण ।

Trigrammatic or Trigrammic - *adj.* containing three sets of letters. तीन संयुक्त अक्षरों का ।

Trigraph-ट्राइ-ग्रॅफ़्-*n.* a triphthong. तीन स्वरों के एक साथ निकलने की अवस्था ।

Trihedral-ट्राइहीड्रल्-*adj.* having three equal sides. तीन समान भुजाओंवाला ।

Trihedron-ट्राइहीड्रन्-*n.* a figure having three equal sides. तीन समान भुजाओंवाली आकृति ।

Trilabe-ट्राइ'-लेब्-*n.* a surgical instrument with three prongs. तीन फाँकोंवाला जर्राही औजार ।

Trilabeate-ट्राइ-ले'-बि-एट् -*adj.* with three lips. तीन ओठोंवाला ।

Trilateral-ट्राइलॅटरल्-*adj.* having three sides. त्रिभुज, तीन भुजावाला; **Trilaterally** (-लि) -*adv.* with three sides. तीन भुजाओं की स्थिति में ।

Trilby-ट्रिल्'-बि-*n.* a kind of soft felt hat. एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी ।

Trilemma-ट्रि-लॅ-मॉ-*n.* a choice between three alternatives. तीन पक्षों में से एक का चुनाव ।

Trilinear-ट्राइलिनिअर्-*adj.* having three lines. तीन रेखाओं का ।

Trilingual-ट्राइलिंग्वल् -*adj.* consisting of three languages. तीन भाषाओं का ।

Triliteral-ट्राइलिटरल्-*adj.* consisting of three letters. तीन अक्षरों का ।

Trill-ट्रिल्-*n.* a quavering sound. स्वर का कम्प, काँपता हुआ शब्द ; -*v. i.* & *t.* to shake, to trickle. हिलना (काँपना), टपकना (रसना) ।

Trilling-ट्रि-लिङ्ग्-*n.* a crystal with three faces, each of three children born together. तीन पहल का रत्न, एक साथ उत्पन्न हुए तीन बालकों में से एक ।

Trillion-ट्रिल्यन्-*n.* the power of a million multiplied by itself three times. महाशंख, पद्म ।

Trilogy-ट्रि-लॅ-जि-*n.* a set of three literary compositions on one subject, each complete in itself. किसी विषय पर तीन स्वतंत्र लेख जिनमें प्रत्येक स्वतः पूर्ण हो ।

Triluminor-ट्राइ -ल्यू' - मिनर्, **Triluminous** (-नस्)-*adjs.* with three lights. तीन प्रकाशवाला ।

Trim-ट्रिम्-*adj.* compact, in good order, tight, nice. सुगठित, परिष्कृत, सुन्दर, ठीक, सुरक्षित; -*n.* dress, fitness, condition, ornaments. वस्त्र, योग्यता, दशा, अवस्था, आभूषण;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Trimmed.) to make neat, to set in good order, to decorate, to clip, to

arrange, to rebuke sharply. परिष्कार करना, अच्छे क्रम से रखना, सजाना, छाँटना, क्रम ठीक करना, तीव्र झिड़की देना; To trim up (to dress, to arrange.) सँवारना, ठीक करना।

Trimensual - ट्राइमेन्स्युअल् - *adj.* occurring every three months. तीसरे महीने होनेवाला।

Trimerous-ट्रि-मरस्-*adj.* having three pieces. तीन टुकड़ों का।

Trimly-ट्रिम-लि-*adv.* neatly, nicely. स्वच्छता से, सुन्दर रूप से, अच्छी अवस्था में।

Trimmer-ट्रि-मर्-*n.* one who trims, one who stands neutral, a time server, a kind of instrument for clipping. सजानेवाला, उदासीन भाव में रहनेवाला, समयानुकूल चलनेवाला, कतरने का यन्त्र।

Trimming-ट्रि-मिङ्ग्-*n.* ornamentation of lace &c. शोभा का पदार्थ, किनारी, गोटा।

Trimness-ट्रिम्' - नेॅस् -*n.* neatness, cleanliness. सुथरापन, स्वच्छता।

Trimorphic-ट्राइमॉर्फ़िक्-*adj.* existing in three forms. तीन रूप में रहनेवाला।

Trinal-ट्राइनल्, **Trinary**-ट्राइनरि -*adjs.* threefold त्रिगुणित, तिगुना।

Trindle-ट्रिन्-इल्-*v. i.* to trickle. रसकर चूना या बहना।

Trine-ट्राइन्-*adj.* triple, threefold. तिगुना;-*n.* the third part of circle. वृत्त का तृतीयांश।

Tringle-टिङ्गल्-*n.* the curtain rod of a bedstead. पलँग में मसहरी लगाने का डण्डा।

Trinitarian-ट्रिनि-टेॅरिअन्-*n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला; **Trinitarianism** (-इज़्म्)-*n.* the doctrine of the Trinity. त्रिमूर्ति का सिद्धांत।

Trinity-ट्रिनिटि-*n.* (*pl.* **Trinities**) a group of three, union of three God heads. तीन वस्तुओं का समूह, त्रिमूर्ति।

Trinket-ट्रिङ्क्-ऍट्-*n.* trifling ornament, a thing of little value. अल्प मूल्य का आभूषण, कम दाम की वस्तु।

Trinketer-ट्रिङ्केॅटर्-*n.* a secret petty dealer. चोरी से कम दाम की वस्तु बेचनेवाला।

Trinketry-ट्रिङ्केॅट्रि-*n.* ornaments of dress. पोशाक के आभूषण।

Trinoctial-ट्राइनॉक्श्यल् - *adj.* lasting three nights. तीन रात रहनेवाला।

Trinodal-ट्राइनोडल् -*adj.* having three joints. तीन जोड़ों का।

Trinomial ट्राइनोमिअल् -*adj.* having three names or terms. तीन नाम का, (त्रिपद)तीन अंक का।

Trio-ट्री-ॲ, ट्राइ-ॲ-*n.* (*pl.* **Trios**) a piece of music for three united. त्रय, तीन शब्द या बाजों का मेल।

Triode-ट्राइ-ऑड्-*n.* a kind or valve for wireless. बिना तार की तारवर्की का एक भाग।

Triolet-ट्राइॲ-लेॅट् -*n.* a poem of eight lines. आठ चरणों का पद्य।

Trional-ट्राइॲनल्-*n.* an anaesthetic medicine. शरीर के किसी भाग को शून्य करनेवाली एक औषध।

Trip-ट्रिप्-*v. i. & t.* (*p.t.* **Tripped.**) to skip, to dance with light tread, to strike the foot against something, to stumble and fall. धीरे-धीरे चलना, हलके-हलके पैरों से नाचना, ठोकर खाना, (गिरना) टक्कर खाकर गिर पड़ना; -*n.* a light short step, a short journey, slight error or mistake, an excursion. हलकी चाल या कदम, छोटी यात्रा, थोड़ी या हलकी भूल, पर्यटन।

Tripartient-ट्राइपार्श्यन्ट् -*adj.* divided into three equal parts. तीन बराबर भागों में विभक्त।

Tripartite-ट्राइ-पार्टाइट्-*adj.* divided nto three parts. त्रिखण्ड, तीन टुकड़ों में विभक्त; **Tripartitely** (-लि) -*adv.* dividing into three parts. तीन भाग करते हुए; **Tripartition** (-शन्) - *n.* a division into three parts, तीन अंशों में विभाग।

Tripe-ट्राइप् -*n.* entrails, the stomach of ox &c. used as food. बैल या अन्य पशुओं की आँत, उदर, पेट, जो खाने के लिये प्रयुक्त होता है।

Tripedal-ट्राइ'-पी-इल्-*adj.* having three feet. त्रिपद, तीन पैरोंवाला।

Trip-hammer-ट्रिप्'-हॅ-मर् -*n.* tilt hammer. लुहार का बड़ा हथौड़ा।

Triphthong-ट्रिफ़्'-थॉङ्ग्-*n.* a group of three vowels. तीन स्वरों का समुच्चय; **Triphthongal** (-अल्)-*adj.* consisting of triphthong. तीन स्वरों के समुच्चय का।

Triplane-ट्राइ-प्लेॅन् -*n.* an aeroplane with three planes. तीन पंखोंवाला हवाई जहाज।

Triple-ट्रि-पुल् -*adj.* threefold, treble. तिगुना; -*v. t.* to treble. तिगुना करना; **Triple alliance** (-ॲलि'-लाइ-ॲन्स्) -*n.* an alliance between three kingdoms. तीन राज्यों की परस्पर सन्धि; **Triple crowned** (-क्राउन्ड्) -*adj.* having three crowns. तीन मुकुटोंवाला; **Triple headed** (-हेॅड्-ऍड्) -*adj.* with three heads. तीन सिरोंवाला; **Triplet** (-ऍट्) -*n.* a

set of three things, one of three at a birth, three lines rhyming together. तीन पदार्थों का समुदाय, एक साथ उत्पन्न हुए तीन बच्चों में से एक, संगीत की तीन पंक्तियों का सुर एक साथ निकालनेवाला।

Triplex-ट्रिप्-लेॅक्स्-*n.* a composition in three parts. तीन अंशों में विभक्त रचना।

Triplicate-ट्रि-प्लि-केट्ट *-adj. & n.* made three at a time, each of a set of three at a time, each of a set of three copies. एक साथ तीन किया हुआ, तीन प्रतिलिपियों में से एक ;*-v. i.* to make three copies. तीन प्रतिलिपि बनाना, तिहरा करना ; **Triplication** (-शन्) *-n.* act of triplicating. तीन प्रतिलिपि बनाने की क्रिया।

Triplicity-ट्रि-प्लिसि-टि *-n.* the state of being triple. तिगुनापन।

Tripod-ट्रि-(ट्राइ-) पॉड् *-n.* a stool, table &c. resting on three legs. तिपाई ; **Tripodal** (-अल्) *-adj.* having three feet. तीन पैरोंवाला।

Tripoli-ट्रिपॅलि *-n.* rotten stone, diatomite. कुरुन पत्थर।

Tripos-ट्राइ-पॅ-स्-*n.* the final university examination at Cambridge. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय की अन्तिम उपाधि-परीक्षा।

Trippant-ट्रिपन्ट् *-adj.* trotting. ठमकती चाल से चलता हुआ; **Tripper** (-अर्)*-n.* one who walks gently. धीरे-धीरे चलनेवाला ; **Tripping** (-इङ्ग्) *-adj.* light-footed. तेज चलने वाला ; **Trippingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* in a nimble manner. द्रुतगति या तेज चाल से।

Tripsis -ट्रिप्सिस् - *n.* reducing something to powder. बुकनी करने का कार्य।

Triptote-ट्रिप्-टोट्-*n.* a noun which is used in three cases only. वह संज्ञा जो केवल तीन ही कारकों में प्रयुक्त होती है।

Tripudiate-ट्रि-प्यू'-डि-एट्ट *-v. t.* to dance in joy. आनन्द में नाचना।

Tripudiation-ट्राइ-प्यू'-डि-ए'-शन्-*n.* the act of dancing. नृत्य, नाच।

Triradiated-ट्रि-रे-डि-एट्' - ऍड् - *adj.* having three rays. तीन किरणोंवाला।

Trireme-ट्राइ-रीम-*n.* ancient Greek warship. ग्रीस देश का प्राचीन युद्ध-पोत।

Trisect-ट्राइ-सेॅक्ट्'*-v. t.* to divide into three equal parts. तीन बराबर टुकड़े करना ; **Trisection** (-शन्) *-n.* a division into three equal parts. तीन बराबर अंशों में विभाग।

Trismus-ट्रिज़्मस्-*n.* lockjaw. जबड़े के जकड़ जाने का रोग।

Trisoctahedron-ट्रिसॉक्टहीड्रन् *-n.* a solid of twentyfour equal faces. चौबीस बराबर भुजाओं की ठोस आकृति।

Trispaston-ट्रिस्पॅस्टॅन् *-n.* a machine with three pulleys used for raising heavy weights. भारी बोझ उठाने का यंत्र जिसमें तीन घिरनियाँ लगी रहती हैं।

Trist-ट्रिस्ट्-*adj.* sad, unhappy. दुःखी, अप्रसन्न।

Tristesse-ट्रि-स्टि-स्-*n.* sadness. दुःख।

Tristful-ट्रिस्ट्'-फ़ुल्-*adj.* sad. दुःखी; **Tristfully** (-लि)*-adv.* sadly. दुःख से।

Trisulcate-ट्राइसल्केट्-*adj.* having three forks. जिसमें तीन काँटे हों, त्रिशूल के आकार का।

Trisyllabic-ट्रिसिलॅ - बिक् *-adj.* of three syllables. तीन अक्षरों का।

Trisyllable -ट्रि-सिलॅब्ल् - *n.* a word of three syllables. त्र्यक्षर, त्रिक।

Trite-ट्राइट्-*adj.* commonplace, stale, hackneyed. जीर्ण, उच्छिष्ट, पुराना; **Tritely** (-लि) *-adv.* in a trite manner. जीर्णता से; **Triteness** (-नेॅस्)*-n.* the quality of being trite. जीर्णता।

Tritheism-ट्राइथीज़्म् *-n.* the doctrine of the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास का सिद्धान्त ; **Tritheist** (-इस्ट्) *-n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला।

Triton-ट्राइटन्-*n.* a sea-god. समुद्र का एक देवता।

Triturable -ट्रि-ट्यूरब्ल् *-adj.* that may be triturated. महीन चूर्ण करने योग्य।

Triturate-ट्रि-ट्यु-रेट्-*v. t.* to grind or rub to a fine powder. खरल करना, महीन बुकनी करना ; **Trituration** (-रे-शन्)*-n.* the act of reducing to a fine powder. पिसाई, बुकनी करने का कार्य।

Triturium-ट्रि-ट्यु-रि-अम्-*n.* a vessel used for separating liquors of different densities. भिन्न घनत्व के तरल पदार्थों को अलग करने का पात्र।

Triumph-ट्राइ-अम्फ़्-*n.* the state of being victorious, joy for success, joy. विजय का उत्सव, विजय, प्रसन्नता, हर्ष;*-v. i.* to rejoice at victory, to obtain victory, to exult, to flourish. विजय का उत्सव मनाना, आनन्द मनाना, विजय करना ; **Triumphal** (-अल्) *-adj.* pertaining to triumph. विजय-सम्बन्धी; **Triumphal arch** (an arch built to commemorate victory.) जय-स्तम्भ ; **Triumphant** (-ऑन्ट्)*-adj.* celebrating victory, having achieved victory. विजय का उत्सव

मनानेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला; **Triumphantly**(-ऑन्ट्-लि)-*adv*.in a triumphant manner. विजय की घोषणा-सहित; **Triumphet** (-अर्)-*n*. one who enjoys victory. विजय का आनन्द करनेवाला।

Triumvir-ट्राइअम्वर्-*n*. (*pl*. **Triumviri, Triumvirs**) one of the three men united in power. शासन करनेवाले तीन अधिकारियों में से एक; **Triumviral** (-अल्) -*adj*. pertaining to a triumvir. तीन शासकों में से एक से सम्बन्धित; **Triumvirate** (-ऍट्)-*n*. government by three. तीन मनुष्यों से किया हुआ शासन।

Triune-ट्राइ-यून्-*n*. three in one. एक में तीन के रहने की स्थिति।

Triunity-ट्राइ-यू-नि-टि-*n*. trinity. त्रिमूर्ति।

Trivet-ट्रिवेट् -*n*. an iron tripod or stool for holding cooking pots. लोहे की तिपाई जिस पर पकाने के पात्र रखे जाते हैं; As trivet (in good health.) स्वस्थ अवस्था में।

Trivial-ट्रिविअल् -*adj*. of little importance, trifling, commonplace. अनावश्यक, तुच्छ, अधम (छोटा); **Trivialism** (-इज़्म्) -*n*. a trifling matter. तुच्छ या अनावश्यक विषय; **Triviality** (-इटि) -*n*. a matter of little importance. तुच्छ विषय; **Trivialize** (-आइज़्) -*v. t*. to render trivial. तुच्छ करना; **Trivially** (-लि)-*adv*. in a trivial manner. तुच्छ रीति से; **Trivialness** (-नॅस) -*n*. the state of being trivial. तुच्छता, अधमता।

Trivium-ट्रि-वि-अम्-*n*. a place where three roads meet. तीन सड़कों के मिलने का स्थान, त्रिमुहानी।

Tri-weekly-ट्राइवीक्लि -*adj*. three times a week or appearing or occurring once in three weeks. सप्ताह में तीन बार प्रकाशित होनेवाला या तीन सप्ताह में एक बार निकलने या होनेवाला।

Trix-ट्रिक्स्-*suf*. forming feminine nouns. स्त्रीलिङ्ग बनाने का प्रत्यय।

Troat-ट्रोट्-*v.i*. to make a rutting noise as a buck. हिरनी के समान कामोद्दीपक शब्द करना।

Trocar-ट्रो-क-र् -*n*. a surgical instrument for withdrawing fluid from the body. शरीर में से तरल पदार्थ निकालने का जर्राही यन्त्र।

Trochal-ट्रो-कल्-*adj*. shaped like a wheel. पहिये के आकार का।

Trochee-ट्रो'-कि-*n*. a foot of two syllables in which the first is long and the second short. कविता में दो अक्षरों का गण जिसमें पहिला गुरु तथा दूसरा लघु होता है।

Trochilic-ट्रॅ-किल्-इक्-*adj*. having the power to turn round. घुमाने की शक्तिवाला।

Trochings-ट्रो'-किङ्ग्ज़्-*n. pl*. small branches of a deer's horn. बारहसिंगे की सींग की महीन शाखा।

Trochlea-ट्रॉक्लिऑ - *n*. (*pl*. **Trochleae**.) a pulley-like cartilage. पहिये के आकार की कोमलास्थि; **Trochlear** (-अर्) -*adj*. of the shape of a pulley. घिरनी के आकार का।

Trochoid-ट्रो'-कॉ-इ-ड्-*n*. & *adj*. the curve traced by a fixed point in the plane of a rolling circle, wheellike. घूमनेवाले वृत्त के धरातल में निश्चित बिन्दु द्वारा अंकित वक्ररेखा, पहिये के समान; **Trochoidal** (-अल्) -*adj*. like a trochoid. वक्राकार।

Trod, Trodden-*p. t*. & *p. p*. of **Tread**.

Troglodyte-ट्रॉग्लॅ-डाइट्-*n*. a cave-dweller of pre-historic times. प्राचीन समय का गुफ़ा में रहनेवाला।

Troglodytic-ट्रॉग्लॅडिटिक् - *adj*. pertaining to cave dweller. गुहा-निवासी से सम्बन्धित।

Trojan-ट्रो-जन्-*n*. & *adj*. inhabitant of Troy, a warrior of Troy. ट्रॉय देश का निवासी, ट्रॉय देश का योद्धा।

Troll-ट्रोल्-*v. t*. & *i*. to move circularly, to turn, to sing in succession, to roll, to turn about, to fish. चक्कर में घुमाना, घूमना, पारी से गाना, चक्कर खाना, मछली पकड़ना; -*n*. a song sung successively, a reel of fishing-rod, a giant. पारी-पारी से गाया हुआ गीत, मछली पकड़ने के डण्डे में लगा हुआ पहिया, दैत्य, राक्षस।

Trolley, Trolly-ट्रॉ - लि-*ns*. a small truck from which wheels can be easily removed, a power-pulley running overhead. छोटी ठेला गाड़ी जिसका पहिया सहज में हटाया जा सकता है, ऊपर से शक्ति देनेवाली घिरनी।

Trollop-ट्रॉलप्-*n*. a slattern, a prostitute. फूहड़ स्त्री, वेश्या; **Trollopish** (-इश्), **Trollopy** (-इ)-*adjs*. slatternly. दुष्ट, वेश्या के समान।

Trombone-ट्रॉम्-बोन् -*n*. a large trumpet like musical instrument. एक प्रकार की तुरही, सिङ्गा।

Trommel-ट्रॉ-मॅ-ल् -*n*. a kind of revolving sieve. एक प्रकार की घूमनेवाली चलनी।

Tromometer-ट्रॅ-मॅ-मि-टर् -*n*. an instrument for measuring slight shocks of earthquake.

भूकम्प के सामान्य कम्पन को नापने या अङ्कित करने का यन्त्र।

Troop-ट्रूप्-*n.* a multitude, a company of persons, body of soldiers. यूथ (समुदाय), दल, सेना; *-v. i. & t.* to assemble together, to move along in a troop. एकत्रित होना, दल बाँधकर चलना; **Troops** (-स्) *-n. pl.* soldiers; (ब० व०) सेना, दल।

Trooper-ट्रूपर्-*n.* a horse-soldier. अश्वारोही, घुड़सवार।

Troopship-ट्रूप्'-शिप्-*n.* a ship for carrying troops. सेना ले जाने का जहाज़।

Trope-ट्रोप्-*n.* the figurative use of a word or expression. शब्द का रूपक अलंकार में प्रयोग।

Trophesy-ट्रॉफेजि-*n.* deranged nutrition. बिगड़ी हुई पोषण-क्रिया।

Trophic-ट्रॉफ्-इक्-*adj.* pertaining to nutrition. पोषण-सम्बन्धी।

Trophy-ट्रो - फि-*n.* (*pl.* Trophies.) arms taken from a vanquished army, memorial of victory, prize. पराजित सेना से छीना हुआ शस्त्र, विजयचिह्न, जय-स्मारक, उपहार।

Tropic-ट्रॉपिक्-*n.* the line drawn parallel to the equator 23°-28′ north and south. अयनवृत्त, क्रान्तिमण्डल; **The tropics** (the region between these parallel lines.) अयनवृत्तों के बीच के प्रदेश; **Tropical** (-अल्)-*adj.* pertaining to the tropics. अयनवृत्त-सम्बन्धी; **Tropically** (-लि)-*adv.* in a tropical manner. क्रान्ति-मण्डल के रूप में।

Tropological-ट्रॅपॅलॅजिकल् - *adj.* figurative. रूपक-सम्बन्धी।

Tropology-ट्रॅपॅलॅजि-*n.* a figurative language, a moral interpretation of the Bible. आलंकारिक भाषा, बाइबिल की नैतिक व्याख्या।

Trot-ट्रॉट्-*v. i. & t.* (*p. t.* Trotted) to walk in a steady manner, to run with short strides, to move fast, to walk so as to excite admiration. दुलकी चलना, ठमककर चलना, तेज़ चलना, इतराते हुए चलना; *-n.* the trotting pace of a horse. घोड़े की दुलकी चाल; **Trotter** (-टर्) *-n.* a trotting horse. दुलकी चलनेवाला घोड़ा।

Troth-ट्रॉथ्-*n.* belief, faith, truth. विश्वास, श्रद्धा, सत्यता।

Trouble-ट्र - बल्-*v. i. & t.* to disturb, to agitate, to vex, to worry. कष्ट देना, पीड़ा देना, दुःख देना, कष्ट होना, व्याकुल होना ;*-n.* affliction, disturbance of mind, perplexity, vexation. मानसिक दुःख (पीड़ा), घबड़ाहट, परेशानी, कष्ट की अवस्था; **Troubles** (-स्) *-n. pl.* disease. व्याधि, रोग।

Troubler-ट्र-ब्लर्-*n.* one who disturbs. कष्ट देनेवाला।

Troublesome-ट्र-ब्ल्-सम्-*adj.* causing trouble, annoying, vexatious. कष्टकारक, पीड़ा देनेवाला, दुःखदायी; **Troublesomely** (-लि) *-adv.* in a troublesome manner. दुःख से, कष्ट से; **Troublesomeness** (-नेस्) *-n.* the quality of being troublesome. खेद, व्यथा, पीड़ा; **Troublous** (-ब्लस्) *-adj.* full of troubles, agitated, disturbed. कष्टकर, दुःख-पूर्ण, घबड़ाया हुआ, व्यग्र।

Trough-ट्रॅफ् - *n.* a long narrow vessel of wood or metal for holding water &c. नाँद, कठौता; **Trough of the sea** (hollow between two high waves.) दो ऊँची लहरों के बीच का धँसा हुआ भाग।

Trounce-ट्राउन्स्-*v. i.* to beat severely, to punish, to harass, to trouble. कड़ी मार मारना, दण्ड देना, सताना, कष्ट देना; **Trouncing** (-इङ्ग्) *-n.* severe beating. बहुत जोर की पिटाई।

Troupe-ट्रूप-*n.* a company of performers or actors. पहलवानों या नाटक खेलनेवालों की मण्डली।

Trousered-ट्राउ'-ज़र्ड्-*adj.* wearing trousers. पाजामा पहिने हुए; **Trousering** (-ज़र-इङ्ग) *-n.* cloth for trousers. पाजामा बनाने का कपड़ा; **Trousers** (-ज़र्ज़) *-n. pl.* a garment extending from waist to ankles. पाजामा, पतलून।

Trousse-ट्रूस्-*n.* set of surgical instruments in a small case. छोटे बक्स में रक्खा हुआ जर्राही शस्त्रों का संग्रह।

Trousseau-ट्रू'-सॅ-*n.* the outfit of a bride. दुलहिन को सजाने का कुल सामान।

Trout-ट्राउट् - *n.* (*pl.* Trout) a kind of freshwater fish. नदी में की एक प्रकार की मछली; *-v. i.* to fish trout. इस मछली को फँसाना।

Trout coloured-ट्राउट्'-कलर्ड्-*adj.* white with variegated spots. चित्तीदार सफ़ेद रंग की।

Trouting-ट्राउ-टिङ्ग् *-n.* fishing for trout. ट्राउट नामक मछली का शिकार।

Trover-ट्रो'-वर्-*n.* gaining possession of a man's personal property. व्यक्तिगत सम्पत्ति पर अधिकार करने की क्रिया।

Trow-ट्रो-*v.* . to believe, to think as true, to suppose. विश्वास करना, सत्य मानना।

Trowel - ट्रॉवेल - *n.* a mason's tool for spreading mortar &c. कर्णी, करनी;-*v. t.* to apply mortar with a trowel. करनी से चूना लगाना।

Trowel.

Troy (**Troy-weight**) -ट्रॉय (-वेट्) -*n.* the weight used for gold, silver and precious stones. सोना, चाँदी तथा बहुमूल्य रत्न तौलने का बटखरा।

Truancy-ट्रू'-ऑन्सि-*n.* the act of behaving like a truant. आलसी की तरह व्यवहार करने का कार्य।

Truant-ट्रू'-ऑन्ट्-*n.* one who idles away his time and shrinks from duty, a boy who stays away from school without taking leave. काय-पराङ्मुख (आलसी), विद्यार्थी जो बिना छुट्टी लिये पाठशाला से अनुपस्थित होता है; **Truantly** (-लि)-*adv.* like a truant. आलसी की तरह से; **Truantship** (-शिप्)-*n.* neglect of duty. कार्य-पराङ्मुखता।

Truce-ट्रूस्-*n.* a temporary cessation of hostilities. अस्थायी युद्ध-विश्राम, कुछ काल के लिये सन्धि; **Truce-breaker** (-ब्रेक्'-अर्)-*n.* one who violates a truce. सन्धि तोड़नेवाला; **Truceless** (-लेस्) - *adj.* without truce. बिना सन्धि का।

Trucidation-ट्रू-सिडेशन्-*n.* act of killing. हत्या करने का कार्य।

Truck-ट्रक्-*n.* exchange, barter, nonsense, a strong cart for carrying heavy goods, open railway wagon. लेन-देन, व्यापार (अदल-बदल), वृथा बकवाद, छकड़ा, सगड़, भारी माल ढोने की मजबूत गाड़ी, रेलवे की बिना छत की गाड़ी;-*v. t. & i.* to exchange, to hawk about. व्यापार करना, बदलना, फेरी करके बेचना; **Truck system** (making payment of goods in place of money.) मजदूरी के बदले में माल देना; **Truckage** (-ऍज्)-*n.* the practice of bartering goods. व्यापार में माल की अदला-बदली; **Trucker** (-अर्)-*n.* one who makes an exchange of goods. सामग्री का अदल-बदल करनेवाला।

Truckle-ट्रक्ल्-*n.* a small wheel or caster. छोटा पहिया या फिरकी;-*v. t.* to cringe, to submit to the will of another. चापलूसी करना, अधीन होना।

Truckler - ट्रक्लर् -*n.* a board on wheels. पहिया लगा हुआ चौड़ा पटरा।

Truckling-ट्रक्लिङ्ग्-*adj.* cringing. चापलूसी करनेवाला।

Truculence-ट्रक्युलेन्स् -*n.* savageness, merciless nature, ferociousness. जंगलीपन, निर्दयता, निष्ठुरता, क्रूरता; **Truculent** (-लेन्ट्)-*adj.* fierce, cruel, savage. क्रूर, निर्दय, भयंकर (निष्ठुर); **Truculently** (-लि)-*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Trudge-ट्रज् -*v. i. & t.* to walk or move along laboriously. पाँव घसीटते हुए चलना;-*n.* such a walk. ऐसी गति।

Trudgen-ट्रजन् -*n.* swimming with alternate strokes of right and left arm. पारी-पारी से दाहिना और बायाँ हाथ पटकते हुए तैरना।

True-ट्रू-*adj.* conformable to fact, in accordance with reason, genuine, faithful, honest, sincere, real, accurate. सत्य, यथार्थ, अकृत्रिम, सच्चा, ईमानदार, प्रामाणिक, वास्तविक, युक्त; -*adv.* truly. सचाई से; -*v. t.* to make true. यथार्थ करना, साधना; **True-born** (-बॉर्न्) -*adj.* of genuine birth. औरस उत्पत्ति का; **True-bred** (- ब्रेड्) - *adj.* of genuine breeding. औरस पालन-पोषण का; **True-hearted** (-हॉर्ट्-ऍड्)-*adj.* of true heart, sincere. सच्चे हृदय का; **Trueness**(-नेस्)-*n.* the state of being true. सत्यता; **True-penny** (-पें-नि) -*n.* an honest fellow. ईमानदार मनुष्य; **True to one's word** (faithful to one's words.) अपनी प्रतिज्ञा का सच्चा (पक्का); **True wife** (a wife who is loyal to her husband.) सती, पतिव्रता स्त्री।

Truffle - ट्रफ़ल् - *n.* a kind of underground fungus. भूमिगत गुच्छी।

Trug-ट्रग् -*n.* a wooden tray or milkpan. कठौता, कठरा।

Truism - ट्रू - इज़्म् -*n.* a self-evident truth. स्वतः सिद्ध वचन।

Trull - ट्रल् - *n.* a woman of loose habits, a prostitute. चरित्रहीन स्त्री, वेश्या।

Trullan- ट्रलन् -*adj.* pertaining to a dome. गुम्बज सम्बन्धी।

Trullisation-ट्रलिज़ेशन्-*n.* plastering with a trowel. करनी से पलस्तर की तह चढ़ाने का काम।

Truly-ट्रू'-लि -*adv.* honestly, in fact, in reality, sincerely, indeed. ईमानदारी से, वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में, प्रामाणिक रूप में, सचाई से।

Trump- ट्रम्प् -*n.* a trumpet, one of the suit of winning cards, a good fellow. तुरही,

रंगसर (का) ताश, सज्जन व्यक्ति; *-v. i. & t.* to play a trump, to defeat with a trump. रंगसर खेलना, रंगसर के ताश से जीतना; **To trump up** (to forge.) छल करना, उपाय निकालना; **To turn up trumps** (to achieve a better purpose.) लाभ उठाना ।

Trumpery-ट्रम्परि-*n.* worthless finery, useless matter, rubbish. असार पदार्थ, तुच्छ वस्तु, कूड़ा-कर्कट ।

Trumpet-ट्र-म्पे-ट्-*n.* a wind instrument with long bent tube. दुन्दुभी, तुरही; *-v. t. & i.* to proclaim by sound of trumpet, to sound a trumpet. तुरही बजाकर घोषणा करना, दुन्दुभी बजाना ; **Trumpeter** (-अर्)-*n.* one who sounds a trumpet. तुरही बजानेवाला; **Trumpet-tongued** (-टङ्ग्ड्)-*adj.* having a shrill voice. कर्कश शब्द बोलनेवाला ।

Truncal - ट्रङ्कल् - *adj.* pertaining to trunk. धड़-सम्बन्धी ।

Truncate-ट्रङ्केट् *-v. t.* to lop off the top of a tree, to maim वृक्ष की चोटी काटना, छाँटना, कलम करना; **Truncated** (- ऍड्) *-adj.* cut short. कतरा हुआ, छाँटा हुआ; **Truncately** (- लि) *-adv.* in a lopping manner. छाँटते हुए; **Truncation** (-के-शन्) *-n.* the state of being lopped off. काट-छाँट, कलम ।

Truncheon-ट्रन्शन्-*n.* a club, a short staff or cudgel. डण्डा, गदका, सोंटा; **Truncheoneer** (-इअर्) *-n.* a person who is armed with a truncheon. सोंटा लिये हुए ।

Trundle-ट्रन्-ड्ल् *-n.* a little broad wheel, a low-wheeled truck. घिरनी, छोटा पहिया, नीचा सग्गड़ या छकड़ा; *-v. t. & i.* to roll, to twirl. लुढ़कना, लुढ़काना; **Trundle-head** (-हॅड्) *-n.* a wheel that turns a mill stone. चक्की को घुमानेवाला पहिया; **Trundle-tail** (-टल्) *-n.* a curled tail. घूमी हुई पूँछ; **Trundler**(-अर्)-*n.* one who rolls. लुढ़कानेवाला ।

Trunk-ट्रङ्क्-*n.* the main body of a tree, the body of an animal without limbs, main t of any structure, a box for clothes ., proboscis of an elephant, the shaft a column, the main line of a railway, nal, road, telegraph or telephone, a ad-body, a box-like cover for an vaporating salt-pan. पेड़ का धड़, पशु या जन्तु का बिना हाथ-पैर का धड़, किसी रचना का प्रधान भाग, कपड़े रखने का सन्दूक, हाथी की सूँड़, खम्भे का बिचला भाग, रेलपथ, नहर सड़क, तार या टेलिफोन का प्रधान ग ।ः ,मुर्दा या शव, भाप बनकर उड़नेवाले नमक के घोल की कड़ाही का सन्दूकनुमा ढकना ।

Trunk-call- ट्रङ्क्'-कॉल् *-n.* a telephone call on the main line. प्रधान लाइन पर टेलिफोन द्वारा बातचीत करना ।

Trunk-hose-ट्रङ्क्'-होज़्-*n.* drawers reaching up to knee. जाँघिया ।

Trunk-less-ट्रङ्क्-लॅस् *-adj.* without a trunk. बिना धड़ का ।

Trunnion- ट्रन्यन् - *n.* the lateral support of a gun. तोप का बगली आधार ।

Truss-ट्रस्-*n.* the framework which supports a roof or bridge, a bundle of hay weighing about 60 lbs, a bandage used in rupture. पुल या छत का आधार (थोक), तीस सेर का सूखी घास का गट्ठा, पट्टा, बन्धन, घाव की पट्टी; *-v. t.* to support with a truss, to make fast थोक लगाना, कसकर बाँधना; **To truss up** (to make light.) कसकर बाँधना; **Trussed** (-ड्) *-adj.* supported by a truss. थोक लगाया हुआ ।

Trust-ट्रस्ट् *-n.* firm belief, confidence, reliance, ground of confidence, credit, combination of several firms for business pur poses. विश्वास, प्रतीति, भरोसा (आशा), धरोहर, साख, अनेक व्यवसायियों का संघ; *-v. t.* to rely in, to believe in, to have confidence in, to entrust, to hope. विश्वास करना, प्रतीति करना, आशा करना, धरोहर रखना: **On trust** (on credit.) साख पर; **Trustee** (-टी'.) *-n.* one who holds the management of property in trust. धरोहर रखनेवाला; **Trusteeship** (-शिप्)-*n.* the office of a trustee. निक्षेपधारी का पद; **Truster** (-अर्)-*n.* one who trusts. विश्वास करनेवाला; **Trust-ful** (-फुल्) *-adj.* full of trust, confiding. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustfully** (-फुलि) *-adv.* in a confidential manner. विश्वास करते हुए या विश्वासपूर्ण ढंग से; **Trustfulness** (-फ़ुल्-नॅस्) *-n.* the quality of being trustful. विश्वस्तता; **Trustily** (-इ-लि) *-adv.* in a trusty manner. विश्वासपूर्वक; **Trustiness** (-इ-नॅस्) - *n.* honesty, faithfulness. सचाई, ईमानदारी; **Trusting** (-इङ्ग्)-*adj.* confidential. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* with trust or confidence. विश्वासपूर्वक; **Trustless** (-लॅस्)-*adj.* faithless. अविश्वस्त; **Trustlessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* the quality of being trustless. अविश्वस्तता; **Trust-money** money committed to one's care. न्यास,

धरोहर; **Trustworthiness** (-वर्-दी-नेंस्)-*n.* the quality of being reliable. विश्वस्तता; **Trustworthy** (-वर्-दि)-*adj.* worthy of confidence, reliable. विश्वसनीय (विश्वास योग्य), भरोसा करने योग्य; **Trusty** (-इ) - *adj.* (*comp.* **Trustier**, *sup.* **Trustiest.**) confidential. विश्वास-योग्य।

Truth-ट्रूथ्-*n.* the quality or state of being true, fidelity, veracity, reality, virtue, honesty, sincerity, constancy. सत्यता, विश्वस्तता, सत्यनिष्ठा, वास्तविकता, साधुता, ईमानदारी, सचाई, स्थिरता; **In truth** (truly.) सचमुच, वास्तव में; **Truthful** (-फ़ुल्) -*adj.* veracious, full of truth, reliable. सच्चा, सत्यवादी; **Truthfully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a truthful manner. सचमुच, सचाई से; **Truthfulness** (-फ़ुल्-नेंस्) -*n.* the state of being truthful. सत्यता; **Truthless** (-लेंस्) -*adj.* faithless. झूठा, असत्य, बेईमान; **Truthlessness** (-लेंस्-नेंस्)-*n.* the state of being truthless. असत्यता, बेईमानी।

Try- ट्राइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Tried**) to test by experiment, to make an effort, to settle by examination, to investigate, to examine judicially, to refine, to purify, जाँचना, परीक्षा करना, प्रयत्न करना, परखना, अन्वेषण करना, विचार करना, निश्चय करना, शुद्ध करना; -*n.* attempt, effort. उद्योग, प्रयत्न; -*adj.* choice, good. चुना हुआ, अच्छा; **To try for** (to aim at) लक्ष्य करना; **To try on** (to test the fitness of dress.) कपड़ा नापना; **To try out** (to purify metal, to put to test.) धातु को साफ़ करना, परीक्षा करना।

Trying-ट्रा-इङ्ग् -*adj.* putting to severe test, wearisome. कष्टकारी, पीड़ाकर; **Trying-plane** (-प्लेंन्)-*n.* a carpenter's small smoothing instrument. बढ़ई का छोटा रन्दा; **Try(Trying) square** (-स्क्वेंअर्)-*n.* a carpenter's square, for testing the straightness of angles. बढ़ई की गोनियाँ।

Try-square.

Tryst-ट्राइ(-ट्रि-)स्ट् - *n.* an appointed meeting, a secret assembly. गुप्त सभा, छिपकर मिलने का स्थान।

Tsar-ज़ार् -*n.* the title of the Emperor of Russia. रूस के सम्राट् की उपाधि।

Tsetse-ट्सेंट्-सि (-जीट्-जी) -*n.* an African horsefly. अफ्रीका देश की एक प्रकार की मक्खी जिसके काटने से घोड़े रोगी हो जाते हैं।

T-square-टी'-स्क्वेंअर्-see under T.

Tub-टब्-*n.* an open wooden vessel of staves held together by hoops, a small cask. नाँद, कठवत, छोटा पीपा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Tubbed**) to plant in a tub. नाँद में पौधा लगाना; to bathe in a tub. टब में स्नान करना; **Tubful** (-फ़ुल्) -*adj.* as much as a tub can hold. नाँद भर।

Tuba-ट्यू-बॉ-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार की तुरही।

Tubal, Tubar-ट्यू-अल्, (-अर्) -*adjs.* of the form of a tube. नली के आकार का।

Tubby-ट-बि -*adj.* shaped like a tub. कठरे की आकृति के समान।

Tube-ट्यूब्-*n.* a hollow long cylinder, a hollow tube-shaped organ, an underground electric railway. नाली, प्रणाली, नली, रेल की सुरङ्ग; **Tube-well** (-वेंल्) -*n.* a perforated iron pipe pointed at the end, sunk deep in the earth for getting water from underground. नली का कुआँ, नलकूप; **Tubing** (-इङ्ग्)-*n.* tubes collectively. नलियाँ।

Tuber-ट्यू'-बर्-*n.* the thickened portion of the stem of a plant, a morbid swelling or gland. कन्द, पौधे की जड़ के पास का मोटा भाग, सूजन या गाँठ।

Tubercle-ट्यू'-बर्-कल् -*n.* a small tumour, pimple or knob, consumption. सूक्ष्म व्रण या ग्रन्थि, क्षयरोग; **Tubercled** (-ड्) -*adj.* having tubercles. ग्रन्थियुक्त; **Tubercular** (-क्युलर्) -*adj.* full of or affected with tubercles. ग्रन्थिपूर्ण, व्रणपूर्ण; **Tuberculate** (-क्युलेंट्) -*adj.* having small knobs. छोटी ग्रन्थियों से युक्त; **Tuberculous** (-क्युलस्)-*adj.* pertaining to phthisis. राजयक्ष्मा रोग-सम्बन्धी; **Tuberculation** (-क्युलेंशन्)-*n.* formation of tubercles. ग्रन्थियों का बनना; **Tuberculize** (-क्युलाइज़्)-*v. t.* to be affected with tuberculosis. राजयक्ष्मा लग जाना; **Tuberculosis** (-क्युलोसिस्) -*n.* phthisis, consumption. राजयक्ष्मा, क्षयरोग।

Vacuum-व्हॅक्यु-अम्-*n.* (*pl.* **Vacuums.**) the space empty of all matter. शून्य स्थान, आकाश; **Vacuum brake** (a brake operated by vacuum.) हवा चूसकर रेलगाड़ी के पहिये को रोकने का यन्त्र; **Vacuum cleaner** (an apparatus for sucking up dirt by an air pump.) गर्द को चूसकर साफ़ करने का यन्त्र; **Vacuum-flask** (a flask in which cold or hot liquid retains its temperature for a long time.) ऐसी बोतल जिसमें रखा हुआ पदार्थ शीतोष्ण अवस्था को देर तक स्थापित रखता है।

Vade-mecum-व्हेडि-मिकम् - *n.* (*pl.* **Vademecums.**) a manual or handbook for ready reference. सर्वदा साथ रखने और निरीक्षण करने की पुस्तक।

Vafrous-व्हे'-फ्रस् -*adj.* crafty, cunning. धूर्त, चालाक।

Vagabond-व्हॅगॅबॅन्ड् -*adj.* wandering, having no fixed habitation. यथेच्छागामी, स्वेच्छाचारी, घुमन्ता; -*n.* a worthless fellow, a scamp, a rascal. वृथा घूमनेवाला, घुमक्कड़, दुष्ट; -*v. i.* to wander about. इधर-उधर घूमना; **Vagabondage** (-एँज्) -*n.* the state of being a vagabond. घुमक्कड़ होना; **Vagabondism** (-इज़्म्) -*n.* living as a vagabond. बेकार रहकर जीवन बिताने का कार्य; **Vagabondize** (-आइज़्) -*v. i.* to wander in idleness. वृथा घूमते हुए समय नष्ट करना।

Vagary-व्हॅगरि, व्हेगरि -*n.* (*pl.* **Vagaries.**) a whim, a wild freak. बुद्धि-चापल्य, मनमौज (लहर)।

Vagina-व्हॅजाइना-*n.* the canal which leads from the external orifice to the uterus. योनि, स्त्री का भग या बाहरी गुप्ताङ्ग, स्त्री सम्भोग या संगम पथ; **Vaginal** (-नल्) -*adj.* pertaining to the vagina, resembling a sheath. योनि-सम्बन्धी, म्यान के सदृश।

Vagitus-व्हे-जि'-टस्-*n.* the cry of a newborn child. नवजात शिशु की चिल्लाहट।

Vagrancy-व्रे-ग्रन्सि-*n.* the state of being a vagrant. वहेड़ुआपन, आवारापन।

Vagrant-व्रे'-ग्रन्ट् - *adj.* wandering about, unsettled. स्वेच्छाचारी, घूमनेवाला ; -*n.* a vagabond, a beggar. घुमक्कड़, भिक्षुक।

Vague-व्हेग्-*adj.* not precise, unsettled, not definite. अनिश्चित, संदिग्ध, अस्थिर; **Vaguely** (-लि) -*adv.* in a vague manner. सन्देह से, संशय से; **Vagueness** (-नेंस्) -*n.* an unsettled state. अस्थिरता, सन्दिग्धता।

Vails-व्हेल्ज़्-*n.* gratuity given to a servant. नौकर को दी हुई बखशीश या इनाम।

Vain-व्हेन्-*adj.* empty, worthless, ineffectual, unreal, conceited, ostentatious, showy, false. शून्य, व्यर्थ (निष्फल), वृथा, असार, निरर्थक, घमंडी, दिखौवा, झूठा; **In vain** (to no purpose.) वृथा, व्यर्थ; **Vainglorious** (-ग्लोरि-अस्)-*adj.* elated, beyond measure. वृथाभिमानी, अहङ्कारी; **Vain- gloriously** (-ग्लोरि-अस्-लि)-*adv.* with false pride. झूठे अभिमान से; **Vainglory** (-ग्लोरि)-*n.* empty pride. वृथाभिमान, शेखी; **Vainly** (-लि) -*adv.* proudly, foolishly. गर्व से, मूर्खता से; **Vainness** (-नेंस्) -*n.* vanity. अहङ्कार।

Valance-व्हॅलन्स्-*n.* hanging drapery over a bed or window. पलङ्ग या खिड़की पर की झालर।

Vale-व्हेल्-*n.* a low ground between hills, a valley. दो पहाड़ों के बीच की नीची भूमि, दर्रा, घाटी।

Valediction-व्हॅलिडिक्शन्-*n.* a farewell. स्वस्तिवाचन, विदाई के समय का आशीर्वाद; **Valedictory** (-अरि) -*adj.* & *n.* bidding farewell. स्वस्तिवाचनिक, स्वस्तिवाचना।

Valency-व्हे लेन्सि -*n.* the combining power of a chemical element. रासायनिक तत्त्व के मिश्रण की शक्ति।

Valentine-व्हॅलन्टाइन्-*n.* a love-letter. प्रेम-पत्र।

Valet-व्हॅ-लें-ट्-*n.* a personal attendant. पार्श्वचर, दास, सेवक; -*v. t.* to perform the work of a valet. दास का कार्य करना।

Valetudinarian-व्हॅलिट्यूडिनेरिअन्-*adj.* sickly, of ill-health. व्याधिपीड़ित, रोगी; -*n.* a person of weak constitution. सदा रोगी मनुष्य; **Valetudinarianism** ('- इज़्म्) - *n.* weak health. अस्वास्थ्य।

Valiance-व्हॅलि-अन्स्-*n.* bravery, valour. वीरता, पराक्रम; **Valiancy**(-इ)-*n.* valiantness. वीरता; **Valiant** (-अन्ट्)-*adj.* heroic, brave. पराक्रमी, शूरवीर, साहसी; **Valiantly** (-लि)-*adv.* bravely. वीरता से, साहसपूर्वक।

Valid-व्हॅलिड्-*adj.* having sufficient strength, sound, legal. प्रवल, सप्रमाण (न्याय्य), अखण्डनीय; **Validity** (-इ-टि), **Validness** (-नेंस्) -*ns.* soundness, justness. प्रवलता, सिद्धि, पुष्टता; **Validly** (-लि)-*adv.* in a valid manner. न्यायपूर्वक; **Validate** (-एट्' - *v. t.* to give validity to. प्रमाणित करना, न्याययुक्त करना; **Validation** (-शन्) -*n.* validity, justness. सप्रमाणता।

Valise -व्लीज़ -*n.* a bag for clothes. वस्त्र रखने का झोला।

Vallancy -व्हॅलन्सि - *n.* a kind of large wig. एक प्रकार का बड़ा बालों का टोप।

Vallar-व्हॅलर् -*adj.* (also **Vallary.**) pertaining to a rampart. खाईं की मिट्टी की भीत या दीवाल से सम्बन्धित।

Vallation-व्ह-लेशन्-*n.* a rampart, an entrenchment. किले या खाईं की रक्षा-भीत।

Valley-व्हॅ-लि-*n.* (*pl.* **Valleys.**) a low tract o ground between hills, a vale. दर्रा, घाटी।

Vallum-व्हॅ-लम्'-*n.* a defensive earth wall. मिट्टी की रक्षा-भीत।

Valorous-व्हॅलरस् - *adj.* courageous, brave. वीर, साहसी; **Valorously** (-लि) -*adv.* in brave manner. वीरता से, साहस से; **Valour** (-लर्) -*n.* bravery, courage. शूरता, पराक्रम, वीरता।

Valuable -व्हॅल्युएँब्ल् - *adj.* costly, having worth, worthy, estimable. मूल्यवान्, बहुमूल्य, योग्य, मान्य, माननीय; **Valuables** (-स्) -*n. pl.* articles of great value. (व० व०) बहुमूल्य द्रव्य; **Valuableness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being valuable. बहुमूल्यता; **Valuation** (-ए'-शन्)-*n.* the value set upon a thing, appraisement, estimated cost. मूल्य-निरूपण, मूल्य-निर्णय, मोल, दाम; **Valuator** (-टर्) -*n.* one who sets a value. मूल्य निर्धारित करनेवाला।

Value-व्हॅल्यु -*n.* worth, price, importance, precise signification. मूल्य, दाम, माहात्म्य, सारता; -*v. t.* to estimate the worth of, to take account of, to esteem. मूल्य-निरूपण करना, आदर करना, दाम लगाना, आँकना; **To value highly** (to hold in high esteem.) बहुमान करना; **Valued** (-ड्) -*adj.* estimated. मूल्य स्थिर किया हुआ; **Valueless** (-लेंस्)-*adj.* worthless. कम मूल्य का; **Valuer** (-अर्) -*n.* one who values. आदर करनेवाला।

Valve-व्हॅल्व् -*n.* the leaf of a folding-door, a lid or contrivance which opens on one side only, a bulb in a wireless set. कपाट, एक ओर खुलनेवाला डट्टा, बिना तार की तारबर्की का

कुब्बा; Valvelet (-लेट्)-*n.* a small valve. छोटा कपाट; Valvular (-यु-लर्) *-adj.* containing small valves. छोटा कपाटदार।

Valvet-वाल्वेट्-*n.* a small valve. छोटा कपाट।

Vambrace-वॉम्ब्रेस्-*n.* the part of an armour below elbow. केहुनी के नीचे का कवच का भाग।

Vamp-वॉम्प् -*n.* the upper leather of a shoe or boot. जूते के ऊपरी भाग का चमड़ा; -*v. t.* to patch, to repair. जोड़ लगाना, मरम्मत करना; Vamper (-अर्)-*n.* one who repairs. मरम्मत करनेवाला।

Vampire-वॉम्पायर् -*n.* a bloodsucking ghost, a bloodsucker. प्रेत, पिशाच, रुधिर पीनेवाला; Vampire bat (a kind of bat.) एक प्रकार का चमगादड़।

Vampirism-वॉम्पा-रिज़्म्-*n.* habit of preying upon others. दूसरों का लोहू चूसने की आदत।

Vamps-वॉम्प्स् -*n. pl.* a kind of hose. एक प्रकार का मोजा।

Van-वॉन्-*n.* the front part of an army, a fan for winnowing, a railway waggon for luggage and the guard. सेना का अग्रभाग (सेनामुख), अन्न पछोरने का पंखा, रेलगाड़ी का माल रखने तथा गार्ड के बैठने का डब्बा।

Vanadium-व-ने'-डि-अम्-*n.* a silvery metallic element. चाँदी जैसा एक धातुतत्त्व।

Vandal-वॉन्डल्-*n.* one who destroys the work of art. सुन्दर इमारतों को नष्ट करनेवाला मनुष्य।

Vandalic-वॉन्डलिक् -*adj.* barbarous. जंगली।

Vandyke-वॉन्-डाइक्' -*n.* a covering for the neck, a deep-cut point on the border of a dress, a notched border. गुलूबन्द, किसी वस्त्र के किनारे का नुकीला भाग, दाँतेदार किनारा।

Vane-वेन्-*n.* the blade of a windmill, feathers on the side of a shaft, an appliance for showing the direction in which the wind blows. हवाई चक्की का पंखा, तीर का पर, वायु की दिशा दिखलाने का यन्त्र।

Vanguard-वॉन्-गार्ड् -*n.* the front part of an army. सेनामुख।

Vanish-वॉनिश् -*v. i.* to disappear, to pass away. लुप्त हो जाना, अन्तर्धान होना, नष्ट होना।

Vanishing - वॉनिशिङ्ग् - *adj.* passing from sight. अदृश्य होनेवाला।

Vanity-वॉनिटि-*n.* (*pl.* Vanities.) emptiness, ostentation, empty pride, self-conceit. निःसारता, वृथा अभिमान, अहंकार, झूठा अभिमान।

Vanquish-वॉन्-क्विश्-*v. t.* to defeat, to refute, to conquer. पराजित करना, हराना, जीतना; Vanquishable (-ऍ-बूल्) - *adj.* able to be vanquished. हराने योग्य; Vanquisher (-अर्) -*n.* a conqueror. विजय करनेवाला।

Vantage-वॉन्-टे-ज् -*n.* advantage. सुविधा, लाभ; Vantage-ground (the condition which gives one an advantage over another.) उत्कर्ष, श्रेष्ठ पद।

Vapid-वॉपिड् -*adj.* spiritless, dead, insipid. निस्तेज, मृतक, रसहीन (नीरस, फीका); Vapidity (-इ-टि) - *n.* the state of being insipid. रसहीनता, फीकापन; Vapidness (-नेस्) -*n.* deadness. निर्जीविता।

Vaporable-वे-पॅर्-ऍ-बल् -*adj.* capable of being turned into vapour. वाष्प में बदलने योग्य।

Vaporific - वेपॅरिफ़िक् - *adj.* converted into steam. वाष्प में परिणत होनेवाला; Vaporimeter (- मिटर्) - *adj.* an instrument for measuring the pressure of a vapour. वाष्प का दबाव नापने का यन्त्र; Vaporizable (-आइज़्-ऍ-बूल्)- *adj.* capable of being converted into vapour. वाष्प में परिणत होने योग्य; Vaporization (-आइज़ेशन्)-*n.* the action of being converted into vapour. वाष्प में बदले जाने की अवस्था या क्रिया; Vaporize (-आइज़्) -*v.t.* to convert into vapour. वाष्प में बदलना; Vaporous (-अस्) -*adj.* full of vapour, windy, unreal. वाष्प (भाप) से भरा हुआ, वायुपूर्ण, निःसार; Vaporousness (अस्-नेस्)-*n.* the state of being vaporous. वाष्पपूर्णता।

Vapour-वे'-पर्-*n.* the gaseous form of a liquid or solid substance, water in the atmosphere, vain imagination. वाष्प, भाप, झूठा अनुमान; -*v. t. & i.* to pass in fumes, to boast, to brag. भाप हो जाना, श्लाघा करना, डींग हाँकना; Vapour-bath. वाष्पस्नान; Vapourer (-अर्)-*n.* a boaster. डींग हाँकनेवाला; Vapouring (-इङ्ग्) *adj. & n.* false pride. मिथ्याभिमान करनेवाला या मिथ्याभिमान; Vapoury (-इ)-*adj.* वाष्पपूर्ण।

Vapulation-वा-प्यु-ले-शन् - *n.* flogging. कोड़े की मार।

Varanus-वॉ-र-नस् - *n.* a kind of lizard. एक प्रकार का गिरगिट।

Vare-वेअर्-*n.* the staff of authority. न्यायाधीश का दण्ड।

Variability-वेरिऍबिलिटि-*n.* the state of being fickle. चञ्चलता, अस्थिरता; Variable (-अ-बूल्) -*adj.* changeable, fickle, alterable. बदलने योग्य, अस्थिर, चञ्चल, अनित्य; Variably(-अब्लि) -*adj.* changeably. अस्थिरता से।

Variance-वे रिअन्स् -*n.* discord, disagree-

ment. मतभेद, विरोध (विवाद), कलह (झगड़ा); **At variance** (in a state of disagreement.) परस्पर विरुद्ध; **Variant** (-ऑन्ट्)-*adj.* varying, different. विपरीत, विरुद्ध।

Variate-वॅ-रि-एट् -*v. t.* to make different. विभिन्न करना; **Variation** (-शन्)-*n.* difference, change, alteration, inflexion. भेद, परिवर्तन, अन्तर, रूपान्तर।

Varicose- वॅरिकॅस्-*adj.* enlarged or dilated as a vein. शिरा के समान फैला या सूजा हुआ।

Varicosity- वॅरिकॅसिटि-*n.* the state of being varicose. शिरा की सूजन।

Varied-वॅ-अ-रिड्-*adj.* diverse, altered. विपरीत, बदला हुआ; **Variedly** (-लि)-*adv.* diversely. भिन्न प्रकार से।

Variegate-वॅ-अ-रि-गेट्-*v.t.* to mark with different colours, to make changes in external appearance. चित्र-विचित्र (रङ्ग-विरङ्गा) बनाना, बाहरी आकार बदलना; **Variegated** (-एड्)-*adj.* diversely coloured. रङ्ग-विरङ्गा बनाया हुआ; **Variegation** (-शन्)-*n.* diversity of colour. रङ्ग-विरङ्गापन।

Variety-वराइ-एँ-टि-*n.* (*pl.* Varieties.) change, difference, a different sort, diversity. विचित्रता, भेद, प्रकार, परिवर्तन।

Variform-वॅ रि-फॉर्म् -*adj.* having different forms. विभिन्न आकार का; **Variformed** (-ड्) -*adj.* formed with different shapes. भिन्न आकार का बना हुआ।

Variola-वराइ'-ॲ-ला-*n.* smallpox. शीतला रोग, चेचक।

Varioloid- वॅ- रि' -ॲ- लॉ -इ- ड्- *n.* smallpox modified by vaccination. टीका लगाने के बाद की शीतला।

Variolous-व-राइ-ॲ -लस् -*adj.* pertaining to smallpox. शीतला (चेचक) सम्बन्धी।

Variometer-वॅ रिॲ-मि-टर् -*n.* an instrument for tuning aerial of wireless. विना तार की तार वर्की का एक यन्त्र।

Variorum-वॅरिओरम्-*n.&adj.* editions of classical works containing notes of various commentators. साहित्य का ग्रन्थ जिसमें अनेक टीकाकारों की टीका छपी होती है।

Various-वॅ रिअस् -*adj.* different, uncertain, diversified. अनेक रङ्ग का, अनिश्चित, भिन्न; **Variously** (-लि)-*adv.* in a different manner. भिन्न प्रकार से।

Varix-वॅ-रिक्स् -*n.* (*pl.* Varices.) the dilation of a vein. नाड़ी की वृद्धि या सूजन।

Varlet-वा-र्-लेट्-*n.* a page, a servant, a low fellow, a scoundrel. सेवक, टहलुआ, नीच पुरुष, दुष्ट मनुष्य।

Varletry-वार्-लें-ट्रि-*n.* the crowd. भीड़-भक्कड़।

Varnish-वार्निश् -*n.* a transparent resinous liquid on a work to give a smooth, hard and glossy surface. वार्निश, कलफ़, चमक; -*v. t.* to cover with a transparent resinous liquid. वार्निश लगाना, चमकाना; **Varnisher** (-अर्) -*n.* one who varnishes. वार्निश करनेवाला; **Varnishing** (-इङ्ग्)-*n.* the act of laying a varnish. वार्निश करने की क्रिया।

Varvel-वार्-वॅल् -*n.* a metal ring attached to a hawk's leg to connect it with the leash. जंजीर से बाँधने के लिये बाज की टाँग के नीचे लगाई गई धातु की अँगूठी।

Vary-वॅ-अ-रि-*v. t. & i.* (*p. t.* Varied.) to alter in appearance, to diversify, to differ, to disagree, to change. भिन्न रूप धारण करना, बदलना, पलटना, प्रतिकूल (रूपान्तर) होना।

Vascular-वास्क्युलर्-*adj.* pertaining to conducting vessels. वाहक नलियों से सम्बन्धित; **Vascularity** (-इटि) -*n.* the state of being vascular. वाहक नलियों की स्थिति या अवस्था।

Vasculum-वॅस्-क्यु-लम्-*n.* (*pl.* Vascula.) a pouch, a collecting case. बटुआ, झोला, संग्राहक खोल।

Vase-वॅस् -*n.* an ornamental vessel. पात्र, कलश, बर्तन, फूलदान।

Vaseline- वॅसॅ-लिन् -*n.* a jelly obtained from petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ एक तैलीय चिकना द्रव्य।

Vassal-वॅ-सॅ-ल्-*n.* a tenant, a retainer, a political slave. प्रजा, परतन्त्र, असामी, दास; **Vassalage** (-एज्)-*n.* political servitude. पराधीनता, दासत्व; **Vassalry** (-रि)-*n.* bondsmen. दास-समूह।

Vast-वास्ट् -*adj.* huge, very spacious, large, very great. विस्तीर्ण, विशाल, बृहत्, बहुत बड़ा।

Vastitude-वा-स्टिट्यूड्-*n.* immensity. विशालता।

Vastly -वास्ट् -लि -*adv.* to a great extent. विपुलता से; **Vasty** (-इ)-*adj.* very spacious. विस्तृत।

Vat-वॅट्-*n.* a square vessel or tank for holding liquids, dyeing liquor. कुण्ड, भांड, तरल वस्तु रखने का पात्र, रँगने का रोगन।

Vaticide-वॅट्'-इ-साइड् -*n.* the murder or slayer of a prophet. देवदूत का वध, देवदूत की हत्या करनेवाला।

Vaticinal-वॅटिसिनल्-*adj.* containing prophecy. भविष्यवाणी युक्त।

Vaticinate-व्हॅटिसि-नेट्-*v. i. & t.* to foretell. भविष्य कहना ; **Vaticination** (-शन्) -*n.* prediction. भविष्य-वाणी; **Vaticinator** (-टर्) -*n.* a prophet. भविष्यवक्ता ।

Vault-व्हॉल्ट्-*n.* an arched roof, a cave, a cellar, a leap. भूमिगृह, गुम्बज, गुफ़ा, कुदान ; -*v. t. & i.* to arch, to leap. मेहराब बनाना, छलाँग मारना; **The vault of heaven** (the sky.) नभमण्डल ; **Vaultage** (-एज्)-*n.* an arched cellar. मेहराबदार गुफ़ा ; **Vaulted** (-ऍड्)-*adj.* arched. मेहराबदार ।

Vaulter-व्हॉल्टर्-*n.* a jumper. कूदनेवाला ।

Vaulty-वॉल्टि-*adj.* arched, concave. मेहराबदार, नतोदर, पोला ।

Vaunt-व्हॉन्ट्-*n.* boast, ostentation. वृथाभिमान, शेखी; -*v. i.* to brag, to boast. शेखी मारना, गर्व करना; **Vaunter** (-अर्)-*n.* a boaster. शेखी मारनेवाला आदमी ; **Vauntful** (-फुल) -*adj.* boastful. वृथाभिमानी ; **Vauntingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* boastfully. शेखी मारते हुए ।

Veal-व्हील्-*n.* the flesh of a calf. बछड़े का मांस ।

Vection-व्हेक्शन्-*n.* the act of carrying. ले जाने की क्रिया ।

Vedette-व्हि-डेट्-*n.* a sentinel on horseback. घुड़सवार, सन्तरी ।

Veer-व्हिअर्-*v. i. & t.* to change direction, to shift about. भिन्न दिशा में जाना, (घुमाना) मोड़ना; **To veer and haul** (to pull and slacken alternately.) पारी-पारी से ढीला करना और तानना; **To veer away** (to slacken.) ढीला करना ; **Veering** (-इङ्ग्) -*adj. & n.* shifting. मुड़नेवाला, बदलनेवाला, बदलने का, अदल-बदल ; **Veeringly** (-लि) -*adv.* in a changing manner. बदलते हुए ।

Vegetable-व्हे-जि-टे-ब्ल्-*n.* a plant or part of a plant used in a cookery or for feeding cattle. रसोई में पकाने या पशुओं को खिलाने की वनस्पति, शाक, तरकारी, भाजी; -*adj.* of the nature of a plant. वनस्पति-सम्बन्धी; **Vegetable kingdom** (the plants.) वनस्पतिवर्ग ।

Vegetal-व्हेजिटल्-*adj.* pertaining to vegetables. वनस्पति-सम्बन्धी ।

Vegetaline-व्हे-जिट्-लीन्-*n.* artificial ivory. कृत्रिम हाथीदाँत ।

Vegetality- व्हे-जि-टॅ-लिटि -*n.* vegetable life. वनस्पति-जीवन ।

Vegetarian-व्हे-जिटे रिअन्-*n.* one who feeds on vegetables only. शाकाहारी, केवल फल-मूल पर निर्वाह करनेवाला; **Vegetarianism** (-इज़्म्) -*n.* the principle of subsisting only on vegetarian diet. शाकाहारी सिद्धान्त ।

Vegetate-व्हे-जि-टेट्-*v. t.* to grow as plants. उत्पन्न होना, उगना; **Vegetation** (-शन्) -*n.* vegetable growth. वनस्पति की वृद्धि ; **Vegetative** (-टिव्)-*adj.* having the power of growing like plants. वनस्पति के सदृश उगनेवाला, वानस्पतिक ।

Vehemence, Vehemency-व्हीहिमॅन्स् (-इ)-*ns.* great force, impetus, violence, animation. वेग, तीक्ष्णता, प्रचंडता, उग्रता ; **Vehement** (-मॅन्ट्)-*adj.* with great force, ardent, forcible. प्रचण्ड, तीव्र, उद्दण्ड, बलवान्; **Vehemently** (-लि)-*adv.* with vehemence. प्रचण्डता से, उग्रता से ।

Vehicle-व्हीइकल्-*n.* a conveyance moving on wheels, a medium. (रथ) गाड़ी (सवारी), साधन; **Vehicular** (-क्यु-लर्)-*adj.* pertaining to a vehicle. रथ-सम्बन्धी ।

Vehmgericht-व्हेमगरिट्-*n.* a German tribunal of a secret organization. जर्मनी के गुप्तचरों का न्यायाधीश ।

Veil-व्हेल्-*n.* that which intercepts view, a curtain, a thin cover used to conceal the face. आवरण, परदा, घूँघट;-*v. t.* to cover with a veil, to conceal. घूँघट काढ़ना, ढाँकना, छिपाना; **To take the veil** (to become a nun.) संन्यासिनी बनाना ; **To throw the veil off** (to come into view.) स्वरूप प्रकट करना; **Veilless** (-लॅस्)-*adj.* without a veil. बिना घूँघट की ।

Vein-व्हेन्-*n.* a vessel in animal bodies which receives the blood from the extremities of the arteries and returns to the heart, humour, disposition. शिरा, नाड़ी, वृत्ति, स्वभाव; **Veined** (-इ)-*adj.* full of veins. शिराओं से पूर्ण ; **Veinless** (-लॅस्) -*adj.* destitute of veins. बिना शिराओं का; **Veinlet** (-लॅट्)-*n.* a small vein. छोटी नाड़ी या नस ; **Veinous** (-अस्)-*adj.* pertaining to veins. शिरा-सम्बन्धी; **Veiny** (-इ)-*adj.* full of veins. शिराओं से परिपूर्ण ।

Velarium-व्हिलॅरिअम् -*n.* a sheet stretched under a roof. छत के नीचे तानी हुई चाँदनी ।

Veliferous-व्हि-लिफ़रस्-*adj.* bearing sails. पाल ले जानेवाला ।

Velivolent-व्हे-लि-वॅ- लॅन्ट्-*adj.* passing under full sail. पाल तानकर चलनेवाला ।

Velleity-व्हे-ली-इ-टि-*n.* inclination. इच्छा ।

Vellicate-व्हे-लि- केट् -*v. t.* to twitch, to

stimulate. ऐंठना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Vellication** (-शन्)-*n.* the act of twitching of a muscular fibre. मांसपेशी के ऐंठन की क्रिया; **Vellicative** (-इव्)-*adj.* having the power of twitching. ऐंठन की शक्तिवाला।

Vellum-वॅलम्-*n.* a kind of fine parchment of skin prepared for writing. लिखने के लिये बनाया हुआ महीन चमड़ा।

Velociman-व़िलॉसिमन्-*n.* a bicycle propelled by hands. हाथ से चलाने की साइकिल।

Velocimeter-वें-लॉ-सिमि-टर्-*n.* an instrument for measuring velocity. गति नापने का यन्त्र।

Velocipede-व़िलॉसिपीड्-*n.* an older form of bicycle, a dandy-horse, a swift-footed person. पुराने ढंग की पैरगाड़ी, तेज घोड़ा, तेज चालवाला आदमी।

Velocity-व़िलॉ-सि-टि -*n.* (*pl.* **Velocities.**) swiftness, rapidity, speed, rate of motion. शीघ्रता, वेग, गति, चाल।

Velum-व़ी-लम्-*n.* a partition. विभाग, परदा।

Velvet-वॅ-ल्वॅ-ट्-*n.* a rich silk stuff with soft small fine nap. मखमल;-*adj.* made of velvet. मखमल का बना हुआ; **Velveteen** (-टीन्) -*n.* imitation velvet of cotton. सूती (कृत्रिम) मखमल; **Velvety** (-इ)-*adj.* soft and smooth like velvet. मखमल के समान चिकना।

Vena-व़ीना-*n.* (*pl.* **Vinae.**) a vein. शिरा।

Venal-व़ी'-नल् -*adj.* pertaining to veins, mercenary, that may be had for money. शिरा-सम्बन्धी, धन का लोभी, धन देकर लिये जाने योग्य; **Venality** (-इटि)-*n.* mercenariness. धन के लोभ से सेवा करने की प्रवृत्ति।

Venatic-व़िनाटिक्-*adj.* employed in hunting. शिकार में प्रवृत्त या लगा हुआ।

Venation-व़िनेशन्-*n.* the occupatice of hunting. मृगया या शिकार का व्यवसाय।

Vend-वॅन्ड्-*v. t.* to sell, to offer for sale. बेचना, बिक्री करना।

Vendee-वॅन्डी-*n.* a person to whom a thing is sold. खरीददार।

Vender, Vendor-वॅन्डर्-*ns.* one who sells something. बेचनेवाला।

Vendible-वॅन्डिबल्-*adj.* saleable. बेचने योग्य; **Vendibleness** (-नॅस्)-*n.* the state of being vendible. बेचने योग्य अवस्था; **Vendibly** (- इ)-*adv.* in a saleable manner. बिक्री की रीति से; **Vendition** (-शन्) -*n.* the act of selling. बेचने का काम।

Vendue-वॅन्-ड्यू-*n.* a public sale by an auctioneer. नीलाम द्वारा बिक्री।

Veneer-व़ि-नीअर्'-*n.* a thin layer of superior kind of wood over an inferior one. खराब लकड़ी के ऊपर की अच्छी लकड़ी की तह ;-*v. t.* to cover in this way. इस प्रकार से ढाँकना ; **Veneering** (-इङ्ग)-*n.* the art of overlaying. परत जमाने की कला।

Venefical-वॅनिफ़िकल्-*adj.* poisonous. विषैला; **Veneficial** (-शल्)-*adj.* acting by poison. विष द्वारा कार्य करनेवाला।

Venenate-वॅ-नॅ-नेट् -*adj.* infected with poison. विष द्वारा प्रभावित; **Venenation** (-शन्) -*n.* the act of poisoning. विष-प्रयोग की क्रिया।

Venerability-वॅन-रॅ-विलिटि-*n.* ability of being venerated. आदर या प्रतिष्ठा किये जाने की योग्यता; **Venerable** (-ब्ल्)-*adj.* worthy of reverence, made sacred by religious associations. पूज्य (आदरणीय), धार्मिक रीति से पवित्र किया हुआ; **Venerableness** (-ब्ल्-नॅस्) -*n.* the state of being venerable. आदरणीय अवस्था; **Venerably** (-ब्लि)-*adv.* in a manner so as to excite veneration. पूज्य रीति से; **Venerate** (-रेट्)-*v. t.* to regard with respect, to revere, to reverence. सम्मान करना, पूजना, प्रतिष्ठा करना; **Venerated** (- रेट्-ऍड्) -*adj.* treated with respect. सम्मानित, पूजित; **Veneration** (-रे-शन्) -*n.* high reverence. सत्कार, मान, पूजा; **Venerator** (-रेटर्)-*n.* one who venerates. सत्कार करनेवाला।

Venereal-व़िनीरिअल्-*adj.* pertaining to sexual intercourse. मैथुन-सम्बन्धी, मैथुन की इच्छा उत्पन्न करनेवाला।

Venery-वॅनॅरि-*n.* the exercise of hunting. आखेट, मृगया, शिकार।

Venesection-वॅन्-नि-सॅक्शन्- *n.* bloodletting by opening a vein. फ़स्त खोलकर रुधिर बहाने की क्रिया।

Venetian-व़िनी-शन्-*adj.* belonging to Venice. वेनिस नगर का।

Vengeance-वॅन्ज्-ऑन्स् -*n.* infliction for an injury or offence. प्रतिहिंसा, बदला ; With a vengeance (angrily.) उत्तेजना से, क्रोध से ; **Vengeful** (-फुल्) -*adj.* retributive, revengeful. प्रतिहिंसक, बदला लेनेवाला ; **Vengefully** (-फुलि) -*adv.* in a revengeful way. बदला लेते हुए।

Veniable-व़ी'-नि-ऍ-ब्ल्-*adj.* pardonable, that may be forgiven. क्षन्तव्य, क्षमा करने योग्य।

Venial-व़ी'-नि-अ-ल् - *adj.* excusable. क्षम्य ; **Veniality** (-टि - इ) -*n.* pardonableness,

क्षम्यता; **Venially** (-लि)-*adv.* with forgiveness. क्षमा करते हुए।

Venison-वें़-नि-ज़न्-*n.* the flesh of deer. हिरन का मांस।

Vennel-वें़-नें'-ल् -*n.* a lane. गली।

Venom-वें़नम्-*n.* poison, malice. विष, द्वेष ; -*v. t.* to poison. विष प्रयोग करना ; **Venomous** (-अस्) - *adj.* poisonous. विषैला ; **Venomously** (-अस्-लि) -*adv.* in a venomous manner. विषैलेपन से; **Venomousness** (-अस्-नेस्)-*n.* the state of being poisonous. विषैलापन।

Venose, Venous-वी़नोस् ,-वी़'-नस्-*adj.* pertaining to veins. नाड़ी-सम्बन्धी।

Vent-वें़न्ट्-*n.* an opening, a hole, a passage for air or smoke or breath or blood or bullet or powder, a volcanic orifice, an animal's anus, emission, discharge, expression, utterance, publication, an otter's rise to the surface for breath, an exit, a slit in a cloth or coat. सूराख, छेद, हवा, धुवाँ, साँस, खून, गोली या बारूद निकलने का रास्ता, ज्वालामुखी के उद्गार का मुख या छिद्र, जन्तु की गुदा (मलद्वार या पाखाने का रास्ता), निकास, बहाव, प्रकटीकरण, बोली, प्रकाशन, साँस लेने के लिये ऊदबिलाव का ऊपरी उभाड़, बाहर निकलने का रास्ता या द्वार, कपड़े या कोट में छेद; -*v. t. & i.* to allow to go, to pass out or to flow, to express or utter, to publish, to discharge a bullet or powder, to pour forth, to sniff at, to get a scent, to open to admit air, to find an outlet, to take breath, to give out smoke. बाहर जाने या निकलने या बहने देना, प्रकट करना, बोलना, प्रकाशित करना, गोली या बारूद छोड़ना, सूँघना, महँक पाना, हवा आने का रास्ता देना, बाहर जाने का रास्ता पाना, साँस लेना, धुवाँ निकालना।

Ventage-वें़न्टेज् -*n.* a small hole. छोटा छिद्र।

Venter-वें़न्टर्-*n.* the abdomen, mother, the womb. उदर, माता, गर्भाशय।

Ventiduct-वें़न्टिडक्ट् -*n.* a passage for air. वायु-मार्ग।

Ventilate-वें़न्टिलेट्'-*v. t.* to cause air to pass through, to fan, to winnow, to open doors for the free access of air. हवादार करना, पंखा करना, वायु के आवागमन के लिये खिड़की इत्यादि खोलना; **Ventilation** (-लें-शन्) -*n.* the act or means of ventilating. हवा देने की क्रिया या साधन, वायु की रुकावट का हटाव; **Ventilator** (-अर्) -*n.* a contrivance for driving away foul air from a place. वायु का संचालन करने तथा मलिन वायु हटाने का साधन।

Ventose-वें़न्ट् - ओस् - *adj.* windy. हवादार; **Ventosity** (-न्टॉ-स् - इ-टि) -*n.* windiness, empty pride. हवापन, वृथा अभिमान।

Ventral-वें़न्ट्रल्-*adj.* pertaining to the belly, of of pertaining to the side towards the belly. उदर-सम्बन्धी, पेट की ओर के भाग का या उससे सम्बन्धित, उदर तलीय।

Ventricle-वें़न्ट्रि-कल् -*n.* the lower pair of cavities in the heart. हृदय के निचले भाग का कोष, प्रवेश्म।

Ventricose - वें़न्ट्रि - कोस् - *adj.* extended, convex in the middle, bigbellied. फैला हुआ, बीच में उभड़ा हुआ या उन्नतोदर, लम्बोदर, तोंदवाला।

Ventricular-वें़न्ट्रि-क्युलर् - *adj.* pertaining to a ventricle. हृदय के निचले कोष या प्रवेश्म से सम्बन्धित।

Ventriculous-वें़न्ट्रिक्युलस् - *adj.* somewhat extended in the middle. बीच में कुछ फूला हुआ।

Ventriloquism-वें़न्ट्रिलॅक्विज़्म् -*n.* the art of speaking in such a way that the voice seems to come from another person at a distance. गरुड़वाद, ऐसी बोली बोलना जिससे मालूम हो कि दूर से दूसरे व्यक्ति द्वारा बोला गया शब्द आ रहा है; **Ventriloquist** (-क्विस्ट्) -*n.* one who practises ventriloquism. ऐसी बोली बोलने का अभ्यास करनेवाला ; **Ventriloquize** (-क्वाइज़्) -*v. t.* to practise ventriloquism. ऐसी बोली बोलने का अभ्यास करना।

Ventripotence-वें़न्ट्रिपॅ-टॅन्स्-*n.* the ability to eat a great quantity. अधिक परिमाण में भोजन करने की शक्ति ; **Ventripotent** (-टॅन्ट्) -*adj.* able to eat enormously. अधिक भोजन करनेवाला।

Venture-वें़ञ्चर् - *n.* a hazard, a dangerous undertaking, chance. साहसिक या संकट पूर्ण कार्य, दैव, अदृष्ट;-*v. t. & i.* to hazard, to risk. साहसिक या संकट के कार्य में लगना; **At a venture** (without seeing the issue.) परिणाम न देखते हुए; **Venturer** (-अर्)-*n.* one who ventures. साहस का काम करनेवाला; **Venturesome** (-सम्)-*adj.* bold, daring. वीर, साहसिक; **Venturesomely** (-सम्-लि) -*adv.* in a bold manner. साहसिकता से; **Venturesomeness**

(-सम्-नेंस्)-*n.* the quality of being venturesome. साहसिकता; **Venturing** (-इङ्ग्) -*adj.* & *n.* risky, the act of risking. खतरनाक, विपद्-जनक, संकटपूर्ण, संकट या विपत्ति में पड़ने का काम ; **Venturous** (- अस्) - *adj.* daring, bold. वीर, साहसी ; **Venturously** (-अस्-लि) -*adv.* fearlessly. निर्भयता से; **Venturousness** (-अस्-नेंस्) -*n.* the quality of being venturous. साहसिकता।

Venue-व़ेन्यु-*n.* the place where an action is laid. घटनास्थल।

Venus-व़ी'-नस्-*n.* goddess of love, a planet. काम देवी, शुक्र ग्रह।

Veracious-व़ें-रे-शस् - *adj.* true, one who observes truth. सत्यवादी, सत्यशील (सच्चा); **Veraciously** (-लि) -*adv.* truthfully. सत्यता से।

Veracity-व़ेंरेसिटि -*n.* (*pl.* Veracities.) truthfulness. सत्यशीलता, सचाई।

Verandah-व़ेरेन्डा -*n.* an open portico, a covered balcony. द्वार प्रकोष्ठ, बरामदा।

Veratrum-व़ें-रेट्रम्-*n.* a kind of poisonous plant of the lily family. कुमुदिनी के परिवार का एक विषैला पौधा।

Verb-व़र्ब्-*n.* a work which asserts something. क्रियापद ; **Verbal** (-अल्) - *adj.* spoken, oral, literal, derived from a verb. शब्द-सम्बन्धी, वाचिक, मौखिक, क्रियापद से बना हुआ; **Verbalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* one who is a word monger. शब्दों के प्रयोग में निपुण ; **Verbality** (-अल्'-इ-टि) - *n.* mere literal expression. केवल शाब्दिक प्रकाशन; **Verbalize** (-अल्-आइज़्) -*v. t.* to convert into a verb. क्रियापद बनाना ; **Verbally** (-अलि) -*adv.* orally. मौखिक ढंग से या रूप में।

Verbatim-व़र्-बें-टिम्-*adv.* word for word. पदानुपद, शब्दशः।

Verbena-व़र्बीना-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Verberate-व़र्बरेट् -*v. t.* to beat or strike. मारना, पीटना ; **Verberation** (-ए'-शन्)-*n.* a blow. आघात, चोट ; **Verbiage** (-बि-एज्) -*n.* unnecessary use of a great many words. वाग्विस्तार, अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग।

Verbose-व़-बोस्-*adj.* using more words than necessary, prolix. अनेक शब्दों के व्यर्थ प्रयोग का, निरर्थक ; **Verbosely** (-लि)-*adv.* in a verbose manner. शब्दों का वृथा प्रयोग करते हुए ; **Verboseness** (-नेंस्)-*n.* verbosity. शब्दों का वृथा प्रयोग ; **Verbosity** (-इ-टि)-*n.* the quality of being verbose. वाक्प्रपंच।

Verdancy-व़र्-डॅन्-सि-*n.* greenness, rawness. हरापन, कच्चापन ; **Verdant** (-डॅन्ट्)-*adj.* green, fresh, flourishing. हरित, हरा, ताजा ; **Verdantly** (-डॅन्ट्-लि) -*adv.* in a verdant manner. हरेपन से।

Verderer-व़र्डरर् -*n.* a keeper of forests. जङ्गलों का रक्षक।

Verdict-व़र्डिक्ट्-*n.* the decision of the jury in a case, decision, judgment. जूरी का निर्णय, न्याय, विचार।

Verdigris-व़-र्डि-ग्रिस् -*n.* the green rust of copper. हरा ताम्रकिट्ट, ताँबे का मुरचा।

Verditure-व़र्'-डि-चर्-*n.* palest green colour. हलका हरा रंग।

Verdure-व़र्ड्योर् -*n.* greenness of vegetation. हरियाली, हरापन।

Verdurous-व़र्ड्युरस्-*adj.* covered with green. हरियाली से ढँका हुआ।

Verge-व़र्ज्-*n.* a rod, a small shaft, range brink, border. डण्डा, छड़ी, सीमाप्रान्त, किनारा;-*v. t.* & *i.* to bend, to incline. किनारे पर होना, झुकना, झुकाना।

Vergee-व़र्जी-*n.* 4/9ths of an acre. एक एकड़ का ४।९ वाँ भाग।

Verger-व़र्जर् - *n.* one who carries the mace before a bishop. पादरी के आगे-आगे डण्डा लेकर चलनेवाला।

Veridical-व़िरिडिकल्-*adj.* truthtelling. सत्यवादी।

Verifiable-व़ें रि-फ़ाइ'-ऍ-ब्ल्-*adj.* what may be confirmed. प्रमाणित करने योग्य ; **Verification** (-फ़ि-कें-शन्)-*n.* act of confirming. प्रमाण, सत्य का निर्णय ; **Verifier** (-फ़ाइ'-अर्) -*n.* one who verifies. प्रमाणित करनेवाला ; **Verify** (-फ़ाइ)-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Verified) to prove to be true, to confirm, to fulfil. प्रमाणित करना, समर्थन करना, सच्चा सिद्ध करना।

Verily-व़ेरि - लि - *adv.* in truth, certainly. सचमुच, अवश्य, वास्तव में।

Verisimilar-व़ेरिसिमिलर् - *adj.* having the appearance of truth. सत्यता के आभास का; **Verisimilitude** (-लि-ट्यूड्)-*n.* likelihood, probability. सत्य का आभास, सम्भावना।

Veritable-व़ेरिटेब्ल्-*adj.* agreeable to fact, true. यथार्थ, सत्य; **Veritably** (-टे-ब्लि)-*adv.* truly. सत्यता से ; **Verity** (-टि)-*n.* truth. सत्यता, यथार्थता, सचाई।

Verjuice-व़र्जूस्-*n.* a liquor extracted from some sour fruits. खट्टे फलों का अर्क।

Vermeil, Vermil-व़र्-मिल्-*n. & adj.* vermilion, of the colour of vermilion. सिन्दूर, सिन्दूर के रंग का।

Vermicelli-व़र्मिसें लि-*n.* little worms, paste of fine flour made into small wormlike threads. छोटे कीड़े, सेवईं।

Vermiceous - व़र्मिशस् -*adj.* pertaining to worms. छोटे कीड़ों का।

Vermicide-व़र्मि - साइड्-*n.* a worm-killer. कीड़ा मारनेवाला मनुष्य।

Vermicular-व़र्मिक्युलर् - *adj.* pertaining to or like a worm. कृमि-सम्बन्धी या कीड़े के सदृश; **Vermiculate** (-लेट्) -*v.t.* to inlay a work in the form of tracts made by worms. कीड़े के गतिमार्ग के सदृश नकाशी करना; **Vermiculation** (-लें-शन्)-*n.* the act of moving in the form of a worm. कीड़े की तरह चलने की क्रिया; **Vermicule** (-क्यूल) -*n.* a small worm. छोटा कीड़ा; **Vermiculous** (-क्यू-लस्) -*adj.* full of worms. कृमिपूर्ण; **Vermiform** (-फ़ॉर्म्) -*adj.* having the form of a worm. कृमि के आकार का; **Vermifugal** (-फ़्यू-गल्) -*adj.* tending to expel worms. कीड़ों को निकालनेवाला; **Vermifuge** (-फ़्यूज्) - *n.* a medicine that expels or destroys worms. कीड़ों को नष्ट करने या हटाने की औषधि।

Vermilion-व़र्मिल्यन्-*n.* red sulphide of mercury. सिन्दूर, सेंदुर; -*v. t.* to cover with vermilion. सेंदुर का रंग चढ़ाना; **Vermilioned** (-ड्) -*adj.* painted with vermilion. सेंदुर से रँगा हुआ।

Vermin-व़र्मिन्-*n.* a noxious insect, destructive to crops &c. अन्न इत्यादि को हानि पहुँचानेवाला कीड़ा।

Verminate-व़र्मिनेट्-*v. t.* to produce vermins. कीड़े पैदा करना।

Vermination-व़र्-मिन्-ए'-शन्-*n.* the breeding of vermins. कीड़ों की संख्या के बढ़ने की क्रिया।

Verminous-व़र्मिनस्-*adj.* affected with vermins. कीड़े लगा हुआ।

Vermivorous- व़र्मिव़रस् - *adj.* feeding on worms. कीड़ा खानेवाला।

Vernacular-व़र्नॅक्युलर्-*adj.* belonging to one's own country, native. प्राकृत, अपने देश की (देशीय); **Vernacular dialect** (the native language.) प्राकृत भाषा; **Vernacularism** (-इज़्म्) -*n.* vernacular idioms. देशी भाषा के मुहावरे; **Vernacularly** (-लि) -*adv.* in vernacular manner. प्राकृत भाषा की रीति से।

Vernal-व़र्नल्-*adj.* belonging to the spring. वासन्तिक, वसन्त ऋतु-सम्बन्धी; **Vernal equinox** (-ई-क्वि-नॉक्स्) the spring equinox. वसन्त ऋतु का (चैत्र, मार्च) वह समय जब दिन-रात बराबर होते हैं।

Vernant-व़र्नन्ट्-*adj.* flourishing as in spring. वसन्त ऋतु के समान समृद्ध या फूलता-फलता हुआ या हरा-भरा।

Vernicose-व़र्नि - कोस् - *adj.* looking as if varnished. वार्निश किया दिखाई पड़नेवाला।

Vernier-व़र्नि-अर्-*n.* a graduated sliding scale. अङ्कों में अङ्कित या चिह्नित सरकनेवाली नापने की पटरी।

Vernility-व़र्निलिटि-*n.* a fawning behaviour. शुश्रूषा का व्यवहार, चापलूसी।

Verrucose-व़ेरु-कोस्-*adj.* having little knobs on the surface. तल पर छोटी-छोटी गाँठोंवाला।

Versable-व़र्'-सें-बल्-*adj.* that may be turned. पलटने योग्य।

Versant-व़र्सन्ट्-*adj.* familiar. परिचित।

Versatile - व़र्स - टाइल - *adj.* changeable, unsteady, movable. चपल, चंचल (अस्थिर), बदलने योग्य; **Versatilely** (-लि) -*adv.* in an unsteady manner. चंचलता से; **Versatileness** (-नेस्) -*n.* the quality of being unstable. चपलता; **Versatility**(-टिलिटि)-*n.* the faculty of turning one's mind to another subject. अन्य विषय को विचारने की शक्ति।

Verse-व़र्स्'-*n.* a line of poetry, stanza, poetry. पाद, कविता, पद्य; **Blank verse** (a rhymeless verse.) श्लोक, बिना अनुप्रास का पद्य; **Verselet** (-लट्)-*n.* a short verse. छोटी कविता; **Verse-monger** (-मङ्-गर्) -*n.* a writer of verses. श्लोक बनानेवाला।

Versed-व़र्स्ड्-*adj.* skilled in, reversed. कुशल, निपुण, प्रवीण, पलट दिया गया।

Versicular-व़र्सिक्युलर् - *adj.* pertaining to verses. कविता-सम्बन्धी; **Versifier** (-फ़ायर्) -*n.* one who makes verses. श्लोक बनानेवाला।

Versiform-व़र्सि-फ़ॉर्म् -*adj.* varying in forms. भिन्न प्रकार का।

Versify-व़र्सि-फ़ाइ -*v. t. & i.* (*p. t.* **Versified**) to make verses, to turn into verse. कविता बनाना, पद्य (श्लोक) में वर्णन करना।

Version-व़र्शन्-*n.* translation, a statement of account. अनुवाद (उल्था, पाठान्तर), वर्णन;

Versionist (-इस्ट्)-*n.* one versed in translating. अनुवाद करने में विशेषज्ञ।

Verso वर्-सॅ -*n.* the left-hand page. बाईं ओर का पृष्ठ।

Versus-वर्सस्-*prep.* against. विपरीत, बनाम।

Versute-वर्स्यूट्-*adj.* crafty, cunning. धूर्त, कुटिल, चालाक।

Vertebra-वर्टिब्रा-*n.* (*pl.* **Vertebrae.**) one of the pieces in the spine of an animal. पृष्ठवंश, कशेरुका, पीठ की रीढ़ का टुकड़ा (मुहरा); **Vertebral** (-अल्) -*adj.* pertaining to the vertebra. पृष्ठवंश या कशेरुका सम्बन्धी।

Vertebrate-वर्टि-ब्रेट्-*adj.* & *n.* having a backbone, an animal with a backbone. पीठ की रीढ़वाला, ऐसा प्राणी।

Vertex-वर्-टॅक्स्-*n.* (*pl.* **Vertexes, Vertices.**) the top of anything, the zenith of the heavens. शिखर (चोटी, अग्र), आकाश में सबसे ऊँचा स्थान।

Vertical-वर्टिकल्-*adj.* pertaining to the vertex, perpendicular to the plane of the horizon. शिखर-सम्बन्धी, लम्बरूप, खड़े बल का; **Vertically** (-लि)-*adv.* perpendicularly. लम्बरूप में; **Verticalness** (-नॅस्) -*n.* the state of being vertical. खड़ापन।

Verticity-वर्टिसिटि-*n.* revolution. भँवर, चक्कर।

Vertiginous-वर्टिजिनस्-*adj.* whirling, turning round. चक्कर खाता हुआ, घूमता हुआ; **Vertiginously** (-लि)-*adv.* whirlingly. चक्कर खाते हुए; **Vertiginousness** (- नॅस्) -*n.* giddiness. भँवरपन, चक्कर।

Vertigo-वर्टि'-गॅ -*n.* giddiness, dizziness in the head. (भँवर) घुमरी, चक्कर।

Vertu-वर्टू-*n.* excellence in art. कला की विशिष्टता।

Verve-वर्व्-*n.* enthusiasm, spirit, energy. (ओज) उत्साह, बल, शक्ति।

Vervet-व-र्'-वॅट्-*n.* the South American monkey. दक्षिण अमेरिका का एक प्रकार का बन्दर।

Very-वॅ-रि-*adj.* true, real, actual. सत्य, ठीक, सच्चा; -*adv.* in a great degree, exceedingly. अत्यन्त, अति, बहुत

Vesical-वॅस्-इ-क-ल् - *adj.* pertaining to the bladder. मूत्राशय-सम्बन्धी।

Vesicant-वॅसिकन्ट्- *n.* a blistering application. फफोला उत्पन्न करनेवाला लेप; **Vesicate** (-केट्)-*v. t.* to raise blisters. छाला डालना ; **Vesication** (-के-शन्) -*n.* the process of raising blisters. फफोला पड़ना।

Vesicle-वॅसि-कल्- *n.* a small bladder or globule or blister or cavity. छोटी थैली या गोली, छोटा फफोला या गर्त (गड्ढा); **Vesicular** (-क्यु-लर्) -*adj.* pertaining to vesicles. फफोले का।

Vespa-वॅस्पा-*n.* a wasplike insect. वर्रे के प्रकार का एक कीड़ा।

Vesper-वॅस्पर्-*n.* the evening star, evening. भृगु-नक्षत्र, सन्ध्या; **Vespertine** (-टाइन्)-*adj.* pertaining to the evening. सन्ध्या-सम्बन्धी।

Vespers-वॅस्पर्स्-*n. pl.* evening service in the Roman Catholic Church. (ब० व०) रोमन कैथोलिक ईसाइयों का गिरजाघर में सन्ध्या समय का भजन।

Vespiary-वॅ-स्पिअरि-*n.* a wasp's nest. वर्रे का छत्ता।

Vessel-वॅस् -ल्-*n.* a utensil, cask, a ship or boat of any kind, a tube in which the blood is circulated. पात्र (वर्तन), पीपा, नाव या जहाज, रक्तवाहिनी नली।

Vest-वॅस्ट्-*n.* a waistcoat. फतुही, वास्कट; -*v. t.* & *i.* to clothe, to dress, to take effect, to invest. वस्त्र पहिनना या पहिनाना, अधिकार-युक्त होना; **To vest in** (to put in possession of.) अधिकारी बनाना; **To vest with** (to invest.) युक्त करना; **Vested** (-ऍड्) -*adj.* dressed. वस्त्र पहिने हुए; **Vestment** (-मॅन्ट्) -*n.* a covering or garment. अँगरखा, लबादा।

Vestal-वॅस्टल्-*adj.* pure, chaste. पवित्र, शुद्ध (निर्मल)।

Vestiary-वॅ स्टिअरि-*n.* a wardrobe. अँगरखा।

Vestibule-वॅ-स्टि-ब्युल्-*n.* an entrance into a house, a hall, the cavity of the ear. (द्वार) ओसारा, डेवढ़ी, दालान, कान का छिद्र।

Vestige-वॅ-स्टिज्-*n.* a footprint left on the ground, a trace of something. पदांक, पदचिह्न, अवशेष; **Vestigial** (-अल्) -*adj.* of the nature of a footprint. पदचिह्न के सदृश।

Vesting-वॅ स्टिङ्ग्-*n.* cloth for vests. फतुही बनाने का वस्त्र।

Vestry-वॅ स्ट्रि-*n.* the room of a church for keeping clerical vestments. गिरजाघर में पादरियों का वस्त्र रखने का कमरा ; **Vestry-book** (birth & death registration book in the vestry.) उक्त कमरे में रखा हुआ जन्म तथा मृत्यु का लेखा रखने का रजिस्टर ; **Vestry-clerk** (the clerk of a vestry.) उक्त कमरे का लिपिक ; **Vestry-man** (a member of the vesry.) उक्त कमरे का एक सदस्य ; **Vestry-room** (meeting-place for vestry.

men.) उक्त कमरे के सदस्यों की बैठक का कमरा ; **Common-vestry** (an assembly of all rate-payers.) कुल करदाताओं की सभा ; **Select-vestry** (a board of representatives of rate-payers.) करदाताओं के प्रतिनिधियों का परिषद्।

Vestuary-व़ेस्चुअरि-*n.* a ward-robe. वस्त्र रखने का कमरा या अलमारी।

Vestural-व़ेस्चरल्-*adj.* pertaining to clothes. वस्त्र-सम्बन्धी; **Vesture** (-च्यूर्)-*n.* a garment, clothing, dress. वस्त्र, कपड़ा, पोशाक; **Vestured** (-चर्ड्)-*adj.* dressed, clothed. कपड़े पहने हुए; **Vesturer** (-चर्-अर्)-*n.* a keeper of clothes. कपड़ों का रक्षक या रखनेवाला।

Vesuvian-व़िसूव़िअन् - *adj.* of the Visuvius volcano. ज्वालामुखी पहाड़ 'विसूवियस' का।

Vesuvian-व़िसूव़िअन्-*n.* a smoker's slow-burning match. सिगरेट जलाने की धीरे-धीरे जलनेवाली दियासलाई।

Vesuvianite - व़िसूव़िअनाइट् - *n.* a mineral containing aluminium, silicon & magnesium given out by Vesuvius. विसूवियस से निकला हुआ अल्युमिनिअम, बालू और मैग्निसिअम-युक्त खनिज।

Vesuvin-व़िस्यूव़िन्-*n.* a brown pigment. एक प्रकार का भूरा रंग।

Vetch-व़ेच्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा, रदी।

Veteran-व़ें-ट-रन् - *adj.* old and of long experience, one grown old in service. अभ्यासवृद्ध, काम करते-करते वृद्ध हुआ।

Veterinarian-व़ेट् -अर्-इ- नेंर् -इ-अन् - *n.* one skilled in the diseases of cattle. पशुवैद्य, पशु-चिकित्सक।

Veterinary-व़ेट्-अर्'-इ-न -रि -*adj.* pertaining to the art of healing animals. पशुचिकित्सा-सम्बन्धी ; **Veterinary surgeon** (a doctor who cures diseases of animals.) पशुओं का वैद्य या चिकित्सक।

Veto-व़ी'-टॅ-*n.* (*pl.* **Vetoes.**) an authoritative prohibition, power of rejection. प्रतिनिषेध, अस्वीकार करने का अधिकार ; *-v. t.* to withhold. निषेध करना (रोकना), अस्वीकार करना।

Vex-व़ेक्स् -*v. t.* to provoke, to irritate, to harass, to torment, to trouble. उद्विग्न करना, खिजलाना, पीड़ा देना, क्लेश देना, दुःख देना।

Vexation-व़ेक्स्-ए-शन्-*n.* irritation, disquiet, harassing. क्लेश, दुःख, पीड़ा (सन्ताप), घबड़ाहट।

Vaxatious-व़ेक्स्-ए' - शस् - *adj.* distressing, irritating, teasing. उद्वेगकर, सन्ताप देनेवाला, दुःखदायी; **Vexatiously** (-लि)-*adv.* in a vexatious manner. उद्वेग-सहित ; **Vexatiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being vexatious. उद्विग्नता ; **Vexed** (-ड्)-*adj.* perplexed, tormented. घबड़ाया हुआ; **Vexer** (-अर्)-*n.* one who gives trouble. सन्ताप देनेवाला।

Vexil-व़ेक्स्-इल्-*n.* a standard. पताका, झण्डा।

Vexillation-व़ेक्सि-लें-शन्-*n.* a company of soldiers under one standard. सैन्यदल जो एक पताका के नीचे हो।

Vexing-व़ेक्स्'-इङ्ग्-*adj.* provoking. सन्तापकर; **Vexingly** (-लि) - *adj.* in a vexing manner. उद्विग्न करते हुए।

Via-व़ाइ-ऑ -*n.* a way. मार्ग, रास्ता; *-adv.* by way of. मार्ग से।

Viability- व़ाइ-ऍबिल'-इ-टि -*n.* the state of being viable. जीवन-योग्यता।

Viable-व़ि-ऍ -बुल् - *adj.* capable of living. जीने योग्य।

Viaduct-व़ाइ'-ऑ-डक्ट्-*n.* a long overbridge. लम्बी मेहराबों का बना हुआ पुल।

Viage-व़ाइ-ऍज-*n.* a sea-journey. समुद्री यात्रा।

Vial-व़ाइ-ऑल्-*n.* a small glass bottle, a phial. छोटा बोतल, काँच की शीशी; **Vialful** (-फुल्) *-adj.* as much as a vial vill hold. शीशीभर; **Vialled** (-ड्)-*adj.* filled in a vial. शीशी में भरा हुआ; **To pour out vials of wrath** (to storm in rage.) क्रोध में गरजना या तड़पना।

Viameter-व़ाइ'-ऑ-मिटर्-*n.* an instrument attached to the wheel of a vehicle to measure distance. गाड़ी की पहिया में लगाया हुआ दूरी-मापक यंत्र।

Viand-व़ाइ-ऑन्ड्-*n. pl.* food, articles for food necessary for life. (ब० व०) जीवनोपयोगी भोज्य-पदार्थ, पक्वान्न इत्यादि; **Viander** (-अर्) *-n.* (one who supplies viands, an entertainer, a host. पक्वान्न की पूर्ति करनेवाला, खिलानेवाला, अतिथि-सत्कार करनेवाला; **Viandry** (-रि) -*n.* a store of viands. पक्वान्न का भण्डार।

Viarian-व़ाइ'-ऍअर्-इ-अन्-*adj.* pertaining to roads. सड़क-सम्बन्धी।

Viatic-व़ाइ'-ऑट्'-इक् - *adj.* pertaining to a journey यात्रा-सम्बन्धी; **Viaticals** (-अल्स्)-*adj.* baggage. यात्रा का सामान।

Viaticum-व्हाइ-ऑट्-इ-कम्-*n.* provisions for a journey. यात्रा-सामग्री।

Viator -व्हाइ-ए-टर् -*n.* a wayfarer, a traveler. यात्री, यात्रा करनेवाला; **Viatorial** (-टोरि-अल्) -*adj.* pertaining to a traveller. यात्री-सम्बन्धी।

Vibex-व्हाइवेक्स - *n.* (*pl.* **Vibices.**) a streak on the skin due to subcutaneous flow of blood. धमनी के रक्त के बहाव की त्वचा पर पड़ी हुई धारी।

Vibraculum-व्हाइब्रॉक्यूलम्-*n.* a long bristle in the body of a polyzoa. प्याले की शकल के समुद्री जन्तु के शरीर से निकला हुआ लम्बा काँटा।

Vibrancy-व्हाइब्रन्सि - *n.* quivering. कम्पन।

Vibrant-व्हाइ-ब्रॅन्ट् -*adj.* vibrating. थर्रानेवाला, काँपनेवाला।

Vibrate-व्हाइ'-ब्रेट्-*v. i. & t.* to quiver, to oscillate, to swing, to move to and fro. काँपना, हिलना (थर्राना), फरकना, झूलना, इधर-उधर घूमना; **Vibratile** (-ब्र-टाइल्)-*adj.* capable of vibrating. कम्पन के योग्य; **Vibratility** (-टिलिटि) -*n.* vibratile quality. काँपने योग्य गुण; **Vibration** (-ब्रे-शन्)-*n.* the act of oscillating, alternate motion. कम्पन (स्फुरण), कँपकँपी (थरथरी); **Vibrational** (-अल्) -*adj.* of vibration. कम्पन का; **Vibrationless** (-लेस्)-*adj.* without vibration) बिना कम्पन का; **Vibratiuncle** (-टि-अङ्-क्ल)-*n.* a slight vibration. हलकी कँपकँपी; **Vibrative** (-टिव्) -*adj* quivering, oscillating. थर्रानेवाला; **Vibrato** (-टॅ) -*adv.* with much vibration of tone. स्वर के अधिक कम्पन के साथ; **Vibrato** (-टॅ) -*n.* a trembling tone. काँपनेवाला स्वर; **Vibrator** (-टर्) -*n.* that which vibrates. काँपनेवाला पदार्थ; **Vibratory**(-टरि)-*adj.* vibrating. काँपता हुआ, थर्राता हुआ।

Vibrissa-व्रि-ब्रिस्'-सॅ-*n.* a whisker. गलमुच्छा।

Vicar-व्रिक्-ऑर्-*n.* a deputy, a substitute in office, the priest of a parish. प्रतिनिधि, स्थानापन्न, नगर का पादरी; **Vicarage** (-एज्) -*n.* the benefice or residence of a vicar. पादरी की वृत्ति, इसके रहने का घर; **Vicarial** (-इ-अल्) -*adj.* pertaining to a vicar. पादरी-सम्बन्धी; **Vicarious** (-इ-अस्) -*adj.* substituted, deputed. प्रतिनिधि बनाया हुआ, निर्धारित; **Vicariously** (-इ-अस्-लि) -*adv.* in place of another. दूसरे के स्थान में।

Vice-व्हाइस्-*n.* defect, blemish, wickedness, a screwed tool for firmly grasping. अधम, पाप, दोष, बाँक (शिकञ्जा); -*pref.* signifying 'second in rank.' 'पद में द्वितीय' अर्थ का उपसर्ग; -*prep.* in place of. स्थान में, बदले में।

Vice.

Vice-admiral-व्हाइस्-ऑड्' - मि - रल् - *n.* the second commanding officer of a fleet. जहाज सेना का द्वितीय अधिकारी; **Vice-chancellor** (-सेंल्-लॅर्) -*n.* an officer of a university next in rank to a chancellor. विश्वविद्यालय का उपकुलपति या द्वितीय अध्यक्ष; **Vicegerency**(-जी-र न्सि)-*n.* the office of a deputy. उप-पदाधिकारी का पद; **Vicegerent** (-जी'-रन्ट्) -*n.* an officer deputed by a superior to act for another. उपपदाधिकारी;

Vicenary-व्रिसिनरि-*adj.* basedon the number twenty. बीस की संख्या पर आधारित।

Viceregal- व्हाइस्-री'-गल् -*adj.* pertaining to a viceroy. राज-प्रतिनिधि-सम्बन्धी; **Vicereine** (-व्हिस्-रेन्)-*n.* the wife of a viceroy. राजप्रतिनिधि की पत्नी; **Viceroy**(-रॉय्)-*n.* the governor of a kingdom who rules as the substitute of the king. राजप्रतिनिधि; **Viceroyalty** (-रॉ-यल्-टि), **Viceroyship** (-रॉय-शिप्) -*ns.* the office of a viceroy. राजप्रतिनिधि का पद।

Vicinage-व्रिसिनेज् - *n.* neighbourhood. पड़ोस, सन्निकर्ष; **Vicinal** (-अल्) -*adj.* neighbouring. समीप का; **Vicinity** (-इटि)-*n.* (*pl.* **Vicinities.**) nearness in place. समीपता, पड़ोस।

Vicious-व्रिशस्-*adj.* corrupt, wicked, depraved, defective. दुराचारी, दुष्ट, दुश्चरित्र, पापी; **Viciously** (-लि) -*adv.* in a corrupt manner. दुष्टता से; **Viciousness** (-नेस्) -*n.* wickedness. दुष्टता।

Vicissitude-व्रिसिसिच्यूड्-*n.* variation, change, revolution. विपर्यय, परिवर्तन, उलट-फेर; **Vicissitudinary** (-इनरि) -*adj.* successively changing. क्रम से बदलता हुआ; **Vicissitudinous** (-इन्'-अस्) -*adj.* changeful. बदलनेवाला।

Victim-व्हिक्टिम्-*n.* a living animal sacrificed to a deity, one who suffers some injury. बलि (यज्ञपशु, शिकार), पीड़ित व्यक्ति; **Victimize** (-आइज़्)-*v. t.* to make a victim of, to cheat. बलि देना, ठगना (शिकार बनाना); **Victimizer** (-आइज़र्) -*n.* a cheater. ठगनेवाला मनुष्य।

Victor-व्हिक्टर् -*n.* one who conquers in war, a winner. युद्ध में जीतनेवाला, विजयी ; **Victoress** (-ऍस्)-*n. fem.* a woman who conquers. विजयिनी, जीतनेवाली ।

Victoria -व्हिक्टोरिआ -*n.* a kind of four-wheeled carriage. एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी ।

Victorious- व्हिक्टोरिअस् - *adj.* conquering, triumphant, vanquishing. जीतनेवाला, विजयी, जयप्राप्त ; **Victoriously** (-लि) -*adv.* in a victorious manner. विजय करते हुए; **Victoriousness** (-नॅस्)-*n.* the state of being victorious. विजय ।

Victory-व्हिक्टॅरि-*n.*(*pl.* **Victories.**) conquest, triumph, defeat of an enemy in battle. विजय, जीत, युद्ध में शत्रु की हार ।

Victual-व्हिट्ल्-*n.* (*p. t.* **Victualled.**) to supply with food, to store with provisions. खाने की सामग्री पहुँचाना, रसद जुटाना; **Victualler** (-अर्)-*n.* a supplier of provisions. भोजन (रसद) पहुँचानेवाला ; **Victuals** (-ज़्) -*n. pl.* food for human beings, provisions. (ब. व.) खाद्य-सामग्री, भोजन-द्रव्य ।

Vide-व्हाइडि -*v. t.* see, look at. देखो ।

Videlicet-व्हाइडीलिसेंट्-*adv.* (*abbr.* **viz.**) namely, to wit. अर्थात् ।

Vidimus-व्हाइ'-डि-मस्-*n.* inspection. अन्वेषण, खोज ।

Viduage-व्हिड्'-यु-ऍज्-*n.* widowhood. वैधव्य, राँड़पन ।

Vidual-व्हिड्'-यु-अल्-*adj.*pertaining to widowhood. वैधव्य-सम्बन्धी ।

Vie-व्हाइ-*v. i.* to contend, to long for superiority. स्पर्धा करना, बड़े होने की चेष्टा करना।

View-व्यू -*n.* prospect, scene, sight, intellectual or mental sight, display, show, appearance, purpose, design. दृश्य, दृष्टि, बुद्धि, प्रदर्शन, आकृति, अभिप्राय, उद्देश्य, (अर्थ) हेतु ; -*v. t.* to examine, to consider, to look with attention. परीक्षा करना, विचारना, ध्यान से देखना ; **In view of** (having regard to.) विचार से ; **Of liberal views** (of free opinion.) उदार विचारोंवाला; **Of narrow views** (prejudiced.) संकुचित बुद्धि का, पक्षपाती; **Point of view** (standpoint.) दृष्टि, पक्ष; **Viewer** (-अर्)-*n.* one who views. परीक्षा करनेवाला,ध्यान से देखने या विचारनेवाला; **Viewing** (-इङ्ग्) examination, surveying. अन्वेषण, परीक्षा; **Viewless** (-लॅस्)-*adj.* invisible. अदृश्य; **Viewly** (-लि)-*adv.* sightly. दृष्टि द्वारा; **View-point** (-पॉइन्ट्) -*n.* point of view. विचारणीय विषय; **Viewsome** (-सम्) -*adj.* pleasant to the eye. देखने में मनोहर ।

Vigesimal-व्हाइ- जें - सिमल् -*adj.* twentieth. बीसवाँ ।

Vigesimation-व्हि-जें-सि-मे' -शन् -*n.* murdering every twentieth man. प्रत्येक बीस मनुष्यों में से एक की हत्या करना ।

Vigil-व्हिजिल् -*n.* watching, waking for religious exercises, the evening before any fast day. रात्रिजागरण, रात्रि की उपासना, उपवास के पहिले की रात्रि; **Vigilance** (-ऑन्स्) -*n.* the state of being vigilant, watchfulness. जागरण (सावधानी); **Vigilant** (-ऑन्ट्) -*adj.* watchful. (अप्रमत्त) सावधान; **Vigilantly** (ऑ-न्ट्-लि) -*adv.* with vigilance. सावधानी से, चौकसी से ।

Vigneron-व्हिन्यरॅन् -*n.* a vine grower. अंगूर की खेती करनेवाला ।

Vignette -व्हिनेंट् -*n.* a small ornamental engraving on the title page of a book, a picture in which the edges fade up. पुस्तक के पहिले पृष्ठ पर का सुन्दर छोटा चित्र, ऐसा चित्र जिसके किनारे के भाग का रङ्ग हलका होता जाता है ।

Vigorous-व्हिगॅरस् -*adj.* full of physical strength, strong, energetic. प्रबल, बलवान्, पुष्ट (ओजस्वी); **Vigorously** (-लि)-*adv.* with vigour. उत्साह से, प्रयत्न से, उद्यम से; **Vigorousness** (-नॅस्)-*n.* the state of being vigorous. पुष्टता, उत्साह ।

Vigour-व्हिगर्-*n.* physical or intellectual force, energy. शक्ति (तेज), प्रभाव (पौरुष) ।

Viking-व्हाइकिङ्ग् - *n.* the chief of pirates. समुद्री डाकुओं का नेता ।

Vile-व्हाइल्-*adj.* worthless, mean, wicked. अधम, नीच, दुष्ट; **Vilely** (-लि)-*adv.* in a wicked manner. नीचता से; **Vileness** (-नॅस्) -*n.* baseness. नीचता, दुष्टता ।

Vilification-व्हिलिफ़िकेशन्-*n.* defaming. कलंकित करने का कार्य; **Vilifier** (-फ़ाइ-अर्) -*n.* one who defames. कलंक लगानेवाला, दुर्नाम करनेवाला; **Vilify** (-फ़ाइ)-*v. t.* (*p. t.* **Vilified.**) to defame, to debase, to make vile. निन्दा करना, कलंक लगाना, तुच्छ करना ।

